GL H 891.431
PRE

122786
LBSNAA

राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
National Academy of Administration
मसूरी
MUSSOORIE
पुस्तकालय
LIBRARY

— 122786
अवाप्ति संख्या
Accession No. 15469
वर्ग संख्या
Class No. GL H 891.431
पुस्तक संख्या
Book No. प्रेमधन Pre

प्रेमघन-सर्वस्व

प्रथम भाग

गोलोकवासी

चौधरी पं० बदरी नारायण उपाध्याय 'प्रेमघन'

'अभ्र' की कविताओं का संग्रह

सम्पादक

श्री प्रभाकरेश्वर प्रसाद उपाध्याय

श्री दिनेश नारायण उपाध्याय, एम०ए०, "साहित्यरत्न"

प्रकाशक

हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन, प्रयाग

प्रथमावृत्ति : सं० १९९६ वि० १००० प्रतियां
द्वितीयावृत्ति : शक १८८४; ११०० प्रतियां

मूल्य : दस रुपए

मुद्रक
सम्मेलन मुद्रणालय, प्रयाग

दो शब्द

भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, अम्बिकादत्त व्यास, प्रेमघन बदरी नारायण चौधरी, बालकृष्ण भट्ट, प्रताप नारायण मिश्र और गोविन्द नारायण मिश्र, उस युग के नाम हैं जो हमारे बहुत निकट हैं किन्तु हमसे अब कुछ हट गया है। जिस डोर ने हमें उनसे बाँध रखा है वह अभी बहुत स्पष्ट है। जो केन्द्र उन्होंने बनाया था हम उसी की सीधी किरनें हैं यद्यपि हमने अपना भी अब नया केन्द्र बना लिया है। अपना निकास-स्थान अभी हमारी आँख के सामने है। उसकी याद मीठी और प्यारी है।

जिन प्रतिभाओं ने वह युग बनाया और हमारे युग का बीज डाला उनकी कृतियाँ हमारी सम्पत्ति हैं और रक्षा के योग्य हैं। आगे के लिये जो नया रास्ता बनाने वाले हैं उनके लिये यह जानना उचित है कि किस रास्ते से वे आए हैं। उस ज्ञान की रक्षा में यह 'प्रेमघन-सर्वस्व' सहायक होगा।

हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन को प्रेमघन जी के सभापतित्व का गौरव और उनके सभापतित्व में मंत्री रहकर काम करने का सौभाग्य मुझे मिला था। प्रेमघनजी को देखने और जानने और उनके आशीर्वाद पाने का मुझे जो अवसर मिला वह मेरे जीवन की संचित स्मृतियों में से है।

प्रयाग आश्विन कृष्ण ३, रविवार
संवत् १९९६ विक्रम्

—पुरुषोत्तमदास टंडन

परिचय

वह भी एक समय था जब भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के सम्बन्ध में एक अपूर्व मधुर भावना लिए सन् १८८१ में, आठ नौ वर्ष की अवस्था में, मैं मिर्जापुर आया। मेरे पिता जी जो हिन्दी-कविता के बड़े प्रेमी थे, प्रायः रात को रामचरितमानस, रामचन्द्रिका या भारतेन्दु जी के नाटक बड़े चित्ताकर्षक ढंग से पढ़ा करते थे। बहुत दिनों तक तो सत्य हरिश्चन्द्र नाटक के नायक हरिश्चन्द्र और कवि हरिश्चन्द्र में मेरी बालबुद्धि कोई भेद न कर पाती थी। हरिश्चन्द्र शब्द से दोनों की एक मिली-जुली अस्पष्ट भावना एक अद्भुत माधुर्य का संचार करती थी। मिर्जापुर आने पर धीरे धीरे यह स्पष्ट हुआ कि कवि हरिश्चन्द्र तो काशी के रहने वाले थे और कुछ वर्ष पहले वर्तमान थे। कुछ दिनों में किसी से सुना कि हरिश्चन्द्र के एक मित्र यहीं रहते हैं और हिन्दी के एक प्रसिद्ध कवि हैं। उनका शुभ नाम है उपाध्याय बदरी नारायण चौधरी।

भारतेन्दु-मंडल के किसी जीते-जागते अवशेष के प्रति मेरी कितनी उत्कंठा थी, इसका अब तक स्मरण है। मैं नगर से बाहर रहता था। अवस्था थी १२ या १३ वर्ष की। एक दिन बालकों की एक मंडली जोड़ी गई, जो चौधरी साहब के मकान से परिचित थे, वे अगुआ हुए। मील डेढ़ मील का सफर तै हुआ। पत्थर के एक बड़े मकान के सामने हम लोग जा खड़े हुए। नीचे का बारामदा खाली था। ऊपर का बरामदा सघन लताओं के जाल से आवृत था। बीच बीच में खंभे और खुली जगह दिखाई पड़ती थी। उसी ओर देखने के लिए मुझसे कहा गया। कोई दिखाई न पड़ा। सड़क पर कई चक्कर लगे। कुछ देर पीछे एक लड़के ने उँगली से ऊपर की ओर इशारा किया। लता-प्रतान के बीच एक मूर्ति खड़ी दिखाई पड़ी। दोनों कंधों पर बाल बिखरे हुए थे। एक हाथ खंभे पर था। देखते-ही-देखते वह मूर्ति दृष्टि से ओझल हो गई। बस, यही पहली झांकी थी।

ज्यों ज्यों मैं सयाना होता गया त्यों त्यों हिन्दी के पुराने साहित्य और नए साहित्य का भेद भी समझ पड़ने लगा और नए की ओर झुकाव बढ़ता गया। नवीन साहित्य का प्रथम परिचय नाटकों और उपन्यासों के रूप में था जो मुझे घर पर ही कुछ न कुछ मिल जाया करते थे। बात यह थी कि भारत जीवन के स्वर्गीय

बा० रामकृष्ण वर्म्मा मेरे पिता के क्वींस कालेज के सहपाठियों में थे, इससे भारत-जीवन प्रेस की पुस्तकें मेरे यहाँ आया करती थीं। अब मेरे पिता जी उन पुस्तकों को छिपाकर रखने लगे। उन्हें डर था कि कहीं मेरा चित्त स्कूल की पढ़ाई से हट न जाय—मैं बिगड़ न जाऊं। उन दिनों पं० केदारनाथ पाठक ने एक अच्छा हिन्दी पुस्तकालय मिर्जापुर में खोला था। मैं वहाँ से पुस्तकें लाकर पढ़ा करता था। अतः हिन्दी के आधुनिक साहित्य का स्वरूप अधिक विस्तृत होकर मन में बैठता गया। नाटक उपन्यास के अतिरिक्त विविध विषयों की पुस्तकें और छोटे बड़े लेख भी साहित्य की नई उड़ान के एक प्रधान अंग दिखाई पड़े। स्व० पं० बालकृष्ण भट्ट का हिन्दी-प्रदीप गिरता-पड़ता चला जाता था। चौधरी साहब की आनन्द-कादम्बिनी भी कभी कभी निकल पड़ती थी। कुछ दिनों में काशी की नागरी-प्रचारिणी सभा के प्रयत्नों की धूम सुनाई पड़ने लगी। एक ओर तो वह नागरी लिपि और हिन्दी भाषा के प्रवेश और अधिकार के लिए आन्दोलन चलाती थी, दूसरी ओर हिन्दी साहित्य की पुष्टि और समृद्धि के लिए अनेक प्रकार के आयोजन करती थी। उपयोगी पुस्तकें निकालने के अतिरिक्त एक पत्रिका भी निकालती थी जिसमें नवीन नवीन विषयों की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता था।

जिन्हें अपने स्वरूप का संस्कार और उस पर ममता थी जो अपनी परंपरागत भाषा और साहित्य से उस समय के शिक्षित कहलाने वाले वर्ग को दूर पड़ते देख मर्माहत थे, उन्हें यह सुनकर बहुत कुछ ढाढ़स होता था कि आधुनिक विचार-धारा के साथ अपने साहित्य को बढ़ाने का प्रयत्न जारी है और बहुत से नवशिक्षित मैदान में आ गए हैं। सोलह-सत्रह वर्ष की अवस्था तक पहुँचते पहुँचते मुझे नवयुवक हिन्दी प्रेमियों की एक खासी मंडली मिल गई जिनमें श्री काशीप्रसाद जैसवाल, बा० भगवान दास हालना, पं० बदरीनाथ गौड़, पं० लक्ष्मीशंकर और उमाशंकर द्विवेदी मुख्य थे। हिन्दी के नये-पुराने कवियों और लेखकों की चर्चा इस मंडली में रहा करती थी।

मैं भी अब अपने को एक कवि और लेखक समझने लगा था। हम लोगों की बातचीत प्रायः लिखने पढ़ने की हिन्दी में हुआ करती थी। जिस स्थान पर मैं रहता था; वहाँ अधिकतर वकील मुख्तार तथा कचहरी के अफ़सरों और अमलों की बस्ती थी। ऐसे लोगों के उर्दू कानों में हम लोगों की बोली कुछ अनोखी लगती थी। इसी से उन लोगों ने हम लोगों का नाम 'निस्सन्देह लोग' रख छोड़ा था। मेरे मुहल्ले में एक मुसलमान सबजज आ गए थे। एक दिन मेरे पिताजी खड़े खड़े उनके साथ कुछ बातचीत कर रहे थे। इसी बीच में मैं उधर जा निकला। पिता जी ने मेरा परिचय देते हुए कहा—"इन्हें हिन्दी का बड़ा शौक है।" चट

जवाब मिला—"आप को बताने की ज़रूरत नहीं, मैं तो इनकी सूरत देखते ही इस बात से वाक़िफ़ हो गया।" मेरी सूरत में ऐसी क्या बात थी यह इस समय नहीं कहा जा सकता। आज से चालिस वर्ष पहले की बात है।

चौधरी साहब से तो अब अच्छी तरह परिचय हो गया था। अब उनके यहाँ मेरा जाना एक लेखक की हैसियत से होता था। हम लोग उन्हें एक पुरानी चीज़ समझा करते थे। इस पुरातत्व की दृष्टि में प्रेम और कुतूहल का एक अद्भुत मिश्रण था। यहाँ पर यह कह देना आवश्यक है कि चौधरी साहब एक खासे हिन्दोस्तानी रईस थे। बसंतपंचमी, होली इत्यादि अवसरों पर उनके यहाँ खूब नाच-रंग और उत्सव हुआ करते थे। उनकी हरएक अदा से रियासत और तबियतदारी टपकती थी। कन्धों तक बाल लटक रहे हैं। आप इधर से उधर टहल रहे हैं। एक छोटा सा लड़का पान की तश्तरी लिए पीछे पीछे लगा हुआ है। बात की काट-छांट का क्या कहना है।

जो बातें उनके मुंह से निकलती थीं, उनमें एक विलक्षण वक्रता रहती थी। उनकी बातचीत का ढंग उनके लेखों के ढंग से एकदम निराला होता था। नौकरों तक के साथ उनका सम्वाद निराला होता था। अगर किसी नौकर के हाथ से कभी कोई गिलास वगैरह गिरा तो उनके मुंह से यही निकलता कि "कारे! बचा तो नाहीं!" उनके प्रश्नों के पहले 'क्यों साहब' अकसर लगा रहता था।

वे लोगों को प्रायः बनाया करते थे, इससे उनके मिलने वाले लोग भी उनको बनाने की फ़िक्र में रहा करते थे। मिर्जापूर में पुरानी परिपाटी के एक प्रतिभाशाली कवि थे, जिनका नाम था—वामनाचार्य गिरि। एक दिन वे सड़क पर चौधरी साहब के ऊपर एक कवित्त जोड़ते चले जा रहे थे। अन्तिम चरण रह गया था कि चौधरी साहब अपने बरामदे में कन्धों पर बाल झिटकाये खम्भे के सहारे खड़े दिखाई पड़े। चट कवित्त पूरा हो गया और वामन जी ने नीचे से वह कवित्त ललकारा, जिसका अन्तिम चरण था—"खम्भा टेकि खड़ी जैसे नारि मुगलाने की"।

एक दिन कई लोग बैठे बातचीत कर रहे थे, कि इतने में एक पण्डित जी आ पहुँचे। चौधरी साहब ने पूछा—'कहिये क्या हाल है?' पण्डितजी बोले 'कुछ नहीं, आज एकादशी थी, कुछ जल खाया है और चले आ रहे हैं।' प्रश्न हुआ 'जल ही खाया है कि कुछ फलाहार भी पिया है!'

एक दिन चौधरी साहब के एक पड़ोसी उनके यहाँ पहुँचे। देखते ही सवाल हुआ, "क्यों साहब, एक लफ्ज मैं अक्सर सुना करता हूँ, पर उसका ठीक अर्थ समझ में न आया। आखिर घनचक्कर के क्या मानी हैं, उसके क्या लक्षण हैं?" पड़ोसी महाशय बोले, 'वाह, यह क्या मुश्किल बात है। एक दिन रात को सोने के पहले

काग़ज़ कलम लेकर सवेरे से रात तक जो जो काम किए हैं, सब लिख जाइये और पढ़ जाइए।"

मेरे सहपाठी पण्डित लक्ष्मीनारायण चौबे, बा० भगवानदास हालना, बा० भगवानदास मास्टर (इन्होंने उर्दू बेग़म नाम की एक बड़ी ही विनोदपूर्ण पुस्तक लिखी थी, जिसमें उर्दू की उत्पत्ति, प्रचार आदि का वृत्तान्त एक कहानी के ढंग पर दिया गया था) इत्यादि कई आदमी गर्मी के दिनों में छत पर बैठे चौधरी साहब से बातचीत कर रहे थे। चौधरी साहब के पास ही एक लैम्प जल रहा था। लैम्प की बत्ती एक बार भभकने लगी। चौधरी साहब नौकरों को आवाज़ देने लगे। मैंने चाहा कि बढ़ कर बत्ती नीचे गिरा दूं; पर पण्डित लक्ष्मीनारायण ने तमाशा देखने के लिए धीरे से मुझे रोक लिया। चौधरी साहब कहते जा रहे हैं—"अरे जब फूट जाई तबै चलत जाबह"। अन्त में चिमनी ग्लोब के सहित चकनाचूर हो गई; पर चौधरी साहब का हाथ लैम्प की तरफ़ आगे न बढ़ा।

उपाध्याय जी नागरी को भाषा का नाम मानते थे और बराबर नागरी भाषा लिखा करते थे। उनका कहना था कि नागर अपभ्रंश से, जो शिष्ट लोगों की भाषा विकसित हुई वही नागरी कहलाई। इसी प्रकार वे मिर्जापूर न लिखकर मीरजापूर लिखा करते थे जिसका अर्थ वे करते थे लक्ष्मीपुर। मीर=समुद्र+जा=पुत्री+पुर।

हिन्दी साहित्य के आधुनिक अभ्युत्थान का मुख्य लक्षण गद्य का विकास था। भारतेन्दु-काल में हिन्दी काव्यधारा नए नए विषयों की ओर भी मोड़ी गई पर उसकी भाषा पूर्ववत् व्रज ही रही; अभिव्यंजना की शैली में भी कुछ विशेष परिवर्तन लक्षित न हुआ। एक ओर तो शृंगार और वीर रस की रचनाएँ पुरानी पद्धति पर कवित्त सवैयों में चलती रहीं दूसरी ओर देशभक्ति, देशगौरव, देश की दीन दशा, समाज-सुधार तथा और अनेक सामान्य विषयों पर कविताएँ प्रकाशित होती थीं। इन दूसरे ढंग की कविताओं के लिए रोला छन्द उपयुक्त समझा गया था।

भारतेन्दु-युग प्राचीन और नवीन का सन्धिकाल था। नवीन भावनाओं को लिए हुए भी उस काल के कवि देश की परम्परागत चिरसंचित भावनाओं और उमंगों से भरे थे। भारतीय जीवन के विविध स्वरूपों की मार्मिकता उनके मन में बनी थी। उस जीवन के प्रफुल्ल स्थल उनके हृदय में उमंग उठाते थे। पाश्चात्य जीवन और पाश्चात्य साहित्य की ओर उस समय इतनी टकटकी नहीं लगी थी कि अपने परम्परागत स्वरूप पर से दृष्टि एकबारगी हटी रहे। होली, दीवाली, विजयादशमी, रामलीला, सावन के झूले आदि के अवसरों पर उमंग की जो लहरें देश भर में उठती थीं उनमें उनके हृदय की उमंगें भी योग देती थीं। उनका हृदय जनता के हृदय से विच्छिन्न न था। चौधरी साहब की रचनाओं में यह बात स्पष्ट देखने

को मिलती है। जिस प्रकार उनके लेख और कविताएँ नेशनल कांग्रेस, देशदशा आदि पर हैं उसी प्रकार त्योहारों, मेलों और उत्सवों पर भी। मिर्जापूर की कजली प्रसिद्ध है। चौधरी साहब ने कजली की एक पुस्तक ही लिख डाली है जो इस पुस्तक में वर्षाविन्दु के अन्तर्गत संग्रहीत है। उस सन्धिकाल के कवियों में ध्यान देने की बात यह है कि वे प्राचीन और नवीन का योग इस ढंग से करते थे कि कहीं से जोड़ नहीं जान पड़ता था, उनके हाथों में पड़कर नवीन भी प्राचीनता का ही एक विकसित रूप जान पड़ता था।

दूसरी बात ध्यान देने की है उनकी सजीवता या जिन्दादिली। आधुनिक साहित्य का वह प्रथम उत्थान कैसा हँसता खेलता सामने आया था। उसमें मौलिकता थी, उमंग थी। भारतेन्दु के सहयोगी लेखकों और कवियों का वह मण्डल किस जोश और जिन्दादिली के साथ कैसी चहल-पहल के बीच अपना काम कर गया।

चौधरी साहब का हृदय कविहृदय था। नूतन परिस्थितियाँ भी मार्मिक मूर्त्तरूप धारण करके उनकी प्रतिभा में झलकती थीं! जिस परिस्थिति का कथन भारतेन्दु ने यह कह कर किया है :—

अँगरेज-राज सुखसाज सबै अति भारी।
पै धन बिदेस चलि जात यहै अति ख्वारी।।

और पं० प्रतापनारायण जी ने यह कह कर :—

जहाँ कृषी बाणिज्य शिल्प सेवा सब माहीं।
देसिन के हित कछू तत्त्व कहुँ कैसहुँ नाहीं।।

उसी परिस्थिति की व्यंजना हमारे चौधरी साहब ने अपने भारत सौभाग्य नाटक में सरस्वती और दुर्गा के साथ लक्ष्मी के प्रस्थान समय के वचनों द्वारा बड़े हृदयस्पर्शी ढंग से की है।

अतीत जीवन की, विशेषतः बाल्य और कुमार अवस्था की स्मृतियाँ, कितनी मधुर होती हैं! उनकी मधुरता का अनुभव प्रत्येक भावुक करता है, कवियों का तो कहना ही क्या? हमारे चौधरी साहब ने अतीत की स्मृति में ही 'जीर्ण जनपद' के नाम से एक बहुत बड़ा वर्णनात्मक प्रबन्धकाव्य लिख डाला है।

'जीर्ण जनपद' की 'पूर्वदशा' का वर्णन कवि यों करता है :—

कटवाँसो बँसवारिन को रकबा जहँ मरकत।
बीच बीच कंटकित वृक्ष जाके बठि लरकत।।

छाई जिन पर कुटिल कटीली बेलि अनेकन।
गोलहु गोली भेदि न जाहि जाहि बाहर सन॥

दूसरे स्थान पर कवि 'मकतबखाने' का बड़ा ही चित्ताकर्षक वर्णन करता है :—

"पढ़त रहे बचपन में हम जहँ निज भाइन सँग।
अजहुँ आय सुधि जाकी पुनि मन रँगत सोई रँग॥
रहे मोलबी साहेब जहँ के अतिसय सज्जन।
बूढ़े सत्तर बत्सर के पै तऊ पुष्ट तन॥

इसी प्रकार 'अलौकिक लीला' काव्य में भक्ति रस में लीन हो कर कवि ने कृष्णचरित का वर्णन बड़े मनोहर ब्योरों के साथ किया है।

चौधरी साहब स्थान-स्थान पर अनुप्रास और वर्णमैत्री गद्य तक में चाहते थे। एक बार आनन्द-कादम्बिनी के लिए मैंने भारत वसन्त नाम का एक पद्यबद्ध दृश्य काव्य लिखा, उसमें भारत के प्रति वसन्त का यह वाक्य उपालम्भ के रूप में था :—

बहु दिन नहिं बीते सामने सोइ आयो।
गरजि गजनबी ते गर्व सारो गिरायो॥

दूसरी पंक्ति उन्हें पसन्द तो बहुत आई पर उन्होंने उदासी के साथ कहा—"हिन्दू होकर आप से यह लिखा कैसे गया ??"

वे कलम की कारीगरी के कायल थे। जिस काव्य में कोई कारीगरी न हो वह उन्हें फीका लगता था। एक दिन उन्होंने एक छोटी सी कविता अपने सामने बनाने को कहा; शायद देशदशा पर। मैं नीचे की यह पंक्ति लिख कर कुछ सोचने लगा।

'बिकल भारत, दीन आरत, स्वेद गारत गात।'

आपने कहा—"आपने पहले ही चरण में ज्यादा घना काम कर दिया।"

चौधरी साहब के जीवन काल में ही खड़ी बोली का व्यवहार कविता में बेधड़क होने लगा था और वह इनके सदृश अच्छे कवियों के हाथ में पड़कर खूब मँज गई थी। भारतेन्दु के समय में कविता के केवल विषय कुछ बदले थे। अब भाषा भी बदली। अतः हमारे चौधरी साहब ने भी कई कविताएं खड़ी बोलीमें बहुत ही प्रांजल लिखी हैं।

यह पहले ही कहा जा चुका है कि हमारे कवि में रसिकता और चुहलबाज़ी कूट कूट कर भरी थी। ऐसे रसिक जीव का संगीतप्रेमी होना आश्चर्य की बात नहीं। उन्होंने बहुत सी गाने की चीज़ें बनाईं जो उन्हीं के सामने मिर्ज़ापूर में गाई जाने लगीं। चौधरी साहब कितने बड़े संगीत के आचार्य थे यह उनके गीतोंसे स्पष्ट रूप

से विदित हो जाता है। चौधरी साहब ने होली आदि उत्सवों पर होली ही नहीं पर कबीर की भी बड़ी सुन्दर रचनायें की हैं। जैसे :—

"कबीर अर र र र र र र हाँ।
होरी हिन्दुन के घरे भरि भरि धावत रंग,
सब के ऊपर नावत गारी गावत पीये भंग,
भल्ला भले भागें बेधरमी मुँह मोरे।"

विवाह आदि शुभ अवसरों पर गाने के उपयुक्त भी उनकी सुन्दर रचनाएं हैं। जैसे—बनरा के गीत, समधिन की गाली इत्यादि। उदाहरणार्थ :—

"सुनिये समधिन सुमुखि सयानी।
आवहु दौरि देहु दरसन जनि प्यारी फिरहु लुकानी।।
फैली सुभग सरस कीरति तुव, सुन सबहिन सुखदानी।।"

अन्त में मैं इतना कहना चाहता हूँ कि मुझे चौधरी साहब के सत्संग का अवसर उस समय प्राप्त हुआ था जब वे वृद्ध हो गए थे और उनकी लेखनी ने बहुत कुछ विश्राम ले लिया था। फिर भी उनकी एक-एक बात का स्मरण मुझे किसी अनिर्वचनीय भावना में मग्न कर देता है। साहित्य में उनका स्मरण आधुनिक हिन्दी साहित्य के प्रथम उत्थान का स्मरण है।

दुर्गाकुण्ड, काशी
आश्विन कृष्ण ३, १९९६

रामचन्द्र शुक्ल

प्रथम संस्करण का निवेदन

उन्नीसवीं सदी के अन्तिम चरण में सरस्वती के जिन उपासकों ने 'भारतेन्दु' के साथ हिन्दी को प्राणदान दिया है उनमें 'प्रेमघन' जी का एक अमिट स्थान है। 'प्रेमघन' जी के अमूल्य ग्रन्थों के प्रकाशन का एक बड़ा भारी भार हम उनके वंशजों के ऊपर था। सौभाग्यवश आज प्रेमघन सर्वस्व प्रथम भाग को, जिसके अन्तर्गत प्रेमघन जी की सम्पूर्ण पद्य की रचनाएँ संग्रहीत हैं, हम लोग हिन्दी साहित्य के समक्ष उपस्थित कर रहे हैं। यह पूर्णाशा है कि बहुत ही शीघ्र उनकी गद्य, नाटक तथा आलोचना की पुस्तकें भी हम लोग हिन्दी संसार के समक्ष उपस्थित करेंगे।

प्रेमघन सर्वस्व प्रथम भाग को 'प्रबन्ध काव्य', 'स्फुट काव्य' तथा 'संगीत काव्य', इन तीन भागों में विषयानुसार विभक्त किया गया है। संगीत काव्य के अन्तर्गत प्रेमघन जी की 'संगीत सुधा' पुस्तक रचनाक्रम के अनुसार उसी अपने प्राचीन रूप में संग्रहीत है। इसमें पुस्तक के आरम्भ तथा अन्त की दो ही तिथियाँ दी गई हैं, क्योंकि भिन्न-भिन्न उपखण्डों की तिथियाँ ज्ञात नहीं हैं और न हो सकती हैं।

अन्त में हम लोग उन महानुभावों को, जिन लोगों ने इस पुस्तक के प्रकाश में आने में सहायता दी है, हृदय से धन्यवाद देते हैं। इस पुस्तक के प्रकाश में आने का श्रेय माननीय बाबू पुरुषोत्तमदास जी टण्डन को है। आपने दो शब्द लिखकर प्रेमघन परिवार के प्रति बड़ी ही कृपा की है। अन्त में आचार्य पण्डित रामचन्द्र जी शुक्ल के हम लोग कितने आभारी हैं, नहीं कह सकते—आचार्य शुक्ल जी का हम लोगों से प्रत्येक बार मिलने पर ग्रन्थ के प्रकाशन के विषय में कहना और अन्त में भूमिका लिखने का कष्ट करना उनकी कृपा ही है।

'शीतल सदन'	**निवेदक**
मसकनवाँ, गोण्डा	**श्री प्रभाकरेश्वर प्रसाद उपाध्याय**
आश्विन कृष्ण ३, १९९६	**श्री दिनेश नारायण उपाध्याय**

द्वितीय संस्करण का निवेदन

उन्नीसवीं सदी के अन्तिम चरण में बाणी के जिन साधकों ने हिन्दी को प्राण-दान दिया है, उनमें प्रेमघन जी का अन्यतम स्थान है। वे आधुनिक हिन्दी के उन इने-गिने प्रवर्त्तकों व उन्नायकों में हैं जिन्होंने स्वान्तःसुखाय ही हिन्दी की सेवा द्वारा अपना अमर स्थान प्राप्त किया है।

अतीत की स्मृति में मनुष्य के लिए स्वाभाविक आकर्षण होता है। हृदय के लिए अतीत मुक्ति लोक है जहाँ वह अनेक बन्धनों से छूटा हुआ अपने शुद्ध रूप में विचरता है। वर्त्तमान हमें प्रिय रहता है क्योंकि उसमें हमें जीवन के क्षण-क्षण के चित्र मिलते हैं और अतीत हमारी बीच-बीच में आँखें खोलता है। इसी अतीत और आधुनिक भावनाओं से प्रेमघन जी ने हिन्दी साहित्य का सृजन किया।

आपने जिस प्रकार अपने साहित्य में व्यक्तिगत अतीत जीवन की मधु स्मृतियों को सन्निविष्ट किया है, उसी प्रकार अतीत नर जीवन के भी स्मृत्याभास के चित्र, जीर्ण जनपद, अलौकिक लीला, कलिकाल तर्पण आदि कविताओं में प्रतिष्ठित किए हैं। जिस पर समय की गहरी छाप है और उसी से उनके व्यापक मनोदृष्टि का पूर्ण परिचय प्राप्त हो जाता है। उनके इन स्मृति स्वरूप कल्पनोद्‌गारों में कितनी मधुरता, कितनी मार्मिकता और कितनी वास्तविकता है, चाहे ये कुछ परम्परागत ही क्यों न हो, यह स्पष्ट हो जाता है।

अतीत के प्रभावशाली विचारों, प्रथाओं तथा समय के पर्यवेक्षण के बाद जब कवि की दृष्टि जगत और जीवन की ओर पड़ती है, उस समय कवि अपने समय का सच्चा आलोचक बन जाता है। जगत और जीवन के व्यापार कवि के हृदय पर मार्मिक प्रभाव डाल कर उसके भावों को रोचक रूप में परिवर्तित करते हैं। कवि-कल्पना द्वारा उपस्थित जीवन की प्रत्येक लीला का अपने काव्य में वास्तविक वर्णन करके साहित्य में अपनी भावनाओं को अमरता प्रदान करने में समर्थ हुआ है।

प्रेमघन जी का हृदय साम्राज्य बहुत व्यापक था। उसमें उदारता, भावुकता तथा गम्भीरता की प्रधानता थी। कवि में आत्मसम्मान की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। देश के सच्चे हितैषी तथा आर्यमर्यादा के पोषक प्रेमघन जी की कविताएं उन्हें युग का प्रतिनिधि कवि बना देती हैं और समय के साथ-साथ कवि के

राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक तथा स्वदेश प्रेम की भावना का रूप परिवर्तन क्रम उनकी कविता को भारतेन्दु युग के अमर इतिहास के रूप में प्रतिष्ठित करती है।

इसके साथ ही साथ देश के परम्परागत जीवन के प्रति अत्यन्त भावुक हृदय प्राप्त होने के कारण इन्होंने उन शाश्वत अनुरीतियों की भी अभिव्यंजना की है जिनमें जनता का हृदय बहुत समय से रमता चला आया है। इस प्रकार इनके शृंगारिक, भक्ति और धार्मिक रचनाओं में संस्कृत जीवन की झाँकी मिलती है। इस प्रकार प्रेमघन जी में सामयिकता और स्थायित्व दोनों वर्त्तमान हैं।

उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में नवीन चेतना का संघर्ष प्रारम्भ हो गया था। सदियों के सुप्त राष्ट्र में जाग्रति की प्रथम सिहरन लक्षित हो रही थी। प्रेमघन जी की भावना थी "बिगरो जन समुदाय बिना पथ दर्शक पण्डित" और कवि की क्षुब्ध आत्मा ने सदा शोक के साथ अपने मार्मिक उद्गारों को इस प्रकार व्यक्त किया है :—"भारतीयता कछू न अब भारत में दरसात।"

भारतीय दुर्व्यवस्था से कवि क्षुभित था, उसे साहस का संबल दुष्प्राप्य था। देश-व्यापक दुर्दशा उसकी निराशा का वर्धन कर रही थी। अतीत के गौरवान्वित स्वप्न अब भारतीय भग्नावशेष-स्मृतियों के चित्रों में कवि के हृदय पटल पर अंकित थे। सुख और दुःख के बीच का जो वैषम्य, जैसा मार्मिक और हृदयस्पर्शी होता है वैसे ही उन्नति और अवनति, प्रताप और ह्रास के बीच का।

इस वैषम्य के प्रदर्शन में कवि ने एक ओर तो भारतीय पतनकाल के असामर्थ्य, दीनता, विवशता, उदासीनता के करुणोत्पादक चित्रों को अपनी कविताओं में रखकर अपनी काव्य भूमि को चिरंतनता प्रदान की है, पर साथ ही साथ ऐश्वर्य काल के प्रताप, तेज, पराक्रम के वृत्त स्थान-स्थान पर रखकर कवि ने अपनी इन्हीं आशाओं पर उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना का उच्च प्रासाद भी निर्मित किया है।

भारतीय परिस्थिति के गम्भीर चिन्तन के अतिरिक्त कवि को जब कल्पना जगत पर हम विचार करते पाते हैं तब हमें कवि की उन कविताओं का स्मरण होता है, जिनमें कवि ने मार्मिक भाव पक्ष तथा विभाव पक्ष संयुक्त प्रेम की कविताओं का चित्र चित्रित किया है। इसमें कवि परम्परागत भावनाओं द्वारा मानव जीवन को नित्य और सामान्य स्वरूप से मुक्त नायक नायिका भेद, प्रकृति के आलम्बन तथा उद्दीपन विभाओं के अन्तर्गत, प्रिय की मानसिक दशाओं के चित्रण द्वारा अपने काव्य में चिरन्तनता ला दी है। इससे हमें कवि की व्यापक मनोदृष्टि का परिचय मिल जाता है। इसी स्थान पर अब कवि के संक्षिप्त जीवन वृत्त पर विचार कर लेना भी समीचीन होगा।

जीवन वृत्त

उपाध्याय पण्डित बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' 'अभ्र' के पूर्वज जिला बस्ती, उत्तर प्रदेश के निवासी थे। आपके पूर्वजों ने खोरिया ग्राम से चल कर, सुलतानपुर जिला के दोस्तपुर ग्राम में निवास किया और फिर प्रेमघन जी के पितामह पण्डित जगन्नाथप्रसाद ने नवाबी के समय में जिला आजमगढ़ के दत्तापुर ग्राम में अपना निवासस्थान बनाया, जहाँ पर प्रेमघन जी का जन्म भी हुआ, और उसी ग्राम की लीला तथा ऐश्वर्य का वर्णन उन्होंने जीर्ण जनपद काव्य में किया है। आपका वंश-वृक्ष इस प्रकार है :—

- पं० जगन्नाथप्रसाद
  - शीतलप्रसाद
    - गुरुचरणलाल
      - प्रथम स्त्री
        - १ पं० बदरी-नारायण
          - पं० प्रभाकरेश्वरप्रसाद
            - दिनेशनारायण एम० ए०
              - राजीवरंजन बी०एस-सी०
            - सुरेशनारायण बी० एस-सी०, एल-एल० बी०, एडवोकेट
              - तारकेश्वर
              - सोमेश्वर
        - २ बासुदेव-प्रसाद
        - ३ मथुराप्रसाद
        - ४ यदुनाथ प्रसाद
        - ५ हरिश्चंद्र
        - ६ अनंतप्रसाद
        - ७ लोचन-प्रसाद
      - द्वितीय स्त्री
        - चन्द्रचूडप्रसाद
      - तृतीय स्त्री
        - चन्द्रमौलि
        - दुष्यन्त
        - श्रीनिवास

पण्डित शीतलप्रसाद जी बड़े कर्तव्य-परायण व्यक्ति थे। आपने अपने घर से निकल कर मिरजापूर शहर जो उस समय की लक्ष्मीपुरी थी, व्यवसाय हेतु प्रस्थान

किया और बैलगाड़ियों से व्यापारी मण्डियों में वाणिज्य के सामानों के निर्यात तथा आयात के कार्य की चौधराई स्वीकृति की। दूकानों से माल का लदाना और बनारस, कानपुर आदि शहरों पर सुरक्षित रूप से पहुँचाना, वहाँ से (हुण्डी का) मूल्य लाकर दिलाना इत्यादि काम चौधरी का होता था, जिसके फलस्वरूप गाड़ीवानों से तथा दूकान से कमीशन मिलता था, यही रकम चौधराने की होती थी।

नवाबी के समय में डाक विभाग नहीं था, पर जब अंग्रेजी हुकूमत भी व्यवस्थित हो गई तब मिस्टर उडकट (Woodcut) ने भी पण्डित शीतलप्रसाद जी को बैलगाड़ियों का चौधरी नियुक्त किया।

अब इस व्यवसाय के साथ साथ पण्डित शीतलप्रसाद ने और भी व्यवसायों को प्रारम्भ किया, यहाँ तक कि वे थोड़े ही समय में मिरजापूर के प्रसिद्ध व्यवसायी हो गये।

चौधरी शीतलप्रसाद के एकमेव पुत्र पण्डित गुरुचरणलाल जी की अभिरुचि व्यवसाय में कम रही, वरंच आप विद्या के प्रेमी निकले। अतुलित धन सम्पत्ति के स्वामी इन्हें सदाचार में धन व्यय करने में संकोच न हुआ।

इसी बीच आर्यसमाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द जी सरस्वती इनके यहां पधारे, जिसके फलस्वरूप आपने 'सत्यशास्त्र प्रचारणी' संस्कृत पाठशाला, मुहल्ला लालडिग्गी शहर मिरजापूर में खोली, जिसमें स्वामी जी ने भी कुछ काल तक अध्यापन कार्य किया। बाद में स्वामी जी का सम्पर्क बढ़ा और कई पाठशालायें उन्होंने श्री गुरुचरणलाल से खुलवाईं, जिसमें 'ब्राह्मण वैदिक पाठशाला'—अयोध्या जी में अद्यावधि चल रही है। इसी संस्कृतमय वातावरण में कवि प्रेमघन का संस्कार हुआ। भाद्र कृष्ण षष्ठी, सम्वत् १९१२ में प्रेमघन जी का जन्म हुआ। प्रारम्भिक शिक्षा काल में ही अपने पितामह के साथ आपने कुछ व्यावसायिक कार्यों को भी सँभालना प्रारम्भ कर दिया।

आपकी माता श्रीमती तुलसीदेवी ने ५ वर्ष की ही अवस्था मे इनका विद्यारम्भ करा दिया था, प्राचीन परम्परा के अनुसार आपने गुलिस्तां बोस्तां की फ़ारसी की पुस्तक प्रारंभ में पढ़ी थी। आपके पिता भी फ़ारसी के अच्छे पण्डित थे, वही उस समय की मुख्य भाषा ही थी।

अंग्रेजी भाषा का भी उस समय प्रचार हो रहा था। मिरजापूर में हाई स्कूल न होने के कारण प्रेमघन जी ने फैजाबाद में अंग्रेजी पढ़ना प्रारम्भ किया। यहाँ पर अयोध्या नरेश महाराज प्रतापनारायण सिंह इत्यादि उनके सखा थे।

जब सम्वत् १९२६ में मिरजापूर में अंग्रेजी स्कूल खुल गया तब प्रेमघन जी को वहाँ जाना पड़ा। सम्वत् १९२७ में चौधरी शीतलप्रसाद का स्वर्गवास हो गया

बालक प्रेमघन (१५ वर्ष)

और अब इन्हें मिरजापुर के दुकान का कार्य-भार सँभालना पड़ा। आप के पिता ने आपको मिरजापूर स्थित पाठशाला का प्रबन्ध भी दे दिया। स्वामी दयानन्द जी का अब इनका पूर्ण साथ हो गया जिसके फलस्वरूप आपने नव जागरण के भावों को अपने काव्य में प्रतिष्ठित किया है।

उर्दू की बहरें आपको बहुत प्रिय थीं, आपने अपने विचार से

"यार के कानों में दो झूमके,
झूमके लेते बोसे चूमके।"

का भावानुवाद करके पण्डित रामानन्द जी जो इनको संस्कृत पढ़ाते थे इस प्रकार सुनाया।

"गोलन कपोलन पै लोलकन साथ लै कै,
झूमि झूमि झूमि मुख चूमि चूमि लेत ॥"

(ये आपकी प्रथम पंक्तियाँ हैं।)

पण्डित जी बहुत प्रसन्न हुए और आप को कविता लिखने के लिए प्रोत्साहन दिया। अब प्रेमघन जी ने भी कविता लिखना प्रारभ किया।

आपके पिताजी मिरजापूर का कार्य इन पर छोड़ कर स्वयं अयोध्या जी चले आये, अब प्रेमघन जी अकेले वहाँ का कार्य भार देखने लगे। धीरे-धीरे आप में रईसी और आरामतलबी ने प्रवेश किया। इष्ट-मित्रों का जमघट लगने लगा। शतरंज, गंजीफे, संगीत विनोद तथा आमोद-प्रमोद में आपने समय बिताना प्रारम्भ कर दिया।

कवितायें लिखना, सुनना, सुनाना, स्वयं गीतों को लिखना और उसको सुनाना, सुनाने वालों को इनाम देना उनके इन्द्र के अखाड़े में हुआ करता था। इसी बीच आपका भारतेन्दु से भी परिचय हुआ, अब क्या था। "खूब बन बैठेगी मिल बैठेंगे दीवाने दो"....की कहावत चरितार्थ हुई।

आपने अब सभा सोसाइटियों को खोलना, उनमें जाना आना भी प्रारम्भ कर दिया। मिरजापूर के पं० इन्द्रनारायण शँगलू, महन्त जयराम गिरि, वामनाचार्य इत्यादि प्रमुख थे। साहित्यिकों में पं० प्रतापनारायण मिश्र, पं० अम्बिकादत्त व्यास, बाबू रामकृष्ण वर्मा, पं० गोपीनाथ पाठक, बाबू बालमुकुन्द गुप्त, बा० राधाकृष्ण दास एवं श्री कृष्णदेवशरण सिंह प्रमुख थे। इसी बीच सम्वत् १९३८ में आपने आनन्द कादम्बिनी नाम मासिक पत्रिका को निकाला। इस समय तक कवि वचन सुधा आदि का प्रकाशन भारतेन्दु ने प्रारम्भ कर दिया था। बीच में आनन्द कादम्बिनी बन्द हो गई और सम्वत् १९४२ में पत्रिका का फिर प्रादुर्भाव हुआ। इसी समय आचार्य पण्डित रामचन्द्र शुक्ल जो मिरजापूर के मिशन हाई स्कूल में ड्राइंग

मास्टर के पोस्ट पर थे प्रेमघन जी के सम्पर्क में आये। और एक घण्टा आनन्द कादम्बिनी प्रेस में कार्य करने के लिए प्रेमघन जी ने इन्हें नियुक्त किया। आप बड़ी पटुता से प्रूफ़ आदि देखते और प्रेस के मैनेजर का कार्य करते रहे।

साहित्यिक अभिरुचि के नाते प्रेमघन जी के साथ अब वे रहने लगे। पर यह समय अधिक दिनों न चल सका। क्योंकि सम्वत् १९४० वैक्रमीय में प्रेमघन जी के पिता ने पाइनियर अखबार में यह नोटिस छपवा दी कि उन्होंने अपनी सारी सम्पत्ति संस्कृत पाठशाला को वक्फ कर दिया। अब प्रेमघन जी ने अपने सहोदरों के साथ अपने पिता पर दावा किया जो अधिक दिनों तक चलता रहा और बाद में प्रेमघन जी आदि की इलाहाबाद हाईकोर्ट से डिगरी हुई।

पिता से झगड़ा शान्त होने पर अपने भाइयों को जिमींदारी कार्य की देख-रेख देकर प्रेमघन जी मिरजापूर में रहने लगे, पर आगे चलकर आपको भाइयों से भी बटवारा करना पड़ा, और तत्पश्चात् आपको गोंडा जिले में शीतलगंज ग्रान्ट नामक ग्राम में अन्तिम समय में रहना पड़ा। सम्वत् १९७८ में प्रेमघन जी शीतल-गंज से मिरजापूर चौधराने के कार्य की देख-रेख के लिए गए और वहीं पर फाल्गुन शुल्क १४ सम्वत् १९७८ को आपने अपने शरीर को त्याग कर जाह्नवी की गोद में सदा के लिए विश्राम ले लिया।

यहां पर एक संक्षिप्त जीवन वृत्त कवि परिचय के लिए लिख दिया गया है, आशा है इससे कवि के बारे में हिन्दी जगत् को कुछ जानकारी हो जाएगी, इसका विस्तार समय पर अन्यत्र किया जायगा।

प्रेमघन जी का जीवन एक कवि तथा गद्य के लेखक के ही रूप में हमें नहीं मिलता है, आपने कविता के क्षेत्र में व्रजभाषा के स्थान पर खड़ीबोली की प्रतिष्ठा सर्वप्रथम स्थापित किया। भारतेन्दु तो अल्प समय तक ही हिन्दी की सेवा कर सके। जिस प्रकार खड़ीबोली की प्रतिष्ठा आपकी कविता के क्षेत्र में एक देन है, उसी प्रकार गद्य की भाषा का परिष्कार तथा परिमार्जन भी आपकी विशेषता है।

गद्य के क्षेत्र में आपने गद्य के प्रत्येक अंग पर लिखना प्रारम्भ किया। निबंध, समालोचना को जितनी प्रौढ़ता आपने दी है वह स्तुत्य है। निबंधों के क्षेत्र में व्यक्तिगत निबंध जिनमें "गुप्त गोष्ठीगाथा", "दिल्ली दरबार में मित्र मंडली के यार" बड़े प्रौढ़ निबंध हैं। सामाजिक, साहित्यिक, राजनैतिक, विचारधाराओं को उनके निबंधों में हम पूर्णरूप से पाते हैं।

समालोचना का तो आपने सूत्रपात ही किया, "बंगविजयता" की आलोचना से हमें गुण-दोष निरूपण पद्धति जो आपने "मधुतरंग" नामक पुस्तक पर लिखी थी,

अन्त हो जाता है, और संयोगिता स्वयम्बर की आलोचना तो परम उच्चकोटि की तत्कालीन समय में हुई है।

नाटकों के प्रकरण में आपने सर्वप्रथम "वाराङ्गना रहस्य महानाटक अथवा वेश्या विनोद महाफाटक" आनन्द कादम्बिनी में प्रकाशित करना प्रारम्भ किया था, जिस पर उसके नायक राजीव लोचन के चरित्र को पढ़कर भारतेन्दु को कहना ही पड़ा "चौधरी साहेब देखिए अब राजीवलोचन की दुर्दशा का चित्र न खींचिए" मित्र की इस आज्ञा का वे उल्लंघन न कर सके और वहीं से नाटक अधूरा ही पड़ा रहा। आपका "भारत सौभाग्य" नाटक पूर्ण लिखित है, एकांकी के क्षेत्र में आपने "प्रयाग रामागमन" लिखा है। प्रहसन अनेक हैं, और चुटकुले भी बड़े सुन्दर हास्य के हैं।

आप परिष्कृत गद्य को लिखते थे, और लिखने को प्रोत्साहित करते थे। सानुप्रास, समासान्त, सतुकान्त लम्बे-लम्बे वाक्य-विन्यास हमें हिन्दी में प्रेमघन जी के ही मिलते हैं जिनके अन्तर्गत सामाजिक, राजनैतिक, विचारधारायें ओत-प्रोत हैं। इसी के प्रचारार्थ आपने 'आनन्द कादम्बिनी' मासिक पत्रिका तथा नागरी 'नीरद' साप्ताहिक पत्र निकाला था। आपके सम्पादकीय अग्रलेख उस समय के सजीव इतिहास के रूप में हमें मिलते हैं। उपन्यास के क्षेत्र को भी आपने अछूता न छोड़ा। माधवी माधव तथा कान्ती कामिनी उपन्यास को आपने अन्तिम समय में प्रारम्भ किया पर वह भी प्रारम्भ ही होकर रह गया।

प्रेमघन सर्वस्व प्रथम भाग के इस द्वितीय संस्करण को हिन्दी जगत् के समक्ष आज प्रस्तुत करते हुए मुझे बड़ी प्रसन्नता हो रही है। इस बार मैंने यथाशक्ति प्रेमघन जी की समग्र कविताओं का इसमें समावेश कर दिया है। आशा है हिन्दी सेवी संसार को यह रुचिकर प्रतीत होगी।

दिनेश नारायण उपाध्याय

विषय-सूची

प्रबन्ध काव्य—(पहला खण्ड)

विषय	पृष्ठ
१. जीर्ण जनपद	१
२. अलौकिक लीला	५१

स्फुट काव्य—(दूसरा खण्ड)

३. युगलमंगलस्तोत्र	१०९
४. वृजचन्द पंचक	११७
५. राजराजेश्वरी जयति	१२१
६. कलम की कारीगरी आदि	१२७
७. कलिकाल तर्पण	१४३
८. पितर प्रलाप	१५१
९. शोकाश्रुविन्दु तथा नेहनिधिपयान	१६५
१०. होली की नकल	१८३
११. मन की मौज	१८९
१२. प्रेम पीयूष	१९५
१३. सूर्यस्तोत्र	२२९
१४. मंगलाशा	२४१
१५. हास्यविन्दु	२५३
१६. हार्दिक हर्षादर्श	२६५
१७. आनन्द बधाई	२९३
१८. लालित्य लहरी	३२१
१९. भारत बधाई	३३३
२०. स्वागतपत्र	३५१
२१. आनन्द अरुणोदय	३६१

२२. *आर्याभिनन्दन* ३६१
२३. सौभाग्य समागम ३७९
२४. मयंक महिमा ३८९

संगीत काव्य—(तीसरा खण्ड)

२५. संगीत काव्य ४०५—६५०

पहला खंड

प्रबन्ध काव्य

जीर्ण जनपद

इस प्रबन्ध काव्य के अन्तर्गत कवि ने दत्तापुर नामक ग्राम की, जहाँ पर कवि का जन्म हुआ था, तथा उसके परिवारके लोग रहते थे, चित्र अंकित किया है। यहीं पर कवि प्रेमघन के बाल्यजीवन की अनेक कौतूहलास्पद क्रीड़ायें हुई थीं। यह वही काल था जब मुसलमानी नवाबी शासन का अन्त हो रहा था और ईस्ट इण्डिया कम्पनी के शासन-काल का प्रादुर्भाव हो रहा था। कवि के इस काव्य के अन्तर्गत भारतीय संस्कृति, ऐश्वर्य, शौर्य के उदाहरण हैं। कथानक की कमनीयता उसकी नियमबद्धता से नहीं है पर भावों के उत्कर्ष हैं। इसमें भारतीय दीन-दशा के यदि चित्र एक ओर चित्रित हैं तो वीर-पूजा की भावना से प्रेरित प्राचीन भारत की गौरव गाथा भी वर्णित है। जीर्ण जनपद के अन्तर्गत कवि ने अपने बाल्यजीवन की मधुर स्मृतियों के साथ-साथ अपने पारिवारिक जीवन, उनकी रहन-सहन का चित्र तो खींचा ही है, पर सच पूछिए तो इसमें भारतीय तत्कालीन दशा का सच्चा चित्र भी अंकित है जिसके द्वारा कवि ने राष्ट्रीय जागरण का अमर सन्देश मुखरित किया है।

सं० १९६६

जीर्ण जनपद

अथवा

दुर्दशा दत्तापुर*

श्रीपति कृपा प्रभाय, सुखी बहुदिवस निरन्तर।
निरत बिबिध व्यापार, होय गुरु काजनि तत्पर ॥१॥
बहु नगरनि धन, जन कृत्रिम सोभा परिपूरित।
बहु ग्रामनि सुख समृद्धि जहां निवसति नित ॥२॥
रम्यस्थल बहु युक्त लदे फल फूलन सों बन।
ताल नदी नारे जित सोहत अति मोहत मन ॥३॥
शैल अनेक शृंग कन्दरा दरी खोहन मय।
सजित सुडौल परे पाहन चट्टान समुच्चय ॥४॥
बहत नदी हहरात जहाँ नारे कलरव करि।
निदरत जिनहिं नीरभर शीतल स्वच्छ नीर झरि ॥५॥
सघन लता द्रुम सों अधित्यका† जिनकी सोहत।
किलकारत बानर लंगूर जित, नित मन मोहत ॥६॥
सुमन सौरभित पर जहँ जुरि मधुकर गुञ्जारत।
लदे पक्व नाना प्रकार फल नवल निहारत ॥७॥
बर बिहंग अवली जहँ भांति भांति की आवति।
करि भोजन आतृप्त मनोहर बोल सुनावति ॥८॥

* यह ग्राम प्रेमघन जी के पूर्वजों का निवासस्थान था और प्रेमघन जी भी इसी ग्राम में १९१२ वैक्रमीय में उत्पन्न हुए थे। इस ग्राम की प्राचीन विभूति तथा आधुनिक दशा का इसमें यथार्थ चित्रण है।

† पर्वत का ऊपरी भाग वा भूमि।

कोऊ तराने गावत, कोउ गिटगिरी भरैं जहँ।
कोऊ अलापत राग, कोऊ हरिनाम रटैं तहँ॥९॥
धन्यवाद जगदीस देन हित परम प्रेम युत।
प्रति कुञ्जनि कलरवित होत यों उत्सव अद्भुत॥१०॥
जाके दुर्गम कानन बाघ सिंह जब गरजत।
भाजत डरि मृग माल, पथिक जन को जिय लरजत॥११॥
कूकन लगत मयूर जानि घन की धुनि हर्षित।
होत सिकारी जन को मन सहसा आकर्षित॥१२॥
हरी भरी घासन सों अधित्यका छबि छाई।
बहु गुणदायक औषधीन संकुल उपजाई॥१३॥
कबहुँ काज के, व्याज काज अनुरोध कबहुँ तहँ।
कबहुँ मनोरंजन हित जात भ्रमत निबसत जहँ॥१४॥
कबहुँ नगर अरु कबहुँ ग्राम, बन कै पहार पर।
आवश्यक जब जहाँ, जहाँ को कै जब अवसर॥१५॥
अथवा जब नगरन सों ऊबत जी, तब गाँवन।
गाँवन सों बन शैल नगर, हित मन बहलावन॥१६॥
निवसत, पै सब ठौर रहनि निज रही सदा यह।
नित्य कृत्य अरु काम काज सों बच्यो समय, वह॥१७॥
बीतत नित क्रीड़ा कौतुक, आमोद प्रमोदनि।
यथा समय अरु ठौर एक उनमें प्रधान बनि॥१८॥
औरन की सुधि सहज भुलावत हिय हुलसावत।
सब जग चिन्ता चूर मूर करि दूर बहावत॥१९॥
मन बहलावनि विशद बतकही होत परस्पर।
जब कबहूँ मिलि सुजन सुहृद सहचर अरु अनुचर॥२०॥
समालोचना आनन्दप्रद समय ठाँव की।
होत जबै, सुधि आवति तब प्रिय वही गाँव की॥२१॥
जहँ बीते दिन अपने बहुधा बालकपन के।
जहँ के सहज सब विनोद हे मोहन मन के॥२२॥

परिवार परिचय

ईस कृपा सों यदपि निवासस्थान अनेकन।
भिन्न भिन्न ठौरन पर हैं सब सहित सुपासन।।२३।।
बड़ी बड़ी अट्टालिका सहित बाग तड़ागन।
नगर बीच, बन, शैल, निकट अरु नदी किनारन।।२४।।
इष्ट मित्र अरु सुजन सुहृद सज्जन संग निसि दिन।
जिन में बीतत समय अधिकतर कलह क्लेश बिन।।२५।।
अति बिशाल परिवार बीच में प्रेम परस्पर।
यथा उचित सन्मान समादर सहित निरन्तर।।२६।।
रहत मित्रता को सो बर बरताव सदाहीं।
इक जनहूँ को रुचत काज सों सबहिं सुहाहीं।।२७।।
रहत तहाँ तब लगि सों, जाको जहाँ रमत मन।
निज निज काज बिभाग करत चुपचाप सबै जन।।२८।।
एक काज को तजत, पहुँचि तिहि और सँभालत।
होन देत नहिं हानि भली बिधि देखत भालत।।२९।।
सबै सयाने, सबै अनेकन गुन गन मण्डित।
कोऊ एक, अनेक विषय के कोऊ पण्डित।।३०।।
कोऊ परमारथिक, कोऊ संसारिक काजहिं।
कोऊ दुहुँ सों दूर सदा सुख साजहिं साजहिं।।३१।।
पै मिलि बैठत जबै सबै रंगि जात एक रंग।
भिन्न भिन्न वादित्र यथा मिलि बजत एक संग।।३२।।
कारन सब में सब की रुचि कछु कछु समान सी।
सबहि लहन निष्पाप सुखन की परी बानि सी।।३३।।
नित प्रति बिद्या विविध व्यसन, साहित्य समादर।
सुख सामग्री सेवन, कौतूहल विनोद कर।।३४।।
राग रंग संग जबै हाट सुन्दरता लागति।
बहुधा ऐसे समय प्रीति की रीतिहु जागति।।३५।।

भरत आह नाले कोउ मोहत वाह वाह करि।
कोऊ तन्मय होत ईस के रंग हियो भरि॥३६॥
यह बिचित्रता इतहिं दया करि ईस दिखावत।
बिकट बिरुद्ध बिधान बीच गुल अजब खिलावत॥३७॥
रहत सदा सद्धर्म्म परायण लोग न्याय रत।
काम क्रोध अरु मोह, लोभ सों बचत बचावत॥३८॥
यथा लाभ सन्तुष्ट, अधिक उद्योग न भावत।
बहु धन मान, बड़ाई के हित, चित न चलावत॥३९॥
सदा ज्ञान वैराग्य योग की होत वारता।
ईस भक्ति में निरत, सबन के हिय उदारता॥४०॥
"अहै दोष बिन ईश एक" यह सत्य कहावत।
तासों जो कछु दोष इतै लखिबे में आवत॥४१॥
सो सम्प्रति प्रचलित जग की गति ओर निहारे।
सौ सौ कुशल इतै लखियत मन माहि बिचारे॥४२॥
मर्य्यादा प्राचीन अजहुँ जहँ बिशद बिराजति।
मिलि सभ्यता नवीन सहित सीमा छबि छाजति॥४३॥
जित सामाजिक संस्कार नहिं अधिक प्रबल बनि।
सत्य सनातन धर्म्म मूल आचार सकत हनि॥४४॥
जित अँगरेजी सिच्छा नहिं संस्कृत-हिदबावति।
वाकी महिमा मेटि कुमति निज नहिं उपजावति॥४५॥
पर उपकार बित्त सों, बाहर होत जहाँ पर।
जहँ सज्जन सत्कार यथोचित लहत निरन्तर॥४६॥
जहाँ आर्य्यता अजहुँ सहित अभिमान दिखाती।
जहाँ धर्म्म रुचि मोहत मन अजहूँ मुसकाती॥४७॥
जहँ बिनम्रता, सत्य, शीलता, क्षमा, दया संग!
कुल परम्परागत बहुधा लखि परत सोई ढंग॥४८॥
स्वाध्याय, तप निरत जहाँ जन अजहुँ लखाहीं।
बहु सद्धर्म्म परायन जस कहुँ बिरल सुनाहीं॥४९॥

नहिं कोऊ मूरख नहिं नृशंस नर नीच पापरत।
सुनि जिनकी करतूति होय स्वजनन को सिर नत।।५०।।
जो कोउ में कछु दोष तऊ गुन की अधिकाई।
मिलि मयंक में ज्यों कलंक नहिं परत लखाई।।५१।।
जगपति जनु निज दया भूरि भाजन दिखरायो।
जगहित यह आदर्श विप्र कुल बिरचि बनायो।।५२।।
सब सुख सामग्री सम्पन्न गृहस्थ गुनागर।
धन जन सम्पत्ति सुगति मान मर्य्याद धुरन्धर।।५३।।

जन्मभूमि प्रेम

या बिधि सुख सुविधा समान सम्पन्न होय मन।
तऊ चाह सों चहत ताहि धौं क्यों अवलोकन।।५४।।
जन्म भूमि वह यदपि, तऊ सम्बन्ध न कछु अब।
अपनो वा सो रह्यो, टूटि सो गयो कबै सब।।५५।।
और और ही ठौर भयो अब दो गृह अपनो।
तऊ लखत मन किह कारन वाही को सपनो।।५७।।
धवल धाम अभिराम, रम्य थल सकल सुखाकर।
बसत, चहत मन वा सूनो गृह निरखन सादर।।५७।।
रहे पुराने स्वजन इष्ट अरु मित्र न अब उत।
पै वा थल दरसन हूँ, मन मानत प्रमोद युत।।५८।।
यदपि न वह तालुका रह्यो अपने अधिकारन।
तऊ मचलि मन समुझत तिहि निज ही किहि कारन।।५९।।
समाधान या शंका को पर नेक विचारत।
सहजै में ह्वै जात जगत गति ओर निहारत।।६०।।
जन्म भूमि सों नेह और ममता जग जीवन।
दियो प्रकृति जिहि कबहुँ न कोउ करि सकत उलंघन।।६१।।
पसु, पच्छिन हूँ में यह नियम लखात सदा जब।
मानव मन तब ताहि कौन विधि भूलि सकत कब।।६२।।

वह मनुष्य कहिबे के योगन कबहुँ नीच नर।
जन्म-भूमि निज नेह नाहिं जाके उर अन्तर॥६३॥
जन्म-भूमि हित के हित चिन्ता जा हिय नाहीं।
तिहि जानौ जड़ जीव, प्रगट मानव, तन माहीं॥६४॥
जन्मभूमि दुर्दशा निरखि जाको हिय कातर।
होय न अरु दुख सोचन में ताके निसि बासर॥६५॥
रहत न तत्पर जो, ताको मुख देखेहुँ पातक।
नर पिशाच सों जननीजन्मभूमि को घातक॥६६॥
यदपि बस्यो संसार सुखद थल विविध लखाहीं।
जन्म-भूमि की पै छवि मन तें बिसरत नाहीं॥६७॥
पाय यदपि परिवर्तन बहु बनि गयो और अब।
तदपि अजब उभरत मन में सुधि वाकी जब जब॥६८॥

दर्शनाभिलाषा

यों रहि रहि मन माहिं यदपि सुधि वाकी आवै।
अरु तिहि निरखन हित चित चंचल ह्वै ललचावै॥६९॥
तऊ बहु दिवस लौं नहिं आयो ऐसो अवसर।
तिहि लखि भूले भायन पुनि करि सकिय नवल तर॥७०॥
प्रति वत्सर तिहिं लांघत आवत जात सदाहीं।
यदपि तऊ नहिं पहुँचत, पहुँचि निकट तिहि पाहीं॥७१॥
रेल राँड़ पर चढ़त होत सहजहिं परबस नर।
सौ सौ सांसत सहत तऊ नहिं सकत कछू कर॥७२॥
ठेल दियो इत रेल आय बेमेल बिधानन।
हरि प्राचीन प्रथान पथिक पथ के सामानन॥७३॥
कियो दूर थल निकट, निकट अति दूर बनायो।
आस पास को हेल मेल यह रेल नसायो॥७४॥
जो चाहत जित जान, उतै ही यह पहुँचावत।
बचे बीच के गाम ठाम को नाम भुलावत॥७५॥

आलस और असुविधा को तो रेल पेल करि।
निज तजि गति नहिं रेल और राखी पौरुष हरि।।७६।।
तिहि तजि पाँचहु परग चलन लागत पहार सम।
नगरेतर थल गमन लगत अतिशय अब दुर्गम।।७७।।
इस्टेशन से केवल द्वै ही कोस दूर पर।
बसत ग्राम, पै यापैं चढ़ि लागत अति दुस्तर।।७८।।
यों बहु दिन पर जन्म भूमि अवलोकन के हित।
कियो सकल अनुकूल सफ़र सामान सुसज्जित।।७९।।
पहुँचे तहँ जहँ प्रतिवत्सर बहु बार जात हैं।
रहन सहन छूटे हूँ जेहि लखि नहिं अघात हैं।।८०।।
काम काज, गृह अवलोकन कै स्वजन मिलन हित।
ब्याह बरातन हूँ मैं जाय रहे बहु दिन जित।।८१।।
यदपि गए जै बार हीन छबि होत अधिकतर।
लखि ता कहँ अति होत सोच आवत हियरो भर।।८२।।
पै यहि बार निहार दशा उजड़ी सी वाकी।
कहि न जाय कछु बिकल होय ऐसी मति थाकी।।८३।।

वर्तमान दीन दृश्य

हा दत्तापुर रह्यो गांव जो देस उजागर।
गमनागमन मनुज समूह जित रहत निरन्तर।।८४।।
जिनके आवत जात परे पथ चारहुँ ओरन।
देत बताय पथिक अनजानेहुँ भूले भोरन।।८५।।
सो न जानि अब परै कहाँ किहि ओर अहै वह।
जानेहुँ चीन्हि परै न कैसहूँ अहै वहै यह।।८६।।

पूर्वदशा

कँटवासी बँसवारिन को रकबा जहँ मरकत।
बीच २ कंटकित वृक्ष जाके बढ़ि लरकत।।८७।।

छाई जिन पैं कुटिल कटीली बेलि अनेकन।
गोलहु गोली भेदि न जाहि २ बाहर सन॥ ८८॥
जाके बाहर अति चौड़ी गहिरी लहराती।
खंधक तीन ओर निर्मल जल भरी सुहाती॥८९॥
जा मैं तैरत अरु अन्हात सौ २ जन इक संग।
कूदत करत कलोल दिखाय अनेक नये ढंग॥ ९० ॥
बने कोट की भाँति सुरक्षित जाके भीतर।
बैरिन सों लरि बचिबे जोग सुखद गृह दृढ़तर॥ ९१ ॥
कटीमार दीवारन मैं हित अस्त्र चलाबन।
पुष्ट द्वार मजबूत कपाटन जड़े गजबरन॥ ९२ ॥
अंत:पुर अट्टालिकान की उच्य दरीचिन।
बैठि लखत ऋतु शोभा सुमुखि सदा चिलवन* विन॥ ९३॥
औरन सों लखि जैबे को भय नहिं जिनके मन।
रहि नभ चुम्बित बंसवारिन की ओट जगत सन॥ ९४॥
शीतल बात न जात, शीत ऋतु जातैं उत्कट।
लहि जाको आघात गात मुरझात नरम झट॥ ९५॥
व्यजन करत जो तिनहिं बसन्त मन्द मारुत लै।
निज सहवासी तरु प्रसून सौरभ पराग दै॥ ९६ ॥
ग्रीषम आतप तपन, छांह सन छाय बचावत।
खनधक जल कन लै समीर सुभ लूह बनावत॥ ९७॥
वर्षा मैं बनि सघन सदाघन घेरन की छबि।
राखत रुचिर बनाय देखि नहिं परन देत रबि॥ ९८॥
निसि मैं जापैं जुरि जमात जीगन की दमकत।
जनु कज्जल गिरि मैं चहुंधा चिनगारी चमकत॥ ९९॥
परि परिखा तट मूल सेन दादुर की भारी।
करत घोर अन्दोर दाँव हित मनहुँ जुवारी॥ १००॥

---

१. चिक।

झिल्लीगन को सारे रोर चातक चहुँ ओरन।
सुनि सखीन संग सबै नवेली झूलन झूलन॥ १०१॥
गावत झूलन, सावन, कजरी, राग मलारहिं।
करहिं परस्पर चुहुल नवल चोंचले बघारहिं॥ १०२॥
भौजाइन बैठाय, पेंग मारत देवर गन।
लाग डांट दुहुँ ओरन सों बढ़ि अधिक बेग सन॥ १०३॥
पौढ़त झूला, पाट उलटि कै सरकि परत जब।
गिरत सबै तर ऊपर चोट खाय, कोऊ तब॥ १०४॥
सिसकत गारी देत कोउन कोऊ, अरु बिहँसत।
कोउ, उपचार करत कछु कोउन कोऊ मनावत॥ १०५॥
कोउ अपराध छमावैं निज, पग परि कर जोरैं।
कोउ झिझकारैं कोउन, बङ्क जुग भौंह मरोरैं॥ १०६॥
सुनि कोलाहल जब प्रधान गृह स्वामिन आवत।
भागत अपराधी तिन कहँ कोऊ ढूंढ़ि न पावत॥ १०७॥
यों वह बालकपन के क्रीड़ा कौतुक हम सब।
करत रहे जहँ सो थल हूँ नहिं चीन्ह परत अब॥ १०८॥
नहिं रकबा को नाम, धाम गिरि ढूह गयो बनि।
पटि परिखा पटपर ह्वै रही सोक उपजावनि॥ १०९॥

द्वार

हाय यहै वह द्वार दिवस निसि भीर भरी जिति।
भाँति २ के मनुजन की नित रहति इकतृत॥ ११०॥
एक २ से गुनी, सूर, पंडित, विरक्त जन।
अतिथि सुहृद, सेवक समूह संग अमित प्रजागन॥ १११॥
जहाँ मत्त मातंग नदत झूमत निसि बासर।
धूरि उड़ावत पवन, वही, विधि, वही धरा पर॥ ११२॥
जहँ चंचल तुरंग नरतत मन मुग्ध बनावत।
जमत, उड़त, ऐंड़त, उछरत पैंजनी बजावत॥ ११३॥

मनहुँ दूलहिन बने काढ़ि घूंघट इतराते।
ढीली परत लगाम पवन बनि दूर दिखाते॥११४॥
जहँ योधागन दिखरावत निज कृपा कुशलता।
अस्त्र शस्त्र अरु शारीरिक बहु भाँति प्रबलता॥ ११५॥
चटकत चटकी डाँड़ कहूं कोउ भरत पैंतरे।
लरत लराई कोऊ एक एकन सों अभिरे॥११६॥
होत निसाने बाजी कहुँ लै तुपक गुलेलन।
कोऊ सांग बरछीन साधि हँसि करत कुलेलन॥ ११७॥
करत केलि तहँ नकुल ससक साही अरु मूषक।
बहै रम्य थल हाय आज लखि परत भयानक॥ ११८॥
नित जा पैं प्रहरी गन गाजत रहे निरन्तर।
वह फाटक सुविशाल सयन करि रह्यो भूमि पर ॥ ११९॥

सवारी

याही मग जब सरदारन की कढ़त सवारी।
सो निरखी छबि अजहुँ न मन सों जाय बिसारी॥ १२०॥
नहिं नैमित्तिक बरुक नित्य की बात बतावत।
कोउ कारज बस जबै कोऊ कहुँ जात जवावत॥ १२१॥
छाय जात लालरी चहूँ चौंधी दै लोचन।
लाल बनाती उरदी धारे परिकर जन सन॥ १२२॥
चपल पालकी के कँहार, सरबान महाउत।
त्यों मसालची खिदमतगार अनेकन संयुत॥ १२३॥
आवश्यक उपकरन लिये असि बगल झुलावत।
कोउ कर पीकदान कोउ के छतुरी छबि छाजत॥ १२४॥
कोउ पंखा लीने कोउ चंवरी चलत चलावहिं।
जो प्रधान उनमें खवास वह पान खवावहिं॥ १२५॥
लाल मखमली रुचिर पान को झोरा धारे।
जासों जुरी जंजीर रजत बहु लर गर डारे॥ १२६॥

उर पैं एक ओर झोरा वह, अन्य ओर पर।
झब्बा से बहु छोटे बटुये झूलत सुन्दर॥ १२७ ॥
विविध रंग के, चांदी की घुन्डिन सों सोहे।
पान मसाले विविध भरे रेसम सों पोहे॥ १२८॥
लिये खास हथियार कटार कमर में खोंसे।
भरे तमंचे आदि खरीदे बहु दामों से॥ १२९ ॥
अलबेली अवली अरदली सिपाहिन केरी।
आगे २ चलत लोग हहरत हिय हेरी॥ १३० ॥
राजकुमारी पाग लसत सिर जिनके बांकी।
लाल बनाती खोली सों तैसेही ढाँकी ॥ १३१ ॥
एक कांध पै तोड़ेदार तुपक धरि सोहत।
दूजे पैं साबरी परतला परि मन मोहत ॥ १३२ ॥
जामैं झूलत बगल बंक तरवार कटीली।
त्यों गैंडे की ढाल पीठ फुलियन सों खीली॥ १३३ ॥
लाल अंगरखन पै कारी वह यों छबि पाती।
गुल अनार पर परी मधुकरी ज्यों मन भाती॥ १३४॥
कमर बँध्यो पटका पर पेटी कसी साज की।
जा में रहत सबै सामग्री तुपक बाज की॥ १३५॥
रंजक, दानी, सिंगरा, तूलि, पलीता दानी।
तोस दान, चकमक पथरी गोलीन भरानी॥ १३६॥
बीछी-आर सरिस टेंई मूछैं सबही की।
दाढ़ी ऐंठी, उठी असित अहिफ़न सम नीकी॥ १३७॥
दीरघ तन परि-पुष्ट सबै बल सो ऐंड़ाते।
भरि उछाह सों उछरत चल दर्प दिखराते॥ १३८॥
खटकनि ढालन की अरु झनकन तरवारन की।
चलनि बीरगति गहे, करत रव हुंकारन की॥ १३९॥
सहज सवारी साजत वै जो परत लखाई।
मनहुं चढ़त सामन्त कोऊ रन करन लराई॥ १४० ॥

ब्याह बरातहुँ में न आज वह कहूं देखियत।
पलटि गयो वह समय हाय सब साजहिं बदलत॥ १४१॥
आज तिनहिं के पुत्र भतीजे हम सब इत उत।
घूमत फिरत अकेले वेष बनाये अद्भुत॥ १४२॥
तन अँगरेजी सूट, बूट पग, ऐनक नैनन।
जेब घड़ी कर छड़ी लिये जनु अस्त्रन सस्त्रन॥ १४३॥
चहै लेय जो पकरि सीस धरि बोझ ढोवावै।
नहिं प्रतिकार ततच्छन कछु जो मान बचावै॥ १४४॥
भई रहनि अरु सहनि सबै ही आज अनोखी।
ब्रह्मज्ञानी सबै बने साधू संतोखी॥ १४५॥

कचहरी दीवान

(१)

गयो कचहरी को वह गृह कहँ जहँ मुनसीगन।
लिखत पढ़त अरु करत हिसाब किताब दिये मन॥ १४६॥
तिन सबको प्रधान कायथ इक बैठ्यो मोटो।
सेत केस कारो रंग कछु डीलहु को छोटो॥ १४७॥
रूखे मुख पर रामानुजी तिलक त्रिशूल सम।
दिये ललाट, लगाये चस्मा, घुरकत हरदम॥ १४८॥
पाग मिरजई पहिनि, टेकि मसनद परजन पर।
करत कुटिल जब दीठ, लगत वे कांपन थर थर॥ १४९॥
बाकी लेत चुकाय छनहिं में मालगुजारी।
कहलावत दीवान दया की बानि बिसारी॥ १५०॥
वाके सन्मुख सबै देखि रुख वचन उचारत।
जाय पीठ पीछे पै मन के भाव उघारत॥ १५१॥
कहत लोग यह चित्रगुप्त को वंश नहीं है।
साच्छात ही चित्र-गुप्त अवतार नयो है॥ १५२॥

पूजा करत देर लौं बनत वैष्णव भारी।
पढ़ि रामायन रोवत हैं पै अति व्यभिचारी॥ १५३॥
बिन पाये कछु नजर मिलावत नजर न लाला।
लाख बीनती करौ बतावत टालै बाला॥ १५४॥
लिये हाथ मैं कलम कलम सिर करत अनेकन।
गड़बड़ लेखा करत सबन को धारि कसक मन॥ १५५॥
कागद की कुछ ऐसी किल्ली राखत निज कर।
करै कोटि कोउ जतन पार नहिं पाय सकत पर॥ १५६॥
मालिक बैठि जहां निरखत बहु काजनि गुरुतर।
करत निबटारो त्यों प्रजान को कलह परस्पर॥ १५७॥
दूर ग्राम की प्रजा करम-चारि-गनहू सन।
अरज गरज सुनि देत उचित आदेस ततच्छन॥ १५८॥
अन्य अनेकन काज बिषय आदेस हेतु नत।
रहे प्रधानागमन मनुज जिहि ठौर अगोरत॥ १५९॥
तहँ नहि नर को नाम गयो गृह गिरि ह्वै पटपर।
मुद्रा कागद ठौर रहो सिकटी अरु कंकर॥ १६०॥

चौक

जिन बैठकन सहन में प्रातःकाल जुरे जन।
रहत प्रनाम सलाम करत हित सावधान मन॥ १६१॥
रजनी संध्या समय जुरत जहँ सभा सुहावनि।
बिविध रीति समयानुसार चित चतुर लुभावनि॥ १६२॥
कथा, बारता, रागरंग, लीला, कौतुक मय।
मन बहलावन काम काज हित सहित सदामय॥ १६३॥
जगमगात जहँ दीपक अवलि रहत निसि सुन्दर।
चहल पहल जित मची रहत नित नवल निरन्तर॥ १६४॥
कास तहाँ अरु घास जमी ढूहन पर लखियत।
चरत अजामिल पात इतै सों उत अब घूमत॥ १६५॥

पूजागृह

जहँ पर पूजा पाठ करत पंडित अनेक मिलि।
कोउ मूरति से अचल बने कोउ भूलत हिलि मिलि ।। १६६ ।।
कोऊ शालिग्राम कोऊ पारथिव बनाये।
कोउ नांगी असि में दुर्गा को ध्यान लगाये ।। १६७ ।।
कहूँ धूप को धूम छयो, घृत दीप उजाली।
शंख बजत कहुँ संग सहित घंटा घड़ियाली ।। १६८ ।।
उग्र स्तोत्रन की मधुर ध्वनि परत सुनाई।
कुसुम समूह रहत सुन्दर सुगन्ध बगराई ।। १६९ ।।
कोउ त्रिपुंड कोउ ऊर्ध्व पुंड दीने ललाट पर।
जपमाली में हाथ डारि जप करत ध्यान धर ।। १७० ।।
जिन सब में एक छोटो, मोटो, गौरबरन तन।
जंज पूक गठरी सों बैठ्यो झुको कमर सन ।। १७१ ।।
वृद्ध बाघ सम सबहिं गुरेरत घुरकत सब हिन।
नेकहु करत प्रमाद लखत काहू को जबहिन ।। १७२ ।।
घोखत चिन्तत सन्ध्या विद्यारथी निकट जहँ।
हाय दिनन के फेर आज रोवत श्रृगाल तहँ ।। १७३ ।।
जिहि जनानखाने की ड्योढ़ी डगर सुहावनि।
दासी अरु परिचारिकान अवली मन भावनि ।। १७४ ।।
आवति जाति रहति सुन्दर पट भूषण धारे।
भरे मांग सिन्दूर किये लोचन कजरारे ।। १७५ ।।
कहुँ कहारिनी लिये सजल घट लंक लचावति।
निज कुच कुंभन की उपमा दिखराय रिझावति ।। १७६ ।।
लिये बारिनी पत्रावली जात मुसकाती।
संग नाइनिन के जावक लीने इठलाती ।। १७७ ।।
मालिन लीने जात फूल फल भाजी डाली।
तम्बोलिन लै पान दिखावति अधरन लाली ।। १७८ ।।

पैरिन की झनकार करत खनकार चुरी की।
चलत चलावत चितै किसी जनु चोट छुरी की॥ १७९॥
जिनके घाय अघाय युवक जन भरत उसासें।
तऊ त्रास बस पहुँच सकत नहिं तिनके पासें॥ १८०॥
निज पद के अनुसार करत कोउ हँसी मसखरी।
फागुन में बहुधा होती ये बात रस भरी॥ १८१॥
पै बहु जन के मध्य, न "ये काकी" कोउ बोलत।
सुनत जवाब जुवति कानन में जनु रस घोलत॥ १८२॥
गावन आस पास की भद्र भामिनी जो नित।
आवति तिन्हें न देखत कोउ आँखें उठाय जित॥ १८३॥
औरहु प्रजाबृन्द की जे आवें नित नारी।
निम्न कोटि के उच्च नात सब में सम जारी॥ १८४॥
सम वयस्क माता, माता, भगिनी भगिनी सम।
बहू बेटियाँ निज बहून बेटिन सों नहिं कम॥ १८५॥
लहत रहत 'सम्मान' सहित स ़ाव सदा जहँ।
अटल दिल्लगी त्यों पद देवर भौजाइन महँ॥ १८६॥
मिलि प्रनाम आसीस सरिस पद के अनुसारहिं।
हँसी ठिठोली हूँ सो जहँ प्रिय जन सत्कारहिं॥ १८७॥
होत स्वभावहिं हँस मुख जहँ के नर-नारी नित।
भावत जिनके सरस चोज़, चोंचले चुहल चित॥ १८८॥
तऊ न सकत कोऊ करि मर्य्यादा उल्लंघन।
होत बिनोद बिलास प्रेममय शुद्धभाव सन॥ १८९॥
नेकहुँ पाप लेस भावत आवत आफत सिर।
होय महाजन, के लघु पै नहिं तासु कुसल फिर॥ १९०॥
सीसहु कटि जैबे में नहिं जन जानत अचरज।
पनहिन सों सिर गंजा होबे में न परत कज॥ १९१॥

सामाजिक न्याय

नहिं अब ऐसो कहुं अंगरेजी न्याय रह्यो तब।
जहँ ऐसे अपराध गिनत अति तुच्छ लोग सब ॥ १९२ ॥
बिन रुपया खरचे नहिं मिलत न्याय कोउ विधि जहँ।
होत सांच को झूठ वकीलन की जिरहन महँ ॥ १९३ ॥
जहँ थोरे ही लाभ देत जन झूठ गवाही।
लौकिक हानि न गुनत नगद लहि चेहरे साही ॥ १९४ ॥
जहाँ आज को चह्यो न्याय दस बरस अनन्तर।
सौ साँसति सहि, निर्धन ह्वै कोउ भांति लहत नर ॥ १९५ ॥
तब तौ पांच पंच जहँ बैठत ठीक २ तहँ।
होत न्याय बिनु खरच, बिना स्रम, घरी पहर महँ ॥ १९६ ॥
रहत सबै भयभीत सहज सामाजिक त्रासन।
देस रीति, कुल रीति करत विधि सों परिपालन ॥ १९७ ॥
रहे सबै सम्पन्न, सबै स्वाधीन समुन्नत।
सबके हिय साहस, मन सबको सदा धर्म्मरत ॥ १९८ ॥
सबके तन में प्रबल पराक्रम, तेज बदन पर।
सबके मुख मुसक्यानि नैन में ओज रह्यो भर ॥ १९९ ॥
जहाँ मिलत दस नर नारी ह्वै जात उँजारी।
हिलन मिलन, उनकी लागत मन को अति प्यारी ॥ २०० ॥
हाय यही थल जहाँ रहत आनन्द मच्यो नित।
आवत ही ह्वै जात उदासहु जहँ प्रफुलित चित ॥ २०१ ॥
आज तहाँ की दसा कछू कहिबे नहिं आवत।
बन बिहंग हैं जुरि बहु कुत्सित सोर सुनावत ॥ २०२ ॥

मोदीखाना

यह भंडार भवन जो अन्न भरो गरुआतो।
जहँ समूह नर नारिन को निस दिवस दिखातो ॥ २०३ ॥

आगन्तुकन सेवकन हित सीधन जहँ तौलत।
थकित रहत मोदी अबो सो सीध न बोलत ॥ २०४॥
मनुजन की को कहै मूँसहूँ तहँ न दिखाते।
तिनको बिलन भुजंग बसे इत उत चकराते ॥ २०५॥

मकतबखाना

यही ठौर पर हुतो हाय वह मकतब-खाना।
पढ़न पारसी विद्या शिशुगन हेतु ठिकाना ॥ २०६॥
पढ़त रहे बचपन में हम जहँ निज भाइन संग।
अजहुँ आय सुधि जाकी पुनि मन रंगत सोई रंग॥ २०७॥
रहे मोलबी साहेब जहँ के अतिसय सज्जन।
बूढ़े सत्तर बत्सर के पै तऊ पुष्ट तन॥ २०८॥
गोरे चिट्टे नाटे मोटे बुधि बिद्या निधि।
बहुदर्शी बहुतै जानत नीकी सिच्छन बिधि ॥ २०९॥
पाजामा, कुरता, टोपी पहिने तसबी कर।
लिये दिये सुरमा नैनन रूमाल कन्ध धर॥ २१०॥
प्रातः काल नमाज वजीफा पढ़िकै चट पट।
करत नास्ता इक रोटी की पुनि उठिकै झट॥२११॥
पढ़त कुरान शरीफ़ अजब मुख बिकृत बनावत।
जिहि लखि हम सब की न हँसी रुकि सकत बचावत॥ २१२॥
कोउ किताब की ओट हँसत, कोउ बन्द किये मुख।
अट्टहास करि कोउ भाजत फेरे तिन सों रुख॥ २१३॥
कोउ आमुखता पढ़त जोर सों सोर मचावत।
कोउ बिहँसत, औरनै हँसावन हित मटकावत॥२१४॥
आये तालिब इलम जानि सब मीयां जी तब।
आवत पाठ छाँड़ि कीने कुछ रूसन सो ढब॥२१५॥
करत सलाम अदब सों तब हम सब ठाढ़े ह्वै।
बैठत तब जब "जीते रहो" कहत बैठत वै॥ २१६॥

प्रथम नसीहत करत, अदब की बात बतावत।
हम सबकी बेअदबी की कहि बात लजावत॥ २१७॥
फेरि दोआ पढ़ि, आमुखता सुनि, सबक पढ़ावें।
जे नहिं आये बालक तिन कहं पकरि मगावें॥ २१८॥
उन कहँ अरु जो याद किये नहिं अपने पाठहिं।
सजा करें तिनकी बहु बिधि डपटहिं अरु डाटहिं॥ २१९॥
सटकारत सुटकुनी, जबै मोलबी रिसाने।
मारखाय रोवत तिहि लखि सब सहमि सकाने॥ २२०॥
हम सब निजि निज पाठ पढ़त बहु सावधान ह्वै।
झूलि झूलि अरु जोर जोर अति कोलाहल कै॥ २२१॥
सुनि रोदन चिग्घार दयावश बूढ़ो पंडित।
उठि कै आवत तहाँ सकल सद्गुन गन मंडित॥ २२२॥
कहत "मौलबी जी" यह करत कवन तुम अनरथ।
सत सिच्छा को जानत नहिं तुम अहो सुगम पथ॥ २२३॥
दया प्यार प्रगटाय प्रथम विद्या को परिचय।
विद्यारथिन करावहु यहि बिधि सत सिच्छा दय॥ २२४॥
ज्यों ज्यों विद्या स्वाद शक्ति ये पावत जैहैं।
त्यों त्यों श्रम करि आपुहिं पढ़ि पंडित ह्वै जैहैं॥ २२५॥
हम सब ऐसहिं निज शिष्यन कहँ विवुध बनावत।
भूलेहूँ कबहूँ नहिं कोउ पें हाथ चलावत॥ २२६॥
कठिन संस्कृत भाषा जाको वार पार नहिं।
ताके विद्या सागर होते यही प्रकारहिं॥ २२७॥
तुम सब मुर्गी करि हलाल नित, निज कठोर हिय।
बिनय दया बिन हतहु हाय विद्यार्थीन जिय॥ २२८॥
हँसत मोलवी, वै रोवत बालकहिं चुपावत।
अरु कछु सिच्छा देत कथान पुरान सुनावत॥ २२९॥
कबहुँ मोलवी अरु पंडित बैठे मोढ़न पर।
प्रेम बतकही करहिं मिले लखि परहिं मनोहर॥ २३०॥

जनु लोमस ऋषि अरु बाबा आदम की जोरी।
सतयुग की बातन की मानहु खोले झोरी॥ २३१॥
तुल्य वयस, रंग रूप, डील अरु शील सयाने।
निज निज रीति, प्रीति जगदीस दोऊ सरसाने॥ २३२॥
है सुंघनी सम्बन्ध, दोउन में प्रेम परस्पर।
मित्रभाव सों होत सहज सत्कार मिले पर॥ २३३॥
कबहुँ ज्ञान, बैराग्य, भक्ति की बात बतावत।
मोहत मन दोऊ, दुहुं के दृग नीर बहावत॥ २३४॥
छन्द प्रबन्ध दोऊ निज निज भाषा के कहि कहि।
ऊबि ऊबि कै लेत उसासहि दोऊ रहि रहि॥ २३५॥
मनहुँ पुरायठ अजगर द्वै सनमुख औंचक मिलि।
क्रोध अंध ह्वै फुंकारत चाहत लरिबों मिलि॥ २३६॥
धर्म भेद पर कबहुं विवाद बढ़ाय प्रबलतर।
झगरत बूढ़ बाघ सम दोऊ गरजि परस्पर॥ २३७॥
लिखन पढ़न करि बंद भरे कौतुक तब हम सब।
सुनत लगत उनकी बातें, अरु वे जानत जब॥ २३८॥
अन्य समय पर धरि विवाद तब उठि चलि आवत।
फेरि मोलवी साहेब सब कहँ सबक पढ़ावत॥ २३९॥
मच्यो रहत नित सोर सुभग बालक गन को जहँ।
आज रोर काकन को करकश सुनियत है तहँ॥ २४०॥

सिपाहखाना

पता सिपाहिन के डेरन को रह्यो न कतहूँ।
गिरी दलानें थे निसबत जिनमें वे कबहूँ॥ २४१॥
बिछी रहत जिनमें कतार सों खाट अनेकन।
जिन पै बैठे ऐंठे बाँके रहत बीर गन॥ २४२॥
प्रात समय नित न्हाय जुबक जोधा जित आये।
बटुआ सो दरपनी काढ़ि ककही मन लाये॥ २४३॥

दाढ़ी झारत कोऊ कोऊ जुलफीन सँवारत ।
कोऊ चन्दन घसत बिरचि कोउ तिलक लगावत ॥ २४४ ॥
किते करत कसरत कितने जुरि लरत अखारे।
पीठ लगन को करि विवाद झगरत हठ धारे ॥ २४५ ॥
करत डंड कोउ बैठक कोउ मुगदरनि हिलावत ।
लेजिम झनकारत कोउ भारी नाल उठावत ॥ २४६ ॥
बाँह करत जुरि कोऊ ताल मारत कोउ ऐंठे।
कहुँ कोउ पंजे करत वीर आसन सों बैठे ॥ २४७ ॥
कहूँ जरठ जन करत पाठ दुर्गा को दै मन।
आगे निज असि धरे किये श्रद्धा सों अरचन ॥ २४८ ॥
कोऊ सुरज-पुरान, कोऊ रामायन, गीता।
पाठ करत कोउ हनुमत-कवच, चटकि जनु चीता ॥ २४९ ॥
बाल भोग कोउ खाय पियत चरनामृत हरषत।
कोऊ करि जलपान मुरेठा ठटि २ बान्हत ॥ २५० ॥
पहिरि मिरजई पाग पिछौरी अस्त्र धरि ।
चलत कचहरी ओर सबै ऐंठे गरूर भरि ॥ २५१ ॥
प्रभु अभिवादन करि बहु जात काज आदेशित ।
बैठत किते सभा की शोभा करि परिवर्धित ॥ २५२ ॥

सिपाहियों की रहनि

जहँ मध्यान समय दीने चौकन महँ चरबन।
चाभि २ पीयत सिखरन पुनि ह्वै प्रसन्न मन ॥ २५३ ॥
खात लगाय पान सुरती कोउ पीवत हुक्का ।
विविध बतकही करत किते करि धक्का मुक्का ॥ २५४ ॥
मांजत कोउ तरवार, कोऊ लै पोछत म्यानहिँ।
कोऊ ढाल गैंड़े की फुलिया मलि चमकावहिँ ॥ २५५ ॥
कोउ धोवत बन्दूक, बन्द बाँधत खुसियाली।
कोउ माजत बरछीन सांग उर बेधन वाली ॥ २५६ ॥

कोउ कटार माजत, कोउ जुगल तमंचे साजत।
कोउ ढालत गोली, कोउ बुंदवन बैठि बनावत ॥२५७॥
कोउ बरोंही खूनि खानि कै बरत पलीते।
कोउ सुखाय काटत, मुट्ठा बाधत निज रीते ॥ २५८ ॥
भरत तोसदानन कोउ, सिंगरा भरत बरूदहिं।
कोउ रंजक झुरवावहिँ खोली झारहिं पोछहिं ॥ २५९ ॥
सिंगरा साजि परतले पेटी कोऊ साफ़ करि।
टांगत निज निज खूंटिन पर निज हथियारन धरि ॥ २६० ॥
गुलटा कोऊ बनावहि कोउ गुलेल सुधारहिँ।
ढोल कसहिँ कोउ बैठि, चिकारे कोऊ मिलावहिँ ॥ २६१ ॥
ठीक साज कै मिले युवक रामायन गावत।
झाँझ मजीरा डंडताल करताल बजावत ॥ २६२ ॥
प्रेम भरे त्यों वृद्ध भक्त कोउ अर्थ करें तहँ।
जब वे गहें बिराम, राम रस यों बरसें जहँ ॥ २६३ ॥
कहूँ वृद्ध कोउ बीर युद्ध की कथा पुरानी।
अपनी करनी सहित युवन सों कहहिं बखानी ॥ २६४ ॥
असि, गोली, बरछीन छाप दिखरावें निज तन।
लखि कै सांचे साटिक-फिटिक सराहें सब जन ॥ २६५ ॥
वृद्ध बीर इक रह्यो सुभाव सरल तिन माहीं।
जाढिग हम सब बालक गन मिलि नित प्रति जाहीं ॥२६६॥
बीर कहानी जो कहि हम सब के मन मोहै।
भारी भारी घाव जासु तन पैं बहु सोहै ॥२६७॥
पूछ्यो हम इक दिवस "कहा ये तुमरे तन पर"।
हँसि बोल्यो निर्दन्त "सबै ये गहने सुन्दर" ॥२६८॥
जे गहने तुम पहिनत ये बालक नारिन हित।
अहें बने नहिं पुरषन पैं ये सजत कदाचित ॥२६९॥
पुरषन की शोभा हथियारन हीं सों होती।
कै तिनके घायन सों पहिर न हीरा मोती ॥२७०॥

बोले हम यों भयो चीथरा बदन तुम्हारो।
नेकहु लगत न नीक भयंकर परम न कारो।।२७१।।
कह्यो वृद्ध हँसि तुम अबोध शिशु जानत नाहीं।
होत भयंकर पुरुष, नारि रमनीय सदाहीं।।२७२।।
कोमल, स्वच्छ, सुडौल, सुघर तन सुमुखि सराही।
बाँके, टेढ़े, चपल, पुष्ट, साहसी सिपाही।।२७३।।
होत न जानत जे मरिबे जीबे की कछु भय।
अभिमानी, स्वतन्त्र, खल अरि नासन मैं निर्दय।।२७४।।
सदा न्याय रत, निबल दीन गो द्विज हितकारी।
निज धन धर्म्म भूमि रच्छक आसृत भय हारी।।२७५।।
कुरुख नजर जे इन्द्रहु की न सकत सहि सपने।
तृन सम समुझैं अरि सन्मुख लखि आवत अपने।।२७६।।
पुनि अपने बहु बार लरन की कथा कहानी।
बूढ़ बाघ सों डपटि डपटि कैं बोलत बानी।।२७७।।
रहत पहर दिन जबै जानि संध्या को आगम।
सायं कृत्य हेतु तैयारी होत यथा क्रम।।२७८।।
धोइ भंग कोऊ कूंड़ी सोंटा सों रगड़त।
कोउ अफीम की गोली लै पानी सों निगलत।।२७९।।
कोउ हुक्का अरु कोऊ भरि गाँजा पीयत।
कोऊ सुरती खात बनै कोउ सुंघनी सूंघत।।२८०।।
कोउ लै डोरी लोटा निकरत नदी ओर कहँ।
कोऊ लै गुलेल, गुलटा बहु भरि थैली महँ।।२८१।।
कोऊ लिये बंदूक जात जंगल महँ आतुर।
मारत खोजि सिकार सिकारी जे अति चातुर।।२८२।।
कोऊ फँसावत मीन नदी तट बंसी साधे।
भक्त लोग जहँ बैठे रहत ईस आराधे।।२८३।।
संध्या समय लोग पहुँचत निज निज डेरन पर।
निज २ रुचि अनुसार वस्तु लीने निज २ कर।।२८४।।

कोउ खरहा कोउ साही मारे अरु निकिआये।
कोउ कपोत, कोउ हारिल, पिंडुक, तीतर लाये।।२८५।।
कोउ तलही, मुर्गाबी, कोऊ कराकुल, मारे।
काटि, छाँटि, पर, चर्म, अस्थि, लै दूर पवारे।।२८६।।
कोउ भाजी जंगली, कोऊ काछिन तें पाये।
बहुतेरे पलास के पत्रन तोरि लिआये।।२८७।।
बिरचत पतरी अरु दोने अपने कर सुन्दर।
कोऊ मसाले पीसत, कोउ चटनी ह्वै ततपर।।२८८।।
कोउ सीधा, नवहड़ ल्यावत मोदी खाने सन।
खरे जितै रुक्का लीने बहु आगन्तुक जन।।२८९।।
जोरत कोउ अहरा, कोऊ पिसान लै सानत।
कोऊ रसोई बनवत अरु कोऊ बनवावत।।२९०।।
दगत जबै इक ओरहिं सों चूल्हे सब केरे।
जानि परत जनु उतरी फौज इतैं कहुँ नेरे।।२९१।।
आज तहाँ नहिं कोऊ कारो कोहा लखियत।
नहिं कोउ साज समाज, जाहि निरखत मन बिसरत।।२९२।।
बटत बुतात, जहाँ रुक्के, साँझहि सो पहरे।
अतिहि जतन सों चारहुँ दिसि दुहरे अरु तिहरे।।२९३।।
जाँचत जमादार दारोगा जिन कहँ उठि निसि।
जरत पलीता रहत तुपक दारन को दिसि दिसि।।२९४।।
घूमत जोधा गन जहँ पहरन पर निसि चटकत।
आवत हरिकारन हूँ को जगदिसि पग थहरत।।२९५।।

वर्षा ऋतु व्यवस्था

आवत जब बरसात झरी निस दिन की लागत।
तब तो आठो पहर अधिक तर ढोलहिं बाजत।।२९६।।
गावत करखा आल्हा के योधा अलबेले।
देत वीरता बारिधि की लहरैं जनु रेले।।२९७।।

बजत ढोल घन गर्जन सम कीनें रव भारी।
चटकत गायक मानहुँ बिज्जु पतन चिक्कारी ॥२९८॥
जानि परत जनु ऊदल आप आय इत डपटत।
कै करीन माला पैं कुपित केहरी झपटत ॥२९९॥
जहँ बैठे नर ऐंठे मूछ, रोस भरि घूरें।
तनहिं तनेनै अंगड़ि अँगरखन के बंद तूरें ॥३००॥
बातनि, उठनि, खसकि बैठनि में होत लराई।
मचै जबै घमसान बन्द तब होत गवाई ॥३०१॥
होय बन्द जब एक ओर तब दूजी ओरन।
चटकत ढोल सुनाय सहित करखा के सोरन ॥३०२॥

नाग पञ्चमी

नाग पंचिमी निकट जानि बहु लोग अखारे।
लरत भिरत सीखत नव दाँव पेच प्रन धारे ॥३०३॥
जोड़ तोड़ बदि देत बढ़ाय अधिक निज कसरत।
ह्वै तैयार पंचिमी के वे दंगल जीतत ॥३०४॥
सीखत चटकी डांड़ विविध लकड़ी के दावन।
बांधत कूरी किते लोग लागत हीं सावन ॥३०५॥
संध्या समय आय सौ सौ जन कूदत कूरी।
बीस हाथ लौं लांघि दिखावत बहु मगरूरी ॥३०६॥
होत पंचमी के दिन निरनय इन कलान को।
सम वयस्क, सम कृपा कुशल जन, मध्य मान को ॥३०७॥
जा दिन अति उत्साह लखात समग्र देश इहि।
बड़े बड़े त्योहारन के सम जानत जन जिहि ॥३०८॥
अठवारन पखवारन आगे होत तयारी।
गड़त हिंडोला झूलत गावत युवती वारी ॥३०९॥
निज गुड़ियान सजाय बालिका बारी भोरी।
राखत जीतन बाद सखिन सों बदि बरजोरी ॥३१०॥

प्रात पंचिमी उठि माता निज शिशुन सजावत।
रचि रचि नागा बिन ब्याहे बालकन बनावत॥३११॥
कन्यनहीं को तो यह है त्योहार मनोहर।
ताहीं सों तो तिनको होत सिंगार अधिक तर॥३१२॥
नये बसन आभूषन सजि डलरी गुड़िया लै।
गावत जिनके संग सुसज्जित सखी समुच्चय॥३१३॥
चलैं मराल चाल सों ताल जाय सेरवावैं।
बाटैं घुघुनी, चना, मिठाई, जब गृह आवैं॥३१४॥
झूलैं झूलन फेरि, झुलावैं तिन भ्राता गन।
जेवैं जुरि तब पुनि नाना प्रकार के ब्यञ्जन॥३१५॥
तिन रच्छा हित रहैं सिपाही गन जहँ ओरन।
पहरे पर नियुक्त ते आय लहैं बकसीसन॥३१६॥
भीर होय भोजन के समय उठैं सब इक संग।
निपटैं कई पंक्ति में सहित प्रजा आश्रित गन॥३१७॥
होली ही के सरिस उछाह रहत जामैं इत।
खेल, कूद, कसरत, मनरंजन, साज अपरिमित॥३१८॥
कहुँ झूलन की गीत कहूँ कजरी तिय गावैं।
पुरुष कहूँ सावन मलार ललकार सुनावैं॥३१९॥
बीतत वर्षा जबहिं विसद रितु सरद सुहावत।
बीर बिनोद बढ़ावन कौतुक लखिबे आवत॥३२०॥
विजयादशमी की तैयारी होन लगत जब।
चहत दिखावन सब जिहि मिस निज निज बल करतब॥३२१॥
होत रामलीला को अति विशाल आयोजन।
करत काज आरम्भ अनेकन कारीगरगन॥३२२॥
करत सिकिल सिकलीगर हथियारन के ऊपर।
करत मरम्मत बनवत त्यों म्यानन मियानगर॥३२३॥
बहु बढ़ई लोहार गन निज निज काज सँवारत।
कुन्दा कांटा कील कसत रचि सजत बनावत॥३२४॥

करत मरम्मत ढाल परतले तोसदान की।
बनवत नूतन हूँ मोर्चा करि सज दुकान की॥३२५॥
आतस-बाज अनेक मिले बारूद बनावत।
कितने आतशबाजी बनवत ठाट सजावत॥३२६॥

रामलीला

होत रामलीला हित बहु भांतिन तैयारी।
बिधिवत लीला साज सबै भाँतिन हिय हारी॥३२७॥
बनत सुनहरी पन्नी सों लंका बिशाल अति।
जगमगात जगमगा नगनि सों त्यों छबि छाजति॥३२८॥
होत नृत्य आरम्भ द्वै घरी दिवस रहत जित।
दशमुख को दर्बार लगत निश्चर दल शोभित॥३२९॥
जहँ पर जैसो उचित साज तैसोई तहाँ पर।
देखि होत मन मुग्ध मानवन को विशेषतर॥३३०॥
जानि एक जन कृत आयोजन यों विशाल अति।
गंवई की लीला जो बहु नगरीन लजावति॥३३१॥
होत महीनन के आगे सों सिच्छा जारी।
आवत दूर दूर सों सिच्छक गुनी सिंगारी॥३३२॥
ग्रामटिका बनिजात नगर वह उभय मास लौं।
भाँति भाँति जन भीर भार अरु चहल पहल सों॥३३३॥
बनत अयोध्या और जनकपुर शोभा भारी।
मोहित होत मनुज मन लखि लीला फुलवारी॥३३४॥
चलत सखिन को झुंड किये सिंगार मनोहर।
झनकारत नूपुर किंकिन सिय संग सुमुखि बर॥३३५॥
रंग भूमि की शोभा तो बरनी नहिं जाई।
होत बड़े ही ठाट बाट सों सबै लराई॥३३६॥
घूमत कहुँ काली कराल बदना मुँह बाये।
झुंड डाकिनी और साकिनी संग लगाये॥३३७॥

बिहँसत शिव इत उत ठठाय सिर जटा बढ़ाये।
निश्चर बानर युद्ध लखत मन मोद मढ़ाये॥३३८॥
बड़े बड़े योधा दुहुँ ओर बने कपि निश्चर।
भिरत परस्पर लरत महा करि बाद परस्पर॥३३९॥
मनहुँ असम्भव अँगरेजी के राज लराई।
जानि लड़ाके लोग युद्ध भूठे में आई॥३४०॥
कसक निकारत मन की निज करतब दिखरावत।
भूले युद्ध नवाबी के पुनि याद करावत॥३४१॥
छूटत गोले और धमाके आतशबाजी।
चिग्घारत डरपत मतंग बाजी गन भाजी॥३४२॥
दूर दूर सों दर्शक आवत निरखि सराहत।
डेरे साधू सन्त डारि रामायन गावत॥३४३॥
यदपि लखी बहु नगर रामलीला हम भारी।
लगी नहीं पै कोऊ हमैं बाके सम प्यारी॥३४४॥
को जानै याको ममत्व निज वस्तुहि कारन।
कै शिशुपन के देखे जे विनोद मन भावन॥३४५॥

विजया दशमी

विजया दशमी के दिन की तो अकथ कहानी।
उमड़ि परत जब भीड़ चहूँ दिस सों अररानी॥३४६॥
युवति वृन्द कजलित नैनन सिन्दूर दिये सिर।
नवल बसन भूषन साजे उत्साह भरी चिर॥३४७॥
आवति चंचल चखनि नचावत मृगनि लजावति।
बहुतेरी गावति कोकिल कुल मूक बनावति॥३४८॥
बीर विजय दिन वीर भूमि के बीर उछाहित।
अस्त्र शस्त्र बाहन पूजन नव वसन सुसज्जित॥३४९॥
बीर भाव सो भरे चहूँ दिसि सों जन आवत।
जनु रावन बध काज अवध नर दल चल धावत॥३५०॥

राजकुमारी पाग सबै सिर टेढ़ी बाँधे।
तोड़ेदार तुपक कोउ कोउ धरि लाठी काँधे ॥३५१॥
कोऊ ढाल तलवार कोऊ कर सांग बिराजत।
कोऊ बरछी लै तुरंग चढ़े करतबहिं दिखावत ॥३५२॥
कोउ सिंगार सज्जित मातंग चढ़े ऐंड़ाये।
निज दलबल संग आवत विजय पताक उड़ाये ॥३५३॥
आय लखत लीला सह कौतुक भक्ति भरे मन।
होत युद्ध घमसान रामरावन को जा छन ॥३५४॥
आतशबाजी धूम छाय जब लेत अकासहिं।
होत सोर अन्दोर सकत कोउ सुनि नहिं बातहिं ॥३५५॥
रावन को बध होत जबै जय जय धुन गूंजत।
गिरत धरहरा सम कागद रावन छिति चूमत ॥३५६॥
बरसनि ढेलन की तब होत बन्द कोउ भांतिन।
लङ्का स्वर्ण लूटि कै लौटत घर जन जा छिन ॥३५७॥
मिलत परस्पर प्रेम सहित सबही हिय हर्षित।
करत प्रनामासीस पान लाची त्यों वितरित ॥३५८॥
त्यों इनाम अकराम लहत बहु लोग यथावत।
सेवक, द्विज दच्छिना, कंचनी, कवि धन पावत ॥३५९॥
भाँति भाँति के याचक त्यों जन दीन जुरे बहु।
लहत दान, सन्मान सहित संग प्रजा समूहहु ॥३६०॥
लेत मिठाई पान सगुन करि नजर गुजारत।
निज स्वामी अभिवादन करि निज भवन सिधारत ॥३६१॥
भरत मिलाप अधिक लोगन को मन उमगावन।
जादिन होत सनाथ अवध को दुखित प्रजागन ॥३६२॥
होत राजगद्दी की अति विशाल तैयारी।
शारद पूनो निसि लहि दीपावली उज्यारी ॥३६३॥
होत राजसी ठाट बाट संग जसन मनोहर।
होत सबै कृत कृत्य पाय लीला विनोदवर ॥३६४॥

आवत कातिक की जब रजनि उँज्यारी प्यारी।
जुते हिंगाये खेत बनत उज्वल दुतिधारी।।३६५।।
बड़े बड़े खेतन में रजनी समय प्रहर्षित।
कढ़त गोल की गोल खेल खेलन भावरि हित।।३६६।।
सौ सौ जन संग सोर करत खेलत भरि हौसन।
अति कोलाहल मचत युद्ध सम दोउ दल बीचन।।३६७।।
भितरी रच्छत किते, बाहरी करत चढ़ाई।
छ्वै भाजनि, गहि पकरन हीं में होत लराई।।३६८।।
घायल होत कोऊ, कोऊ को कर पग टूटत।
तऊ मचीही रहत महीनन खेल न छूटत।।३६९।।
कहाँ कृकिट, फुटबाल, कहाँ हाकी टग-वारहु।
ऐसो विषद विनोद सकत उपजाय विचारहु ।।३७०।।
जामें होत सजह हीं शिक्षा युद्ध चातुरी।
बिन आडम्बर, खरच, सबै सीखत बहादुरी।।३७१।।
हिम ऋतु आवत जबहिं ठौर ठौरहिँ तपता तब।
बरत जुरत इक भाँति कथा बहु कहत सुनत सब।।३७२।।
वृद्ध युवक अरु ऊँच नीच अनुसार मंडली।
गठत तहाँ तस ठाट, बात जित रुचत जो भली ।।३७३।।
कहुँ बोलत हुक्का, कहुँ सुरती मलत खात जन।
छींकत संुघनी सूंघि सूंघि कोउ बहलावत मन।।३७४।।
कहत कथा बहु भाँति सुनत केतने मन दीने।
कहूँ चिकारा बजत लोग गावत रस भीने।।३७५।।
फागुन के नगिच्यात जात रंग बदलि और ढंग।
सम वयस्क जन जुरत मिलत अरु कढ़त एक संग ।।३७६।।
घुटत भंग कहुँ छनत रंग कहुँ बनत कहूँ पर।
चलत पिचुक्का अरु पिचकारी करत तरातर।।३७७।।
कहुँ करही उबलत, सूखत, महजूम बनत कहुँ।
कहूँ अबीर गुलाल कुमकुमा रंग चलत चहुँ।।३७८।।

कहुँ धमार की धूम, कहूँ चौताल होत भल।
मच्यो फाग अनुराग जाग सो गयो सबै थल।।३७९।।
धमकत ढोल, बजत डफ़, झांझ अनेक एक संग।
मंजीरा करताल सबै जन रँगे एक रंग।।३८०।।
गावत भाव बतावत नाचत लोग रंगीले।
बाल युवक अरु वृद्ध भए इक सरिस रसीले।।३८१।।
कहुँ गृह भीतर सों युवती तिय गावत फागहिं।
ढोल मंजीरा के संग, जनु जगाय अनुरागहिं।।३८२।।
बाहर सों फगुहार जुरे जुव जन रस राते।
उनके लेत बिराम तुरत जे सब मिल गाते।।३८३।।
होत सवाल जवाब जोड़ के तोड़ फाग सन।
लाग डांट मैं यों बीतत निशि रम्य अनेकन।।३८४।।
बरु बहुदिन चढ़िबे लगि फाग बन्द नहिं होतो।
इक दल हारत जबहिं होत तबहीं सुरझोतो।।३८५।।
ज्यों ज्यों आवत निकट दिवस होरी को या विधि।
त्यों त्यों उमड़त ही आवत आनन्द पयोनिधि।।३८६।।
अरराहट कबीर की चहुँ दिशि परत सुनाई।
बाहर गाँवन के युवती जहँ परत लखाई।।३८७।।
सन्ध्या रजनी समय होलिका इन्धन संचय।
हित, नव युवक सहित बालकगन अतिसय निर्भय।।३८८।।
किये गुट्ट, अरु लिये शस्त्र चुपचाप बदे थल।
देशी जन के घर अथवा खेतन पैं जुरि भल।।३८९।।
लूटत वेरहून के काँटे छप्पर औ टाटिन।
चोरी त्यों बरजोरिन चलत चलावत लाठिन।।३९०।।
तिनसों छीनत लोग प्रबल बीचहिं मैं लरिभिरि।
पै नहिं काढ़त कोऊ जात जब होरी मैं गिरि।।३९१।।
गाली और गलौजन की तौ गिनती ही नहिं।
रहत उन दिननि माहि जाति मानी मन भावनि।।३९२।।

बदलो लोग चुकावत ऐसहिं होति शक्ति जिहि।
सावधान सब लोग रहत याही सों हित तिहि।।३९३।।
सांझ सकारे दुपहर घुटत भंग अधिकाधिक।
सिल लोढ़न की मची खटाखट रहत चार दिक।।३९४।।
धमकत ढोल रहत अस फाग मच्यो निसि बासर।
फटत ढोल बहु ढोलकिहन की अंगुरिन तर तर।।३९५।।
बहत रुधिर पै तऊ न वे कोऊ विधि मानत।
लत्ते सजल लपेटि आंगुरिन ढोल बजावत।।३९६।।
होत नृत्य आरम्भ निकट होरी दिन आवत।
नचत कंचनी सुमुखि जोगीड़े धूम मचावत।।३९७।।
तदपि गिनेही चुने राग रस रसिक लोग ही।
रहत उतै कै जे सम्मानित मनुज बहुत ही।।३९८।।
नहिं तौ फाग मंडली तजि कोउ ताहि न ताकत।
चढ्यो फाग को भूत मनहुँ सबके सिर नाचत।।३९९।।
होली की निशि मचत भड़ौवा फाग धूम सों।
धूलि उड़े लगि रहत निरंतर रूम झूम सों।।४००।।
अद्‌भुत दृश्य दिखात निशि दिवस वह मनभावनि।
जो देखेउ सोइ जानत है, ह्वै सकत बखाननि।।४०१।।
भये सबै उन्मत्त बाल अरु वृद्ध एक संग।
नाचत कूदत भाव बतावत गाय सबै संग।।४०२।।
गाली की गाथा विचित्र कविता संग टेरत।
घूमि घूमि चहुँ ओर फिरत युवती तिय हेरत।।४०३।।
होरी रात जलाय प्रात मिलि धूलि उड़ावत।
पी पी भंग उमंग सहित बहु स्वांग सजावत।।४०४।।
बैठे गर नहिं गाय जाय पै तौ हूँ गावै।
परत आँगुरी ढोल न पै, हठि ढोल बजावैं।।४०५।।
नसा नींद सों उघरत नहिं दृग तौहूँ ताकैं।
सिथिल गात पग परत न पै चलि तिय गन झांकैं।।४०६।।

देखत तिय अरराय कबीर गाय दोरावें।
जाके बदले रंग नीर बरु कीचहुँ पावें ।।४०७।।
आस पास गाँवन में घूमत गाली गावत।
जहँ पहुँचत अति ही आदर सों स्वागत पावत ।।४०८।।
गृह वा ग्राम प्रधान पुरुष जे परम वृद्ध नर।
यथा उचित सत्कार करत मिलि सबहिं द्वार पर ।।४०९।।
गृह स्वामिन त्यों गाली सुनि निज जुरी सखिन संग।
मारि भगावत सवन फेंकि जल अमित कीच रंग ।।४१०।।
घूमि घामि तब आय द्वार की धूलि उड़ावत।
ढोल छोड़ि सब जात नदी अन्हाय जब आवत ।।४११।।
खात पियत पुनि भाँग पियत कपड़े बदलत सब।
मलि मलि गाल गुलाल परस्पर मिलत गले तब ।।४१२।।
होत सलाम प्रणामाशिष नव वर्ष यथोचित।
धन्यवाद जगदीश देत तब परम प्रहर्षित ।।४१३।।
होत नृत्य अरु गान देव पूजन मजलिस सजि।
गुजरत नजर बटत इनाम—अकराम बाज बजि ।।४१४।।
होत फैर अरु बाढ़ दगत जहँ पर हम देखे।
आज न तहँ कछु चिन्ह दिखात न तिह के लेखे ।।४१५।।
जित आवत नित नव कवि कोविद पंडित चातुर।
ढाढ़ी कथक कलावंत नट नरतक अरु पातुर ।।४१६।।
विविध बाध्यविद नट चेटक बहुरूपिये सुघर।
इन्द्रजालि बाजीगर सौदागर गुन आगर ।।४१७।।
तहँ नहिं मनुज लखात न कछु सामान सुहावन।
ढहे धाम अभिराम देखि वै लगत भयावन ।।४१८।।

वाटिका

रही कहां इत वह सुविशाल विशद फुलवारी।
भांति भांति फल फूलन सों मन मोहन वारी ।।४१९।।

जामें राजत कुटी एक फूसहि सों छाई।
आलड्वाल विहीन तऊ अतिसय सुखदाई।।४२०।।
जामें चौकी एक खाटहू इक साधारन।
बिछी रहति इक ओर सहित सामान्य अस्तरन।।४२१।।
कम्मल गुनरी और चटाई हू द्वै इक जित।
रहति तहां आगन्तुक जन के बैठन के हित।।४२२।।
द्वै ही इक जल पात्र और सामान्य उपकरन।
प्रस्तुत वामें रहत सहित द्वै इक सेवक जन।।४२३।।
जेठे वृद्ध पितामह मम ऋषि कल्प जहां पर।
रहत विरक्तभाव सों भक्ति ज्ञान के आकर।।४२४।।
केवल सान्त सुभाव मनुज जाके दर्शन हित।
जाते जिज्ञासू जन अरजन ज्ञान हेतु तित।।४२५।।
संसारिक बातन की तौ न चलत चरचा तहँ।
ज्ञान विराग भक्ति मय कथा पुरान होत जहँ।।४२६।।
जब हम सब बालक गन जाय तहां जुरि जाते।
करि प्रणाम दूरहिं सों छिति पर सीस नवाते।।४२७।।
विहँसि बुलाय लेत पढ़िबे की बातें पूंछत।
अरु आरोग्य प्रश्न, करि सत सिच्छा उपदेसत।। ४२८।।
बैठारत ढिग, कहत दास निज सों आनन हित।
मालिन सों फल मधुर हम सबन हेतु यथोचित।। ४२९।।
पाय पाय फल हम सब बिदा होय तहँ सो सब।
घूमत घुसि उद्यान बीच इत उत सब के सब।। ४३०।।
नोचत कोऊ खसोटत फल फूलन मन भाए।
कच्चे पके; कली डाली हाली हरषाए।। ४३१।।
यदपि चलत चुप चाप दुराए गात सबै जन।
तऊ पाय आहट लख चिल्लाते माली गन।। ४३२।।
भाजत हम सब तुरत खदेरत आवत माली।
बीनत गिरी परी कलिका फल संयुक्त डाली।। ४३३।।

जात मोलवी ढिग लखि हम सब जुरि आवत।
करै न वह फिरियाद कोऊ बिधि ताहि मनावत ॥ ४३४ ॥
भांति भांति समयानुसार ऋतुफल नव फूलन।
हम सब लहत जहां सुखसो विहरत प्रमुदित मन ॥ ४३५ ॥
आज न तह द्रुम, लता, रविश पटरी न लखाही।
प्राकारहु को चिन्ह कहूँ क्यों लखियत नाहीं ॥ ४३६ ॥
यहै बिछौना ताल, बाग मम प्रपितामह त्यों।
दिखरावत निज हीन दशा बन बीहड़ थल ज्यों ॥ ४३७॥
जिहि अमराई मध्य रामलीला वह होती।
नवो-रसन की बहति महीनन जित नित सोती ॥४३८॥
और पितामह पितृव्यन की जे अमराईं।
कूप सरोवर आदि नष्ट छबि भे सब ठाईं ॥ ४३९ ॥
औरहु जेते रहे तबै अतिशय-रम्य-स्थल।
जहँ हम सब बालक गन बिहरत अरु खेलत भल ॥४४० ॥
तेऊ सब दुर्दशा ग्रस्त अब परत लखाई।
दीन हीन छबि भये न कैसहुँ परत चिन्हाई ॥४४१॥

कौवा नारी

"कौवा नारी" घाट नदी "मझुई" को सुन्दर।
सहित सुभग तरु बृन्दन के जो रह्यो मनोहर ॥ ४४२ ॥
रह्यो हम सबन को जो भली विहार स्थल वर।
भयो अधिक छबि हीन थोरे ही दिवस अनन्तर ॥ ४४३ ॥
वह सेमर सुविशाल लाल फूलन सों सोहत।
सह बट बिटप महान घनी छाहन मन मोहत ॥ ४४४ ॥
भाँति भाँति द्विज वृन्द जहां कलरव करि बोलैं।
शाखन पैं जिनकी शाखामृग माल कलोलैं ॥ ४४५ ॥
जिनकी छाया अति बसन्त बासर में प्यारी।
पास ग्राम के आय न्हाय सेवत नर नारी ॥ ४४६ ॥

कोऊ सुखावत केश ओट तरु जाय अकेली।
निज मुख चन्द छिपाय अलक अवली अलबेली॥ ४४७॥
कारति उपस्थित ग्रहन परब अवगाहन के हित।
कारन जो नव रसिक युवक जन दान देन चित॥ ४४८॥
बहु बालिका जहाँ जुरि गोटी गोट उछालति।
चकित मृगी सी कोऊ नवेली देखत भालति॥ ४४९॥
संध्या समय जहां बहुधा हम सब जुरि जाते।
भाँति भाँति की केलि करत आनन्द मनाते॥ ४५०॥
छनत भंग कहु रंग रंग के खेल होत कहुँ।
कोऊ अन्हात पै हाहा ठीठी होत रहत चहुँ॥ ४५१॥
होली के दिन जित अन्हात हम सब मिलि इक संग।
खेद होत तहँ को लखि आज रंग बहु बेढंग॥ ४५२॥

मदनाताल

मदना तालहु की दुर्दशा जाय नहिं देखी।
जहाँ जात हम सब जन दोऊ समय विसेखी॥ ४५३॥
जहँ बक सारस कलरव करत रहे निसि वासर।
सोहत बन पलास के मध्य कुमुदिनी आकर॥ ४५४॥
स्वच्छ बारि परिपूरित पंक हीन मन भावन।
हरित पुलिन नत द्रुम लतिकन सों सहज सुहावन॥ ४५५॥
नागपंचमी दिन जहँ गुड़िया जात सिराई।
जाकी वह छबि अजहुँ न मन सौं जात भुलाई॥ ४५६॥
तरु सिंहोर तटवर्ती बृहत रह्यो नहिं वह अब।
जा शाखा चढ़ि वर्षा में कूदत रहे हम सब॥ ४५७॥

बिजउर

विजउरहू को बन कटि गयो भयो थल छवि हत।
नदी तीर जो रह्यो निरखि जेहि नित मन विरमत॥ ४५८॥

जहाँ सत्यसामी की कुटी विराजत नीकी।
निरखि आज लागत वह भूमि भयावनि फीकी॥ ४५९॥
ऋतु पति आवत ही पलास बन होत ललित जब।
हम सब ताकी छबि निरखन हित जात रहे तब॥ ४६०॥
बहु बालक बालिका सुमन किन्सुक के भूषन।
बनवत पहिनत पहिनावत अतिसय प्रसन्न मन॥ ४६१॥
कबहुँ कोउ बुल बुल बटेर पालन हित फाँसत।
ससक सिसुन गहि कोउ खेलत तिनकी करि सांसत॥ ४६२॥
छुधित होत कै थकत जबै बालक गन बन में।
चोंका पियत टेरि चरवाहन महिषी गन में॥ ४६३॥
कोकिल कुल कूजत कूकत मयूर सारस जित।
भाँति भाँति के सौजै दौरत रहत जहाँ नित॥ ४६४॥
लहत जितै आखेट शिकारी जन मन भावन।
जहँ निर्द्वन्द ईस आराधत हे विरक्त जन॥ ४६५॥
आस पास के जे बन रहे औरहू सुन्दर।
चरत जहां पशु पुष्ट, बन्य जन सकत पेट भर॥ ४६६॥
तहाँ खेत बनि गये मरत पशु त्रिन बिन निर्बल।
जाबिन होत न अन्न, दुग्ध घृत दुर्लभ सब थल॥ ४६७॥
जा कारन सब देश निवासी, भये छीन तन।
हीन तेज, साहस, बल बिक्रम, बुद्धि मलिन मन॥ ४६८॥
भई नहीं छवि हीन जन्म भूमिहिं अपनी अति।
लखियत आस पास सगरे थलहूँ की दुर्गति॥ ४६९॥
जहँ आवत जहँ बसत स्वर्ग सुख निदरति हो मन।
वहँ अब होत उचाट चित्त रमि सकत न इक छन॥ ४७०॥

बालविनोद

कैसे प्यारे रहे दिवस वे बालक पन के।
जल्दी ही बीते जे हे अति मोहन मन के॥ ४७१॥

जाते जामैं सबै समय आनन्द मनावत।
नित निष्कपट विनोद खेल अरु कूद मचावत॥ ४७२॥
कष्ट एक पढ़िबे ही में जब मानत हो मन।
भय को भाव दिखात कछू निज सिक्षक ही सन॥ ४७३॥
बीति जात पढ़िबे को समय मिलत छुट्टी जब।
सीमा हरख उछाह की न रहि जात फेरि तब॥ ४७४॥
होत सबै बालक गन एकहि ठौर एकत्रित।
जस जहँ को अवसर चाह्यो कै जित सबको चित॥ ४७५॥
फिर तो बस आनन्द उदधि उमगात छिनहिं महँ।
नव विनोद के नित्य नएही ठाट जमत तहँ॥ ४७६॥
कबहुँ स्वजन शिशु त्यों कबहूँ सेवक अरु परजन।
के बालक मिलि होत यथोचित गोल संगठन॥ ४७७॥
मचत कबहुं झावरि कवहूं तुतु लूम लूल भल।
कबहुँ गेंद खेलत कूरी कूदत कबहूं दल॥ ४७८॥
कबहुँ लच्छ बेधत अनेक भाँतिन सों सब मिलि।
कबहुँ करत जल केलि कूदि सरितन तालन हिलि। ४७९॥
बन्द राम लीला जब होति सबै बालक गन।
करत खेल आरम्भ सोई अतिसय मनरंजन॥ ४८०॥
राम लच्छिमन बनत कोउ हनुमान बाल गन।
जामवान अंगद सुग्रीव तथा कोउ रावन॥ ४८१॥
कुम्भकरन, घननाद, कोउ खर दूषन आदिक।
बनत, होत लीला सब यों क्रम सों न्यूनाधिक॥ ४८२॥
कभी और में होति, लराई में पै नाहीं।
होति, नित्य जामैं अनेक घायल ह्वै जाहीं॥ ४८३॥
पै न कहत कोउ निज घर इत की सत्य कहानी।
सदा खेल की दुर्घटना यों रहत छिपानी॥ ४८४॥
कटत धान अरु दायँ जात जब फरवारन महँ।
त्यों पयाल को गाँज लगत ऊँचे २ तहँ॥ ४८५॥

तब तिन पैं चढ़ि कूदत हम सब ह्वै मन प्रमुदित।
औरहु खेल अनेक भाँति के होत नए नित॥ ४८६॥
जात हिंगाए खेत जबै हेंगन चढ़ि हम सब॥
खात चोट गिरि पै हटको मानत कोउ को कब॥ ४८७॥
नई तिहाई के अँखुआ खेतन ज्यों ऊगत।
खात चना के साग सिवारन में शिशु घूमत॥ ४८८॥
मटरन की फलियाँ कोउ चुनत बूट कोउ चाभैं।
ऊमी भूनि चबात कोउ गुनि अतिसै लाभैं॥ ४८९॥
होरहा कोऊ जलाय खात कच्चा रस पीवत।
चुहत ईख कोऊ छीलि गंडेरी के रस चूसत॥ ४९०॥
चलत कुल्हार जबै कोल्हुन पर चढ़त धाय कोउ।
कातरि के तर गिरत बैल चौंकत उछरत दोउ॥ ४९१॥
चोट खाय कोउ रोवत दूजो चढ़त धाय कै।
टिकुरी छटकत परत सीस पर तब ठठाय कै॥ ४९२॥
हँसत, अन्य, शिशु, सबै मजूरे सोर मचवत।
समाचार ये देवे हित इत उत वे धावत॥ ४९३॥
तऊ न होत बिराम विनोद तहाँ लगि तहँ पर।
जब लगि रच्छक प्यादा पहुँचत कै कोउ गुरु वर॥ ४९४॥

जाड़काल की क्रीड़ा

जाड़न में लखि सब कोउन कहँ तपते तापत।
कोऊ मड़ई में बालक गन कौड़ा बिरचत॥ ४९५॥
विविध बतकही मैं तपता अधिकाधिक बारत।
जाकी बढ़िके लपट छानि अरु छप्पर जारत॥ ४९६॥
कोलाहल अति मचत भजत तब सब बालक गन।
लोग बुझावत आगि होय उदविग्न खिन्न मन॥ ४९७॥
खोजत अरु जाँचत को है अपराधी बालक।
पै कछु पता न चलत ठीक है कहा, कहाँ तक॥ ४९८॥

न्याय मोलवी साहब ढिग जब बैठत याको।
अपराधी ता कहँ सब कहत, दोष नहिं जाको ।। ४९९ ।।
न्याय न जब करि सकत मोलवी गहि शिशुगन सब ।
सटकावत सुटकुनी खूब सबकी पीठन तब ।। ५०० ।।

फागुन और फाग

फागुन तौ बालक विनोद हित अहै उजागर ।
ज्यों ज्यों होली निकट होत अधिकात अधिकतर ।। ५०१ ।।
सजत पिचुक्का अरु पिचकारी तथा रचत रंग।
नर नारिन पैं ताहि चलावत बालक गन संग ।। ५०२ ।।
गावत और बजावत बीतत समय सबै तब ।।
भाँति भाँति के स्वांग बनावत मिलि बालक सब ।। ५०३ ।।
हँसी दिल्लगी गाली रंग गुलाल उड़त भल ।
देवर भौजाइन के मध्य सहित बहु छल बल ।। ५०४ ।।

बसन्त विहार

ऋतु बसन्त में पत्र पुष्प के विविध खिलौने।
आभूषण त्यों रचत छरी अरु छत्र बिछौने ।। ५०५ ।।
भाँति भाँति के फल चुनि सब मिलि खात प्रहर्षित ।
नव कुसुमित पल्लवित बनन बागन बिहरत नित ।। ५०६ ।।
कोऊ काले भौंरन हीं हेरैं दौरावैं।
पकरैं भाँति भाँति तितिली कोउ ल्याय सजावैं ।। ५०७ ।।
ग्रीषम में जब चलैं बवन्डर भारी भारी।
दौरैं हम सब ताके संग बजावत तारी ।। ५०८ ।।
पकरत फनगे मुकुलित मंदारन सों आनत।
ताकी कटि में कसि २ डोरी बिधि सों बाँधत ।। ५०९ ।।
ताहि उड़ावत कोउ मदार फल कोऊ ल्यावै।
गेंद खेल खेलैं तिहिसों सब मिलि हरखावैं ।। ५१० ।।

वर्षागमन

वर्षागम में बड़ी २ आँधी जब आवै ।
नमित द्रुमन साखन तब चढ़ि २ झोंका खावें ॥ ५११ ॥
गिरैं, परैं, पै तनिक न कछु चित चिंता आनैं ।
पके रसाल फलन लूटैं चखि आनद मानैं ॥ ५१२॥
रक्षक प्यादा रहत सदा यद्यपि हम सब ढंग ।
पैंतिह सों छटि निकरि भजत हम सब करि सौ ढंग ॥ ५१३ ॥
पता लगावत जब लगि वह आवत ऐसे थल ।
तब लगि पहुंचत कोउ दूजे थल पर बालक दल ॥ ५१४ ॥
जब कोऊ बिधि वह पहुँचै वा दूजे थल पर ।
तब लगि घर पर डटि हम पूछें गयो वह किधर ॥ ५१५ ॥

वर्षा बहार

जब वर्षा आरम्भ होय अति धूम धाम सों ।
वर्षै सिगरी निसि जल करि आरम्भ शाम सों ॥ ५१६ ॥
उठैं भोर अन्दोर सोर दादुर सुनि हम सब ।
बदली जग की दसा लखैं आवैं बाहर जब ॥ ५१७ ॥
किए हहास बहत जल चारहुँ दिसि सों आवै ।
गिरि खन्दक में भरि तिह को तब नदी सिधावै ॥ ५१८ ॥
भरै लबालब जब खन्दक अतिशय मन मोहैं ।
बँसवारी के थान बोरि नव छबि लहि सोहैं ॥ ५१९॥
धानी सारी पर जनु पट्ठा सेत लगायो ।
रव दादुर पायल धुनि जाके मध्य सुनायो ॥ ५२० ॥
श्याम घटा ओढ़नी मनहुँ ऊपर दरसाती ।
ओढ़े बरसा बधू चंचला मिसि मुसकाती ॥ ५२१ ॥
भांति २ जल जन्तु फिरत अरु तैरत भीतर ।
भांति २ कृमि कीट पतंगे दौरत जल पर ॥ ५२२ ॥

मकरी और छवुन्दे, तेलिन, झींगुर, झिल्ली।
चींटे, माटे, रीवें, भौंरे फनगे चिल्ली॥ ५२३॥
जनु हिमसागर पर दौरत घोड़े अरु मेढ़े।
सर्राटे सों सीधे अरु कोऊ ह्वै टेढ़े॥ ५२४॥
बिल में जल के गए ऊबि उठि निकरे व्याकुल।
अहि, वृश्चिक, मूषक, साही, विषखोपरे बाहुल॥ ५२५॥
लाठी लै २ तिनहिं लोग दौरावत मारत।
किते निसाने बाजी करत गुलेलहिं धारत॥ ५२६॥
कोऊ सुधारत छप्पर औ खपरैलहिं भीजत।
भरो भवन जल जानि किते जन जलहि उलीचत॥ ५२७॥
लै कितने फरसा कुदाल छिति खोदि बहावें।
बाढ़ेव जल आंगन सौं, नाली को चौड़ावें॥ ५२८॥
लै किसान हल जोतें खेतहि, लेव लग्यो गुनि।
बोवत कोऊ हिंगावत बांधत मेड़ कोऊ पुनि॥ ५२९॥

मछरि मराव

नीच जाति के बालक खेतन में पहरा धरि।
मारत मछरी सहरी अरु सौरी गगरिन भरि॥ ५३०॥
युव जन छीका और जाल लीने दल के दल।
मत्स मारिबे चलत नदी तट अति गति चंचल॥ ५३१॥
पौला सब के पगन सीस घोघी कै छतरी।
लैकर लाठी चलें मेंड़ बाटें सब पतरी॥ ५३२॥

निरवाही

होत निरौनी जबै धान के खेतन माहीं।
अवलि निम्न जातीय जुबति जन जुरि जहँ जाहीं॥ ५३३॥
खेतन में जल भरयो शस्य उठि ऊपर लहरत।
चारहुँ ओरन हरियाली ही की छबि छहरत॥ ५३४॥

भोरी भारी ग्राम बधू इक संग मिलि गावति।
इक सुर में रसभरी गीत झनकार मचावति।।५३५।।
कहँ नागरी नवेली ए तीखे सुर पावें।
रंग भूमि को "कोरस" सोरस कब बरसावें।।५३६।।
किती युवति तिन में अति रूप सलोनो पाए।
किए कज्जलित नैन सीस सिन्दूर सुहाए।।५३७।।
धान खेत में बैठी चंचल चखनि नचावति।
बन में भटकी चकित मृगी सी छबि दरसावति।।५३८।।
किते गांव के छैल लट्टू ह्वै जिनहिं निहारें।
तिनकी ताकनि मुसकुरानि लखि तन मन वारें।।५३९।।
तुच्छ बसन भूषन संग सोभा घनी लखावें।
मनहुँ "लाल चीथड़ा बीच" सच मसल बनावें।।५४०।।
और लखावें मनहुँ ईस को समदरसी पन।
दियो रूप सम जिन ऊंचे अरु नीचन बीचन।।५४१।।

बालकेलि

हमहू सब संजोगन जब इन ठौरन जाते।
भांति २ के खेलन सों तहँ मन बहलाते।।५४२।।
फुटे फूट कोऊ ल्यावें कोऊ भुट्टे लै घूमें।
पके २ पेहटन कोऊ करन मलें मुख चूमें।।५४३।।
बहु विधि बरसाती जीवन कोउ पकरि लियावत।
अतिहि विचित्र विलोकि चकित औरनहिं दिखावत।।५४४।।
बीर बहूटी कोउ पकरत, कोउ लिल्ली घोड़ी।
कोउ धन कुट्टी, कोउ टीड़िन पांखिन गहि छोड़ी।।५४५।।
रजनि समय जुगनून पकरि अतिसय हरखावें।
आवरवां के बसन बान्हि फानूस बनावें।।५४६।।
ऐसहिं विविध बनस्पति के विचित्र संग्रहसन।
बहु बिधि खेल बनावें सब जन बहलावें मन।।५४७।।

कहँ लगि कहें न चुकिबे की यह राम कहानी।
बाल चरित्रावलि समुन्नत अजहूँ सुख दानी ॥ ५४८ ॥
सबै समय, सब दिवस सबै दिसि सब में सुख सम।
सब वस्तुन में सचमुच अनुभव करत रहे हम ॥ ५४९ ॥

समय परिवर्तन

सो सब सपने की सम्पत्ति सम अब न लखाहीं।
कहूँ कछूहू वा सांचे सुख की परछाहीं ॥५५० ॥
अब नहिं बरषागम में वैसी आंधी आवें।
नहिं घन अठवारन लौं वैसी झरी लगावें ॥ ५५१ ॥
नहिं वैसो जाड़ा बसन्त नहिं ग्रीषम हूँ तस।
आवत मनहिं लुभावत हरखावत आगे कस ॥ ५५२ ॥
नहिं वैसे लखि परत शस्य लहरत खेतन में।
नहिं बन में वह शोभा, नहिं विनोद जन मन में ॥ ५५३ ॥
अद्भुत उलट फेर दिखरायो समय बदलि रंग।
मनहुं देसहू वृद्ध भयो निज बृद्ध पने संग ॥ ५५४ ॥
ताहू में या गांव की परत लखि अति दुर्गति ॥
तासु निवासी जन की सब भांतिन सों अवनति ॥ ५५५ ॥
अपनेहीं घर रहो जासु उन्नति को कारन।
ताही के अनुरूप कियो छबि यानें धारन ॥ ५५६ ॥

अवनति कारण

रह्यो एक घर जब लौं सुख समृद्धि लखाई।
उन्नति ही सब रीति निरंतर परी लखाई ॥ ५५७ ॥
गयो एक सों तीन जबै घर अलग अलग बन।
ठाट बाट नित बढ़त रह्यो परिपूरित धन जन ॥ ५५८ ॥
छूटेव प्रथम निवास पितामह मम को इत सों।
विवस अनेक प्रकार भार व्यापार अमित सों ॥ ५५९ ॥

तऊ लगोई रह्यो सहज सम्बन्ध यहां को।
हम सब सों बहु बतसर लौं पूरब वत हो जो॥ ५६० ॥
आधे दिवस बरस के बीतत याही थल पर।
नित्य नवल आनन्द सहित पन प्रथम अधिक तर ॥५६१ ॥
क्रम सों छूटत, टूट्यो सब संबन्ध यहां को।
बीसन बरसन सों न लख्यों अब अहै कहां को॥ ५६२ ॥
बचे दोय घर जे तिनकी है अकथ कहानी।
समझत मन मुरझात, जात अधिकात गलानी। ५६३ ॥
इक घर नास्यो अमित व्यैयिता अरु ऐय्यासी।
दूजो कलह अदालत को उठ सत्यानासी॥ ५६४ ॥
भए एक के चार २ घर अलग २ जब।
भरे परस्पर कलह द्वेष तब कुशल होत कब॥ ५६५ ॥
गए दीन बनि सबै मिटी या थल की शोभा॥
जाहि एक दिन लखत कौन को नहिं मन लोभा॥ ५६६ ॥
तऊ स्वजन वे धन्य अजहुँ जे बसे अहैं इत।
साधारनहुँ दसा मैं सेवत जन्म भूमि नित ॥ ५६७ ॥
पूरब उन्नत दशा न इत की दृग जिन देखी।
तासों होत न उन्हें खेद बसि इतै बिसेखी॥ ५६८॥
ग्राम नाम अरु चिन्ह बनाए अजहुँ यहाँ पर।
करि स्वतंत्र जीविका रहत सन्तुष्ट सदा घर ॥ ५६९ ॥
पूजत भूले भटके, भूखे आगन्तुक जन।
मुष्टि अन्न दै तोषत अजहूँ वे भिक्षुक गन॥ ५७० ॥
जहां आय जन भांति भांति सत्कारहिं पावत।
श्री समृद्धि लखि जहँ की जन मन मोद बढ़ावत ॥ ५७१ ॥
बड़े बड़े श्रीमान् महाजन आस पास के।
तालुकदार अनेक आश्रित रूप जुरे जे॥ ५७२ ॥
रहत जहाँ, तहँ आज की लखे दीन दसा यह।
होत जौन मन व्यथा कौन विधि जाय कही वह ॥ ५७३ ॥

जाकी शोभा मनभावनि अति रही सदाहीं।
जाहि लखत मन तृप्त होत ही कबहूँ नाहीं॥ ५७४॥
आज तहां कोऊ विधि सों नहि रमत नेक मन।
हठ बस बसत जनात कल्प के सम बीतत छन॥ ५७५॥
आय गई दुर्दसा अवसि या रुचिर गांव की।
दुखी निवासी सबै, छीन छबि भई ठांव की॥ ५७६॥
जे तजि या कहँ गये अनत वे अजहुँ सुखी सब।
ईस कृपा उन पर वैसी ही है जैसी तब॥ ५७७॥
कारन याको कहा समझ में कछू न आवत।
बहु विचार कीने पर मन यह बात बतावत॥ ५७८॥
जब लौं अगले लोग रहे सद्धर्म्म परायन।
न्याय नीति रत सांचे करत प्रजा परिपालन॥ ५७९॥
तब लौं सुख समुद्र उमड्यो इतं रहत निरन्तर।
उत्तरोत्तर उन्नति की लहरात ही लहर॥ ५८०॥
भये स्वार्थी जब सों पिछले जन अधिकारी।
भरे ईर्षा, द्वेष, अनीति निरत, अविचारी॥ ५८१॥
करन लगे जब सों अन्याय सहित धन अरजन।
भूलि धर्म्म, करि कलह, स्वजन परजन कहँ पेरन॥ ५८२॥
होन तबहिं सो लगी दीन यह दसा भयावनि।
देखे पूरब दसा लोग मन भय उपजावनि॥ ५८३॥
पै जब करत विचार दीठ दौराय दूर लौ।
अन्य ठौर प्रख्यात रहे जे इत वेऊ त्यों॥ ५८४॥
बिदित बंश के रहे बड़े जन जे बहुतेरे।
श्री समृद्धि अधिकार सहित या देशन हेरे॥ ५८५॥
पता चलत उनको नहिं गए विलाय कवैधों।
थोरे ही दिन बीच कुसुम खसि कुसुमाकर लौं॥ ५८६॥
राजा तालुकदार जिमीदार हू महाजन।
राजकुमार, सुभट औरो दूजे छत्रीगन॥ ५८७॥

कहां गए जे गर्वित रहे मानधन जन पैं।
गनत न औरहिं रहे माल अपने भुज बल तें ॥ ५८८ ॥
किते वंश सों हीन छीन अधिकार किते ह्वै।
किते दीन बनि गए भूमि कर औरन के दै ॥ ५८९ ॥
जे नछत्र अवली सम अम्बर अवध विराजत।
रहे सरद रजनी साही में शुभ छबि छाजत ॥ ५९० ॥
ऊषा अंगरेजी में कहुं कहुं कोउ जे दरसें।
हीन प्रभा ह्वै अतिसय नहिं ते त्यों हिय हरसें ॥ ५९१ ॥
भयो इलाका कोउ को कोरट के अधीन सब।
बंक तसीलत कितौ, महाजन कितौ कोऊ अब ॥ ५९२ ॥
कोऊ मनीजर सरकारी रखि काम चलावत।
पाय आप तनखाह कोऊ विधि समय बितावत ॥ ५९३ ॥
कैदी के सम रहत सदा आधीन और के।
घूमत लुंडा बने शाह शतरंज तौर के ॥ ५९४ ॥
कहुँ २ कोउ जे सबही विधि सम्पन्न दिखाते।
नहिं तेऊ पूरब प्रभाव को लेस लखाते ॥ ५९५ ॥
पिता पितामह जैसे उनके परत लखाई।
जैसी उनमें रही बड़ाई अरु मनुसाई ॥ ५९६ ॥
सों अब सपनेहुं नहिं लखात कहुंधौ केहि कारण।
पलटी समय संग सब देश दशा साधारण ॥ ५९७ ॥
जैसे ऋतु के बदलत लहत जगत औरें रंग।
बदलत दृश्य दिखात रंगथल ज्यों विचित्र ढंग ॥ ५९८ ॥
त्यों रजनी अरु दिवस सरिस अद्भुत परिवर्तन।
चहुँ ओरन लखि जात न कछु कहि समुझि परत मन ॥ ५९९ ॥
रह्यो जहां लगि बच्यो अवध को साही सासन।
रही बीरता झलक अजब दिखरात चहूंकन ॥ ६०० ॥
रहे मान, मर्य्यादा दर्प, तेज मनुसाई।
इतै आत्मा रच्छा चिंता बल करन लराई ॥ ६०१ ॥

सहज साज सामान शान शौकत दिखरावन।
बने बड़े जन पास भेद सूचक साधारण ॥ ६०२ ॥
शान्त राज अंगरेजी ज्यों ज्यों फैलत आयो।
सबै पुरानो रंग बदलि औरै ढंग ल्यायो ॥ ६०३ ॥
ऊँच नीच सम भए, बीर कादर दोऊ सम।
बड़े भए छोटे, छोटे बढ़ि लागे उभरन ॥ ६०४ ॥
लगीं बकरियां बाघन सों मसखरी मचावन।
धक्का मारि मतंगहि लागीं खरी खिझावन ॥ ६०५ ॥
रही बीरता ऐड़ इतै जो सहज सुहाई।
जेहि एकहिं गुन सों पायो यह देस बड़ाई ॥ ६०६ ॥
ताके जात रही नहिं इत शोभा कछु बाकी।
बीर जाति बिन मान बनी मूरति करुना की ॥ ६०७ ॥
जिन बीरन कहँ निज ढिग राखन हेतु अनेकन।
नित ललचाने रहत इतै के संभावित जन ॥ ६०८ ॥
भाँति भाँति मनुहार सहित सत्कार रहत जे।
आज न पूछत कोऊ तिन्हें बिन काज फिरत वे ॥ ६०९ ॥
रहे बीर योधा ते आज किसान गए बनि।
लेत उसास उदास सर्प जैसे खोयो मनि ॥ ६१० ॥
रहे चलावत जे तलवार तुपक ऐंड़ाने।
आजु चलावहिं ते कुदारि फरसा बिलखाने ॥ ६११ ॥
जे छांटत अरि मुंड समर मह पैठि सिंह सम।
कड़वी बालत बैठि खेत काटत बनि बे दम ॥ ६१२ ॥
रहत मान अभिमान भरे सजि अस्त्र शस्त्र जे।
सस्य भार सिर धरे लाज सों दबे जात वे ॥ ६१३ ॥
भेद न कछू लखात बिप्र छत्री सूदन महँ।
समहिं वृत्ति, सम वेष समहिं, अधिकार सबन कहँ ॥ ६१४ ॥
चारहु बरन खेतिहर बने खेत नहिं आंटत।
द्विज गन उपज्यो अन्न अधिक हरवाहन बांटत ॥ ६१५ ॥

करत खुसामद तिनकी पै न लहत हरवाहे।
मिलेहु न मन दै करत काज अब वे चित चाहे ॥ ६१६ ॥
करत सबै कृषि कर्म न पै हल जोतत ये सब।
बिना जुताई नीकी अन्न भला उपजत कब ॥ ६१७ ॥
सम लगान, ब्यय अधिक, आय कम सदा लहत जे।
दीन हीन ताही सों नित प्रति बने जात ये ॥ ६१८ ॥
नहिं इनके तन रुधिर मास नहिं बसन समुज्ज्वल।
नहिं इनकी नारिन तन भूषण हाय आज कल ॥ ६१९ ॥
सूखे वे मुख कमल, केश रुखे जिन केरे।
वेश मलीन, छीन तन, छबि हत जात न हेरे ॥ ६२० ॥
दुर्बल, रोगी, नंग धिड़ंगे जिनके शिशु गन।
दीन दृश्य दिखराय हृदय पिघलावत पाहन ॥ ६२१ ॥
नहिं कोउ सिर टेढ़ी पाग लखात सुहाई।
बध्यों फांड़ ? नहिं काहू को अब परत लखाई ॥ ६२२ ॥
नहिं मिरजई कसी धोती दिखरात कोऊ तन।
नहिं ऐंड़ानी चाल गर्व गरुवानी चितवन ॥ ६२३ ॥
नहिं परतले परी असि चलत कोऊ के खटकत।
कमर कटार तमंचे नहिं बरछी कर चमकत ॥ ६२४ ॥
लाठी हूं नहिं आज लखात लिए कोऊ कर।
बेंत सुटकुनी लै घूमत कोउ बिरलेही नर ॥ ६२५ ॥
पढ़ि २ किते पाठशालन मैं विद्या थोड़ी।
परम परागत उद्यम सों सहसा मुख मोड़ी ॥ ६२६ ॥
ढूंढत फिरत नौकरी जो नहिं कोउ विधि पावत।
खेती हू करि सकत न, दुख सों जनम वितावत ॥ ६२७ ॥
चलै कुदारी तिहिं कर किमि जो कलम चलायो।
उठै बसूला, घन तिन सों किमि जिन पढ़ि पायो ॥ ६२८ ॥
अंगरेजी पढ़ि राजनीति यूरप आजादी।
सीखि, हिन्द मैं बसि, निरख्यो अपनी बरबादी ॥ ६२९ ॥

करि भोजन में कमी किते अंगरेजी बानों।
बनवत पै नहिं बनत कैसहूं ढंग विरानो ॥ ६३० ॥
आय स्वल्प, अति खरचीली वह चलन चलै किमि।
टिट्टुई ऊंटन को बोझा बहि सकत नहीं जिमि ॥ ६३१ ॥
खोय धर्म्म धन किते बने नटुआ सम नाचत।
कर्ज लेन के हेतु द्वार द्वारहिं जे जांचत ॥ ६३२ ॥
उद्यम हीन सबै नर घूमत अति अकुलाने।
आधि व्याधि सों व्यथित, छुधित बिलपत बौराने ॥ ६३३ ॥
मरता का नहिं करता की सच करत कहावत ।
बहु प्रकार अकरम करत विचार न ल्यावत ॥ ६३४ ॥
ईस दया तजि और भास जिनको कछु नाहीं ।
सोई दया उपजावै अधिकारिन मन माहीं ॥ ६३५ ॥
बेगि सुधारैं इनकी दशा सत्य उन्नति करि।
शुद्ध न्याय संग वेई सदा सद्धर्म्म हिये धरि ॥३३६॥
होय देश यह पुनरपि सुख पूरति पूरब वत।
भारत के सब अन्य प्रदेसन पाहिं समुन्नत ॥ ६३७ ॥

अलौकिक लीला

अलौकिक लीला, को कवि ने एक महाकाव्य के ढाँचे पर लिखना प्रारम्भ किया था, पर इसको कवि पूरा न कर सका। कथानक तो कृष्ण का मथुरागमन ही है, अक्रूर का कंस के आवेदन पर कृष्ण को लाने जाना और कृष्ण का मथुरा आगमन—— बस यहीं तक कवि इस काव्य को लिख सका।

कृष्ण के शक्ति, शील, और सौन्दर्य तीनों गुणों में शक्ति को ही प्रधान सिद्ध करना——कृष्ण काव्य में उनकी नवीन सूझ थी, और उसी को उन्होंने इस काव्य में चित्रित किया है।

सं० १९७२

श्री अलौकिक लीला

महाकाव्य

प्रथम सर्ग

रोला छन्द

श्री बसुदेव सून है नन्द कुमार कहावत।
या में संसय नेक नाहिं नारद समुझावत॥१॥
यही देवकी—देवि—गर्भ अष्टम सों जायो।
कौन भांति किहिनै वाकहुँ गोकुल पहुँचायो॥२॥
जाकहुँ मारन चहत रह्यो मैं मूढ़ जन्मतहिं।
बन्दी करि राख्यो देवकी बसुदेवहिं॥३॥
व्यर्थ भ्रूणहत्या अनेक करि पाप लियो सिर।
पै निज मारन हार मारि न कियो चित्त स्थिर॥४॥
यद्यपि कियो अनेक जतन वाके नासन हित।
पै न कृतारथ भयो होत सोचत चित चिन्तित॥५॥
जन्मत ही जिहि मारन हित पूतना पठायो।
निज उरोज विष लाय ताहि ले तिन उर लायो॥६॥
प्रान पान करि गयो तासु पय पीवन मिस झट।
शिशुपन ही में कियो काम जाने या दुर्घट॥७॥
तैसहि भंज्यो शकट सहज ही एक लात हनि।
जाहि निरखि वृजवासी गन चकि गये मूढ़ बनि॥८॥
तृणावर्त सम सुभट असुर लै ताकहुँ अम्बर।
पहुँच्यो पै तिह तानै मारि गिरचो लहि भूपर॥९॥

वत्सासुर पद पकरि घुमाय फेंकि जिन मारयो।
प्रबल बृकासुर चोंच फारि जिन उदर विदारयो।।१०।।
ऊखल सों बंधि जुगल विटप अर्जुन जिन तोरे।
दामोदर कहि भये चकित वृजवासी भोरे।।११।।
निगलि गयो वह यदपि ताहि पहिले तो बिन श्रम।।
सहि न सक्यो पै उगिल्यो तिहि गुनि हुतासनोपम।।१२।।
भगिनी बन्धु विनासक नासन काज सहज अरि।
प्रबल अघासुर तित सों प्रेरित गयो कोप करि।।१३।।
धरि अजगर को रूप अनूप भयंकर कारी।
बायो मुंह आकास अवनि छेंके छिति सारी।।१४।।
दन्तावली श्रृंग श्रेणी पर्वत सी जाकी।
अति प्रशस्त पथ सरिस लखि परत जिह्वा जाकी।।१५।।
ग्वाल बाल अरु गाय बन्स के संग तासु मुख।
प्रविसे जब, कृष्णहु गवने तब तही सहित सुख।।१६।।
निज अरि कहँ जब ही जान्यो वह भीतर आयो।
मूँद्यो तुरतहिं तब अपनो विस्तृत मुख बायो।।१७।।
तब सह सुरभि वत्स गोपाल बाल अकुलाने।
धाय बचावहु कृष्ण आर्त सुर सों चिल्लाने।।१८।।
सुनतहिं नन्द सून निज तन ऐसो विस्तारयो।
छटपटाय अघ मरयो ग्वाल पसु क्लेस विसारयो।।१९।।
पांच वर्ष को बालक महा असुर संहारी।
सुनतहिं अचरज होत न कारन जाय विचारी।।२०।।
महासर्प कालीय विदित जग परम भयंकर।
कालीदह सों पकरि ल्याय नाच्यो तिहि सिर पर।।२१।।
मर्दित करि तिहि तहँ सों दियो निकारि सिन्धु महँ।
सौ मुखहूँ सों वमित गरल नहिं परस्यो ताकहँ।।२२।।
है अग्रज ताको बलराम नाम औरहु इक।
ताहू ने हैं कियो काज कैयो अमानुषिक।।२३।।

रासभ रूप असुर धेनुक पद पकरि पछारयो।
प्रबल प्रलम्ब दैत्यादिक मुष्टिक हनि मारयो॥२४॥
अनुचर और स्वजन उनके जे हे तिन सब कहँ।
हने बने दोऊ शिशु अहीर ज्यों पशु अहेर महँ॥२५॥
ऐसहिं असुर अरिष्ट महाबल कृष्ण पछारयो।
केशी अरु व्योमासुर सुभटनि सहज सँहारयो॥२६॥
ये सब समाचार सुनि मन में होत महाभ्रम।
गोपालन तजि गोपालन में समर पराक्रम॥२७॥
सम्भावति अस कैसे कहूँ बिना छत्री सुत।
यदपि अशक्य कर्म्म उनहूँ सों ये अति अद्भुत॥२८॥
ताहीं सों अनुमान रह्यो दृढ़ मेरो यामें।
अहै देवकी सुत इमि प्रबल पराक्रम जामें॥२९॥
पै अब संसय नाहिं अहै बस शत्रु वही मम।
जाहि जन्यों देवकी गर्भ अपने सों अष्टम॥३०॥
नारद मुनि बकि जासु बड़ाई इती सुनाई।
बरबस रिस मेरे मन में उन अति उपजाई॥३१॥
कहत वाहि विधि बन्दन करि अपराध छमायो।
बरुन ताहि लखि निज गृह आवत आतुर धायो॥३२॥
प्रणति पूर्वक पूज्यो तिहि सेवक ज्यों स्वामी।
दियो ताहि सानन्द नन्द ह्वै कै अनुगामी॥३३॥
तैसेहीं सुनियत सुरपति को मान हानि करि।
कुपित देखि तिहि वृज रच्छ्यो गोवर्धन कर धरि॥३४॥
लज्जित ह्वै मघवा तब वाके पायनि लाग्यो।
निज अपराध छमायो आप अभय वर माग्यो॥३५॥
अहै काल तेरो सो, नारद भाषत मो सन।
सावधान रहिये तासों हे नृप सब ही छन॥३६॥
यदपि होत विश्वास न इन बातन पर मेरो।
तौहूँ करन चहूँ अब याको बेगि निबेरो॥३७॥

यदपि नीत कहत प्रबल अरिसों न भिरन भल।
प्रकृत वीर कहँ पै न बिना तिहि हने परत कल॥३८॥
सात वर्ष को बालक मेरो रिपु कहलावै।
कहो कंस किहि भांति जगत में मुख दिखलावै॥३९॥
यदपि नीति अनेकन हने सुभट उन याही पन में।
मम प्रेषित मायावी सुचतुर जे असुरन में॥४०॥
महा महिष बर बरद वृकहु बहु हनत सहित श्रम।
बाघन पै सहि सकत सिंह नख सिख तीखे तम॥४१॥
याही सों चाहों मारन मैं तिहि निज कर सन।
सब सुभटन को लै बदलो चुकाय एकहि छन॥४२॥
याही हित है धनुष यज्ञ को आयोजन यह।
जाके मिस वृज सों इत आय सकै सहजहि वह॥४३॥
फिर मेरे हाथन परि बचि सकिहै अरि कैसे।
पंचानन पंजे में फँसि मृग सावक जैसे॥४४॥
अब उन सों तिहि ल्यावन हित इत चहिय चतुर नर।
होय सुहृद शुभ चिन्तक मम जो अहो मित्रवर॥४५॥
उभय पक्ष बिस्वास योग्य सब विधि सम्मानित।
इन गुन सों सम्पन्न तुम्है तजि और न कोऊ इत॥४६॥
जासों अति अटपट कारज यह सकौ सिद्ध करि।
ताहीं सों तुमहीं पै अब सब आस रही अरि॥४७॥
या सो गवनहु तुम वृज बेगि न बेर लगावहु।
करि छल बल कोऊ इतै कृष्ण बलरामहिं ल्यावहु॥४८॥
चिर वैरी की बलि दै निज मन कसक मिटाऊँ।
ह्वै कृतज्ञ दै धन्यवाद तुमरो गुन गाऊँ॥४९॥
नन्दादिक जे गोप तिनहुँ मख देखन व्याजन।
आनहु तिन सबहिन तिन के सँग सहित उपायन॥५०॥
लहिहौ प्रत्युपकार अमोल अवसि पुनि मो सन।
ह्वै जासों कृतकृत्य वितैहो सुख सों जीवन॥५१॥

शत्रु सहायक जेते हैं तिन सबन संग हति।
राजकंटकन नासि होइहौं स्वस्थ जबै अति ॥५२॥
विष्णु सहायक लहि सुरपति ज्यों भयो कृतारथ।
तुव सहाय हौं तथा इष्ट लहि सकौ यथारथ ॥५३॥
सुनि अक्रूर कंस मुख सों वर्नित यह बानी।
बोल्यो ह्वै संकित संकुचित जोरि जुग पानी ॥५४॥
अनुजीवी हित नृप अनुशासन को परि पालन।
परम धर्म्म है यामें संसय नाहिं मान धन ॥५५॥
यद्यपि यह मन सुनत सहज अति लगत मनोहर।
त्यों नहिं याकी सिद्धि सुलभ लखि परत नृपति वर ॥५६॥
सिर धरि नृप आदेस जात हौं वृज प्रदेश अब।
यथा शक्ति नहिं शेष राखिहौं मैं कछु करतब ॥५७॥
है प्रताप सों आप के यही आश सुनिश्चय।
प्रभु सेवा में आनि अर्पिहौं मैं उन कहँ लय ॥५८॥
यों कहि कै अक्रूर विदा लै कंसराय सों।
गवनेहुँ निज गृह ओर प्रनमि सूधे सुभाय सों ॥५९॥
तब शल, कोशल, चाणूर मुष्टिक आमात्यन।
महा मल्ल जे सुभट सराहे शत्रु विनाशन ॥६०॥
महा-वीर बहु अनुभव जे युत चतुर महावत।
तिन सब करि एकत्र कह्यो निज भोजराज मत ॥६१॥
सुनतहि मुष्टिक अरु चाणूर खड़े ह्वै दोऊ।
कह्यो कंस सों ह्वै क्रुद्धित है भट अस कोऊ ॥६२॥
या जग में जे सन्मुख समर हमारे आवैं।
राम कृष्ण बालन हित को बकवाद बढ़ावैं ॥६३॥
अवहिं जात हम तिनहिं मारि मूषक सम आवत।
उन्हें हतन हित आयोजन सब व्यर्थ बनावत ॥६४॥
सुनि हर्षित ह्वै कंस कह्यो हँसि अहो बीरवर।
तुम दोउन सन तौ निश्चय नाहिन यह दुष्कर ॥६५॥

पै जो तुम तित हते तिन्हहिं तौ कहौ कवन रस।
निरख्यो किन जंगल में भल नाच्यो मयूर जस॥६६॥
में अबहीं इक प्रबल वीर औरो पठयो तित।
कृष्ण और बलदेव दोऊ दुष्टन मारन हित॥६७॥
जौ न मारि वह सक्यो कोऊ कारन बस तिन कहँ।
सुहृद शिरोमणि अक्रूरहु कहि में भेज्यो तहँ॥६८॥
ल्यावहु इत लौं तिन दोउन कहँ कोऊ व्याजन।
नगर देखिबे अथवा धनु मख निरखन काजन॥६९॥
जब अक्रूर कोऊ बिधि सों तिन कहँ इत ल्यावहिं।
तब तुम सब रहि सावधान करि करि निज दांवहि॥७०॥
अवसि मारियै तिनहिं कोऊ विधि भाजि न जावहिं।
जासों निष्कंटक ह्वै कै हम सब सुख पावहिं॥७१॥
बहु विधि प्रबोधि यों सबन कहँ, पुरस्कार दै दै नयो।
तब त्यागि गुप्त निज सभा गृह, भोजराज महलनि गयो॥७२॥

इति कंस अक्रूर परामर्श

प्रथम सर्ग

आषाढ़ शु० ११ सं० १९७२ बै०

अथ द्वितीय सर्ग

बरवै छन्द

प्रातहि संध्या बन्दन कै अक्रूर।
स्यन्दन सब सुख सामग्री सों पूर॥
पर चढ़ि गवने वृन्दावन की ओर।
चिन्तत चरित चित्त में नन्द किशोर॥
मन में कहत सकत को करि अनुमान।
परे बुद्धि सों विधि को अहै विधान॥

चह्यो जन्मतहि मारन जिहि गुन काल।
अरु जिहि भ्रमबस हने असंख्यन बाल॥
जा हित कंस ब्याहतहिं बन्दी कीन।
बिलपत बनि बसुदेव देवकी दीन॥
कहँ जनम्यो वह अरु कित पहुँच्यो जाय।
बन्दी गृह सों तिहि को सक्यो चुराय॥
जनी देवकी कन्या जिहि जब कंस।
पटकि पछारन लाग्यो परम नृशंस॥
कर छुड़ाय वह पहुँची उड़ि आकास।
बनि देबी वह हँसि तिन कियो प्रकास॥
जिहि सुनि उद्वेजित ह्वै भोज भुआल।
हने बालकन जे जनमें तिहि काल।
सुनि अष्टम बसुदेव सून वृज माँहि।
अहै नन्द नन्दन बनि तिहि कल नाहिं॥
यद्यपि तिहि मारन हित सुभट अनेक।
पठय हतास होयहू तजत न टेक॥
व्यर्थहिं अपने बीरन रह्यो नसाय।
रुकत न पै तिन कहँ नित भेजत जाय॥
जौ केशीहू सक्यो ताहि नहिं मारि।
अथवा तासों कोऊ विधि भाज्यो हारि॥
तौ वह बधन चहत तिहि तितै बुलाय।
भेज्यो मुहिं जिहि ल्यावन हित फुसलाय॥
असमंजस अस यामैं मोहिं लखाय।
सकहुँ न कैसहुँ कछू ठीक ठहराय॥
पर्‍यो नृपति आदेस जबहिं तें कान।
तब हीं सो है चिन्तित चित्त महान॥
अहो कष्ट अति समुझत नहिँ कहि जाय।
परबस सके कौन विधि धर्म बचाय॥

यदपि जगत में बहु दुख दुसह महान ।
पराधीनता के सम तदपि न आन ॥
समुझि सकौं नहिं सो अब में कित जाँव ।
तजहुँ देस यह की गवनहुँ नन्द गांव ॥
क्रूर कर्म्म करि हौं अक्रूर कहाय ।
सकिहौं कैसे जग में मुख दिखराय ॥
निज कुल बालक घालक अरि कर माँहि ।
अर्पन करिहौं कैसे जानहुँ नांहि ॥
खोये बहु बालक देवकि बसुदेव ।
शेष निधन सुनि मरिहैं वे स्वयमेव ॥
करी प्रतिज्ञा मै तिन ल्यावन काज ।
ताहू के त्यागन में लागत लाज ॥
उभय लोक को शोक सकौं किमि त्यागि ।
यासें बचिबे हित जाऊँ कित भागि ॥
सोचहुँ जब तिन अतुलित बल की बात ।
तब सब संकट स्वयमेव मिटि जात ॥
बड़े बड़े बीरन जो मार्यो बाल ।
अवसि होइहै सो कंसहु को काल ॥
पुनि अकासवानी अन्यथा न होय ।
मिथ्यावादी देवन कहै न कोय ॥
देखि पाप को जग पुनि प्रचुर प्रचार ।
सम्भव है हरि होंय मनुज अवतार ॥
जब जब होय धर्म्म की जग में ग्लानि ।
बढ़हि असुर कुल संकुल अति अभिमानि ॥
जब तिनसों दबि दीन सताये जाहिँ ।
जबहिँ साधुजन ह्वै व्याकुल चिल्लाहिँ ॥
तब करुनाकर करुना करि प्रगटाय ।
दुष्ट दलन दलि निज जन लेहिं बचाय ॥

वैसोई सब जोग जुरयो जब आय ।
परिनामहुं तब वैसोई होत लखाय ।।
निर्दय कुटिल नीति रत नृपति महान् ।
अन्याई अविचारी लोभि निधान ।।
हरत प्रजा गन प्रान धर्म धन हेरि ।
कुपथ चलावै सबहि सुपथ सों फेरि ।।
तैसई मन्त्री अरु सब पुरुष प्रधान ।
राज कर्म्मचारी खल दुखद प्रजान ।।
जिन अधिकार बढ़यो अति अत्याचार ।
मच्यो चहूँ दिसि जासों हाहाकार ।।
प्रजा दुहाई की सुनवाई नाहिँ ।
चहै न्याय लहि दंड रोय बिलखाहिँ ।।
मन में सबहिँ सरापहिँ हाथ उठाय ।
ईस वेगि अब याको राज नसाय ।।
जिमि राजा तिमि प्रजा होहि यह रीति ।
तासों प्रजा परस्पर करहिँ अनीति ।।
लेय जो कोऊ काहूँ से देय न ताहि ।
मान धर्म्म निज नहि कोउ सके निवाहि ।।
दारा धन रच्छा करि सकै न कोय ।
बिनहिँ परिश्रम हरै प्रबल जो होय ।।
पापाचार बढ़यो सद्धर्म्म दबाय ।
जप तप स्वाध्याय नहिँ होत सुनाय ।।
नहिँ उपासना ज्ञान योग की बात ।
भूलेहुँ कोउ मुख सों होत सुनात ।।
स्वाहा स्वधा शब्द भूले सब लोग ।
फैल्यो जासों बिबिध रोग अरु सोग ।।
धर्म्म निरत सज्जन कहुँ नाहि लखाहिँ ।
पाखंडी पापी असंख्य इतराहिँ ।।

जिनमें जात लखात अनोखी बात ।
सुखद परस्पर सुंदरता सरसात ॥
कोउ में कोमल किसलय सेज सुहाय ।
रहे सुगन्धित सुमन तल्प कहुँ भाय ॥
फटिक सिला सिंहासन कहूँ अनूप ।
जासु चतुर्दिक बैठक बहु अनुरूप ॥
कोउ की तरु शाखा झुकि रही सुहाय ।
अति उज्ज्वल कोमल टहनी न बिहाय ॥
सोवन झूलन कोऊ बैठिबे जोग ।
अतिहि लचीली अति प्रलम्ब बिन रोग ॥
राजत जिन में कहुँ अनेक कहुँ एक ।
सुर बालन सों न्यून कोऊ नहिँ नेक ॥
रूप शील गुन भूषन बसन विधान ।
सब बिधि सब सों सरस सबे सहमान ॥
सबै रूप गरबीली युवति सयानि ।
सबै प्रेम रँग माती जाती जानि ॥
कोऊ सितार बजावत कोऊ बीन ।
कोउ सरोद कोउ सुर सिंगार कुच पीन ॥
मधुर बजावत गति कोउ कोऊ बोल ।
जोड़ तोड़ कोउ करत कलित कर लोल ॥
कोमल तेवर सप्त सुरन संधान ।
आरोही इमरोही वर बन्धान ॥
मधुर मूर्च्छना गन ग्रामन के भेद ।
सरस सुनाय देत सारद उर खेद ॥
कोउ सुगन्धित सुन्दर सुमन सवांरि ।
बनवत बिबिध अभूषन सुमुखि सुधारि ॥
कोउ सुसज्जित करत नवल सिंगार ।
कोउ कोउ मग ताकत झांकत द्वार ॥

मान मानि कोउ तानि भौहँ सतराति ।
पास न कोउ तौ हू रिस करि बतराति ।।
कोऊ काहूँ सों मिलि करत सलाह ।
कोउ कर जोरि कहत तुअ हांथ निबाह ।।
कोउ कोउ लखि नैननि रहीं तरेरि ।
कछु सुनि कोउ सतरातीं भौंह मुरेरि ।।
कोउ कोउ सों मिलि घुलि घुलि बतरात ।
भूलि भूलि सुध करि कहि कछु सतराति ।।
कोउ कोउ सों कछु पूछति हँस गहि पानि ।
सुनत अयान बनत सी सुमुखि सयानि ।।
कोऊ जान न पावत बरजत बाल ।
कहुँ कोउ छिपत कोऊ लखि गोपत हाल ।।
कोउ झिझकारत कोउ कहँ सौ सौ बार ।
कोउ बिनवत कोउ विरचत सिथिल सिँगार ।।
कोऊ सिखावत कोउ कछु अति हित मानि ।
कोउ गहत कोउ भागत जानि लजानि ।।
कोउ बुलावत कोउ कोउ देत न कान ।
कोउ कोउ ताकत जस न जान पहिचान ।।
जिनकी लीला लखि लखि रही लजाय ।
काम बाम बावरी बनी बिलखाय ।।
जो सखि जामैं निवसत ताके नाम ।
सोँ प्रसिद्ध ये अहैं कुञ्ज अभिराम ।।
कोउ राधा कोउ चन्द्रावली निकुञ्ज ।
कोऊ विशाषा कोउ ललिता छबि पुंज ।।
ऐसे कहँ लगि नाम गनाये जाहिँ ।
सहसन कुञ्ज बने छबि पुंज सुहाहिँ ।।
या प्रलम्ब के छोर ओर छबि छाय ।
रहो महाबन अद्भुन सुखद सुहाय ।।

जाकी रचना देवी दिपति दिखात ।
विटप विदेशी जामै सबै सुहात ॥
अहै शालबन अति विशाल जा बीच ।
अति प्रशस्त पुहुमी कहुँ ऊँच न नीच ॥
अति उज्ज्वल जित कहूँ न तृण को नाम ।
कबहुँ कछु कैसहु घुसि सकत न घाम ॥
जामैं कोसन लों खग उड़त लखाहिँ ।
विचरत गज नहिँ शाखा परसि सकाहिँ ॥
भृङ्गराज खग जित घोसलें बनाय ।
बिगत ब्याल भय निवसत जित हरषाय ॥
बोलत बोल अमोल सरस सुर संग ।
सुनि बुलबुल बोसतां होत जिहि दंग ॥
बोलत हरदो बन कलरवित बनाय ।
नाचत मत्त मयूर चितै चकराय ॥
शुक सारिका हरेवा अगिना आय ।
श्यामा दामा लाल रहे भल गाय ॥
जिते सुरीले खग संकुल जग माहिँ ।
भरत गिटगिरी ते सब तहां लखाहिँ ॥
दिन दुपहर जो टहरत बिहरन काज ।
आवत जुरत जहां कै कबहुँ समाज ॥
जाके चारहुँ ओर अनेक प्रकार ।
बनि प्राकाराकार बनाय कतार ॥
भोजपत्र कहुँ देवदार तरु ठाढ़ ।
नारिकेलि खर्जूर ताल मिलि गाढ़ ॥
बीच छोहारा जायफरन तरु राजि ।
सुभग सुपारी चन्दन सुखमा साजि ॥
या बिहार अवनी समग्र चहुँ ओर ।
लगी कोट प्राचीर सरिस अति घोर ॥

बेंतरि गझिन कटीले बृच्छनि केरि ।
सब थल अम्बर मनहुं घटा घन घेरि ।।
शमी खदिर रीवा बबूल बहु बाँस।
बैर करवँदे हैस सिंहोर अनास।।
बिछुया सेहुँड़ गज चिघार जुतखार ।
बन्यो दुर्ग मय सटि प्राकार प्रकार ।।
जिन पर कंजा बनबँसवा की बौरि ।
चढ़ी केवांच करेरुअन संग भरि भौंरि ।।
गझिन बनावत अमर बेलि बनि जाल ।
बुलबुलखाना बिम्ब सहित फल लाल ।।
बाहर मधुर मकोय मकोयचा झालि ।
भोला करियारी कौवारी लालि ।।
भरभन्डा भटकैया फूले फूल ।
नीचे गुखुरू बिछे पथिक पग सूल ।।
सोहत बाहर हरित करील कतार ।
नीचे फूले फले धतूर मदार ।।
भेदि जाय नहिँ सकत जाहि कोउ जीव।
पवन हलै न छुद्रहू छिद्र अतीव ।।
बीच द्वार द्वै राजत दोऊ ओर।
इक जमुना दूजो बृजबीथी छोर ।।
द्वै २ विटप कदम्ब दुहू दिसि दोय।
गोपुर बनयो दोऊ मिलि इक होय ।।
पहुँच्यो तहँ रथ त्यागि द्वारसों दूर ।
प्रविस्यो भीतर कौतुक बस अक्रूर ।।
घूमन लग्यो तहां सुधि बुधि बिसराय ।
द्वै गन्धर्व परे जहँ ताहि लखाय ।।
जान्यो जासों सब या थल को हाल ।
हरख्यो हिय अति ह्वै कृतकृत्य कमाल ।।

सुन्यो परस्पर उनकी बहु विधि बात ।
अचरज मय तिन पीछे पीछे जात ।।
कह्यो एक है यह वृन्दाबन आज ।
धन्य धन्य धारे सुभ सुन्दर साज ।।
जों सुरपुर हूँ में नहि देख्यों जाय ।
सो सब दृश्य अलौकिक इतै लखाय ।।
मनहुँ जगत की सब श्री इतै सकेलि ।
धर्यो आनि विधिनै कोऊ विधि इत मेलि ।।
मुसुकुराय बोल्यो दूजो गन्धर्व ।
बैकुंठहुँ सो बढ्यो आज या गर्व ।।
नन्दन बन त्यों इतर देवगन बाग ।
सबै हीन छबि बनयो यह निज भाग ।।
ये गोपी सुर बालन रहीं लजाय ।
श्री समृद्धि गुन रूप गुमान बढ़ाय ।।
वृन्दाबन छबि सहित सकल सुख साज ।
क्यों न लहै जहँ निवसत श्री बृजराज ।।
आज इति श्री जाकी है हे मित्र ।
सुख समृद्धि दिन बीते जासु पवित्र ।।
पुनि न होय हैं अब इत रास विलास ।
राग रंग आनन्द प्रेम परिहास ।
अन्तिम शोभा लखि लेबे हित आज ।
आवत है इत उमड़्यो देव समाज ।।
यासों घूमि लख्यो हमहूँ सब ठाम ।
पुनि कहँ लखि परिहैं यह छबि अभिराम ।।
चलहु कहूँ छिपि देखैं हम इत पास ।
होन चहत आरम्भ . रसीली रास ।।
आइ छये नभ में घन सुन्दर स्याम ।
तनि बितान सम निरख्यौ रोके घाम ।।

इन्द्र धनुष की झालर चहूँ लगाय ।
चमकि चंचला सूचत समय सुहाय ।।
यों कहि पीछे घूम्यों नेक निहारि ।
लखि अक्रूर कुपित ह्वै दियो निकारि ।।
परवस परि अक्रूर तज्यो वह ठाम ।
आयो निज रथ पर कछु हित विश्राम ।।
लग्यो सोचिबो गन्धर्वन की बात ।
बहु समुझयो पै समुझयो नहिं समुझात ।।
इतने हीं में महा मधुर धुनि कान ।
परी आनि मुरली की मोहत प्रान ।।
जय जय शब्द सोर सुनि परयो महान् ।
स्वर्ग सुमन बरषत लखि देव बिमान ।।
अति आतुर ह्वै रथ हांक्यों तिहि ओर ।
निरख्यो रच्छत द्वार सिंह द्वै घोर ।।
लखि स्यन्दन वे उतै उठे गुर्राय ।
डरपि भजे लै निज वै प्रान पराय ।।
छन हीं में रथ बढ़ि पहुँच्यो बहु दूर ।
थक्यो निवारत बल करि भल अक्रूर ।।
रुक्यो जाय कोउ विधि वह बन कै छोर ।
लग्यो सुनन अक्रूर मनोहर सोर ।।
बजत सरंगी बहु इसराज सितार ।
झांझ मजीरे मसक समय अनुसार ।।
जल तरंग डफ ढोलक चंग मृदंग ।
मुरज नफीरी सुर सिंगार मुंह चंग ।।
बीन सरोद कबहुँ कोमल सुर मन्द ।
कबहुँ दुन्दुभी नाद देत आनन्द ।।
लाखन घुंघरू किंकिनि कलरव संग ।
सबहिं एक सुर में मिलि बजत सुढंग ।।

सुनि श्री राग अलापन कंठ हजार ।
मोहे नारद सारद शिव रिझवार ।।
सकल राग रागिनी तहां कर जोरि ।
बिनवत गान लहन हित मान बहोरि ।।
सुर किन्नर गन्धर्व अप्सरन संग ।
मोहे निज गुन गर्व त्यागि ह्वै दंग ।।
सकल सिद्धि चारन ऋषि मुनि दिगपाल ।
मोहे सकल जीव जल थल तिहि काल ।।
रवि रथ रुक्यो मन्द परि पवन प्रबाह ।
कालिन्दी जल रुक्यो सुनन सुर चाह ।।
खोयो सुधि बुधि बेचारो अक्रूर ।
मोह्यो मन परि सुख सागर में पूर ।।
रास बन्दहूँ भये भई बहु बेर ।
है चैतन्य परयो चिन्ता की फेर ।।
निरख्यो नभ मै नहिं सुर एक विमान ।
तरल ताल नहिं त्यों सुनि सुर सन्धान ।।
भई रास गुनि बन्द चल्यो वृज ओर ।
तर्क वितर्क विविध विधि करत अथोर ।।
मारग में चहुँ दिसि लखि छबि अभिराम ।
जान्यो वृज समग्र शोभा को धाम ।।
निरख्यो पूरब सों बदल्यो सब रंग ।
विसमय अति अधिकाय भयो मन दंग ।।
यों चलि नन्द गांव लखि कै कछु दूर ।
चितै चकित चित कहन लग्यो अक्रूर ।।
अहो कहा अचरज कछु कह्यो न जाय ।
जितहि लखौं तित अद्भुत दृश्य दिखाय ।।
लख्यो बार बहु नन्द गांव में आय ।
जिहि छबि लखि चित आज रह्यो चकराय ।।

परम उच्च अट्टालिकानि की रासि।
धारि रह्यो अलका के सम यह भासि ॥
किधौं भाग कोउ अमरावती उठाय ।
ल्याय दियो सुरगन वृज बीच बसाय ॥
कौन समुझि इहि सकै गोपगन ग्राम ।
बन्यो अहै जो श्री समृद्धि को धाम ॥
इन अचरज काजनि को कारन एक।
है जामै कैसहु नहिं संसय नेक ॥
जाके प्रगटे अकथ अनोखे काम।
भये इतै सोइ निवसन को यह धाम ॥
यों बहु प्रकार विचार चित्त में करत पुर पैठत भयो ।
लखि नन्द की आनन्द मय बर भवन अति छबि सों छयो ॥
कछु दूर पै अक्रूर तजि रथ द्वार दिसि पग द्वै दयो ।
मिलि नन्द कियो प्रणाम सादर ताहि निज गृह लै गयो ॥

इति श्री अक्रूर वृज गवन नामक
द्वितीय सर्ग समाप्त

अथ तृतीय सर्ग

करि स्वागत बहु भाय, अति आनन्द उछाह संग ।
अक्रूरहि बैठाय, नन्द ल्याय निज द्वार पै ॥१॥
आतिथेय सत्कार, अर्घ्य पाद्यादिक दियो ।
भोजन रुचि अनुसार,, परस्यो बिबिध प्रकार के ॥२॥
भोजन कीन्यो जानि, प्याय सुशीतल मधुर जल।
अँचवायो सन्मानि, दियो पान लाची अतर ॥३॥
स्वस्थ जानि अक्रूर, कुशल प्रश्न पूछन लग्यो ।
इतनहिँ में कछु दूर, सों बाजी मुरली मधुर ॥४॥

सुनि मुरली तजि काम, दौरें सब निज भवन तजि ।
वृद्ध बाल नर बाम, निरखन हित घनस्याम छबि ॥५॥
नन्द यशोदा संग, चले झपटि अक्रूर हू।
रंगे प्रेम के रंग, इक टक मन लागे लखन॥ ६ ॥
गोधूली गझिनाय, धूली गो पग उड़ि गगन।
रजनी रही बनाय, दै छबि अवनि अकास की॥७॥
तरइन सी छितिराय, सोह्यो सुरभि समूह सित ।
मध्य रह्यो मन भाय, चन्द बन्यो बृजचन्द मुख॥ ८॥
हरि वियोग तम रासि सींचन सुधा संयोग जनु।
लोचन सहस विकासि, दियो मनहुँ कैरव कुलहिं ॥ ९ ॥
वृज जन मन हुलसाय, दियो अमित आनन्द भरि ।
जनु सागर लहराय पेखत पूनौ सुधा धर॥ १० ॥
लै लै कंचन थार, सजी आरती कै रहीं ।
गोपी निज २ द्वार, बार २ मन वारि कै॥ ११ ॥
रुकत चलत गति मन्द, द्वार २ पूजा लहत।
नन्द नंदन सानन्द, पहुँचे निज गृह पौरि पर ॥ १२ ॥
वारत राई नोन, जननि जसोदा मुदित मन ।
करित आरती सोन, मुहर निछावरि करि कहत ॥१३॥
आवहु मेरे प्रान, उर लगाय चूमत मुखहिं ।
चह्यो भवन लै जान, कृष्ण और बलराम कहँ॥ १४ ॥
पै अक्रूर निहारि, पहुँचें ते ताके निकट।
पूजनीय निरधारि, करि प्रणाम पायनि परे ॥ १५ ॥
उर लगाय अक्रूर, अकथनीय आनन्द लहि ।
भरचो हियो भरपूर, लग्यो असीसन बार बहु॥१६ ॥
कह्यो नन्द हरखाय, "चचा तुम्हारे ये अहैं।
इत मथुरा सों आय, कियो कृतारथ आज मुहिं॥ १७ ॥
अब गृह भीतर जाहु, कर पग मुख धोवहु दोऊ।
स्वस्थ होय कछु खाहु, तब आवहु बातैं करहु ॥" १८ ॥

पूछ्यो मृदु मुसुकाय, मन मोहन अक्रूर सन।
"कहहु चचा समुझाय, कुशल छेम सकुटुम्ब निज॥ १९॥
परम अनुग्रह कीन, दीन दरस इत आइकै।
अब जो वृत्त नवीन, होय कहहु सो करि कृपा" ॥२०॥
चित चिन्ता सों चूर, संसय विसमय सो भर्‌यो।
कह्यो सकुचि अक्रूर, "अहै कुशल सानन्द सब ॥ २१॥
हे मेरे प्रिय प्रान, मधुपुर में नृप कंस जू।
सुन्दर सहित विधान, धनुष यज्ञ कीन्यों चहैं ॥ २२॥
मल्ल युद्ध तिहि संग, क्रीड़ा कौतुक आदि बहु।
उत्सव रंग, बिरंग, वहां होइहैं विविध विधि ॥ २३॥
होन सम्मिलित काज, तुम कहुँ आमंत्रित कियो।
जा हित मैं इत आज, आयो प्रेरित नृपति सों॥ २४॥
नन्द आदि गोपाल सबहिं बुलायो मान धन।
लखि २ होहु निहाल, उत की नव लीला ललित॥ २५॥
तासों मिलि सब लोग, चलहु सकारे हरषि हिय।
मिल्यो अपूरब जोग, नृप दरसन आनन्द लहन॥ २६॥
कह्यो हिये हरखाय, दामोदर अक्रूर सों।
"परम कृपा दरसाय, भोजराज निश्चय हमैं॥ २७॥
उतै बुलायो टेरि, लखिबे हित उत्सव महत।
हरषित ह्वै, हैं हेरि, हम सब संग आपके॥ २८॥
बहुत दिनन सों चाह, लखन मधुपुरी की रही।
राजधानि वृज नाह, सुनियत जो अतिसय रुचिर॥२९॥
करहिं आप विश्राम, थाके आये दूर सों।
प्रातहि आय प्रनाम, करि चलि हौं संग आप उत" ॥३०॥
अतिसय विस्मित होय, कह्यो सहमि अक्रूर यह।
"खाहु पियहु सुख सोय, जाहु तात अब तुम भवन" ॥ ३१॥
तब पुनि कियो प्रनाम, लहि असीस अक्रूर सन।
गवने सुन्दर श्याम, निज गृह भीतर जननि संग॥ ३२॥

सहम्यो मन अक्रूर, ज्यों अहि सुनि धुनि तूमरी।
अति चिन्ता सों चूर, ह्वै चित में चिन्तन लग्यो ॥ ३३ ॥
सब अचरज मय बात, सुनत लखत इत आय में ।
कह्यो कछू नहि जात, सकै न मन अनुमान करि ॥ ३४ ॥
यह शिशु परम अयान, होन जोग अति स्वल्प वय ।
सो बल बुद्धि निधान, दुसह तेजयुत है महत ॥ ३५ ॥
जाके जन्म प्रभाय, भई स्वर्ग वृज भूमि यहु।
जा छबि मनहि लुभाय, रही मदन मूरति मनौ ॥ ३६ ॥
धन्य २ बसुदेव धन्य देवकी देवि तू।
जान्यो जग नहि भेव, जन्यो अजन्मा जिन सुवन ॥ ३७ ॥
धन्य भयो यदुवंश जाके जन्म प्रभाव सों।
कहा बापुरो कंस, ता बैरी बनि करि सकै ॥ ३८ ॥
अति विचित्र यह बात, जन्यो उतै पहुँच्यो इतै।
नन्द कहायो तात, महरि यशोदा त्यों जननि ॥ ३९ ॥
तऊ धन्य ये लोग, लख्यो बाल लीला ललित ।
पूरब पुन्य संयोग, गोद खिलायो चूमि मुख ॥ ४० ॥
यों सोचत अक्रूर, नन्दराय अनुचरन सन।
कह्यों निकट अरु दूर, वृज मंडल में जाहु तुम ॥ ४१ ॥
सब गोपन समुझाय, कहौ नृपति आदेस यह ।
पठयो सबन बुलाय, कंस राज मथुरा पुरी ॥ ४२ ॥
धनुष यज्ञ को साज, उतै सजायो अति महत ।
होन सम्मिलित काज, हम सब चलिहैं भोर उत ॥ ४३ ॥
लै सब लोग सकार, पलौ विलम्ब न होय कछु।
यथा शक्ति अनुसार, सजहु उपायन नृपति हित ॥ ४४ ॥
बसियत जाके राज, ताके गृह कारज पर्‌यो।
चाहे जितो अकाज, होय तऊ सब सँग चलौ ॥ ४५ ॥
सुनि सेवक आदेस, चले हरखि चहुँ दिसि तुरत ।
बोले तब गोपेश, चिन्तित चित अक्रूर सों ॥ ४६ ॥

अहो सुहृदवर एक बात, चहत हम पूछिबे।
कहहु कृपा करि नेक, हित विचारि चित आप अब ॥ ४७ ॥
लै बहु विधि उपहार, सकल गोप संग हम चलैं।
इत लखिबे घर द्वार, राखि कृष्ण बलराम कहँ ॥ ४८ ॥
अनुचित तौ कछु नाहिँ कारन नृप को कोप तौ।
आशंका मन माहिँ, बिबिध उठत बिन कारनै ॥४९॥
तासों कहहु विचारि, श्रेयस्कर जो होय तिहि।
मैं न सकौं निरधारि पूछत तुम सों जानि हित ॥ ५० ॥
वोल्यो तब अक्रूर, मुसुकुराय नंद राय सों।
संसय सब करि दूर, चलहु सुतन लै संग तुम ॥ ५१ ॥
नहि चिन्ता को काम, कैसेहू यामैं कछू।
लहि सब भाँति अराम, आनन्दित ह्वै हौ सबै ॥ ५२ ॥
राम कृष्ण दोउ भाय, अवसि बुलायो भेज नृप।
कह्यो मोहि समुझाय, ल्यावहु तिन कहँ जतन सों ॥ ५३ ॥
बिबिध अलौकिक काज, कीन्यो इन सुनि चाव सों।
चहत मिलन महराज, निज सामन्त समुझि सबल ॥ ५४ ॥
कह्यो यदपि समुझाय, बिविध भाँति अक्रूर ने।
पै न सके नन्दराय, निज चित चिन्ता दूर करि ॥ ५५ ॥
बहु बीती निसि जानि, कहो नन्द अक्रूर सों।
बिछी सेज सुख दानि करहु आप विश्राम अब ॥५६ ॥
हमहूँ सोवन जात, पुनरपि याहि विचारिहैं।
चलिबो उतै प्रभात, कौन कौन संग है उचित ॥ ५७ ॥
नन्द गवन गृह कीन, लख्यो यशोदा अनमनी।
कीने बदन मलीन, सोचत मोचत नीर दृग ॥ ५८ ॥
यदपि गयो जिय जानि, नन्द राय कारन व्यथा।
निकट जाय गहि पानि, तऊ ताहि पूछन लगे ॥ ५९ ॥
नन्दरानि तब रोय, कह्यो कहा पूछन चहौ।
सब सुख साधन खोय, देन चहत यह आइ इत ॥ ६० ॥

कुटिल कुचाली कूर, कहवावत अक्रूर जो।
करहु कोउ विधि दूर, याहि निगोड़े निरदई । ६१ ॥
नतरु निपूतो प्रात, लै जैहै सँग आपने।
छलबल करि दोउ भ्रात, छगन मगन मम प्रान प्रिय ॥ ६२ ॥
ये दोउ मेरे लाल, दोऊ मेरे दृगन सम।
जिन विन रहति बिहाल, बछरन चारन जात जब ॥ ६३ ॥
तब मथुरा को जान, भला कौन विधि सहि सकौं ॥
बरु तजि देहौं प्रान, जान न देहौं कैसहूँ ॥६४ ॥
कहा बुलावत कंस, इन दोउ भोले बालकन ।
होय तासु निरबंस, जो इन लखै कुदीठ सों ॥ ६५ ॥
कस कछु करहु उपाय, जाय भाजि अक्रूर निसि।
नतरु अवसि फुसिलाय, लै जैहै वह प्रानधन ॥६६ ॥
ये दोउ बाल अयान, भलो बुरो जानै न कछु ।
उत्सव सुनत महान, ठान लियो उत जान मत ॥ ६७ ॥
समुझायो बहु बार, मैं तिन कहँ सब भाँति सन।
पै न रुकन स्वीकार, करत कैसहूँ वे दोऊ ॥ ६८ ॥
जातो कोउ विधि मान, कहन सुनन सो बड़ो पै।
सुनत देत नहिं कान, छोटो है खोटो निपट ॥ ६९ ॥
लगै युक्ति तब कौन, कहत न मैय्या सोच करि ।
लखि हौं जो सब तौन, तो कहुँ आय सुनाय हौं ॥ ७० ॥
लखी मधुपुरी नाहिं, राजधानि कोउ नृपन में।
तिहि निरखन मन माँहि, अहै लालसा लागि अति ॥ ७१ ॥
तिन दोउन लखि संग, उत्सव विविध प्रकार यह ।
खेल कूद बहु रंग, देखि दोऊ सँग आइहौं ॥ ७२ ॥
या मैं का डर तोहिं, द्वै दिन जावे मैं उतै।
सकत जीति को मोहिं जुद्ध जुरे जोधा जगत ॥ ७३ ॥
निपट अटपटी बात, कहत हँसत नटखट निठुर।
करूँ कहा न सुझात, नहिं बसात वासों कछू ॥ ७४ ॥

सुनि यसुदा की बात, नन्दराय ठगि से गये।
कह्यो कछू नहिं जात, मोह महोदधि में परे॥ ७५॥
मनहीं मन अनुमान, करन कह्ा तब ह्वै सकत।
जब चाहत ये जान, कौन रोकि है तब उन्हें॥ ७६॥
त्यों नृप को आदेस, टारि कहाँ हम बचि सकत।
चिन्ता यदपि विशेष, अहै जाइबे में उतै॥ ७७॥
पै नहिं और उपाय, जब याको कोउ लखि परै।
तब जगदीस सहाय, करिहै निश्चय अवसि कछु॥ ७८॥
पै जसुदा किहि रीति, धीर धारिहै ह्वै जननि।
याकी मोहि प्रतीति, प्रान त्यागि है वह अवसि॥ ७९॥
समुझाऊँ कहि काह, यह नहिं समुझाई परै।
अब हरि हाथ निवाह, कहि मन धीरज धारि हिय॥ ८०॥
लग्यो कहन समुझाय, जसुमति कहँ नदराय जू।
बारम्बार बुझाय, नहिं चिन्ता को काम कछु॥ ८१॥
मैं तिनके संग जात, सब लखाय उत्सव उतै।
लै आवहुँ दोउ भ्रात, सहित कुशल तेरे निकट॥ ८२॥
द्वै दिन धीरज धारि, हे सुन्दरि तू कोउ विधि।
यह चित माँहि विचारि, गाय चरावन जात बन॥ ८३॥
मैं नहिं देतो जान, उन्हें साथ अक्रूर के।
उत्सव निरखन ध्यान, वे न मानिहैं कोऊ विधि॥ ८४॥
तब फिर कौन उपाय, कीजै बतलाओ समुझि।
वे दोऊ मचलाय, जैहैं सँग जैहैं अवसि॥ ८५॥
समुझावत बहु भाँति, नँदरानी नँदराय जू।
महामोह में मानि, पै न सुनति वह बैन कछु॥ ८६॥
चली निसा वरु बीति, चुकी न इनकी बतकही।
समुझायो सब रीति, पै जसुमति समुझी न कछु॥ ८७॥
सब वृज मंडल बीच, समाचार फैल्यो यहै।
सबै ऊँच अरु नीच, नर नारी सोचन लगे॥ ८८॥

जाँय उते नँदराय, कृष्ण गमन उत ठीक नहिं।
कहैं सबै अनखाय, सहस मुखन एकहि बचन ॥ ८९ ॥
सुनि गुन गन गोपाल, कंस बुरो मानत मनहिं।
तासों तित इहि काल, गमन उचित नहि ता सुअन ॥ ९० ॥
रोकौ तिय चलि ताहि, कैसेहु जान न पावहीं।
बहु समझाय सराहि, विविध भाँति कर जोरि कै ॥ ९१ ॥
लै २ कै सिर भार, नृपति उपायन सब कोऊ।
चलो नन्द के द्वार, मिलि सब सँग समुझावहीं ॥ ९२ ॥
यों कहि सब गोपाल, चले नन्द के भवन कहँ।
उन पीछे बृजबाल, चलीं सबै मन बिलखती ॥ ९३ ॥
कोउ कहति हे वीर, कैसी यसुदा मंद मति।
जिन धार्यो उर धीर, कृष्ण गमन सुनि मधुपुरी ॥ ९४ ॥
कहैं केति सखि प्रान, मैं तजि दैहौं जात उन।
यह निश्चय तू जान, रोकि कोउ विधि नन्द सुत ॥ ९५ ॥
कोउ कहति गहि फेंट, राखौंगी मैं स्याम को।
होनि देहि तौ भेंट, वासों मेरी हे भटू ॥ ९६ ॥
भाखति कोउ चल बीर, नन्द द्वार अब वेगहीं।
कहूं न वह बेपीर, छल बल करि भाजै निकरि ॥ ९७ ॥
कहैं किती वृज बाम, अरी निपट वह निरदई।
जैहै भजि घनश्याम, कैसेहु कछु नहिं मानिहै ॥ ९८ ॥
तासों चलि नंद गेह, मरौ सबै विष खाय उत।
कहा होइहै देह, प्रान जात जब है सखी ॥ ९९ ॥
कहत विविध यों बात, ब्याकुल ह्वै निज सखिन सों।
चलीं सबै बिलखात, नन्द सदन वृज की बधू ॥ १०० ॥
सुनत प्रजा गन सोर, सोचत समुझत चकिजकति।
रुकति रुदित करि रोर, भोर होन के प्रथम ही ॥ १०१ ॥

कवित्त

कैसो है बिधान विधिना को न जनाय कछू,
जाय मधुपुरी फिर कब इत आइहैं।
नाग सिर नाचि हैं उठाइ धरा धर कर
दावानल पान करि हमहिं बचाइहैं।।
गाइन चराइहैं कदम्ब चढ़ि प्रेमघन,
बाँसुरी बजाइहैं औ रस बरसाइहैं।।
जाके भुजबल बसो रह्यो वैरिहीन वृज,
सोई वृजराज आज वृज तजि जाइहैं।।
दूध दधि माखन को भार कितनेहीं धरे,
सिर पर लठा कितने हीं लिये निजकर।
वृज वनिता की अवली अनेक विलखति,
बकति परस्पर कहत धरौं बंसीधर।।
प्रेमघन स्याम के वियोग की व्यथा की घटा,
घुमड़ि रही सी वृज मंडल पै घोरतर।
बाल वृद्ध जुआ नर नारिन की एक संग,
भारी भीर जात है जुरति नन्द द्वार पर।।

श्रीकृष्ण सम्मेलन

नामक तृतीय सर्ग।

चतुर्थ सर्ग

पद्धरी छन्द

द्वै घटिका रजनी रही जानि।
तजि सेज संग आलस्य ग्लानि॥ १॥
अक्रूर उठे अतिसय सकार।
करि नित्य कृत्य निज सब प्रकार॥ २॥
निज सारथीहिं आदेश कीन।
तैयार करहु रथ हे प्रवीन॥ ३॥
आये जब देखे नन्द द्वार।
जिमि रही भीर तहँ अति अपार॥ ४॥
उपहार भार गोपाल वृन्द।
लीने सिर देवै हित नरिन्द॥ ५॥
बकि रहे सहस नारीन संग।
ह्वै मतवारे ज्यों पिये भंग॥ ६॥
कोउ कहत मन्द मति नन्दराय।
बौरो बनि तू किमि गयो हाय॥ ७॥
पठवत मथुरा घन स्याम राम।
अति कुटिल कसाई कंसधाम॥ ८॥
वृज जिअत सकल जा मुख निहारि।
जो देत सहस सौ विघ्न टारि॥ ९॥
जो है वृज को सब विधि अधार।
हम सब को रच्छा करन हार॥ १०॥
हम कबहुँ न दै हैं ताहि जान।
जब लौं या घट में बसत प्रान॥ ११॥

कोउ कहति अरी यशुदा अयानि।
तू करति कहा नहिं सकल जानि।। १२ ।।
पठवत मथुरा निज द्वै कुमार?
जो हम सब को जीवन अधार ।। १३ ।।
होतहिं इनके दोउ दृगन ओट।
लगिहै हम कहँ सब जगत खोट।। १४ ।।
बचिहै तेरो किहि भाँति प्रान।
का समुझि देत तू तिन्है जान।। १५ ।।
धरि सकिहै तू किहि भाँति धीर।
सकिहै सहि कैसे दुसह पीर ।। १६ ।।
मिलि कहत गोपिका ताहि घेरि ।
ऐहै नहिं समुझन समय फेरि ।। १७ ।।
जनि देय उतै तू इन्है जान।
येई हम सब के समुझि प्रान।। १८ ।।
कैसो कठोर हिय हाय कीन।
जल बिन जीहैं किहि भाँति मीन।। १९ ।।
तू समुझति नहिं ग्वालिन गवांरि ।
वेगहि इन जैवै तै निवारि ।। २० ।।
कछु देत न उत्तर नन्दरानि।
लेती उसास धरि सीस पानि।। २१ ।।
कोउ कहत गोपिका कितै स्याम ।
भाग्यो तौ लै नहिं संग राम ।। २२ ।।
गहि रोको वाको कोऊ धाय।
छिपि भजै न वह करि कोउ उपाय।। २३ ।।
यों चली ग्वालिनी सखिन टेरि ।
बहु रहीं नन्द मन्दिरहिं घेरि।। २४ ।।
कोउ कहत जात लखि राम स्याम ।
धरि लीजो तिहि मिलि सकल बाम।। २५ ।।

बहु गईं जहाँ रथ रह्यो ठाढ़।
लै रश्मि करन सो गहीं गाढ़॥ २६॥
प्रति आरा चक्रन गहे हाँथ।
बहु नारि रहीं निज पटकि मांथ॥ २७॥
सौ २ सोंईं मग सकल रोंकि।
चिल्लात विकल हिय करन ठोंकि॥ २८॥
कर लै विष कितनी कहत टेरि।
मरि हैं हम ता छन गमन हेरि॥ २९॥
बहु लै कर गर दीने कटार।
कहि रहीं अरे यशुदा कुमार॥ ३०॥
नहिं देहुँ अकेली तोहिं जान।
पठवहुँगी मैं तुम संग प्रान॥ ३१॥
करुणामय क्रन्दन सुनत नारि।
सँग दृश्य भयंकर यों निहारि॥ ३२॥
अति उत्तेजित हम ज्ञान होय।
मुख आंसुन तें निज धोय रोय॥ ३३॥
बोल्यो अधीर ह्वै एक गोप।
सहि सक्यो न कैसेहु दुसह कोप॥ ३४॥
सोंचत मोचत दृग दोउ नीर।
गहि मौन मनहि मन ह्वै अधीर॥ ३५॥
उठि कह्यो अरे अक्रूर क्रूर।
तू भाग यहाँ तें तुरत दूर॥ ३६॥
नहि फोरौं मैं तेरो कपार।
हम सब कहँ लै तू झोंकि भार॥ ३७॥
पै जान न दैहौं उतै श्याम।
कोउ विधि कैसेहू कंस धाम॥ ३८॥
तू आयो वृज को प्रान लेन।
सहसन मनुजन दुख दुसह देन॥ ३९॥

हे खल नहिं लागत तोहि लाज ।
इन बालन सौंपत कंस राज ।। ४० ।।
कोउ देत बधिक कर धरि मराल ।
सौंपत सिंहहि कोउ सुरभि बाल ।। ४१ ।।
जा भाजि वेग ह्वै रथ सवार ।
क्यों लेत पाप को सीस भार।।४२।।
सुनि सकुचानो अक्रूर बैन ।
समुझयो साँचो यह उचित हैन ।। ४३ ।।
है निज कुल कमल पतंग स्याम ।
तिहि देबो कंस नृशंस काम ।। ४४ ।।
सूधी सुनि वृज वासीन बात ।
अक्रूर कह्यो हम अबहिं जात ।। ४५ ।।
है तुमरी साचहुँ उचित सीख ।
हम कहूँ खायहें माँगि भीख ।। ४६ ।।
पै लै नहि जैहें श्याम राम ।
ह्वै सठ पहुँचावन कंस धाम ।।४७।।
सुनि रुचत उचित अक्रूर बेन ।
वृज वासी लगे आसीस दैन ।। ४८ ।।
तू धन्य सुहृद हित करन हार ।
निष्कपट न्यायरत अति उदार ।। ४९ ।।
निज नाम अर्थ तू सत्य कीन ।
हम सब कहँ जीवन दान दीन ।। ५० ।।
जो इन कहँ मारन चहत नीच ।
मुख दिखलैहौं किमि जगत वीच ।। ५१ ।।
कुल बालक घालक जग कहाय ।
धिक जीवन सुख संसार पाय ।। ५२ ।।
जगदीस करै तेरौ सहाय ।
कहि रहे सोर सब कोउ मचाय ।। ५३ ।।

जगि परे श्यामसुन्दर सुजान।
चहुँ दिसि कोलाहल सुनत कान॥ ५४॥
विन पूछे ही सब जानि वृत्त।
कछु भये न चंचल चकित चित्त॥ ५५॥
करि आवश्यक आरम्भ कृत्य।
जिहि भाँति करत वे रहे नित्य॥ ५६॥
वैसेहीं निकरे आय द्वार।
नित के से ही साजे सिंगार॥ ५७॥
बलराम सँग सूधे सुभाय।
मुसुकात सकल जन मन लुभाय॥ ५८॥
लखि सब चिल्लाने एक साथ।
दिखरावत तिन्हें उठाय हाथ॥ ५९॥
देखहु वह आये राम श्याम।
भूले सनेह को मनहुँ नाम॥ ६०॥
हे कृष्ण कहो तुम कितै जान।
चाहत लै गोपी ग्वाल प्रान॥ ६१॥
तू ले तो इतनो मन विचारि।
हम सकत कबै तुहि छन विसारि॥ ६२॥
कैसेहुँ नहिं दैहौं तोंहि जान।
तूही हम सब को अहै प्रान॥ ६३॥
जैबो चाहै हठ जुपै धारि।
तौ लौ असि कर, सबहिन सँहारि॥ ६४॥
सुनि बिवस प्रेम श्री कृष्ण वैन।
सुस्मित युत उत्तर लगे दैन॥ ६५॥
कैसी है यह इत भीर भार।
लखि परै न जाको वार पार॥ ६६॥
सिर धरे भार सब गोप आय।
गोपीन संग सुधि बुधि गँवाय॥ ६७॥

बकि रहे कहा नहिं परै जानि।
मन मैं विन कारन माख मानि ।। ६८ ।।
गोचारन कोउ न गयो ग्वाल ।
बोले विचित्र लखि परै हाल ।। ६९ ।।
कहुँ बजत मथानी नहिं सुनात।
दधि बेचन कोउ गोपी न जात ।। ७० ।।
वृज त्यागी न हम हैं कछूँ जात ।
कैसी विचित्र तुम कहत बात ।। ७१ ।।
वृन्दाबन है मम नित निवास ।
या मैं राखहु दृढ़ विस्वास ।। ७२ ।।
तुमरी हम पै जिहि भाँति प्रीति।
तुमहूँ हम कहँ प्रिय तिही रीति ।। ७३ ।।
कैसे तुम कहँ हम सकहिं त्यागि।
सोचहु भ्रम निद्रा तनक त्यागि ।। ७४ ।।
सब सों अति निकट रहैं सदैव ।
तब विलखत हौ तुम क्यों वृथैव ।। ७५ ।।
अब जाहु करहु निज काम धाम।
मन सों भुलाय भ्रमशोक नाम ।। ७६ ।।
गंभीर गिरा सुनि या प्रकार ।
नहिं सके समुझि अर्थहिं अपार ।। ७७ ।।
अति ह्वै प्रसन्न जसुदा कुमार ।
सब लगे असीसन बार बार ।। ७८ ।।
अक्रूर निकट पुनि स्याम जाय।
बोले प्रनाम करि सीस नाय ।। ७९ ।।
निरख्यो तुम इनको चचा हाल।
बेहाल भये हैं सकल ग्वाल ।। ८० ।।
मथुरा दिसि गवनहु बेगि आप ।
इत सुनहु न इनके वृथा शाप ।। ८१ ।।

अस कहि कीनो झुकि कै प्रनाम ।
फिर चले नन्द ढिग घनस्याम ॥८२॥
बोले तिन सों मृदु मुसकुराय ।
क्यों बाबा रहे विलम लगाय ॥८३॥
मधुपुरी पधारौ तुमहुँ संग ।
लै ग्वालन को दल बल सुढंग ॥८४॥
गौवन छोरन हित हमहुँ जात ।
वे चरिबेहित व्याकुल लखात ॥८५॥
मुख चूमि नन्द कहि श्री गनेस ।
गवने लै सँग ग्वालन असेस ॥८६॥
ह्वै मन प्रसन्न धरि सीस भार ।
गवने सब सजि सुन्दर प्रकार ॥८७॥
संग लागे केते ग्वाल बाल ।
गावत हरषित कर देत ताल ॥८८॥
यों कह्यो गोप गोपिन बुझाय ।
सब करौ काज तुम गृहन जाय ॥८९॥
जैहैं नहि उत अब राम स्याम ।
इतहीं विराजिहैं नन्द धाम ॥९०॥
हम द्वै दिन मथुरा मैं विताय ।
मिलि सबै पहुँचिहैं इतै आय ॥९१॥
ग्वालिनी भईं हरषित महान ।
करि श्रवनन सों वच सुधा पान ॥९२॥
मुख पंकज सब के एक संग ।
आनन्दित बदल्यो सुरुचि रंग ॥९३॥
पुनि लगे अधर मृदु मुस्कुरान ।
लागे चलिबे चख चोख बान ॥९४॥
फिरि होन तनैनी लागि भौंह ।
बोली कोउ सों इक खाय सौंह ॥९५॥

मैं कही न तोसों तबै बीर ।
नाहक ही हो जनि तू अधीर ।।९६।।
तजि जाय सकै कब नन्दलाल ।
हम सबन कहूँ वह तीन काल ।।९७।।
मेरे सनेह की सहज डोर ।
बँधि रह्यो आज लौं चित्त चोर ।।९८।।
चाहत बनिबो करि नयो ख्याल ।
धूरतताई करि नन्दलाल ।।९९।।
यह नयो निकाल्यो सोचि ढंग ।
चलिबो मथुरा अक्रूर संग ।।१००।।
सुनि जाहि विकल ह्वै जुरे आनि ।
नर नारि इतै तिहि साँच मानि ।।१०१।।
खटकत मेरो मन रह्यो बीर ।
यद्यपि डरपी कछु ह्वै अधीर ।।१०२।।
पै ही सोचत जो भयो सोय ।
वह दियो सहज सब ज्ञान खोय ।।१०३।।
अब अधिक बढ़े है मानि मान ।
हौंहीं वृज जन जुवतीन प्रान ।।१०४।।
यों कहत चलीं सब विविध बात ।
अपने २ गृह ओर जात ।।१०५।।
पै तऊ किती रुकि रहीं बीच ।
जो फँसी रहीं अति प्रेम कीच ।।१०६।।
लखि सूनो थल से रही बैठि ।
लागीं कहिबे भ्रू ऐंठि ऐंठि ।।१०७।।
राधा बोलीं ललिता सुनाय ।
सखि मेरो हिय तिहि नहिं पत्याय ।।१०८।।
वह कहै और कछु करै और ।
नाहिन वाको कछु ठीक ठौर ।।१०९।।

वह चहै अबहिं कहुँ भाजि जाय ।
वासों कोउ की कछु नहिं बसाय ॥११०॥
मैं करि न सकौं वाकी प्रतीति ।
यह जरै निगोड़ी निठुर प्रीति ॥१११॥
हँसि कही विसाखा ठीक बैन ।
या मैं संसय रंचकहु है न ॥११२॥
वाकी हैं समुझति आय चाल ।
है जैसो लङ्गर नन्दलाल ॥ ११३॥
कहि चन्द्रावली सखी सयानि ।
तुम सकी न अब लौं ताहि जानि ॥११४॥
स्वामिनी दृगन की चहत चोट ।
वह यदपि गयो बनि अधिक खोट ॥११५॥
पै तऊ रहत हाजिर हुजूर ।
मुसुकान मजूरी को मजूर ॥११६॥
रुख बदलत हा हा खाय आय ।
लागत चरनन मानत मनाय ॥११७॥
राधा सुनि चन्द्रावली बैन ।
बोली अस कहिबो उचित है न ॥११८॥
अपनी सी जानहु सकल बात ।
वैसीहि दसा सब दिसि दिखात ॥११९॥
तेरो ही वह बिन मोल दास ।
तो बिन लेतो रहतो उसास ॥१२०॥
मिलि यासों बूझी नेक याहि ।
चाहत चित सों वह निठुर काहि ॥१२१॥
दे सीख वाहि दृग दया हेरि ।
ऐसी लीला नहिं करै फेरि ॥१२२॥
जासों सब ब्याकुल होय होय ।
तरपै नर नारी रोय रोय ॥१२३॥

वह रहै सदा तेरेहि संग ।
पै करै न रस को रंग भंग ॥१२४॥
हम ताकी छबि ही लखि अघाय ।
जै हैं जब वह मृदु मुसकुराय ॥१२५॥
दै है कोउ अटपट बोलि बैन ।
करि सरस रसीले नैन सैन ॥१२६॥
कबहूँ कुंजन मुरली बजाय ।
देहै तो कानन सुधा प्याय ॥१२७॥
हँस कही सुनै ना मधुर बानि ।
तुम कोऊ ताहि नहिं सकीं जानि ॥१२८॥
वह लँगर निठुर अतिसय प्रवीन ।
सब कहँ बस विनहि प्रयास कीन ॥१२९॥
काहू में वाको नाहिं प्रेम ।
नहिं कहूँ निबाहै नेह नेम ॥१३०॥
जासौ मिलि जैहै कहूँ आय ।
मुसक्याय मूढ़ दैहै बनाय ॥१३१॥
कहि है तू ही मम प्रिया प्रान ।
है सबहिं भाँति सब सुख निधान ॥१३२॥
बिन तेरे देखे तनिक चैन ।
नहिं लहूँ कहूँ कहुँ सत्य वैन ॥१३३॥
तू दया कबहुँ मो पै दिखाय ।
निरदई अधिक जनि अब सताय ॥१३४॥
वृज मैं सुमुखी सोरह हजार ।
मैं भूलि सबै तुहि चहनहार ॥१३५॥
ये बातैं तौ सूधे सुभाय ।
कहि देय सबन बौरी बनाय ॥१३६॥
पै नेकहु निरखि असावधान ।
बहु करै हानि बनि पुनि अजान ॥१३७॥

विश्वास करावै सौंह खाय ।
वैसहीं करै पुनि दाव पाय ॥१३८॥
लखि दूजी तिय इक सों सनेह ।
दिखराय छुआवै आनि देह ॥१३९॥
बदनाम करै तिय नित अनेक ।
नहिं राखै कोउ में प्रेम नेक ॥१४०॥
लूटै दधि माखन पै न खाय ।
देतो वृज बालक गन खवाय ॥१४१॥
वाको चरित्र समुझो न जात ।
फल या में वाहि कहा लखात ॥१४२॥
तब बोली कोकिल बैनि बैन ।
या मैं सखि संसय नेक हैन ॥१४३॥
वह चहत सबै हमसों रिसाय ।
जासों न प्रीति कोइ सकै लाय ॥१४४॥
यह है न जसोदा जन्यो बाल ।
सब कहत बादि तिहि नंदलाल ॥१४५॥
देवता कोऊ यह मुहि जनाय ।
वृज आय रह्यो लीला लखाय ॥१४६॥
इत कियो काज उन आय जौन ।
हरि तजि सकिहै करि तिन्हे कौन ॥१४७॥
वाकी हैं सबै विचित्र बात ।
कारन जिनको नहि कछु जनात ॥१४८॥
बोली सरोजनी भटू आज ।
मिलि चलौ करौ सब यहै काज ॥१४९॥
गोचारन हित जब इतै स्याम ।
आवैं तब गहि तिहि कुंज धाम ॥१५०॥
ल्याओ अरु पूछौ सकल हाल ।
बिन कहे न छोड़ो नन्दलाल ॥१५१॥

भाई सब के मन यहै बात ।
मिलि भईं सबै तिहि ओर जात ॥१५२॥
इत पहुँचि स्याम सुरभीन पास ।
देख्यो उन सब कहँ अति उदास ॥१५३॥
लागे सुहरावन कोउ जाय ।
कोउ कियो प्यार गर उर लगाय ॥१५४॥
कोउ को मुख चूमत कहत स्याम ।
कोउ सों पूछत लै तासु नाम ॥१५५॥
का कहत अमृतधारा बनाय ।
देऊँ तो बन्धन खोलि आय ॥१५६॥
निजकर छोर्‍यो कोउ आय जाय ।
अरु कह्यो गोपगन सों बुलाय ॥१५७॥
तुम कियो व्यर्थ इनको अकाज ।
छोर्‍यो नहिं अब लौं गाय आज ॥१५८॥
अब छोरहु इन बन बेगि जाँय ।
जल पियें हरो तृन चरें खाँय ॥१५९॥
देखहु रजनी चन्दा दुहून ।
छोड़ियो न इन लखि विपिन सून ॥१६०॥
मोती मूँगा सोना चराय ।
अति जतन सहित नित इत लयाय ॥१६१॥
बांधियो ख्याइयो धोय पोंछि ।
निज हाथन माथन सिर अँगौछि ॥१६२॥
ये अतिसय प्यारी मोहि गाय ।
विलखैं नहिं कैसहुँ क्लेश पाय ॥१६३॥
जा जा धौरी वन चरन काज ।
धूमरी अरी इत कहा आज ॥१६४॥
जा छीर देह री चरि अघाय ।
बछरा तुव रह्यो उतै बुलाय ॥१६५॥

दौरी सुरभी खुलि बिपिन ओर ।
भाजे बछरे बहु कियो सोर ॥१६६॥
इतने में जसुदा गईं आय ।
लीने कंचन थारी सजाय ॥१६७॥
माखन मिसिरी मेवा सँवारि ।
पकवान सलोनो संग धारि ॥१६८॥
हँसि कह्यो कलेऊ करहु आइ ।
तब लाल चरावन जाहु गाइ ॥१६९॥
चलि आये सँग मिलि दोउ भाय ।
रोटी माखन सँग नेक खाय ॥१७०॥
माधव बनाय मुख कही बात ।
बासीहू रोटी कोऊ खात ॥१७१॥
जान्यो तेरो घटि गयो प्यार ।
तू ढूँढ़ि कोऊ सुत अब गवाँर ॥१७२॥
जो बासी रोटी सकै खाय ।
मैं ढूढ़ौं कोऊ और माय ॥१७३॥
जानत जो मैं यह तेरो ढंग ।
भाजतो तबै अक्रूर संग ॥१७४॥
हँसि बोली जसुदा अरे लाल ।
तू ही नै कीनो मुहिं बेहाल ॥१७५॥
कल कही जो तूने विकट बात ।
मेरी विलखत हीं बिती रात ॥१७६॥
भोरहुँ लौं व्याकुलता बढ़ाय ।
तू दियो सकल वृज बुधि विलाय ॥१७७॥
माखन रोटी किहि सकी सूझि ।
यह तौ विचार निज हिये बूझि ॥१७८॥
मेवा पकवानहि कछू खाय ।
जल पीकर गवने दोऊ भाय ॥१७९॥

गैयन गवने मग दोऊ जात ।
बतरात परस्पर मुस्कुरात ।।१८०।।
गवन्यो आगे दल रह्यो जौन ।
पहुँच्यो बढ़ि आगे कछू तौन ।।१८१।।
आगे आगे हे नन्दराय ।
जिन पीछे ग्वाले रहे जाय ।।१८२।।
तिन पीछे शकट अनेक जात ।
पीछे सबके स्यन्दन सुहात ।।१८३।।
जा पै अक्रूर रह्यो विराजि ।
गवनत मथुरा हिय रह्यो लाजि ।।१८४।।
लखि इत मग फूटत अन्य। ओर ।
रथ रोकि लियो तिन तहाँ थोर ।।१८५।।
सोचन लाग्यो अब कितै जाँव ।
मथुरा में तो नहिं मोहि ठाँव ।।१८६।।
जा काजहिं भेज्यो कंसराय ।
मो सँग न कृष्ण बलदेव पाय ।।१८७।।
मारिहै मोहि लै कर कृपान ।
सुनि है न कैसहूँ बात आन ।।१८८।।
या सों चलिबो उत ठीक नाहि ।
हैं बहुतेरे थल जगत माँहि ।।१८९।।
जहँ रहि कोउ विधि जीवन बिताय ।
हम सकहिं भला तब कौन जाय ।।१९०।।
मथुरा में मरिबे कंस हाँथ ।
बिन धरे महा अघ मोट माँथ ।।१९१।।
है ठीक देइबो त्यागि देस ।
सहि लेबो और कोउ कलेस ।।१९२।।
पै निपट अनोखी एक बात ।
नहिं कारन कछु जाको जनात ।।१९३।।

जो कहो कृष्ण सँग चलन रात ।
नटि गये होत हीं वे प्रभात ।।१९४।।
वृजवासी नर नारी विहाल ।
लखि भये दयाबस नंदलाल ।।१९५।।
पै का वे इहि न सके विचारि ।
सुनतहिं जो दीनो बचन हारि ।।१९६।।
मथुरा चलिबे मो सँग प्रभात ।
करि सके न वे कहि सहज बात ।।१९७।।
सो का वे अब कोऊ प्रकार ।
जैहैं मथुरा वे कंस द्वार ।।१९८।।
तौ बने मूढ़ हम विनहिं काज ।
तजि देस कोप लहि कंसराज ।।१९९।।
या विध संसय विसमय अनेक ।
परि सक्यो न करि वह तऊ नेक ।।२००।।
निश्चय अपनो कर्तव्य काज ।
चिंता समुद्र को बनि जहाज ।।२०१।।
उत्पात बात लखि डगमगात ।
चलि आवत इत पुनि उतै जात ।।२०२।।
यों सोचत ह्वै व्याकुल महान ।
अक्रूर मूँदि दृग खोय ज्ञान ।।२०३।।
चलिबो दूजे मग मन विचारि ।
खोल्यो जब दृग चौंक्यो निहारि ।।२०४।।
सँग राम कृष्ण रथ पास आय ।
बोले प्रणाम करि मुसकुराय ।।२०५।।
तुम खड़े तात इत कहहु काह ।
वादिहि खोटी क्यों करत राह ।।२०६।।
चलिये जित चलिबो तुमहि होय ।
चित के सिगरे भ्रम जाल खोय ।।२०७।।

अक्रूर सक्यो कहि कछू नाहिं ।
समुझ्यो देखहुँ तौ स्वप्न नाहिं ॥२०८॥
कब पहुँचे इत बे दोऊ भाय ।
चलियै इन कहँ अब कित लियाय ॥२०९॥
जौ मथुरा दिसि ये चहैं जान ।
तौ सकल वृत्त को आख्यान ॥२१०॥
करि दैवो इन सों सब प्रकार ।
है मम कर्त्तव्य विना विचार ॥२११॥
यों सोचि कह्यो अक्रूर बात ।
चलिबो तुम चाहौ कितै तात ॥२१२॥
आओ बैठो रथ दोउ भाय ।
करतब तब निश्चय कियो जाय ॥२१३॥
कल संध्या तुम सो कियो बात ।
कछु संछेपहि हम सकुच खात ॥२१४॥
समुझ्यो पुनि अवसर उचित पाय ।
कहिहैं सब शेष तुमहि बुझाय ॥२१५॥
जानहु नहिं तुम कछु जासु भेद ।
उत जाय तुम्हैं कछु जासु भेद ॥२१६॥
तासों सब देहुँ तुमहि बताय ।
ह्वै सावधान तुम दोऊ भाय ॥२१७॥
सुनि लेहु कहत जिहि मैं सखेद ।
मथुरेश महीप रहस्य भेद ॥२१८॥
मन मैं तुमसों बहु बुरो मानि ।
चाहत छल बल सों उतै आनि ॥२१९॥
तुम नासन कोऊ भाँति प्रान ।
धनुयज्ञ आदि उत्सव महान ॥२२०॥
जा हित साज्यो उन बहु प्रकार ।
तुम दोउन ल्यावन काज भार ॥२२१॥

दै मों सिर पठ्यो इतै तात ।
यद्यपि न रुची यह मोहि बात ॥२२२॥
पर नृप शासन सों का बसाय ।
आयो इत चित चिन्ता छिपाय ॥२२३॥
भल मन विचारि तुम सकल बात ।
सो करो उचित जो मन लखात ॥२२४॥
चाहो जित गवनहु तित बहोरि ।
नहिं मोहि लगइयो कछू खोरि ॥२२५॥
उन कीन्यो वन्दी उग्रसेन ।
अब चाहत उनको प्रान लेन ॥२२६॥
वसुदेव देवकी दुहुन फेरि ।
कारागृह राख्यो कंस घेरि ॥२२७॥
जो अहैं तुम्हारे बाप माय ।
सहि रहे दुःख जे विविध भाय ॥२२८॥
मैं हूँ यदुवंशी तासु भ्रात ।
पै करूँ कहा कछु नहिं बसात ॥२२९॥
तुव जननी जसुमति अहै नाहिं ।
नहिं नन्द महर त्यों पिता आहि ॥२३०॥
विस्तृत है वाकी कथा तात ।
संक्षेप कही हम तत्व बात ॥२३१॥
सुनि बोल्यो माधव मुस्कराय ।
नहिं कारन चिन्ता कछु लखाय ॥२३२ ॥
विधि जा कर जा विधि लिख्यो अन्त ।
तिहि कहैं अटल श्रुति ज्ञानवन्त ॥२३३॥
जिहि विधि जे होनो जवन काज ।
तब तैसोई सब जुरत साज ॥२३४॥
विधि को विधान अति अटल जानि ।
नहिं पंडित जन मन करत ग्लानि ।२३५॥

सो चलहु आप रथ उत बढ़ाय ।
देखहिं तो चलि कस कंस राय ॥२३६॥
जाकी कुनीति जग जन कँपाय ।
रव त्राहि त्राहि दीनो मचाय ॥२३७॥
सुनि कह्यो बढ़ावहु रथ प्रवीन ।
अक्रूर हरषि आदेस दीन ॥२३८॥
सारथी हाँकि हय रथ बढ़ाय ।
तब चल्यो पवन गति सों उड़ाय ॥२३९॥
गवनत जिहि मग वह रथ महान ।
तरु देत मनहु सम्मान दान ॥२४०॥
झरि खिले सुमन सब एक बार ।
वृज त्यागि चलत दोउ नँदकुमार ॥२४१॥
सींचत वीथी मकरन्द धार ।
माधव वियोग दुख धौं अपार ॥२४२॥
बरसावत आँसुन रहे रोय ।
वृन्दावन शोभा सकल खोय ॥२४३॥
शीतल समीर लै सब सुवास ।
लै चल्यो रहन जनु स्याम पास ॥२४४॥
खग चले सकल नभ छाय संग ।
घन घिरी घटा जनु रँग विरंग ॥२४५॥
सब चले छिपाये धूप जात ।
दुहुँ ओर सिखी दौरत सुहात ॥२४६॥
दौरीं मृग माला ह्वै अधीर ।
ढारत विशाल दृग भरे नीर ॥२४७॥
जे फिरीं देखि वन होत अन्त ।
माधव वियोग दुख दहि दुरन्त ॥२४८॥
रथ पहुँच्यो मथुरा निकट आय ।
गोपालन सँग जँह नन्दराय ॥२४९॥

टिकि रहे नगर बाहर सुठौर ।
सब निज सुपास कौ करन डौर ।।२५०।।
रथ पें लखि आवत राम स्याम ।
बोले खोटो तुम कियो काम ।।२५१।।
तजि वृज आये तुम दोउ भाय ।
नहिं आवन की निश्चय कराय ।।२५२।।
सुनि गोपन की यों महा सोर ।
हँसि कै बोले जसुदा किसोर ।।२५३।।
हम आये इत तुम सबन काज ।
सुनि तुम पय भय को गिरत गाज ।।२५४।।
तिहि चहत निवारन इतै आय ।
मति मानहु मन में कोउ कुभाय ।।२५५।।
सब कह्यो भलो जब गये आय ।
तब उतरौ आओ दोऊ भाय ।।२५६।।
तब मन मोहन मृदु मुसकुराय ।
अक्रूरहि बोले यों बुझाय ।।२५७।।
मधुपुरी पधारौ आय तात ।
मिलि कंसराय सों कहहु बात ।।२५८।।
हम इत उन आदेसानुसार ।
आये बसि निसि होतहिं सकार ।।२५९।।
ऐहैं निरखन उत्सव अनूप ।
हरखित ह्वै हैं लखि कंस भूप ।।२६०।।
अक्रूर कह्यो बस ह्वै सनेह ।
चलि निवसहु निसि मम आज गेह ।।२६१।।
इत सो उत कछु मिलिहै अराम ।
है उचित न अस हँसि कह्यो स्याम ।।२६२।।
ऐहैं कबहूँ उत समय पाय ।
नहिं आज संग साथिन बिहाय ।।२६३।।

यों कहि उतरे राम स्याम रथ त्यागि कै।
हाँक्यो रथ अक्रूर चले हयभागि कै।।२६४।।
ग्वाल बाल मिलि दुहुन अनन्दत होय कै।
खान पान करि निसा बितायो सोइ कै।।२६५।।

इति श्री गोविन्द विनोद श्री कृष्ण वृजपरित्याग
नाम चतुर्थ सर्ग समाप्तः

अथ पंचम सर्ग

गुनि समय ऊषा उठे सब गोपाल गन हरषाय कै।
लागे जुहारन नन्द कहँ सब देव पितर मनाय कै।।
बोले विलखि तब नन्द शिव कल्यान हम सब को करें।
सँग कृष्ण अरु बलदेव के सकुशल चलैं पुनिरपि घरैं।।१।।
कोउ कहत नाहीं राम स्यामहि जीतिबे वारो कोऊ।
मानत बुरो है कंस पै लखि इन्हें सिखि जैहें सोऊ।।
कोउ कहत मन चाहत अबै इत सों घरैं इन फेरिये।
तौ नटत कोउ कहि क्यों न कारन कोऊ ऐसो हेरिये।।२।।
लखि भोर नन्द किसोर जागे ग्वाल बालन टेरि कै।
सब चले बन की ओर सारे मचाय स्यामहि घेरि कै।।
करि नित्य कृत्य निवृत्त सब जमुना हू पहुँचे जाय कै।
अरचन लगे निज इष्ट देवहिं गोप सकल मनाय कै।।३।।
घनस्याम अरु बलराम सँग मिलि ग्वालबाल अन्हाय कै।
जल केलि विविध प्रकार भल सब करि रहे मन भाय कै।।
कोउ तोरि पुरइन पत्र दै सिर छत्र नृप बनि राजहीं।
कोउ कुमुदिनी के कुसुम कुंडल बनय कानन छाजहीं।।४।।
कोऊ विशाल मृणाल के केयूर वलय बनावते।
पहिने करन अरु भुजन पर सहगर्व सबन दिखावते।।

कोउ कमल झूमक कान के बहु भाँति आभूषन बनय।
निज अंग सुघर सँवारते मन वारते को छवि चितय ॥५॥
कोऊ सनाल सरोज कँह् अजतन सहित उपारहीं।
ठानें परस्पर युद्ध लीला एक एकन मारहीं॥
कोऊ उछालत नीर कोउ पिचकारि कर की मारते।
कोऊ न सहि जलधार भाजें तीर पर जब हारते ॥६॥
बूड़त कोऊ तैरत कोऊ कोउ छुअत कोऊ जाय कै।
पकरत कोऊ बूड़ो कोऊ कहि चोर चोर चिलाय कै॥
कोऊ लरत लत्ती चलावत कोउ काहू मारतो।
कोऊ कोऊ के कान्ह चढ़ि कूदत कोऊ है हारतो ॥७॥
या भाँति रत जल केलि मैं बालकन लखि नँदराय नें।
यों कहो गोपन सों चलतु लै संग सकल उपायनै ॥
हम सब प्रथम चलि राजगृह की लखि दसा सब आवहीं।
तब पलटि कै इन बालकन कँह संग लै उत जावहीं ॥८॥
हे कृष्ण हे बलराम तुम सब इतै रहियो तहाँ लौं।
हम सब वहाँ की भीर भार विलोकि पलटैं जहाँ लौं॥
यों कहि सबन बालकन नन्द चले सकल गोपाल लै।
माधव कह्यो मुसक्याय सबसों सुनहु अब तुम ध्यान दै ॥९॥
आवहु सखा हमहूँ सबै उत चलैं इत रहिबो वृथा।
उत्सव परम रमनीय देखें सुनि रहे जाकी कथा॥
यों कहि परे हरि निकरि जमुना सों सहित बालकन के।
भूषन वसन सों ह्वै सजित हित चले उत्सव लखन के ॥१०॥
मनसुखा, श्रीदामा, सुबल, अरु अंश, अर्जुन संग मैं।
ओजस्वि, वृषभ, विशाल, देवप्रस्थ, भरे उमंग मैं॥
मिलि भद्रसेन, वरुथय, स्तोकादि, बाँधे मंडली।
सब ग्वाल बालन की चली मन मैं मचावत रँगरली॥ ११॥
भारी लठा कोऊ लिये कोउ लकुट निज कर मैं धरे।
कोउ पाग टेढ़ी बांधि सिर पर सोहनी डारे गरे॥

माला बिबिध फल फूल की ओढ़े दुपट्टा कोउ चले।
पहिरे झगा कटि काछनी काछे चले सोभत भले।।१२।।
लागे लखन मथुरापुरी छवि भरे भूरि उमंग मैं।
घनस्याम अरु बलराम लै सँग ग्वाल बालन संग मैं।।
मधु दैत्य नै जा कँह बसायो रुचिर अपने नाम सों।
शत्रुघ्न नै जा कँह सजायो शिल्प कारन काम सों।।१३।।
जिहि भोज राजन ने बनाई राजधानी आपनी।
जाको बनो नृप कंसराय अहै सबै विधि सों धनी।।
प्राकार जाके चहूँ दिसि अति पुष्ट उच्च विराजतो।
आकास चुम्बित गोपुरन तोरन अनकन धारतो।।१४।।
सब ललित प्रस्थर मय रचित औ खचित विविध प्रकार के।
बहु बेल बूटन मूरतिन सों सजित सहित सुधार के।।
कंकर पिटे पथ स्वच्छ सिंचित नीर चौड़े राजते।
जाके दुहूँ पाश्व पँचमहले महल छबि छाजते।।१५।।
सबहीं सुधा लोपित सबन में बसत नर नारी घने।
सबहीं लखात समृद्धिवान बलिष्ट सुघर सुहावने।।
सब शीलवान सुजान बर विद्वान जन मन मोहते।
सुभ स्वर्णमय भूषन जटित नवरत्न सब अँग सोहते।।१६।।
सब के बसन कौशेय रंग बिरंग वय अनुसारहीं।
जरकसी सूईकार के बहु भाँति तन पै धारहीं।।
सब के ललाटन तिलक माला सुमन सब के गर परी।
मुख पान सब के म्यान में असि झूलती कटि मैं भरी।।१७।।
सब के सदन के सहन मैं तरु सुमन विकसित सोहते।
सब द्वार वन्दनवार कदली कलस युत मन मोहते।।
सब की अटारिन पै ध्वजा फहरैं पताका बात सों।
सब के घरन मैं राग रंग सुनात आज प्रभात सों।।१८।।
बहु भाँति के बाजे बजैं मचि रह्यो मंगल मोद सो।
जे कंस अत्याचार सों है गये भूलि विनोद सो।।

सुनि आज ते वसुदेव सुत को आगमन वृज तें इतै।
नृप कंस के विध्वन्स हित सब प्रजा जन हर्षित चितै ॥१९॥
तकि रहे तिनकी बाट नर निज द्वार नारि अटा चढ़ीं।
माधव विलोकन काज मन के मोद सो मानहु मढ़ीं॥
घनस्याम अरु बलराम सँग लखि ग्वाल बालन आवते।
लागे तिनहि के संग बहु नागरिक सोर मचावते॥ २०॥
जय देवकी सुत जयति जय बसुदेव सून महा बली।
स्वागत करें इत आप को हम लोग सब भातिन भली॥
देवी मुखन आकासवानी सुनि रही आसा लगी।
इत लहि उपद्रव कंस दुख सों दहकि वह अतिसय जगी॥२१॥
यह आपको आगमन वाके शमन के हित आज है।
धनु यज्ञ उत्सव हित निमंत्रण तो निरो इक व्याज है॥
तुमरे हतन हित हैं रचे इत इन अनेक समान हैं।
पर एक वाधा करत नहि जो कोऊ पुरुष प्रधान हैं॥२२॥
कहँ राम कहँ धनु ताड़का खरकुम्भकरनादिक बली।
दूषण तृशिर घननाद रावण पै न काहू की चली॥
त्यों आपहूँ कहँ कोऊ बाधा करि सकै गो इत नहीं।
वरिहै विजैश्री आपहूँ कहँ श्याम सुन्दर तैसही॥२३॥
इहि भाँति सोर अथोर चारहुँ ओर सों बाढ्यो महा।
सुनि जाहि दौरे लोग सब जिहि भाँति सो जो जहँ रहा॥
नारी अटारिन पै चढ़ीं लै लाज कर बरसावतीं।
सुनि धुनि किती तजि लाज काज समाज धावत आवतीं॥२४॥
जे रहीं जैसी आय वे वैसी जुरीं खिरकीन पै।
इक एक के ऊपर परति गिरि निरखतीं तिय तीन पैं॥
कोउ एक दृग आँजी न दूजो आँजि आई धाय कै।
कोउ लाय जावक एक पग उठि चलीं ताहि बहाइ कै॥२५॥
कोउ एक कुच पै कंचुकी कसि एक कर पकरे चलीं।
कोउ एक चोटी बाँधि कर सों शेष कच जकरे चलीं॥

कोउ सीस पैं सारी परी सुधि खोय घूँघट चलि परीं ।
प्यावत कोऊ शिशु छीरतजि तिहि तहाँ सों इत चलि अरीं ।।२६ ।।
कोऊ हार गर में डारती जूरो अरो पर आइ कै ।
कोउ किंकिनी गर डारि आईं नारि सुधि बिसराय कै ।।
कोउ पहिरि बेसर कान मैं हत ज्ञान ह्वैतित धावतीं ।
कोउ लिये नूपुर पहिर निज कर वेगसों तित आवतीं ।।२७।।
कोउ एक कर कंघी अपर कर लिये दरपन आइ कै ।
लखि स्याम मन मोहन मधुर छवि कहत सखिन बुझाइ कै ।।
देखौ सखी है यही सुन्दर साँवरों मन भावनो ।
सत काम जापैं वारिये अभिराम बहु ऐसो बनो ।।२८।।
जा चन्द मुख पै परी लोटैं लटैं जैसे नागिनी ।
राजीव लोचन चारु चितवनि चपल मन अनुरागिनी ।।
कटि तट कसे पट पीत सिर पर मोर मकुट बिराजतो ।
ओढ़े उपरना पीत लीने कर कमल छवि छाजतो ।।२९।।
निज सखन सँग बतरानि मृदु मुसक्यानि जिन याकी लखी ।
मन राखि निज बस ते सकैगी कहौ किहि विधि हे सखी ।।
छवि पुंज बनि गर मुंज माला परी अति मन मोहती ।
जनु लाजवर्त शिला जटित चुन्नीन राजी सोहती ।।३०।।
सँग पीत पट वारो निहारो रोहनी सुत राम है ।
जनु उभय बाल मराल जोरी सोहती अभिराम है ।।
सँग ग्वाल बालन के भले आवत बने मन भावते ।
नागरिक नर नारीन के हिय सुधारस बरसावते ।।३१।।
सुनि कहति दूजी हे भटू तू कहति जो सो है सही ।
पै एक संका उठि हिये अति मोंहि व्याकुल कर रही ।।
रन कहँ बुलायो कंस करि संकल्प दुष्ट महान है ।
कोउ भाँति छल बल करि चहत इन दुहुन लेबो प्रान है ।।३२।।
यह सोंचि कुछ कहि जात नहिं है बात निपट भयावनी ।
कहँ अतुल बल नृप कंस कँह ये मूरतैं मन भावनी ।।

सहि सकत है अलिभार अलि नहिं पै कबहुँ गजराज को।
लरि लाल मंजुल जानि सकिहैं कबहुँ बहरी बाज सों ॥३३॥
सुनि कहति दूजी वीर तू का बकति यों बौरी भई।
विधि सबैं विधि विरची अनोखी सृष्टि यह अचरज मई॥
छिन मैं जरावत महा वन परि अग्नि चिनगारी तनी।
सहसन सहत घन चोट फूटत पै न हीरन की कनी॥३४॥
चूरत महा गिरि शिखर परि विद्युत किरिच रंचक अली।
कोगी हनत अति सहज ही बनराज केहरि अति बली॥
बसि सदा सागर जलावत वाडवानल देखियै।
जे तेजबंत न तिन्हैं लघु आकार लखि लघु लेखियै॥३५॥
तैसे न इन बालकन बालक निपट जानहु बावरी।
केशी अरिष्ट अघासुरन गज हन्यो जिन वनि केहरी॥
पय पियत नास्यो पूतना वक व्योम वत्सासुर हन्यो।
धेनुक, शकट, शट तृणावर्त सँहारि अजित अहै बन्यो॥३६॥
जिन कँह पठायो कंस नै इन मारिबे के काज ही।
ते मरे इनके हाथ तिनको देखु बल किन आज ही॥
कालीय नाग कराल नाथ्यो नृत्य तिहि फन पर कियो।
नास्यो पुरन्दर विधि गरब सुनि कंस को काँप्यो हियो॥३७॥
मार्यो सुदर्शन शंख चूड़हि पान दावानल कियो।
भंज्यो जमल अर्जुन करहिं पर धारि गोवर्धन लियो॥
कोउ कहति संसय कछू नहिं देवी कही सो है सही।
नृप कंस को जो काल जायो देवकी सो है यही॥ ३८॥
याके करन सों बचि सकत नहिं आज कैसहु कंस है।
जगदीस ऐ सोई करै वह नृपति निपट नृशंस है॥
कोऊ कहति धनि है यशोमति इन्हैं गोद खिलावती।
सुत जानि कै निज पालती औ अमित मोद मनावती॥३९॥
आनन्द की सीमा रही कँह आज लौं नँदराइ के।
जो चन्द सों मुख चूमतो इनको सदा उर लाइ के।

धनि धन्य वे वृज गोपिका रसराज जिन इन संग में।
राँची रही अभिमान भीनी भूरि भाग उमंग में॥४०॥
सोये रहे हैं भाग अबलौं देवकी बसुदेव के।
जागे रहे इन सबन के बस भटू भावी भेव के॥
अब जाग्यो उनके संग हम सब को लखातो आज सों।
इन सबन को सोयो अवसि इत दोऊ आवन व्याज सों॥४१॥
दिन एक सें बीतत बराबर नहिं कोऊ के नित्य हैं।
जो आज सुख सों सोवतो लहि सकल सुख साहित्य हैं॥
कल उन्हें बेकल देखियत बेकल परे जे आज हैं।
उनही न कल जो देखिये लखि परत सह सुख साज है॥४२॥
विलखत सदा हीं देवकी बसुदेव के दिन हैं कटे।
अब तो परत है जान जनु दुख दिवस उनके हैं हटे॥
अब ईस करुना कर उन्हें सुख देय करुना कर सखी।
अरि हीन ह्वै सम्पत्ति सुत वे लहें पुनि पर घर रखी॥४३॥
लखि परत लच्छन ऐसही जो सोचि नेक विचारिये।
चिर दुखित मथुरापुरी विहँसत आज जिनहिं निहारिये॥
दुख दुसह टारन आगमन कारन इनहि को है अली।
ह्वै रह्यो मंगल साज प्रति घर आज निरखि गली गली॥४४॥
हो कंस को विध्वंस यह सब के हिये की चाह है।
जाके बिना नहि प्रजागन को कैसहूँ निर्वाह है॥
कहि सकै को ये गुप्त बातें कौन विधि सब जानि कै।
आचार मंगल कर रहों सब प्रजाहित हिय मानि कै॥४५॥
यों नगर निरखत सुनत स्वागत सोर सकल प्रजानि के।
पहुँचे सकल गोपाल बालन सखा सँग हरि आनि के॥
लखि राज महल विशाल शोभा ग्वाल बाल सुहावनी।
जकि से रहे चकि सबै दीखी ही न जस कबहूँ बनी॥४६॥
ऊँची अटारी की कतारी गगन चुम्बित राजती।
शिखर जिनके कनक कलसन की अवलि छबि छाजती॥

सब संख मर्कत शिला बिरचित भवन भिन्न प्रकार के।
चहुँ ओर चित्रित विविधमनिगन जटित सहित सुधार के ॥४७॥
जिन पैं पताका फरहरै बरकार चोबी काम की।
सोही सुनहरी मखमली बहु रंग अरु बहु दाम की ॥
जिनके दरन सुवरन किवारे जड़े दरपन दरसते।
सोहत रजत चौखटन बाजुन मध्य मन आकरसते ॥४८॥
जिन पर परे परदे सुरँग जरकसी सुन्दर साल के।
कसि रहे रेसम रज्जु तोरन सजे मुक्ता माल के ॥
जिन चहूँ ओरन बीच अजिर महान बिस्तृत सोहतो।
जा मध्य मंडप उच्च अति सुविशाल बनि मन मोहतो ॥४९॥
जिन बर मदन के खम्भ रूपे के ढले सुविशाल हैं।
कंचन लता जिन पर चढ़ी मनिमय मुकुल जुत जाल हैं ॥
जिनकी बनी अवनी अस्फटिक मनि पटरीन सों।
त्यों अन्य मनिमय जटित शोभित चित्र पसु पंछीन सों ॥५०॥
जिहि जात निरखत हिये हरखत सखन के संग स्याम हैं।
चहुँ ओर स्वागत सोर नारी नर करत अभिराम हैं ॥
सारे नगर के सकल टोले हैं बने मन भावने।
राजत अमल थल सकल भवन सबै सुसज्ज सुहावने ॥५१॥
हैं हाट सब सम अवलि में इक चाल भवनन सों बनी।
संसार की सब वस्तु उत्तम रहत जित संचित घनी ॥
जँह करत क्रम बिक्रम रहत व्यापारि गन लै धन जुरे।
दौरत बया दल्लाल कीन्हे लाल मुख बीरे हुरे ॥५२॥
ह्वै रही बोरे बंदियाँ कहुँ ढुलै तुलि तुलि माल हैं।
खुलि रहे तोड़े गिनत रुपये लोग होय निहाल हैं ॥
कतहूँ चितेरे स्वर्णकार दुकान कहुँ जड़िये धरे।
कहुँ भिषक पंसारी अलेमारीन बहु औषधि भरे ॥५३॥
बढ़ई लोहार कहूँ कसेरे शस्त्र विक्रेता कहूँ।
बेंचत अनोखी वस्तु जस नहिं लख्यो कोऊ कैसहूँ ॥

गंधी कहूँ माली कहूँ फल विविध बेचन हार हैं।
बैठी अटारिन वारि नारि कहूँ किये सिंगार हैं।।५४।।
बहु दीन भिक्षा माँगते त्यों बिविध याचक जाँचते।
कोउ निज शरीरहिं कष्ट दै बिन लिये कछु नहिं मानते।।
गावत बजावत तालियाँ कहुँ हींजड़े मेहरे नचैं।
अरि जाहिं जापै वे बिना पैसे दिये कैसे बचैं।।५५।।
जिहि ओर सों जाते चले श्री कृष्ण औ बलराम हैं।
सब दौरि कै इनकी लखैं छबि छाड़ि निज गृह काम हैं।।
कोउ कहैं ये वसुदेव सुत आये हमारे भाग सों।
जिन बाट जोहत रहे हम बहु दिनन अति अनुराग सों।।५६।।
जिन आगमन पूरबहि तैं इनके सबै दुख बहि गये।
जे रहे अत्याचारि ते संकति सहमि से रहि गये।।
ह्वै गयो सुख संचार विनहि प्रयास चहुँ चित सोचिये।
ताके चरन अरचन करन हित नैन नीरहिं मोचिये।।५७।।
स्वागत करत वाको सबै मिलि वेगि सँग ह्वै लीजिये।
तन मन सकल धन देखि कै वापै निछावर कीजिये।।
दिननाथ दर्शन प्रथम ज्यों तमराशि अरुनोदय हरै।
वर्षागमन पूरब यथा वहि बात पूरब सुख भरै।।५८।।
हरि ताप ग्रीषम को बतावैं भयो ताको अंत है।
पतझाड़ के पीछे नवल दल यथा देत वसंत है।।
त्यों कंस के विध्वंस पूरब ही हरचो दुख रासि है।
आनन्द की आभा रही मथुरापुरी परकासि है।।५९।।
उगिल्यो अमिति छित अन्न अबहीं सुखी सब जन ह्वै गये।
सब उद्यमन व्यापार में बहु लाभ सब लोगन लये।।
जै देवकी सुत जयति जय वसुदेव सून महाबली।
जाके दया दृग दीठि सों इतकी सबै बाधा टली।।६०।।
जिन में टंगे वर झाड़ आदिक साज सोभा दै रहे।
जिन डाट कंचन कँवल मनि मय मोल से मन लै रहे।।

टँगि रही हाँड़ी नाद जित बहु रंग अरु बहु मोल की।
बहु चित्र परम विचित्र कारीगरी सहित सुढंग की ॥६१॥
सुविशाल दर्पन स्वर्ण चौखट जड़े भीतन बहु सजे।
ताखन खिलौने धरेबहु अनमोल जनु चाहत भजे॥
जँह कनक पिंजरे टँगे पंछी विविध बोलें बोलियाँ।
गावत कोऊ बतरात कोउ कोउ करत किलकि ठठोलियाँ॥६२॥
आगे सबन के शुभ सुमन उद्यान शोभा दै रहे।
जिन लता द्रुम पै भ्रमर गन गुंजार नित प्रति कै रहे॥
जिन चहूँ ओरन बीच अजिर महान विस्तृत सोहतो।
जा मध्य मंडप उच्च अति सुविशाल बनि मन मोहतो॥६३॥
फहरत पताके जितै रंग विरंग विविधि प्रकार हैं।
कदलीन के खंभे सदल बँधि रहे जित प्रति द्वार हैं॥
जा मध्य लाल वितान तनि मखमली शोभा दै रह्यो।
सह काम जरदोजी जवाहिर जरयो जगमग कै रह्यो॥६४॥
जा छोर झालर झूलती चहुँ ओर वर मोतीन की।
लहि चोब चामीकर रुचिर मनिमय कनक कलसीन की॥
त्यों बीच सुन्दर बिछे सोहैं रेसमी कालीन हैं।
कमखाब के परदे हरे छवि रहे छाय नवीन हैं॥६५॥

[असमाप्त]

नोट—प्रेमघन जी इस काव्य को इसी स्थान तक लिख सके थे। १९७२ में उन्होंने यहाँ तक लिख कर बाद में पूरा करने के लिए छोड़ दिया था; पर दुर्भाग्य-वश यह काव्य फिर लिखा न जा सका।

दूसरा खंड

स्फुट काव्य

युगलमंगल स्तोत्र

यह कविता कवि की प्रारम्भिक रचना के रूप में हमें मिलती है, इसमें कृष्ण और राधा के कतिपय मनोहारी चित्र हैं।

सं० १९३१

युगल मंगल स्तोत्र*

दोहा

मुरली राजत अधर पर उर विलसत बनमाल ।
आय सोई मो मन बसौ सदा रंगीले लाल ।।
सीस मुकुट कर में लकुट कटि तट पट है पीत।
जमुना तीर तमाल तर गो लै गावत गीत ।।
वृज सुकुमार कुमारिका कालिन्दी के तीर।
गल बाँही दीन्हें दोऊ हँसत हरत भवपीर ।।

कुंडलिया

लसत ललित सारी हिये मंजुल माल अमंद।
जयति सदा श्री राधिका सह माधव वृज चन्द ।।
सह माधव वृज चन्द सदा विहरत वृज माहीं।
कालिन्दी के कूल सूल भव रहत न जाहीं ।।
बद्री नारायण भोरहि उठि दोउ पागे रस।
दोउ मुख ऊपर छुटे केश नैनन में आलस ।।

दूसरी कुंडलिया

दोऊ गल वाहीं दिये ठाढ़े जमुना तीर।
मंगलमय प्रातहिं उठे राधा श्री बलबीर ।।

* यह प्रेमघन जी की सर्वप्रथम कविता है। इसके पूर्व की कविताएं गीतों तथा फुटकर सवैया इत्यादि में होती थीं पर वे न तो प्राप्त हैं और न उनका उल्लेख ही प्रेमघन जी ने किया है। प्रेमघन जी के द्वारा भी यही कविता प्रथम कही जाती थी। पहले की रचनाओं के विषय में कविकी भी यही धारणा थी।

राधा श्री बलबीर दोऊ दुहुँ रस अनुरागे।
झँपत पलक द्रिग अरुन भये घूमत निशि जागे॥
बद्री नारायण छुटि कच शुभ राजत सोऊ।
चुटकी दै जमुहात खरे अरसाने दोऊ॥

तीसरी कुंडलिया

लाल लली तन हेरि कै महा प्रमोदित होत।
करि चकोर चख लखत मुख मंगल चन्द उदोत॥
मंगल चन्द उदोत राहु सम केश रहे सजि।
मृग सम जुग द्रिग देखि दुःख काको न जात भजि॥
बद्री नारायण प्रमुदित ह्वै वार्‌यो तन मन।
भाज्यो मन्मथ लाजि विलोकत लाल लली तन॥

मालिनी छन्द

प्रातहि उठि दोऊ राधिका कृष्ण सोऊ।
तर सुभग लता के तीर में भानु जाके॥
हरि मुरलि बजावें राधिका द्रिग नचावें।
बहु भावें दिखावें कोटि कामें लजावें॥
हरि प्रिय दिशि जोहें देखि कै चित्त मोहें।
कुटिल जुगल भौहें सीस पै विन्दु सोहें॥
अलकावलि काली चीकनी घूँघुराली।
जग में अस को है देखि कै जो न मोहै॥

छप्पै

मंगल प्रातहिं उठे दोऊ कुंजनि तें आवत।
मंगल तान रसाल सुमंगल वेनु बजावत॥
मंगलमय अनुराग भरी हरि बचन बतावत।
मंगल प्यारी विहँसि श्याम को चित्त चुरावत॥

मंगल गलबाहीं दिये दोउ दुहून लखि मोहते ।
बद्री नारायण जू खरे मंगलमय छबि जोहते ।।

छप्पै

मंगल मय हरिसिर ऊपर शुभ मुकुट विराजत ।
मंगल प्यारी मुख ऊपर विन्दुली छबि छाजत ।।
इत मंगल मुरलिका सहित धुनि सुन्दर वाजत ।
उत प्यारी पग नूपुर धुनि सुनि सारस लाजत ।।
दोऊ निज २ द्रिग सरन सों हँसि २ दोउन मारहीं ।
बद्रीनरायनजू नवल छबि लखि तन मन धन वारहीं ।।

छप्पै

मंगल राधा कृष्ण नाम शुचि सरस सुहावन ।
मंगलमय अनुराग जुगल मन मोह बढ़ावन ।।
मंगल गावनि भाव सुमंगल बेनु बजावन ।
मंगल प्यारी मोद विहँसि मुख चन्द दुरावन ।।
मंगलमय प्रातहिं उठि दोऊ कुंजनितें गृह आवंई ।
बद्रीनारायण जू तहाँ मंगल पाठ सुनावंई ।।

छन्द हरिगीतिका

वृखभानजा माधव सुप्रातहिं भानुजा तट पै खरे ।
दोऊ दूहूँ मुख चन्द निरखत चखनि जुग आनन्द भरे ।।
मन दिये बिनती करत माधव मिलन हित ठाढ़े अरे ।
बद्री नारायन जू निहारत मन निछावर हित धरे ।।

नाराच छन्द

कभौ निकुंज सून में प्रसून लाय लाय कै ।
विशाल माल बाल कों पिन्हावते बनाय कै ।।

भले बनी ठनी प्रिया सुश्याम संग राजहीं।
प्रभा निहारि हारि २ काम बाम लाजहीं ।।

भुजंगप्रयात छन्द

भले भाल पै बिन्द सिन्दूर सोहै, लखे जाहिके कोटि कन्दर्प मोहै।
घन श्याम से ह्याँ घनश्याम राजैं, इतै दामिनी हूँ तिया देखि लाजैं ।।

सवैया छन्द

छहरें मुख पै घनश्याम से केश इतै सिर मोर पखा फहरें।
उत गोल कपोलन पैं अति लोल अमोल लली मुक्ता थहरें ।।
इहि भाँति सो बद्रीनारायन जू दोऊ देखि रहे जमुना लहरें।
निति ऐसे सनेह सों राधिका श्याम हमारे हिये में सदा विहरैं ।।

दूसरी सवैया

इत सोहत मोरन की कँलगी कटि के तट पीत पटा फहरें।
उत ओढ़नी बैजनी है सिर पै मुख पै नथ के मुक्ता थहरें ।।
बनकुंज में बद्रीनारायण जू कर मेलि दोऊ करतें टहरें।
निति ऐसे सनेह सों राधिका श्याम हमारे हिये में सदा बिहरें ।।

तीसरी सवैया

हरि गावते तान रसाल खरे, वै नचावती नैननि चित्त हरें।
इत ई मुरली धुनि पूरि रहें—कहो ताकि कहाँ उपमा ठहरें ।।
इत भौंह सों बद्रीनारायनजू वे बताय कै देत कड़ी कहरें।
नित ऐसे सनेह सों राधिका श्याम हमारे हिये में सदा विहरें ।।

सोरठा छन्द

कालिन्दी के तीर—यहि विधि लीला नवल नव।
राधा श्री बलवीर—वृन्दावन में करत निति।

मंगल राधा श्याम–मंगल में वृन्दाविपिन ।
मंगल कुंज मुदाम–मंगल बद्रीनाथ द्विज ।
मंजुल मंगल मूल–जुगल सुमंगल पाठ यह ।
पढ़त रहत नहिं सूल-जुगल जलज पद अलि बनत ।

युवक प्रेमघन (२० वर्ष)

बृजचन्द पंचक

इसमें भी कवि ने कृष्ण की स्तुति की है—जिनमें कवि के कवित्व का आभास मिलता है।

—सं० १९३२

बृजचन्द पंचक

दोहा

श्री शीतल मन बीच के-विहरन हारे श्याम ।
जयति २ जय जयति जै-मंगल करन मुदाम ॥१॥

(कुंडलिया)

मुरली राजत अधर पर उर विलसत वनमाल ।
आप सोई मो मन बसौं सदा रँगीले लाल ॥
सदा रँगीले लाल देहु रंगि मो हिय निज रंग ।
टरौ न इन अँखियन तें-कबहूँ निज प्यारी संग ॥
बद्रीनारायन जेहि लखि २ मनमथ लाजत ।
आय सोई मन बसौ जासु कर मुरली राजत ॥२॥

(छप्पै)

जय श्री गोकुलनाथ जयति जसुदा के बारे ।
जय बृजचन्द अमन्द प्रभा परकासन हारे ॥
जय श्री वृन्दा विपिन बीच नित बिहरनहारे ।
जय त्रिभंग तन श्याम सीस सुभ मुकुट सुधारे ॥
जय कंस निकंदन सुख सदन जय २ श्री गिरिवर धरन ।
बद्रीनारायन जयति जय-जय २ मुद मङ्गल करन ॥३॥
जय मुकुन्द मधुसूदन माधवमदन लजावन ।
जय मुरारि मथुरेश मधुर मुरलीहि बजावन ॥
जय बनवारी बनमाली बनमाल सजावन ।
जयति बिहारी बालवेस त्रैताप नसावन ॥

बद्रीनारायन जयति जै गिरि धरन अनन्दमय ।
जय श्यामा श्याम जुगल सदा जय जय जय जयति जै ॥४॥
जय जय जय शशि वदन जयति जय वारिज लोचन ।
जय श्री कम्बुक ग्रीव सुभुज मिरनाल सकोचन ॥
बिम्ब अधर जय वेणु लसित स्वर शोभित रोचन ।
जय वनमाला उर धारी जै ताप विमोचन ॥
श्री बदरीनारायण जयति जै सुसीस सोभित मुकुट ।
जै जै जसुदा के लाड़िले गो चारत लैकर लकुट ॥५॥

राजराजेश्वरी जयति

महारानी विक्टोरिय के राजेश्वरी होने पर यह कविता लिखी गई है, पर महारानी विक्टोरिया के राज्यारोहण जन्य प्रशंसा के अतिरिक्त कवि ने मुसलिम काल की अनीति पर भी पूर्ण प्रकाश डाला है।

यह कविता माघ कृष्ण २ संवत् १९३३ में कवि वचन सुधा में प्रकाशित हुई थी और वहीं से उद्धृत कर रहा हूँ।

तरुण प्रेमघन जी (२४ वर्ष)

राजराजेश्वरी जयति

पं० बद्री नारायण कृत

दोहा

जै जै भारत भूमि जै भारतवासी लोग ।
जयति राजराजेश्वरी विक्टोरिया असोग ॥१॥
अति मंगल मय राजराजेश्वरि की अभिषेक ।
मंगल श्री मंगल सुयश मंगल न्याय विवेक ॥२॥
मंगल मै यह राज्य पुनि मंगल मय यह देस ।
मंगल सम्वत यह न जहं रहो दुःख को लेस ॥३॥
मंगल मै यह मास पुनि मंगल मै यह पच्छ ।
मंगल दिन अरू जाम पुनि मंगल घटिका स्वच्छ ॥४॥
मंगल मै छन विपल पल मंगल परम ललाम ।
भो अभिषेक सुराज राजेश्वरि को जिहि जाम ॥५॥
बहुत दिनन सों भूमि यह भारत ही अति दीन ।
निजपति विपति वियोग सों सदा रहो छबि छीन ॥६॥
जो कछु या कहँ नृप मिले अधम कुटिल खल नीच ।
दुष्ट पतिन मिलि औरहू रही शोक निधि वीच ॥७॥
रामचन्द्र, रघु, बलि तथा दशरथ से भूपाल ।
भोज, युधिष्ठर, विक्रमादित्त, हरिश्चन्द्र कृपाल ॥८॥
जे नाशक खल करम नित नवल प्रकाशक धर्म्म ।
प्रजा पालि करि न्याय शुचि रत सुनीत शुभकर्म ॥९॥
जिन पति पृथ्वीपतिन सों यह पृथिवी निःसंक ।
नारी इव पगि मोद सों रहति लपटि पिय अंक ॥१०॥

धन अम्बर सो सजित नित रहत हती यह बाम ।
नाना नगर सिंगार सों भले भवन अभिराम ।।११।।
पूरव कथित पतीन सों पै जब भयो वियोग ।
जासु दुःख मैं लहि कुपति औरहु बाढेहु सोग ।।१२।।
नादिर अरु चंगेज से मिले जबै पति यांहि।
तिमिरलिंग आदिक जिते डार्यो भल बिधि दाहि ।।१३।।
अवरंग अरु महमूद से मिले जबै खल नीच ।
दुखदानी छविहत अशुचि जिमि मयंक में कीच ।।१४।।
जे सपनेहु दुःख तजि दियो न सुख को लेस ।
या अबला अवला अधिक कियो दयो अति क्लेश ।।१५।।
याके पुत्रन को सदा हति बोई गुनि काम ।
थूंकि थूंकि भारत नरन कियो अमित इसलाम ।।१६।।
दिल्ली, मथुरा, कन्नउज से अंगन करि करि भंग ।
आरज रुधिर प्रवाह सों करि करि रंगा रंग ।।१७।।
अति असंख्य अदभुत सुगृह, देवालय बहु तोरि ।
पूरब कथित अभूषननि डार्यो यांसो छोरि ।।१८।।
धन अम्बर हरि कै कियो या ललना को नंग ।
गुनिजन पंडित केश सिर नोचि कियो छवि भंग ।।१९।।
राजसुतानि अनेक नित डारि महल निज बीच ।
बहु पुस्तक या देस की फूंकि जलायो नीच ।।२०।।
तोरि देव प्रतिमा अमित पुनि गोमास मिलाय ।
भरि तोबरन पुजारिनहि ग्रीवामहं लटकाय ।।२१।।
नगर घुमायो तिन प्रथम पुनि हरि लियो परान ।
सुरभीरक्त पियाय बहु करि दीनों मुसलमान ।।२२।।
या विधि जब उत्पात बहु कियो यवन नरनाह ।
दुख सागर बाढ़त भयो भारत परजा मांह ।।२३।।
जब करुणानिधि आपु हरि ह्वै कै महा अधीर ।
नासि यवन राजहि हरयो प्रजा दुसह दुख पीर ।।२४।।

ब्रिटिश राज थाप्यो सुदृढ़ भारत खण्ड मझार ।
न्याय प्रकास्यो रवि सदृश हरि दुख दुसह बिकार॥२५॥
तब पुनि भारथ वामसो भगवत करुणा ऐन।
पूरब सम पति तुहि दियो अवरहु सदा सचैन ॥२६॥
तब सों यह छिति नारिबर धरी कछुक मनधीर ।
उन्नति आसा आनि उर बिगत भई दुख पीर ॥२७॥
पुनि तब निज सिंगार पै दियो कछुक मन बाम।
पै पिय परदेसहिं बसत यह इक मनहिं कलाम ॥२८॥
पै दीनो सुख अमित पुनि नवल जबै या बाम ।
भूषण बसन अनेक विधि सुन्दर रुचिर ललाम ॥२९॥
तब पुनि करुणा भवन हरि ह्वै प्रसन्न बहु भांति ।
दंपति सों पगि मोदसों अधिक बढ़ायो कांति ॥३०॥
राजा को मिलि राज राजेश्वर को पद दीन ।
प्रोषितपतिका नारि यह तुरत संयोगी कीन ॥३१॥
तब यह छित पर राज के रहत हुती आधीन ।
पै अब लहि इक नृप अलग भई शोक सो हीन ॥३२॥
तब यह राजा की हुती पत्नी अदनी वेस ।
पै अव ह्वै गो राज राजेश्वर नृप या देश॥३३॥
तासो अव औरहु बढ़ो या उर आनंद रासि ।
पुनि अव करत सिंगार बहु गन दुख मन सन नासि ॥३४॥
देखि हरख निज मातु को ता सुत भारथ लोग ।
भरि उछाह आनंद समुद मगन भये तजि सोक ॥३५॥
ह्वै ह्वै ह्वै आनंद मगन देत सबै आसीस ।
जियै जियै विक्टोरिया सुख सों लाख बरीस ॥३६॥

बधाई

जै जै भारथ महरानी । टेक।
जयति अपूरब ससि भारथ दुख तम खलु हरन निसानी ।
बिकसावन भारथ सर आरज गन जन कुमुद सुजानी ॥

यवन नृपति खल, चोर, दुष्ट, निज ही साचहु सुखदानी।
बद्री नाथ सुगाय सकै क्यों तुअ यस अकथ कहानी ॥१॥
धनि धनि या जामहुं को जानहु।
सुनि अभिषेक राज राजेश्वरिचित्तमुद मंगल सानहु।
भारथ सुदिन बीज या छनसों जामों यहु मन आनहु॥
धनि यहु मास धन्य यहु औसर गुनि चित्त हित पहिचानहु।
बद्रीनाथ भाग्य अपनी निज धन्य धन्य करि मानहु ॥२॥

नोट—उपर्युक्त कवितायें कवि वचन सुधा में १ जनवरी १८७७ के 'राजराजेश्वरी की जय' शीर्षस्थ विशेष अंक में भारतेन्दु बाबू द्वारा प्रकाशित की गई थीं जिसको प्रथम भाग में संकलित नहीं कर सका था।

माघ कृष्ण २ सं० १९३३

कविवर प्रेमघन (२५ वष)

कलम की कारीगरी

कलम करी कारीगरी, कारीगर के हेतु
कुटिलन के चोखी छुरी, कारीगर धर देत।

श्री बदरी नारायण शर्मा कृत
आनन्द कादम्बिनी की पूर्ति
मिरजापूर

पंडित गोपीनाथ पाठक ने बनारस लाइट यन्त्रालय में मुद्रित किया।
सम्वत् १९३८ विक्रमीय

कलम की कारीगरी के आविर्भाव की कवितायें पुस्तकाकार छपाकर प्रेमघन जी ने साहित्य प्रेमियों को वितरित किया था--प्रथम संस्करण में ये प्राप्त न होने के कारण नहीं छापी जा सकी थीं।

मङ्गलाचरण

लिखे जो उस रुखे ताबां को आबो ताब कलम।
बनाये सफहये कागज को आफ़ताब क़लम॥
खेआले जुल्फ में मानिन्दे शाखे सुम्बलेतर।
रेआजे फिक्र में खाता है पेचो ताब कलम॥
अगर लिखूं सिफते चश्मे मस्त साकी में।
बनाये दायरो को सागरे शराब कलम॥
सिफ़त जो उस दुरे दन्दां की गर बयान करे।
ज़बान धोने को मांगे गोहर की आव क़लम॥
लिखूँ जो शरह में उस्के कलामें रंगी की।
करे मदाद को रंगीनी से शहाब क़लम॥
सिफ़त लिखूँ मैं अगर उस्के रुप रौशनकी।
तेरे हाथ में हो शमय माहताब क़लम॥

लिखा है वस्फ जो उस रुये तीर क़ामत का।
बना है मिसरये शमशाद का ज़बाव कलम॥
जो शरह दीदये तरसे सहाब है क़ागज़।
गिराये विजली लिखे दिलका इज़्तेराब क़लम॥
लिखूँ जो सफ़ह पर आवारगाने इश्क का हाल।
फिरे बगूले के मानिन्द फिर खराब क़लम॥
सरीर करती है फ़ातू बसूरतिनका सोआल।
हज़ारो लिखता है मज़मूने लाजेवाव क़लम॥
उससे फ़िक्रउठा दे अब अपने मूँ से नक़ाब।
हुआ निकल के क़लमदाँ से बेहिजाब क़लम॥

तो अब कुछ इस क़लम की कारीगरी गोया तुम्हें दिखाना आवश्यक जान यह "कलम की कारीगरी" आपको समर्पण है। कृपापूर्वक स्वीकार कर कृतार्थ कीजिए।

कृपाभिलाषी
ग्रन्थकर्त्ता

मङ्गलाचरण

लसत ललित अम्बर अमल मंजुल माल अमन्द।
जपति सदा श्री राधिका सह माधव बृजचन्द॥

सवैया १

आनन्द चन्द अमन्द लखे चख होत चकोरन से ललचो है।
त्यों निरखे नव कंज कली मदमत्त मलिन्दन लौं मन मोहै॥
सो छवि छेम करै कविबद्रीनारायण जू जिय मैं जिय जोहैं।
दामिन सी दुति जासु लहै धनधान्य बने घनस्यामहुँ सो हैं॥

२

है सिर मोर पखा मुरली गर मैं बनमाल विराजत झूलैं।
गाय चरावत पीत पटा कटि पै जिहकी उपमा नहिं तूलैं॥
बद्रीनारायण जू हिय चोखी चितौन बड़ी अंखियान की हूलैं।
मोहन की मनमोहनी मूरत, मैनभई मन सों नहि भूलैं॥

३

कटि पीत पटाकी छटा छहरैं, दुपटा गर बीच विराजत हैं।
बनमाल रसाल हिये सिर मोर पखा अवली की भली सज हैं॥
मन माधुरी मूरति देखत बद्री नारायण जू बस में न रहैं।
बृजराज को आज या साज लखे, कुल लाज पै गाज परोई सहैं॥

४

मुख मंडल पै कुल कुन्तल की अलि रेशम के सम दूसत हैं।
कवि, चौर, सिवार, औ राहु तथा जम पास मिसाल मसूसत हैं॥
उपमा कहि बद्री नारायण जू, सुधासम्पति को जनु मूसत हैं।
यह शारद पूनम के निसि में मिल व्याल सबै ससि चूसत हैं॥

५

दुरे दृग घूँघट के पट ओट, सो चोट किये करै लाखन धूल।
लिये जुग भौहन की कवि बद्रीनारायण जू तलवार अतूल॥
भला मतवारे महाजुल्मीन नवीन उपद्रौ के नित मूल।
तऊ इन वीर बिसासिनै, हाय दई दै दई वरुनी सत सूल॥

६

अनुराग पराग भरे मकरन्द लौं आज लहे छवि छाजत हैं।
पलकैं दल मै जनु पूतलि मत्त, मलिन्द परे सम साजत हैं॥
कवि बद्रीनारायण जू शुचि शील, सुगंध गहे अति भ्राजत हैं।
सरचारुता बारि मनोहर मै दृग कंज पे कैसे विराजत हैं॥

७

शंभु कहैं कवि दाड़िम श्रीफल कंज कली पै अली छवि याहैं।
दुदंभि दोय धरी उलटी चकई चकवा की मिसाल दिया है॥
पै हम बद्रीनरायण जू यह भाखत साँच सही बतिया हैं।
काम के बान की ढाल बनी छतिया पै दोऊ कुच ये फुलिया हैं॥

८

यद्यपि छार कियोई हुतो छिनु में करि कोप जबै जिहि रुठे।
पै तिहि ज्याय खिस्याय भयो शरणागत ब्याहि बिबाह अनूठे॥

बद्रीनारायण जू कुच के नहिं चूचुक ये न कहूं हम झूठे।
संभु के शीश पै जाय रह्यो है दोऊ कर काम दिखाय अनूठे ।।

९

न हेरहु व्यर्थ कोऊ उपमा मन माँहि मसूस करो न महान।
सुनो कवि बद्रीनारायण जू की गिरा मनमोहनी पै धरि ध्यान ।।
दोऊ दृग बान धरे मुख मंडल भूषित भौंहन की बलवान।
मनो अलकावलि राहु बिलोकत मारत चंद चढ़ाय कमान ।।

१०

खम्भ खरे केदली के जुरे जुग जाहि चितै चित जात लुभाई।
हेम पतौअन सो लदिकै लतिका इक फैलि रही छवि छाई।।
ये कवि बद्रीनारायण तापैं खिले जुग कंज प्रसून सुहाई।
हैं फल बिम्ब में दाड़िम बीज दई यह कैसी अपूरबताई ।।

११

भरो जल सुन्दर रूप अनूप सरीरहिं है सर स्वच्छ नवीन।
मृणाल भुजा तृबली है तरंग तथा चक्रवाक पयोधर पीन ।।
लखो टुक बद्रीनारायण जू कबि वार बहार सवार अहीन।
अहो यह नाचत है मुख पैं दृग ज्यों इक बारिज पै जुग मीन ।।

१२

पीन पयोधर शंभु तहीं कल काम कमान भ्रुवै छवि छाजत।
है विपरीत जु नासिका कीर लखे अलकावलि जाल न भाजत ।।
देखिए बद्रीनारायण जू दृग आनन पै कहिबे की न हाजत।
है जहँ पूरन इन्दु प्रकाश विकास तहीं अर्विन्द विराजत ।।

१३

कुन्दन सों दमकैं दुति देह सुनीलम सी अलकावलि जो हैं।
लाल से लाल भरे अधरामृत दन्त सु हीरन सजि सोहैं ।।
बद्रीनरायन जू ललचाप न रन्त मई लखि कै अस को है।
बाल प्रवालन सी अंगुली तिन में नख मोतिन से मन मोहैं ।।

१४

चितै दृग मीन मलीन कियो मद हीन भये गज चाल मराल।
दबी दुत दन्तन दामिन ठोढी लखे पियरे भये डाल रसाल ।।
भुजा छबि बद्रीनरायन जू दियो बास उदास कै ताल मृणाल।
लगाय मसी मुख डोलत मन्द सो चन्द विलोकत भाल विशाल ।।

१५

उमङ्ग सो संग अलीन कढ़ी तज गंग तरंगन बाल।
लसैं जलभीज दुकूल अनंग से अंगन की छवि छाप कमाल ।।
पयोधर पीन पै ये कवि बद्रीनरायन जू लटकै लटजाल।
लखो लहि पूरन प्रेम महेसहि चूमि रहे जनु व्याल विशाल ।।

१६

रही कर मान मयंकमुखी मनभावन देखत ही एक बार।
चितौन लगी कल अंचल अम्बर ओर उरोज उतंग उभार ।।
लखो कवि बद्रीनरायन भौंह कमान पै नैनन बान संवार।
अहो अलकावलि ओट दुरो अरि मारहि मारत मानहुं मार ।।

१७

प्रभात जम्हात उठी अगराय उठाय दोऊ कर पुंज उदोत।
मिली जुग पंजन की अंगुली नख भूषन की उमगी जगि जोत ।।
लसैं उभरे कुच बद्रीनारायण जू चहुंधा भुज की छवि पोत।
लखौ जनु दामिनि मंडल ह्वै ससि घेरत कैसी सुसोभित होत ।।

१८

मयंक ससंक न राहु विलोकतहूं अलकावलि को कल दाम।
न नेक त्रसैं पिक पातकी नैन बान कमानहिं भौंह न राम ।।
कहौ यह कारन कौन कहै कवि बद्रीनरायन जू मतिधाम।
बसै कुच शंभु सदा तन माहिं तऊ नित हाय सतावत काम ।।

१९

न होतो अनंग अनंग हुतासन कोपहुं मैं दहतौ न महान।
कोऊ कहतो यहि को नहिं मार न मारतो सांचहु शंभु सुजान ।।

अहौ कवि बद्रीनरायन जू वह मूढ़ता मूढ़ मनै मन आन।
अनूपम रूप मनोहर को तुअ जौन कहूँ करतो अभिमान।।

२०

चढ़ी भौंह कमान समान लसैं उभय लोचन वान करालन सों।
वर बज्र पयोधर पीन सुत्यो वरुनी के बुझे विष भालन सों।।
लहिये कवि बद्रीनरायन जू क्यों सुधा मधुराधर लालन सों।
बचि जाय सकै कहो कैसे कोऊ ये दई अलकावलि व्यालन सों।।

२१

या मन मोहनी सोहनी सूरत सारद चन्द अमन्द निकाइयै।
चित्त चकोर न मानत नेक उभार उरोज सरोज सुभाइयै।।
क्योंकर बद्रीनरायन जू इन नैन मलिन्दन मत्त मनाइयै।
मूरत मैन मई लखि कै मन कौन उपायन हाय बचाइयै।।

२२

आनन इन्दु अमन्द चुराय चकोर चितै ललचावन वालो।
या चिबुकस्थल चारु गुलाब मलिन्दन लोचन सोचन सालो।।
प्यारे पिया कवि बद्रीनरायन जू की विनै नहि नेक सँभालो।
रूप अनूपम देहु दिखाय दया करि हाय न घूँघट घालो।।

२३

मन मानिक लेइबे में तो प्रवीन कै दीन दया दरसातै नहीं।
अनरीत ही श्री कवि बद्रीनरायन प्रीत के रीत की बातें नहीं।।
कपटीन सो प्रेम किये में अहो हमैं ओछो सनेह सोहातै नहीं।
दिल देयँ तो देखत ही पै कोऊ दिलदार तो हाय देखातै नहीं।।

२४

फूले गुलाब, खिले कचनार अनार बहार बिहार भरी सी।
सोय रही तहँ बद्रीनरायन दीपति दामिन लौ निरखी सी।।
देखत ही सपने में अचानकु बालम सों बहियाँ पकरी सी।
सेज परी पुतरीसी परी उछरी चट चौक चली सकरी सी।।

२५

आग जनु लागी गुलेलाला अवलीन,
कचनार औ अनारन पै बरस रही बहार।
बौरी अमराई करबौरी सी दई धौ दई
सुमन पलाश नख छतियाँ दई विदार॥
ये हो कवि बद्रीनरायन जू सुजान प्रान,
विरही वचैंगे कला कौन करियै बिचार।
टूकैं कै करेजे हिये हूकै दै अचूकैं हाय
लागी कल कोकिलै कुहूकैं बैठ डार डार॥

२६

जेवर जराऊ जोत जीग ने जनात कल
किङ्किनी लौं कूकनि मयूरन की डार डार।
सारी स्यामताई पै किनारी चंचला की लखि,
प्रेमी चातकनु गुन दीनो मनु बार बार॥
छाजत छटानु यह ये हो बद्रीनरायन, देखो तो,
दिखातु औ दुरत चन्द बार बार।
बदनु विलोकनु को रजनी जुवति
पुरवाई घन घूंघटै रही है जनु टार टार॥

२७

घटान विलोकन काज अँटान चढ़ी वह सूधे सुभायन बाल।
छटान छटा छहरै दुपटान सुरंग सुहासो सजो मिल भाल॥
पटान लौ बद्रीनरायन जू चपला न सरान सु पैमक जाल।
लखो जनु घेर लियो चहुं ओर सो चन्द अमन्दहिं नीरद लाल॥

२८

मान कर तान जुग भौंहन कमान जाय सूती सेजियान चढ़ि ऊपर अटानकी।
आयो मनभावन मनावन न मानी नेक मानिनी दियो ना कान बैन पै सुजानकी।

बद्री नारायन जू महान मुरवान कूक कल छहरान चमकान चपलान की।
डरन डरान चौक परी छतियान लागी प्रीतम सुजान सूने धुन धुरवानकी ॥

२९

कूकैं कोकिलान हिये हूके अबलान,
कुंज सरिता तटान सोर सुन मुखान की।
दादुर रटान ललचान चातकान,
पुरवाई सनकान चमकान चपलान की॥
बद्रीनाथ दल बगुलान अनुमान मैन सैन।
के समान सों छटान छहरान की।
ऊपर अटान घहरान धुरवान,
धुनि घुमडि घुमडि घन घेरन घटान की॥

३०

सावन समान कर आयो री महान
मैन सैन के समान अवली पे वगुलान की।
छाजत छटान छहरान चमकान,
चपला न है कृपान कोऊ वीर वलवान की॥
टूक टूक करत करेजा कूक मुरवान,
पाई ना खबर बद्रीनारायण सुजान की।
तन थहरान हहरान हिय लागो सुन
धुन धुरवान घोर घुमड़ी घटान की॥

३१

चंचला चोखी कृपान बनी अवली बगुलान की सैन रही जुर।
सारंग सारंग है सुरनायक, जै धुनि दादुर मोरन को सुर॥
बद्रीनारायन जू विरहीन पै व्याज लिये वर्षा अति आतुर।
आवत धावत बीरता वारि भरे बदरा ये अनङ्ग बहादुर॥

३२

नाच रहे मन मोद भये कल कुञ्ज करें किलकार कलापी।
जाय रहे मधुरे सुर चातक मारन मंत्र मनोज के जापी।
झिलियाँ यों झनकारि कहै कवि बद्रीनारायन वीर प्रतापी।
आप गयो विरही जन के वध काज अरे यह पावस पापी।

३३

मंजु मंजुल मुक्तावलिन में विलसत बदन अमंद।
उडगन गन सह सरद निसि मनहुँ प्रकाशित चन्द।
सहित राहु राकेश क्यों नेकहु नाहिं उदास।
जुगुल अमल अचरज कमल कलिका कलिव विकास।
अवलम्बित आनन अमल अलकावली लखाय।
ऐरी एक अरविन्द पै अलि अवली अस आय।
चंचल चित्त चकोर यह क्यों न हाय अकुलाय।
जो घन घूँघट सोन छिन मुख मयंक दरसाय।
दृग पावस हेमन्त हिय ग्रीषम चित्त के साथ।
तीनहुं रितु तुम विन यहाँ प्रियवर बद्रीनाथ।

धिक्कार धारा

१

सर्वहिं बस्तु सब रीति सँवार।
सिरजा जिसने यह संसार।
भाजन उसको बारम्बार।
जिसने है उसको धिक्कार।

२

है असार सचमुच संसार।
मानव जीवन है दिन चार।
जिसने किया न पर उपकार।
बार बार उसको धिक्कार।

३

बस्तु विदेशी की भर मार।
से भारत की दशा विचार।
सका स्वदेशी व्रत नहिं धार।
बार बार उसको धिक्कार।

४

किया आत्मतत्व न विचार।
जपा न अजपा जप निरधार।
सुरत सच्चिदानन्द सँभार।
बार बार उसको धिक्कार।

श्री बल्लभीय श्री गोपाल मन्दिर[1] के गोस्वामी
श्री जीवन लाल जी के लाल के जन्म पर

१. मिरजापूर में यह मंदिर है।

सोरठा

कीन्यो तोहि निहाल, हरषि लाल गोपाल प्रभु।
यह चिर जीवी लाल, निज सेवा फल रूप दै।

कवित्त

श्रीपति पूरन पाय कृपा, जस चन्द्रिका छाय कै भारत भूपर।
मारग पुष्टि प्रकासि अधर्म्म, तमै हरि उन्नत होय निरन्तर।
भक्ति सुधा बरसै घनप्रेम, प्रफुल्लित हिन्द कुमोद कुलै कर।
बरिधि वल्लभ बंस उछाहि, उदै जो भयो यह वात कलाधर।

पं० चन्द्रभूषण जी चातुर्वेद के प्रशंसा में

सिरजि सकल जगवेद उपदेस्यो सुनि
जाहि मुनि आगम अनेक अधिकायो है।
साखन की साखा बढ़ि ताकी कलि भानपन,
एक हू को पारग न लखि अनखायो है।
प्रेमघन प्रतिभा अलौकिक सकेलि सब,
सारे वित चित की कसक मिटायो है।
निज प्रति निधि रूप विविध विचारि विधि,
भूषण विवुध चन्द्र भूषण बनायो है।

पं० काशीनाथ ज्योतिषी के ऊपर लिखित

स्वस्ति श्रीयुत विज्ञवर, काशीनाथ सुजान।
श्री गुलाब सिंहात्मज, जींद निवास स्थान।
मिरजापुर गिरजानिकट, सुरसरि सरिता तीर।
अति सुरम्य अस्थल अमल, सब विधि नाशन पीर।
उक्त नगर मम मैं सोई, परम प्रशंसावान।
संयोगन शोभित भयो, नव योतिष विद्वान।
भयो समागम एक दिवस, मोहू सम सम्वाद।
अमल अलौकिक जन मिलन, सो पायो अहलाद।

गुन गन वाके कथन में हौं, का करूं बखान।
योतिर्विद ऐसो नहीं निरख्यो सुन्यो सुजान।
विद्याबुद्धि निधान ज्यो, तैसो सरल स्वभाव।
तपै निपट अलोभता, पूरब पुण्य प्रभाव।
नष्ट कुन्डली विरचिवो, प्रश्न भाखिवो मूक।
ठीक पारथ कथन में फल अरु विफल अचूक।
यद्यपि कछू स्वारथ नहीं परमारथ पर ध्यान।
मीठे वचनहि कहि भयो सगरो जग प्रिय प्रान।
राजा महाराज तथा पंडित विवुध सुजान।
मान पत्र तुमको दियो, अग्रेजन सुखदान।
ते सिगरे गुन गन ग्रसित, निरखे में निज नैन।
अधिक प्रशंसा को सुअव, तासो फल कछु हैन।
तऊ प्रशंसा पत्र यह लेहु प्रेम के साथ।
वदरी नारायण लिखित, कुछ निज गुन गन गाय।

बाल कविता

मङ्गलाचरण

१

देत पदारथ चारिहु, भक्तन आपु भिखारी।
बन्दौ पशुपति ज्ञान निधि, अशिवरूप शिवकारी।

२

जाके पाप सरोजरज, पायलहत फल चारि।
जासु छीर सागर सयन, वन्दहुँताहि विचारि।

३

पंगु चढ़त गिरवर तुरत, मूरख कवि ह्वै जात।
बन्दतही गज मुख सदा, मन भ्रम तुरत परात।
जो काटत तम पुँज को, वन्दत हौ अव तेहु।
अन्धकार मम हृदय को, दिनकर दिनकर देहु।

३

ए अलबेले नवल मन मोहन वारे छैल।
कहा गुरेरै तूं खरो, लिये नैन विगरैल॥

४

एक पुरी परम ललाम। चर नादि गढ़ है नाम॥
तेहि नगर दच्छिन ओर। परवत है एक सुठोर॥
तेहि नाम दुर्गाखोह। फलफूल फल तरु सोह॥
नाना लता द्रुम कुंज। चहु ओर अलिगन गुंज॥
चातक पपीहा सोर। वदि लेत है चित चोर॥
लोती घटा छितिचूम। पौनन रहे तरु भूमि॥
दामिन दमंकत जोर। दादुर करत अति सोर॥
पुरवाई पौन झकोर। फेकत सुवृक्षहि तोरि॥
ऋतु देखि पावस केरि। वावरि भई मन मेरि॥

५

आये सखि सावन सोहावन लगी है वन,
आए मन भावन न गावन-तियां लगी।
झिल्ली बोलै चँहुँ ओर नाचन लगे है मोर,
ठौर ठौर वकन की अवलियां लगै लगी।
वद्रीनाथ बादर चलन लगो नभ वीच,
दादुर पपीहा धुनि कानन परै लगी।
कहा कहूं आली नहि आए वनमाली-ऐसी,
काली निसवीच दौरि दामिनि दुरै लगी।

६

कारे कारे वादर कितार वधि वधि चले,
चिगन के गनको अकास में प्रकास है!
चंचला की गतिचित चोट चट देत,
नैन खोलन को मिलन न नेक अवकास है॥

वद्रीनाथ घन घमकीली धुन सुनि सुनि,
विन पिया प्रविशत प्रान वीच त्रास है।
धुन धुरवान की करे जे बीच सालै आली,
अब वनमाली के न आवन की आस है।।

७

निस द्योस खड़ो रह्यो द्वार मेरे, नहिं जायौं कहा यह रीत गही है।
हरकी किती मान्योन नेकतऊ, किहिकारन यह वदनामी सही।।
कहि है कहा ब्रद्री नारायन जू, टुक सोचिये चारो हमारो नहीं।
व अहीर को गारी दई जो भटू, सोतो जत के माफिक बात कही।।

८

भांदव की सुदी चौथ है आज, सबै उर संक कलंक समाइये।
नैन छपाकर आप सों जात, सवै सो कहो हम कैसे छुपाइये।।
वाके ललाट लौं लेखि तुम्हें पुनि, देखि यहै घन प्रेम मनाइये।
वाही-मयंक मुखी सो मयंक, कृपा करि मोहि कलंक लगाइये।।

९

जान नहि देत गैल रोकि रोकि आली आज,
नन्द को किशोर करै अजब ठिठोली री,
बाजत चहुंधा झांझ डफ औ मृदंग धुनि,
तमे मिली गावें सवै सखा हम जोड़ि री।।
वद्रीनाथ उड़त अबीर आज वृजमहिं,
मार्‍यो पिचकारी जासो भीजगई चोली री।
कहा कहूं आली वनमाली की कुचाली देखौ,
चूमिमुँह मोसो कहै आज होरी होरी री।।

१०

पहिले निज नैन लगा लगी कौकै, लगे अव-रोवन मौ कहि कै।
करै चाव चवारी यों अव ताते तज्यो वृज की दुख यौ सहि कै।।
नहि है वस वद्रीनरायन जू, रहिये अव मौनहिं को गहि कै।
अनरीत करी वा विसासी ने जौ,तुम रीत करौ क्षमा की गहिकै।।

११

विद्या अति विमल सुमति हू भली है गुन-
वंतन में रहे सदा वासी हैं सहर के।
वद्रीनाथ गाय कहि जाय तकदीर की न,
चाहे तवदीर करो लाखन ठहर के।।
होय नहि अर्थ व्यर्थ इष्ट मित्र दास सुत,
साँझ हूं सकारे लेत प्रान लर लरके।
कह्यो नहि जाय दुख सह्यो नहि जाय
हाय बिना रोजगारी-रोज गारी देत घर के।।

कलिकाल तर्पण

इसके अन्तर्गत कतिपय राजनैतिक आख्यानों का वर्णन है--जैसे सिकन्दर का आक्रमण आदि। कवि ईश्वर से कहता है और प्रश्न करता है कि अगणित बलि-प्रदानों के ऊपर भी आप तृप्त नहीं हुए, क्या कारण है! कवि ने एक अन्योक्ति के रूप में भारत पर हुए विदेशी आक्रमणों, क्षतियों का वर्णन इसके अन्तर्गत एक करुन-गाथा के रूप में प्रस्तुत किया है।

--सं० १९४०

कलिकाल तर्पण

ब्रह्मादिक सब सुर मति धाम। आये भारत में केहि काम ।।
गवनहुँ निज गृह लेहु प्रणाम। सन्तोषहि से तृप्यन्ताम ।।
विधि केहि विधि औ कौन विधान। रच्यो रुचिर यह हिन्दुस्तान ।।
दियौ आरजन बल बुधि ग्यान। विद्या सुमति सकल गुन खान ।।
सुखी सराहे सुभट सयान। जब वे जाहिर रहे जहान ।।
धन विद्या लहि सहित सुजान। तबै रह्यो उनके हिय ग्यान ।।
तब करि सादर तुमहिं प्रणाम। विविध रीति अरचत मति धाम ।।
ध्यान यज्ञ तरपण अभिराम। करत रोज उठि तृप्यन्ताम ।।
अब तुम और लियो मन ठान। विरच्यो विविध विरुद्ध विधान ।।
हरयो राज बल विद्या ज्ञान। कियो भलें भारत अपमान ।।
मारि काटि कीने वीरान। दीन हीन अब हिन्दुस्तान ।।
पास रह्यो नहि एक छदाम। बिना द्रव्य नहिं सरकत काम ।।
दुखी यहां के नर औ बाम। देयँ कहां तुमको आराम ।।
अव अतृप्त आपै सब जाम। करै तृप्त किमि तुमहि अवाम ।।
तुम जस कियो भयो सो काम। होहु दशा लखि तृप्यन्ताम ।।
विष्णु सुने हम कथा पुरान। सब तुमरो गावत गुन गान ।।
लगी द्रौपदी की पति जान। टेर्यो है वह विकल महान ।।
तब तुम चीर बढ़ायो आन। गज की लगी जान जब जान ।।
दौरि ग्राह को मारयो प्रान। प्रहलादहु के हित सुखदान ।।
खम्भ फारि प्रगटयो भगवान। मारयो हिरनकशिप बलवान ।।
राम कृष्ण द्वै कोपि महान। हत्यो निशाचर चोखे बान ।।
प्रलय पयोनिधि में तुन आन। मीन शरीरहि धारि महान ।।
रक्षा वेद कियो भगवान। सुनियत ऐसे लाख बयान ।।

पै का ए सब झूठ बखान। नहि तौ विश्वम्भर भगवान॥
रह्यो कहाँ तुमम तबै लुकान। जब इन चढ़े यवन मुगलान॥
कियो जबै जै शाह इरान। आयो जबै राज यूनान॥
अलक्षेन्द्र सम्राट महान। जीत्यो पश्चिम हिन्दुस्तान॥
नौशेरवाँ सैन जब आन। वल्लभ पूर कियो वीरान॥
सूर्य्य वंश जो विदित महान। राम सुअन लौं वंश सुजान॥
राज वंश भर एकहि आन। बाला बाल सबन के प्रान॥
लीन्यो जा दिन कोपि महान। हाय दुःख नहिँ जाय बखान॥
जब रणधीर बीर बलवान। महाराज जयपाल सुजान॥
लरि निज बल भरि थाकि महान। कैद भयो नहिँ मूसलमान॥
छुटयो यदपि पै कै हिय ग्लान। अति प्रतिकूल दैव अनुमान॥
वीरोचित जीवन की आन। लख्यो न जब निर्वाह सुजान॥
साजि तुषानल चिता ललाम। भस्म भयो करि तुमहिं प्रणाम॥
लखे न तुम का तब तेहि ठाम। भये न तब का तृप्यन्ताम॥
जबै अनन्दपाल बलवान। चढ़यो पिशावर के मैदान॥
लै सँग नृपति अनेक महान। सजे सैन चतुरंग सुजान॥
जैसहिं भिरे दोउ दल आन। भाज्यो चिघरि मतङ्ग महान॥
हटे अनन्दपाल सब जान। रन तजि के भट लगे परान॥
तब तुम कहा कीन यह जान। अथवा रह्यो नाहि उर ज्ञान॥
वा ऐसहीं न्याय को बान। कहवायो अब लौं भगवान॥
तिमिर लङ्ग जब पहुंच्यो आन। सांचहुँ किए प्रलय सामान॥
लूटि फूँकि अरु ढाहि मकान। नगर अनेक कीन वीरान॥
मारत काटत बचे बचान। मारग मिले मनुष्य अथान॥
एक लाख जन के अनुमान। दिल्ली पहुँचि सबन को प्रान॥
मारि काटि कीने खरिहान। नगर मध्य फिर कीन पयान॥
प्रथम लगायो आग महान। दावानल की ज्वाल समान॥
जलन लगी दिल्ली जेहि आन। मृग लौं मानुष लगे परान॥
धाय धाय धरि धार कृपान। काटि काटि कीने खरिहान॥

मृतक शरीर असंख्य महान । बन्द कियो मारग सब थान ॥
गयो नगर बनि मनहुँ मसान । मची लूट की तब घमसान ॥
रूप हेम हीरा मुकतान । बरतन बसन बिना परिमान ॥
मुद्रा मोहर न जाय बखान । लिए मनो निज पिता कमान ॥
हिन्दुन के असंख्य अज्ञान । सुन्दर बालक औ कन्यान ॥
बचे कतल तें जाके प्रान । हित लौंडी गुलाम अलगान ॥
बहुतेरे हिन्दू मतिमान । कारि यह दशा प्रथम अनुमान ॥
पति अरु धरम बचन की आन । जब न लख्यो कोऊ सामान ॥
तब स्त्री बालक कन्यान । भरि निज गृह में हा तेहि आन ॥
फूँकि दियो होलिका समान । फिर धरि धीर वीर बलवान ॥
लै कर कलित कराल कृपान । कोपे समर भूमि में आन ॥
अरिन मारि मरि गये निदान । सहे न म्लेच्छन के अपमान ॥
ऐसहिं पन्द्रह दिन अनुमान । लाखन मनुजन के हरि प्रान ॥
जन धन करि निःशेष महान । तब दिल्ली सों कियो पयान ॥
इक इक जे सिपाह संग्राम । सौ सौ लौंडी और गुलाम ॥
लै संग गये किये इसलाम । भये तबहुँ नहिं तृप्यन्ताम ॥
बाबर जीति समर जेहि आन । कैदी हिन्दू गन के प्रान ॥
हने दीखि निज दृग दुखदान । मुरदन सों नहि रहै ठिकान ॥
रुधिर प्रवाह देखि थल आन । रहि न सके तब करै पयान ॥
या विधि बदलि तीन अस्थान । हरे किते हिन्दुन के प्रान ॥
जब या खल की डरन डरान । नगर चन्देरी के हिन्दुआन ॥
स्त्री बालकन सहित दै प्रान । जौहर करि राख्यो निज मान ॥
मुहम्मद बिन कासिम जेहि आन । सिन्ध देश के दर्मीयान ॥
लगभग लाखन हिन्दुन प्रान । करि कतलाम हरचो दुखदान ॥
लौंडी अरु गुलाम बंधुआन । मनुज पचास हजार प्रमान ॥
लै संग गयो हाय दुख दान । करि नगरन अनेक वीरान ॥
ऐबक कुतुबुद्दीन महान । मेरठ अरु कोशल दर्म्यान ॥
मन्दिर मूरति नासि अयान । हति असंख्य हिन्दुन के प्रान ॥

कालिंजर जीत्यो जेहि आन। नर पच्चास हजार प्रमान ॥
करि गुलाम ल्यायो दुख दान। औरहु अनगिनतिन करिहान ॥
शाह अलाउद्दीन महान। ह्वै प्रत्यक्ष जब काल समान ॥
करि अन्याय को अन्त अयान। कियो नास कुल हिन्दुस्तान ॥
जब ताही की डरन डरान। भगी सैन ताकी लै प्रान ॥
गहि तिनकी इस्त्रीन लुकान। निज दासनहिं कह्यो जेहि आन ॥
सत नासिवे काज दुखदान। तिनके बालक अरु कन्यान ॥
तिनही के सिर पटकि परान। मारि सबन कीन्यो खरिहान ॥
जय खम्भात कियो जेहि आन। हरि असंख्य हिन्दुन के प्रान ॥
लियो लूटि धन बेपरिमान। हेम हीर मुक्ता पन्नान ॥
सुन्दरीन जुवती बनितान। बीस हजार जासु परमान ॥
दासीं लियो बनाय बलान। नहिं संख्या बालक कन्यान ॥
तिय धन धरम हरन मन ठान। रोजहिं जुद्ध जुरो दुख दान ॥
कियो देस को देस विरान। बार अनेक अनेक स्थान ॥
लूटि लूटि धन धरयो महान। हिन्दुन काटि काटि खरिहान ॥
कई लाख जन के हरि प्रान। हाय दियो करि हिन्द मसान ॥
या खल की खलता अनुमान। लाखन मनुज होय हैरान ॥
आपहिं दियों नासि निज प्रान। राखन हेत धर्म्म अरु मान ॥
नितहिं अनीति नई दरसान। नितहिं देश नाशन में ध्यान ॥
हा! तुम धर्म्म भक्ति के काम। करि हिन्दुन के आठो जाम ॥
उमड़्यो रुधिर समुद्र लमाम। भये तबौं नहिं तृप्यन्ताम ॥
हिरनकसिपु हाटकनैनान। कुम्भकरन रावन बलवान ॥
कंसादिक राच्छस असुरान। सुने जासु गुन बीच कथान ॥
ए उनसैं अति अधिक महान। दुष्ट दुराचारी दुख दान ॥
तिनसों नहिं कम कोउ विधान। हिंसक सकल जगत अघ खान ॥
वे इक वा अनेक दुख दान। एक असंख्य जन हारक प्रान ॥
वे दस पांच किये अघआन। इन अघ सेस न सकहिँ बखान ॥
तासों तुमहुँ भलैं अनुमान। अति दुर्बल उनहिन कहुँ जान ॥

धायो लैकर काढ़ि कृपान। सबसों लियो कराय बखान ॥
पै इन कहँ लखि प्रबल महान। भाग्यो तुमहुँ अवश्य डरान ॥
छिप्यो छीर सागर महँ आन। अहि पर परचो होय हत ज्ञान ॥
नहिं तौ हियो बनाय पखान। तजि कै न्याय दया की बान ॥
सह्यो भला कैसे भगवान। ए अनीति के वृन्द महान ॥
गुलबर्ग को महमद रान। काटयो पांच लाख हिन्दुआन ॥
दूध पियत बालकन अयान। को न दया करि छाँड़ेहु प्रान ॥
राज कुमार के देस तिलंगान। पकरि कटायो तासु जबान ॥
जियतहिं जलत आगि में आन। हाय जलायो काठ समान ॥
अहमद जा छन करै पयान। हिन्दु बीस हजार प्रमान ॥
सों जब अधिक कटै जेहि थान। तहँ दिन तीन मोद मनमान ॥
देखै सुनै नाच औ गान। जब फर्रुख सीयर दुखदान ॥
बन्दे गुरु सिखन को मान। पकरि सहित बालक जेहि आन ॥
कह्यो मारु निज सुत को प्रान। पिता न जब अज्ञा यह मान ॥
तुरत तासु सुत को हरि प्रान। काढ़ि करेज तासु दुखदान ॥
फेंक्यो ता ऊपर जेहि आन। त्राहि त्राहि जब वह चिल्लान ॥
तब ताते ताते चमचान। सो तन नोचि नोचि दुखदान ॥
मार्‌यो या दुर्गति सों प्रान। सहित सात सौ सिक्स सुजान ॥
बस इतने ही सों अनुमान। लेहु तासु मन की गति जान ॥
जम्बूराज कुमार महान। गहि तैमूर पूर दुख दान ॥
जबै मुवारक शाह बलान। गहि राजा जैपाल सुजान ॥
खाल खींचकर मारचो प्रान। दियो भराय भुस्स दुख दान ॥
शिवाराज जग विदित महान। ता सुत संभा जी बलवान ॥
आलमगीर महा दुखदान। छल सों पकरि गह्यो जेहि आन ॥
कह्यो म्लेच्छ हो मूसलमान। सुनतहिं कुरुख भयो बलवान ॥
तब लै कर लोहा गरमान। काढ़यो तुरत युगल नैनान ॥
ताहू पै फिर काटि जबान। मारचो या दुर्गति सों प्रान ॥
तासों हम पूंछत एहि आन। तुम सों गदाधरन भगवान ॥

जिन्हें गिनाए या अस्थान। नहिं कोऊ प्रह्लाद समान ॥
इनमें रह्यो सुशील सुजान। भक्त धार्मिक तुअ मतिमान ॥
वह तो दानव सुत भगवान। ए आरज कुल धरम धुरान ॥
गज अरु ग्राह पशून महान। को दुख अरु अन्याय मन आन ॥
सहि न सक्यो प्रगट्यो भागवान। क्यों इन हेत रह्यो अलसान ॥
ए पशु सें हूँ हीन महान। दया जोग नहिं करि अनुमान ॥
मारि मौन माह्यो भगवान। नहिं तो कारन कहियै आन ॥
नतरु होय का वृद्ध महान। अति बलहीन भयो भगवान ॥

नाटककार प्रेमघन (३० वर्ष)

पितर प्रलाप

इसके अन्तर्गत कवि भारतवासियों को अपने आदर्शों से गिर जाने पर उनके आचार विचार तथा संस्कार के लोप हो जाने पर क्षुभित होता है। धर्म का लोप होना, कलह अविद्या, दरिद्रता का फैलना भारतीयों के दुर्दशा का द्योतक है, ऐसी अवस्था में कवि पितरों से कहता है कि अब तुम लोग लौट जाओ, भारत में तुम्हारी मान्यता न हो पावेगी। इस कविता में तत्कालीन राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक समस्याओं का सुन्दर चित्र अंकित किया गया है।

—सं० १९४२

पितर प्रलाप

विगत भई वर्षा रही, शरद छटा छित छाय ।
चमक चौगुनी चन्द लखि, रहे चकोर लुभाय ।।
भई दिशा सब स्वच्छ अरु, अतिहि अमल आकास ।
कास विकासन मिसि मनहुँ, करत मेदिनी हास ।।
उदय अगस्त भये लखो, अम्बर अमल सुहाय ।
सुमन अगस्त खिले इतै, छिति पै छवि छहराय ।।
भये सरोवर ताल जल, अमल नदी औ नार ।।
खिले कुमुद कल कमल कुल, करि मधुकर गुंजार ।।
विगत पङ्क लखि राह सब, पंथी कीने गौन ।
भई प्रवत्सित नाह तिय, शोकाकुल ह्वै मौन ।।
जानि सुभग अवसर चले, मानस त्यागि मराल ।
मन रञ्जन खंजन चले, लाजन लोचन बाल ।।
चले वनिक व्यापार को, राजा लरिबे काज ।
रिपु मारन छित लेन हित, सजे सैन को साज ।।
दुर्गा पूजा निकट गुनि, भई अदालत बन्द ।।
राज कर्मचारी पहुँचि, निज गृह करत अनन्द ।।
जानि निकट बलिदान दिन, अजा रही बिलखाय ।।
हाय मेमने मरहिंगे, कीजे कौन उपाय ।।
पितर पच्छ को पर्व अब, आयो मन में जानि ।
चले हीन मति दीन द्विज, नगर मोद मन मानि ।।
किते किते लंघन किये, बहु भोजन के लाय ।
पूरी भसकन हरख ही, हौसन गये मुटाय ।।

अकटोटा को घसि तिलक, लम्बी लिये लगाय।
उठि भोरहीं अन्हाय तजि, गृह सों चले पराय।
लगे उखारन कुश कियो, साचहुँ वाको नास।
निज पुरखा चांड़क्य की, मानहुँ पूरत आस ॥
दर्भ गट्ठ दाबे बगल, लोटिया लीने हाथ।
चलें जात जजमान के, पीछे पीछे साथ ॥
कोऊ गंगा तट पहुँचि, तरपन रहे कराय।
मन्त्र न जानै भल रहे, गबड़ गबड़ बतुआय ॥
देवालय में बैठि कोउ, पिण्डा रहे पराय।
बखत बितावत सूंघि कै, सुंघनी औ मुंह बाय ॥
आवै जाय न मन्त्र कछु, पढ़े लिखे है नाहिं ॥
धरु पैसा धरु दच्छिना, इतनो बोलत जाहिं ॥
केवल उपरोहित नहीं, सांचे अरथ समान ॥
खान पान अरु दान मिसि, मूड़त सिर यजमान ॥
भोजन कै डकरत चलें, बूढ़े बैल समान।
पाय दच्छिना टेंट मै, खोंसत कचरत पान ॥
बहुतेरे यजमान के, द्वार रहे चिल्लाय।
दे पूरी चण्डाल तें, रहे मूड पिरवाय ॥
डोम मूस हर नट रहे , सकुल द्वार बिललाय।
जूठी पातरि हित रहे, नाउन सों गुर्राय।
स्वान चाभि निज ग्रास, दूजे हित चल्यो पराय ॥
काँव काँव करि कार के, वृन्द रहे मड़राय ॥
घूमति ग्वालिन गूजरी, दही बेंजिबे काज।
मोल लेन वारेन को, मोल लेत मन आज ॥
काजर रेख भरे बड़े, नैनन रही गुरेर।
सब बजार सों भाव मैं, बेचत कम एक सेर ॥
भोरे गोरे मुख रही, नील बसन छबि छाय।
उभरे उरज उतङ्ग सो, जनु हिय में धँसि जाय ॥

लाल तूल कीं कञ्चुकी, कैसी शोभा देत ।
माजि स्वच्छ चमकाय कर, परि का मन हरि लेत ।
झनकारत पेरी चली, घायल करत दुरेर ।
करन मोल मिसि हसन लखि, बाढ़त मदन मुरेर ॥
धोबिन बिन धोये वसन, ब्याकुल बैठी धाम ।
रुजगारी नाऊ रहे , सोय बिना कुछ काम ॥
रहें पादरी लोक सब, घाटन बाज सुनाय ।
भोले भोले हिन्दुअन, सों जनु फाग मचाय ॥
लम्बी चौड़ी बात कहि, रहे सबन वहकाय ।
उनके पुरखन देवतन, को दै गारी हाय ॥
मुसलमान गन देखि यह, पूजनीय त्योहार ।
सिच्छा साहजहान की, गुनि जनु लगी कटार ॥
देखो तो निज पितर हित, हिन्दू साजे साज ।
करत विविधि खैरात क्या भक्ति भरे से आज ॥
भारतवासी साचहूँ, तजि जग के ब्योहार ॥
वाह लगत कैसे भले, धरे धरम आचार ॥
श्राद्ध करत तरपन कोउ, विप्रन रहे जिमाय ॥
कोउ पग धोवत देत कोउ, पान द्रव्य सिर नाय ॥
तिनकी भामिन आज क्या, सजे अपूरब साज ।
स्वच्छ भये गृह शुचि सुमन, धरे पितर गन काज ॥
निज कर कल अलकावली, लिये देत जल बाल ।
छुटन कालिमा हेतु जनु, धोवत पंकज ब्याल ॥
अपनी निरछल भक्ति अरु, सहित अटल विश्वास ।
अवसि दियो करि तृप्त यह, सहज सुभावन सास ॥
अञ्जन रञ्जन बिन नयन, नील कञ्ज सम स्याम ।
बिना राग बीरीन के, मधुरे अधर ललाम ॥
स्वच्छ सेत सारी सहित, साचहुँ रही सुहाय ।
मुख मयङ्क मनु झलमलै, गङ्गतरङ्गन जाय ॥

भक्ति भरी इत उत रही, करि प्रबन्ध जेवनार ।
मानहुँ मूरति कुल वधू, रचि पठई करतार ।।
घर घर याही विधि भयो, हिन्दुन के सब साज ।।
पितर भक्ति इनकी मनहुँ, जगत लजावत आज ।।
कोलाहल बाढ़यों महा, स्वर्गहु मै अब जाय ।
अरजी पितरन की परी, धरमराज ढिग आय ।।
द्वै हप्ता हित ह्वै गई, जब रुखसत मंजूर ।
स्वर्ग नर्क मै यह खबर, भई खूब मशहूर ।।
हिन्दुन के पुरखा चले, मृत्यु लोक हरखाय ।।
और जाति लखि विकल है, परी मरी खिसिआय ।।
आये जो ये पितर गन, भरत खण्ड के बीच ।।
देखि यहाँ की दुख दशा, सकुचि किये सिर नीच ।।
कोऊ तो सोचन लगे, करि मन महा मलीन ।
ठण्डी साँस भरन लगे, कोउ होय अति दीन ।।
कोऊ के दृग सों चली बहि आसुन की धार ।
कोऊ कहत कराहि कै, कियो कहा करतार ।।
नहि अब भारत वह रहयो, नहिं यामैं वह तत्व ।
हाय विधाता ने हरयो, कैसो याको सत्व ।।
नहिं वह काशी रह गई, हती हेम मय जौन ।
नहिं चौरासी कोस की, रही अयोध्या तौन ।।
राजधानि जो जगत की, रही कभौ सुख साज ।
सो बिगहा दस बीस में, सिकड़ी सी जनु आज ।।
इहँई सूरज बंस के, दानी । वीर विशाल ।
रहे राज राजेस वे, चक्रवर्ति भूपाल ।।
प्रबल प्रतापी निज अरिन, हेत काल विकराल ।
किये दिग्विजय जे सहित जगत प्रजा प्रतिपाल ।।
जे सुरनायक की किये, बार अनेक सहाय ।
दया धर्म्म अरु सत्यता, शुद्ध पथिक पथ न्याय ।।

दान किये कै बार जे, सकल जगत एक साथ।
अब लौं जाकी सब प्रजा, गावत नित गुन गाथ ।
इक्ष्वाकू हरिचन्द रघु, अज दिलीप श्रीराम।
रहे न वे अब नाहिं वह, राज साज धनधाम ।।
प्रतिष्ठानपुर नाहिं वह, इन्द्रप्रस्थ वह नाहिं ।।
चन्द्रवंश के नृपति नहिं, अब वे कहूँ लखाहिं ।।
भीषण द्रोण न युधिष्ठिर, अरजुन बिदुर न भीम ।
नांहि सुयोधन करण कृप, योधा बिवुध असीम ।।
शुचि अग्रछित हेतु जे, रचे घोर संग्राम ।।
ललकि लरे मरि मिटे न, लियो नैन को नाम ।।
आज तिनहिं के बंस मैं, सूचि अग्र भरि भूमि।
नहिं लखियत आए सकल, जगत हाय हम घूमि ।।
रही न वह मथुरा गई, यह लूटी कै बार।
नहिं वह उज्जैनी न वह, महाकाल आगार।।
कहां गई वह द्वारिका, अद्वितीय ही जौन।
यदुवंशी श्रीकृष्ण संग, छिपे किते ह्वै मौन।।
नहिं वह गुर्जर अब रह्यो, ढाह्यो खल महमूद।
सोमनाथ को वह न गृह, जो देखहु मौजूद।।
दस करोड़ को रत्न जहँ, पायो म्लेच्छ नरेस।
आरत भारत मैं रह्यो, हाय कहां अवसेस।।
नहिं चित्तौर वह जहँ रहे, एक एक से बीर।
भारत अभिमानी महा, राना बंस अखीर।।
लाखन बीर कटे जहाँ, भे अगनित संग्राम।
नदी लहू की जहँ बही, बार अनेक ललाम।।
कटे अनेकन यवन नृप, सैन सुभट संग खेत।
तहाँ आज यह हाय क्यों, कछु न दिखाई देत।।
पाटलिपुत्र गयो कहां, तेरो गजब गरूर।
हाय आज कन्नौज मैं, लखियत धूरहि धूर।।

रह्यो न वह पञ्जाब अब, रह्यो न वह कशमीर।
पूना करि सूना गयो, कितै शिवाजी बीर॥
रहे न वे आरज नृपति, न्याय परायन धीर।
धरम धुरन्धर धनुरधर, प्रजा बन्धु वर बीर॥
अभिमानी छत्री महा, बीर गये नसि हाय।
अस्त्र शस्त्र विद्या गई, धौं कित मनहुं बिलाय॥
कहां गये वे विप्रवर, ऋषि मुनि परम सुजान।
याग्यवल्क्य जाबालि मनु व्यास कणाद समान॥
गौतम जैमिनि से विबुध परसुराम से वीर।
हाय देखि मुख कौन को, भारत धारे धीर॥
रहे बुद्ध नहिं स्वामि श्री, शंकर सहस सुजान।
मल्ल सेठ नहिं वे रहे, धनिक कुबेर समान॥
देत पौसला बिप्र अब, खासे बने कहाँर।
रेलन के स्टेसनन, डोलत डोलन धार॥
अस्त्र शस्त्र ढोवत रहे, जे सब छत्री लोग।
बोझा ढोवत आज लखि, तिन्हें होत अति सोग॥
वैश्य वरण सब घूमते, मांगत भीख मुदाम।
शूद्र द्विजन उपदेशते, कहि कहि कथा ललाम॥
लिये वेद अब बांचही, तेली और कुम्हार।
रामायण भारत कहत, हैं कलवार चमार॥
वैरागी गोस्वामि सब, राखे द्वै द्वै राँड़।
निज चेली सुरभीन के, हित तौ मानौ साँड़॥
बने गृहस्थ सबै अबै, रँड़ुआ त्यागी दीन।
अपने पेटन की फिकर, मैं धावत लौ लीन॥
रह्यो न धन बल बुद्धि अरु, विद्या को अब नाम।
हाय अविद्या छाय करि, दियो याहि बे काम॥
जो सिगरे संसार को, रह्यो तत्व सम देस।
इन्द्र लोक अलका सरिस, जाकी छटा हमेस॥

जहँ के नृप जग नृपन सन, सादर बन्दित पाय।
जासु प्रताप दिगन्त लौं, रह्यो सूर सम छाय।।
जँह के सासन सों रह्यो, शासत सब संसार।
जँह की सिच्छा सो भयो, सिच्छित जगत गवार।।
विद्या सबै प्रकार की, निकरी जँह सो आदि।
दरसन को दरसन कियो, प्रथम जहीं के वादि।।
गने गनित सों गति सहित, तारा गन गुन मान।
प्रथमैं ग्रहन हिसाब ह्याँ, ई के कियो सुजान।।
उग्यो सभ्यता लता को, बीज प्रथम जा ठाँव।
सुन्यो सकल जग प्रथम जँह, आर्य शिल्प को नांव।।
धर्म्म दिवा कर के प्रथम, कर को भयो प्रकास।
जहां जगत सों प्रथम यह, वह भारत आकाश।।
ग्यान चन्द्र की चन्द्रिका, छितरानी छित जौन।
ह्यांई की फूली प्रजा, प्रथम कुमुद सुख भौन।।
सकल जगत सों हीनता, लखियत याही ठौर।।
लुटत कटत दिन दिन फुंकत, रह्यो बहुत दिन जौन।
जहँ अशेष विद्यान के, ग्रंथ ढेर के ढेर।
जलत रहे ज्यों सैल के, दावानल की घेर।।
देवालय फूटे सकल, गई मूरतें टूटि।
पकरि पुजारी जे परैं, यवन बनै भल कूटि।।
राजकुमारी सुन्दरनि, के सत नासन काज।
लाखन मनुज कटे यहां, धरम त्यागिबे काज।।
सुन्दर बालक बालिका, लौंड़ी बने गुलाम।
म्लेच्छ देस में बिके जे, द्वै द्वै मुद्रा दाम।।
बिना धर्म्म आचार के, बिन विद्या अभ्यास।
रहे कई सौ बरस लो, ऐसे सत्यानास।।
पर अब तो ये और हू, लटे गिरे से जात।
खाए जे आघात सो, अब जनु इन्हें पिरात।।

पैर विवशता की परी, बेरी अति मज़बूत।
असत धरम के जेल में, बैठे धारि सकूत॥
ढोवत सिर नीचे किये, सदा बोझ दासत्व।
भूलि गये ये आपनो, अगिलो हाय महत्व॥
टिकस नाग तापै डँस्यो, एक एक को टोय।
कैसे बचे न पास जब, शक्ति औषधी होय॥
फ़स्त तिज़ारत की लगी, बद्ध डोर कानून।
द्रव्य हीन तासों भये, ए पागल मजमून॥
कहा करैं ए निबल कछु, करिबे लायक नाहिं।
लिख्यो विधाता नाहि सुख, इनके भालन माहिं॥
नहीं वीरता प्रथम जब, तब दूजी क्या बात।
कला कुशलता बुद्धि वा, विद्या धन न लखात॥
फिर कैसे कारज सरे, जब ये सब सों हीन।
गिनै कौन इनको भला, हौ तेरह की तीन॥
गई वीरता जौन दिन, राज गयो दिन तौन।
राज बिना विद्या गई, बिन विद्या बुध कौन॥
बुद्धि बिना धन हीन ह्वै, मान प्रतापहि खोय।
रोय रोय के हाय ए, रहे और मुँह जोय॥
त्रस्त भये ए तबहिं के, थर थर काँपत जांय।
अब लौं डाढ़्ये दूध के, छाछ छुअत सकुचायँ॥
दुःख निशा बीती यदपि, पै ए जागैं नाहिं।
यदपि धूप नहिं पै लियो, ए छाता रहि जाँहि॥
ए न बिचारैं हाय कुछ, अपनी दसा अचेत।
नहिं देखैं का जगत मैं होत स्याह वा सेत॥
देखैं जो कुछ और सो, करैं न तासु बिचार।
चलैं भूलि नहिं ए कबौं, खलता के अनुसार॥
औरन की जौ गहैं तो, चुनि कै परम कुचाल।
जामैं हानि न लाभ लहि, होत सदा पामाल॥

सुनत न ए कोऊ कहै, इनके हित की बैन।
करैं बिचार न मन कछू, अस उरझे सुरझै न।।
करैं न ए उद्योग कछु, महा आलसी होय।
आस करम आधीन सब, राखे मन में गोय।।
यद्यपि याही चाल सों, होत जात बरबाद।
पै ये जड़ जानैं नहीं, हा उद्यम को स्वाद।।
विद्या उपकारी जिती, ताहि पढ़ै को, नांहि।
कथा कहानी सिखन हित, इस्कूलन में जाहिं।।
कला कुशलता शिल्प की, क्रिया न सीखन जांय।
करैं अनत व्यापार नहिं, नित घर बैठे खांय।।
याही चालन सों दिये, राज पाट सब खोय।
पर खोवन की चाल को, इनसों त्याग न होय।।
सब कछु खोए अब नहीं, रह्यो कछू जब पास।
तब ए लागे अधम पशु, करन धरम को नास।।
औरन के खोटे धरम, भले किये स्वीकार।
पर जब याहू सों गये, निलज नीच ए हार।।
तौ आपै विचरन लगे, मन माने बहु धर्म्म।
जाको जो भायो लगे, सोई सेवन कर्म्म।।
वरण विवेक रह्यो न कछु, रह्यो न नेक विचार।
धरम वही सबको रह्यो, जो जेहि सुख दातार।।
नहीं वेद अरु शास्त्र को, नाहिं पुरान प्रमान।
धरम कहावै एक अब, निज मन को अनुमान।।
सन्ध्या कोऊ नहिं करत, अतिथि न पूजे जाहिं।
बली वैश्व नहिं होत अरु, अग्नि होत्रहू नांहि।।
कौन श्राद्ध तर्पण करत, अब या भारत माहिं।
देव दरस पूजन कभौं, ए जड़ जानहिं नाहिं।।
प्राणायाम करैं भला, ए कब साध समाधि।
जोग जुगुत जिनके मते, विरथा बाधा व्याधि।।

सींखे इक निन्दा करन, सब की आठो जाम।
जगत पनाला को बनो, देत जासु मुख काम।।
अपनी टुच्ची बुद्धि सों, जगत तुच्छ जिन कीन।
अपने दुष्ट प्रलाप सों, कहे सबहि मति हीन।।
केवल कहिबे को बने, दम्भ धारमिक नीच।
करनी कछु नहिं देत जग, सच्छा की इस्पीच।।
कितने पापी खल बने, फिरैं ब्रह्म खुद आप।
कोऊ अब चाहत बने, स्वयम् ब्रह्म को बाप।।
तन कहँ आतम ज्ञान क्यों, होय करहु अनुमान।
ए पूरे पशु यदपि नहिं, सहित पूँछ अरु कान।।
ए ईश्वर के कोप के, अनल जलत दिन रैन।
निज प्रभु सों ह्वै बिमुख ए, पावैं नेक न चैन।।
तासों हम सब अब चलो, चलैं यहां सों भाग।
लागी भारत भूमि में, प्रवल विपति की आग।।
जो हम लोगन के घरन, वेद ध्वनि नित होत।
यज्ञ धूम सोद्विज सदन, प्रगटित चिन्ह उदोत।।
चूना कलई तहँ भई, छेड़ैं कसबी तान।
तबलन की घुटकन सुनत, जात दियो नहिं कान।।
दुन्दुभि शंख धुकार जहँ, होत सोम रस पान।
सोडावाटर बटल की, का कहि फोरत कान।।
मद्यपान सो मूर्छित, चुहकत सबै सिंगार।
हा या भारत की करी दसा कवन करतार।।
जहँ हम संध्या श्राद्ध अरु, तरपन पूजन कीन।
तहां रोज कुकरम करत, ये पशु पाप प्रवीन।।
चलहु करैय्या कोउ नहीं, इत हमार सत्कार।
नहिं इनको अवकाश रत, रहत अधम व्यापार।।
फिर इन नीचन नास्तिकन पाप परायण हाथ।
लेय कौन जल पिन्ड को, मारै असि निज माथ।।

चलहु चलहु भागहु तुरत, नहि यां ठहरन जोग।
भयो प्रबल भारत अटल, अब कलजुग को भोग॥
देहिं कहा निज वंश कों, हाय और हम शाप।
जस कछुये करिहैं अवसि, फलहु भोगिहैं आप॥
देत बनै न कुचाल लखि, इनको कुछ आसीस।
देय सुमति इनको कोऊ, बिधि जगदीश्वर ईश॥
विद्या बुधि बल राज सुख, लहि फर होहिं सुजान।
सांचहुँ ए वैसे यथा, कह्यो कोउ विद्वान॥
नहिं विद्या नहिं बाहु बल, नहिं खरचन को दाम।
दीन हीन हिन्दून की, तू पति राखै राम॥

शोकाश्रु विन्दु

अपने अनन्य मित्र भारतेन्दु बाबू की मृत्यु पर यह कवि के शोकाश्रु बिन्दु हैं। कवि का उन पर कितना स्नेह था और उनकी कितनी महान् आत्मा थी इसी का चित्रण इस के अन्तर्गत है। कवि के शब्दों में :--

"मित्र क्यों न रोवैं, तेरो शत्रु क्यों न होवै तऊ ।
पूरो पशु होवैना, तो क्या मजाल रोवैना।।"

इसी प्रकार अपने अनन्यसखा श्री कृष्णदेव शरण सिंह जी की मृत्यु के ऊपर भी आपने एक कविता लिखी है जो इसी स्तम्भ में संकलित की गई है।

सम्वत् १९४२ तथा सन् १९०६ ई०

शोकाश्रु विन्दु[1]

"फ़िराक़े यार में रोने से क्या तस्कीन होती है।
जिगर की आग बुझ जाती है दो आंसू जहां निकलें ।।"

सवैया

अथयो हरिचन्द अमन्दसो भारत चन्द चहूँ तम छाय गयो।
तरु हिन्दुन के हित उन्नति को बढ़तै अबहीं मुरझाय गयो ।।
गुनराशि जवाहिर की गठरी अनमोल सो कौन उठाय गयो।
नित जाके गरूर से चूर रह्यो वह हिन्द ते हाय हेराय गयो ।।

दोहा

श्री राजा हरिचन्द सो भारत चन्द अमन्द।
हा हरिचन्द समान सो अथै गयो हरिचन्द ।।१।।
रहे अहैं फिर होयँगे सुकवि चन्द हरचन्द।
हिन्द चन्द हरिचन्द सो नहि कवि चन्द अमन्द ।।२।।
जाके कर के कलम के कह के करे प्रकाश।
जगमगात जाहिर रह्यां भारतवर्ष अकाश ।।३।।
चतुर चकोर सदा सबै जीवत जाहि निहार।
कविता सरस सुहावनी सत्य सुधा को सार ।।४।।
राज खुशामद तें प्रजा दुखद स्वारथी चोर।
जा प्रकाश उर दबि रहैं लखि न परैं कोउ ओर ।।५।।
देश हितैषी कुमुद गन के विकास को हेत।
देश धर्म्म बैरीन कुल कमल नाश कर देत ।।६।।

१. भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र जी की मृत्यु पर विरचित सम्वत् १९४२।

अमल एकता औषधी को जो पोषक नित्त।
बैर तिमिर को नाश ही जासु प्रकाश निमित्त ॥७॥
राज अनीति सरूपतन ताप मिटावन हेत।
छुद्र तरैयन हाकिमन की दबाय दुति देत ॥८॥
योग्य परम प्रिय पुत्र भारत माता को जौन।
रह्यो खरो वाचाल जो सो क्यों साध्यो मौन ॥९॥
जननि भक्ति अरु बन्धु वत्सल जो रह्यो महान।
तिन के दुख के कथन में रुकी न जासु जबान ॥१०॥
धर्म्म धुरन्धर धर्म्मध्वज सत्य धर्म्म को नेम।
भक्त शिरोमणि दृढ़ महा जाको अविचल प्रेम ॥११॥
महाबीर बर वैष्णव रहस कथा जो जान।
युगल उपासक राधिका माधव को उर ध्यान ॥१२॥
युगल प्रेम जाके रह्यो रोम रोम में पूरि।
दृग आगे जाके नचत सदा सेई सुख मूरि ॥१३॥
बल्लभ कुल के शिष्य गन में शोभा को हेत।
अष्ट छाप को नौ करन कविता भक्ति निकेत ॥१४॥
दीनन को जो कल्प तरु रघु बलि करन समान।
जाको विदित जहान में बित के बाहर दान ॥१५॥
दुखियन के दुख मेटिबे में नित जाको ध्यान।
परजन दुख भंजन करन विक्रमसिंह समान ॥१६॥
गुन गाहक गुनि जनन को पण्डित जन को मीत।
बन्दी चारन याचकन दाता दान सप्रीत ॥१७॥
बारबधू कल कामिनी सरस रसीली बाम।
तिन मनमोहन में मुरत मनहुँ मनोहर काम ॥१८॥
नायक नव नागर सकल गुन आगर चित चोर।
हाय ! हाय ! ! हरिचन्द सो चलो गयो किहिं ओर ॥१९॥
धर्म्म अर्थ अरु काम सो सांचहु नाहिं अघाय।
त्यागि सबैं तें अवसि प्रिय ! लयो मोक्षपद जाय ॥२०॥

अथवा रसिक शिरोमणे ! जानि जवानी अन्त।
सरस रसीले रूप को बीतत देखि बसन्त ।।२१।।
मूरति मान सिंगार लौं सब सिंगार को अंग।
नायक नवल चले लिये सकल भाव रस रंग ।।२२।।
नवल बनावन हित बनक साँचहु चले पराय।
जामैं प्रेमी प्रेम यह नेकहु नहिं मुरझाय ।।२३।।
पै जो यह सिद्धान्त तुव तौ तू भूल्यो मीत।
अभै हुतो नायक नवल उपजायक जब प्रीत ।।२४।।
काल कला पूरन बिना भए हाय हर चन्द।
काल राहु ने ग्रस लियो हिन्द चन्द हरिचन्द ।।२५।।
प्रेमिन को जो प्रान धन रसिकन को सिरताज।
कविता को तो डूबि गो मानहु आज जहाज ।।२६।।
कविजन को जो मित्रवर विद्वानन को बन्धु।
पूरन विद्या को मनहु हाय सुखानो सिन्धु ।।२७।।
हिन्दुन को जो मणि मुकुट अग्रगण्य जन हाय।
ताहि आज या हिन्द तैं कानैं लियो उठाय ।।२८।।
जीवन दाता जो रह्यो हिन्दी लता अधार।
तिहि तरु काट्यो हाय हनि काल कराल कुठार ।।२९।।
नित नव ग्रन्थन सुमन के परकाशक तरु हाय।
मध्य समय ऋतु राज के सो कस गयो सुखाय ।।३०।।
नीरस भाषा पत्र फल भये सबै जनु आज।
गयो बाटिका हिन्द तैं सोभा को ऋतु राज ।।३१।।
राजनीति को मर्मवित् कोविद् परम सुजान।
देश हितैषी खगन को जो बिश्राम ठिकान ।।३२।।
उन्नति आशा लता को एकै आह अलम्ब।
किय अभाग भारत पवन तोरत तेहि न बिलम्ब ।।३३।।
लेखक तुल्य गनेश के शेष सरिस विद्वान्।
भाषा को तो भारती लौं कबिराज महान ।।३४।।

गुरु समान जो विज्ञवर दाता करन समान।
रूप अनूपम जासु लखि होत मदन अनुमान॥३५॥
अपकारी जे देस के तृण कुल अग्नि समान।
धर्म्म विरोधी जन लखत जाहि काल अनुमान॥३६॥
खल मुख निज निन्दा सुनत हँसि साधन जो मौन।
सहनशील इमि जगत में पृथ्वी को तज कौन॥३७॥
सतपथ गामी जो रह्यो साँचहु धर्म समान।
विपत काल धीरज धरन सिन्धु समान सुजान॥३८॥
चन्द सरिस प्रिय लखनि में तिहि सम सुयश प्रकाश।
दीपति दीनी जिन अमल या भारत आकाश॥३९॥
जनक सरिस दुहुँ लोक के कारज में लवलीन।
नारद लौं हरि भक्ति या जग दिखाय जो दीन॥४०॥
परहित साधन में रह्यौ राज दधीच समान।
सो किन लोमस लौं भयो चिरजीवीहु सुजान॥४१॥
सुन्दरता के सुमन को खासो हाय मलिन्द।
रस के सरवर को रह्यो जो प्रफुलित अरविन्द॥४२॥
सज्जनता को सिन्धु सो सूखि गयो क्यों हाय।
शैल शीलता को ढह्यो ढूँढ़ेहू न लखाय॥४३॥
प्रीतिपात्र गन के भये सत्य भाग्य अति मन्द।
चन्द अमन्द समान सो अथै गयो हरिचन्द॥४४॥
सत्य मित्रता आज सो जग में रही न हाय।
ना तो नातो नेह को देखे कहूँ लखाय॥४५॥
हाय! प्रेम को आज सो बन्द भयो टकसाल।
हाय! रसिकता मानसर को उड़ि गयो मराल॥४६॥
स्वच्छ हृदय दरपन गयो काल शिला ते टूटि।
मटका प्रेम खरो भरो अरे गयो क्यों फूटि॥४७॥
सत्य धर्म्म को दधकतो बुझि सो गयो कृशानु।
साचहुँ सत्य उदारता को तो अथयो भानु॥४८॥

दया भवन को साँचहू भयो हाय दर बन्द !
पर उपकार अपार यश लै भाज्यो हरिचन्द ।।४९।।
सत्य सभ्यता की लता आज गई मुरझाय।
राजभक्ति को साचहूँ सरवर गयो सुखाय।।५०।।
साँचहुँ देशहितैषिता को तरुवर गो टूटि।
सच सुदेश अभिमान की गई गढ़ी जनु छूटि।।५१।।
ब्रह्मा की कारीगरी को जो रह्यो प्रमान।
सोई ताकी चूक दरसावत कियो पयान।।५२।।
जा मुख चन्द अमन्द दुति करत चन्द दुति मन्द।
जो दुचन्द हरि चन्द सो रहो अहो हरिचन्द।।५३।।
मान छीन करि हिन्द को काशी को करि दीन।
काशिराज की सभा को जिन कीनी छबि छीन।।५४।।
भारतेश्वरी को गयो भक्त प्रजा सिर मौर।
भारत माता को भयो भयो शोक इक और।।५५।।
राज रिपन से रतन को एक जवहिरी हाय।
दीन हीन हिन्दून की एकै करन सहाय।।५६।।
हिन्दी पत्रन के मनो रञ्जकता को हेत।
देशबन्धु अलसीन को कारन करन सचेत।।५७।।
देश उन्नति को खरो दरसायक शुभ पंथ।
जाके सुगम उपाय मिस लिखे अनेकन ग्रन्थ।।५८।।
जो जाके उद्योग में यावत् जीवन लीन।
युक्ति अनेक निकारि जग सिद्धक परम प्रबीन।।५९।।
पत्रन के सम्पादकन को जो एक सहाय।
सब प्रकार उत्साह दाता तिन के मन भाय।।६०।।
सभा सरोवर को रहो जो वह कलित मराल।
आरज आपति शस्त्र को बनो रहो जो ढाल।।६१।।
हिन्दी ग्रन्थ नवीन को जो नित बहत प्रबाह।
आदि अन्त लौं नद सोई सूखि गयो क्यों आह।।६२।।

यंत्रालयन अनेक को जो नित कारन काम।
जो मणि दीपक लौं रह्यो विमल बनारस धाम॥६३॥
हिन्दी भाषा गद्य को लेखक शुद्ध सुजान।
प्रथम पुरुष साँचो सोई सुन्दर सुकवि महान॥६४॥
नाटक विद्या को रह्यो जीवन दाता जौन।
कविता के सब देश को मनहुँ सरस्वति भौन॥६५॥
सरस राग के सुरन को जो सांचो उन्मत्त।
सब से गीत कलानि को काढ़ि लियो जनु सत्त॥६६॥
केलि कला को जो रह्यो पण्डित परम प्रवीन।
सरिता रस के बीच को विहरन वारो मीन॥६७॥
जो सिंगार श्रृङ्गार को रहो वीर को वीर।
ताके करुणा सिन्धु को मिलत नाहिं अब तीर॥६८॥
जाके कविता चमन के छन्द प्रवन्ध प्रसून।
ग्रन्थ विटप जा भार सो दमकावति दुति दून॥६९॥
शब्द सुगन्ध अमल अरथ मय मकरन्द लुभाय।
जामैं मत्त मलिन्द मन रसिकन को ह्वै जाय॥७०॥
नौरस की नव क्यारियां सजी अनोखी चाल।
अलंकार सो अलंकृत रविश विचित्रित जाल॥७१॥
व्यंगि बावरी में भरो बाचक बारि ललाम।
अमल कमल कुल लच्छना निरखत अति सुखधाम॥७२॥
हाव भाव सञ्चारि जो स्थाई आदिक भेद।
बहु भांतिन के मीन जहँ विहरि रहे तजि खेद॥७३॥
जा तट वासी सुकवि जन सैलानी कल हंस।
ओज प्रसाद अरु मधुरता को सोपान प्रसंग॥७४॥
हिन्दी भाषा की रुचिर भूमी परम सुधार।
देश दोष शोधन विषय की घेरी दीवार॥७५॥
दृश्य श्रव्य के भेद सो द्वै फाटक सुख धाम।
बरनन नायक नायिका राह अनूप ललाम॥७६॥

माली ताही बाग को सुन्दर सुघर प्रवीन।
नाटक विद्या को रह्यो जो थल रंग नवीन ॥७७॥
पिंजर सुजन समाज को जो शुकवर वाचाल।
ताहि झपटि खायो तुरत खल बिलाव सम काल ॥७८॥
जो या हिन्द समाज को परम पुष्ट पतवार।
हा पश्चिम उत्तर प्रभा कर अथयो इक बार ॥७९॥
हा काशी कुल कामिनी को सौलहु सिंगार।
हा आरत भारत प्रजा को तूं एक अधार ॥८०॥
हा हिन्दू धर्म्मेतरन को तू काल कराल।
हा हरि भक्तन मन महा मानस मंजु मराल ॥८१॥
हा गुन गाहक गुनिन को हा दीनन आधार।
हा गोवध के बन्द हित उद्यम करन अपार ॥८२॥
हा श्री माधव राधिका युगल चरन अरबिन्द।
सरस भक्ति मकरन्द मन मोह्यो मत्त मलिन्द ॥८३॥
हा हिन्दी प्रिय दूलहिन के सोभादर सन्त।
गुनन आगरी देव नागरी नागरी कन्त ॥८४॥
हा मम प्राणोपम सुहृद हा प्यारे हरिचन्द।
बिन तेरे या हिन्द की लगत आज दुति मंद ॥८५॥
कहाँ भज्यो तू कित गयो भयो कहा यह आज।
दियो काहि तू देश हित करन भार को साज ॥८६॥
स्वर्गहु सों यह जन्मभूमि प्रिय तो कहँ मित्र।
रही तऊ तजि तू गयो कारन कौन विचित्र ॥८७॥
देशबन्धु गन त्यागि कै चल्यो कितै तू हाय।
इनकी कुटिल कुचाल लखि भाज्यो वेगि रिसाय ॥८८॥
अथवा भारत भूमि को होनहार अति मन्द।
देख चल्यो चुप चाप तू चतुर हाय हरि चन्द ॥८९॥
अथवा जग हित कै लख्यो जो विपाक विपरीत।
देन चल्यो विधि सों किधौं तू उलाहनो मीत ॥९०॥

अथवा जो कर्तव्य तुव रह्यो जगत के बीच।
सो सब करि तू चल बस्यो रह्यो व्याज इक मीच॥९१॥
हिन्दी की उन्नति करत कै तू होय निरास।
हार मानि हरिचन्द तू कीनो अनत निवास॥९२॥
हिन्दू के हित की रही यहाँ नहीं जब आस।
तब तू पहुँच्यो धाय धौं श्री जगदीश्वर पास॥९३॥
अथवा ज्यौं प्रिय जगत को रहो खरो तू हाय।
तैसे हरि प्रिय जानि तोहि बेगहिं लियो बुलाय॥९४॥
मैं नहि जानत ठीक है इनमें कारन कौन।
तू ही आय बताय दै सत्य भेद हो जौन॥९५॥
काह कहूँ कहि जात नहिं लखि तेरो यह हाल।
कुटिल काल धिक तोहिं यह कीनो कौन कुचाल॥९६॥
धिक सम्वत उनईस सौ इकतालिस जो जात।
चलत चलत हिन्दुन हिये दियो कठिन आघात॥९७॥
धिक साँचहु ऋतु शिशिर जिहि कहत जगत पतझार।
अव के भारत विपिन तौ आवत दीन उजार॥९८॥
माघ मास धिक तोहि अरु कृष्ण पक्ष धिक तोहि।
जिन दीनो या जगत सो श्री हरिचन्द विछोहि॥९९॥
सकल अमंगल मूल धिक तो कँह मंगलवार।
धिक षष्ठी तिथि तोहिं जो कियो अमित अपकार॥१००॥
धिक धिक पौने दस घड़ी बिती अरी वह रात।
जो न अड़ी एकौ घड़ी भारतेन्दु के जात॥१०१॥
धिक वह पल अरु विपल जब अस्त भयो वह चन्द।
श्री हरि चन्द अमन्द सो जो हरिचन्द दुचन्द॥१०२॥
जाके अथये रुदत सब हिन्दू जाति चकोर।
कोलाहल बाढ्यो महा भारत में चहुँ ओर॥१०३॥

कवित्त

रोवैं क्यों न गुनी जाके रहे गुन गाहक ना,
पण्डित सुकवि रोय सुख सेज सोवै ना।
रोवैं क्यों न पत्रन प्रचारक हितैषी देश,
सभा को करैया कैसे हिय हरखु खोवैना॥
दीन मीन दान सिन्धु सूखे किन रोवैं,
रोवै भारत समस्त दूजो सत्य प्रिय जोवैना।
मित्र क्यों न रोवैं तेरो शत्रु क्यों न होवे तऊ,
पूरो पशु होवे ना तो क्या मजाल रोवेना॥१०४॥

सोरठा

श्री हरि चन्द दुचन्द, जाके यश की चन्द्रिका।
कियो चन्द दुति मन्द, सो वह हाय कितै गयो॥१०५॥

कवित्त

उन निज राज पर काज दान दीन इन,
सर्वसहीन ताही हेत चेत ह्वै गयो।
उन तन बेंचि हठि राख्यो निज सत्य इन,
सत्य सत्य पर काज करि तन दै गयो॥
उन एक गुन यश पायो इनके अनेक,
गुन गान करि पार कौन जन लै गयो।
भारत को साँचो चन्द साँचो हरिचन्दसम,
साँचो चन्द सम हरीचन्द सो अथै गयो॥१॥

कवित्त

सींचि कवि बचन सुधा के सुधा सों जहान,
कवि कुल कैरव विकासमान कै गयो।

हरिश्चन्द्र चन्द्रिका की चन्द्रिका प्रकाशि नभ,
हिन्दी तें तिमिर उर्दू को करि छै गयो ॥
कविता कालानि को बढ़ाय रसिकन चकोर,
ललचाय हिन्द सिन्धु को उछाह दै गयो।
भारत को साँचो चन्द साँचो हरिचन्द सम,
साँचो चन्द सम हरीचन्द सो अथय गयो ॥२॥

कवित्त

राजा औ सितारे हिन्द राय बहादुर,
आनरेबिल खिताब लै खराब जग ह्वै गयो।
लेकचरर् एडीटर सेकरेटरी रिफार्मर,
जाय कौंसल में कोऊ निज नाम कै गयौ ॥
पेट द्रव्य काज भये हाकिम अनेक याने,
निदरि सवैई देश हित करतै गयो।
भारत को सोभा सिन्धु भारत को बन्धु साँचो,
भारत को चन्द हरी चन्द सो अथै गयो ॥३॥

छप्पय

हा तेरो वह मंजु मनोहर मुख मयंक सम।
हा जासों निकरत नित नव कविता अमृतोपम ॥
हा तेरो कर ललित लेख लेखत जो हरदम।
हा तेरो हिय जित छायो दुख देश सघन तम ॥
हा तेरो धन साँचहु सुफल, जो लाग्यो पर काज में।
हा उपकारी तुव तन सुफल, जीवन भारत राज में ॥४॥

छप्पय

हा भारत हित लरन अपूरब एक बीर बर।
हा भारत हित हेत करन करबाल कमलधर ॥

हा भारत हित कारन, हा भारत भय हारन।
हा भारत भूमी सों मूरखता तम टारन॥
हा भारत चन्द अमन्द नृप, हरीचन्द सम जौन हो।
हा अथै गयो हरिचन्द सो, हाय हाय हरिचन्द सौ॥५॥

छप्पय

हा हिन्दी सज्जित करि जिन निज हाथ सँवारे।
हा हिन्दी जीवन दाता हिन्दी हिय हारे॥
हा हिन्दी प्यारी सुकुमारी के पिय प्यारे।
हा हिन्दी के यौवन दुति दरसावन हारे॥
हा हिन्दी के आधार तुम, हा हिन्दी के मनहरन।
हा हिन्दी के हिय हार वर, हिन्दी छवि कारन करन॥६॥

छप्पय

हाय हाय हरिचन्द हाय हिन्दुन हितकारी।
हा हिन्दू बैरीन हेत साँचहु भय भारी॥
हा हिन्दुन के हक्क धर्म्म रच्छन प्रनकारी।
हा हिन्दुन के दुःख दलन अवगुन गन हारी॥
हा हिन्दुन उत्साहित करन, हा हिन्दुन उन्नति करन।
हा हिन्दुन के सुभ सदन मैं, सुख सोभा साँचहु भरन॥७॥

दोहा

अब मैं तो कहँ देत हूँ अन्त यहै आसीस।
सत्य आतमा आप हित देय शान्ति जगदीश॥

नेह निधि पयान

(श्री कृष्णदेव शरण सिंह जू देव की मृत्यु पर लिखित शोकोच्छ्वास—जो प्रेमघन जी तथा भारतेन्दु के अनन्य मित्रों में थे, और निर्वासित भरतपूर नरेश थे। १३ अप्रैल १९०६ ई० में उनकी मृत्यु पर प्रेमघनजी ने यह कविता लिखी थी।)

नेह निधि पयान

सुकवि सुजान विद्या विविध निधान,
कला कोविद महान धीर पूरन परन मैं।
भरत पुराधिय को बंस अवतंस,
गुन गनन प्रसंस वीर अरि ते अरन में।
रूप सील सुन्दर सराही सवही तै सोई,
छांडि जस जग दुख मानस नरन में।
"नेहनिधि" कृष्ण देव सरन अनन्य भक्त,
कृष्णदेव भाज्यो कृष्ण देव के सरन में।

× × ×

औचकही, तुम नेह निधि, भाजें कितै पराय।
करी नाम विपरीत यह, निठुराई तुम हाय॥
खोय रतन अनमोल इक, भारत भयो मलीन।
पश्चिम उत्तर देस सौ, वन्यौ निपट अति दीन।
भयो बनारस विनारस, पाप कठिन आघात।
तुमहिं देखि हरिचन्द दुख, भूलो जौन जनात॥
उपवन नेह निवास पर, आप अटल पतझार।
अरीन जहँ आधीधरी, विरमी जित वहुबार।
नित जहँ नवल वसन्त छवि, छाई सों लहरात।
नित जहँ रसिक मलिन्द के, मत्त वृन्द मडरात।
चित चोरत जहँ खिल सुमन, सुन्दर रूप हमेस।
लेखि लजत छवि जसन लहि, कुसुम अराम सुरेस॥
बरसत निसिबासर जहाँ रह्यो मोद मकरन्द।
उड़त निरन्तर जहँ, रह्यो, प्रेम पराग अमन्द।

हरीचन्द सम चहकते, जित बुलबुल दिन रात।
अन्य सुकवि कुल कोकिलन, की कल कूक सुनात।
प्रेमी चारू चकोर नित, भूलि जात निज चन्द।
निरखत चन्दहु चन्द छवि, छहरत, चन्द अमन्द॥
तपेविरह तापनि किते सीरी भरत उसास।
उद्दीपन साजन सजे लखि अति कोप उदास॥

होली की नकल

भारतीय प्रजा की दीनता दरिद्रता का ध्यान अंग्रेजों को नहीं है, ऊपर से इनकम-टैक्स लग रहा है, इस अन्धेर पर कवि हृदय क्षुब्ध हो उठा, यहीं से उठी असन्तोष की भावना आगे चल कर प्रेमघन जी के काव्य में असन्तोष की भावना को जगानेवाली सिद्ध हुई।

—सं० १९४२

होली की नकल या मोहर्रम की शकल[1]

जब से लागल इ टिकस हाय उड़ा होस मोरा।
रोवै के चाही हंसी ठीठी ठठाना कैसा।।

इन्कम् टैक्स

रोओ ! सब मुंह बाय बाय। हय हय टिक्कस हाय।।
रोज कचहरी धाय धाय। अमलन के ढिग जाय जाय।।
रोओ सब मुंह बाय बाय। हय हय टिक्कस हाय हाय।।
रोकड़ जाकड़ ल्याय ल्याय। लेखा वही मिलाय आय।।
घर घाटा दिखलाय हाय। उजुर माजरा गाय गाय।।
घुड़की उत्तर पाय पाय।खिसियाने घर आय आय।।
रोओ सब— । है है टिक्कस— ।।
आमला सब हरखाय हाय। दूना टिकस बताय हाय।।
स्वान सरिस मुंह बाय बाय। घूस भली विधि खाय हाय।।
पीछे धता बताय हाय। टिक्कस ले धरि धाय धाय।।
रोओ सब— । हय हय टिक्कस— ।।
कैसे केव बचि जाय हाय। तसिलदार ढिग आय हाय।।
सौ सौगन्धें खाय हाय। निर्धनता दिखलाय हाय।।
धक्का मुक्की खाय हाय। हवालात भरि जाय हाय।।
रोओ सब— । हय हय— ।।
भूख लगे बिलखाय हाय। प्यास लगे चिल्लाय हाय।।
साँसत सहस सहाय हाय। लाखन दुःख दिखाय हाय।।
वे इज्ज़ती कराय हाय। लहना लेय चुकाय हाय।।

१. इन्कम्-टैक्स के लगने पर लिखित

रोओ सब— । हय हय— ॥
पास कलक्टर जाय हाय । अरजी भी लिखवाय हाय ॥
मुखतारन सिर नाय हाय । हाथ भले गरमाय हाय ॥
अमला लोग मिलाय हाय । पीछे पीछे धाय हाय ॥
रोओ सब— । हय हय— ॥
हिन्ती विन्ती गाय हाय । कागद पत्र देखाय हाय ॥
घर को भरम गँवाय हाय । औरो द्रव्य ठगाय हाय ॥
दस दिन समय नसाय हाय । गरज न कुछ सुनि जाय हाय ॥
रोओ सब— । हय हय— ॥
व्यापारी बिलखाय हाय । नफ़ा नहीं दिखलाय हाय ॥
व्याजौ नहीं समाय हाय । मूरौ से कुछ जाय हाय ॥
घटी घटी ही पाय हाय । कर मीजै पछिताय हाय ॥
रोओ सब— । हय हय— ॥
रकम दे वाले जाय हाय । सो नहिं मोजरे पाय हाय ॥
हरख न कैसे जाय हाय । तापर टिकस सुनाय हाय ॥
रुपिया लेंये गिनाय हाय । दया न कँहूँ लखाँय हाय ॥
रोवैं सब मुँह बाय बाय । हय हय— ॥
दास वृत्ति करि खाय हाय । द्रव्य काज सिर नाय हाय ॥
वा जूती चटकाय हाय । करै दलाली धाय हाय ॥
जो मिहनत कर खाय हाय । सब टिक्कस दै जाय हाय ॥
रोओ सब— । हय हय— ॥
पाँच सौ तलक जाकी आय । कोऊ भाँति द्रव्य कमाय ॥
चाहे आधे पेटे खाय । लड़का बिन ब्याहे रह जाय ॥
करज होय वा घर विनसाय । पर तो भी टिक्कस देइ जाय ॥
रोओ सब— । हय हय— ॥
लूटि विलायत भारत खाय । माल ताल बहु विधि फैलाय ॥
ताको मासूली छुटि जाय । जामें लागै लाभ दिखाय ॥
देसी मालन इहाँ बिचाय । घाटा भारत के सिर जाय ॥

रोओ सब— । हय हय— ।।
रहैं विलायत जो हरखाय । भारत सौं धन रोज कमाय ।।
चैन करैं जो मजे उड़ाय । तिसका टिक्कस भी छुट जाय ।।
यह अचरज देखो तो आय । सोचत बुद्धि बिकल हो जाय ।।
रोओ सब— । हय हय— ।।
माल गुजारी दीन्ह बढ़ाय । तापर एकर और लगाय ।।
रात दिना जब खूब कमाय । मेहनत से जब देंह थकाय ।।
तबै खेत में अन्न देखाय । पाला पाथर नासै आय ।।
रोओ सब— । हय हय— ।।
इन बिपतन सों जो बचि जाय । तो कुरकी बैठावैं आय ।।
करजा लेकर देंय चुकाय । बेचन जाय नगर जब धाय ।।
तब वापर चुँगी लग जाय । देयँ बिसार टिकस धरि घाय ।।
तब वापर चुँगी लग जाय । देयँ बिसार टिकस धरि खाय ।।
रोओ सब मुँह— । हय हय— ।।
रिपन गये जब सों उत हाय । तब सों बिपत परी उतराय ।।
डफ्रिन लाट भये इत आय । प्रथम परे अति सरल सुनाय ।।
पर इत आय किये मन भाय । करनी कछू कही नहिं जाय ।।
रोओ सब— । हय हय— ।।
रावल पिण्डी खूब सजाय । भल दरबार कीन्ह हरखाय ।।
दिल्ली कृतृम युद्ध करवाय । जग से सूरन सुभट बुलाय ।।
न्यौता भलविधि तिन्हें जिवाँय । भरल खजाना दिहिन लुटाय ।।
रोओ सब मुँह— । हय हय— ।।
अंगरेजन के हित चित चाय । ब्रह्मा में बाजे अरराय ।।
बेचारे थीबा धरि धाय । कैद किये भारत में ल्याय ।।
करैं हाकिमी गोरा जाय । खर्चा भारत सीस बिसाय ।।
रोओ सब मुँह— । हय हय— ।।
सुनियत रूस पहूँच्यो आय । ताहू पर नहिं नेक डराय ।।
भारत की सी भूमी पाय । दिहिन टिकस एक और बढ़ाय ।।

सीमा करि मजबूत बनाय । टेवत मोछ हँसत हरखाय ।।
तुम सब कहत रोय मुँह बाय । हय हय— ।।
प्रजा मेमना सी चिल्लाय । बनै रोय नहिं आवै गाय ।।
अक्की बक्की गई भुलाय । इनकी ईश्वर करो सहाय ।।
महरानी उर दया बसाय । इन्हें न सूझै और उपाय ।।
कहि रोवैं मुँह बाय बाय । हय हय टिक्कस हाय हाय ।।

मन की मौज

यह एक अन्योक्तिपूर्ण कविता है--प्रेमी अपने प्रेयसि के लिए विव्हलता की किन-किन दशाओं में गुजरता है, अपने प्रेम प्रदर्शन में उसे कितनी कठिनाई उठानी पड़ती है, और कितनी यातना के बाद उसे अपने प्रेमी के दर्शन और सान्निध्य की प्राप्ति होती है। कवि इसी को अपने शब्दों में इस प्रकार वर्णन करता है :--

"दिल के गुलशन की बहार में मस्त रहूँ सुख पाऊँ।
नहीं है ख्वाहिश और किसी से जिससे सीस नवाऊँ।।"

खड़ी बोली की यह कविता प्रेमघनजी ने व्रजभाषा की परिपाटी को छोड़ कर लिखी और खड़ी बोली को यहीं से आपने प्रोत्साहन देना प्रारम्भ किया। यह आपकी मारफत की शैली पर लिखी गई कविता है।

--सं० १९४४

मन की मौज

कुछ मत पूंछो

मन की मौज मौज सागरसी सो कैसे ठैराऊँ।
जिस्का वारापार नहीं उस दर्या को दिखलाऊँ॥
तुमसे नाजुक दिलको भारी भौंरों में भरमाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
काली जखम कलेजे ऊपर कैसे उसे दिखाऊँ।
दर्द जिगर का मन्त्र हमारा सो किस तरह बताऊँ॥
वैद कोई ऐसा नहिं जिस्से दिल की सैन बुझाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
ढूँढ़ जगत को पाया कैसे उसे तुरत प्रगटाऊँ।
बिन परखैया चतुर जौहरी किसको इसै दिखाऊँ॥
या अमोल मानिक बिन मोलहि मूढ़न संग गवाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
दोनों जग के कानों से गर किसी को खाली पाऊँ।
तुरत जलज रज जुगल चरन की उसको सीस चढ़ाऊँ॥
पर कोऊ मिलता नहिं ऐसा जिसको गले लगाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
पड़ा जो याँ हम पर गुन उसको दिल में चुप हो जाऊँ।
देखा जो कुछ इश्क चमन में कैसे किसे दिखाऊँ॥
हानि लाभ की कुछ मत पूंछो कहने में शरमाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
यह अचरज अति चरित अनूपम कैसे सहज लखाऊँ।
छेम मूल यह मन्त्र प्रेम को कैसे तुरत बताऊँ॥

कहन चहत जिय जोहि जगत गति फिर फिर मन समझाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
गो नादान, कुटिल, खल, मूरख, दुनिये में कहलाऊँ।
काम न सुख, दुख, भले, बुरे निज निन्दा सुन न लजाऊँ॥
दिल में जो कुछ पकता उसको किस बिधि किसै खिलाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
कोई गुरू न चेला मेला अजब लगा क्या गाऊँ॥
कोई दिलवर यार नहीं गमखार किसै ठहराऊँ॥
खुद गरजे तो बहुत न सच्चा दिल का कोई पाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
दूँ दिल जान माल बल्के सौ सौ सदके हो जाऊँ।
जरा नहीं मुतवज्जह तिस पर हजरत को मैं पाऊँ॥
गैर मुफ्त में यार बने मैं बेगाना कहलाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
आप बड़े औ छोटा मैं फिर कैसे बिधी बताऊँ।
मालिक तुम बन्दा वन्दा किस तरह भला बर आऊँ॥
आप न मानें एक बात मैं लाख तरह समझाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
कर दिल के सौ सौ टुकड़े में दर्पन सा दिखलाऊँ।
परम प्रेम पीयूष सरिस कत कबिता रस बरसाऊँ॥
तौ भी बकरी सा पागुर करता जो तुमको पाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
मैं अपने दुखड़े के पचड़े का करुणा रस लाऊँ।
कहनी अन कहनी बातें कह भारी भरम गवाऊँ॥
चिलम सरिस मुख बाये हँसता तिस पर तुमको पाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
सौ उलझन में उलझों को कैसे कै सुलझाऊँ।
बे दिल के बहलाव भला दिल कैसे कर बहलाऊँ॥

यही अनोखापन यांका तो देख देख पतछाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
हार गया जब तुमसे तब फिर क्या वीरता दिखाऊँ।
डाँट के जो कुछ कहिए सुनकर गरदन क्यों न हिलाऊँ॥
बुरा चहे कितनहूँ लगे सुन शरबत सा पी जाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
तिरछी तिउरी देख तुम्हारी क्योंकर सीर नवाऊँ।
हौ तुम बड़े खबीस जानकर अनजाना बन जाऊँ॥
हर्फे शिकायत ज़बां पर आए कहीं न यह उर लाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
लूट रहे हो भली तरह मैं जानूँ बले छुपाऊँ।
करते हो अपने मन की मैं लाख चहे चिल्लाऊँ॥
डाह रहे हो खूब परा परबस मैं गो घबराऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
रोज तुमारे देने को मैं कहाँ से रुपया लाऊँ।
बिना लिए तुम पिण्ड न छोड़ो रि क्या जुगत लगाऊँ॥
यह दुखड़ा तजि ईस और सों कहकर क्या फल पाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
बहुत तंग तुमने कर डाला कब तक रंज उठाऊँ।
सहने का भी कोई दरजा इससे अधिक न पाऊँ॥
ठान लिया है हमने भी कुछ क्यों उसको समझाऊँ॥
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
धोखा दिया अजब तुमने वल्लाह खूब सरमाऊँ।
होकर मैं बदनाम गैर संग देख तुमैं दुख पाऊँ॥
लोग पूँछते हैं बाइस बस सुनकर चुप हो जाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
मरजे मुबारक का मरीज तब क्या अहवाल सुनाऊँ।
अजी डाक्टर साहब शक्ल तुम्हारी देख डराऊँ॥

जो कुछ किया भले भर पाया सोच सोच सकुचाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
जाऊँ रोज मजा लेने को अगर माल दे आऊँ।
बिन देखे कल नहीं न बिन रुपये के घुसने पाऊँ॥
कहाँ मिले दुनिया की दौलत जिससे उन्हें रिझाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
मूँ देखी बातें भी उनकी सुन सुन कर मुसुकाऊँ।
साफ़ जवाब लाख अर्जी पर भी जब हाय न पाऊँ॥
झूठी फ़िक्रे बाज़ी की बौछारों से घबराऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानो कैसे किसे सुनाऊँ॥
हजार आशिक अपने ही से जब मैं उसको पाऊँ।
सब के संग बरताव जियादा अपने से लख पाऊँ॥
मगर व अपना ही सा जचता है तब क्या बस लाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
उस दिलवर के फ़िराक़ में चित चूर रहै गुन गाऊँ।
गो हमसे वह रहे न खुश पर आशिक तो कहलाऊँ॥
इसका सबब कोई पूछे तो कहकर क्या फल पाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥
दिल के गुलशन की वहार में मस्त रहूँ सुख पाऊँ।
नहीं है ख्वाहिश और किसी से जिससे सीस नवाऊँ॥
जो इस मजे से ना वाकिफ़ हैं उनको क्या समझाऊँ।
कहो प्रेमघन प्रेम कहानी कैसे किसे सुनाऊँ॥

प्रेम पीयूष वर्षा

इसके अन्तर्गत रीतिकालीन काव्य-परम्परा के अन्तर्गत कवि ने अपने उमंगों को चित्रित किया है। काव्य सुषमा, अनुप्रास की छटा, भावों की कोमलता इस खण्ड की विशेषताएं हैं।

—सं० १९४७

प्रेम पीयूष वर्षा

लसत सुरँग सारी हिये हीरक हार अमन्द।
जय जय रानी राधिका सह माधव बृजचन्द ।।

नवल भामिनी दामिनी सहित सदा घनस्याम।
बरसि प्रेम पानीय हिय हरित करो अभिराम ।।

यह पियूष वर्षा सुखद लहि सुभ कृपा तदीय।
सींचहु सन्तोषैं रसिक चातक कुल कमनीय ।।

दोउन के मुखचन्द चितै, अँखिया दुनहून की होत चकोरी।
दोऊ दुहुँ के दया के उपासी, दुहुँन की दोऊ करैं चित चोरी ।।

यों घन प्रेम दोऊ घन प्रेम, भरे बरसैं रस रीति अथोरी।
मों मन मन्दिर में बिहरैं, घनस्याम लिये वृषभान किशोरी ।।

आनन चन्द अमन्द लखे, चकि होत चकोरन से ललचो हैं।
त्यों निरखे नवकंज कली, कुचमत्त मलिन्दन लों मन मोहैं ।।

सो छबि छेम करैं बृज स्वामिनि, दामिनि सी दुति जा तन जोहैं।
चातक लौं घन प्रेम भरे, घनस्याम लहे घनस्याम से सोहैं ।।

हेरत दोउन को दोऊ औचकहीं, मिले आनि कै कुंज मझारी।
हेरतहीं हरिगे हरि राधिका, के हिय दोउन ओर निहारी ।।

दौरि मिले हिय मेलि दोऊ, मुख चूमत है घनप्रेम सुखारी।
पूरन दोउन की अभिलाख, भई पुरवैं अभिलाख हमारी ।।

पान सन्मान सों करैं बिनौद विन्दु हरैं,
तृषा निज तऊ लागी चाह जिय जाकी है।
जाचैं चारु चातक चतुर नित जाहि देति,
जौन खल नरनि जरनि जवासा की है।
प्रेमघन प्रेमी हिय पुहमी हरित कारी,
ताप रुचिहारी कलुषित कविता की है।
सुखदाई रसिक सिखीन एक रस से,
सरस बरसनि या पियूष वर्षा की है।।

प्रार्थना

ही में धारे स्याम रंग ही को हरसावै जग,
भरै भक्ति सर तोषि कै चतुर चातकन।
भूमि हरिआवै कविता की हरि दोष ताप,
हरि नागरी की चाह बाढ़ै जासो छन छन।।
गरजि सुनावै गुन गन सों मधुर धुनि,
सुनि जाहि रसिक मुदित नाचै मोर मन।
बरसत सुखद सुजस रावरे को रहै,
कृपा वारि पूरित सदाही यह प्रेमघन।।

आस पूरिबे की याही आस है तुही सों तासो,
आन सो न जाँचिबे की आन ठानी प्रन है।
तेरे ही प्रसाद पाई सुजस बड़ाई तूही,
जीवन अधार याहि जीवन को धन है।।
दीजै दया दान सनमान सों कृपा के सिंधु,
जानि आपनो अनन्य दास खास जन है।
चूक ना बिचारो या विचारे की सु एकौ प्यारे,
इच्छा बारि बाहक तिहारो प्रेमघन है।।

पालै जग सकल सदाहीं जगदीस जोई,
सिरजत सहजहीं त्यों चाहि चित छन मैं।
दूध दधि चाखन को जाँचै ग्वालनीन ढिग,
नाचै दिखराय रुचि रंचक माखन मैं॥
प्रेमघन पूजत सुरेस औ महेस सिद्धि,
नारद मुनीस जाहि ध्यावैं सदा मन मैं।
गोकुल मैं सोई ह्वै गुपाल गऊलोक बासी,
गैयन चरावत विलोको वृन्दावन मैं॥

रानी रमा को बिसारि पतिव्रत, दै मन गोपी सनेह बिसाहो।
रीझि लखौ रतनाकर त्यागि कै, बास करील के कुंज को चाहो॥
त्यों सुर सेवा न भाई गुपालन, मीत बनै घनप्रेम निबाहो।
जो रखबारो रहो जग को, सो बनो ब्रज गैयन को चरवाहो॥

वारौं अंग अंग छबि ऊपर अनंग कोटि,
अलकन पर काली अवली मलिन्द की।
वारौं लाख चन्द वा अमन्द मुख सुखमा पै,
चाल पै मराल गति मातेहु हूँ गइन्द की॥
वारौं प्रेमघन तन धन गृह काज साज,
सकल समाज लाज गुरुजन वृन्द की।
वारौं कहा और नहिँ जानौ वीर वामें आनि,
बसी मन मेरे बाँकी मूरति गुविन्द की॥
टेढ़ो मोर मुकुट कलङ्गी सिर टेढ़ी राजैं,
कुटिल अलक मानो अवली मलिन्द की।
लीन्हे कर लकुट कुटिल करै टेढ़ी बातैं,
चलै चाल टेढ़ी मदमातेई गइन्द की॥
प्रेमघन भौंह बंक तकनि तिरीछी जाकी,
मन्द करि डारै सबै उपमा कविन्द की।

टेढ़ो सब जगत जनात जबहीं सो आनि,
बसी मन मेरे बाँकी मूरति गोविन्द की॥

मोहन कामहुँ के मन को, जग की जुवतीन को जो चित चोर है।
सेवक जाके सुरेसहुँ से, सोइ चाहत तेरी दया दृग कोर है॥
भाग भली तू लही ये अली, घन प्रेम कियो बस नन्दकिशोर है।
है घनस्याम बनो तुव चातक, जो वृजचन्द सो तेरो चकोर है॥

नव नील नीरद निकाई तन जाकी जापै,
कोटि काम अभिराम निदरत वारे हैं।
प्रेमघन बरसत रस नागरीन मन,
सनकादि शंकर हू जाको ध्यान धारे हैं॥
जाके अंस तेज दमकत दुति सूर ससि,
घूमत गगन में असंख्य ग्रह तारे हैं।
देवकी के बारे जसुमति प्रान प्यारे,
सिर मोर पुच्छ वारे वे हमारे रखवारे हैं॥

बेद बने बरही बर बृन्द, रटै शुक नारद से जस जायक।
व्यास विरंचि सुरेस महेसहु, के हिय अम्बर बीच बिहारक॥
भक्तन के अघ ओघ भयंकर, ग्रीषम को त्रय ताप विनासक।
सोई दया बरसै घन प्रेम, भरो घन प्रेम रटै तुव चातक॥

लहलही होय हरियारी हरियारी तैसें,
तीनो ताप ताप को संताप करस्यो करै।
नाचै मन मोर मोर मुदित समान जासों,
विषय विकार को जवास झरस्यो करै॥
प्रेमघन प्रेम सों हमारे हिय अम्बर मैं,
राधा दामिनी के संग सोभा सरस्यो करै।
घनस्याम सम घनस्याम निसिवासर,
सदा सो निज दया बारि बुन्द बरस्यो करै॥

वा जग वन्दन नन्द को नन्दन, जो जसुदा को कहावत वारो।
जीवन जो ब्रज को घनप्रेम जो, राधिका को चित चोरन हारो।।
मंगल मंदिर सुन्दरता को, सुमेर अहै दया सिन्धु सुधारो।
मंजु मराल मेरे मन मानस, को सोई साँवरी सूरति वारो।।

सम्पति सुयस का न अन्त है विचार देखा,
तिसके लिये क्यों शोक सिन्धु अवगाहिये।
लोभ की ललक में न अभिमानियों के तुच्छ,
तेवरों को देख उन्हें संकित सराहिये।।
दीन गुनी सज्जनों में निपट विनीत बने,
प्रेमघन नित नाते नेह के निवाहिये।
राग रोष औरों से न हानि लाभ कुछ,
उसी नन्द के किसोर की कृपा की कोर चाहिये।।

हमें जो हैं चाहते निबाहते हैं प्रेमघन,
उन दिलदारों हीं से मेल मिला लेते हैं।
दूर दुदकार देते अभिमानी पशुओं को,
गुनी सज्जनों की सदा नेह नाव खेते हैं।।
आस ऐसे तैसों की करें तो कहो कैसे,
महाराज वृजराज के सरोज पद सेते हैं।
मन मानी करते न डरते तनिक नीच,
निन्दकों के मुँह पर खेखार थूक देते हैं।।

कुच कठिनाई की कहौ तौ कौन समता है,
करद कटाछन की काट किहि तौर है।
मृदु मुसक्यानि की मजा औ माधुरी अधर,
पिय को सजोग सुख और किहि ठौर है।।
प्रेमघनहूँ को त्यों पियूष वर्षा विनोद,
अनुभव रसिक बिचारें करि गौर हैं।

रहनि सहनि सुमुखीन की सुजैसें और,
वैसें सुकवीन की कहनि कछु और है॥
काली अलकावलि पें मोर पंख छबि लखि,
विलखि कराहैं ये कलाप मुरवान के।
पीत परिधान दुति दाब्यो दामिनी दुराय,
लखि मोतीमाल दल भाजे बगुलान के॥
प्रेमघन घनस्याम अति अभिराम सोभा,
रावरी निहारि लाजे घन असमान के।
गरजन मिस करैं दीनता अरज ढारैं,
अँसुवान ब्याज वारि बिन्दु बरसान के॥

(स्फुट)

लाज न बुद्धि सो काज कछू, बनई सब बात बिचित्र नवीनी।
काह कहूँ घनप्रेम तुम्हें, करता हूँ के नाम की लाज न लीनी॥
अष्टमी के निसि को ससि खास, अकास प्रकासन के हित दीनी।
वा सुकुमारी सुहासिनी की, अलकाबलि की ककही नहिं कीनी॥

साँवरी सूरति मूरति मैन, मयंक लखे मुख जासु लजो है।
मोर पखौवन को सिर मौर, गरे बन माल धरे मन मोहै॥
सीकर सोभा सुधा बरसाय कै, आय हिये घनप्रेम अरो है।
बावरी मोंहि बनाय गयो, मुसकाय के हाय न जानिये को है॥

आनन इन्दु अमन्द चुराय, चकोर चितै ललचाय न टालो।
ठोढ़ी गुलाब प्रसून दुराय, मलिन्दन लोचन सोचन सालो॥
है घनप्रेम दया बरसो रस के बस बानि अनीति सँभालो।
रूप अनूपम देहु दिखाय, दया करि हाय न घूँघट घालो॥

पावस

रट दादुर चातक मोरन सोर, सुने सजनी हियरा हहरैं।
जुरि जीगन जोति जमात अरी, बिरहागिन की चिनगीन झरैं॥

घनप्रेम पिया नहिं आये चलौ, भजि भीतरें काली घटा घहरें।
लखि मैन बहादुर बादर के, कर सों चपला असि छूटी परें॥

सावन समान करि आयो री महान,
मैन मीत बलवान साजे सैन बगुलान की।
धनु इन्द्रधनु बान बुंद बरसान बन्दी,
विरद समान कल कूक मुरवान की॥
प्रेमघन प्रान पिय बिन अकुलान लाग्यो,
लखत कृपान सी चलान चपलान की।
धीरज परान हहरान हिय लाग्यो सुन,
धुन धुरवान घोर घुमड़ी घटान की॥

चंचला चौंकि चकी चमकै, नभ बारि भरे बदरा लगे धावन।
कुंजन चातक मंजु मयूर, अलाप लगे ललचाय मचावन॥
छाय रह्यो घनप्रेम सबै हिय, मानिनी लाग्यो मनोज मनावन।
साजन लागीं सिंगार सजोगिन, आवत ही मन भावन सावन॥

नभ घूमि रही घन घोर घटा, चमू चातक मोर चुपाते नहीं।
सनकै पुरवाई सुगन्ध सनी, छिन दामिनि दौर थिरातै नहीं॥
घन प्रेम जगावन सावन है, पर हाय हमें तो सुहाते नहीं।
मुखचन्द अमन्द तिहारो जबै, इन नैन चकोर दिखाते नहीं॥

कूकैं कोकिलान हिय हूकैं देत आन,
बिरहीन अबलान सोर सुनि मुरवान की।
दादुर दलन की रटान चातकन की,
चिलात छन छन चमकान चपलान की॥
पैठी मान तान भौन भौंहन कमान,
भूलि प्रेमघन बान बीर पीतम सुजान की।
कैसे कै बचैहै प्रान बीर बरखान लखि,
घुमड़ि घुमड़ि घन घेरन घटान की॥

खिलि मालती बेलि प्रफुल्ल कदम्बन,
पैं लपटी लहरान लगी।
सनकै पुरवाई सुगन्ध सनी,
बक औलि अकास उड़ान लगी।।
पिक चातक दादुर मोरन की,
कल बोल महान सुहान लगी।
घन प्रेम पसारत सी मन में,
घनघोर घटा घहरान लगी।।

उड़ैं बक औलि अनेकन ब्योम,
विराजत सैन समान महान।
भरे घन प्रेम रटैं कवि चातक,
कूकि मयूर करै जस गान।।
छनै छनहीं छन जोन्ह छुवै,
छिन छोर निसान छटा छहरान।
बलाहक पै जनु आवत आज,
है पावस भूपति बैठि बिमान।।

नभ घूमि रही घन घोर घटा,
चहुँ ओरन सों चपला चमकान।
चलै सुभ सावन सीरी समीर,
सुजीगन के गन को दरसान।।
चमू चँहकारत चातक चारु,
कलाप कलापी लगे कहरान।
मनोभव भूपति की वर्षा मिस,
फेरत आज दोहाई जहान।।

सजि सूहे दुकूलन झूलन झूलत,
बालम सों मिलि भामिनियाँ।

बरसावत सो रस राग मलार,
अलापत मंजु कलामिनियाँ ।।
बितिहैं किहि भातिन सावन की,
यह कारी भयंकर जामिनियाँ ।
घन प्रेम पिया नहिं आये दसौ
दिसि तें दमकैं दुरि दामिनियाँ ।।

नाच रहे मन मोद भरे,
कल कुंज करें किलकार कलापी ।
गाय रहे मधुरे स्वर चातक,
मारन मन्त्र मनोज के जापी ।।
झिल्लियाँ यों झनकारि कहैं,
मन में घन प्रेम पसारि प्रतापी ।
आय गयो विरही जन के बध
काज अरे यह पावस पापी ।।

चंचला चोखी कृपान बनी,
अवली बगुलान की सैन रही जुर ।
साँरग साँरग है सुर नायक,
जय धुनि दादुर मोरन को सुर ।।
वे घन प्रेम पगी बिरहीन पैं,
व्याज लिये बरसा अति आतुर ।
आवत धावत बीरता बारि,
भरे बदरा ये अनंग बहादुर ।।

जेवर जराऊ जोति जीगन जनात किल,
किंकिनी लौं कूकनि मयूरन की डार-डार ।
सारी स्यामताई पै किनारी चंचला की लखि,
प्रेमी चातकन गन दीनो मन वार वार ।।

पुरवाई पवन प्रभाय छहराय छबि,
देखो तो दिखात औ दुरत चंद बार बार।
बदन बिलोकन कों रजनी रमनि,
बस प्रेमघन घूघटैं रही हैं जनु टार टार॥

बक पाँति पताका उड़ै नभ सिन्धु में,
चांप सुरेस धरे छबि छाजत।
जाचक चातक तोषत मोतिन
लौं झरि बुन्दन की बरसावत॥
देखिए तो घन प्रेम भरे,
प्रजा पुँज से मोर हैं सोर मचावत।
आज जहाज चढ़े महाराज,
मनोज मनो घन पैं चढ़े आवत॥

बिरह बढ़ावन या सावन की रजनी में,
जीगन के गन को अकास में प्रकास है।
चंचला चपल चमकत चहुँ ओर चख,
चितवन हूँ को ना मिलत अवकास है॥
प्रेमघन घन की घटा है घोर घहरात,
घहरात बूँदें उपजाय उर त्रास है॥
पी कहाँ पपीहा साँची कहन भटू है अब,
परदेसी पिय कौन आवन की आस है॥

बनी वर्षा की बहार विलोकिबे
काज अटान चढ़ी वह बाल।
दबी दुति दामिनि देखत दीपति,
सुन्दर देंह लजाय कमाल॥
उदै घन प्रेम करै मुख मंडल,
सोहत सूहे दुकूल रसाल।

लखौ जनु घेरि लियो चहुं ओर सों,
चन्द अमन्दहि नीरद लाल ।।

शरद

सुभ सीतल सौरभ सों सनि मन्द, बयारि बहै मन भावनी है।
जल ताल सरोवर स्वच्छ खिली, कुमुदावली सोभा बढ़ावनी है ।।
बरसावत सी घन प्रेम सुधा, निसि सारद सोक नसावनी है।
चलिये मिलिये वृजचन्द अली, यह चाँदनी चारु सुहावनी है ।।
उदोत है पूरब सों वह पूरब, सो पैं न जान्यो परै छल छन्द।
अपूरब कैसो अपूरब हूँ, तें लखात जो पूरो प्रकास अमन्द ।।
दोऊ बरसै घन प्रेम सुधा, चित चोर चकोरहि देत अनन्द।
निसा सुभ सारद पूनव माँहि, लखे जुग सारद पूनव चन्द ।।

सौन्दर्य्य

न होतो अनंग अनंग हुतासन,
कोपहु मैं दहतो न महान।
कोऊ कहतो यहि को नहिं मार,
न मारतो साँचहुँ शम्भु सुजान ।।
घिरी घन प्रेम घटा रति की,
चित चाहि कै मूरखता मन आन।
अनूपम रूप मनोहर को तुव,
जौ न कहूँ करतो अभिमान ।।

लखतै वह रूप अनूप अहो,
अँखिया ललचाय लुभाय गई।
मन तो बिन मोल बिक्यो घन प्रेम,
प्रभावित बुद्धि बिलाय गई ।।

अब चैन परै नहिं वाके बिना,
पढ़ि कौन सी मूठ चलाय गई।
वह चन्दकला सी अचानक आय,
सुहाय हिये में समाय गई।।

लखत लजात जलजात लोयननि जासु,
होत दुति मंद मुख चंदहि निहारी है।
रति में रतीहू राती जाकी ना विरंचि रची,
सची मेनका में ऐसी सुन्दरी सुधारी है।।
नागरी सकल गुन आगरी सुजाकी छबि,
लखि उरबसी उरबसी सोच भारी है।
बेगि बरसाय रस प्रेम प्रेमघन आय,
तो पैं बनवारी वारी बरसाने वारी है।।

मृगलोचनि मंजु मयंक मुखी,
धनि जोबन रूप जखीरनी तू।
मृदुहासिनी फाँसिनी मोहन को,
कच मेचक जाल जँजीरनी तू।।
धनप्रेम पयोनिधि वासिहि बोरनि,
नेह में नाभि गंभीरनी तू।
जगनायकै चेरो बनाय लियो,
अरी वाह री वाह अहीरनी तू।।

नख सिख

चितै दृग मीन मलीन कियो,
मद हीन भये गज चाल मराल।
दबी द्युति दन्तन दामिनि ठोढ़ी,
लखे पियरे भरे डाल रसाल।।

भुजा छबि त्यों घनप्रेम लखो,
दियो बास उदास कै ताल मृणाल।
लगाय मसी मुख डोलत मंद सो,
चन्द बिलोकत भाल बिसाल॥

मुख मंडल पै कल कुन्तल को,
कहि रेसम के सम दूसत हें।
अलि चौर सिवार औ राहु वृथा,
यमपास मिसाल मसूसत हें॥
कवि भूलें सबें घन प्रेम सुनो,
सुधा सम्पति को मिलि मूसत हें।
जनु सारद पूनव के निसि में,
जुरि व्याल सबै ससि चूसत हें॥

पीन पयोधर शम्भु नहीं कल,
काम कमान भ्रुवें छबि छाजत।
है विपरीत जु नासिका कीर,
लखे अलकावलि जालन भाजत॥
देखिये तौ घनप्रेम दोऊ दृग,
आनन पें कहिबे की न हाजत।
है जहँ पूरन इन्दु प्रकास,
विकास तहीं अरविन्द विराजत॥

कुन्दन सी दमकै द्युति देह, सुनीलम सी अलकावलि जो हें।
लाल से लाल भरे अधरामृत, दन्त सुहीरन सो सजि सोहें॥
रन्त मई रमनी लखि कै, घनप्रेम न जो प्रगटै अस को हें।
बाल प्रबालन सी अँगुरी, तिन में नख मोतिन से मन मोहें॥

खम्भ खरे कदली के जुरे जुग,
जाहि चितै चित जात लुभाई।

हेम पतौअन सों लदि कै,
लतिका इक फैलि रही छबि छाई॥
देखियै तो घन प्रेम नहीं पैं,
खिले जुग कंज प्रसून सुहाई।
हैं फल बिम्ब मैं दाड़िम बीज,
दई यह कैसी अपूरबताई॥

भरो जल सुन्दर रूप अनूप,
सरीरहि है सर स्वच्छ नवीन।
मृणाल भुजा त्रिबली है तरंग,
तथा चकवाक पयोधर पीन॥
सजे घनप्रेम भरी रमनी सिर,
वार सवार सिवार अहीन।
अहो यह नाचत हैं मुख पैं दृग,
ज्यों इक वारिज पैं जुग मीन॥

मुख

न हेरहु व्यर्थ कोऊ उपमा, मन मैं न मसूसहु मानि अयान।
सुनो घनप्रेम प्रवीन नवीन, गिरा मन मोहिनी पै धरि ध्यान।
दोऊ दृग बान धरे मुख मंडल, भूषित भौंहन को कलतान।
मनो अलकावलि राहु विलोकत, मारत चन्द चढ़ाय कमान॥

प्रभात जम्हात उठी अँगिराय,
उठाय दोऊ कर पुंज उदोति।
मिली जुग पंजन की अंगुरी भुज,
मध्य उगी मुख की जगि जोति॥
रसै बरसै रमनी घनप्रेम,
सुधा सुखमा की बनी मनो सोति।

किधौं जनु दामिनि मंडल ह्वै,
ससि घेरत कैसी सुसोभित होति ।।
थकी बिपरीत की जीत रनै,
न सकी स्त्रम सों सुकुमारि अँगेज ।
लियो अवलम्ब अनूपम आनन,
लाल तकीयन पैं सजी सेज ।।
लगी बरसै सुखमा घन प्रेम,
मनो लरि लाख गुनो लहि तेज ।
धरे सरि के तर राहु को सोय,
रह्यो है कलानिधि काढ़ि करेज ।।

अधर

मन्द महा मधु माधुरी कन्द,
नबात न बात की आवै विचार में ।
ईख न लीची नहीं सरदा,
नहिं जामुन सेब कै तूत हजार में ।।
चूसि लह्यो रसना घन प्रेम,
जो वा मधुराधर के सुधासार में ।
सो रस के रस को नहिं लेसहु,
पाइये आम अँगूर अनार में ।।

नेत्र

अनुराग पराग भरे मकरन्द लौं,
लाज लहे छबि छाजत हैं ।
पलकैं दल में जनु पूतली मत्त,
मलिन्द परे सम साजत हैं ।।
घन प्रेम रसै बरसै सुचि सील,
सुगन्ध मनोहर भ्राजत हैं ।

सर सुन्दरता मुख माधुरी बारि,
खिले दृग कंज बिराजत हैं।।

दुरे दृग घूँघट की पट ओट सों, चोट कियो करैं लाखन घूल।
लिये जुग भौंहन की घन प्रेम, दिखाय रहे तरवार अतूल।।
भला मतवारे महा जुलमीन, नवीन उपद्रव के नित मूल।
तिन्हें धनु अंजन रेख में हाय, दई दै दई बरुनी सत सूल।।

बिरह

सीर उसास मसूसनि सों सब,
सैल समूहन देखिये ढाहत।
त्यों ससि सूर सितारन सागर,
हूँ उर पीर की ज्वालिका दाहत।।
है घन प्रेम प्रभाय महान,
वियोग को बेग कहा को सराहत।
ए घन सी उनई अँखिया,
असुवान हीं सों जग बोरिबो चाहत।।

वा दिन अकेली जो नवेली मिली कुंज में,
मोह्यौ तुम बाँसुरी बजाय मीठे सुर सों।
प्रेमघन प्रेम दरसाय रस बरसाय,
मन्द मुसक्याय कै लगाई जाहि उर सों।।
नित मिलिबे की आस दै के सुधहू ना लई,
मरन चाहत अब सो विरह ज्वर सों।
मीत मन मोहन के मिलै मन मोहन तौ,
टेरि कहि दीजै इती बात वा निठुर सों।।

बादिहि बढ़ाओ बकवादिहि छुटै ना प्रीति,
चन्द की चकोर और सुमन मलिन्द की।

लागी मोहिं चाह की चुड़ैल कुछ ऐसी भगी,
भभरि कै जासों लाज गुरजन वृन्द की।।
प्रेमघन प्रेम मदिरा की मतवारी होय,
खोय बुधि चेली भई मैं मनोज रिन्द की।
भूल्यो उभय लोक सोक बीर जवहीं सो आनि,
बसी मन मेरे बाँकी मूरति गुबिन्द की।।

जाकी आय सुधि बुधि बिकल बनाय देत,
कुंजनि की कोऊ पतिया जो कहूँ खरकी।
रोम उलहत मन बूड़ै बिथा बारिद मैं,
प्रेमघन बरसि बहावै उर घर की।।
जकरी हूँ लाज की जंजीरन सों ऐंची लेय,
मानो मीन वारी बंसी धीमर के कर की।
घरकी हमारी फेरि छतिया कहूँ धौं बीर,
बाजी हाय बंसी फेरि वाही बाजीगर की।।

डारै मोहनी की मूठ मीठे सुर को सुनाय,
हरै बुधि बस कै सुजान नारी नर की।
मारै तान जब मार मारै प्रान व्याकुल कै,
चितहिं उचाटै सुधि भूलै देहुं घर की।।
आकरषै प्रेमघन अपने ही ओर त्यों,
विद्वेषै मन बैरी के चबाइनै नगर की।
जोर जादूगर से कैसे जादू को जनाय हाय,
बाजी कहूँ बंसी फेरि वाही बाजीगर की।।

कुच

शम्भू कहैं कवि दाड़िम श्रीफल,
कंज कली पै अली छबिया है।

दुन्दुभी दोय धरी उलटी,
चकई चकवा की मिसाल दिया है॥
त्यों घन प्रेम कहैं घट हेम कोऊ,
पर *झूठी* सबै बतिया है।
काम के बान की ढाल बनी,
छतिया पै दोऊ कुच ये फुलिया है॥

यद्यपि छार कियो ही हुतो,
छिन मैं करि कोप जबै जिहि रूठे।
पै तिहि ज्याय खिस्याय भयो,
शरणागत ब्याहि विवाह अनूठे॥
ये घन प्रेम न चूचुक हैं,
कुच के अरु नाहि कहैं हम झूठे।
शम्भु के सीस पै जाय रह्यो है,
दोऊ कर काम दिखाय अँगूठे॥

केश

उमंग सों संग अलीन अन्हाय,
कढ़ी तजि गंग तरंगन बाल।
लसैं जल भीज दुकूल अनंग से,
अंगन की छबि छाय कमाल॥
पयोधर पीन पैं यों लटकी
घन प्रेम घिरी घन सी लट जाल।
लखो लहि प्यार अपार महेसहिं
चूमि रहे जनु ब्याल विसाल॥

चढ़ी भौंह कमान समान लसैं,
उभै लोजन बान करालन सों।

बर बज्र पयोधर पीन महा,
बरुनी के बुझे विष भालन सों॥
बरसै घन प्रेम सुधा ससि आनन,
तौ मधुराधर लालन सों।
उचि पाय सकै कहो कैसे कोऊ,
पै दई अलकावलि व्यालन सों॥

मान

पाँय परे पिय कों झिझकारत,
तानत भौंहन मानि मनावन।
सावन मैन जगावन है,
सुन सोर लगे बन मोर मचावन॥
छाय रह्यो घन प्रेम प्रभाय,
चहूं विरही हियरा हहरानव।
छाड़ि सकोच औ सोच सबै,
बलि बेगहि बीर मिलो मन भावन॥

मान कही तजि मान लसौं, शुभ सूहे दुकूल सिंगार सजीजै।
सावन में मन भावन के हिय, सों लगि कै अधरामृत पीजै॥
यों बरसें घन प्रेम रसै, हरसै हिय ह्वै बस पीय पसीजै।
सीख सयानी सुनो सजनी, यहि मास में सीरी उसास न लीजै॥

बसन्त

आग जनु लागी गुले लाला अवलीन,
कचनार औ अनारन पें बरसि रहे अंगार।
बौरी अमराई कर बौरी सी दई धौं दई,
सुमन पलास नख केहरि सों करैं वार॥
प्रेमघन छायो बनि बधिक बसन्त प्रान,
बिरही बचैंगे बिधि कौन करिये बिचार।

टूकें कै करेजे हिय हूकें दै अचूकें हाय,
लागी काली कोकिलैं कहूंकै बैठि डार डार ।।

बगियान बसन्त बसेरो कियो,
बसिये तिहि त्यागि तपाइये ना।
दिन काम कुतूहल के जे बने,
तिन बीच वियोग बुलाये ना ।।
घन प्रेम बढ़ाय कै प्रेम अहो,
बिथा बारि वृथा बरसाइये ना।
चितै चैत की चाँदनी चाह भरी,
चरचा चलिबे की चलाइये ना ।।

मनकन लागीं मंजु मंजरी रसालन पैं,
काली काक पाली त्यों मृदंग लाग्यो ठनकन।
गनकन लागी राग फाग अनुराग,
सरसान बगियान चुरियान लागी खनकन ।।
अनकन लागीं प्रेमघन प्रेम बस ज्यों
गुलबान पैं आय भौर भौरें लागीं भनकन।
सनकन लाग्यौ मन बनिता बियोगिन को,
सौरभन सानी ज्यों समीर लाग्यौ सनकन ।।

जाके बल सकल कँपायो जगजन सोई,
पाय कै वियोग व्यथा सिसिर समन्त की।
हाहाकार सोर चहुँ ओर सों करत घोर,
लीने धूरि आवत उड़ावत दिगन्त की ।।
प्रेमघन अवलोकिये तौ बन बागन,
उजारै तरु पुँज छीनि छबि छबिवन्त की।
तोरत परन झकझोरत लतान आज,
डोलै बावरी सी बनी बैहर बसन्त की ।।

बने बेलन के बंगले बगियान,
प्रसूनन की झरि लावती हैं।
बिछि फूलन सेज पैं चान्दनी चंद की,
चौगुनो चित्त चुरावती हैं।।
घन प्रेम सुगन्धित सीतल मन्द,
समीर सुखैं सरसावती हैं।
हमें सौ गुनी सारद सों सजनी,
रजनी ये बसन्त की भावती हैं।।

बन बागन फूले प्रसून सुगन्धित,
सीतल वायु बहावती हैं।
मद माते मलिन्दन की भनकैं,
भल कोकिल कूक सुनावती हैं।।
घनप्रेम पसारन काम कुतूहल,
चाँदनी चित्त चुरावती हैं।
सुख साँचो सँजौग सँजोइबे को,
रतियाँ ये बसन्त की आवती हैं।।

रसाल की मंजुल मंजरी पै,
किलकारत कोकिल औ कल कीर।
पसारत सों घनप्रेम रसै,
शुभ सीतल मन्द सुगन्ध समीर।।
बस्यो बन बागन बीच बसन्त,
रही छबि छाय बिलोकियो बीर।
बिकास प्रसूनन पुंज तें कुंज,
गलीन गलीन अलीन की भीर।।

चुम्बन कै कलिका मुख गुंजत,
मंजु मलिन्दन की समुदाई।

प्रेम सिखाय रहीं घनप्रेम,
लता तरु जूहन सों लपटाई।।
मान की बान बिसारि मिल्यौ,
सुनिये रही कोकिल कूक सुनाई।
आज भयो ऋतुराज कौ राज,
फिरै सिगरे जग काम दुहाई।।

मंद मति भिरे भँवरे भँवरीन,
प्रसून मरन्द चुचातन सों।
किलकारत कोइलैं मंजु रसालन,
मंजरी सोर सुहातन सों।
घनप्रेम भरी तरुतें लपटी,
लतिका लदि नूतन पातन सों।
मन बौरें न कैसे सुगन्ध सने,
बन बौरे बसन्त के बातन सों।।

बरखा बिताई सारी सरद सकेली आई,
दुखदाई रजनी बियोगिन बिचारे की।
बिलखि हिमन्तहूं को अन्त कियो कोऊ बिधि,
सिसिर सिरान्यो आस आवनि अवारे की।।
उमडयो उदधि रस जाग्यो अनुराग राग,
पाई ना खबर अजौं प्रेमघन प्यारे की।
कैसे धरों धीर बलबीर बिन बीर लखि,
बनी बाँकी बनक बसन्त बजमारे की।।

घूंघट उघारत ललित लतिकान कों,
बजाय मंजु पैंजनी भँवर भनकन्त की।
मुसकाय कुसुम विकासन के मिस,
दाड़िमन दरकाय दिखरावे दुति दन्त की।।

न्हाय मकरन्दन पराग पट धारि हरे,
परसत प्रेमघन मति मतिमन्त की।
ल्यावन मनोज निज मीत काज आज चली,
बाल गजगामिनी लौं बैहर बसन्त की।।

महकन लागीं अमराई मौर मंजुल सों,
खिलि गुलेलाला औ गुलाब लागे गहकन।
जहकन लागीं कूर कोइलैं अमन्द चन्द,
लखि चहुँ ओर सों चकोर लागे चहकन।।
अहकन लागीं बरसन रस प्रेमघन,
लखि बिरहागि की दवारि लागी दहकन।
बहकन लागी ज्यों ज्यों बैहर बसन्त त्योंही,
बनिता बियोगिनी अधीर लागीं बहकन।।

स्फुट

फाग में सोही सुहाग भरी,
सखियान के संग सों जैसहि छूटी।
त्यों घनप्रेम परे गह्यो मोहन,
ऐंचत मोतिन की लर टूटी।।
बाल रँग्यो तन लाल गुलाल सों,
गाल मल्यो रस सम्पति लूटी।
नैननि सों अँसुवा बरसै,
सिसकै सिकुरी जनु बीर बहूटी।।

जग बाढ़्यो विरुद्ध विधान बखानि,
न बैर बिरोध बढ़ावनो है।
कुल रीति अचार विचार सबै,
गुन गौरव भूरि भुलावनो है।।

लखि तुच्छता और सठता घन प्रेम,
हिये न व्यथा उपजावनो है।
अब तो नर नीचन बीचन में,
बसि कै यह बैस वितावनो है।।

झलकि निहारि हारि मनहिं लग्यो जो संग
छूटत छिनत मानो मनि बिन व्याल भो।
घेरे प्रेमघन रहै नेरे तबहीं सो मेरे,
देखत ही धावै आवै निपट निहाल भो।।
चारो ओर चरचा चलत अब आली याको,
सुनि सुनि सोचि सोचि मों मन कमाल भो।
हेरी वाहि वादिन जो नेक हँसि हेरी सो तो,
हाय वा गुपाल मेरे जिय को जवाल भो।।

आब महताब झुकी झाँकन झरोखे नेक,
चितै चित प्रेमिन लगाय देत दावा सी।
अब हूँ दुरत अंग दीपति दुराय फेरि,
प्रगटे करत गढ़ धीर पर धावा सी।।
प्रेमघन रस बरसाय लचकाय लंक,
चकित मृगी सी थिरकन देत कावा सी।
एरी मृग नैननि गुरेरि भौंहन मुरेरि,
भागी कित जात हाय छलकि छलावा सी।।

सिमकीन सुधा बरसावै मनौ,
मुरि मारत मोहनी मूठ भरी।
कर दोऊ दबाय कै नीबी उरोजन,
जंघन जोरि जनौ जकरी।।
घन प्रेम घिरी पिय अंक में आय,
ससंक मयंक मुखी निखरी।

जनु जाल में जाय परी सफरी,
सी परी उघरै सजी सेज परी॥

भूलत सकल काम धाम त्यों अराम सबै,
आठो जाम काम रहि जात एक ओही सो।
राम की दुहाई भूख प्यास हूँ हराम होत,
अपने बिगाने लखि पात बटोही सों॥
कही नहीं आवै यह प्रेम की कहानी मोंहि,
जान परी प्रेमघन हाय दिन दो ही सों।
लोक लाज त्यागि जान सबै भय भागि जात,
जब मन लागि जात काहू निरमोही सों॥

सोहत सिंदूर भरी मांग तै मरु कैबचि,
अलकावली के जाल जाय उरझानो जात।
मन्द मुसक्यानि औ मधुर बतरानि पर,
मोहि २ मानो विना मोलहि विचानो जात॥
प्रेमघन उरज उतंग के कँगूरन सों,
गिरि त्रिबलीन के तरंग अकुलानो जात।
हेरनि तिहारी हरिनी के दृगवारी हाय,
हेरत हीं हेरत सु मो मन हिरानो जात॥

मोर के मुकुट की लटक अटक्यो कै आह,
अलकावली के जाल जाय उरझाय गो।
अरविन्द आनन बस्यो कै चोखे चखनि,
चितौन भय आय बन वरुनी समाय गो॥
प्रेमघन मुसक्यानि माधुरी पग्यो धौं बलि,
पाय तौ बताय वाकी कौन छबि छाय गो।
हेरी हरिनी के दृगवासी हरि नीके हेरि,
हेरत हीं हेरत सु मो मन हिराय गो॥

साँसति मिलान की दसा त्यों जुग फूटिबे की,
देखि सीख लेहु चहे चौंसर नरद सों।
प्रेमघन हूँ जो प्रेम भाजन ते एक जानें,
लेन मन मारि कै कटाछन करद सों।।
फेरि प्रेमी चातकनि छाया न छुआवै,
ललचावै नेह नीर सूने नीरद सरद सों।
चाह की न चाह मैं छलावै चित भूलि जासों,
दिल न लगावै हाय काहू बेदरद सों।।

मान करि तान जुग भौंहन कमान,
जाय सूती सेजियान चढ़ि ऊपर अटान की।
थाक्यो मन भावन मनाय पै न मानी कान,
मानिनी दियो ना बीनतीन पै सुजान की।।
ताही समय कहरान लागे मुरवान,
प्रेमघन उमड़ान चमकान चपलान को।
डरन डेरान चौंकि परी छतियान,
लगी प्रीतम सुजान सुन धुन धुरवान की।।

जनु जुग जंघ कछू भार लौं लये हैं हा हा,
दौरिबे मैं मेरे पाय ससकि ससकि जाय।
ख्याल ही भुलानो कछु खेल को भयो धौ कहा,
नैनन में मानो नींद कसकि कसकि जाय।।
प्रेमघन तेरी सौंह लोम उलहत आवै,
लीन्हे हूँ उसास चोली मसकि मसकि जाय।
क्योंहू बान्हि राखूँ कसि कसि बन्द घांघरी के,
तौ हूँ देखु बीर चीर खसकि खसकि जाय।।

मन मानिक लइबे मैं तो प्रबीन, कै दीन दया दरसातै नहीं।
अनरीत हजार हमेस करै, हँसि प्रीति की रीत की बातै नहीं।।

कपटीन सों क्यों घनप्रेम करें, हमें ओछो सनेह सुहातै नहीं।
दिल देय तों देखत ही पै कोऊ, दिलदार तो हाय दिखातै नहीं ।।

बौधन के हांथ बुधि बेचु ना जइन होय,
नान्हक कबीर दादू पंथ जनि गहुरै।
कीनाराम सालिग्राम राजा राम मोहन औ,
आलकट दयानन्द के न दुख दहुरे ।।
मूसा औ मोहम्मद सों मूसा जनि जाय तैसे,
भूले पादरीन को न भूलि सीख लहुरे।
प्रेमघन धारि प्रेम घन मन मेरे नित्य,
राधाकृष्ण राधाकृष्ण राधाकृष्ण कहुरे ।।

गोल कपोलन पै मन हारी, लसैं लट काली लटैं छटि छूटी।
लागिहै डीठि कहूँ न कहूँ, मन मैन की मूठि न जासु है वूटी ।।
मान कही घन प्रेम न तो, धन जोवन सों बनि जाइहौ लूटी।
सारी न सूही सुगन्ध सनी, सजि प्यारी चलो बन बीरबहूटी ।।

जामिनी नेह के चन्द अमन्द, सुया दुखियाँ अँखियान के तारे।
चित्त चकोर लौं मानत नाहिं, बिना तुव रूप अनूप निहारे ।।
चातक लौं घन प्रेम तुम्हें, लखते ही बजावै चबाव नगारे।
श्याम सयानअलीन बचायकै, आइये ह्यां की गलीनमेंप्यारे ।।

प्यारे पिया परदेस बसे, बर बैस वियोग में खोवती हैं।
अँखिया घन प्रेम भरी मग जोहत, आसुन तें तन धोवती हैं ।।
निसि पावस में बड़भागिनी वै, सुख साजे संजोग संजोगती हैं।
सुथरी सेजिया सजि सूहे दुकूलन, सों पिय के संग सोवती हैं ।।

(भारतेन्दु के समस्या की पूर्ति)

प्रीति वर्षा की औरै रीति वर्षा की,
मानवारी प्रानहारी नीति यार वर्षा की है।

साचहूँ उमंग है अनंग पान भंग,
मन मोहन मलार ललकार वर्षा की है।
प्रेमघन नाचत मयूरन को माल,
चमू चारु चातकन की पुकार वर्षा की है।
प्यार वर्षा की क्या खुमार वर्षा की,
घेरघार वर्षा की क्या बहार वर्षा की है ।।

नैनन सों जबही ते दुरे, बिरहानल ते नित तावन वारे।
साचहुँ मानत है घन प्रेम, लखे मन तौ छल छन्द तिहारे ।।
आस नहीं मिलिबे की दुखी अब, प्रान बचै इमि कैसे पियारे।
मोम के मन्दिर माखन को मुनि बैठो हुतासन आसन मारे ।।

ग्यारहें अम्बर पै लहरै बढ़ो सिन्धु कुहू निस में दुति धारे।
कागद की एक भारी जहाज पै, राजत मेरु कई कजरारे।
देखत हैं घनप्रेम भरे तहां बाँझ के पूत बिना दृगवारे।
मोम के मंदिर माखन को मुनि, बैठो हुतासन आसन मारे ।।

खूब समस्या दई तुमने, कब के रहे बैर छली हिय धारे।
हारे सदाई अहैं तुमसे, तुम्है लाभ कहा पै कबीन के हारे ।।
ज्यों तुमरी बतियान को नाहीं, पत्यानि परै सुनि तैसे बिचारे।
मोम के मंदिर माखन को मुनि, बैठो हुतासन आसन मारे ।।

मित्र कियो अनुरोध हमैं इक, त्यों कसमैं हमहूँ अब खाली।
हेतु यही जिय में निरधारि, सवैया कई तुरतैं रचि डाली ।।
यद्यपि है घन प्रेम प्रयास, समस्या निरी यह नीरस वाली।
पूरी करैं पै तऊ अब तो, केहि कारन कौन बनाय है जाली ।।

न्हाय कै हाय सुहाय दुकूल, सुखावत है अलकावलि आली।
नीर चुअै बरसावत ज्यों, सुधा लैं ससि सों सिव ऊपर व्याली ।।

है घनप्रेम मनोहरता, मुखि की दुति तामें दिखाय निराली।
ऐसी प्रभा निरखेहूँ भला, केहि कारन कौन निकालिहै जाली।।

घूमत बाग भरी अनुराग, सुहाग लसी चहुँ ओर तू आली।
त्यागि कै चित्र विचित्रित भौन, झरोखन कुंजन में चलि हाली।।
छाई लतान के जालन सो, कढ़ि अंग अनंग की ज्योति उजाली।
लखि मोहे सबै घनप्रेम तबै केहि कारन कौन निकालिहै जाली।।

भीतर भौन में बैठी अरी, तू जबै निखरी मुख जोन्ह रसाली।
ग्रीषम के दिन दोपहरी हूँ, कढ़ी झंझरीन सों ज्योति उजाली।।
घनप्रेम प्रकास को काज नहीं, तो झरोखो बनावनो लाभ से खाली।
× × × केहि कारन कौन निकालि है जाली।।

तार्‌यो कृपा करि आप सदाहिं, अजामिल आदि अधीन घनेरे।
पै नहीं पापी जु पायहौ और, तिहूँ पुर में तुम मों सम हेरे।।
जो अधमीन उधारन हो, घन प्रेम तो नाथ दया दृग देरे।
धारन मन्दर सुन्दर साँवरे, आय बसो मन मन्दिर मेरे।।

तजि साज सिंगार इकन्त बसी, भरैं सीरी उसास ज्यों भोगिनी है।
दृग मुँदेहि ध्यान में लीन सदा है, मनो घन प्रेम प्रयोजनी है।।
नहिं बूझै बुझाये झिपै झिझिकै, वह कौन से रोग की रोगिनी है।
न बिचारत कैसहूँ जानि परै, वह जोगिनी है कि वियोगिनी है।।

औरन की जनि आस करो बनि, हीन न दीन से बैन उचारो।
नाँहि कोऊ के बनाये बनै, बिगरै न कहूँ बिगरे हिय धारो।।
संकट शत्रु सबै नसि है, बद को बदि होत सदा मुख कारो।
माखन चाखन हारो वही, सब को घनप्रेम है राखन हारो।।

विषय बिधान विष संचय बिचार हिय,
प्रेमघन कहा मन भरमाइबे में है।

लाभ को न लेस लिखे भाल सों अधिक,
धन मान जस काज देस देस धाइबे में है।।
साधन कठिन जोग जप जेते प्रेमघन,
समय गँवाय कहा पछताइबे में है।
तजि और आस जनि होय तू निरास,
सुख राधिका रमन के सरन जाइबे में है।।

बरसत नेह यह बरसत रूप वह,
बरसत मेह सांझ समय दूर धाम है।
प्रेम घन मन उपजावै ललचावै यह,
मन्द मुसकाय छबि धरि सत काम है।।
गरजि गरजि बहु त्रास उपजावै उर,
निपट अकेली दूसरी न कोऊ बाम है।
कहा करूं कैसे जाऊं जानि ना परत,
उतै घेरे घनस्याम इतै घेरे घनस्याम है।।

भाई पुरवाई की चलनि चहँकार चारु,
चातक चमू की निसि द्योस चारो पहरन।
अम्बर उड़त बगुलान की अवलि कुंज,
नाचि नाचि मुदित मयूर लागे कहरन।।
कलित कदम्बन सों लपटी लवंग लता,
छिपि छन छन छन छबि छबि छहरन।
प्रेम घन मन उपजाय सरसाय हिय
घेरि घन सघन घनेरे लगे घहरन।।

अतसी कुसुम सम शोभा में लसत,
बिज्जु लता कै बसत पट पीत अभिराम है।
अवली भली है बगुलान की बिराज रही,
गर में मनोहर कै मोतिन को दाम है।।

प्रेमघन मधुर मधुर धुनि गरजनि,
बाजत कै बांसुरी रसीली सुधा धाम है।
रंचकहि निहारे चित चोरे लेत आली मेरो
यह घनस्याम है कि वह घनस्याम है।।

भरे अनुराग सों खेलत फाग, उछाहित गोपिन सों मिलि ग्वाल।
उड़ावें अबीर कबीरहि गाय, बजै डफ झांझ कहूं करताल।।
भई वर्षा रंग की घन प्रेम, भरी चपला सी चलीं बहु बाल।
रहे चकि चौंधि सबैं तिहि काल, गई मलि लाल के गाल गुलाल।।

सूर्य स्तोत्र

प्रेमघन जी सूर्य के अनन्य उपासक थे, सूर्य देव एक प्रत्यक्ष देवता के रूप में हिन्दू समाज में पूजित हैं। कवि ने सूर्य स्तोत्र को दो खण्डों में लिखा है, एक तो दोहा के अन्तर्गत दूसरा रोला छन्द में है।

सं० १९४९

श्री सूर्य स्तोत्र प्रारम्भ

दोहा

जगत प्रकासत जागरित, करत हरत भय अंस।
जय जय दिनकर देव मो, मन मानस के हंस ॥१॥

जय प्रत्यच्छ परब्रह्म प्रभु, प्रथम जागती ज्योतिं।
जोहि जाहि भय खोय सब, सृष्टि जागरित होति ॥२॥

जय जय जगदाधार भय हरन भानु भगवान।
पाहि पाहि असरन सरन, मंगल मोद निधान ॥३॥

जय जय देव दिनेश जय, कृपासिन्धु जगदीस।
बारंबार प्रनाम करि, तोहिं नवावहुँ सीस ॥४॥

जयति जगत रंजन करन, हरत दोष दुख नित्य।
जय जय असरन सरन प्रभु, पाहि देव आदित्य ॥५॥

जय दिनेश जगदेक प्रभु, सृष्टि स्थिति लय हेतु।
देहु दया दृग दास पर, हे दुख सरिता सेतु ॥६॥

जय जय मुद मंगल करन, हरन अखिल अघ क्लेस।
पाहि प्रेमघन दया करि, जगपति देव दिनेस ॥७॥

द्रवहु दिवाकर दास पर, अब निज कृपा प्रकासि।
पाहि पाहि असरन सरन, हरन सकल रुज रासि ॥८॥

दीनबन्धु तुम बिन सुनै, कौन दुहाई दीन।
अभय थान को दान को, देय सिन्धु तजि मीन ॥९॥

द्रवहु दया कर दास पर, हे प्रभु करुना ऐन।
दीनबन्धु तुव चरन तजि, सरन मोहि अब है न॥१०॥

द्रवहु दीन पर दयानिधि, करहु कृपा बिस्तार।
हरहु रोग दुख दोष सब, सविता जगदाधार॥११॥

छमहु सकल अपराध अब, हे प्रभु कृपा निधान।
रोग दोष दुख दास के, हरहु भानु भगवान॥१२॥

अखिल लोक रंजन करत, हरत सकल तम रासि।
प्रभु दिनेस त्यों दास के, देहु दोष दुख नासि॥१३॥

हरहु नित्य जग अघ तिमिर, रोग शोक दुख आप।
मेरो दिनकर देव कर देव दूर त्यों ताप॥१४॥

जप तप धर्म अनेक करि, तोषि सकत को तोहि।
दया दीठ निज फेरि प्रभु, तुमहिं बचावहु मोहिं॥१५॥

कर्म धर्म जप ज्ञान बल, औरहिं निज निस्तार।
मो कँह तौ प्रभु आपकी, कृपा एक आधार॥१६॥

जय जय दिनकर देव कर देव दोष दुख दूरि।
या निज दास अनन्य के, हरहु नाथ भय भूरि॥१७॥

मैं पापी पामर परम, तप्यो पाप के ताप।
द्रवहु दया वारिद क्षमहु, नाथ सरन अब आप॥१८॥

निज दुष्कर्म समूह फल, पाय बन्यौं मैं दीन।
दीनबन्धु करि कृपा अब, बनवहु प्रभु दुख हीन॥१९॥

तुम तजि और न सरन मोंहि, कहूँ भानु भगवान।
द्रवहु दया करि नाथ यह, हरहु दोष दुख दान॥२०॥

यद्यपि कृपा असंख्य तुव, पावहु आठहु जाम।
नूतन जाचन हितन मैं, लखौं और कहुँ ठाम॥२१॥

देव दिवाकर दास पर, द्रवहु दया करि नाथ।
रोग सोग दुख दोष मम, दूरि करौ इक साथ ॥२२॥

तुम तजि जाचौं और किहि, अहो भानु भगवान।
अब तुमरे या दास को, नाहिं सरन कहुँ आन ॥२३॥

हरहु दीनता दास की, दीन बन्धु दिन नाथ।
करहु कृपा बिनवहुँ सरन, आप नवावहुँ माथ ॥२४॥

बन्यों रोग आरत सरन, आयो तुव दिन नाथ।
अब तो याकी लाज प्रभु, अहै आप के हाथ ॥२५॥

तुमहिं दिवाकर देव, रोग सोग दुख दल दरन।
मम चिन्ता हरि लेव, त्राहि त्राहि असरन सरन ॥२६॥

श्री सूर्य्य स्तोत्र प्रारम्भ

(रोला छन्द)

जय जय परब्रह्म परतच्छ सरूप सोहावन।
जय जय आदि ज्योति साकार ईस दरसावन।।१।।

जय जय जय जग सृष्टि स्थिति लय कारन कारन।
जय जय जय जग जनक जयति जय जग दुख हारन।।२।।

जय पूषा, जय सूर्य्य, सहस्र अंशुमाला धर।
जयति भानु भगवान, भास्कर देव, दिवाकर।।३।।

जय जय जगदाधार, जयति सब देव नमस्कृत।
जय जय असरन सरन, हरन दुख दोष अपरमित।।४।।

जय आदित्य अशेष शक्तिधर, जन मन रंजन।
जय सुपर्ण, जय तपन, जयति जय प्रभु जग बन्दन।।५।।

जय जय जगत प्रदीप, अर्य्यमा, भग, त्वष्टा रवि।
जयति गभस्तिमान, अज, अर्क तमोनुद, नभ छवि।।६।।

आदि देव, जय द्वादशात्मा, जगत चक्षु नित।
सविता, धाता, विवस्वान, वेदांग वेद कृत।।७।।

जयति विभावसु विश्वकर्म्म हरिदेश्व विभाकर।
जय पतंग ग्रहपति विहंग खग नारायण नर।।८।।

जयति अंशुमाली प्रद्योत, सुरथ कमलाकर।
एकचक्र जय गायत्री जय प्रिय जोगीश्वर।।९।।

ओंकार जय, जातवेद, अक्षर जय अच्युत।
दुःख व्याधिहर, सुमनप्रिय, वैद्यवर अद्भुत ।।१०।।

जय जगकर्म्मसाक्षी, जय मार्तण्ड, तमनाशन।
दहन हिरण्यरेत, कुण्डली, कृपालु प्रतर्दन ।।११।।

जय जय कश्यप गोत्र विभाकर, अरुण, सुरथ धर।
जय जय विभव, विष्णु, जय वेद निलय विश्वम्भर ।।१२।।

जय प्राची तिय तिलक भाल सिन्दूर सुशोभित।
जयति प्रतीची भामिनि गाल गुलाल सुरंजित ।।१३।।

जय तैरत नभ निर्मल ताल मराल मनोहर।
जयति प्रफुल्लित कैधो कमल सहस दल सुन्दर ।।१४।।

जय आकास सिन्धु के मानहुँ दीप स्वर्णमय।
कैं तिहि मथत सुहात सुमणि मय मन्दर अभिनय ।।१५।।

जयति अनादि ज्योतिमय अम्बर महल झरोखे।
जयति ब्रह्म प्रतिबिम्बित दर्पन दिपत अनोखे ।।१६।।

जय जय नभ आराम कल्पतरु कंचनमय भल।
देत उठाये निज कर शाखा मनमाने फल ।।१७।।

जय जय नभ बन चारिनि कामधेनु ज्योतिर्मय।
हेम थाल मानहुँ चारौ फल परिपूरित जय ।।१८।।

कनक कलस जय उभय लोक सम्पति जलपूरित ।।
जयति सुदर्शन चक्र भक्त दुख दल दानव हित ।।१९।।

जय जनु महास्वर्ण सम्पुट सब सिद्धिन संयुत।
जय अम्बर सागर बड़वानल कुण्ड सुअद्भुत ।।२०।।

जय नभमण्डल पट मंडप बर कलस कनक मय।
सूरज मुखी सुमन शुभ नभ बाटिका जयति जय ।।२१।।

तुम विरंचि तुम विष्णु, तुमहिं प्रभु महारुद्र हर।
सिरजत पालत जग संहारत तुमहिं निरन्तर॥२२॥

सिरजत जग दै निज ऊषनता जीव जियावत।
दै प्रकास पालत पोषत परिपुष्ट बनावत॥२३॥

त्यौं लय करत सृष्टि तुमहीं प्रभु प्रलय काल महँ।
पुनि आरम्भ करत सिरजन हरि महा तिमिर कहँ॥२४॥

हे प्रभु तुमहिं सकल जग के प्रधान रखवारे।
तुमहिं सकल जग जीवन के जीवन धन धारे॥२५॥

तुमहिं असंख्य लोक रंजन तुमहीं अधिनायक।
तुमहिं जनक तुमहीं अधार तुमहीं परिपालक॥२६॥

निज ऊषनता दै जग बीजन तुम उपजावत।
निज प्रकास दै सुन्दर विधि तिन कहँ परिपालत॥२७॥

तुव प्रकास कहँ पाय जीव जग के सब जीवत।
तुव प्रकास कहँ पाय जगत सब होत कर्म्म रत॥२८॥

निज करसन करसन करि पंकिल भूमि सुखावहु।
जग जीवन जीवन हित जग जीवन बरसावहु॥२९॥

तुमहिं जगत सों अंधकार अधिकार निकारो।
सीत भीति अरु रोग कष्ट ह्वै उदय निवारो॥३०॥

तुव प्रकास लहि तारावलि ससि निसा प्रकासत।
दीपतिधारी सकल वस्तु निज निज दुति भासत॥३१॥

तुव प्रकास लखि संकित जन मन त्रास विसारैं।
तुव प्रकास लखि अधम मनुज निज कृत्य निबारैं॥३२॥

तुव प्रकास लखि छुद्र जीव निज हिंसक को भय।
तजि विचरत स्वच्छन्द अहार करत निज संचय॥६३॥

तुव प्रकास खन कैंरव संकोचत भय सों भरि।
भृंगन मुक्त करत अर्विन्द अवलि प्रफुलित करि॥३४॥

तुव प्रकास लहि निशा अन्त में मिलि खग संकुल।
चितवत प्राची दिसि विनवति करि कलरव मंजुल॥३५॥

तुहि लखि उपस्थान सह अर्घ्यप्रदान विप्रगन।
करत वेद निज शाखा मन्त्रन सह प्रसन्न मन॥३६॥

तुव प्रकास लखि कै खूसट उलूक लुकि कोटर।
चमगीदर गेदुर गरहित खग भरे भूरि डर॥३७॥

तुव प्रकास लहि ओस विन्दु मोतिन छवि छीनी।
चटकीं कली गुलाब मोहि मधुकर मन लीनी॥३८॥

तुमरी ही ऊषणता सों सब अन्न वनस्पति।
होत पुष्प फल युक्त बढ़ति पाकति अरु उपजति॥३९॥

तुव प्रकास लहि सोम तिनहिं पोषण यस पावत।
तुव प्रकास लहि पौन समय पर तिनहिं सुखावत॥४०॥

महा सहा दुख दुखी लोग तुहि आराधत जे।
तुव प्रसाद सव क्लेश खोय कै सुखी होत वे॥४१॥

राज कोप भाजन जे कारागार निवासी।
मुक्त होत तेऊ बिनु संशय तुमहिं उपासी॥४२॥

जे जे जब जग दुख आरत ह्वै तुम कहँ ध्यायो।
ते तब मनोभिलासित, तुरत फल तुमसन पायो॥४३॥

महामहिम राजर्षि संकटापन्न भये जब।
पूजि तुमें ते सकल मनोरथ सिद्ध किये सब॥४४॥

महाराज श्री रामचन्द्र प्रभु तुव प्रसाद लहिं।
सब सुरगन सों अजित हन्यो रन मध्य रावनहि॥४५॥

धर्म्मराज कुन्तीसुत तुव प्रसाद बहु विप्रन।
चिर दिन लौ बन में करि सक्यो नाथ परिपालन ॥४६॥

जे आराधत तुमहिं तिनहिं नहिं उभय लोक भय।
मन माने फल लहत सहज हे प्रभु बिनु संसय ॥४७॥

रोग सोग रिपु पाप ताप तिनकहुँ सपनेहुँ नहिं।
जे नर वर प्रभु भक्ति सहित तुम कहँ आराधहिं ॥४८॥

नमस्कार जे तुम कहँ करत नाथ प्रति वासर।
सहसहु जन्मन दुखी दरिद वे होत कबहुँ नर ॥४९॥

जे षष्ठी सप्तमी दिवस रवि हे प्रभु तुम कहँ।
पूजत भक्ति सहित दुर्लभ न तिन्हें कछु जग महँ ॥५०॥

पापी परम सुरापी निज कृत कर्म्म फलन लहि।
दुखित सरन तुव आय नसावत निज सन्तापहि ॥५१॥

रोग सोग दुख दारिद सों आरत ह्वै जे नर।
तुमहिं अराधत जे प्रभृतिन सों भय भजि जात दूरतर ॥५२॥

भ्रूण निहन्ता भूसुर हू के जीवन हारी।
मित्र द्रोह विश्वासघात कृत पातक भारी ॥५३॥
तेऊ तुव आराधन करि निज पाप नसावत।
तुम्हरी कृपा पाय सहजहिं चारौ फल पावत ॥५४॥

महापाप फल कुष्ट आदि जे रोग भयंकर।
तुहि आराधत होत सहज तिन सों विमुक्त नर ॥५५॥

औरहुँ भाँति भाँति के जे जग में दुख भारी।
तिन सब कहँ प्रसन्न ह्वै सकहु सहज तुम टारी ॥५६॥

तासों अब हे नाथ! त्यागि औरन की आसा।
आयो तुमरी सरन लहन मन की अभिलासा ॥५७॥

हे प्रभु यह दासानुदास तुव परम तुच्छतर।
भूलि तुम्हें तुव दुस्तर माया को बनि अनुचर।।५८।।

बिना बिचार बिना डर त्यों ह्वै तासों प्रेरित।
मानि परम सुख दियो पापही में अपनो चित।।५९।।

मम कृत पापन की संख्या कोउ सकै नहीं गनि।
तिन कहँ हे प्रभु सकौं भला मैं कौन भाँति भनि।।६०।।

महा महा उत्कट अघ करतहिं रह्यौं निरन्तर।
काम क्रोध मद मोह लोभ बस ह्वै निसिवासर ।।६१।।

जिन फल भोगन की चिन्ता कबहुँ न उर आन्यों।
हँसी खेल सम निपट तुच्छ जा कहँ अनुमान्यों।।६२।।

ै अब तिनके फलन लेखि बाढ़ी उर चिन्ता।
जनको हे प्रभु तुमहिं छाड़ि नहिं और निहन्ता।।६३।।

हे प्रभु यह गुनि कै तुव चरन सरन अब आयो।
निज दुख मेटन काज जोरि कर सीस नवायो।।६४।।

या सरनागत दीन दास पर दया दीठि दै।
सफल मनोरथ करहु सकल दुख दोष दूरि कै।।६५।।

हे हे करुना ऐन रैन सुख सब मनोरथहिं।
हरहु दसा के सकल दोष दुख दायक पापहिं।।६६।।

हे हे करुणागार एक आधार जगत के।
हरहु दास के दुख प्रभु दायक फल अभिमत के।।६७।।

त्राहि त्राहि हे दीनबन्धु करुणा के सागर।
त्राहि त्राहि त्रयताप हरन, तिहुँ लोक उजागर।।६८।।

तासों अब हे नाथ! त्यागि औरन की आसा।
आयो तुमरी सरन लहन मन की अभिलासा।।६९।।

आलोचक तथा निबंधकार प्रेमघन (४० वर्ष)

मंगलाशा

भारतेन्दु युग में आत्म सम्मान की भावना उस समय के कवियों में जागरित हो गई थी, बृटिश शासन से वे ऊब गए थे। श्री दादा भाई नौरोजी को जब बृटिश पार्लियामेण्ट में एक भारतीय मेम्बर चुना गया, तब कवि के प्रसन्नता का ठिकाना न रहा पर जब उन्हें भी काला कहकर सम्बोधित किया गया तब कवि इस अपमान को न सहन कर सका इस प्रकार इस कविता में हमें हर्ष और शोक का समन्वय मिलता है और कवि बोल उठता है:—

"कारन के ही कारन गोरन लहत बड़ाई"

—सं० १९४९

मंगलाशा अथवा हार्दिक धन्यवाद

रोला छन्द

धन्य ! दिवस यह जानहु भारतवासी भाई।
धन्य ! भूरि भागन सों आज घरी यह आई।।

धन्य धन्य जगदीश सच्चिदानन्द दया मय।
सदा सबै थल परिपूरन करुना बरुनालय।।

सब के पालक रच्छक सुहृद समान न्यायधर।
दियो मंगलाशा भारत कहँ धन्य कृपाकर।।

धन्य भूमि भारत सब रतनन की उपजावनि।
वीर विबुध विद्वान ज्ञानि नर बर प्रगटावनि।।

यदपि सबै दुखसों सब भाँति भई है आरत।
तऊ अनन्य अनेक सुतन अजहूँ लौं धारत।।

यथा एक सोई है जाकी सुयश पताका।
फहरत आज अकास प्रकासत भारत साका।।

लखत जाहि जग कौतुक लौं अचरज सों मानत।
अहैं मनुज भारत में अजहूँ लौं जिय जानत।।

तासों धन्यवाद परमेसहिं देहु अनेकन।
करहु सफलता हेतु बिनय सब ह्वै विशुद्ध मन।।

जाकी कृपा प्रभाय गयो भारत को दुरदिन।
यह अंगरेजी राज इतै आयो प्रयास बिन।।

स्वस्थ भये स्वच्छन्द स्वाद लहि हर्षित हम सब।
पाय ज्ञान विद्या नव उन्नति लखन लगे अब॥

हरे अनेकन दुख राजा बिन कहे हमारे।
बचे अहैं, वा नए भए जे टरत न टारे॥

वे बिन जाने अहैं, करैं का वे बिन जाने।
हमहुँ कहैं किमि बसत दूर वै देश बिराने॥

गयहुँ न राज सभा में हम सब पैठन पावें।
कहत कर्म्मचारी गन ये सब इतै न आवें॥

राज सभा में काज कहा है जित जातिन को।
दुःख यहै जो नहि उपाय अब है कछु इनको॥

अहै ईस माया विचित्र नहिं जाय बखानी।
पूरब जन्म कर्म्म हूँ को फल मन अनुमानी॥

बृटिश राज की प्रजा बृटिन औ हिन्द उभय की।
लखहु दशा पर युगल भाग के अस्त उदय की॥

वै निज देश हेतु बिचरत हैं नीति नियम सब।
बिन उनकी सम्मति कछु राजा करत भला कब॥

राज बृटिश को अति बिशाल जाकहँ तुम जानत।
जामैं अस्त न होत भानु यह निश्चय मानत॥

तिन सब को वेई निज प्रतिनिधि द्वारा शासत।
राज शक्ति साँचहुँ उन परजनहीं मैं भासत॥

राजा नामै हेतु करत सब प्रजा प्रबन्धहिं।
पर उन कहँ इतनेहूँ पैं सपनेहुँ सँतोषनहिं॥

औ हम भारतवासी गन निज दशा कहन को।
जाय सकत नहिं तहाँ भूलि कै एको छन को॥

तब हमरी सब दुःख कथा को कथन वहाँ पर।
रह्यो वहीं के सभ्यन के आधीन सरासर।।

कह्यो कबहुँ जो दया कियो कोउ धर्म्म परायन।
बिना यथारथ ज्ञान सोऊ नीके कहि जायन।।

तासों कोऊ भारतवासी के बिना वहाँ पर।
भारत के दुख मिटिबे की आशा अति दुस्तर।।

यह विचारि कैं कई सुजन भारत के बासी।
दुखी देखि निज देश दशा विद्या गुन रासी।।

गए धाय इङ्गलैण्ड यही आशा उर धरि कै।
पहुँचें राजसभा में युक्ति नई कछु करिकै।।

निज विद्या बुधि बचन चातुरी को दिखायकै।
बृटिश प्रजा के हमहुँ बनै प्रतिनिधी जायकै।।

नहिं उपाय इहि के सिवाय कछु और अहै अब।
राज सभा मैं पहुँचि दुःख निज गाय कहैं तब।।

दयावान धारमिक सभासद जे उदार चित।
हिन्द हितैषी अँगरेजन सो हिल मिलि कै नित।।

दै सहायता उन्हें ग्रहन कै उनकी सिच्छा।
करें यही मिसि यत्न और प्रारब्ध परिच्छा।।

यदपि रह्यो यह परम असम्भव कठिन मनोरथ।
उठ्यो कोऊ नहिं कण्टकमय गुनि विकट जासु पथ।।

तदपि चले ये बार बार कसिकै निज परिकर।
हारि हारि थकि बैठे आकर लौटि लौटि घर।।

पै दादाभाई नौरोजी महा बीर बर।
हार्यो थक्यो न करत रह्यो उद्योग निरन्तर।।

विजय रूप उद्योग सुफल पायो सो अब के।
जासों रही नहीं सुख की सीमा हम सब के॥

धन्य देश है ग्रेट बृटिन इङ्गलैण्ड खण्ड धनि।
जहाँ स्वच्छ स्वच्छन्दता रहति है चेरी बनि॥

राजति त्यों स्वाधीनता सरस सीमा के अन्तर।
राजा प्रजा दुहूँ के सुखहिं सवाँरि परस्पर॥

धन्य धन्य तहँ सेन्ट्रल फिन्सबरी मण्डल अति।
धनि धनि लिबरल असोसिएशन जो उत राजति॥

यदपि धन्य है सब लिबरल अंगरेजन को दल।
जाके कारन है बृटेनियाँ को यश उज्वल॥

तऊ धन्य है धन्य सभासद ए लिबरल बर।
प्रगट दिखायो जिन उदारता यह साँची कर॥

अचरज मान्यो अनहोनी गुनि सबै जाहि सुनि।
चहुँ ओरन सों धन्य धन्य की पूरि रही धुनि॥

भारत में तो मानो घर घर आनन्द छायो।
लखियत है हर एक नरन को हिय हरखायो॥

ह्वै कृतज्ञ सब कहत प्रेम सों अतिशय विह्वल।
अहो धन्य! तुम फ़िन्सबरी के साँचे लिबरल॥

धन्य तुमारी यह उदारता औ धनि साहस।
सत्य प्रतिज्ञा पालनता तुमरी धनि धनि बस॥

धन्य धन्य तुमरी दृढ़ता औ गुन ग्राहकता।
पक्षपात सो रहित धन्य पर उपकारकता॥

नहिँ यासों तुम निज उदारता ही दिखरायो।
इङ्गलिश जाति भरे को गौरव जगत जनायो॥

महरानी की करी प्रतिज्ञा तुम सच कीन्यो।
भारत की साँची हितैषिता को यश लीन्यो॥

परम उच्चपद-अधिकारी अँगरेज़ अनेकन।
महा मधुर कहि वचन हमारे मोहि लिये मन॥

दिये अनेकन आशा जाहि रहे हम ताकत।
ह्वै निराश थकि गये मौन गहि मन मैं माखत॥

पै जो उन सब कह्यो ताहि तुम करि दिखरायो।
जासों हम सब के मन में विश्वास अस आयो॥

सब बिधि उन्नति करिहै इङ्गलिश जाति हमारी।
जामें दृढ़ प्रमाण है पहिली कृत्य तुम्हारी॥

कारन सो गोरन की घिन को नाहिँ न कारन।
कारन तुमहीं या कलंक के करन निवारन॥

कारनहीं के कारन गोरन लहत बड़ाई।
कारनहीं के कारन गोरन की प्रभुताई॥

कारनहीं है कारन को गोरन गोरन मैं।
कारन पै जिय देन चहत गोरन हित मन मैं॥

कारन की है गोरन मैं भगती साँचे चित।
कारन की गोरन हीं सों आशा हित को नित॥

कारन को गोरन की राजसभा मैं आवन।
को कारन केवल कहिकै निज दुख प्रगटावन॥

कारन करन नहीं शासन गोरन पै मन मैं।
कारन के तौ का कारन घिन जो कारन मैं॥

गोरन को जो कहत नकारन कारन रोकौ।
नहि बैठैं ए गोरन मध्य कहूँ अवलोकौ॥

महा मन्त्रि को कथन मेटि तुमहीं बिन कारन।
गोरन राजसभा में कारन के बैठारन॥

के कारन तुम अहौ, अहौ प्रिय साँचे लिबरल।
कारन के अब तौ तुमहीं कारन कारन बल॥

सारदूल दल में तुमहीं यह थाप्यो हाथी।
त्यों तुमहीं सरबस वाके रच्छा के साथी॥

कियो काम तुम तौन जौन कोउ न कहुँ सोच्यो।
साँचहुँ कारन के जिय की तुम कसकहि मोच्यो॥

पाव अरब जन में तैं चुन्यों एक तुम ऐसो।
जैसो ढूँढ़ि न लहै कोऊ काहू बिधि वैसो॥

दियो मान तुम वाहि अधिक निज प्रतिनिधि करिकै।
कन्सर्वेटिव के दल को कोलाहल हरिकै॥

नौरोजी को आप पार्लीमेण्ट सभ्य करि।
साँचहुँ लियो सबै भारतवासिन को मन हरि॥

भारत को धन राज लियो औरै अँगरेजन।
पै निश्चय हम सब को लीन्यो तुमहिं आज मन॥

गुनि अपार उपकार आप को हुलसत हिय अति।
धन्यवाद किमि देहिँ तुमैं ? न विचारि सकत मति॥

धन्य ! धन्य ! प्रति रोम कहत आपुहिँ सों बरबस।
भारतवासी कबहुँ नहीं यह भूलि सकत जस॥

नवल कृपा तुमरी भावी मङ्गल की आशा।
उपजावति बहुभाँति हिए दै दृढ़ विश्वासा॥

सो निज करतब लाज राखियो सदा विचारत।
भारत के दुख हरहु वेगि जो है अति आरत॥

देखि तुम्हारी दया दयामय ईसहु तुम पर।
दया कियो दै दियो राज लिबरल दल के कर।।

कलियुग कँह् बहु लोग कहत करजुग इमि प्यारे।
साँझ समय जो देय सोई पुनि लहै सकारे।।

करहु दया औरहु भारत पर औ फल पाओ।
बृटिश राज पर सदा तुमहिं सब हुक्म चलाओ।।

मिस्टर ग्लैडस्टन वजीर आज़म ह्वै गाजैं।
लिबरल दल की राजसभा मैं विजय बिराजैं।।

दया आपकी रहै सदा भारत के ऊपर।
भारत भूमी पैं बरसैं सुख सलिल निरन्तर।।

यहै देत आसीस तुमैं हम ह्वैं प्रसन्न मन।
सत्य करैँ जगदीश सच्चिदानन्द दया घन।।

ए भाई! दादाभाई नौरोज़ सुघर वर।
आवहु प्यारे तुमहिँ तुरत भेंटहि लगाय गर।।

धन्य मातु जिन जन्यो तुमैं धनि पिता तुमारे।
धन्य गाम धनि धाम जाम जन्म्यो जित प्यारे।।

धनि पारस के पारसीन को कुल जित पारस।
प्रगट रूप सों प्रगट भयो प्रगटावन को जस।।

जो भारत को साँचो आज सुपूत कहावत।
सब भारतवासी जापैं अभिमान जनावत।।

हे दादाभाई! तुमरी किमि करैं बड़ाई?
दई जाहि दै दई बड़ाई बड़ो बनाई।।

कहत सबै भारतवासी गन हिय हरखाई।
भारतवासिन के तुम साँचे दादाभाई।।

साँचे दादा हौ तुम साँचे दादाभाई।
भाईहू सो दीनी जानै अमित बड़ाई॥

हे प्यारे नौरोज़ जी निपट नवल साज सों।
भारत को नौरोज़ कियो तुम अवसि आज सों॥

शोक 'ब्राडला' के वियोग को तुमहिँ मिटायो।
मुरझी आशा लता हरित करि पुनि लहरायो॥

विजय तुमारी अहै विजय जातीय सभा की।
सिगरे भारत की तासों गौरव अति याकी॥

करतब अपने हीं को पायो नहिं तुम यह फल।
भारतवासी कारन को कीन्यो मुख उज्ज्वल॥

कारे करन जोग सब कारन के प्रगटायो।
अहैं नकारे कारे यह भ्रम दूर बहायो॥

जे निज देश प्रबन्धहु के हित परम नकारे।
कहे निकारे कारे रहे सोई तुम प्यारे॥

चुने गये गोरन सों गोरन के देशै हित।
करन प्रबन्धहि काज सुराज सभा में थापित॥

भए जु तुम तब सब कारे किमि होहिं नकारे।
कारे यह गुनि फूले अँग समात नहि प्यारे॥

कारो निपट नकारो नाम लगत भारतियन।
यद्यपि कारे तऊ भागि कारी बिचारि मन॥

अचरज होत तुमहुँ सन गोरे बाजत कारे।
तासों कारे कारे शब्दहु पर हैं वारे॥

अरु बहुधा कारन के हैं आधारहि कारे।
विष्णु कृष्ण कारे कारे सेसहु जग धारे॥

कारे काम, राम, जलधर जल बरसन वारे।
कारे लागत ताही सन कारन को प्यारे॥

तासों कारे ह्वै तुम लागत औरहु प्यारे।
यातै नीको है तुम कारे जाहु पुकारे॥

यहै असीस देत तुम कहँ मिल हम सब कारे।
सफल होंहि मन के सबही संकल्प तुमारे॥

वे कारे घन से कारे जसुदा के बारे।
कारे मुनिजन के मन में नित विहरन हारे॥

मङ्गल करें सदा भारत को सहित तुमारे।
सकल अमङ्गल मेटि रहें आनन्द विस्तारे॥

कारे गोरन की महरानी को सुख साजै।
गोरन के मन कारन के हित काज बिराजैं॥

सत्य करै जगदीस सबै आसीस हमारी।
राजसभा में देंहि सदा जय तुमहिं मुरारी॥

प्यारे अरे कारे तुही उज्ज्वल किये है मुख,
कारन को गोरन में करि प्रभुताई है।
कबहूँ न कोऊ जाहि सोच्यो हुतो,
होनहार ताहि लरि करि विजय ध्वजा फहराई है॥
बदरी नरायन नरायन दया सों,
नवरोज़ नवरोज़ छबि भारत लखाई है।
भारत निवासी कहें भारत निवासिन कों,
दादाभाई साँचहूँ तू भयो दादाभाई है॥

धन्यवाद के सहित यह कवित्त को उपहार।
बदरी नारायन समर्पित कीजै स्वीकार॥

हास्य बिन्दु

प्रेमघन जी का जीवन ही हास्य से ओतप्रोत था, स्वजन सम्बन्धी, मित्र सबके ऊपर उनकी हास्य की कविताएँ हैं। इन कविताओं में उनकी जिन्दादिली और उक्ति वैचित्र्य दिखाई पड़ती है।

सं० १९५५

हास्य बिन्दु

भजन

एक समय सूसा* के मन्दिर नोकराज* महराज सिधारे।
शेक हेंड कै तुरत सूस जी इजी चेर पर लै बैठारे।।
आइस मिश्रित सोडा वाटर भरि टमलर दै चुरुट निकारे।
सुलगायो घँसि मैच बिहसि कहि इक प्याली टी पीअहु प्यारे।।
ब्रेक फ़ास्ट पुनि टिफ़िन खाय अरु डिनर चाभि श्रम सकल बिसारे।
आज भये कृत कृत्य देखि प्रभु तुमहिं भाग निज गुनि बहु भारे।।

खेमटा

कहनवा मानो हो मियां टट्टू *।
गेंदा खेलो फिरहिरी नचावहु हाथ से छुओ न लट्टू।।
याद आती है हमें आज शक्ल बावन[1] की।
रूत जो वदली घिरी आती है घटा सावन की।।
कहाता था जमाने में जो, एक दिन हूर[2] का बच्चा।
वही क्या बन गया अब देखिए लंगूर का बच्चा।।
अजब कुदरत खुदा के शान की।
जान[3] की दुश्मन हुई है जानकी।।

*. ये प्रेमघन जी के भतीजे हैं, जिनको वे उन नामों से पुकारा करते थे। इनका नाम है गंगेश्वरप्रसाद, आप बी० ए० एल०एल० बी० हैं।

१. बावनाचार्य जिनके विषय में शुक्ल जी ने परिचय में किया है।

२. मिस गुलेनार—जो एक खत्री के लड़के को कहा जाता था।

३. भारतेन्दु की एक कृपापात्रा वेश्या।

ग़ज़ल

चपत खाने को सर झुकाये हुये हैं।
भरतदास से लौ लगाये हुए हैं॥
कड़ी चोट क्या दिल पै खाये हुए हैं।
जो घामड़ की सूरत बनाए हुए हैं॥
अजब देव मलऊन काशी[1] शुकुल हैं।
बहुत इसको हम आज़माये हुए हैं॥

पद

नोको काव कहों मैं तोकों।
अस मन आवत चार तमाचे इन गालन पै ठोंकों॥
कथा बार्ता दिल्लगी के प्रचारी।
सबै शास्त्र तत्वज्ञ औ चित्त हारी॥
अचारी[2] अहैं याचते अन्न कन्नः।
स वै पातु यूष्मान पड़क्का प्रपन्ना॥
रामदीन सुतो जातः गौरी नक्षत्र सूचकः।
तस्य पुत्रो अभूत धीमान् ज्वालादत्तेति[3] जारजः[4]॥
देवप्रभाकर[5] प्रखर पंडित हैं महान्।
त्यों पद्मनाभ[6] हैं पाठक बुद्धिमान्॥
करते सदैव संकर्षण[7] हैं विचार।
ह्वै हैं परास्त ये दोऊ भट किस प्रकार॥

१. ये मिर्जापूर में प्रेमघनजी के कृपापात्रों में से थे। आप आनन्द कादम्बिनी प्रेस के मैनेजर भी पहले थे।

२. इनका नाम नारायणदत्त आचारी था, आप प्रेमघन जी के यहाँ पण्डित थे।

३. ये प्रेमघन जी के पुरोहित हैं, अब भी आप मिर्जापुर में रहते हैं।

४. इसका अर्थ है दोगला।

५, ६, ७. ये तीन शीतलगंज ग्राम के विद्वान् पण्डित थे।

श्रीराम राम भज लो श्रीराम[1] राम।
विश्वेश्वरार्चन[2] करो उठि सुबह शाम॥
श्रीमन् महेन्द्र[3] को करो झुकि कै प्रणाम।
शिवदत्त निर्मल करो तब और काम॥

माया की उलझन लगी संता पड़ा बेहाल।
सटा छटा पंडित कै कतहूँ काट न लीन्यो गाल॥

कवित्त[4]

भगवती प्रसाद के प्रमाद को ठिकानो नाहिं,
बूढ़ो गौरीशंकर भयंकर कहायो है।
माताभीख लाल की गोटी सदा लाल रहे,
लाल को विहारी है अनारी पछतायो है॥
माताबदल पांड़े अदल को बदल करैं,
राजाराम कृपा करि सब को सुरझायो है।
बाछाजू के जेते हैं मुसाहेब समझदार,
लाल घिसिआवन सबही को घिसिआयो है॥

शिवबर्द[5] लाल महिमा विशाल।
मेटी यस जेकर लाल गाल॥

तालन में भूपाल ताल है, और ताल तलैया।
बर्दन में शिवबर्द लाल हैं और बरद सब गैया॥

१. ये दो भृत्य थे।

२. ये प्रेमघन जी के एक कारिन्दा थे।

३. ये प्रेमघन जी के वंश के हैं और प्रेमघन जी के म्यानेजर थे।

४. इस कवित्त में प्रेमघन जी ने अपने भाइयों से विभाग के समय विभाग करने वाले कार्यकर्ताओं का नाम तथा उनकी पटुता का वर्णन है।

५. ये प्रेमघन जी के रसोइया थे।

ज्वालादीन मलीन मति बिन्दादीन प्रवीन।
आय अलीगढ़ में भये पूरी खाय बे दीन।।
भरा क्रोध मः का वृथा आय गर्जः
सुसा[१] शास्त्रि वर्यः सुसा शास्त्रि वर्यः

सूस तुम पंडित होहुगे हो, बड़े खर खंडित होगे हो।
पगाले[२] बंगाले[२] रहत हैं साले दिहल के,
मनोहारिन बारिन जुगल भमनी जिनकी युवा।
तिन्हें तो ब्याहा है अनत ले जाकर के कहूँ,
बची जो थी बृद्धा दिहल[२] के माथे मढ़ दियो।।

तुम जगलाल[३], तुम ठग लाल, तुम भगा लाल का भाई होसु।
सुनो जी टट्टू जी महराज।
कि तुम बदमाशों के सिरताज।।
तमाचे खाओगे तुम आज।
करोगे फिर जो ऐसा काज।।

बिल्ली[४], की बहिन भिल्ली रहती है सहर दिल्ली।

श्री बाबू बेणी प्रसाद। यद्यपि नहिं जानत कवित स्वाद।।
श्री बदरीनाथ प्रसाद। और नहीं तो बाद बिवाद।।

हां हरिचन्द[५] किते गए दुःख बड़ा है होत,
दोऊ बनियां रोवत है बैठे जइस कपोत।

नैहर में ससुरारि नारि करि, सोढर सोवै सूनी सेज।
जब चमकै बिजुरी घन गरजै, थाम्हें कहेरि करेज।।

१. सर्वेश्वर प्रसाद प्रेमघन जी के भतीजे हैं।
२. नौकर थे।
३. जगदीश्वर।
४. गंगेश्वर प्रसाद की लड़की सावित्री।
५. भारतेन्दु।

है अजब कुदरत खुदा के शान की।
जानकी दुशमन हुई है जानकी॥
कहाता था जमाने में जो एक दिन हूर का बच्चा।
वही क्या बन गया अब देखिए लंगूर का बच्चा॥
आये अनखाये संकष्टहरण[1] शर्मा।
गुर के घर जाय जाय पढ़त मार खाय खाय।
संध्या को संध्या करि लौटे हैं घर माँ॥

खेमटा

गोरे चमड़े की चकती चलओ बचा॥टे०॥
इन गोरे गुलगुल गालन पर लखन लोग लुभाओ बचा।
नाक छेदि नकछेद अहिर की बाबू लाल बुलाओ बचा।
माजी को माई देकर बबुआजी को बिलमाओ बचा।
मन्नू लाल बहादुर मल बुढवन को काहे सताओ बचा।

राग इमन

मरम न जानत मनवां मन की॥टेक॥
चन्द अमन्द चरन दिलखलावत, चयलित
लोचन चारू चलावत, रहतन बुधि बावरी बनावत
सुध न धाम का मनकी।

चित चोरे पर नहीं निहारै जानि जदपि तौ हूँ दृढ़ धारै, मन पीपी तेहि नाहिं बिसारै, जपत जाप ना मनकी।

वह इत भूले हू नहिं आवै औरन संग रहि नहिं छवि भावै कोऊ जाय न हाय छुड़ावै संगति इनकें मनकी।

१. एक ब्राह्मण विद्यार्थी।

श्री बदरी नारायन गायो, यह अविवेक रूप संग छापो, विधि छल छल की चाल चलाये वामन की बामन[1] की।

खिमट

मुकुन्दी के छोकड़ी लूटै बजार।
लूटि बनारस चिक्न कै कै अब्र मिरजापुर के है विचार।
मुरली धर सतनारायन सिंघ दुबरी दररि मिलायो छार।
बाल मुकुन्द पदारथ दूबे बेनी गनेस को दीनो उजार।
अब महन्त[2] पर हाथ लग्योल होत नहि गिनती कवनहु यार।

रेखता

रवीदत्त[3] ब.मन बौराना, कूआं पर से साधै निसाना।
मधवा देखि देखि गुर्राना, बेनिया ससुरा है सरमाना।

ठुमरी

भरथ दास दिलदार यार भी हैं दीन्हेंन धोखा बार बार।
औरन सो तुस सटत रोज हम कासी नाथ पर नहीं प्यार।

खिमटा

मकरिया कैसा जाल बनावै।
बिलनी को किलनी जब लगी, झीगुर खड़ा भटकावै।

खिमटा—गौरी राग

खलीला जी छांड़ दो तिरक्कुनी मोरी।
नहि हम माधो साहु न पन्ना ना हम भारथ दास।

१. बामनाचार्य के ऊपर लिखित यह कविता व्यक्तिगत जीवन के साथियों के चरित्र पर प्रकाश डालती है।

२. महंथ जयराम गिरि मिरजापूर के रईस प्रेमघन जी के मित्र थे।

३. घोरुका निवासी प्रेमघन जी के पट्टीदार थे।

रामदास न दुरगा हम बस जाओ न आओ पास।
बकरी सी दाढी औ सूरत तापैं रहे इठलाय।
हमसे सीधे से रहिए नहिं जै हौ तमाचे खाय।।

खिमटा

पासैं अखाड़ा बनाव मोरे राजा।
तुम लड़ो हम देखी तमासा।।

पास अखाड़ा तब सजै जब घूमौ मिट्टी लगाय मोरे राजा।
पीली मिट्टी सजै तिरक्कुन्नी लाल जो कमर सोहाय मोरे राजा।।
लाल तिक्कुनी तब सजै जब आधा धड़ दिखाय मोरे राजा।
सजै सचिक्कन धड़ तब जब लखि लखि मन ललचाय मोरे राजा।
मन ललचान सजै तबही जब लड़ियो आँखें लड़ाय मोरे राजा।।

भैरव राग

कहां गई घर वाली तेरी, कहां गई घर वाली,
मेरे सुख की देने वाली।

जब लगि रही निरादर कीनो नित उठि दीन्यो गाली।
निकल गई वह फतहपुर तुम रोवो जइस डफाली।

डोलत भरतदास के पीछे लीन्हे सूरत काली।
तेल हाथ लै घूमत खोजत कहूँ अखाड़ा खाली।।

कजली

गलियाँ की गलियाँ रतियाँ घूमै देउआ बनियाँ रामा।
हरि हरि चम्बू बम्बू पीए बा बौराना रेहरी।

मम्मी खां का ख्याल गावत चिल्लाता है बहुतै रामा।
हरि हरि भेजो जल्दी उसको पागलखाना रेहरी।।

कजली

गौरी पंडित बाटेन बड़े विसनियां रे हरी।
रानी बड़हर के घुइरन को सुन्दर घाट टिके है रामा।
रामदीन पंडित जब देखलैं जजकेनि पटकेनि बहुतै रामा,
हरि हरि दौड़ेनि लैकैं हाथ में पनहियाँ रे हरी।।

मुलायम कजली

बान्हे गले असाठा पाढा घूमः हमारी गलियाँ रामा।
अखड़ लोगे देखैं उलट तमासा रे हरी।
गोरी चिट्टी सूरत कैसी बांह मुलायम मूरत रामा।
हरे देख लखल्यः नितम्ब जे सब उर बतासा हरी।
हमें छोड़ि कै जालिउ काहे कासी रे हरी।
होकर खासी दासी करना तौ भी यह बदमासी रामा।
पहिले भी साया कै करवाना हाँसी रे हरी।।
हम पर आप उदासी, छाई -तू वाटिउ भगवासी रामा।
करि औरे सारन से लासा लासी रे हरी।।
लाज सरम सब नासी, घूमी तोहरे पीछे संगें कासी रामा।
हरे होइ गइली अब तो जानी संन्यासी रे हरी।।
छोडः आस अकासी भोजन मिली सदा औ बासी रामा।
आखिर होबिउ जान खानगी खासी रे हरी।।
हम मिरजापुर बासी पहिराईला बुरी निकासी रामा।
खिउयाईला रोजै माल मवासी रे हरी।
बामन[1] बाग विलासी गावै अलगी अलग लवासी भा।
हरि दवसल जालिउ केहुर करत कबासी रे हरी।

---

१. बामनाचार्य।

कजली

कहर नजर कै माला जेवर ओठ लाल गुलाल रामा।
हरी बाचउ काला बाबा बरतर बाला रे हरी। टेक।
गोरा चिट्टा चेहरा पर बालमक जाँद से आला।
हरी बाल नाग सा काला घूँघर वाला रे हरि।
जहरीला जिउमार दिये बहु जालिम तिरछी टोपी राम।
बना फिरहु आफत का परकाला रे हरी।
कठिन कठिन उज्जड़ करि गैलेन केतने जेकरे कारन रामा।
लदि गैलैन कितने डामल के सजा को रे हरी।

चिरंजीवी वासुदेव के प्रथमपुत्र जन्मोत्सव दिन लिखित—सोहर

हे सब सखियां सहेली रे बेगि चलि आवहु रे।
(मोरी सखियां)
मोरे घरे आनन्द बधैयारे सबै मिलि गावहु रे।।टेक।।
आजु भए विधि दिहिन होरिला जनम भये रे।
भरि भरि कोछवां लै आओ, मोहरिया लुटावहु रे।
सब मिलि सैयां के लिआवोरे, बेगि धरि ल्यावहु रे।
जाचक करहिं निहाल, कसकिया मिटावहु रे।
वेगि बोलाओ ना ढाडीनियां रे,
नचाओ ना अगनवां रे।
वेगि वधैया कै वाजनवां रे, दुवरवां बजावहु रें।
गौरी गनेस के मनाओ वलकवा मोर जी अहिरे।
सब मिल देहु असीस आनन्द बढ़ावहु रे।।

घरऊ दिल्लगी

मथुरा, वासुदेवश्च, यदुनाथो हरिस्तथा,
एकैकनर्थाय, किमु यत्र चतुष्टयम्।

मथुरानाथ ब्रह्मचारी अहै बड़ो ज्ञान धारी।
हरी हंस अति प्रसंस, केस मित्र जाके॥

कब से खड़ी हुई जमुना के बाग,
लोचन से लोचन है लाग।

दास अनन्त कवित्त भनन्त।
छनन्त कै बूटी लड़न्त मचावै॥

पुरोहित पत्र

(जो श्री जगन्नाथ धाम मे लिखा था)

मिरज़ापुर गिरजा निकट, सुरसरि सरिता तीर।
तहँ कटरा बृजराज मैं इक आनन्द कुटीर॥

सुचि सरजूपारीण कुल उपाध्याय द्विजराज।
श्री शीतल परसाद चौधरी सहित सकल सुख साज॥

निवसत संमानित तनय तासु गुरुचरण लाल।
मूर्ति धर्म्म रिषि कल्प जस फैल्यो जासु विशाल॥

बदरीनारायन तनय तासु प्रेमघन नाम।
लिख्यो पुरोहित पत्र यह देय समय पर काम॥

आयो दर्शन काज हित जगन्नाथ के धाम।
श्री चैतन्य पुजारि को मान्यो पंडा अत्र॥

तिहि प्रमाण के हेतु यह लिख्यो पुरोहित पत्र।

हार्दिक हर्षादर्श

महारानी विक्टोरिया के हीरक जुबली के अवसर पर यह कविता लिखी गई थी। विक्टोरिया के शासन काल में रेल, ताल, गैस, बिजुली आदि के अनुसन्धानों का चमत्कार कवि को प्रभावित करता है, चिकित्सालय, विद्यालय से भारतीय जनता प्रसन्न हो जाती है, राज्याधिकारियों की कविमुग्ध हृदय से प्रशंसा करता है। राजनैतिक चेतना का यहाँ से उद्‌भव हमें प्रेमघन साहित्य में मिलता है।

सं० १९५५

हार्दिक हर्षादर्श

अर्थात्

महारानी विक्टोरिया की हीरक जुबली के अवसर पर विरचित

कवित्त

संकित सत्रु उलूक लुके लखि जासु प्रताप दिनेसहि जानी।
फूली रहै प्रजा कंज सुखी सर देस में न्याय के नीर अघानी॥
कीरति, वय, परिवार औ राज दराज मैं है 'घन प्रेम' को सानी?
देख्यो निहारि विचारि भलैं जग तो सम जाई तुही महरानी॥

दोहा

बिजयिनि श्री विक्टोरिया देवी दया निधान।
करै तिहारो ईस नित सहित ईसु कल्यान॥
सपरिवार सुख सों सदा रहित आधि अरु व्याधि।
राजहु राज सुनीति संग प्रजा परम हित साधि॥
कीरति उज्वल रावरी और अधिक अधिकाय।
सारद पूनौ जोन्ह सम रहै छोर छिति छाय॥

रोला छन्द

धन्य दीप इंग्लैण्ड, नगर लण्डन सुन्दर वर।
राज प्रसाद "केनसिंगटन" धनि जाके अन्दर॥

धन्य 'केंट की डचेज़' "ड्यूक एडवर्ड" नामधर।
लहो सुता जिन तुम सी, लाख सुतन सों बढ़कर।।
धनि अट्ठारह सौ उन्नीस ईसवी को सन।
धनि चौबीस मई तुव जन्म दिवस मन रञ्जन।।
धन्य बीसवीं जून अठारह सौ सैंतिस की।
बृटेन राज लहि जबै जगाई भाग बृटिश की।।
तुम सों प्रथम उतै राजे बहु रानी राजे।
रहे वीर, न्यायी प्रतापिहू बाजे बाजे।।
पै तुम सों सम्बन्ध कहा उनको महरानी।
भयो ग्रेट है ग्रेट बृटेन लहि तुहिँ अभिमानी।।
कहत "एलिज़ाबेथ" रानी कहँ कोऊ आप सम।
पै अनेक अंशन में रही आप सों वह कम।।
कहँ परिवार, प्रताप, राज, वय, तुम सम पायो।
कहँ सब प्रजा बृटेन को हित चित बनि अपनायो।।
शान्ति सुखहिं कब लह्यो दूर करि कलह लराई।
रानी छोड़ि राज राजेसुरि कब कहवाई।।
तेरे हित सुख फल बीजन बोए बिधि उन दिन।
उन्नति अँकुर तासु बड़ाई देय ताहि किन।।
नहिँ यूरप नहिँ एशिया लही तोसी रानी।
अमेरिका अफ़रिका आदि की कौन कहानी।।
तुव गुन नामहुँ सों अति अधिक "अलेक्ज़ेन्ड्रीना।।
विक्टोरिया महारानी तुव सम नृपति ना।।
भयो सिकन्दर हिन्द राज नहिं मर्यो युवाही।
तेरी विजय पताका जग सब दिसि फहराई।।
मिटी राज राजत तेरे सब कलह लराई।
जाति भेद, मत भेद, नीति हित, जो चलि आई।।
राजा प्रजा दुहूँ को दृढ़ विश्वास दुहूँन पर।
भयो तिहारेहि समय भूलि भय लेस परस्पर।।

तेरे साधु सुभाय, दयामय नीति विगत छल।
माता लौं सुत सरिस प्रजा हित करन बानि बल।
भई विलाइत प्रजा अभय, स्वच्छन्द अनन्दित।
चढ़ि उन्नति के सिखर जगत जन कियो चकितचित।।
पूरन विद्या, कला, शिल्प ब्यापार, मान, धन।
लहि अघाय हूँ गई लहै तौ हूँ नित नूतन।।
जासों बटिश प्रजा तो कहँ चित सों महरानी।
अपनी मानी, राजभक्ति तो में दृढ़ आनी।।
लह्यो और नृप देसराज छल, बल, कौसल सों।
पै निज दया सुभाय, न्याय निर्मल के बल सों।।
प्रजा हृदय पर कियो राज तुम सदा विगत भय।
कियो प्रजा दुख दूर, कियो तिनहित सुख सञ्चय।।
राज्यो कौन राज राजा विन दोष इते दिन।
साँचहुँ साठ बरिस राजीं इक तुम कलंक बिन।।
तेरो प्रबल प्रताप सकल सम्राट दबायो।
खीस बायकै फ़रासीस जातें सिर नायो।।
जरमन जर मन मारि बनो जाको है अनुचर।
रूम रूम सम रूस रूस बनि फूस बराबर।।
पाय परसि तुव पारस पारस के सम पावत।
पकरि कान अफ़गान राज पर तुम बैठावत।।
दीन बनो सो चीन पीन जापान रहत नत।
अन्य छुद्र देशाधिप गन की कौन कहावत।।
जग जल पर तुव राज, थलहु पर इतो अधिकतर।
सदा प्रकासत, जामें अस्त होत नहिं दिनकर।।
तिन सब में है मुख्य राज भारत को उत्तम।
जाहि विधाता रच्यो जगत के सीस भाग सम।।
जहाँ अन्न, धन, जन सुख, सम्पति रही निरन्तर।
सबै धातु, पसु, रतन, फूल, फल, बेलि, बृच्छ बर।।

झील, नदी, नद, सिन्धु, सैल, सब ऋतु मन भावन।
रूप, सील, गुन, विद्या, कला कुसल असंख्य जन।।
जिनकी आसा करत सकल जग हाथ पसारत।
आसृत औरन के न रहे कबहूँ नर भारत।।
बीर, धर्म्मरत, भक्त, त्यागि, ज्ञानी, विज्ञानी।
रही प्रजा सब पै निज राजा हाथ बिकानी।।
निज राजा अनुसासन मन, बच, करम धरत सिर।
जगपति सी नरपति मैं राखति भक्ति सदा थिर।।
सदा सत्रु सों हीन, अभय, सुरपति छबि छाजत।
पालि प्रजा भारत के राजा रहे बिराजत।।
पै कछु कही न जाय, दिनन के फेर फिरे सब।
दुरभागनि सों इत फैले फल फूट बैर जब।।
भयो भूमि भारत मैं महा भयंकर भारत।।
भये बीरबल सकल सुभट एकहि सँग गारत।।
मरे विबुध, नरनाह, सकल चातुर गुन मण्डित।
बिगरो जनसमुदाय बिना पथ दर्शक पण्डित।।
सत्य धर्म्म के नसत गयो बल बिक्रम साहस।
विद्या, बुद्धि बिवेक बिचाराचार रह्यो जस।।
नये नये मत चले नये झगरे नित बाढ़े।
नये नये दुख परे सीस भारत पै गाढ़े।।
छिन्न भिन्न ह्वै साम्राज्य लघु राजन के कर।
गयो परस्पर कलह रह्यो बस भारत मैं भर।।
रही सकल जग व्यापी भारत राज बड़ाई।
कौन विदेसी राज न जो या हित ललचाई।।
रह्यो न तब तिन मैं इहि ओर लखन को साहस।
आर्य राज राजेसुर दिग बिजयिन के भय बस।।
पै लखि बीर बिहीन भूमि भारत की आरत।
सबै सुलभ समझ्यो या कहँ आतुर असि धारत।।

निज सीमा सन्निकट सिन्ध पञ्जाब पाय कै।
पारस को सम्राट लपकि बैठ्यो दबाय कै॥
इहाँ परस्पर कलह रचे आपस के जय हित।
नृपति उपेछे परदेसी अरि लघु गुनि गर्वित॥
निज भाई न लरैं अरि संग मिलि संक सकाने।
उचित समय की करत प्रतिच्छा रहे भुलाने॥
भर माला भारत को या विधि खुल्यो सकल दिस।
औरन कहँ भारत जय आस भई दृढ़ या मिस॥
ताहि जीति ताको सब देस लेन के व्याजन।
सीधो आयो चलो सहायक लहि खल राजन॥
प्रबल राज यूनान जगत जेता भारत पर।
बिजय पाय लघु तऊ समझि बल रुक्यो सिकन्दर॥
बहुरि और यूनानी रहे इतै लौ लाये।
पैन राज करि सके लौटि घर गये खिस्याये॥
पुनि शक लोग अनेक वार आये अरराने।
जीति राज कछु किये, अन्त पै हारि पराने॥
राह खुली लखि फिर तौ चढ़े अरब के राजे।
लरि जीते कोउ कहूँ, लूटि कोऊ कहुँ भाजे॥
कबहुँ तुरुक अफगान मुगल आये भारत पर।
लूटि, मारि नर नारिन लै भागे अपने घर॥
कोऊ राज इत किये निपट अन्याय मचाई।
दीन प्रजान सँहारि रुधिर की नदी बहाई॥
हरे मान, धन, धर्म्म, अमित तोरे देवालय।
अनाचार की सीमा नाँह राखी वे निर्दय॥
अमल प्रफुल्लित देस बनाय मसान भयंकर।
पशु समान करि दियो मूढ़ ह्याँ के सुविज्ञ नर॥
कुछ उदारता और न्याय अकबर दिखरायो।
ता कहँ औरंगजेब धोय के दूरि बहायो॥

तिहि दिन तैं भारत मैं फैल्यो असन्तोष अस।
छिन्न भिन्न ह्वै यवन राज बिनसन लाग्यो बस।।
बेराजी सी मची रही बहु दिवस यहाँ पर।
बन्यो निपट छवि हीन दीन यह देस निरन्तर।।
तऊ बड़ाई याकी रही दिगन्तन छाई।
धन लालच यूरोपियन गगन हूँ गहि ल्याई।।
चले सबै लै लै जहाज सागर जल नापत।
अगम सिन्धु मैं बिन जाने मग थरथर काँपत।।
मरे कोऊ पहुँच्यो कोऊ पाताल देस पर।
भारत हेरत पायो नूतन जगत सविस्तर।।
हरषे यदपि न पै लालच भारत की छोड़ी।
चले इतै फिरि फिरि जहाज पतवारहिं मोड़ी।।
भूले भटके कोऊ कई टापू कोऊ पाये।
रुके तऊ नहिं सहि सौ सौ साँसत इत आये।।
प्रथम फिरंगी पुनि पहुँचे नर बलन्देज इत।
आये पुनि अँगरेज सकल विद्या गुन मण्डित।।
फरासीस बासी आये फिरि तौ उठि धाये।
सब यूरप बासी भारत हित अति अकुलाये।।
सबहिं व्याज व्यापार, चित्त पै राज करन पर।।
सबहिँ सबन सोँ लाग ईरषा, द्वेष परस्पर।।
लरे देस बासिन सों और परस्पर ये सब।
कियो भूमि अधिकार कछू जँह जो पायो जब।।
रह्यो नहीं पै राजभोग औरन के भागन।
निज इच्छा अनुसार ईस दीन्यो अँगरेजन।।
'ईस्ट इण्डिया कम्पिनी' कियो राज काज इत।
कियो समित उत्पात होत जे रहे इहाँ नित।।
उचित प्रबन्ध अनेक प्रजा हित वाने कीन्यो।
आरत भारत प्रजा जियन कछु ढाड़सु दीन्यो।।

पै वाकी स्वारथपरता अरु लोभ अधिकतर।
राख्यो चित नितहीं निज राज बढ़ावन ऊपर॥
अरु व्यापार द्वार सों लाभ अपार लेन मैं।
उद्यम हीन दीन दुख पै नहिं ध्यान देन मैं॥
ह्याँ की मूढ़ प्रजा के चित को भाव न जान्यो।
हठ करि सोई कियो, जबै जस वा मन मान्यो॥
दियो त्रस्त करि पूरब डरे मानवन के मन।
समझ्यो जिन ये चाहत नासन जाति, धर्म्म, धन॥
देसी मूढ़ सिपाह कछुक लै कुटिल प्रजा सँग।
कियो अमित उत्पात रच्यो निज नासन को ढँग॥
बढ़्यो देस में दुख बनि गई प्रजा अति कातर।
फेर्यो तब तुम दया दीठ भारत के ऊपर॥
लैकर राज कम्पिनी के कर सों निज हाथन।
किय सनाथ भोली भारत की प्रजा अनाथन॥
रही जु भारत प्रजा कहावत प्रजा प्रजा की।
सो कलंक हरि लियो इन्हैं दै समता वाकी॥
धन्य ईसवी सन् अठारह सौ अट्ठावन।
प्रथम नवम्बर दिवस, सितासित भेद मिटावन॥
अभय दान जब पाय प्रजा भारत हरषानी।
अरु लहि तुम सी दयावती माता महरानी॥
राज प्रतिज्ञा सहित, सान्ति थापन विज्ञापन।
मैं अधिकार अधिक निज पुष्ट बिचारि मुदित मन॥
अति उन्नति आसा उर धरि बिन मोल बिकानी।
तेरे हाथनि, मानि तोहि निज साँची रानी॥
करी प्रतिज्ञा जो बहु साँची करि दिखराई।
मुरझी भारत लता फेरि तुमहीं बिकसाई॥
बहुत दिनन सों दुखी रही जो भारतवासी।
प्रजा दया की भूखी, न्याय नीर की प्यासी॥

पसु समान बिन ज्ञान, मान बनि रही भरी डर।
फेरि तिन्हें नर कियो आप लघु दिवस अनन्तर॥
दियो दान विद्या अरु मान प्रजान यथोचित।
अभय कियो सुत सरिस साजि सुख साज नवल नित।
शुद्ध नीति को राज प्रजा स्वच्छन्द बनायो।
साँचे न्याय भवन में खरो न्याय दिखरायो॥
देस प्रबन्ध चतुर, दयालु न्याई, दुखहारी।
विद्या विनय बिबेकवान शासन अधिकारी॥
जे नित हम सब प्रजा हेत नूतन सुख साजत।
हेरि हेरि दुख हरत डरत जासों भय भाजत॥
सत प्रबन्ध दिनकर दिनकर नास्यो रजनी दुख।
धूप सान्ति की फैली लखि बिकस्यो सरोज सुख॥
सूझ्यो साँचो स्वत्व प्रजा को भूलि सीत भय।
अत्याचारी चोर पराने निज परान लय॥
धन्य तिहारो राज अरी मेरी महरानी।
सिंह अजा सँग पियत जहाँ एकहि थल पानी॥
जँह दिन दुपहर परत रहे डाके नगरन में।
तहँ रच्छक निरखियत पथिक जन के हित बन में॥
जहाँ काफ़िले लुटत रहे तौ यतन किये हूँ।
जिन दुरगम थल माहिं गयो कोऊ नहिं कबहूँ॥
रेल यान परभाय अँधेरी रातहुँ निधरक।
अंध, पंगु, निसहाय जात अबला बाला तक॥
माल करोरन को बिन मालिक पहुँचत निज थल।
अन्य दीपहुँ पहुँचावत धूआँकस चलि जल॥
डाक, तार को जो प्रबन्ध तेहि जगत सराहत।
लाखन रोगी रोज़ डाक्टर लोग जियावत॥
जिहि बन केहरि हेरत मत्त मतंगहि डोलत।
तहाँ बन्यो नव नगर सुखी नर नारि कलोलत॥

पर्व्वत अधित्यका जे रहीं कबहुँ कंटक मय।
तहाँ शस्य लहरात बालकहु बिहरत निर्भय।।
जल विहीन थल बीच नहर बनि गईं अनेकन।
सड़क हजारन कढ़ीं छाँह को वृच्छ करोरन।।
महा महा नद माहिं सेतु सुन्दर बँधवाए।
तड़ित गेस परकास राज पथ रजनि सुहाये।।
बने विश्व विद्यालय विद्यालय पाठालय।
पावत प्रजा अलभ्य लाभ जिनतें बिन संसय।।
यां बहु भाँतिन करि भारत उन्नति मन भावनि।
तब उन्नति अपनी कीनी तुम हिय हरषावनि।।
हिन्द राजराजेसुरी बनी तुव महरानी।
राजसूय के हरष उमड़ि दिल्ली इतरानी।।
भारत के जेते मानी रईस अरु राजे।
महाराजे, नव्वाब, राव राने छबि छाजे।।
आय जुरे तहँ साम्राज्य अभिषेक विलोकन।
राजभक्ति के भाय भरे अतिसय प्रसन्न मन।।
तुव अनुसासन लाट "लिटन" प्रतिनिधि के मुख सुनि।
सीस चढ़ाये सबै स्वत्व निज अधिक पुष्ट गुनि।।
निज अधीसुरी तुमहिं सबै चित सों करि माने।
भये राजराजेसु अधीन जानि हरषाने।।
जौन हिन्द हेरन हित "हेनरी राजा सप्तम"।
प्रथम यतन करि मर्‌यो पता न लह्यो, गुनि दुर्गम।।
समझि सोई "अष्टम हेनरी" हेर्‌यो नहिं वाको।
नृपति "षष्ठ एडवर्ड" खोज पायो नहिं जाको।।
पता लहनि हित जासु मरी "मेरी" ललचानी।
करि करि यतन अनेक "एलिज़ावेथ" महरानी।।
पता लगायो जासु, पठायो राज दूत इत।
लहन राज अनुमति प्रजान व्यापार करन हित।।

नाम "ईस्ट इण्डिया कम्पनी" धरि हरषाई।
निज व्यापारी प्रजन जोरि मन्डली बनाई॥
पठयो तिहि व्यापार करन के हित भारत महँ।
इतने हीँ मैं धन्य मानि उन लियो आप कहँ॥
जिहि व्यापार लाभ लतिका को बीज सुअवसर।
बोयो बिबिध उपाय "एलिज़ाबेथ" अपने कर॥
"प्रथम जेम्स" जिहि यतन अनेकन करि लखि पायो।
होत बीज अंकुरित दूत निज सोँ हरषायो॥
"प्रथमचार्ल्स" मन मुदित होत जिहिलख्यो पल्लवित।
प्रजा तन्त्र में युगल "क्रामबेल" निरख्यो बर्धित॥
नृपति "चार्ल्स दूसरो" पुष्ट जाकहँ अनुमान्यो।
पाय दहेज बम्बई दीप हिये हरषान्यो॥
यदपि दच्छिना पै सासन आरम्भ मानि मन।
गुन्यो अलभ्य लाभ सत मुद्रा साल स्वल्प धन॥
जाहि 'दूसरो जेम्स' नृपत्ति 'विलियम' अरु 'मेरी'।
तैसहिँ रानी "एन" मरी भारत दिसि हेरी॥
"प्रथम जार्ज" राजहु नहिँ लाभ और कछु पायो।
सोई व्यापार लता फैलत लखि जनम गँवायो॥
जाहि "जार्ज दूसरो" नृपति बहु दिवस निहारत।
लख्यो हरषि हिय लपटत लपकि बिटप बर भारत॥
"जार्ज तीसरो" निरख्यो जिहि फैलत सब साखन।
भारत तरुवर पर प्रयास बिनहीं छनहीं छन॥
"चौथो जार्ज" जाहि मान्योँ हर्षित भारत पर।
फैलि गई दृढ़ रूप नहीं अब सूखन को डर॥
महाराज "विलियम चतुर्थ" निज भाग सराहत।
जिहि लतिका में लख्यो कलित कलिकावलि लागत॥
पै सो राजत राज तिहारे ही साँची बिधि।
फैली पूरन रूप होय प्रफुलित फलि फल निधि॥

भारत तरु अपनाय कै दियो सौंपि तेरे कर।
"ईस्ट इण्डिया कम्पनी" चातुर मालिनी सुधर॥
निज घर गई पराय त्यागि निज सकल मनोरथ।
तेरो प्रबल प्रताप दिखायो तिहि सूधो पथ॥
"बृटिश इण्डिया" नाम कियो चरितारथ साँचहु।
भारत राज अखण्ड लियो, नहिँ राख्यो अरि कहुँ॥
मरे डेढ़ दरजन जिहि ललचि बृटेन अनुशासक।
पै नहिँ भारत राज भये कोउ सुयस प्रकासक॥
ताकी नहिँ रानी महारानीही तुम केवल।
भईँ राज-राजेसुरी यतन बिना भाग्य बल॥
धन्य ईसवी सन् अट्ठारह सौ सतहत्तर।
प्रथम जनवरी दिवस नवल दिन जो प्रसिद्ध वर॥
कियो नयो दिन जो भारत को बहुत दिनन पर।
दियो स्वतन्त्र देस को नाम फेरि याको कर॥
भईँ राज-राजेसुरी अलग आप हमारी।
गई सुतन्त्र नाम सोँ हम सब प्रजा पुकारी॥
यह नहिँ न्यून हमारे हित, गुनि हिय हरषानी।
लगीँ असीसन तोहि जोरि ईसहिँ युग पानी॥
जिन असीस परभाय जसन जुबिली दिन आयो।
पुनि इन भक्त प्रजन को मन औरो हरषायो॥
देनि लगीं आसीस फेरि यै होय मुदित मन।
यथा एक बदरी नारायन सुकवि "प्रेमघन"॥
ईस कृपा सोँ और एक जुबली तुव आवै।
फेरि भारती प्रजा ऐस हीं मोद मनावै॥
धन्य धन्य यह दिवस जु पूजी आस हमारी।
भई दूसरी हीरक जुबिली आज तिहारी॥
अब पचास बत्सर हू सुख सोँ ईस बितैहैं।
जाके अन्तर अवसि कई जुबिली फिरि अइहैं॥

भारत राज भोग की जुबिली होय तिहारी।
ताकी हीरक जुबिली होय अधिक सुखकारी॥
भारत साम्राज्य की जुबिली तव पुनि होवै।
ताकी हीरक जुबिली ह्वै सब संसय खोवै॥
मानव पूरन आयु सहित यह जुबिली चारो।
को सुख भोगौ तुम, करि भारत देस सुखारो॥
जब इक अंस असीस ईस दीनी साँची कर।
तब पूरन पूरन की आसा होत अधिकतर॥
यासों अतिसय हरष हिये हमरे मनभावनि।
यह जुबिली है और चार जुबिली की ल्यावनि॥
यदपि सहजहीं यह हीरक जुबिली अति प्यारी।
लह्यो न जेहि नृप कोउ बिलायत शासनकारी॥
नहिँ कोउ भारत राज बिदेसी देख्यो यह दिन।
इतो राज इतने दिन सुख सों कब भोग्यो किन॥
धन्य तिहारो भाग, नाहिँ यामैं कछु संसय।
नहिं तो सम नृप और प्रजा हितकारी निश्चय॥
तब तेरे सुख में जौ तेरी प्रजा सुखारी।
होय, भला तो अचरज की है बात कहा री॥
अरु पुनि साँचे राजभक्त भारत वासिन के।
रहै हरष की सीमा किमि? नृप ही बल जिनके॥
यही हेतु आनन्द मगन सों भासत भारत।
ईति भीति अरु रोग, सोग सों यद्यपि आरत॥
पर्‍यो अकाल कराल चहूँ दिसि महा भयंकर।
जस नहिँ देख्यो, सुन्यो कबहुँ कोउ भारतीय नर॥
कहैं अन्न की कौन कथा? जब कन्द, मूल, फल।
फूल साग अरु पात भयो दुरलभ इन कहँ भल॥
हरे हरे वन तृन चरि सूखे बीज घास के।
खाय अघाय न सके किये थल स्वच्छ पास के॥

दूर दूर के कानन कढ़ि तरु पातन चूसे।
तिनकी छालनि छोलि चले जनु सम्पति मूसे॥
पहुँचे घर लै ताहि कूटि अरु पीसि पकाये।
रुदत वृद्ध बालकन ख्याय कोउ भाँति चुपाये॥
या विधि पसु गन के जीवन आधार हाय हरि।
बिन चारे पसु मारि, जिए कछु दिन सँतोष करि॥
पै जब याहू सों निरास ये भये अभागे।
लंघन करि करि त्राहि, त्राहि हरि टेरन लागे॥
कृषिकारन की होय भयंकर दसा जबै इमि।
भिच्छुक गन के रहैं प्रान फिर तौ भाषौं किमि॥
पेट चपेट चोर, डाकू बनि कितने धाये।
लूटि पाटि जिन किते धनिक जन दीन बनाये॥
मरे किते धन सोच किते बिन अन्न बिना जल।
बिना बसन गृह शीत रोग सों ह्वै अति निर्बल॥
हाहाकार मच्यो चारहुँ दिसि महाप्रलय सम।
बचे भारती नरन जियन की रही आस कम॥
खोय मध्यवित लोग, बसन, भूषन, पसु, गृह थल।
मान बिबस मरिबो मान्यो भिच्छाटन सों भल॥
सहि न सके जब भूख पीर कातर हिय ह्वै करि।
सपरिवार करि आतमघात गये सुख सों मरि॥
मरत असंख्य मनुज लखि तेरो धर्म्म आय बस।
मेकडानल के व्याज दियो जीवन को ढाढ़स॥
उमड़ि मनहुँ पावस घन अन धन बरसन लाग्यो।
सूखे धान समान प्रजा हिय हरसन लाग्यो॥
जिहि जल के बल बढ़े उमड़ि ज्यों नदी नारे।
काज अकाल सँहारक दीन सहायक सारे॥
लहि जीवन आधार धाय जीवन हित आये।
चहुँ ओरन सों दीन मीन संकुल अकुलाये॥

जिहि जीवन बिन जीवन की आसा जिय त्यागे।
रहे सोई जीवन लहि सुख सों जीवन लागे॥
सोइ जीवन भरि उतिराने सर, ताल, झील सम॥
ठौरहि ठौर बने अनेक दीनालय उत्तम॥
बहु जीवन सम जिन में जीवन जीवन लागे।
अन्ध, पंगु, असहाय, दीन, दुर्बल दुख त्यागे॥
सुन्दर, भोजन, पान पाय विनहीँ प्रयास के।
खाय अघाय असीसन लागे प्रति रोमन ते॥
बिन दल तरु नहिं रह्यो ठौर जिहि ठाढ़ होन कहँ।
पाँय पसारे सोवत वे सुख सोँ भवनन महँ॥
कम्पित गात, सीत सिकुरे जे रहे दिगम्बर।
जीये तेऊ पाय गरम अम्बर अरु कम्बर॥
भूख, सीत सोँ कातर ह्वै जे भये रोग बस।
चारु चिकित्सा लहत तौन हित जौन चहत जस॥
राह चलत असमर्थ दीन जन दीन अन्न धन।
लटे गिरेहू लादि ल्याय कीनो परिपालन॥
सपनेहूँ तजि याहि काम जिनके कछु नाहीं।
चैन करत दिन रैन असीसतु औ तुम काहीँ॥
त्यों असंख्य अज्ञान दीन बालकन अनाथन।
किये जननि लौं तेरे अनाथालय परिपालन॥
प्याय दूध अरु ख्याय अन्न जिन धाय खेलावत।
देख भाल हित मेम और मिस जिनके आवत॥
खेलत खेलन योग्य खेल, झूलत चढ़ि झूलन।
पढ़त लिखत, गुन सिखत गुरुन सों आनन्दित मन॥
निज घरहूँ में रहि ते यह सुख कबहुँ न लहते।
मातु पिता तिनके कब या बिधि पालन करते॥
खुले चिकित्सालय बहु ऐसे दीनन के हित।
घरसों अधिक सुपास लहत रोगी जन जँह नित॥

करत डाक्टर औषधि अरु सेवक सब सेवा।
पावत, पथ्य दूध सागू मिस्री अरु मेवा॥
खोय रोग अरु सोग सुखी जाके रोगी गन।
देत असीस अघात नाहिँ तो कहँ प्रसन्न मन॥
जे धन हीन कुलीन दीन बिन काज परे घर।
बिना आय कोउ भाँति खाय बिन अन्न रहे मर॥
निराधार बिधवा परदा वारी जे नारी।
बिना अन्न, धन बिन गति भूखन बिलखन वारी॥
कुल मर्य्यादा बस अनसन व्रत मानहुँ ठाने।
बिना प्रकासे भेद मरन निज भल जिन जाने॥
घर बैठे बिन काज, बिना माँगे प्रति मासहिँ।
दै दै द्रव्य दियो तुम तिन जीवन की आसहिँ॥
तृप्त आतमा तिनकी आसीसत न अघाती।
साँझ, प्रात, दुपहर, निशीथ सब दिन अरु राती॥
क्यों न देहिँ आसीस, दुखी गन ईस मनावैँ?
क्यों न प्रसन्न प्रजा सब सुयश तिहारो गावैँ॥
जौ न दया करि आप दान दरियाव बहातीँ।
कोटिन प्रजा हिन्द की अन्न बिना मर जातीँ॥
तासोँ नहिँ यह अन्न दान धन दान तिहारो।
है असंख्य जन प्रान दान को सुयश सुखारो॥
अति बिसाल यह धरम नहीँ कोऊ जाके सम।
याको फल तोहि ईस देइहै अवसि अनूपम॥
पर उपकार बिचार प्रजा पालन हित केवल।
नहिं भूलेहुं यामें कहुं लखियत स्वारथ को छल॥
नहिं काहू की जाति, धरम लेबे को आसय।
नहिं तेरो निज मत प्रचारिबे को या बिधि नय॥
नहिं तौ पेट चपेट परी परजा भारत की।
किती न बनि कृस्तान दसा खोती आरत की॥

पकी पकाई रोटी निज हाथनि दिखरावत।
सहज पादरी लोग दुखिन के चित ललचावत॥
कुलाचार, मर्य्याद, जाति, धर्म्महुँ प्रयास बिन।
लै लेते उनके द्वै द्वै रोटी दै द्वै दिन॥
कहते सब सों 'हम कोटिन कृस्तान बनाये।
प्रभु ईसू को मत भारत में भल फैलाये"॥
यूरप, अमेरिका वासी कब गुनते यह बल।
समझत वे तो "यह इनके उपदेसहि को फल"॥
अन्न हीन, धन हीन, पसुन सों हीन, हीन गति।
कृषिकारन की दीन दसा लखि करि करुना अति॥
तिनहिं फेरि कृषि काज चलावन हेतु विपुल धन।
दियो लेन हित मोल बैल हल बीज आदिकन॥
बीज वपन, जल सिञ्चन के हितहू दीन्यो धन।
या बिधि उजरे फेरि बसायो तुम कृषिकारन॥
दीनन दान रूप धन दीन्यो नहिं फेरन हित।
लटे समर्थन कहँ दीन्यो ऋन रूप यथोचित॥
दियो जिमीदारनहिं न केवल कृषिकारन कहँ।
बाँध बँधावन, कूप खुदावन हित चाहत जहँ॥
नहिं औरनहीं दै सहायता आप चुपाईं।
निजहु असंख्य जलासय प्रजा हेतु बनवाईं॥
नहर, अनेक, असंख्य सरोवर, कूप खुदाये।
अनावृष्टि दुख रोकन हित बहु बाँध बँधाये॥
फिर इन उपकारन को वारापार कहाँ है।
तेरो निर्मल यश जहँ लखियत भरो तहाँ है॥
क्यों न होय कृत कृत्य प्रजा लखि यह प्रबन्ध सब।
फेरि न यों अकाल व्यापन भय वे समझत अब॥
याहू सों अति भारी विपति महामारी की।
जिन दच्छिन पच्छिम भारत में अति ख्वारी की॥

हरयो हजारन मनुज प्रान यह उत उतरत हीं।
हाहाकार मचाय दियो निज पायँ धरत हीं॥
बस्यो बम्बई नगर उजारयो बिन मानव करि।
दियो केराँची अरु पूनाहूँ में विपत्ति भरि॥
तिहिं प्रदेस में तौ फैल्यो याको डर भारी।
पै काँपी भारत की सारी प्रजा तिहारी॥
ताहू के नासन में आप ध्यान अति दीन्यो।
करि करि बिबिध उपाय बढ़त बल ताको छीन्यो॥
प्रजा प्रान रच्छा हित व्यय करि आप अधिक धन।
करि प्रबन्ध बहुँ भाँति दियो तेहि इत नहिं आवन॥
देस देस से प्रबल डाक्टर लोग बुलाये।
भाँति भाँति के नये नये औषध प्रगटाये॥
उचित औषधी औषधकारी लखि हरषानी।
जीवन की निज आस प्रजा पुनि मन में आनी॥
होत देखि निर्मुल महामारी इन यतननि।
लगीं असीसन प्रजा तोहि साँचे सुख सों सनि॥
या विधि प्रजा पालनी जब है वानि तिहारी।
भारत प्रजा जाय नहिं तब क्यों तुझ पर वारी॥
लाख दुखी हूँ तेरे हरख न क्यों हरखावैं।
औरहु तेरी वृद्धि हेतु किन ईस मनावैं॥
राजभक्ति की सहज बानि विधि नै जिहि दीनी।
दुखहू लहि जिन नृप विरोधिता कबहुँ न कीनी॥
सो तेरे उपकार भार सों दबी अधिकतर।
लखत न तो सम सुखद राज हू जो पुहुमी पर॥
तेरे हरष बीच तिनके हिय हरष कहानी।
कहो कौन सों जाय भला किहि भाँति बखानी॥
नहिं धन इनके पास जाहि व्यय करि प्रगटावैं।
पै मन सों सब भाँति सबै आनन्द मनावैं॥

कछुक धनी धन खरचत राजभक्ति दिखरावत।
हीरक जुबिली को अस्मारक चिन्ह बनावत।
लिखि अभिनन्दन पत्र प्रतिष्ठत जन पण्डत गन।
पठवत सेवा में अति है प्रसन्न मन।
प्रति नगरन की प्रजा बधाई तार पठावत।
कवि गन कविता विरचि ताहि तुम पर प्रगटावत॥
कोउ साजत निज भवन कलस कदली तोरन सों।
ध्वजा पताका चित्र लगाये चहुँ ओरन सों॥
नाच करावत कोऊ, इष्ट अरु मित्र जिमावत।
कोऊ, अग्नि क्रीड़ा मिसि कोऊ निज हरष दिखावत॥
पै यह कोड़ी कोटि तिहारी प्रजा बिचारी।
दीन, हीन सब भाँति तुमें दिखरावन बारी॥
नहिं राखत वह सामग्री मेरी महरानी।
केवल निज हिय राजभक्ति पूरित लासानी॥
जामें लाखन धन्यवाद, आसीस करोरन।
राजत तेरे हित हे जननि! हरष सँग थोर न॥
जो उन ऊपर कथितन सों नहिं कोऊ विधि कम।
जो सम सत नृप काज उपायन और न उत्तम॥
लेहु ताहि फल ईस सदा याको तुहिँ दैहैं।
दीनन की आसीस व्यर्थ कबहूँ नहिं ह्वैहैं॥
चारहु जुबिली कथित और भोगहु तुम अब सों।
बिना विघ्न, बिन रोग, रहित सोगादिक सब सों॥
सपरिवार सुख सों राजहु जग राज दराजहिं।
निज प्रजानि के हेतु और साजहु सुख साजहिं॥
आरत भारत दसा अहै जो बची बचाई।
ताहि दूरि करि बेगि करहु आनन्द अधिकाई॥
यदपि तिहारे राज भयो भारत अति उन्नत।
आगे सों अब सब कोऊ सब विधि सुख पावत॥

पै दुख अति भारी इक यह जो बढ़त दीनता।
भारत में सम्पति की दिन दिन होत छीनता।।
महँगी बढ़तहि जात, घटत है अन्न भाव नित।
जातें कोऊ सुख सामग्री नहिँ सुहात चित।।
बढ़त प्रजा नित यहाँ, घटत पै उद्यम सारे।
बिन उद्यम धन मिलै न, बिन धन मनुज वेचारे।।
सुख सुकाल हू जिन्हें अकालहि के सम भासत।
कई कोटि जन सहत सदा भोजन की साँसत।।
एकहि समय आध ही पेट लहत जे भोजन।
मोटो सूखो रूखो अन्न लोन बिन रोज न।।
तेरे राज करमचारी न्यायी उदार मत।
साँची भारत दसा ससंकित है अस भाषत।।
बहु संकीरन हृदय जाहि हठकै झुठलावैं।
है स्वारथ सों अन्ध बेसुरी तान लगावैं।।
मनहुँ उभय दल मत सच झूँठ तुमहिँ समझावन।
हित कराल दुष्काल को भयो अब के आवन।।
जिहि तें प्रगट भयी तुम पर भारत की दुर्गति।
लखि निज प्रजा दुखी त्यों भई दुखित चित सों अति।।
अब सोचौ जो भयो एकही बरस अबरसन।
लगी भारती प्रजा अन्न दरसन कहँ तरसन।।
रही अन्न सों भरी पुरी जो भूमि सदाहीँ।
कैयो बरस अवरसन सों जो रीतत नाहीँ।।
तामें अन्य दीप सों अन्न नहीं जौ आवत।
तौ अबके भारत मनुजन कहँ कौन जियावत।।
त्यों धन मोल लेन हित दीनन जौ नहिँ देतीं।
दान, सहायक काज व्याज सुधि आप न लेतीं।।
भूखन मरिकै प्रजा सेष बचती चौथाई।
सूनी सी यह भारत भूमी परत लखाई।।

कै सुछन्द व्यापार जोग नहिँ भूमी भारत।
जो यहि दियो बनाय इते दिन में यो आरत॥
यह अति सूछम भेद आप ऊपर प्रगटावन।

× × ×

कै स्वारथ रत अन्य दीप वासी व्यापारी।
के हित आयो देन सत्य सिच्छा यह भारी॥
जो ढोवत धन अन्न यहाँ सों ह्वै अति निर्दय।
नहिँ राखत याके मरिबे जीबे को कछु भय॥
उद्यम लेस न रहन देत इत भूलि एकहू।
बची खुची जो कारीगरी न ताहि नेकहू॥
पैठन देत देस अपने में करि बहु छल बल।
अपनी कारीगरी सकेलत इत न लेत कल॥
या विधि जिन निःसत्व दियो करि हाय देस यह।
जाही के परभाय चैन दिन रैन करत वह॥
नहिँ जानत जब जे ह्वै है भारत ही आरत।
याके आश्रित रूप तुरत ह्वैं हैं वे गारत॥
शिल्प और विज्ञान मिलित उद्यम सब उनके।
सारथ होत अन्न धन भारत ही के चुनके॥
सो जब भारत आपहि पेट पीर सों मरिहै।
तब उनके कर कहौ काढ़ि कौड़ी को धरिहै॥
अथवा बीत्यो तुमहिं राज राजत इतने दिन।
भारत पैं हे राज राज रानी! विवाद बिन॥
कियो सबै विधि तुम उन्नति याकी बिन संसय।
दै विद्या, सुख सामग्री, हरि कै दुष्टन भय॥
न्याय राज थाप्यो, परजन स्वच्छन्द बनायो।
सिच्छित जन अरु धनिकन के मन जो अति भायो॥
रामराज सम राज तिहारो जिन कहँ दीसत।
दै दै धन्यवाद वे तुम कहँ रोज असीसत॥

पै जेते जन दीन हीन धन और हीन मति।
जिनहिं दियो विधि भिच्छाटन तजि और नाहिं गति ॥
जिन नहिं जान्यो सुखद राज तेरे को कछु सुख।
नहिं जिन खोल्यो तुमहिं असीसन काज कबहुँ मुख ॥
राज गहन दिन सों आसा जिनकी ही लागी।
साम्राज्य पद गहन महा उत्सव सुनि जागी ॥
पै बराटिका लहि न एकहू जो मुरझानी।
बीती जुबिली में जो सूखी सी दरसानी ॥
हरित करन फिरि आसालता न उनकी केवल।
आयो यह दुष्काल देन तिन माहिं फूल फल ॥
इतने दिन की कसर सहित आसीस देन हित।
व्याज सहित बहु धन्यवाद देवे को नित नित ॥
उन दीनन की अधिक दीनता आनि बढ़ाई।
तुम सों उनकी जननि प्रान रच्छा करवाई ॥
जामैं हीरक जुबिली में तेरी भारत की।
सकल प्रजा इक संग हुलसि हिय सों सब मत की ॥
देहिं बधाई तोहि अनन्दित ईस मनावै।
नवल कृपा तुव पाय बचे सब दुख बिनसावै ॥
लखियत तैसे हीं सब के उर आनन्द भारी।
पैयत सबहिं कृतज्ञ बनो तेरो इहि बारी ॥
बीते सब उत्सव सों तेरे इहि अवसर पर।
प्रमुदित परम लखात भारती प्रजा नारि नर ॥
जिनके उर उत्साह भार को सकि न सँभालत।
काँपत है भूकम्प व्याज यह भूमी भारत ॥
किधौं राजराजेसुरी तुमहिं सी सुखदानी।
की हीरक जुबिली में मोद महा मनमानी ॥
सुभग समय पर उचित उछाह जगहि दरसावन।
जोग न जानत निज सुत गन के पास विपुल धन ॥

मानहानि अनुमानि हहरि यह थर थर काँपत।
कहा करै, सोऊ कछु थिर न सकत करि निज मत ॥
कै तुव सासन समय भेद लखि भाग देस गति।
जामें ग्रेट बृटेन कीन्यो अपनी अति उन्नति ॥
भयो रंक सोँ राव संक जग मैं थाप्यो जिन।
भरयो भूरि धन, बल, विद्या, गुन, कला क्लेस बिन ॥
जाकी प्रजा मान, अभिमान भरी सुख सम्पति।
सोँ प्रफुलित मन विहरत जानत जगत हीन मति ॥
अरु पुनि वाही समय बीच निरखति गति अपनी।
दीन हीन हीं बनी बिलखि भारत की अवनी ॥
काँपि काँपि यह लेत उसास होय अति कातर।
जानि दैव प्रतिकूल आनि उर मैं विसेष डर ॥
साठ बरस की आस निरासा करि जनु मानी।
अरु पुनि दयावती तुम सी अनहोनी रानी ॥
कै सासन सुविसाल बीच जब गयो दुःख नहिँ।
तब हरिहै को नहिँ जानत अब सेष कलेसहिँ ॥
यह गुनि कै यह आपुहि अपनो ही तन ताड़ति।
आँसुन की झरि लावति औ सिर छार उड़ावति ॥
कैधौं अपनी उन्नत पूरब दसा बिचारी।
रहयो प्रताप जबै याको फैल्यो दिसि चारी ॥
अजहूँ लौँ आसृत जग याको रहयो बराबर।
काहू की यापैं कृतज्ञता रही न तिल भर ॥
सो दुर्दैव प्रभाय हाय! बनि गयो भिखारी।
जग सोँ भिच्छा लियो खोय भरमाला भारी ॥
पाय और सोँ दान प्रान राख्यो यह अबके।
खोय मान अभिमान कान करि सनमुख सबके ॥
चहत न सो भारत रहि कोऊ सँग आँख मिलावन।
ढाढ़ मारि भू फारि चहत पाताल सिधावन ॥

किधौं चहत हिय चोरि देवि ! तुम कहँ दिखरावन।
उर अन्तर की राज भक्ति यह सहज सुभायन॥
साधारन भूकम्प जाहि कारन बिन जाने।
कहैं लोग विज्ञान आदि मत मानि पुराने॥
कै तुव हरष हरषि यह विहँसि उठी ठठाय कै।
करत निछावरि बहु गृह भूषन गन गिराय कै॥
होय जु कछु कारन सो तो वहई जिय जानत।
पै हम तो बस निश्चय एक यही अनुमानत॥
लखि तुव सुखदानी रानी को आनद भारी।
आनन्दित ह्वै काँपत भारत भूमी प्यारी॥
जब याके सुत सबै भये इहि छन आनन्दित।
होय भला तब यह क्यों नहिँ अतिसय प्रसन्न चित॥
निश्चय सुभ अवसर यह हम सब कहँ सुखदायक।
जो आनन्द मनावें हम, है वाके लायक॥
देहिँ जु कछु बकसीस आप, लायक यह वाके।
माँगै जो हम, लायक यह देबे के ताके॥
चहत न हम कछु और, दया चाहत इतनी बस।
छूटैं दुख हमरे, बाढ़ै जासों तुमरो जस॥
जिहि ममत्व अरु जिहि प्रकार सों ग्रेट बृटेन पर।
कियो राज तुम अब लगि दया दिखाय निरन्तर॥
ताही विधि, ताही ममत्व तिहि दया भाव सन।
अब सों राजहु भारत पर दै और अधिक मन।
कीनी सब प्रकार जिमि ग्रेट बृटेन की उन्नति।
तैसहिँ भारत की करियै भरि कै सुख सम्पति॥
वाकी प्रजा समान स्वत्व, आयुध अधिकारहिँ।
विद्या, कला, नीति, विज्ञान, प्रबन्ध विचारहिँ॥
हम भारत वासिन कँह देहु दया करि, देवी।
उभय प्रजा सम होहिँ सुखी, सम सासन सेवी॥

भारत के धन अन्न और उद्यम व्यापारहिँ।
रच्छहु, बृद्धि करहु साँचे उन्नति आधारहिँ॥
वरन भेद, मतभेद, न्याय को भेद मिटावहु।
पच्छपात, अन्याय बचे जे तिनहिँ निबारहु॥

पूरब सासन समय साठ वत्सर को भारी।
पाय भयो कृत कृत्य बृटेन अति कृपा तिहारी॥
भारत की बारी आवै अब अति सुखदाई।
उत्तर सासन या हरिक जुबिली सों पाई॥

करहु आज सों राज आप केवल भारत हित।
केवल भारत के हित साधन में दीनै चित॥
पूरन मानव आयु लहौ तुम भारत भागनि।
पूरन भारतीन की करत सकल सुख साधनि॥

उमड़ै भारत में सुख, सम्पति, धन, विद्या, बल।
धर्म्म, सुनीति, सुमति, उछाह व्यापार ज्ञान भल॥
तेरे सुखद राज की कीरति रहै अटल इत।
धर्म्म, राज, रघु, राम प्रजा हिय में जिमि अंकित॥

आर्—य लता मुरझत दियो तुमसुनीति को बारि।
ई—श्वर नित हित आप को यासों कियो बिचारि॥
एस्—आसीसत चित्त सों कविवर बदरीनाथ॥
एस्—जुबली तुव और इक देखें हम सुख साथ॥

(सवैया)

ईसुकृपा सों बरीसु पचास कियो तुम राजु सबै सुखदाई।
आरत भारतहू पैं कृपाकरि आपु कलेश को लेश नसाई।
बद्रीनरायनजू नरभारत यागुनि देत महा हरखाई।
श्री विक्टोरिया देवी तुमै यह मंगलमय् जुविली की बधाई !!!

बधाई

होवै जुबिली जशन मुवारक, भारत बिपत वुहारक।।टे०।।
स्वारथ पक्षपात अन्याय कर हैकर टिक्कस टारक।
बहुत दिनन को दु:खित देस हो कछुदिन धीरज धारक।।
ईस कृपा सब सत्व याहि फिरि मिलें, सदा सुख कारक।
महरानी के सुखद राज को होय सत्य असमारक।।

स्वीकार पत्र

इस जुबिली बधाई कविता के विषय में जो अब तक स्वीकार पत्र वा धन्यवाद पत्र सरकार अर्थात् श्री मन्महाराजाधिराज गवर्नर जेनरल बीरेश (बड़े लाट साहेब बहादुर) तथा कमिश्नर साहिब के यहाँ से आए हैं, उन्हें भी हम प्रकाशित कर देना उचित जानकर ज्यों का त्यों यहाँ प्रकाशित करते हैं।

भाद्रपद सम्वत् १९४४

हरिगीतों

धनि दिवस बरिस पचास राजत राजराजेश्वरि भई।
या हिन्द कैसर हिन्द तुम दिन दिनन दुति दूनी दई।
बदरीनारायन हूं हरखि आसीस यह दीनी नई।
राजहु पचास बरीस औरहु करिजगत मंगलमई।।

वर्णचित

जी—अहु बरिस पचास तुम औरहु सहित अनन्द।
ओ—भारतराजेश्वरी! प्रगटत न्याय अमन्द।।
डी—ठ दया की आप की रहै प्रजा पर नित्त।
बी—स कहं कोऊ कछू रहै नीति युत चित्त।।
एल—लनाकुलकमल की अमल प्रकाशक भानु।
ई—स कृपा अन्यायतम हरो हिन्द दुखदानु।।

येस—व भारत की प्रजा आसीसत उठि रोज।
येस—त संबत लौं जियें पालि प्रजा ज्यों भोज।।
टी—का सम या मेदिनी के यह भारत भूमि।
येच—हुंओर प्रसिद्ध जग फिरौ भलें किन घूमि।।
ई—ति भीति सों नित दुखी रही जु यह कछु काल।
ई—स कृपा भागनि भई यापैं आप दयाल।।
यम-सम यवनन सों दलित रही, भई हत हीन।
पी—र हरी बहु आप नै कै निज राजअधीन।।

आनन्द बधाई

हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित होना चाहिए, यह विचारधारा भारतेन्दु काल में ही प्रादुर्भूत हो चुकी थी। प्रेमघनजी ने हिन्दी के महत्व, तथा उर्दू भाषा की कमियों की ओर उसी समय में बतलाना प्रारम्भ कर दिया, कवि श्री मेकडोनल को धन्यवाद देता है और साथ ही साथ सर आइजेक पिकाट डाक्टर द्विजेन्द्रलाल आदि के विचारों को भी नागरी भाषा के प्रति व्यक्त करता हुआ नागरी को भारत की राष्ट्रभाषा मानी जानी चाहिए, अपने इन उद्गारों को बड़े सुरुचिपूर्ण ढंग से इस कविता में प्रतिष्ठित किया है।

सं० १९५८

आनन्द बधाई

रोला छन्द

आज अरी यह घरी बड़े भागिन सों आई।
देव नागरी देवि देहुँ जो तोहि बधाई॥
निरखत हीन अपूरब पूरब दसा तिहारी।
सोचि सोचि सुभचिन्तक तेरे होयँ दुखारी॥
हा हा खाय बीनती बहु बिधि करत रहे नित।
पै न भूलिहूँ कोऊ कबहुँ वापैं दीनो चित॥
ह्वै विहीन उत्साह बैठि सब रहे मारि मन।
अनहोनी गुनि उन्नति तेरी, तऊ अनेकन—
सुवन तेरे बहु भाँति जतन मैं लगे निरन्तर।
करत रहे उद्योग हटे नहिं कसिकै परिकर॥
यदपि आस दृढ़ रही नाहिं उनहुँन कहँ ऐसी।
बेगि विजय बहु दिन पीछें पाई तुम जैसी॥
राज सभा सों अलग कई सौ बरस बितावत।
दीन प्रवीन कुटीन बीच सोभा सरसावत॥
बरसावत रस रही ज्ञान, हरिभक्ति, धरम नित।
सिच्छा अरु साहित्य सुधा सम्वाद आदि इत॥
कियो न बदन मलीन पीन बरु होत निरन्तर।
रही धीरता धारि ईस इच्छा पर निरभर॥
करि राखी अधिकार लाभ की आस अकेली।
फूली ताही सों सहजहिं आसा की बेली॥
चकित भये लखि जाहि आर्य्य सन्तान मधुप गन।
धन्यवाद गुञ्जार मचायो मिलि प्रमुदित मन॥

जानि सुरभि आगमन दसा उपबन पर तेरे।
अतिसय आनँद मगन विवुध पिक बृन्द घनेरे॥
करि कलरव कोलाहल लीला विविध लखाये।
देखि जाहि सब अचरज सों बोले चकराये॥
आज कहा आनन्द उमड़ि सो रह्यो चहूँ दिसि।
पश्चिम उत्तर देस अवध बिहँसत सो किहि मिसि॥
ईति भीति अरु रोग सोग दुष्काल दबाई।
महँगी सों मन मलिन प्रजा सब दुख बिसराई॥
हरखानी सी आज कहा घूमत इतरानी।
अतिहि अपूरब अनुपम सुख सों मानहुँ सानी॥
एक एक सों मिलत मिलत गर लागि परस्पर।
जय! जय! मंगल! मंगल! सोर मचाय निरंतर॥
छोड़त नहिं गर लगि कहत—"धनि भाग हमारे।
बहु दिन पर हे मित्र! भये हम साँच सुखारे॥
धन्य घरी यह आज! बड़े भागिन सों आई।
परम उचित जु परस्पर मिलि हम देहिं बधाई॥
जाकी सपनहुँ आस रही नाहीं मन सोचत।
सोई सुख को साज आज इन आँखनि दीखत॥
धन्य धन्य जगदीस धन्य करुना बरुनालय।
सुखी कीन हम भारतीन तुम आज सुनिश्चय॥
धन्य राज महरानी विक्टोरिया तिहारो।
जामैं न्यायहि होत अन्त जब जात बिचारो॥
नित प्रति उन्नति होति प्रजा सुख सामग्री की।
विद्या, ज्ञान, सान्ति, स्वच्छन्दतादि विधि नीकी॥
पावत साँचो स्वत्व सबै चाही जो जा कहँ।
राम राज सम कहैं तऊ अनुचित नहिं या महँ॥
धन्य लाट करजन! परजन मन रञ्जनहारे।
राजत राज न्याय जाके सुबिचार सहारे॥

जाके सुभ अधिकार बीच अधिकार परम हित।
पाय प्रजा कृतकृत्य भई अनुमानत प्रमुदित।।
धन्य मनुज मण्डल मण्डल मनि मुकुट मनोहर।
महिपति मेकडानल महात्मा महा मान्यवर!
धन्यवाद किहि भाँति देहिँ तुम कहँ सुखरासी।
हम सब पच्छिम उत्तर बासी अवध निवासी।।
सहजहिँ सोचत समझि परत अतिसय जो दुस्तर।
तव उपकार पहार भार गुरु तर गुनि सिर पर।।
है ठानत हठ यदपि कहे बिन नहिँ मन मानत।
पै बानी चुपचाप रहत सकुचात बखानत।।
थरथर काँपत रसना बसना अपनी जानी।
सरन दसन के जात बात की बात भुलानी।।
डरत डरत कर गहत लेखनी जौ साहस कर।
तौ मसि में डूबत वह निकरन चहत न सक भर।।
सौ सौ जतन निकारेहूँ कारो मुख नीचे।
कीनेहीं रहि जात चलत नहिँ बल करि खींचे।।
खींचि खींचि हू चलत चलाये चिरचिरान मिसि।
देत दुहाई मनहुँ पत्र ऊपर सिर घिसि घिसि।।
तब केवल मनहीं कछु अनुभव करत हमारे।
को तुम? कैसे, काज कौन कीने तुम प्यारे।।
आनन्द उर न अमात गात भरि निकरत बाहर।
हर्षित है रोमावलि उठि उठि सोचत सादर।।
सब मिलि सौ सौ मुखनि सहस सहसन रसननि सों।
लाख लाख अभिलाखन कोटि कोटि जतननि सों।।
अरब खरब बरु पदुम बरखहु जु पै निरन्तर।
नील संख संख्यकहु देहिँ जौ तुम कहँ प्रभुवर।।
धन्यवाद तौ हूँ तेरे हित लागत थोरे।
यह गुनिकै वेऊ नत ह्वै सन्मान निहोरे।।

मनहुँ निवेदन करत रावरी सेवा माहीं।
धन्यवाद तुम कहँ देबे की समरथ नाहीं।।
पै हाँ, है हमरी संख्या जितनी हे प्रभुवर।
तितने वत्सर कै जुग लौं या भारत भू पर।।
रिनी आर्य्य सन्तान तिहारे निश्चय रहिहैं।
तेरी जसु गुन गाथा सादर सब दिन कहिहैं।।
जे कृतज्ञ स्वाभाविक सब दिन के ऐ प्यारे।
भला भूलिहैं कैसे वे उपकार तिहारे।।
सुनहु! सहस बरसन सों हम सब भारतवासी।
रहे निरन्तर सहतहि दुसह दुखन की रासी।।
यवन राज अन्याय अनोखिन की सुधि आवत।
अजहूँ लौं हम भारतीन को हिय हहरावत।।
बच्यो कण्ठगत प्रान होय जाकर सन भारत।
लहि अँगरेजी राज फेरि सम्हरत सो आरत।।
पुनि यह नई नई उन्नति अब करिबे लाग्यो।
बहु दुख तजि पुनि निज जीवन आसा अनुराग्यो।।
परिवर्तन निसि दिवस तुल्य है गयो अपूरब।
पूरबहीं सो पूरब न्याय दिवाकर को जब।।
फैल्यो सुभग प्रकास स्वच्छ स्वच्छन्दता चमकि।
विनसी अत्याचार निसा भय भरी सहज थकि।।
निखर्‌यो नीति प्रभात अविद्या तिमिर दुरायो।
सिच्छा दच्छिन अनिल प्रबाह प्रबोध करायो।।
जगो जगत उद्योग फेरि भय आलस त्यागी।
प्रजा बिहँग अवली प्रबन्ध जस गावन लागी।।
चल्यो पथिक व्यापार स्वत्व पथ परचो लखाई।
लुके उलूक लुटेरे भजे चोर अन्याई।।
विकसो विद्या पंकज पुञ्ज सरोवर देसन।
राजभक्ति मकरन्द सु पूरित ज्ञान परागन।।

सुभग सान्ति सौरभ सञ्चार सुहायो सुन्दर।
मच्यो मञ्जु गुञ्जार अनन्द मलिन्द मनोहर॥
पै दुर्भागी देस अवध अरु पच्छिम उत्तर।
पच्छिम उत्तर ओर रह्यो जो भारत में पर॥
जो पूरब सों दूर दूर दच्छिन हूँ सो भल।
उभय दिसा प्रतिकूल होय, प्रतिकूल लहत फल॥
दोउ सुभाव नियमानुसार तें बिलम लगावत।
दच्छिन बात प्रभात प्रकास भानु इत आवत॥
तासों इतै अजहुँ हे प्रभु! छायो दरसाई।
प्रबल अविद्या तिमिर स्वत्व पथ ज्ञान दुराई॥
अन्याई चोरहु लखात निज घात लगाये।
उर्दू को बुरका ओढ़े निज गात छिपाये॥
पै तुम धन्य! धन्य! हे प्रजा प्रान तै प्यारे।
अरुन सरिस रवि न्याय दरस दिखरावन वारे॥
हरन अविद्या तिमिर कमल विद्या विकसावन।
अहो धन्य! गुञ्जार आनन्द मलिन्द मचावन॥
प्रादेसिक सासक बहु लाट लोग पूरब इत।
आये, किये प्रबन्ध राज निज काज यथोचित॥
पै साँचे राजा के प्रतिनिधि तुमहिँ लखाने।
साँचे प्रजा बन्धु सासक तुमहीँ गे माने॥
भारत प्रभु जैसे महात्मा रिपन मनुज बर।
सुभ अँगरेज राज प्रतिनिधि इक प्रजा मनोहर॥
दूजे तुमहीं प्रादेसिक प्रभु त्यों इत आये।
जिन प्रजान सन्तप्त हृदय दै हर्ष जुड़ाये॥
बृटिश राज की महिमा तुमहिँ प्रगट इत कीनी।
उदारता साँची सबहिन दिखाय दृग दीनी॥
नहिं अट्ठारह सौ सतानबे सन् ईसा मैं।
तुम तजि और कोऊ जौ सासक होतौ यामैं॥

तौ नहिँ पच्छिम उत्तर देस रहत यह ऐसो।
नहिँ जानत कब को ह्वै गयो होत यह कैसो॥
तबही सों दैवी नर हम सब तुम कहँ माने।
परजन दुख भञ्जन मनरञ्जन साँचहु जाने॥
अरु नहिं केवल हमहीं सब तुम कहँ अस जानत।
जहाँ विराजे तुम तहँ सब ऐसहिं अनुमानत॥
सबै प्रदेस निवासी अटल तिहारो सासन।
चहत रहे निज देस माहिं सह सहस हुलासन॥
इत आवन की चली बात जब तुमरी प्यारे।
बंग वासि गन तुमहिं लहन हित बहुत पुकारे॥
पै न भाग जागे उनके न तुमहिं उन पायो।
हम सब पर करि दया ईस तुहिं इतहिं पठायो॥
पूरब पुन्य प्रभाय पाय तुव पाय परस अब।
पच्छिम उत्तर देस निवासी प्रजा जाहि कब॥
रही भला ऐसी आसा जैसो कछु पायो।
बृटिश राज को साँचो सुख लहि सोक नसायो॥
नहिं केवल कराल दुष्काल प्रबन्ध मनोहर।
करिकै तुम बनि गए प्रजा के साँचे हियहर॥
कियो प्रबन्ध महामारी को अतिसय उत्तम।
जासों नहिं अन्याय मच्यो इत और देश सम॥
परम प्रचण्ड पुलिस पच्छिम उत्तर अन्याई।
दै दै दुष्टन दण्ड दण्ड मम सीध बनाई॥
और अन्य आधीन जिते ऐसे अनुसासक।
साहसीन भय लेस हीन अन्याय उपासक॥
दमन कियो तिन सहज सुभाय ससंक बनायो।
समन प्रजा आतंक भयो सुख सुभग सुहायो॥
जान्यो सब प्रधान अनुसासक है कोउ हम पर।
जो सब के हित हेत करत चिन्तन प्रवीन वर॥

हेरि हेरि दुख हरत हमारे महिं दुख निज तन।
धरम परायनता न तजत अपनी पै पल छन॥
परम असिच्छित प्रजा पेखि पच्छिम उत्तर की।
सिच्छा सुभग सुधार हेतु तेरी मति भरकी॥
आरम्भिक सिच्छा प्रचार में बहु बल दीन्यो।
सिच्छा उच्च सुधार तैसहीं न्यून न कीन्यो॥
कियो विश्व-विद्यालय को संशोधन सुन्दर।
मेवर कालिज में विज्ञानालय बनाय बर॥
ये सब हमरे हित के हित कर्तव्य तुमारे।
कबहूं कैसेहूं किमि हम पैं जाहिं बिसारे?
सौ सौ धन्यवाद जौ देहिं तऊ कम लागत।
पै तेरी हित करनि बानि हठ तनिक न त्यागत॥
नित नव न्याय नीर बरसत घेरे घन के सम।
कौन कौन के हेतु देहिं अब धन्यवाद हम?
सब सों भारी कृपा तिहारी जो अति प्यारी।
जाहि बिचारी बनत बाबरी बुद्धि बिचारी॥
तेरे सासन सुखद समय को जो बसन्त बनि।
संचारत सुवास तव सुजग सुभग दिसि विदिसनि॥
दच्छिन दच्छिन बात बात में रस बरसावत।
बदल प्रजा दल तरु दुख दल मन सुमन खिलावत॥
विद्वेषी सहकार जासु कारन बौराने।
गावत कवि कोकिल कल कीरति गान रिझाने॥
साँचहु जाकी रही आस कबहूँ कछु नाहीं।
तिहि सुख की सामग्री लही सहज तुम पाहीं* ॥

* न्यायालयों में नागरी वर्णावली स्वीकार विषयक अनुशासन पत्र ता० १८ एप्रिल सं० १९०० का।

धन्य आप हे प्रभु प्रियवर प्रवीन मेकडोनल।
धन्य न्याय परता की बानि तिहारी निःछल॥
बहु दिवसन लौं राजसदन सों रही निकारी।
सहत अमित अन्याय निरन्तर बदी बिचारी॥
भारत सिंहासन स्वामिनि जो रही सदा की।
जग में अब लौं लहि न सक्यो कोऊ छबि जाकी॥
जासु बरन माला गुन खानि सकल जग* जानत।
बिन गुन गाहक सुलभ निरादर मन अनुमानत॥
होय अलग जो रही अजौं लौं देवनागरी।
गुनि गुनगन गुनवान न्याय रत आप आदरी॥
यवन राज के समय न अखरचो याहि निरादर।
रहचो सुभायहिं जो अनीति आगार उजागर॥
अरु पुनि रीति सहज यह निज वस्तुहि जग भावत।
तासों नृप भाषा अरु बरन दोऊ कहरावत॥
भये पारसी भाषा संग अरबी के अच्छर।
प्रचरित यवन राज संग राज काज अभ्यन्तर॥
राजसदन बाहर पै तऊ चारिहू ओरन।
राजत रही नागरी ही गृह प्रजा करोरन॥

* प्रोफेसर मोनियर विलियम्स कहते हैं कि "स्थूल रूप से यह कहा जा सकता है कि "इन देवनागरी अक्षरों से बढ़कर पूर्ण और उत्तम अक्षर दूसरे नहीं हैं।" प्रोफेसर साहिब ने तो इन्हें देवनिर्मित तक कह दिया है।

सर आइज़ेक पिटम्यान ने कहा है कि "संसार में सर्वांगपूर्ण यदि कोई अक्षर हैं तो वे हिन्दी के हैं।"

पायनियर पत्र ने भी १० जुलाई सन् १८७३ ई० के पत्र में लिखा है कि "नागरी अक्षर धीरे में लिखे जाते हैं, परन्तु जब एक बार लिख गये तो छपे हुए के समान हो जाते हैं, यहाँ तक कि उसमें लिखे हुए पद को एक ऐसा पुरुष भी जिसे उसके अर्थ की आभामात्र भी नहीं ज्ञात है उन्हें शुद्धतापूर्वक पढ़ लेगा।"

एकै कायथ जाति राज सेवा के लोभन।
पढ़त पारसी रही जानि अपनी जीवन धन।।
पै भागनि सों जब भारत के सुख दिन आये।
अंगरेजी अधिकार अमित अन्याय नसाये।।
लह्यो न्याय सबहिन छीने निज स्वत्वहिं पाई।
दुरभागनि बचि रही यही अन्याय सताई।।
लह्यो देस भाषा अधिकार सबै निज देसन।
राज काज आलय विद्यालय बीच ततच्छन।।
पै इत बिरचि नाम उर्दू को "हिन्दुस्तानी"।
अरबी बरनहुँ लिखित सके नहिं बुध पहिचानी।।
"हिन्दुस्तानी" भाषा कौन? कहाँ तें आई।
को भाषत किहि ठौर कोऊ किन देहु बताई।।
कोउ साहिब खपुष्प सम नाम धर्यो मनमानो।
होत बड़न सों भूलहु[1] बड़ी सहज यह जानो।।
हरि हिन्दी की बोली[2] अरु अच्छर अधिकारहिं।
लै पैठारे बीच कचहरी बिना बिचारहिं।।

१. जिसे जब स्वर्गीया महाराणी ने इम्प्रेस आफ़ इण्डिया की उपाधि ग्रहण की तो उसका अनुवाद उर्दू में क़ैसरि हिन्द किया गया और हिन्की में राजराजेश्वरी के स्थान पर हिन्द का क़ैसर। जिसका व्यवहार राज कार्यालय के अतिरिक्त आज तक और कहीं नहीं हुआ!!!

२. शिक्षा विभाग के डाइरेक्टर ने सन् १९७७, ७८ की रिपोर्ट में लिखा है कि "हिन्दी ही इस प्रदेश की देश भाषा है।"

प्रसिद्ध डाक्टर राजेन्द्र लाल मित्र बंगाल एशियाटिक सोसाइटी के जरनल १८६४ ई० में "हिन्दवी भाषा की उत्पत्ति और उर्दू बोली से उसका सम्बन्ध" शीर्षक लेख में लिखते हैं कि "भारतवर्ष की देश भाषाओं में हिन्दी सबसे प्रधान है। बिहार से सुलेमान पहाड़ तक और विन्ध्या के तराई तक यह सभ्य हिन्दू जाति की मातृभाषा है। गोरखा जाति ने इसका कमाऊँ और नैपाल में भी प्रचार कर दिया है और यह पेशावर के कोहिस्तान से आसाम और काश्मीर से कुमारी अन्तरीप तक के सब स्थानों में भलीभाँति से समझी जा सकती है।"

जाको फल अतिसय अनिष्ठ लखि सब अकुलान।
राज कर्मचारी अरु प्रजा वृन्द बिलखाने॥
संसोधन हित बारहिं बार कियो बहु उद्यम।[१]
होय असम्भव किमि सम्भव, कैसे खल उत्तम॥
हिन्दी भाषा सरल चह्यो लिखि अरबी बरनन।
सो कैसे ह्वै सकै[२] बिचारहु नेक विचच्छन?
मुगलानी, ईरानी अरबी, इंगलिस्तानी।
तिय नहिं हिन्दुस्तानी बानी सकत बखानी॥
ज्यों लोहार गढ़ि सकत न सोने के आभूषन।
अरु कुम्हार नहिं बनै सकत चाँदी के बरतन॥
कलम कुल्हाड़ी सों न बनाय सकत कोउ जैसे।
मूजा सों मल मल पर बखिया होत न तैसे॥
कैसे हिन्दी के कोउ सुद्ध सब्द लिखि लैहै।
अरबी अच्छर बीच, लिखेहुँ पुनि किमि पढ़ि पैहै?

मिस्टर बीम्स ने भी इसी मत का समर्थन किया है तथा रेवरेण्ड केलाग लिखते हैं कि "पचीस करोड़ भारतवासियों में एक चौथाई वा ६ या ७ करोड़ मनुष्यों की हिन्दी मातृभाषा है।"

मिस्टर तिनकाट लिखते हैं कि "उत्तर भारतवर्ष की भाषा सदा से हिन्दी थी और अब भी है।"

१. बोर्ड आफ़ रेवन्यू को बार बार आदेश पत्र निकालना पड़ा और और उसमें बार बार इस बात पर ज़ोर दिया गया कि कचहरियों की कार्रवाई फ़ारसी-पूरित उर्दू में न लिखी जाय, वरंच ऐसी "भाषा में लिखी जाय जैसी कि एक कुलीन हिन्दुस्तानी फ़ारसी से पूर्णतया वंचित रहने पर भी बोलता हो।" ऐसी ऐसी आज्ञाएँ निकलते प्रायः चौथाई शताब्दी समाप्त हो गई परन्तु कुछ भी फल न हुआ वरंच भाषा नित्य और भी कड़ी ही होती गई!

२. पायनियर अपने १० जनवरी सन् १८७६ ई० के पत्र में लिखता है कि 'फ़ारसी लिपि और शब्दों में इतना घनिष्ट सम्बन्ध है कि इस विषय (भाषा) का सुधार तब तक पूर्णतया हो ही नहीं सकता जब तक गवाही हिन्दी (नागरी) अक्षरों में न लिखी जायगी।

निज भाषा को सबद लिखो पढ़ि जात न जामैं।
पर भाषा को कहौ पढ़ै कैसे कोउ तामैं॥
लिख्यो हकीम औषधी में 'आलू बोखारा'।
उल्लू बनो मोलवी पढ़ि 'उल्लू बेचारा'॥
साहिब 'किस्ती' चही पठाई मुनसी 'कसबी'।
'नमक' पठायो, भई 'तमस्सुक' की जब तलबी॥
पढ़त 'सुनार' 'सितार' 'किताब' 'कबाब' बनावत।
'दुआ' देत हूँ 'दगा' देन को दोष लगावत॥
मेम साहिबा 'बड़े बड़े मोती' चाह्यो जब।
'बड़ी बड़ी मूली' पठवायी तसिल्दार तब॥
उदाहरन कोउ कहँ लगि याके सकै गनाई॥
एकहु सबद न एक भाँति जब जात पढ़ाई॥
दस औ बीस भाँति सों तौ पढ़ि जात घनेरे।
पढ़ै हजार[1] प्रकारहु सों जाते बहुतेरे॥
जेर, जबर अरु पेस, स्वरन को काम चलावत।
बिन्दी की भूलनि सौ सौ बिधि भेद बनावत॥
चारि प्रकार जकार, सकार, अकार, तीन बिधि।
होत हकार, तकार, यकार, उभय बिधि छल निधि॥
कौन सबद केहि बरन लिखे सों सुद्ध कहावत।
याको नियम न कोऊ लिखित लेखहिं लखि आवत॥
कोऊ पारसी बरन, कोऊ अरबी के बाजैं।
टेढ़े मेढ़े अतिसय सर्पाकृति से राजैं॥
साँचे में ढलि सके ठीक अजहूँ लौं जो नहिं।
लिखि लिखि पत्थरहीं पै छपत लखौ किन सहजहिं॥
अरबी, तुरकी, तथा पारसी, हिन्दी सानी।
अँगरेजी, संस्कृत मिली भाषा मुगलानी॥

१. भारतेन्दु बाबू हरिश्चन्द्र ने फारसी अक्षरों में लिखे हुए 'सर' शब्द को १००० प्रकार से पढ़ा जाना सिद्ध किया है।

को पढ़ि पण्डित होय ताहि प्रभु नेक बिचारौ।
लिखै शुद्ध किहि भाँति कौन हिय में निरधारौ॥
बरु पारसी प्रचार रह्यो यासों अति सुन्दर।
एकहि भाषा लिखी जाति निज अच्छर भीतर॥
यह विचित्रताई जग और ठौर कहुँ नाहीं।
पँचमेली भाषा लिखि जात बरन उन माहीं॥
जिनसे अधम[१] बरन को अनुमानहुँ अति दुस्तर।
अवसि जालियन सुखद एक उर्दू को दफतर॥
जिहि तें सौ सौ साँसति सहत सदा बिलखानी।
भोली भाली प्रजा इहाँ की अतिहि अयानी॥
पै नहिं जानि परे यह कौन मोहनी डारी।
निज प्रेमी बनयो वहु अँगरेजन अधिकारी॥
बारहिं बार निहारि अमित औगुन जिन याके।
कियो प्रचार न बन्द करत प्रतिकारहि थाके॥
अतिसय अचरज होत गुनत यह बात बिचित्रहिं।
भाषा अरु अच्छर दोऊ दोउनहूँ के नहिं॥

१. प्रोफेसर मोनियर विलियम्स ने ३० दिसम्बर सन् १८५८ ई० के टाइम्स नाम के पत्र में फ़ारसी अक्षरों के दोष पूर्णरूप से दिखाये हैं। उनका कथन है कि "इन अक्षरों को सुगमता से पढ़ने के लिये वर्षों का अभ्यास आवश्यक है" वे कहते हैं कि "इन अक्षरों में चार 'ज' होते हैं तथा प्रत्येक अक्षर के उसके प्रारम्भिक, मध्यस्थ, अन्तिम वा भिन्न होने के कारण चार भिन्न भिन्न रूप होते हैं।" अन्त में प्रोफेसर साहिब कहते हैं कि "चाहे ये अक्षर देखने में कितने ही सुन्दर क्यों न हों, पर न कभी पढ़े जाने योग्य हैं, न छपने योग्य हैं और पूरब में विद्या और सभ्यता की उन्नति में सहायक होने के तो सर्वथा अयोग्य हैं।" डाक्टर राजेन्द्रलाल, प्रोफेसर डासन और मिस्टर ब्लाकमैन तथा राजा शिवप्रसाद आदि बड़े बड़े विद्वानों ने भी दृढ़तापूर्वक प्रोफेसर मोनियर विलियम्स के इस मत का समर्थन किया है।

नहिं राजा के और प्रजा[1] हूँ के जे नाहीं।
तऊ सहत दुख दोऊ काज नित करि तिन माहीं॥
दोऊ नहिं लिखि पढ़ि सकत न समुझत[2] जाहि भली बिधि।
रहे तैरि पै तऊ दोऊ दुर्भाग पयोनिधि॥
यह अन्धेर मचत इत बीते पैंसठ वत्सर।
थकी पुकारत प्रजा सुन्यो पै कोऊ न ध्यान धर॥
उच्च राज अनुसासक हू कै बार सुधारन।
चाहे याके दोष, दूरि करि सके न पै कन॥
बोयो बिटप बबूर चहत चाखन रसाल रस।
बेतस बेलि बढ़ाय मालती मुकुल मोद जस॥
चहत बार बनिता सों पतिब्रत को प्रन पालन।
सो कैसे ह्वै सकै काक जिमि होत मराल न॥
जो जो जतन सुधार हेतु याके अनुसासक।
लोग कियो सो भयो दोषही को परिवर्धक॥
यवन राज तें लिखत पारसी जे चलि आये।
अँगरेजी समय हुँ ते तैसे हीं लौ लाये॥

१. मिस्टर ग्राउस इसी विषय पर लिखते हैं कि—"आजकल की कचहरी की बोली बड़ी कष्टदायक है क्योंकि एक तो यह विदेशी है और दूसरे इसे भारत-वासियों का अधिकांश नहीं जानता। ऐसे शिक्षित हिन्दुओं का मिलना कोई असाधारण बात नहीं है, जो स्वतः इस बात को स्वीकार करेंगे, कि कचहरी के मुन्शियों की बोली को वे अच्छी तरह बिलकुल नहीं समझ सकते और उसके लिखने में तो वे निपट असमर्थ हैं। इसका बड़ा भारी प्रमाण तो यह है कि कानूनों और आज्ञाओं के सरकारी भाषानुवाद को कोई भी भलीभाँति नहीं समझ सकता, जब तक एक व्यक्ति अँगरेजी से मिलाकर उन्हें न समझा दे।"

२. मिस्टर फ्रेडरिक पिनकाट लिखते हैं कि "भारतवासियों को जिनकी यह मातृभाषा मानी जाती है, अँगरेजों की तरह इसे स्कूलों में सीखना पड़ता है और भारतवर्ष में यह विचित्र दृश्य देख पड़ता है कि राजा और प्रजा दोनों अपने कार्यों का निर्वाह ऐसी भाषा द्वारा करते हैं जो दोनों में से एक की भी मातृभाषा नहीं है।

लिखत पारसी रहे कचहरिन बहुत दिनन सन।
तेई राज सेवक लहिकै अनुसासन नूतन॥
जहँ भाषा संग अच्छर हू बदले इक बारहिं।
तहँ बहु लेखकहू बदले लिखि सके जौन नहिं॥
नव बरनहिं नव भाषा संग नव लेखक आये।
चले बरन भाषा सँग तहँ बिन कछु स्रम पाये॥
इत भागनि सों भाषा ही बदली नहिं अच्छर।
दोऊ सुभावहि सों विरुद्ध सहजहिं अति दुष्कर॥
तासों फल विपरीत भयो औरहु अचरज मय।
बदल्यो इन अच्छरन भ्रष्ट भाषा करि अतिसय॥
सोई पारसी लेखक लोग सोई बरनन में।
सोई सबद सोइ रीति भरत निज निज लेखन में॥
मिलि मुन्सी मोलबी बनायो इहि मुगलानी।
हिन्दी भाषा जो न जाय कोउ विधि पहिचानी॥
निज विद्या अधिकार विज्ञता दिखरावन हित।
लहन लेख लालित्य कहन मैं चोरन हित चित॥
लगे पारसी अरबी सबद अधिक नित मेलन।
रह्यो पारसी उर्दू बीच कृपा तजि भेद न॥
अरु पुनि इन अच्छरन सबद दूजी भाषा के।
लिखन कठिन अति[१] पठन असम्भव सब विधि थाके॥

१. शकुन्तला नाटक के दो उर्दू अनुवादकों ने विवश हो कण्व को कन और माढव्य को माधो लिखा ऐसे ही जिन शब्दों के लिखने में कठिनता होती प्रायः उसका रूप बदल देते जैसे ब्राह्मण को बरहमन, व्यापार को ब्योपार। स्कूल को इस्कूल, स्टेशन को इस्टेशन, ज्वाइण्ट मैजिस्ट्रेट को जन्ट मजस्टरंट, स्टाम्प को इस्टाम्प इत्यादि। खालिक़बारी के चाल की एक मसन्वी "अल्फ़ाज अँगरेज" नामक मुन्शी ज्वालानाथ ने बेगम भूपाल की सहायता से उर्दू अक्षरों में बनाई है, जिसमें उनकी और बेगम साहिबा को भी पूरी उपाधि अँगरेजी शब्दों के आने से

तासों बाँचन सुविधा हित पारसी सबद सब।
लेखक लोग लिखें, परिचय बस बाँचि सकें तब।।
यह अँगरेजी राजहिं में बाढ़ो कठिनाई।
खिचड़ी भाषा लिपि घसीट में जब सों आई।
पूरब यवन प्रधान पुरुष निज नैनन देखत।
भाषा बरन अभिज्ञ जहाँ कोऊ त्रुटि पेखत।।
करत रहे प्रतिकार सुधार तिरस्कृत लेखक।
जासों लिपि अरु भाषा बिगरत रही न भर सक।।
सुद्ध पारसी भाषा नस्तालीक[1] लेख सँग।
यवन राज के होत पत्र तब सुपठ औ सुढंग।।
अब अंगरेजी सासक भूलिहु लखत न ता कहँ।
दसखत ही करि देत सिरिस्तेदार कहत जहँ।।
अरु जो लखें तऊ पढ़ि सकत न एकहु सब्दहिं।
सुनहिं और के मुखहिं सुनेहुं नीके नहिं समुझहिं।।
जासों चली खुलासा लिखिबे की अब चाली।
याही रीति चलत सब राज काज परनाली।।

कोई नहीं पढ़ सकता। उसके कई छन्द जिन्हें उन्होंने शुद्ध शुद्ध उच्चारण के लिए जेर जबर को छोड़ अनेक नवीन चिन्ह भी देकर लिखे हैं तो भी कोई मोलवी चाहे वह अँगरेजी भी जानता हो बेखटक शुद्ध शुद्ध नहीं पढ़ सकता। उदाहरणार्थ हाँ लिखते हैं:—

खुदा (गाड) है (लार्ड) है होशमन्द।
(क्रियेटर) सिरजनहार दानिशमन्द।।
बना फादरे मुतलक़ (आलमायटी)।
फ़रिश्तें मलिक जान है (डेटी)।।
(रेवेलेशन) इलहाम है नूर (लाइट)।
(रिपेन्टेन्स) तोबा है और रस्म (राइट)।।
(डवोटी) है आबिद समझ रास्त रास्त।
रियाजत (पेनेन्स) और रोजा है (फ़ास्ट)।।

१. नस्तालीक़ सुस्पष्टलिपि।

राज कर्म्मचारी गन विज्ञ न समुझत जा कहं।
मूढ़ प्रजा के तब आवै किहि भाँति समझ महँ॥
देत प्रजा इजहार गँवारी हिन्दी भाषत।
मुनसी करि अनुवाद ताहि पारसी बनावत॥
पुनि सुनि समुझि सकत नहिं जिहि वे दीन बिचारे।
"समझि लियो" कहि देत सदा ही डर[१] के मारे॥
कारन याको यहै पढ़े बिन जो नहिं आवत।
पढ़े हुँ भिन्न भाषन सों मिलि कठिनाई ल्यावत॥
उर्दू नाम राज सेना शिविनी की बोली।
तिमिर लिंग बंसज नृप यवन संग जब, टोली॥
यवन जाति की भिन्न २ निवासी दिल्ली महँ।
निज आवश्यक काजन हित सब सैनिक जन जहँ॥
दिल्ली वासी बनिकनि सों मिलि जुलि नित भाषत।
टूटी फूटी हिन्दी संग कछु सबद मिलावत॥
निज २ भाषा हू के समुझ न लगे जाहि जन।
इमि जो बोली बोली गई हाट कछु दिवसन॥
सो बिगरी हिन्दी भाषा उरदूइ-मुअल्ला॥
साहजहाँ के समय पुकारन लगे मुसल्ला॥

१. एक बार सेशन जज के इजलास में मैंने स्वयं देखा, कि एक जंगली कोल अपराधी से वकील सरकार से पूछा कि तुम्हारे ऊपर इलजाम दफ़ा ३०७ ताज़ीरात हिन्द का, यानी इक्तिदाम कत्ल का लगाया गया है, क्या तुमको उससे इक़बाल है? उत्तर मिला "हाँ"। जज ने कहा, कि उसे फिर समझाओ। वकील ने कहा कि अमुक व्यक्ति को तुमने क़त्ल करने की नीयत से जहर शदीद पहुँचाया? फिर कहा "हाँ"। तब फिर जज ने चपरासी से समझाने को कहा। और जब उसने कहा कि फ़लाने के तूं मारि डारै के खातिर लाठी मारे रह्यः कि नाहीं? तब उसने समझकर "नाहीं" कहा। यदि जज ऐसा धीर और सुचतुर न्याई न होता तो वह बिचारा व्यर्थ ही कठिन दण्ड का भागी हुआ था।

पै वह यवन चंक्र में निवसत रही निरन्तर।
केवल सम्भाषन अरु कविता के अभ्यन्तर॥
लेख पारसी अच्छर अरु भाषा में केवल।
राज काज गृह काजहु में होने उनके दल॥
जन साधारन प्रजा न पै उन सों अनुरागी।
हिन्दी बोली बरन दुहुन की प्रेमन पागी॥
दिल्ली में बसि बनी रही यह सीधी सादी।
आय लखनऊ गई कठिन सब्दन सों लादी॥
ह्वाँ के लोग सदा प्रचलित भाषा में बोल्के।
ह्यां निज मति अनुरूप विविध भाँतिन तिहि छोले॥
उन चाह्यो सब समुझें जामें उनकी भाषा॥
इनकी समझ न सकै कोऊ ऐसी अभिलाषा॥
भरि भरि सदा सबद अरबी पारसी कठिनतर।
उर्दू भाषा को जेठी पारसी दियो कर॥
रही तऊ यह भाषा पुस्तक ही के भीतर।
पढ़े लिखे जन भाषतहू मिलि रहे परस्पर॥
पै ह्याँ के अधिवासी बोलत तिहि न कदाचित्।
समुझि सकत नहिं नेक सुनत जाकहँ वै नित प्रति॥
रही न कोऊ भाषा की गिनती में यह तब।
कुछ न पूछ ही रही यवन को राज रह्यो जब॥
पै अँगरेजी राज पाय बढ़ि बहुत मुटानी।
चेरी सों औचक हीं यह बनि बैठी रानी॥
आधे भारत के सब न्याय भवन के भीतर।
लगी चलावन राज काज सासनहिं निरन्तर॥
नवल गढ़े, अरु अँगरेजी आदिक बहु सबदन।
सों भरिकै औरौ कठोर अरु कुटिल गई बन॥
बहु पुस्तक बहु भाषन सों बहु विषयन केरी।
अनुबादित ह्वै गईं, बनी त्यों नवल घनेरी॥

अनुसासक अनुसासन बस, लगि लाभ लोभ जन।
विरच्यो जनु निज देस काज दुर्गति के साधन।।
प्रचरित ह्वै जे विविध पाठसालन के द्वारा।
प्रजा बृन्द में महा मूढ़ता पुँज पसारा।।
जानि राज भाषा इहि राज काज हित साधन।
लागे उर्दू पढ़न लोग तजि निज निज भाषन।।
इने गिने नव बने ग्रन्थ पढ़िबे तें याके।
पूरन भाषा ज्ञानहुँ होत न, तब पुनि ताके—
पुष्टि काज पारसी पढ़त जन हारि अन्त पर।
वाहू को पढ़ि पै न लाभ कछु लहत अधिक तर।।
होत अधिक इक भाषा ज्ञान अवसि पढ़ि ता कहँ।
पै नहिं विद्या ग्रन्थ कोऊ इन दोउ भाषन महँ।।
तासों विद्या पढ़िबे काज पठन अरबी को।
अति आवश्यक पंडित बनिबे काज सबी को।।
पढ़ि अरबी अति कठिन चहै मोलवी कहावै।
पर इतनेहूँ पै उर्दू नहिं ताकहँ आवै।।
अँगरेजी, हिन्दी, तुरकी, संस्कृत सबद जब।
आवत नहिं कछु चलत मोलबिन हूँ की कछु तब।।
अब कहियै जो फँस्यो फन्द उर्दू के जाई।
कितनी भाषा पढ़े सकै पण्डित कहवाई।।
सिच्छा हित जे बनी पाठशाला बहुतेरी।
तिन महँ उरदुहि उपयोगी गुनि प्रजा घनेरी।।
पढ़त छाँड़ि हिन्दी भाषा भूषित देवाच्छर।
सुगम, सुपठ, सुन्दर, साँचहुँ सब गुन के आगर।।
अँगरेजिहु के संग देस भाषा के नाते।
उरदुहि अधिक पढ़त जन सेवा हित ललचाते।।
विद्यालय में पहुँचि पारसी पास पहुंचि करि।
करत परिच्छा पास सुगम हित साधन हिय धरि।।

जासों सब सिच्छित बनि गये मनहूँ परदेसी।
निज भाषा को ज्ञान जिन्हें नहिं उन सों बेसी।।
निज आचार विचार धरम को मरम न जाने।
परम्परा विपरीत नीति कुल रीति भुलाने।।
बदल्यो सहज सुभाव रुची रुचि नई नई तब।
प्रचरित भई कुरीति मई बहु जिहि लखियत अब।।
सिच्छित सँग सों अज्ञहु करत अनुकरण तिन को।
इहि विधि औरै रूप भयो भारत बासिन को।।
बिना ज्ञान निज भाषा बिन जाने निज अच्छर।
रहत अज्ञ औरन भाषा पढ़ि भारतीय नर।।
छूटि जात सम्बन्ध संस्कृत सों पुनि सब बिधि।
जो जग भाषा जननि सकल विद्या की जो निधि।।
जो प्रधान भाषा भारत की आदि समय सन।
दुहूँ लोक हित जो भारतियन को जीवन धन।।
जाके बिन कछु धरम करम को मरम न जानत।
अरु आचार विचार विविध व्यवहार क्रमागत।।
बिद्या, दर्सन, कला, नीति विज्ञान ज्ञान तिमि।
तिज इतिहास जाति मर्य्यादा परम्परा इमि।।
बिन जाने भारत सन्तान विविध निति प्रति।
त्यागि शील कुल रीति नीति बनि गये हीन गति।।
नहिं केवल हिन्दुनहीं की यह अवनति कारिनि।
मुसलमान गनहूँ की साँचहूँ उन्नति हारिनि।।
तऊ विज्ञ हिन्दू जन जब जब दियो दुहाई।
याहि बदलिबे काज राज दरबारहिं जाई।।
तब तब कियो विरोध यवन गन बिना बिचारे।
निज चेला लाला लोगन सँग लै हठ धारे।।
निज स्वारथ संकोच समय स्रम हित हित हानी।
सकल देस की करत न आन्यो जिन मन ग्लानी।।

धन्य भाग्य भारत बहु दिन सों जित ऐसे जन।
जनमत जे नित करत हानि आपनी निज हाथन ।।
हितहु करत सासक गन के भ्रन भम उपजावत।
सहज सुभावहिं तिहि कर्तव्य विमूढ़ बनावत ।।
जो निज दुख को हेतु सुखद कहि ताहि सराहैं।
परमानन्द अलभ्य लाभ लखि विलखि कराहैं ।।
जासों दसा जथारथ प्रजा बृन्द की जानी।
जात नहीं कोऊ भाँति परत उलटी पहचानी ।।
तुम से मति आगार उदार न्याय रात प्रभु बिन।
समझि सकै को भला विलच्छन अति लीला इन ।।
बरिस पचासन लौं कोरिन अनुसासक आये।
सौ २ साँसति सहे न कछु उपाय करि पाये ।।
समुझि ताहि श्रीमान सहज तृन के सम तोरयो।
सुनि २ विविध विरोध न्याय सों मुख नहिं मोरयो ।।
दुख कण्टक नहिं कियो यद्यपि निर्मूल देस हित।
तीखी खुरपी तऊ प्रजा कर कियो समर्पित ।।
बोयो अति सुभ सुखद बीज ता शक्ति नसावन।
सींच्यो भारत प्रभु सम्मति के सलिल सुहावन ।।
नित निराय कण्टक परिवर्धन की अधिकारी।
देस प्रजा को कियो आप अति उचित विचारी ।।
यद्यपि तिनकी दसा छिपी नहिं नेक आप सन।
बुधि विद्या उद्योग हीन सब जाके कारन ।।
पूरबवत सो बीच कचहरी उर्दू बीबी।
बैठी ऐंठी करत अजहुँ सौ सौ विधि सीबी ।।
लखि आवत नागरी नागरी बरन बरन तकि।
नाक सकोरति, भौंहँ मरोरति औचकहीं चकि ।।
धरकत छाती, मन में समुझि सोचि सकुचाती।
निज अपमान दिवस नेरे गुनि २ अकुलाती ।।

तऊ धरत उर धीर जानि अपनो वह छल बल।
जासों छुटि न सकत चतुर चाहक चित चंचल॥
वह नख़रे चोंचले नाज़ अन्दाज़ बला के।
वह शीरीं गुफ्तार अजब सब ढंग अदा के॥
सदक़े सौ २ वार हुए लाखों हैं जिन पर।
दीवाना फिर कौन न होगा उन्हें देख कर॥
यों सोचती समझती है मन को समझाती।
परम भयंकर प्रेम जाल अपना फैलाती॥
फँस जाते हैं दाना जिसमें दाना पाकर।
बेदाना बेदाना दाड़िम सा मुँह बाकर॥
फँस दाम में जो बे दाम गुलाम हुए वह।
बन आशिक़ हर चलन प' उसके बाह! २ कह॥
आशिक़ वह जो गला काटने पर भी राज़ी।
मुन्शी मुल्ला मुफ्ती क़ाज़ी बनकर गाज़ी॥
इन सबके मन को बेढब है वह भड़काती।
निज वियोग संका की विरह पीर उपजाती॥
कहती,—यह औरत है अजब ख़बीस पुरानी।
चढ़ती जिस पर आती है हर रोज जवानी॥
गो इश्वे, ग़मज़े इसमें हैं नहीं ज़ियादा।
पर भोलापन करता है दिल को आमादा॥
गो सज धज रंगीन मिज़ाजी कब है आती।
मगर सादगी ही है इसकी आफ़त लाती॥
है यह मेरी सौत मुई मक्कारि ज़माना।
गाइब थी जो अब तक वह अब बेबाकाना—
शाही महलों से मुझको निकाल देने को।
आती है, ख़ुद क़ब्ज़ा इन पर कर लेने को॥
पस, देखो हर्गिज़ यह इधर न आने पाये।
योंही बाहर पड़ी निगोड़ी चक्कर खाये॥

खबरदार, गर किसी तरह् यां घुस आयेगी।
बिला तरद्दुद काम व अपना कर जायेगी।।
सुनि वाके सब प्रेमीगन इक सँग अकुलाये।
याकी राह् रोकिबे के हित हैं उठि धाये।।
जातें यदपि प्रवेस लेसहू में कठिनाई।
कोरिन हैं अवसेस परीं जो नहिँ कहि जाई।।
पै हमरो वह काज, करहिँगे हम तिहि कोउ बिधि।
दियो आपनै अवसि सहेजि हमैं दुर्लभ निधि।।
जिहि बल हम में सक्ति काज करिबे की आई।
जिहि बल हम करि सकत दूरि अब सब कठिनाई।।
जिहि तें दिन दिन दूनी उन्नति अवसि हमारी।
है है निश्चय नाथ! सकल दुख के दल टारी।।
करि न सकी जो काज आज लौं किञ्चित कोऊ।
बहुत कियो तिहि आप हमैं हित कम नहिँ सोऊ।।
निज उज्ज्वल जस अटल आप थाप्यो या थल पर।
तासु प्रसाद सरूप दियो औरनहुँ जसी कर।।
जिनकी सेवा सफल भई तुव न्याय पाइ कै।
कनक बनत ज्यों लोहा पारस पास जाइ कै।।
धन्य कहत सब तिनहिँ सराहति उनके काजहिँ।
धन्य धन्य कहि इक सुर भारत वासी गाजहिँ।।
कहत सबै कोउ धन्य! २ साँची हितकारिनि।
कासी की तू सभा अरी नागरी प्रचारिनि!
धन्य दिवस शुभ घरी जन्म तू जब उत लीन्यो!
सिसुताही में सुभग नाम निज सारथ कीन्यो।।
धन्य! सभ्य संस्थापक सकल सहायक तेरे।
धन्य परिस्रम प्रेम अटल उछाह उन केरे।।
अहो मदन मोहन मालवी धन्य तुम निज वर!
जीवन कीन्यो सुफल जननि तुम भारत भू पर।।

जदपि निरन्तर करत देश सेवा तुम आये।
निज भाषा हित साधन में तन मन धन लाये॥
जिहि कारन बहु मान लह्यो तुम यदपि यथारथ।
तऊ सुनिश्चय रूप भये हौ आज कृतारथ॥
आज आप को मान मानिबे जोग जगत के।
आज सुपूत भये हौ तुम साँचे भारत के॥
माननीय पद चरितारथ अब भयो आज तैं।
यथा कह्यो हरिचन्द किये उपकार काज तैं॥
"मान्य योग नहिँ होत कोऊ कोरो पद पाये।
मान्य योग नर ते जे केवल पर हित जाये॥"
विपुल कष्ट लहि जो सेवा तुम कीन देस हित।
ताहि भूलिहै को भारत सन्तान कदाचित?
को कृतज्ञता पास बद्ध तेरो नहिँ रैहै?
कोटिन धन्यवाद आसिख को तोहि न दैहै?
है प्रिय राधा कृष्ण दास! विश्वास न ऐसो।
रह्यो तिहारे साहस तै देख्यो हम जैसो॥
अहो स्याम सुन्दर सुन्दर बिधि करि कारज भल।
तुम अतिसय अलभ्य मङ्गलमय जो पायो फल॥
ताके हित बहु बड़े लोग अगिले ललचाये।
कीने जतन अनेक न पै पाये पछिताये॥
राजा सिव प्रसाद कहि २ स्रम करि २ हारे।
भारत ससि हरिचन्द जासु हित लरि २ हारे॥
कन्नूलाल तथा हनुमान प्रसादादिक जन।
दियो दुहाई टेरि लाभ पै लह्यो नाहिं कन॥
रचि कासी प्रसाद हिन्दू समाज बकि थाके।
फुटकर सभा अनेक भईं बिनईं हित जाके॥
तोता राम रटत जाके हित रहे निरन्तर।
जीवन जा हित हरखि समर्प्यो गौरी संकर॥

जाहित हिन्दी पत्रन के सब सम्पादक गन।
घिसत लेखनी रहे विराम न लहे एक छन।।
कहँ लौं नाम गिनावें देस विदेसिन केरे।
जे बहु भाँतिन वार २ याके हित टेरे।।
को सज्जन जो याके हित कछु स्रम न उठायो?
दुर्भागिन सों तऊ नहीं कछु उन फल पायो!
बये बीज ऊसर में वै गरजनि ह्वै आतुर।
जिहि कारन कोउ निरखि सके नहिँ ऊगत अंकुर।।
तुम सब अति उयबरा भूमि भागनि सों पाये।
बेगि मनोरथ सुमन परिस्रम करि बिकसाये।।
कै जो उचित परिश्रम करि राखे वै पूरब।
लहि तुमरो उद्योग वारि फल देत सहज अब।।
कै तुव फलद यज्ञ को कारन विबुध पुरोहित।
जाके बिन फल सिद्धि लह्यो किन कहो कबै कित?
किधौ अग्रनी रह्यो अग्र जन्मा तुम सब को।
जा बिन अच्छर मग चलि पछितायो नहिँ कब को?
शर्म्मा वर्म्मा गुप्त किधौं मिलि कीने कारज।
तुमहुँ लह्यो फल, जथा लहे अबलौं द्विज आरज।।
किधौं देत उद्योग अवसि फल समय पाइ कै।
लवत अन्न जो बोवत सींचत मन लगाइ कै।।
करत जाति जो जाति परिस्रम सत्य निरन्तर।
अवसि असम्भव हू कारज साधत विधि सुन्दर।।
लह्यो जु हम बहु दिन पीछें यह मनमानो फल।
निश्चय सो तुम सब के सत्य परिश्रम के बल।।
धन्य अहो तुम! धन्य सहायक सकल तुमारे!
धन्य सकल अनुचर! जिन कारज सुघर सँवारे।।
जासों हम मिलि देहिँ तुमैं "आनन्द बधाई!"
देखि कृतारथ तुमहिँ हरष अब उर न अमाई।।

रह्यौ निरोग सदा सुख सों चिरजीवहु प्यारे !
निज भाषा हित साधन के हित नित प्रन धारे ॥
लह्यौ नवल उत्साह औरहू अधिक आज मन।
पूरन कृतकारज ह्वै जाहु लवेंगि जिहि कारन ॥
अबहिँ कामना पूजी तुम सब की चौथाई।
सेस काज हित अधिक परिस्रम सेस लखाई ॥
तासों बिलम न करहु उठहु कसिकै परिकर पुनि।
हिये सुमिर हरि, करि मेकडोलन की जय जय धुनि ॥
उनके अरु अपने कीने की लाजहिँ राखहु।
करि प्रचार नागरी यथारथ श्रम फल चाखहु ॥
जनि विराम छिन गह्यौ अलभ्य लाभ पायो गुनि।
न तौ धूरि में मिलिहै सब कर्तूति करी पुनि ॥
अस न करहु असहाय जानि पुनि जाय निकारी।
बहु दिन पीछे बैठी हू नागरी बिचारी ॥
रही निरासा जब तब स्रम करि तुम फल पायो।
अब तो आसा को बसन्त चहुँ ओर सुहायो ॥
देसी राजा लोग सहायक बने तुमारे।
निज २ राज काज में निज अच्छरन सँचारे ॥
निश्चय समुझहु अवसि एक दिन ऐसो ऐहै।
भारत देस अनेक बीच एक रहि जैहै ॥
यहै देव नागरी अलौकिक बरन मालिका।
यहै नागरी भाषा जो संस्कृत बालिका ॥
को सुवरन कहँ छाड़ि और धातुहिँ अपनैहै ?
क्रय करि है को काच रतन राजी जब पैहै ?
सुनि कोकिल कलकूज कौन काकन की करकस—
काँव २ पै कान देइहै मूढ़ मनुज अस ?
भानु उदय लखि दीप बारिकै कौन देखिहै ?
कौन मन्दमति कन्द छाँड़ि गुर ओर लेखिहै ?

जब याके गुन जानि जाइहैं तब ही नर।
यहै बोलिहैं बोली लिखिहैं एई अच्छर॥
जथा संस्कृत रही राज भाषा सब केरी।
होइहि त्यों नागरी नाहिँ अब है बहु देरी॥
राज, रेल, अरु डाक सबै थल एक बनाये।
भिन्न देस बासिनहिँ एक कै मेल मिलाये॥
जब एकै मति, गति, सिच्छा, दिच्छा, रच्छा विधि।
एक हानि औ लाभ एक सासक सों है सिधि॥
एक चाल व्योहार संग सब एक होत जब।
इक अच्छर इक भाषा बिन किमि काम चलै तब॥
सो न सकति करि अँगरेजी बहु दिवस अनन्तर।
और कौन करि सकत नागरी तजि विधि सुन्दर?
आपुहि समय प्रवाह सहज या कहँ विस्तारत।
चारहुँ ओर चाह सों सब कोउ याहि निहारत॥
तासों जो या समय सहायक याके ह्वैहैं।
थोरेहू स्रम किये अधिक जस के फल पैहैं॥

हरिगीती

गुनि यह न विलम लगाय हिय हरखाय सब कोऊ अहो।
निज जननि भाषा जननि हित हित चेति चित साहस गहो॥
करि जथारथ उद्योग पूरन फल अमल जस जग लहो।
लहिकै कृपा जगदीस जय २ नागरी नागर कहो॥

लालित्य लहरी

बिहारी सतसई के जोड़ पर प्रेमघन जी ने भी एक सतसई लिखने का निश्चय किया था, लालित्य लहरी के अन्तर्गत दोहों की रचना उसी विचार से कवि ने प्रारम्भ की थी, पर यह कार्य कवि का पूरा न हो सका।

सं० १९५९

लालित्य लहरी

वन्दना

दोहा

जयति सच्चिदानन्द घन, जगपति मंगल मूल।
दयावारि बरसत रहो, सदा होय अनुकूल ॥१॥
जय २ मानव रूप धर, सकल जगत करतार।
जयति दुष्ट दल दलन श्री, कृष्ण हरन भूभार ॥२॥
जय जय जगजीवन करन, भक्तन को प्रतिपाल।
जय राधा रानी रमन, सदा बिहारी लाल ॥३॥
शोभा सत सौदामिनी, सहित सदा अभिराम।
श्री राधा संग प्रेमघन, हिय राजहु घनश्याम ॥४॥
जय वृजचन्द अमन्द मुख, राधा चन्द चकोर।
जयति श्याम घन प्रेम घन, जीवन धन चित चोर ॥५॥
जय २ जय घन श्याम छबि, छाज नव घन श्याम।
जय जय नट नागर सरस, गुन आगर सुख धाम ॥६॥
नवल नील नीरद रुचिर, रुचि मोहत मन मोर।
दामिनि दुति कामिनि सहित, फेरि दया दृग कोर ॥७॥
बरसाने वारी सहित, बरसत रस चहुँ ओर।
सदा सहायक प्रेमघन, जय जय नन्द किशोर ॥८॥
बसहु सदा घनश्याम हिय, सौदामिनी सरूप।
जय राधा माधव मिली, जोरी युगुल अनूप ॥९॥

१. प्रेमघन जी इस दोहावली को ७०० दोहों से विभूषित करना चाहते थे, पर यह ग्रन्थ भी असमाप्त रह गया।

बरसाने बारी सहित, बरसत रसहिँ अथोर।
हिय अम्बर अरु प्रेमघन, लखि नाचय मन मोर ॥१०॥
सुभग श्याम घन कीजिये, कृपा बारि बरसात।
हँसि हेरौ हिय हरित घन, प्रेम शस्य लहरात ॥११॥
राधा रानी दामिनी, सहित श्याम घन श्याम।
बरसहु रस निज प्रेमघन, हिय हरषहु अभिराम ॥१२॥
अलख अनादि अनन्त अरु, निर्विकार निर्द्वन्द।
जग निवास जग जनक जय, जयति सच्चिदानन्द ॥१३॥
जय रस बरसन प्रेमघन, परम प्रेम अभिराम।
राधा रानी मुख कमल, मधुकर सुन्दर श्याम ॥१४॥
जय जय नव घनश्याम दुति, धारी तन घनश्याम।
जय २ नट नागर सकल, गुन आगर सुख धाम ॥१५॥
जै जय २ वृजचन्द जै, राधा बदन चकोर।
जय ३ वृजराज वृज, चन्द मुखिन चित चोर ॥१६॥
जोहत जोगादिक यतन, करि जब जाहि अथोर।
लहि छाया घनश्याम तब, नाचत मुनि मन मोर ॥१७॥
मोर मुकुट सिर पीतपट, कटि उर वर वन माल।
अधर धरे मुरली सुभग, टेरत सुरन रसाल ॥१८॥
कुञ्ज कदंब कलिन्दिजा, कूल केलि अभिराम।
करत हरत मन परस्पर, लखि राजत रति काम ॥१९॥
सरस सुरन टेरत रटत, राधा राधा नाम।
प्यारी मुख निरखत किये, चक चकोर अभिराम ॥२०॥
या बानक मन मोहनी, सो मन मोहन लाल।
विहरहु मेरे आय मन, मानस मञ्जु मराल ॥२१॥
सोहत मन मोहन सदा, बरसत प्रेम अथोर।
जोहि जुगुत जोगादि ज्यहि, नाचत मुनि मन मोर ॥२२॥
जरत जवाहिर भूषननि, सारी सजे सुरंग।
गुनन आगरी नागरी, राधा रानी संग ॥२३॥

रहे सदा ही एक रस, मन मेरे यह ध्यान।
कबहूँ चिन्ता आनि नहिँ, आवे कोऊ आन ।।२४।।
बरसाने वारी सहित, बरसत रस इहि ओर।
जयति प्रेमघन सो सदा, मो मन मोहन मोर ।।२५।।
राधा राधा रटत हीं, बाधा हटत हजार।
सिद्धि सकल लै प्रेमघन, पहुँचत नन्द कुमार ।।२६।।
राधा राधा रट लगी, माधव माधव टेर।
सहित प्रेमघन परम सुख, सञ्चय साँझ सबेर ।।२७।।
नवल भामिनी दामिनी, सहित सदा घनस्याम।
बरसि प्रेम पानिय हिय, हरित करहु अभिराम ।।२८।।
सुभग एक रस नित नवल, सोभा अति अभिराम।
दया बारि बरसत रहै सदा सोई घनस्याम ।।२९।।
नवल नील नीरद सुछबि, बृज युवती चित चोर।
मम जीवन धन प्रेमघन जै श्री नन्द किशोर ।।३०।।
बरसि सरस रस प्रेमघन भक्ति भूमि हरियाय।
तोषि रसिक चातक रहै सदा सबै सुख दाय ।।३१।।
गोचारन हित गोकुलहिं, आय बस्यो गोपाल।
रानी रमा बिसारि तजि, निज गोलोक विशाल ।।३२।।
राधा राधा रट लगी, माधव माधव टेर।
दोउन के उर ध्यान तें, दुहूँ लोक सुख ढेर ।।३३।।
श्री गौरी सुत गज बदन, गण नायक उर ध्याय।
एक रदन अघ करन शुभ, मंगल करन मनाय ।।३४।।
जयति भारती देवि कर, बीणा पुस्तक साज।
जासु जुगुल पद ध्यान सों, सिद्धि होत सब काज ।।३५।।
श्री राधा राधा रमण, जुगुल चरन अरविन्द।
शमन सकल बाधा सरस, गुनि मन होहु मलिन्द ।।३६।।
श्री राधा राधा रटत, हटत सकल दुख द्वन्द।
उमडत सुख को सिंधु उर, ध्यान धरत नद नन्द ।।३७।।

जय गणेश मंगल करन, हरन सकल दुख द्वन्द।
सिद्धि सलिल नित प्रेमघन, पर बरसहु सानन्द॥३८॥
मंगल मूरति गजानन्द, गौरी लीने गोद।
शंकर सँग राखैं सदा, सह बर बधू बिनोद॥३९॥
ब्रह्मचारी बनि कै लियो, सकल जगत जिन जीत।
सब विधि सों मंगल करै, श्री बावन उपनीत॥४०॥

धर्म

सत्य जथारथ जाहि मन, कहै कीजिये ताहि।
बिनु विलम्ब के प्रेमघन प्रण पूरो निर्वाहि॥४१॥
जा कहँ अन्तर आत्मा मानत मिथ्या बैन।
भूलि न बोलौ प्रेमघन ताहि जो चाहो चैन॥४२॥
अन्तरात्मा प्रेमघन कहै जो तुहि निःशंक।
करु तिहि डरु जनि जगत के, लहि कै कोटि कलंक॥४३॥

नीति

साज बाज मुद्रा मनुज, निज गुन दोष तुरन्त।
बोलत प्रगटत प्रेमघन, समुझत सुन गुनवन्त॥४४॥
या असार संसार में, सज्जन संगति सार।
जासों सुधरत प्रेमघन, उभय लोक व्यवहार॥४५॥
सज्जन मन दरपन दोऊ, स्वच्छ रहे छवि पूर।
नेकहु चोट न सहि सकत, रंचक ही में चूर॥४६॥

ज्ञान

सरिता सागर मिलि गई, सागर भेद मिटाय।
तथा जीव यह ब्रह्म सों, मिलत ब्रह्म बनि जाय॥४७॥
घटाकास घट फूटतहिं, महाकास मिलि जात।
जीव ब्रह्ममय होत त्यों, माया सों बिलगात॥४८॥

मन मंदिर में लखि अलख, सोई जीति जनाति।
जाकी आभा अंस लहि, यह सब सृष्टि विभाति ॥४९॥
जो भीतर सोई प्रेमघन रह्यो दसो दिशि पूरि।
रम तासों मन आप में क्यों भरमत कढ़ि दूरि ॥५०॥
उभय लोक संपति भरी मन मंदिर के माहिं।
तासों पंडित प्रेमघन, तिहि तजि अनत न जाहिं ॥५१॥
निज सुन्दरता सार जौ, मन तू लेहि विचारि।
तौ भूलेहूँ प्रेमघन सकै न अनत निहारि ॥ ५२॥
भूलि न बाहर भरम तू, ए मन मीत अयान'
लखि भीतर घुसि प्रेमघन, पैठ्यो प्रिय सुखदान ॥५३॥
भरो अहै रस ईख में छीलि चूसि तौ चाखि।
त्यों भीतर है प्रेमघन ईस न तू मन मांखि ॥५४॥
पय में घृत पाहन अनल, नभ में शब्द समान।
पूरि रह्यो जग प्रेमघन ब्रह्म परखि पहिचान ॥ ५५॥
जहँ खोदे खोजे मिलत जगत रतन दै दाम।
सेतहिं चाहत प्रेमघन हरि हीरा अभिराम ॥५६॥
बाहर तू ढूंढत मिले कहाँ यार दिलदार।
घुसि भीतर तो प्रेमघन लख उसका दीदार ॥५७॥
या असार संसार में, सत्य धर्म इक सार।
लह्यो न ताहि जो जग जनमि भयो व्यर्थ भूभार ॥५८॥
सौ खटपट संसार की, अटपट नेक लगैं न।
चौघट में रट राम की, लगी रहै दिन रैन ॥५९॥
देत दया दृग दीठ जो, करत सकल दुख नास।
भूलि ताहि जनि प्रेमघन, करि औरन की आस ॥६०॥
गाठ परत जाकी कृपा, जाँचत बिलखि सहाय।
पाय प्रेमघन सुख समय, मन सो तिहु न भुलाय ॥६१॥
जाकी अंस विभूति लहि, राजत जगत अनन्त।
पूरन आसा प्रेमघन, अन्य कौन श्रीमन्त ॥६२॥

फुटकर

सुरँग बसन साजे सुमुखि, हौंसन चढ़ी अटान।
छनक छबी निखरी खरी, निरखत घिरी घटान।।६३।।
नेह नगर में पैठतहिं लागे दृग दल्लाल।
बिना मोल बिन तोल के, लूटि लियो मन माल।।६४।।
नेह नगर के हाट की, कहि न जाय कछु हाल।
बिना भाव बिन ताव के, बिकत सदा मन माल।।६५।।
सोभा सिन्धु अपार में अरी नैन की नाव।
परी प्रेम के भँवर अब और न लागत दांव।।६६।।
नेह जुआ की खेल मैं, ठेल धरयो मन दांव।
हटत न हारे हूँ गुनत, लाभ लोभ के चाव।।६७।।
दुरै न घूँघट में बदन, चन्द अमन्द लखाय।
दीपक लै फानूस के, जाहिर जोति जनाय।।६८।।
मेरे मन मोहन सरस, बंसी बहुरि बजाय।
जो निज गुन बस कय लियो, मो मन मीन फँसाय।।६९।।
जब सों मुरली तान तुव, आन परी है कान।
धुनि सुनि कैसी हूँ कहूँ, परत आन नहिं जान।।७०।।
स्याम सौंह स्यामा नहीं, भूलत तेरे बोल।
करत कान में प्रेमघन, मानहुँ काम कलोल।।७१।।
सखि मनायो मरु करि, त्यों प्रिय हाहा खाय।
चल्यो चित्त चलिबे तऊ, आगे परत न पाय।।७२।।
बिना फकीरी दिल भये, मजा अमीरी नाहिं।
यथा त्याग बिन लाभ नहिं, यह बिचार जिय माहिं।।७३।।
चारि बार दिन रैन मैं, भोजन चारि प्रकार।
कीजै लघु परिमान सों, नित घनप्रेम सुधार।।७४।।
क्रम सों उर पग पीठ पुनि, स्त्रवन बचाइय सीत।
सदा प्रेमघन सीख यह मन मैं राखौ मीत।।७५।।

युगल जाम प्रति मध्य कछु कीजै अवसि अहार।
लघु लघु पीजै प्रेमघन बारि बारिहिं बार।।७६।।
यंत्र घड़ी इनजिनहुँ संग न्यून देह जनि जानि।
सब सुख मूल सरीर प्रिय सब सों अधिक सुजान।।७७।।
नाक नाभि तरवान सिर, नित प्रति तैल विधान।
कन्ध कुक्ष न तु कर नखन, कबहुँ प्रेमघन जान।।७८।।
डेढ पहर पैं अवसि कछु, भोजन सहज विधान।
तदुपरि आधे पहर पैं, उचित स्वल्प जलपान।।७९।।
लालटेन, छाता, छड़ी, कूँड़ी सोटा भंग।
घन अहार लै भवन सों चलिय सज्जन संग।।८०।।
जे समझें ते आदरहिं जैसे सुधा सुजान।
आय सुमुखि बनितान त्यों सरस सुकवि कवितान।।८१।।
हरषित ह्वै मलवाइए, गालन लाल गुलाल।
रंग भले डलवाइए देय जो कोई डाल।। (अ)
सुनिए गाली दीजिए भर उछाह निःशंक।
या होली की हौस में यथा राव तिमि रंक।। (ब)

नेत्र

करत काम निज नाम सम, प्यारी तेरे नैन।
कहैं सबै सुख अैन पर, हमें भए दुख दैन।।८२।।
हित अनहित सत असत हूँ लहिये हाट की हाल।
बुध व्यापारिन सो कहत, मिलतहि दृग दल्लाल।।८३।।
चितैं करत औचक चितै, ए सांचहु बेचैन।
चंचल चोखे चखन की, अजब तिहारी सैन।।८४।।
प्यासे ही तरपत रहे बने बिचारे दीन।
रूप सुधा की चाह में ये दोऊ दृग मीन।।८५।।
दृग दरजी गहि मन बचन ब्योंतत हट के हाट।
करत ब्योत जानत न कछु सीधी सूखी काट।।८६।।

नाचत चन्द अमन्द मुख पैं दोऊ दृग खंज।
किधौं उभय अलि गुञ्जरत पाय प्रफुल्लित कुंज ।।८७।।
घूंघट के पट ओट मैं, चलत चखन की चोट।
खेलत मार सिकार मन, मृग मारत बिन खोट ।।८८।।

केश

बिथुरे बार सिवार सों उघरयो मुख अरबिन्दु।
राहु ग्रास तें छूटि जनु सोहत सारद इन्दु ।।८९।।

कुच

रति समुद्र में बूड़ि कहु को तिरती किहि साथ।
युगल कलश कुच तुव नहीं जु पै लागती हाथ ।।९०।।
एक बार काहू जगुति, दिखरायो वह बाल।
मीठो अरु भर कठौती कैसे लहिए लाल ।।९१।।
है बरसाइत की भली बरसाइत यह आज।
बरसाइत करि प्रेमघन मिली सजनी वृजराज ।।९२।।

गति

गरे गरूर गयन्द तजि भाजे ताल मराल।
ललकि चले मन मनुज लखि तुव मतवाली चाल ।।९३।।
कुच नितम्ब के भार सों लचत लंक लचकाय।
अठखेलिन की चाल सों चली जात चित हाय ।।९४।।
तने भौंह तिरछी तकनि तनिक मन्द मुसकाय।
चली लंक लचकाय धँसि गई करेजे आय ।।९५।।

प्रेम

इन्द्रासन चाहत न मैं नहि कुवेर को धाम।
सनमुख सुमुखि समूह के ठाढ होन की ठाम ।।९६।।

लखि कुसंग कंटक हमें सुन्दर मुख अरविन्द।
ललकि मिलत ए लालची लोचन युगल मलिन्द।।९७।।
वे का जानैं प्रेम के, मरम मातमी लोग।
लहे न जे दुख विरह के, त्यों सुख सुमुखि संयोग।।९८।।
वृथा जिए जग ते न जे लखे सहित सतरानि।
बंक भौंह की मुरनि कै मधुर अधर मुसक्यानि।।९९।।
मीत काम ऋतु पति दियो चूत बाग बौराय।
बौराने नर ज्यों कहा अचरज फागुन पाय।।१००।।
बौराने बन आम लखि बौराने बस काम।
ही हारे नर हेर ते वाम लोचना बाम।।१०१।।
मौरे मंजु रसाल पै लखि मलिन्द गुँजार।
मनहुं कराहें कोइलें पंचम सुरहि सुधारि।।१०२।।
कुटिल भौंह निरखी न जिन लखी न मृदु मुसक्यानि।
सकहि प्रेमघन प्रेम रस ते कैसे अनुमानि।।१०३।।
बिंध्यो न उर जिनके कभौं नैन सैन के तीर।
त्रे बपुरे कैसे सकैं जानि प्रेम की पीर।।१०४।।
श्री राधा राधा रमन, प्रकृति पुरुष परतच्छ।
ध्याय पाप जुग प्रेमघन, पाप सकल फल स्वच्छ।

भारत बधाई

एडवर्ड सात के इंग्लैण्ड के सिंहासनारूढ़ होने पर भारत में भी राज्योत्सव मनाया गया, उसी समय कवि ने यह कविता लिखी थी, सुधारों की जो घोषणा विक्टोरिया ने की थी, उनको पूरा करने के लिए कवि ने चेतावनी दी है। क्योंकि उसे यह आशा थी कि वे सुधार कार्यान्वित होंगे। भारतीय राजा-महाराजाओं की शान शौकत की अनुपम छटा को भी कवि ने बड़े गर्व से वर्णन कर भारत की मंगल कामना करता हुआ हमें यहाँ दिखाई पड़ता है।

सं० १९६०

भारत बधाई

सम्राट श्री सप्तम एडवर्ड के भारत साम्राज्याभिषेक के शुभ अवसर पर

दोहा

ईस दया सों बहु बरिस, जियहु सहित सुख साजि।
हे सप्तम एडवर्ड तुम नव महराज धिराज॥

हरिगीत छन्द

मंगल दिवस वह धन्य अति सुभ जब दया दृग फेरिकै।
जगदीश करुना सिन्धु भारत दसा आरत हेरिकै॥
अन्याय मय दुस्सह दुखद अति निंद्य राज निवेरिकै॥
सुभ सुखद सासन पार सात समुद्र हूं तें टेरिकै॥
आन्यो एतै व्यापार के मिसि बनिक बनक बनाइकै।
अंगरेज मनुजन को सहजहीं लाभ लोभ लगाइकै॥
करि शक्ति साहस वृद्धि सासन आस उर उपजाइकै।
अन्धेर दृश्य दिखाय बिनहिं प्रयास बिजय कराइकै॥
धनि दिवस वह पुनि अवसि चमकी भाग भारत भाल की।
बिनसन कुराज सिराज सठ संगहि कुनीति कुचाल की॥
बिहँसी पलासी भूमि सीमा निरखिन कष्ट कराल की।
जब बीरबर क्लाइव लही बाँकी बिजय बंगाल की॥

दोहा

ईस्ट इण्डिया कम्पनी को सुखदायक राज।
धन्य जाहि लहि देस यह खोयो दुख के साज॥

हरिगीत

धनि दिवस वह जब आप की माता महारानी भईं।
इहि देस की पालिनि सहज सब भूलि अपराधहिं गईं ।।
सुत जननि लौ हरखाय इहि निज छत्र छाया तर लईं।
निज दया बिस्तारत भईं आरति हरनि में मन दईं ।।

रोला

धन्य ईस्वी सन अट्ठारह सौ अट्ठावन।
प्रथम नवम्बर दिवस, सितासित भेद मिटावन ।।
अभय दान जब पाय प्रजा भारत हरषानी।
अरु लहि उनसी दयावती माता महारानी ।।
राज प्रतिज्ञा सहित सान्ति थापन विज्ञापन।
में अधिकार अधिक निज पुष्ट विचार मुदित मन ।।
अति उन्नति आसा उर धरि बिन मोल बिकानी।
श्रीमति हाथनि, मानि उन्हें निज साँची रानी ।।
बहुत दिनन सों दुखी रहे जो भारत बासी।
प्रजा दया की भूखी, न्याय नीर की प्यासी ।।
पसु समान बिन ज्ञान मान बन रही भरी डर।
फेरि तिन्हें नर कियो सहज लघु दिवस अनन्तर ।।
दियो दान विद्या अरु मान प्रजान यथोचित।
अभय कियो सुत सरिस साजि सुख साज नवल नित ।।
श्रीमति भई राज राजेसुरि जबै हमारी।
गईं सुतंत्र नाम सों हम सब प्रजा पुकारी ।।
यह नहिं न्यून हमारे हित गुनि हिय हरषानी।
लगीं असीसन उन्हें जोरि ईसहिं जुग पानी ।।
जिन असीस परभाय जसन जुबिली दिन आयो।
पुनि इन भक्त प्रजन को मन औरो हरषायो ।।

देन लगी आसीस फेरि यैं होय मुदित मन।
यथा एक बदरी नारायन सुकवि प्रेमघन॥
ईस कृपा सों और एक जुबिली तुव आवै।
फेरि भारती प्रजा ऐस हीं मोद मनावै॥
धन्य धन्य वह दिवस, जु पूजी आस हमारी।
भई दूसरी हीरक जुबिली आनन्दवारी॥
पर्‌यो अकाल कराल इतै जब महा भयंकर।
जस नहिं देख्यो, सुन्यो कबहुँ कोऊ भारतीय नर॥
कहें अन्न की कौन कथा? जब कन्द मूल फल।
फूल साग अरु पात भयो दुरलभ इनका भल॥
जौ न दया करि देवि दान दरियाव बहातीं।
कोटिन प्रजा हिन्द की अन्न बिना मर जातीं॥
पर उपकार बिचार प्रजा पालन हित केवल।
नहिं भूलेहुं जामें कहुं लखियत स्वारथ को छल॥
नहिं तौ पेट चपेट परी परजा भारत की।
कितौ न बनि कृस्तान दसा खोती आरत की॥

हरिगीती

ऐसो नृपति जौ मिलै धरम धुरीन उपकारी महा।
अन्याय पूरित देस को दुख दुसह सों जो भरि रहा॥
बाके निवासी नर जु तापैं प्रान धन वारन चहा।
तौ लखहु नेक विचारि यामैं बात अचरज की कहा॥

दोहा

सबै गुनन के पुञ्ज नर भरे सकल जग माँहि।
राज भक्त भारत सरिस और ठौर कहुँ नाहिं॥
याको अधिक बखानि अति आवश्यक न लखाय।
निरखि गये जिहि आप निज नैन हीं इत आय॥

जब जुबराज स्वरूप में स्वागत हित हरखाय।
उमड़्यो भारत सिन्धु ससि तुव मुख दरसन पाय॥
तन मन धन वार्‌यो प्रजा तुम ऊपर अवनीस।
दियो सबन के संग जब हमहूँ यह आसीस॥

सवैया

लहि नीति भलें प्रजा पालिकै आछे बनो सदा भारत प्रान पियारे।
जीयो हजार बरीस लौं द्योस हजार बरीस समान जे भारे॥
बद्री नारायण होय प्रताप अखंड महा महराज हमारे।
यों चिरजीवी सदाईं रहो सुखसों विक्टोरिया देवि दुलारे॥

हरिगीती

इन सकल सुभ अवसरन पर भारत प्रजा हरखाय कै।
निज राजभक्ति दिखाय दीन्यो सकल जगत लजाय कै॥
किमि चूकतीं जो दुख सहत बहु दिन रहीं बिलखाय कै॥
सब भाँति सुख ही लहीं सासन श्रीमती जिन पाय कै॥

दोहा

कियो राज राजेसुरी जो भारत उपकार।
ताहि भला कैसे कोऊ कहिकै पावे पार॥

हरिगीत

यह सकल उन्नति औ सुगति लखि परत है जो इत भई।
उन कीन उनविंसति सताबदि संग पूरन सुख मई॥
अरु बीसवीं की बची उन्नति भार भारत की नई।
धरि सीस पैं श्रीमान् के संगहि अनोखी ठकुरई॥
सुख भोगि राजदराज राख्यो एकहूनहिं अरि कहीं।
परिवार सुन्दर सहित पूरन आयु सत कीरति लहीं॥

परजन सकेलि असीस गुनि नि:सार इहि संसार हीं।
पद ईस अरचन देवि विक्टोरिया सुरपुर पथ गहीं॥

सोरठा

समाचार यह आय, हाहाकार मचाय अति।
भारत को अकुलाय, कियो अधिक आरत महा॥
पै लखि तुम कँह देव, केवल धार्‍यो धीर पुनि।
तुम उनमें नहिं भेव, समझि, सहज सन्तोष गहि॥

हरिगीत

जो समुद्र तासु तरंग सोइ, जो कनक कंकन सो अहैं।
जो मातु पितु सुत सो, विटप जो बीज सुइ सब कोउ कहैं॥
जो वै रहीं सोइ आप तासों गुनहु सब समहीं चहैं।
जो आस उनसों रही तब श्रीमान् सों सोइ सकल हैं॥

द्रुत विलम्बित

अधिक ही उनसों बरु आप तें।
करत भारत आस हुलास तें॥
नृपति राज विराजत रावरे।
न रहिहैं दुख सेस जुहैं अरे॥
समुझि आपु गए जिहि आइकै॥
निरखि भक्ति प्रजान अघाय कै॥
अब न क्यों तिनकी सुधि आइहै।
सकल भारत उन्नति पाइहै॥
प्रथमहीं निज बानि दयामयी।
जननि लों जग को दिखला दयी॥
समर पूअर बूअर बन्द कै।
अभय के धन बीसन कोटि दै॥

दोहा

तासों जाके हित रह्यो, बहु दिन सों लौं लाय।
आजु पाय दिन सो हरखि, फूलो अंग न समाय।।
करत प्रजा उपकार नृप, राज मुकुट सिर धारि।
तुम पीछे राजा भये, प्रथम दया विस्तारि।।
जो जस ससि पर कास तुव, रह्यो दिगन्तन छाय।
जोहत जिहि जग राजकुल, कमल गए सकुचाय।।
गुन अनुरूपहि गुन दियो, ईस अधिक अधिकार।
सुनि गुनि सुनि गुनि पाय जिहि चकित भूप संसार।।

रोला छन्द

साँचे नृप भारत के रहे सकल नृप ऊपर।
फिरत दुहाई सदा रही इनही की भूपर।।
सदा सत्रु सों हीन, अभय, सुरपति छबि छाजत।
पालि प्रजा भारत के राजा रहे बिराजत।।
पै कछु कही न जाय, दिनन के फेर फिरे सब।
दुरभागिन सों इत फैले फल फूट बैर जब।।
भयो भूमि भारत में महा भयंकर भारत।।
भये बीरबर सकल सुभट एकहि संग गारत।।
मरे विबुध, नरनाह, सकल चातुर गुन मण्डित।
विगरो जन समुदाय बिना पथ दर्शक पण्डित।।
सत्य धर्म्म के नसत गयो बल, विक्रम साहस।
विद्या, बुद्धि, बिबेक, विचाराचार रह्यो जस।।
नये नये मत चले, नये झगरे नित बाढ़े।
नये नये दुख परे सीस भारत पैं गाढ़े।।
छिन्न भिन्न ह्वै साम्राज्य लघु राजन के कर।
गयो, परस्पर कलह रह्यो बस भारत में भर।।

बरवै

तब सों भारत की गति अति विपरीत।
जाकी कहँ लगि गावैं गन्दी गीत।।
बहु दिन की यह आरत भारत भूमि।
बची कोऊ विधि जननी तुव पद चूमि।।
जो इहि पालि जियायो करि पुनि पुष्ट।।
मारि सकल दुखदायक याके दुष्ट।
पठयो तुमहिं याहि पति बरिबे काज।
मोह्यो तब तुम याको मन महाराज।।
लगन लगीं तबहीं सों तुम सन जासु।
बहु दिन पीछे पूजी है अब आसु।।
मन भायो पति पायो तुम कहँ आज।
किन रसराती साजै मंगल साज।।

हरिगीती

धनि दिवस यह साँचे जु भारत भूमि स्वामी तुम भये।
इहि सम न भूपत्नी न तुम सम भूपती कहुँ जग जये।।
पागी परस्पर प्रेम जोरी जुगल लहि सुख नित नये।
बहुँ बरिस लौं नीके रहौ आनन्द निज परजन दये।।

बरवै

दिल्ली बनी दूलहिन सजि सुभ साज।
जग मन मोहनि सोभा वाकी आज।।
नगरी सकल सहेली सखी सयानि।
लगीं सजीले साजन सजि सतरानि।।

दोहा

अटक कटक के बीच को सिगरो आरज देस।
अति आनन्द लखि परत जनु रहो न दुख को लेस।।

द्वार द्वार यव कलस युत, तोरन बन्दनवार।
कदली खम्भ सजे धजे सुभ सूचक व्यवहार॥
ध्वजा पताका फहरहिं मानहुँ मेघ समान।
चमक चंचला सी परै आतस बाजी जान॥
बारबधू मिलि गावतीं सबै बधाई आज।
कथक कलामत नट गुनी, करत मुबारक साज॥
कवि कोविद पण्डित सबै, नाना कबित बनाय।
राजभक्ति जनि साँचहूँ, देते प्रगट दिखाय॥
जय जय जय है सुनि परत, भारत में चहुँ ओर॥
मंगल मंगल को रह्यो आज महा मचि सोर॥

तोटक

घरही घर मंगल मोद मच्यो।
सबही जनु ब्याह विधान रच्यो॥
सबही उर आज उच्छाह महा।
सबही अति अनंद लाहु लहा॥

बरवै

दिल्ली के दरवाजे सजी बरात।
जमु जगजन जुरि आये इतै लखात॥
लण्डन सों संग लैके कैयो लाट।
सहिबाले सजि आये ड्यूक कनाट॥
भारत के प्रभु आये वाइसराय।
कलकत्ते सों दल बल संग हरखाय॥
सेनापति बर किचनर भारतदेस।
लाँघि समुद्र आये गुनि अवसर बेस॥
मन्दराज पति और बम्बई नाथ।
ब्रह्म देश पालक, बंगेसर साथ॥

युक्त देस पति, सासक मध्य प्रदेस।
सीमा देसेसर अरु आसामेस।।
वंग और पंजाबी सेना नाथ।
आये सब धाये निज सेना साथ।।

दोहा

रसीडंट एजंट सब देस देस तै धाय।
राजे महराजे सकल आये हिय हरखाय।।
गैकवार सेना सजे चले भूप मैसोर।
लै निजाम भट अरब संग, भूपति ट्रावंकोर।।
जम्बू अरु कश्मीर के नृप कश्मीरी सैन।
चले सजाये साथ निज निरखत अरि दुखदैन।।

भुजङ्गप्रयात

चले सेंधिया संग लै सेन भारी।
चले होलकर, ओरछा छत्रधारी।।
महाराज रीवाँ, नृपौ दत्तिया के।
चले धार, देवास, चर्खारि ताके।।
चले भूप जैपूर, बूँदी नरेसा।
चले टोंक नव्वाब कीने सुवेसा।।
सिरोही प्रजानाथ लैकै सिरोही।
भजै सैन जा सैन को देखि द्रोही।।

दोहा

नृपति करौली तैसहीं कोटा बीकानेर।
अलवर, झालावार, नृप लै दल जैसलमेर।।
चले राजगढ़, नरसिंहगढ़, छत्रपूर महाराज।
कासिराज, अवधेस लै तालुकदार समाज।।

२४

भुजङ्गप्रयात

नवाबौ चले धायकं रामपूरी।
बहावल पुरी हू लिए सैन रूरी॥
चले झींद, नाभा, नृपौ पट्टियाला।
कपूरथला, कोटला साजि माला॥

दोहा

चले फरीदी कोट नृप तथा राज सिर मौर।
पहुँचे खान खिलात के सजि सेना तिहि ठौर॥
लिमड़ी, कोल्हापूर नृप, कच्छ, खैरपुर रान।
सहेर मोकला के चले सजे सैन सुल्तान॥
टिपरा नृप, करि कूच नृप पहुँचे कूच बिहार।
मनीपूर नृप, सिकम के आये राजकुमार॥

भुजङ्गप्रयात

कहाँ लौं भला नाम सूची सुनावैं।
कहे कौनहूँ भाँति क्यों पार पावैं॥
बचो भूप को आज है देस माँही।
सजे सैन जो हैं इहाँ आय नाहीं॥
धनी औ गुनी देस के जौन मानी।
सबै हैं जुरे राजधानी पुरानी॥
सबै सक्ति के बाहरै साज साजे।
परैं जानि साधारनौ लोग राजे॥
सबै देस औ दीप के लोग आये।
न जाने परैं आपने औ पराये॥
चाले हाथियों के जबै झुण्ड कारे।
मनौ मेघ माला धरा आज धारे॥

जुरी लच्छ सेनासिधारा चमकैं।
भुजों बीजुरी बाजवा के दमंकैं।।
सबै सूर सामन्त धारे उमंगैं।
कलापीन के से नचावें तुरंगैं।।
सजे जान हैं बे प्रमान आज आये।
मनौ मेदिनी स्यामही सस्य छाये।।
छुटैं तोप की बाढ़ कै सोर भारी।
गरज्जैं मनौ मेघ आकास चारी।।
उड़ी धूरि धूआँ मिली ब्योम जाई।
दिनै पावसी जामनी सी बनाई।।
अलंकार भूपाल के रत्न राजी।
चमंकै लखैं जोगिनी जोति लाजी।।
बढ़ै बन्दि बानी विरद्दैं उचारैं।
सुजीमूत को ज्यों पपीहे पुकारैं।।
कई लच्छ की भीर भारी भई है।
धरा धन्य या भार को जो लही है।।

दोहा

लगी चाँदनी चौक मै ह्वै लाहौरी द्वार।
लौटी जबै बरात यह जाको वार न पार।।
करि स्वागत सत्कार बहु जासु लाट पंजाब।
जनवासो मैदान में दीनों सजित सिताब।।

हरिगीती

सोभा निरखि कै बात कछु कहि जात नहिं अचरजमयी।
पुहुमी पचीसन मील की जनु बनि गई नगरी मयी।।
तम्बू तने अनगिनित स्रेनी बद्ध भागन में कई।
सब देस देस नरेस, सासक, निवसि जित सोभा दई।।

भुजङ्गप्रयात

सिंची चारु बीथी नई ही नई हैं।
बनी फूलवारी कहीं पर कहीं हैं॥
खिले फूल हैं ढेर के ढेर सोहैं।
भ्रमैं भौंर भूले जहाँ चित्त मोहैं॥
कहूँ पैं [हरी दूब हैं खूब सोही।
कहूँ कुंज छाजे मनैं लेत मोही॥
कहूँ कुण्ड के बीच छूटैं फुहारे।
बने धाम केते प्रभा धौल धारे॥

नाराच

ठौर क्रीडनादि के बने अनेक हैं कहूँ।
विश्व वस्तु सों भरी लगी सुहाट हैं कहूँ॥
नीर बाहिनी नलें सुठौर हैं बनी।
दीप दामिनी प्रभा सुआस पास हैं घनी॥
तार डाक औषधालयादि हैं बने कहूँ।
भाँति भाँति के अराम साज बाज हैं कहूँ॥
रेल ठौर ठौर दौरती छटा दिखावती।
जाति एक, दूसरी तहीं तुरन्त आवती॥
है प्रदर्शनी जहाँ खुली धरित्रिसार लौं।
लाख बस्तु हैं तहाँ पीर जु देखि ना कभौं॥
जासु साज बाज को बखान कौन कै सकै।
विश्व मोहनी प्रभा निहारि हारि ही रहै॥
लाखनै ध्वजा पताक वृन्द फहरात हैं।
लाखनै प्रकार कौतुकौ जहाँ लखात हैं॥
बाजने विचित्र भाँति भाँति के 'बजैं तहाँ।
किन्नरौ लजात साज संग के सुने जहाँ॥

बाल नाच को विलोकि अप्सरी भुलाति हैं।
राग रंग हाव भाव रूप सों लजाति हैं।।
देखि सुन्दरीन के विलास हास वेस को।
भूषनादि जासु खार देख हैं धनेस को।।
अग्नि क्रीडनादि छूटि छूटि कै विलायती।
व्योम बीच में बसन्तु बाटिका बनावती।।
अस्त्र शस्त्र भाँति भाँति के जहाँ चमंकते।
छूटि अग्नि बान वज्र नाद से घमंकते।

दोहा

सिविर सकल भूपाल के अलग अलग दरसाहिं।
सकल देस सोभा जहाँ एकहि ठौर लखाहिं।।
एक एक डेरे जिन्हें हेरे बुद्धि हेराहिं।
जिनकी श्री लखि देव गनहूँ ललचैं मन माँहि।।
तिन सब को सिर मौर जो साम्राज्य दरबार।
हित, महान मण्डप सजो सोभा को आगार।।
भये सुसोभित आय जहँ चुने जगत के लोग।
महराजे, नव्वाब, राजे, राने दै जोग।।
सबै धनी, मानी, गुनी, अतिथि, मित्र अरु इष्ट।
सचिव, दूत, सासक, सुभट, पंडित आदि प्रविष्ट।।
सब से ऊँचे राजसिंहासन वर पर आय।
जाय बिराजे नृपन सों सेवित वाइसराय।।
आज भाग्य उनके सरिस किन पायो जग और।
सम्मानित ऐसो भयो कब को जन किहि ठौर।।

हरिगीती

मन हरन परजन लाट करजन तहँ पुरोहित से बने।
भारत अवनि मन हरनि संग श्रीमान को सुख सों सने।।

सुभ गाँठि जोरी; जुगल जोरी की कुसल चहि सब जने।
मंगल कुलाहल करत "मङ्गल जयति जय जय जय" भने ।।

दोहा

अनुसासन श्रीमान् को श्रीमुख सबहि सुनाय।
सभासदन गन के मनहिं सुखन दियो हुलसाय।।
भारत पति नवराज राजेसर तुम कहँ मानि।
सुनि सासन सादर चलन नाये सिर शुभ जानि।।
छुटीं तोप, फहरीं ध्वजा, बजे बधाई बाज।
भारत अवनि बधू मनौ, जानि सुअवसर आज।।

हरिगीती

देती बधाई ब्याज सों करिकै सगाई आप सों।
सन्मान जग दुर्लभ लहन हित बिनहिं श्रम सन्ताप सों।।
धरि आस दृढ़ विस्वास छूटन सेस निज दुख पाप सों।
चाहति सनेह बिसेस तुव सबही सपत्नि कलाप सों।।

दोहा

हुलसि हिये सारी प्रजा दया दुहाई देति।
अरज करन को जोरि जुग करन रजायसु लेति।।

रोला छन्द

निश्चय सुभ अवसर यह हम सब कहँ सुखदायक।
जो आनन्द मनावैं हम, है वाके लायक।।
देहिं जु कछु बकसीस आप लायक यह वाके।
माँगे जो हम, लायक यह देबे के ताके।।
चहत न हम कछु और, दया चाहत इतनी बस।
छूटें दुख हमरे, बाढ़ै जासों तुमरो जस।।

भारत के धन अन्न और उद्यम व्यापारहिं।
रच्छहु, वृद्धि करहु साँचे उन्नति आधारहिं॥
बरन भेद, मत भेद, न्याय को भेद मिटावहु।
पच्छपात, अन्याय बचे जे तिनहिं निवारहु॥
पूरन मानव आयु लहौ तुम भारत भागनि।
पूरन भारतीन की करत, सकल सुख साधनि॥
उमड़ै भारत में सुख, सम्पति, धन, विद्या बल।
धर्म्म, सुनीति, सुमति, उछाह, व्यापार ज्ञान भल॥
तेरे सुखद राज की कीरति रहै अटल इत।
धर्म्म राज रघु राम प्रजा हिय में जिनि अंकित॥

स्वागत पत्र

अब राष्ट्रीय संस्थाओं तथा जातीय सम्मेलनों का प्रादुर्भाव हो चुका था।

"बहुत दिनन सो आरत भारत देस।
सहत प्रजा नित जिनकी कठिन कलेस।"

की भावना कवि के हृदय में जागरित हो उठी। साथ ही साथ कवि-हृदय में "हीन दशा निज जाति देखि अतिशय अकुलाने" की भावना भी जाग्रत हुई। कवि अपने जाति भाइयों से उन्नति करने का सन्देश देता।

सं० १९६२

(१)

स्वागत पत्र[1]

बरवै

भारत देश हितैषी भाई लोग,
आवहु प्यारे साँचे स्वागत जोग।
स्वागत स्वागत तुम कहँ बारम्बार,
आगत के हित स्वागत सुभ सतकार॥
तासों स्वागत सादर देत सुवेस,
नम्र भाव सों पश्चिम उत्तर देस।
जानि परम प्रिय तुम कहँ पूजन जोग,
अतिथि रूप सों आए जे इत लोग॥
करन देश उद्धारहिं काज न आन,
सबै सबै गुन रासी सबै सुजान।
बहुत दिनन सों आरत भारत देस,
सहत प्रजा नित जिन की कठिन कलेस॥
तिनके दुख हरिबे कहँ तहँ के लोग,
उठे बाँधि निज परिकर यह शुभ जोग।
ताहि देखि अस को जो नहिं हरखाय,
और मिलें जब वे घर बैठहिं आय॥
कहौ हरख की तब किमि सीमा होय,
बनें प्रेम मतवाले किन सुधि खोय।

१. भारत की आठवीं जातीय सभा प्रयाग में आये हुए प्रतिनिधियों की सेवा में विरचित।

नैन नीर पग धोवैं तौ अति थोर,
लखैं जो तुमरे उपकारन की ओर।।
अहो बंगबासी! बर बिबुध महान,
अहो बम्बईवासी धन गुनवान।
मध्य देश बासी मदरासी मित्र!
गुजराती सिन्धी सब सुजन विचित्र।।
राजस्थानी अरु पंजाबी वीर!
भारत माता के सब सुवन सुधीर।।
पश्चिम उत्तर देसी हम सब दीन,
तथा अवध के वासी हू अति हीन।
सब बिधि तुम सब सों हम पीछे आहिं,
तऊ पाय सँग तुमरो नहिं अकुलाहिं।।
याते भूल जो कछु हमतें ह्वै जाय,
आय छमैं तेहि गुनि निज छोटे भाय।
चलैं आप आगे हम पीछे लाग,
चलिहैं तुम्हरे पद पर सह अनुराग।।
तन मन धन दै वेगि उबारौ देस,
काटहु दुखियन परजन केर कलेस।
मिलि सब दुख अपने की करौ पुकार,
महरानी माता सों बारम्बार।।
वृटिश-प्रजा सों त्यों जो दयानिधान,
अवसि अभय को दैहैं वे सब दान।
करहु यतन उत्साहित विस्वा बीस,
सफल मनोरथ करिहैं तुमरे ईस।।
सादर स्वागत रूप यह कविता को उपहार।
बदरी नारायण सर्मपित कीजै स्वीकार।।

(२)

सुहृद स्वागतम्

मङ्गल मय जगदीश कृपा सों अति मङ्गल मय।
चिर दिन को चित चाह्यो आयो आज यह समय॥
जब जातीय जागृति लखियत निज स्वजनन महँ।
उत्साहित उद्धार आत्महित एकत्र तहँ॥

जहाँ प्रकृति अतिशय पवित्र थल बिरचि बनायो।
सरस्वती गंगा यमुना सन आनि मिलायो॥
तीनौ तीनौ पाप हरनि चारौ फल दानी।
सब बिघ्ननि को हरनि सकल मुद मङ्गल खानी॥

जिन संगम सों तीरथ राज प्रयाग कहायो।
जासु नाम नहिं कल्प अन्त हूँ बेद बतायो॥
राजत अक्षयबट जहँ सकल मनोरथ दायक।
कल्प अन्त में जो हरिहू को होत सहायक॥
पूर्व समय में जप, तप योग, यज्ञ बहु करि जहँ।
ऋषि मुनि सुरगन पाय मनोरथ हरषे मन महँ॥
ऋषिवर भरद्वाज जो पूरब पुरुष तुम्हारे।
तिन के आश्रम पर जौ तुम सब आज पधारे॥

तौ निश्चय जानहु कै सिद्धि आप को मिलिहै।
तीर त्रिबेनी तुरत मनोरथ कलिका खिलिहै॥
कृत कारजता तुव आशा द्विजराज निहारे।
है आनन्द उदधि उमड़त उर आज हमारे॥

निज २ वर्ग अभ्युदय लखि को नहिं हरषाई।
नित हितकर प्रिय के हित निज घर जानि अवाई॥
को नहिं देहै सौ २ स्वागत सहज सुभायन।
यथाशक्ति सत्कार जोरि कर सहित उपायन॥

उचित जुपै दृग नीरन सों मारगहिं सिचावैं।
पूरन प्रेम दिखाय पलक पाँवड़े बिछावें।।
तासों उत्साहित हिय अतिशय आज हमारो।
करत निवेदन यह लखि शुभ आगमन तिहारो।।
स्वागत स्वागत सरयूपारी विप्र बन्धु वर।
अतिशय पूजन जोग अतिथि हितकर दुर्लभ तर।।
गौतम, गर्ग, शांडिल्यादि ऋषि वंशज सब।
सोये बहु दिन के जागे बाँधत परिकर अब।।
हीन दशा निज जाति देखि अतिशय अकुलाने।
उठे करन उद्धार हेतु जो आज सयाने।।
तौ निश्चय अब होत जानि उन्नति को हम कहँ।
लखि समान उत्साह सकल बन्धुन के मन महँ।।
यदपि तुम्हारे अन्य बन्धु कबहीं के जागे।
निज उन्नति पथ पथिक बने पहुँचे बढ़ि आगे।।
तऊ यथा बुध जन भाष्यों सिद्धान्त वाक्य यह।
नहि बिलम्ब कबहूँ तिहि जो जन काज कियो यह।।
तासो विलम लगावहु जनि ह्वै अति उत्साहित।
सत्य प्रतिज्ञा करि सब सुजन होय एकतृत।।
हरहु दीनता अरु हीनता जाति अपने की।
करहु अविद्या अनुत्साह सम्पति सपने की।।
तजि मिथ्या अभिमान परस्पर मिलहु मिलावहु।
बैरि फूट अरु कलह काढ़ि कै दूरि बहावहु।।
बेगि उठावहु गिरी जाति अपनी कह बेगहिं।
जाकी दशा निहारि दया आवत अब केहि नहिं।।
तब निश्चय उद्धार जाति अपने की जानहुँ।
तासों या सीखहिं अब मन्त्र सजीवन मानहुँ।।
देवि त्रिवेणी तुम्हें सिद्धि अति बेगहि दैहैं।
माधव मधुसूदन करि कृपा विनोद बढ़ैहैं।।

अक्षयबट अक्षय उद्योग बनैहैं तुम्हरे।
तुव बिघ्नन कहँ खैहैं बैठि बासुकी सबरे॥
सोमेश्वर सिंचन करि दया सुधा सों नित प्रति।
उन्नति अंकुर को नित करैं तुम्हारे उन्नति॥
देत यहै आसीस प्रेमघन सहित प्रेमघन।
सफल मनोरथ करैं ईश तुम कहँ हे सज्जन॥[१]

(३)

शुभ सम्मिलन[२]

स्वागत! स्वागत! बन्धुवर! तुम हित सौ सौ बार।
भारत जननि सुपूत जे मति-गुन गन आगार॥
जिन सुदेस उद्धार को अति अपार व्रत लीन।
जिन तिहि पूरन हित अवसि बहु साँचे स्रम कीन॥
बिघन अनेकन पाय पुनि पायँ पछारे नाहिं।
औरहु नव उत्साह सों रहे निरत हित माहिं॥
पै अबको उत्साह कछु औरै हमैं लखात।
जाके हित सुभ सम्मिलन सह यह सिच्छा बात॥
सुभ सम्मिलन को साँचहूँ अतिसय सुअवसर यह अहै।
सब सुजन सोचि बिचारि करतब करिय तब रस ज्यों रहै॥
बचि हानि सों निज देस लाभ विसेस लहि दुख दल दहै।
उत्साह नवल प्रवाह यह जैसो उठ्यो प्रति दिन बहै॥
यदपि हरख संग प्रति बरख चारहुँ दिसि तैं धाय।
सम्मिलन जातीय हित मिलहु परस्पर आय॥
बहु दिन तुम सब निरन्तर सुसमाहित स्रम कीन।
राजनीति कृषि काज लगि सोचत युक्ति नवीन॥

१. सरयूपारीण सभा के अवसर पर विरचित।
२. ब्राह्मणों के ऊपर।

लहि सुराज बरखा सलिल सुतन्त्रता झर पाय।
जीत्यो मेघा मेदिनी विद्या हल भल भाय॥
बयो बीज उद्योग जो सरद संजोग बिचारि।
सुभ आसा अंकुर उग्यो जासु हरित दुति धारि॥
तिहि चरिबे हित दुष्ट पसु धाये बार अनेक।
रच्छ्यो रच्छक बृद्ध तुव जा कहँ सहित बिवेक॥
सींच्यो जिहि मिलि आप स्रम जल दिन वत्सर बीस।
जिहि प्रभाय दल अवलि भरि साख परति बहु दीस॥
जे विविध साखा सभा, समिति, समाज आज विराजहीं।
प्रस्ताव पत्रावलि सुधार प्रचार मय छवि छाजहीं॥
नाना प्रयोजन बरन, जाति, जमाति उन्नति काजहीं।
जाके प्रभाव प्रसार लखि लखि विलखि वैरी लाजहीं॥
भई वृद्धि बँचि घोर तर कुटिल नीति हेमन्त।
कियो कृपा करि कोउ बिधि जौं बिधि वाको अन्त।
प्रविस्यो साहस को सिसिर फैलावत आतङ्क।
कम्पित करि निज दर्प सों विद्देशी जन रंक।
बिरति बिदेसी वस्तु सन-सीत भीत अधिकाय।
सुभ सुदेस अनुराग मय कुसुम समूह सुहाय॥
कियो प्रफुल्लित सस्य सों सिल्प सुगन्ध बढ़ाय।
स्रम-जीवी मधु मच्छिकन को जनु प्रान बँचाय॥
आनन्द को अति यह विषय संसय कछू जामैं नहीं।
पर भयंकर हेमन्त सों यह सिसिर सोचहु सहजहीं॥
कृषि हानि प्रद उत्पात याको धरम जाहि कहीं कहीं।
तुम लखहु ताके समन हित करियै जतन अति बेगहीं॥
निज प्रमाद पाला पर्‌यो जहँ तहँ धीरज धारि।
छमा वारि सींचिय तुरत आगत दोष निवारि॥
राज कोप के उपल सों सावधान अति होय।
रहियैं रञ्चक बीच जो सकत नास करि सोय॥

राज भक्ति को अति वृहत तासों छप्पर छाय।
ऊपर वाके राखियै जासों भय मिटि जाय॥
प्रतिद्वन्द्वी जन विघ्न के कीट नासिबे काज।
यथा जोग प्रतिकार को रहिय साजिये साज॥
निरलसता, दृढ़ता, जतन, उद्यम, सत्य विबेक।
सहित सदा उत्साह नित सेइय इन प्रत्येक॥
सावधान ह्वै रच्छियै या कहं उक्त प्रकार।
ईस कृपा करि सिद्धि तुहि दीन चलत इहि बार॥
होन चहत ऋतु सिसिर को बिन बिलम्ब अब अन्त।
लिबरल दल अधिकार मिसि आवत चल्यो बसन्त॥
जामैं प्रजा प्रतिनिधि सुखद सासन प्रथा फल लागिहै।
व्यापार निज देसी दिवाकर शिल्प कर लै जागिहै॥
परिपक्व पूरन पुष्ट करिहैं तिहि सकल भय भागिहै।
एडवर्ड सप्तम की कृपा निज प्रजन पर अनुरागिहै॥
नहिं अबहीं तासों कछू कारन हरख बिखाद।
निज कारज तत्पर रहिय नित प्रति विगत प्रमाद॥
सब कृषि फल दल साख सँग आनि धरिय इक साथ।
सार अंश निर्विघ्न जब लहियै अपने हाथ॥
ईस कृपा तें सिद्ध करि लहिय जबै सुख स्वाद।
तब आनन्द मचाइयै ह्वै कै बिगत बिखाद॥
अबहिं मनाइय ईस जो इत अँगरेजी राज।
राखै थिर बहु दिवस लौं जो कारन सुख साज॥
राजकरमचारीन को देय सुमति सुभ नीति।
जे न बढ़ावैं प्रजा मैं वैमनस्य दुख भीति॥
होय सत्य जो प्रेमघन देत आज आसीस।
दया वारि बरसत रहै भारत पै जगदीस॥
सब द्वीप की विद्या कला विज्ञान इत चलि आवई।
उद्यम निरत आरज प्रजा रसि सुख समृद्धि बढ़ावई॥

दुष्काल रोग अनीति नासै सद्धर्म उन्नति पावई।
भट, विबुध, अन्न, सुरत्न भारत भूमि नित उपजावई॥

(४)

सुहृद लाजपतराय स्वागतपत्र

स्वागत स्वागत सुहृदवर, अहो लाजपतराय।
देखि तुम्हें मिरजापुरी, प्रजा देति हरखाय।
स्वागत भारतभूषन तुहिं सत्कर्म वीरवर।
स्वागत भू पंजाब तापहर अमल सुधाधर॥
हिन्दू जाति अभिमान, वैश्य कुल करन उजागर।
दयाधर्म तत्पर दुख देश दशा लखि कातर॥
श्रीपति अनुकम्पा पाय प्रिय अहो लाजपति राय नित।
भारत की रच्छहु लाजपति बिना विन्घ लहि यश अमित॥
धन्य तिहारो देश जाति उद्धार करन हित।
स्वारथ लेस विहीन सत्य व्रत दिय में अंकित॥
विविध हानि त्यों दुसह दुखनि सहि जो नहिं किंचित
होत संकुचित जात अधिक अधिकात और नित।
तेरे विद्वेषी जाहि लखि लज्जित मन में होय कै।
कहि देत विवश ह्वै धन्य तू! तेरे काजहि जोय कै।
बिविध दीन देसन को रच्छक रह्यो जो भारत।
निज दुष्कर्म प्रभाप दीन वनि सो है आरत।
तहँ के दीनबन्धु जन के दुख जो तुम टारत॥
दीन बन्धु हरि करि तेरे सब दुख दल गारत॥
यश सुख समृद्धि आरोग्य दै चिरजीवौ तो कहँकरैं।
प्रगटाय कोटि सुत तोहिसम भारत की आरति हरैं॥
भारत के लाखन दुखी देत जो तुँहि असीस।
प्रेम सहित नित प्रेमघन सत्य करै सोइ ईस॥

आनन्द अरुणोदय

भारतेन्दु युग में खड़ी बोली की यह परम उत्कृष्ट रचना है। कवि अब अँग्रेजो राज्याधिकारियों के झूठे आश्वासनों को समझ गया और उनके धोखेबाजियों कि प्रति शंखनाद प्रतिध्वनित किया। इस कविता में स्वदेश प्रेम की अविरल धारा प्रवाहित हुई है। वन्देमातरम् की ध्वनि पर आर्य सन्तानों को जाग्रत होने के लिए कवि कह पड़ता है :—

"बृटिश राज्य स्वातन्त्र्य समय व्यर्थ न बैठ बिताओ।" कवि ईश्वर से प्रार्थना करता है :—

"आर्य्य जाति का हो अभ्युदय भूमि भारत पर॥"

सं० १९६३

आनन्द अरुणोदय[1]

हुआ प्रबुद्ध वृद्ध भारत निज आरत दशा निशा का।
समझ अन्त अतिशय प्रमुदित हो तनिक तब उसने ताका।।
अरुणोदय एकता दिवाकर प्राची दिशा दिखाती।
देखा नव उत्साह परम पावन प्रकाश फैलाती।।
उद्यम रूप सुखद मलयानिल दक्षिण दिश से आता।
शिल्प कमल कलिका कलाप को बिना बिलम्ब खिलाता।
देशी बनी वस्तुओं का अनुराग पराग उड़ाता।
शुभ आशा सुगन्ध फैलाता मन मधुकर ललचाता।।
बस्तु विदेशी तारकावली करती लुप्त प्रतीची।
विद्वेशी उलूक छिपने का कोटर बनी उदीची।।
उन्नति पथ अति स्वच्छ दूर तक पड़ने लगा लखाई।
खग वन्देमातरम् मधुर ध्वनि पड़ने लगी सुनाई।।
तजि उपेक्षालस निद्रा उठ बैठा भारत ज्ञानी।
ध्याय परम करुणावरुणालय बोला शुभ प्रद बानी।।
उठो आर्य्य सन्तान सकल मिलि बस न बिलम्ब लगाओ।
बृटिशराज स्वतन्त्र्यमय समय व्यर्थ न बैठ बिताओ।।
देखो तो जग मनुज कहाँ से कहाँ पहुँच कर भाई।
धर्म्म, नीति, विज्ञान, कला, विद्या, बल, सुमति सुहाई।।
की उन्नति निज देश जाति, भाषा, सभ्यता, सुखों की।
तुम सबने सीखी वह बान रही जो खान दुखों की।।
बैदिक सत्य धर्म्म तजकर मनमाने मत प्रगटाये।
ऋषि त्रिकालदर्शी गन के उपदेश भूल दुख पाये।।

१. भारतवासियों के ऊपर।

वर्णाश्रम गुण कर्म्म स्वभाव बिरुद्ध चाल चलने से।
बने दीन तुम धर्म्म सनातन की सम्पति टलने से॥
मिथ्या डम्बर दम्भ, द्रोह पाखण्ड फूट फैलाते।
अपने मुख से अपने को सब से उत्कृष्ट बताते॥
धर्म्म तत्व से हुए शून्य तुम बिना विचार बिचारे।
फन्दे में फँस अल्पज्ञों के दाँव सब अपने हारे॥
क्षमा, सत्य, धृति, दया, शौच, अस्तेय, अहिंसा, त्यागी।
शम, दम, तितिक्षादि, यम, नियम, विहीन विषय अनुरागी।
धर्म्म ओट सुख, स्वार्थ साधने की है चाल लखाती।
कुत्सित लाभ लोभ के कारण जो नहि छोड़ी जाती॥
बिन बिवेक बैराग्य ज्ञान तप उपासना के भाई।
सदाचार उपकार बिना कब किसने सद्गति पाई॥
प्रचलित हाय अन्ध परिपाटी पर तुम चलते जाते।
आर्य्य वंश को लज्जित करते कुछ भी नहीं लजाते॥
है मिथ्या विश्वास तुमारे मन में इतना छाया।
ढूहों और क़बरों पर भी जा मस्तक हाय नवाया॥
पञ्च देव से पाँच पीर जिनसे हैं पूजे जाते।
घृणित अर्थवाची भी हिन्दू हैं वे आज कहाते॥
परब्रह्म सों विमुख सदा तुम सिद्धि कहाँ से पाओ।
नित्य नये दुख सहने पर भी तनिक नहीं पछताओ॥
स्वार्थ रहित धर्मोपदेष्टा बिरले कहीं लखाते।
धर्म्म तत्व ज्ञानी सच्चे गुरु कोई ढूं ढ़ कर पाते॥
नहि विचार का धर्म्म तत्व जो अज्ञों को बतलाते।
ग्रहण त्याग सत असत रीति कुछ कभी नहीं समझाते॥
खण्डन मण्डन की बातें करते सब सुनी सुनाई।
गाली देकर हाय बनाते बैरी अपने भाई॥
नित्य नवीन धर्म्म पथ पर रचकर ठग तुमको बहकाते।
स्वर्ण छोड़ तुम राख राशि लेकर प्रसन्न दिखलाते॥

छिन्न भिन्न समुदाय सनातन नित्य इसी से होता।
प्रबल विरोधी बल हो उसके शक्ति पुञ्ज को खोता॥
धर्म्म आग्रह सब है केवल करने ही को झगड़ा।
नहिं तो सत्य धर्म्म प्रेमी से कैसा किससे रगड़ा॥
सबी धर्म्म के वही सत्य सिद्धान्तन और विचारो।
है उपासना भेद न उसके अर्थ बैर विस्तारो॥
जगदीश्वर आराध्य देवता सब का है वही एकी।
मूल धर्म्म का ग्रन्थ वेद सब का जब एक विवेकी॥
समझो तब कैसा विरोध आपस का सब ने ठाना।
बैर फूट का फल आद्यापि नहीं तुम ने क्या जाना॥
बीती जो उसको भूलो सँभलो अब तो आगे से।
मिलो परस्पर सब भाई बँध एक प्रेम धागे से॥
आर्य्य वंश को करो, एक, अब द्वैत भेद बिनसाओ।
मन बच कर्म्म एक हो वेद बिदित आदर्श दिखाओ॥
बैठो सब थक एक ध्याय सर्वेश एक अविनाशी।
एक बिचार करो थिर मिलकर जग आतंक प्रकाशी॥
मिथ्या डम्बर छोड़ धर्म्म का सच्चा तत्व बिचारो।
चारो वेद कथित चारों युग प्रचलित प्रथा प्रचारो॥
चारो वर्ण आश्रम चारो भिन्न धर्म्म के भागी।
निज २ धर्म्माचरण यथा बिधि करो कपट छल त्यागी॥
चारो बर्ग अवस्था चारो के अनुसार सराहे।
आवश्यक साधन सब का है बिधिवत नियम निबाहे॥
नहीं एक से काम जगत का चलता कभी लखाता।
जगत प्रबन्ध ठीक रखने को धर्म्म बेद बतलाता॥
लोक और परलोक उभय सँग जब साधोगे भाई।
तब यथार्थ सुख पाओगे खोकर यह सब कठिनाई॥
सीखो नई पुरानी दोनों प्रकार की विद्यायें।
दोनों प्रकार के विज्ञान सिखाओ रच शालायें॥

शिल्प कला सम्यक् प्रकार उन्नतकर शीघ्र प्रचारो।
निज व्यापार अपार प्रसार करो करो जग यश विस्तारो ।।
आवश्यक समाज संशोधन करो न देर लगाओ।
हुए नवीन सभ्य औरों से अपने को न हँसाओ।।
अपनी जाति बस्तु अपने आचार देश भाषा से।
रक्खो प्रीति रीति निज धर्म्म वेष पर अति ममता से ।।
राज, अर्थ, औ धर्म्म नीति तीनों को संग मिलाओ।
दृढ़ उद्योग निरालस होकर करो सकल फल पाओ ।।
सब से प्रथम धर्म्म संचय का यत्न करो ऐ प्यारे।
सकल मनोरथ होते सफल धर्म्म के एक सहारे।।
सत्य सनातन धर्म्म ध्वजा हो निश्छल गगन उड़ाओ।
श्रौतस्मार्त कर्म्म अनुशासन के दुन्दुभी बजाओ।।
फूँको शंख अनन्य भक्ति हरि ज्ञान प्रदीप जलाते।
जगत प्रशंसित आर्य्यवंश जय जय की धूम मचाते ।।
आर्य्य शास्त्र उपदेश करत रव विजय घण्ट को भारी।
विश्व बिजय करलो प्रयास बिन बैरी बृन्द बिदारी।।
मुख्य सत्य बल सञ्चय करके मन में दृढ़ कर जानो।
जहाँ सत्य जय तहाँ नियम यह निश्चय करके मानो।।
रक्खो ईश कृपा की आशा शरण उसी के जाओ।
मङ्गल होगा सदा तुम्हारा सहज सिद्धि सब पाओ।।
यह सुनकर सब सम्प्रदाय के उठे आर्य्य हर्षाते।
जय सच्चिदानन्द, जय भारत उच्च स्वर चिल्लाते।।
पहुँचे प्रयाग जाकर तीर्थराज है जो कहलाता।
मज्जन करके सलिल त्रिवेणी जो अघ ओघ नसाता।।
सन्ध्या बन्दनादि कर बैठे तट पर मिलि सब भाई।
होकर अतिशय उत्साहित मन मण्डप रुचिर बनाई।।
बिखरी बिबिध सनातन धर्म्मी सम्प्रदाय की एकी।
महाशक्ति सम्मिलित संगठन अर्थ सुजान बिवेकी।।

आराधते ईश हैं सुलभ सोचते सकल उपायें।
सफल मनोरथ हो वे अपना सुयश जगत फैलायें॥
दया वारि के बूंद प्रेमधन ईस रहे बरसाता।
सानुकूल रह इन पर भारत उन्नति पथ दरसाता॥

और भी

आर्य्य जाति का हो अभ्युदय भूमि भारत पर।
सत्य सनातन धर्म्म अटल हो उन्नत होकर॥
सुख समृद्धि धन अन्न शिल्प विज्ञान ज्ञान वर।
बसैं यहाँ सब विद्या कला कलाप निरन्तर॥
एकता धीरता प्रेमघन देशभक्ति स्वाधीनता।
हरि वैर फूट अन्याय सँग हरें दोष दुख दीनता॥

आर्याभिनन्दन

प्रिंस आफ़ वेल्स के भारत आगमन पर यह कविता प्रेमघन जी ने लिखी थी। अतिथि के प्रति समादर का प्रदर्शन भारतीय परम्परा के अन्तर्गत है, अस्तु इस प्रकार की कविताएँ चाटुकारिता की नहीं हैं, वरंच आभार प्रदर्शन की, क्योंकि नवाबी के शासन काल से अंग्रेज़ी राज्य काल में जनता को सुख प्राप्त हुआ था—जिसका प्रदर्शन सभ्य व्यक्तियों को करना समुचित ही होता था। पर साथ ही साथ कवि हृदय, भारतीय जनता की खामियों, और उनकी दुर्दशा के प्रति भी जागरुक था। वह बार बार जनता को जागरित करता हुआ शासकों से इस देश के प्रति आवश्यकीय सुधारों की माँग करने में नहीं चूकता था। इसी भावना की द्योतक यह एक उत्तम रचना है।

सं० १९६३

आर्याभिनन्दन

अर्थात्

श्रीमान् युवराज जार्ज फ्रेडरिक अर्नेस्ट आलबर्ट प्रिन्स आफ़ वेल्स के भारत शुभागमन पर स्वागतार्थ विरचित

दोहा

स्वागत ! स्वागत ! आप हित भावी भारत भूप।
बड़े भाग सों पाइयत ऐसे अतिथि अनूप॥
पलक पाँवड़े आप हित जौपै देहिं बिछाय।
लोचन जल पद जुगल तुव धोवैं हिय हरषाय॥
सब कुछ वारें आप के ऊपर तौहूं थोर।
लखि तुव गुरुजन राज कृत गुरु उपकारनि ओर॥
जिहि प्रभाय भारत सक्यो बहुतेरे दुख खोय।
उन्नति हू बहु करि सक्यो सावधान अति होय॥
तऊ अजहुँ याकी दसा अधिक दया के जोग।
जासु आस तुव तात सों हैं राखत हम लोग॥
धन्य भाग्य तिहि लखन हित तुम इत आये आज।
प्यारी युवरानी सहित हे प्यारे युवराज॥
तदपि न भारत वह रह्यो जिहि गावत इतिहास।
जाहि लखन हित नित जगत जन मन रहत हुलास॥
अंग, बंग, कुरु, मच्छ, पञ्चाल, मगध, कसमीर।
सूरसेन, मिथिला, दसा लखि मन होत अधीर॥

पूरब की कासी न वह, यह जो तुमैं दिखाति।
अलका अरु कैलास तें सरस कही जो जाति ।।
स्वर्णमयी नगरी सुभग ताको सूचक नेक।
अहै कनक मन्दिर यहै विश्वनाथ को एक ।।
नष्ट भयो कै बार को थप्यो अनेकन ठौर।
दुखद अंश अवशिष्ट तिनके निरखहु करि गौर ।।
माधव मन्दिर और माधव धवरहरा देखि।
सकहिं आप सहजहिं समझि उभय दसा सुविसेखि ।।
पिछली कासी पास मझली कासी की रेख।
सारनाथ निस्सार मैं खँडहर रूप धमेख ।।
नहिं अड़तालिस कोस अब अवधपुरी विस्तार।
रामायन ही में मिलति वाकी छटा अपार ।।
राजधानि जो जगत की रही कबहु सुख साज।
सौ पचास बिगहान मैं सो सिकुरी सी आज ।।
प्रतिष्ठानपुर मध्य अब माटी ही की ढेर।
इक ईंटहु वा नगर की लहि न सकत कोउ हेर ।।
श्री मथुरा, द्वारावती, इन्द्रप्रस्थ वह रूप।
पढ़ि भारत लखि सकत नहिं भारत छिति पर भूप ।।
नहिं पाटली, न हस्तिना, नहिं अवन्तिका सोय।
जासु कथान पुरान सुनि अतिसय अचरज होय ।।
टुटीं, फुटीं, लूटी गईं, लटीं अनेकन बार ।।
उन नगरिन लखि हरखि को सकि है कौन प्रकार ?
कहँ केशव, गोविन्द, कहँ सोमनाथ को धाम।
महाकाल शिवसदन कहँ, ज्वालायतन ललाम ।।
थानेसर, परभास, पुष्कर अरु गया विलोकि ।।
सहृदय को अस जो भला सकैं सोक हिय रोकि ?
सहत महत, धारापुरी, नासिक नष्ट निहारि।
पाटन, कुन्ती नगर लखि सकै धीर को धारि ?

दुर्ग मानधाता तथा रोहिताश्व अब देखि।
कालिञ्जर, चित्तौर त्यों दसा देवगढ़ पेखि॥
पाय सकल आनन्द को निरखि दसा अति हीन।
बिबिध नगर कन्नौज से हाय आज छबि छीन॥
साठ सहस नर जहँ रहे नित प्रति बेंचत पान।
तहँ की जन संख्या करे कैसे कोउ अनुमान॥
दिल्ली में किल्ली बची भग्न पिथौरा धाम।
सकल नगर प्राचीन को बच्यो पुरानो नाम॥
खँडहर के, बिपरीत निज नाम दृश्य दिखराय।
दर्शकगन मन माहिं उपजावत करुना भाय॥
जहँ देवालय दिव्य नित राग रंग सो पूर।
सब सुख साज सजे लहत हाय उड़त तहँ धूरि॥
सूनी मस्जिद कहुँ, बने कहुँ मकबरे लखाहिं।
अरब और ईरान के टुकरे से दरसाहिं॥
बने अनेक प्रकार जे नगरन भवन नवीन।
उनमें कहूँ न लखि परति भारत छबि प्राचीन॥
नहिं पूरब से नगर, नहिं जनपद, तीरथ, धाम।
नहिं बन, नहिं तप संस्थल बीत राग विश्राम॥
ऋषि त्रिकाल दर्शी न कहुँ मुनि जन इतै लखाहिं।
आतमज्ञानी, सिद्ध योगी नहिं प्रगट दिखाहिं॥
धर्म्म कर्म्म रत तपोधन बिबुध बिप्र न लखात।
दया, दान, रन बीर छत्री नहिं कहूँ सुनात॥
धन कुबेर वर वैश्य के वृन्द न अब या ठौर।
शिल्पकला कुल कुशल को शुद्ध गुनी सिरमौर॥
सबै बरन सब आश्रम की अब एकै चाल।
सब स्वधर्म्म बिपरीत पथ पथिक बने यहि काल॥
कहँ धर्म्मानुष्ठान कहँ लुटत दान दरसाय।
कहाँ यज्ञशाला रुचिर रचना परत लखाय॥

बीरन की हुँकार कहँ, दीनन की आसीस।
बन्द्य बेद निर्घोष कहँ शुचि सुनात अवसीस।।
जहँ संगीत समुद्र सुर उमड़्यो रहत हमेस।
जो उछाह, आनन्द, गुन गन धन पूरित देह।।
सो सब अगले गुनन सो साँचहुँ सूनो आज।
ताहि निरखि कब मन हरखि साकिहौ हे युवराज।।
सबै बिदेसी बस्तु नर गति रति रीति लखात।
भारतीयता कुछ न अब भारत में दरसात।।
मनुज भारती देखि कोउ सकत नहीं पहिचान।
मुसुल्मान, हिन्दू किधौं, कै हैं ये क्रिस्तान।।
पढ़ि विद्या परदेश की बुद्धि बिदेशी पाय।
चाल चलन परदेश की गई इन्हें अति भाय।।
ठटे विदेशी ठाट सब, बनयो देस बिदेस।
सपनेहू जिनमें न कहुँ भारतीयता लेस।।
यदपि तिहारो राज इत सुभ सिच्छा को द्वार।
खोल्यो देन प्रजान हित विद्या बिबिध प्रकार।।
पेट काज पै ये सिखे बस अँगरेजी एक।
अँगरेजी मति गति लई तजि संस्कृत विवेक।।
बोलि सकत हिन्दी नहीं अब मिलि हिन्दू लोग।
अँगरेजी भाखत करत अँगरेजी उपभोग।।
अँगरेजी वाहन, बसन, वेष, रीति और नीति।
अँगरेज रुचि, गृह, सकल वस्तु देस विपरीत।।
हिन्दुस्तानी नाम सुनि अब ये सकुचि लजात।
भारतीय सब वस्तु ही सों ये हाय घिनात।।
देस नगर बानक बनो सब अँगरेजी चाल।
हाटन में देखहु भरो बस अँगरेजी माल।।
तासों भारत में कहा भारतीयता सेस।
जो इत, सो सब आप नित हे देखत निज देस।।

पै अँगरेजी राज संग सब अँगरेज़ी साज।
वृद्धि देखि तुव हरख को हेतु एक युवराज॥
परम कठिनता इक परी है याहू के माँहि।
अँगरेजी गुन गन्ध नहि प्रविसी इन हिय माँहि॥
ऊपर सो भारत सकल पलटि रूप प्राचीन।
मनहुँ विलायत को बनो बच्चा एक नवीन॥
पै नहिं वाकी प्रजा सम इन्हें मिल्यो अधिकार।
जासों विविध प्रकार को इनमें बढ़ो विकार॥
पिता मही तुव दै चुकी बचन देन हित तासु।
दुर्भागनि पायो न इन अब लौं लाये आसु॥
पैहें पिता प्रसाद तुव जब वह ये युवराज।
सजिहें भारत पर तबहिं यह अँगरेजी साज॥
जो आये भारत लखन तुम करि इतो प्रयास।
तौ विशेष फल की नहीं सम्भव पूरनि आस॥
अरु साँची निज प्रजन की दशा देखिबे काज।
जो आये सहि कष्ट तुम इतो इतै युवराज॥
तौ निरखहु निज नैन सों अन्तर दशा सुजान।
नहिं ऊपर की चमक लखि भूलौ कै सुनि कान॥
यों कृत कारज होहुगे निश्चय हे युवराज।
सहजहि समुझि सुधारि हौ भारत को शुभ साज॥
कीरति निज निजवंश निज राज थापिहौ आप।
भारत भूमी पर अटल उज्ज्वल बृटिश प्रताप॥
यदपि चाल सब भारती पलटि भये छबि छीन।
तौहूँ इनमें बचि रह्यो इक गुन अति प्राचीन॥
राजभक्ति इन में रही जैसी अकथ अनूप।
वैसीही तुम आजहूँ पैहौ पूरब रूप॥
भारतपति सुत पत्नि संग भारत निरखन काज।
आयो सुनि भारत प्रजा को हिय हरखित आज॥

करत सक्ति अनुरूप जो उत्सव बिबिध प्रकार।
सो नहिं तुमरे जोग यह निश्चय राजकुमार।।
बाहर इनकी दसा दरसात मनोहर पीन।
पर जो भीतर देखिये सबही बिधि सों हीन।।
रोग सोग दुष्काल सों आरत भारत आज।
सकत कहा सत्कार करि ये तुमरो युवराज।।
पर जौ इनके हृदय में पैठि लखहु धरि ध्यान।
अमल प्रेम उत्साह तहँ पैहौ बिन परिमान।।
सबै गुनन के पुञ्ज नर भरे सकल जग माहिं।
राजभक्त भारत सरिस और ठौर कहुँ नाहिं।।
लहि तिन दीन प्रजान को अमल प्रेम उपहार।
तदपि तुच्छ तौ हूं अधिक गुनियै हरखि कुमार।।
अरु अलभ्य अनमोल गुनि लेहु प्रजा आसीस।
युवरानी संग सुख सहित जियहु असंख्य बरीस।।
राज दुलारी! लाड़िली! युवरानी! गुन खानि।
अचल सुहाग रहै सदा तेरो जग सुख दानि।।
जुग जुग जीवहु यह जुगल जोरी लहि आनन्द।
पुत्र पतोहू पौत्र संग हीन सकल दुख द्वन्द।।
तेरे अरि हेरे न कहुँ मिलें जगत के माहिं।
राज तिहारे बीच दुख प्रजा अनीति हेराहिं।।
बिना बिघ्न भारत भ्रमन करि पहुँचहु निज देस।
भारतेश सो कहहु यह भारत को सन्देस।।
माँग्यो बारम्बार जो वह शुभ अवसर जानि।
माँगत सोई आप सों फेरि जोरि जुग पानि।।

रोला

चहत न हम कछु और दया चाहत इतनी बस।
छूटें दुख हमरे, बाढ़ै जासों तुमरो जस।।

भारत को धन, अन्न और उद्यम व्यापारहिं।
रच्छहु, बृद्धि करहु साँचे उन्नति आधारहिं।।
बरन भेद, मत भेद, न्याय को भेद मिटावहु।
पच्छपात, अन्याय बचे जे तिनहिं निवारहु।।
पूरन मानव आयु लहो तुम भारत भागनि।
पूरन भारतीन की करत सकल सुख साधनि।।

बरवै

या हित तुम कहँ पुनि यह देहिं असीस।
करै कुँवर तिहि साँची श्री जगदीस।।

सवैया

प्रजा सुखी तेरी रहै लहि वृद्धि समृद्धि बढ़ै सँग राज दराज।
सुकीरति छाय रहै छिति छोर, परै तुव बैरिन के सिर गाज।।
प्रताप अखण्ड रहै 'घनप्रेम' सुनीति परायन मन्त्रि समाज।
सवाँरत भारत को सुभ साज जियो सदा भारत के युवराज।।

योंही और भी

हरिगीती

सब द्वीप की विद्या, कला, विज्ञान, इति चलि आवई।
उद्यम निरत आरज प्रजा, रहि सुख समृद्धि बढ़ावई।।
दुष्काल, रोग अनीति नसि, सद्धर्म उन्नति पावई।
भट, बिबुध, अन्न सुरत्न भारत भूमि नित उपजावई।।

उपाध्याय पं० बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'
(सभापति तृतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन)

सौभाग्य-समागम

समाट् जार्ज पाँच के भारत आगमन पर यह कविता लिखी गई थी। कवि परम्परा के अनुसार जार्ज पाँच से भी भारत की दशा में सुधार की प्रार्थना करता है, तथा उनको देश का सच्चा हितैषी शासक सिद्ध करने की प्रार्थना करता है।

"निज नयनन निज प्रजा की साँची दशा निहार" ने को कवि प्रार्थना करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है :—

"सब द्वीप की विद्या, कला, विज्ञान, इति चलि आवई।"

सं० १९६९

सौभाग्य-समागम

अथवा

भारत सम्राट सम्मिलन

श्री पंचम जार्ज के दिल्ली में साम्राज्याभिषेक पर बधाई और स्वागत सम्बन्धी कविता

दोहा

श्री जगदीश दया दियो यह शुभ अवसर आज।
आनन्दित आरज प्रजा लखि तुहि भारतराज॥

भूलि आधि अरु व्याधि दुख तथा अनेक उपाधि।
निज अभिनव भूपति रही उल्लासित आराधि॥

अगिले दिन जहँ के मनुज निज नृप दरसन पाय।
करत निछावरि प्रान धन साचहुँ हिय हरषाय॥

सुनि आगमन स्वदेश में विविध मङ्गलाचार।
करि अरचत नर नाँह पद सह स्वागत सत्कार॥

पै पिछले दिन इत भई सबै बात बिपरीत।
आवन सुनि सम्राट को होत परम भयभीत॥

निश्चय जानत नास जे मान, प्रान, धन धर्म।
निज रच्छा हित जिन रहत एक पलायन कर्म॥

करि सूनो जनपद भजत हाहाकार मचाय।
"ईस! न आवै नृप इतै, बारहिं बार मनाय॥"

हरिगीती

पै आज इत लखियत अनोखी बात यह अचरज मई।
प्रचरत पुरानी फेरिहूं सो होय परिपाटी नई॥
निज राज सुनि आगमन स्वागत साज साजत मन दई।
पूरब समानहिं आर्य्य जाति प्रजा परम प्रमुदित भई॥

दोहा

नगर नगर घर घर हिये नर नर के चहुँ ओर।
भारत में आनँद उदधि उमड़्यौ आज अथोर॥
कैसे इनके हरष की सीमा आज लखाय।
भारतीय कैसे सकहिं कृतज्ञता बिसराय॥
सह्यो कई सत बरस जिन दुसह दुखन की पीर।
नहिं रच्छा नहिं न्याय तहँ बसि बहु भये अधीर॥
लहि अँगरेजी राजको ते सुनीति सञ्चार।
समुझे विपति समुद्र सों तरिकै पावत पार॥
महरानी विक्टोरिया पिता मही तुव नाथ।
पाल्यो सुत सम बहु दिवस जिन्हें दया के साथ॥
जो कुछ उन्नति इत भई परति लखाई आज।
सो सब तिनके राज में हे नव भारत राज॥
नृप सप्तम एडवर्ड तुव पिता अधिक अधिकार।
दै तिन कहँ प्रमुदित कियो बनि करुना आगार॥
यों उपकृत तुव वंश सों भारत प्रजा समाज।
जौ तुम पैं बलि जाय नहिं तौ अचरज महराज॥

हरिगीती

ऐसो नृपति जौ मिलै धरम धुरीन उपकारी महा।
अन्याय पूरित देस को दुख दुसह सों जो भर रहा॥

वाके निवासी नर जो तापैं प्रान धन वारन चहा।
तौ लखहुँ नेक विचारि यामैं बात अचरज की कहा।।

दोहा

यदपि बिबिध सुख ये लहैं या अँगरेजी राज।
पै इनके हिय इक रह्यो दुसह सोच को साज।।
निज नृप दरसन देस में परम असम्भव मानि।
रहि निरास तिहि सों रहे जानि परम निज हानि।।
निज नैनन निज प्रजा की साँची दसा निहारि।
हरि दुख के कारन सकै जो सुख साज सवाँरि।।
कबहुँ नहीं ते लखि सके निज परिपालक भूप।
जिन मुख दरसन कै लहैं अति आनन्द अनूप।।
किहि सों निज दुख सुख कहैं को तिनकी सुधि लेय।
सात समुद्र के पार बसि नृप किमि धीरज देय।।
हैं मानत निज भूप कहँ जे देवता समान।
नृप दरसन अति पुन्यप्रद गुनत आर्य्य सन्तान।।
तासों अब लौं ये रहे या सुख सों अति हीन।
जाके बिन सब सखहु लहि रहे निपट बन दीन।।
उभय बार युवराज के दरसन सों मन साध।
कछुक पुजायो इन मगन है सुख सिन्धु अगाध।।
यही एक दिन होहिंगे भारत के भूपाल।
आरत दसा निवारिहैं तब ह्वै अवसि कृपाल।।
यों भावी आनन्द सों उत्साहित ये होय।
कियो सुभग स्वागत सदा बहु सुख साज संजोय।।
जाहि आप स्वयमेव प्रभु! आय इतै लखि लीन।
साँचे मन स्वीकार करि निज सम्मति अस दीन।।
"सहानुभूति विशेष संग भारत सासन जोग।"
श्री मुख बच सो मन्त्र सम सुमिरत नित हम लोग।।

लौटि इतै सों आप जिहि कहे देस निज जाय।
सफल होन हित सो दिवस दियो ईस दिखराय॥
तासु राज अभिषेक हित जौ आये तुम आज।
बड़भागी भारत भयो अवसि अहो महाराज॥

बरवै

भारत भारत भूपति नव संयोग।
टारन दुख दल कारन सब सब सुख भोग॥

दोहा

स्वागत महरानी सहित तुम हित भारत भूप।
बड़े भाग सों पाइयत ऐसे अतिथि अनूप॥
तव उदारता कुलागत दयालुता की बानि।
न्याय निपुनता धीरता गुनि नृप गुन गन खानि॥
पलक पाँवड़े आप हित जो पैं देहिं बिछाय।
लोचन जल पद युगल तुव धोवें हिय हरषाय॥
सब कछु वारें आप के ऊपर तौहूँ थोर।
लखि तुव गुरुजन राज कृत गुरु उपकारनि ओर॥

हरिगीती

प्रथमहु सबै सुभ समय पर भारत प्रजा हरखाय कै।
निज राज भक्ति दिखाय दीनि यदपि जगत लजाय कै॥
इहि बार पंचम जार्ज ! पै आदर्श नृप तुहिं पाय कै।
सब आस पूजी गुनि रहीं उत्साह अति दिखराय कै॥

तोटक

घर ही घर मंगल मोद मच्यो।
सबही जनु ब्याह विधान रच्यो॥

सबही उर आज उछाह महा।
सबही अति आनन्द लाहु लहा॥

दोहा

नहिं ऐसी सोभा कबहुँ नहिं ऐसो उत्साह।
लखि पायो कोऊ इतै हे भारत नरनाह॥
बैठहु दिल्ली राज सिंहासन पर तुम जाय।
सकल यवन सम्राट गन की सुधि सबहि भुलाय॥
इन्द्र प्रस्थ रह्यो कबहुँ जहं बसि कै साहंकार।
जग नगरन करि तुच्छ सब सुख सम्पत्ति आगार॥
अलका अरु अमरावती जिहि लखि सकुचि सिहाति।
कुरुख लखत जिहि देवतहु की हिम्मति हहराति॥
राजसूय जहँ पर प्रथम कियो युधिष्ठिर साजि।
भारत जाके निकटहीं किये बीर बहु गाजि॥
बिबिध बंश छत्री किये जहाँ राज-बहु काल।
जाके निकटहिं अन्त अनंगपाल भूपाल॥
करि किल्ली ढिल्ली दियो डिल्ली नगर बसाय।
पृथ्वीराज को जहँ महल टूट्यो अजहुँ लखाय॥
हाय! कुटिल जयचन्द्र जिहि नास्यो यवननि टेरि।
जिन बहु नामन सां नगर तोरि बसायो फेरि॥
जिन महम्मद गोरी तथा तुगलक अरु तैमूर।
नादिर अरु चंगेज अहमद नास्यो करि चूर॥
मार काट जित मचीही रही कई सत साल।
लूट पाट अन्याय सों भई प्रजा बेहाल॥
स्रोनित सरिता जहँ बही बार अनेक महान।
ललित भूमि जाकी अजहुँ करत जासु गुनगान॥
चहुँ ओरन खंडहर कई योजन जितै लखाहिं।
जनु पूरब उत्पात के दुसह दृश्य दरसाहिं॥

जो दिल्ली तुम लखहु सो विरचित शाहजहान।
सहि सौ २ साँसति सोऊ रही होत हतमान॥
राजधानि जो हिन्द की रही हजारन साल।
जाके हिय नित विहरतहिं रहे बिबिध भूपाल॥
लुटी पटी बहु बार जो उजरी बसी बिलाय।
बहु अन्यायी भूप जित किये अमित अन्याय॥
सो उजारि नगरी बसी देहली नाम धराय।
राजधानि पदहीन अति दीन बनी बिन राय॥
राजमहल बहु खोय जित बन्यो दुर्ग मनहूस।
कोहनूर जामें न अब नहीं तखत ताऊस॥
जो अंगरेजी राज लहि डिलही बनी सोहाति।
दिन प्रति दिन जाकी छटा निखरत ही सी जाति॥
तऊ सोच सालत हिये जाके बलम वियोग।
रह्यो, सोऊ श्रीमान् को लहि संयोग सुभ योग॥
मन भायो पिय पाय सो फूले अंग न समाय।
चिर दिन की खोई प्रभा पाय रही मुसुक्याय॥
राज तिलक बहु नृपन के भये जहाँ बहु बार।
कबहुँ न पै ऐसी सजी करि दिल्ली सिंगार॥
कोहनूर लखि आप के राजमुकुट पर आज।
समुझत निज सौभाग्य को फेरि मिलन महराज॥
नव भारत दिल्ली नई नयो सज्यो सब साज।
नयी भाँति अभिषेक तुव हे नव भारत राज॥
नकल भई द्वै बार जहँ लहन राज अधिकार।
असल राज अभिषेक तुव भारत में इहि बार॥
साँचहुँ सब सामन्त सों ह्वै तुम वन्दित आज।
साँचे भारत राज राजेस बनहु महराज॥
सुखी करहु निज भारती प्रजा सकल दुख टारि।
बरन भेद मत भेद अरु न्याय बिभेद निवारि॥

राजभक्त भारत प्रजा की लीजै आसीस।
सपरिवार सुख के सहित जियहु असंख्य बरीस॥
पितामहो जिन पिताहू सों जस अधिक पसारि।
हरहु सकल परजान मन तिन सुख साज सँवारि॥
मेरी महरानी अरी मेरी! गुन गन खानि।
अचल सोहाग रहै सदा तेरो जग सुख दानि॥
तेरे अरि हेरे न कहुँ मिलै जगत के माहिं।
राज तिहारे बीच दुख प्रजा अनीति हेराहिं॥
मंगल भारत राज सँग मङ्गल भारत राज।
मङ्गलार्य्य भारत प्रजा करै ईस सुभ साज॥

हरिगीती

राजत तिहारे राज पञ्चम जार्ज सब दुख दल टरै।
नित नवल भारत भूमि आर्य्य प्रजान हित सुभ फल फरै॥
जगदीस बनिकै प्रेमघन बरसै दया सुख सर भरै।
मेरी महारानी सहित तेरी सदा रच्छा करै॥

और भी

सब दीप की विद्या, कला, विज्ञान इत चलि आवई।
उद्यम निरत आरज प्रजा रहि सुख समृद्धि बढ़ावई॥
दुषकाल, रोग, अनीति नसि, सद्धर्म उन्नति पावई।
भट, विबुध, अन्न, सुच्छन्द भारत भूमि नित उपजावई॥

साहित्य-महारथी प्रेमघन जी (६० वर्ष)

मयंक महिमा

यह आपकी अन्तिम रचना है, इसमें खड़ी बोली की प्रतिष्ठा करके कवि ने मानो अपनी लेखनी को विश्राम देना ही सोच रखा था। सुन्दर उपमायें, उच्च-भाव तथा परिमार्जित भाषा की आपकी यह उत्कृष्ट रचना है।

सं० १९७९

मयङ्क महिमा[1]

"बाहरे तेजिये दिल खामये मिश्कीं मेरा।
दफ़अतन कूक उठा रात को बनकर कोयल॥"
माधव राका निसा रसीली, सजी सेज पर सोता था।
जगा जो मैं गोविन्द नाम, श्रोताजन आलस खोता था॥
पर अद्यापि घड़ी दो रजनी, शेष विशेष सुहाती थी।
मंजु मयंक मरीचि मालिका, मिस मानो मुसकाती थी॥
फबती फैल रही थी चारो, ओर चाँदनी मन भाती।
मानो सुधा सुधाकर से ले, कर बसुधा को नहलाती॥
निखर पड़ा सारा जग जिससे, शोभा नई लखाती थी।
वहीं अटक सी जाती थी यह, दीठ जहाँ पर जाती थी॥
सुधा धवलिमा धवलित हो सब, सौध सदन मन भाते थे।
गुथे गृहावलि मध्य राज पथ, सुन्दर स्वच्छ सुहाते थे॥
बनकर नवल दूलहा बन, बाटिका दूलहिन प्रेम भरा।
लगी लगन प्राचीन लगन, आतेही हर्षित हुआ हरा॥
सूहा जामा पल्लव नवल, मधूक पुंज से वह सोहा।
जोड़ा मुकुल मंजरी सुरंग, समुद्र फलों ने मन मोहा॥
ललित प्रफुल्लित किंसुक जाल, पाग पर मौर मनोहर था।
अमिलतास कुसुमावलि मानो, पुष्प राग मणि निर्मित सा॥

१. इस कविता को प्रेमघन जी ने अपने पौत्र श्री विनेश उपाध्याय के बाल्य-काल में चन्द्रमा में कालिमा के ऊपर पूछे प्रश्न के ऊपर लिखा है और यही आपकी अन्तिम कविता है।

अलंकार गजमुक्ता फल सम, कुसुम कुंआंट लखाते थे।
पन्ने के लटकन से लटके, बृन्त रसाल सुहाते थे॥
शाल मौर चामर बितान सी, तनी मालकाकुनी लता।
बने बराती सभी विटप, अटवी धारे नव सुन्दरता॥
बोल उठा कोकिल नकीब, बज चला शिवारुत का बाजा।
जंगल ने मंगल का मानो, सबी साज सचमुच साजा॥
उमड़े उदधि उतंग तरंगिन, शोभा में अब तक डूबा।
चंचल चला छोड़ मलयाचल, इधर दक्षिणानिल ऊबा॥
बात बात में सब थल को, शोभा निहारता कानन में।
पहुँचा वह बर बाजि बना, संचलन मचाता तरु गन में॥
शोभा बढ़ी अधिक ऐसी, कुछ जिसका वारापार न था।
बस्तु न थी कोई ऐसी, जिस पर छाया सिंगार न था॥
लगा सोचने मैं सब इन्हीं, बस्तुओं को देखता सदा।
रहता हूँ पर कभी न पाई, इनपर ऐसी खिली प्रभा॥
कारन इसका क्या है मेरे, नहीं समझ में आता है।
कुछ न समझता था जिसको, वह भी अतिशय मन आता है॥
पड़ी निशाकर पर जब आकर, अचाँचक आँखै मेरी।
माना मन ने शमन हुईं, शंकायें जो थीं बहुतेरी॥
यह मयंक महिमा है जिसने, सब जग रम्य मनाया है।
शोभा कर वह औरों को, शोभा देकर अति भाया है॥
चतुर चकोर चारु लोचन कर, अचल देखता चाह भरे।
उसे उच्चतर प्रेम दिखाता, भाता धीरज धीर धरे॥
निज प्रिय मुख मण्डल मधूरिमा, मंजु अमीरस पीता है।
औरों पर नहिं आँख उठाता, देख उसी को जीता है॥
परम अनूपम प्रेम पात्र भी, पाया है उसने ऐसा।
इस विरंचि रचना विशाल में, और नहीं कोई जैसा॥
वाह वाह क्या सुखमा है जो, कहने में नहिं आती है।
ज्यों २ उसे देखिये त्यों त्यों, नई छटा छहराती है॥

मेचक चिकुर पुंज रजनी के, मध्य मंजु मन भाता है।
रमा रुचिर बिधु बदन चाँदनी, मिस मानो मुसकाता है।।
जिसका चारु चकोर चक्रधर, चकित लालची लोचन से।
निहारता हारता सदा मन, रहता है भोलेपन से।।
अथवा गगन सरोवर नील, सलिल पूरित पर फूला है।
सित सहस्र दल अमल कमल, बनकर मन मधुकर भूला है।।
जिसकी केसर सरस कौमदी, जग कमनीय बनाती है।
शुभ सुगन्ध सम्मिलित सुधा, मकरन्द बिन्दु बरसाती है।।
वा यह अम्बर उदधि बीच, उतराया क्या मन भाया है।
उज्वल उपल महान खंड, मंडलाकार छबि छाया है।।
तिमिर मत्त मातङ्ग मारकर, सिंह उसी पर बैठा है।
मरीचिमाला सटा छटा, छहराता गर्वित ऐंठा है।।
अथवा क्या आकाश माठ में, मथित हुआ उतराया है।
मंजुल मक्खन पिण्ड स्वच्छ, सब के मन को ललचाया है।।
प्रकृति देवि छबि दर्शक दर्पण, गोल अलौकिक भारी है।
वा यह पूरित प्रभा दिखाता, भाता जगती सारी है।।
रमना रम्य व्योम उद्यान बीच, वा विकसित भाया है।
सुन्दर सूर्य्यमुखी कमनीय, कुसुम का यह रंग ल्याया है।।
अथवा आदि अखंड पिण्ड, ब्रह्माण्ड मनोहर दिखलाता।
फिर भी है जगदीश आज, निज माया महिमा प्रगटाता।।
वा यह थाल रजत मन्मथ, महीप का जिला कराया है।
रस शृंगार सार जिसमें भर, जग को सरस बनाया है।।
वा कलधौत कलश पूरित, पीयूष धरा सा भाता है।
वा भारत हृदयेश सुयश, सम्पुट नभ पहुँच सुहाता है।।
अथवा किसी देव शिशु ने, क्या गोली गुड़ी उड़ाई है।
प्रभामई जिसने जगदीठ, खींच कर पास बुलाई है।।
अम्बर मानसरोवर में वा, राजहंस यह चरता है।
तारावली सकल मुक्ता चुग, जिसका पेट न भरता है।।

वा चतुरानन कुम्भकार का, चलता चक्र सुहाता है।
भव्य भाण्ड प्राणी समूह जो, सदा बनाता जाता है॥
पांचजन्य वा हृषीकेश का, मध्य सुदर्शन सोहा है।
भरा प्रभा वा क्या कमनीय, कौस्तुभ ने मन मोहा है॥
शची देबि सिर सीस फूल सा, कैसा चित्त चुराता है।
आतपत्र वा नृपति पुरन्दर, श्वेत प्रभा प्रगटाता है॥
दीन भारती प्रजा जिन्हे वा, नहि कर्त्तव्य सुझाता है।
दुसह शोक उच्छ्वास उनका बन, उड़ा गुबारा जाता है॥
विद्युदीपावरण प्रभा पूरित, क्या सोहा सुन्दर है।
टंगा उसी बिवाह सम्बन्धी, मजलिस के क्या अन्दर है॥
उसी समय हूँ हूँ हूँ हूँ धुनि, अरुण शिखा की मैं सुनकर।
लगा सोचने मन ही मन मैं, चौकन्ना हो विशेष तर॥
क्या सचमुच बिवाह का, साज सजा है इस फुलवारी में।
इधर अग्नि क्रीड़ा होती है, क्या दिसि प्राची प्यारी में॥
उठा अंक पर्य्यंक त्याग कर, तुरन्त मैं तब चकराया।
उतर उच्च अट्टालिका के ऊपर से, जब नीचे आया॥
सटे सदन के सहन से सजे ग्रीष्म भवन से मैं होकर।
ज्योंहीं पहुँचा जाकर मिले सरोवर तट सुन्दर थल पर॥
मध्यवर्ति रमणीय रविश पर आसन सुखद बिछा पाया।
बैठ गया मैं जाकर उस पर जो था अति मन को भाया॥
बनी ठनी बाटिका बनी की बनक जहाँ से दिखलाती।
शोभा सरिता उमड़ी लहराती थी मन को नहलाती॥
सोही सूही सुरंग चूनरी पहिन मोनियाँ बेली की।
गोल मुहर की चादर चारु बढ़ाती प्रभा नवेली की॥
कुसुम सावनी की कंचुकी गुलाबी शोभा देती थी।
स्वर्णलता स्वर्णालंकार सजाये मनहर लेती थी॥
था थल कमल अमल प्रफ्फुल आनन अनूप शोभाकर सा।
हंसराज अलकावलि मानो नर्गिस नैन मैन सरसा॥

पद्मराग मणि कर्णफूल करबीर कुसुम छबि भाता था।
सुमन समूह माधवी हीरे का लच्छा बन भाता था॥
बना मोतिया मोती माला हिय पर हिय हर लेती थी।
चम्पाकली कली चम्पा मिल कुच श्रीफल छबि देती थी॥
लाल लाल के लटकन से गुल अनार थे मन हर लेते।
जपा कुसुम के झब्बे चारो ओर झूलते छबि देते॥
कलित कांची बेगम बेइलिया की ललित मनोहर थी।
चारु चाँदनी कुसमावलि की पायल सजती सुन्दर थी॥
किस २ अंग परिच्छद अलंकार की शोभा जाय कही।
जिधर दीठ यह पड़ी अड़ी मोहित होकर बस वहीं रही॥
शुभ सिंगार सुसज्जित देख दूलहिन की शोभा प्यारी।
बनी ठनी सब गईं संग की सहेलियाँ उस पर बारी॥
सरस राग सच्चे सुर साधे गीत ब्याह के गाती थीं।
बनी प्रेम मदमाती निज गुन रूप गर्व प्रगटाती थीं॥
बनरा सेहरा सुना सहाना मन में मोद मचाती थीं।
बर बिहगावलि बोल व्याज से बहु विनोद बगराती थीं॥
चारो ओर मंगलाचार मचा सचमुच था मन भाता।
साज बाज सब विवाह का सा जिधर देखता मैं पाता॥
चतुष्कोण प्राकार मध्यवर्ती उचित स्थल पर सोहे।
नव दल फल फूले फूलों से दबकर द्रुमदल मन मोहे॥
लेते थे, मानो है लगी कनात हरी उनकी अवली।
चारु चमत्कृत चमन की अवनि जिसके बीचो बीच भली॥
लीची औ सहकार पनस बन फर्शी झाड़ सुहाते थे।
लाल हरे पीले फल कवल कुमकुमे कमल दिखाते थे॥
कदली पत्र लिये पंखा था घौर बनाये चामर था।
दास पपीता आतपत्र ले खड़ा देखता सुन्दर था॥
चोबदार बाअदब खड़े से सर्व कतार सुहाती थी।
द्विजअवली की बोल व्याज से उचितादेस सुनाती थी॥

लतिका कुंज द्वार पर परदे परे सुमन गुच्छावलि के।
जिसके भीतर जाने को थे वृन्द अनेक अड़े अलि के॥
सजी सजाई सी मजलिस थी शोभा अपनी दरसाती।
जिसे देखते ही बनता था कहने में थी कब आती॥
ऊपर अम्बर का दल बादल नीला तना सुहाता था।
लगा चोब सागू औ नारिकेलि तरु दल मन भाता था॥
हरी दूब कालीन मखमली बिछी मनो मन हर लेती।
बने बेल बूटे से गुल फिरंग की क्यारी छबि देती॥
साज मजलिसी पान दान आदिक सब थे मीनाकारी।
किये काम के औ गंगा-यमुनी सुन्दर शोभाधारी॥
अति विचित्र दल फूले फूलों के गमले थे बने हुए।
रक्खे क्रोटन और केलियस आदि लगे छबि छने हुए॥
रत्न जटित पत्रों के से जो मन को मोहे लेते थे।
शहन शिस्त वेदिका मनोहर के आगे छबि देते थे॥
जिसके चारो ओर सभासद विराजते थे बने ठने।
मानो वस्त्र विभूषण भूषित रूप गर्व के रूप बने॥
विविध जाति औ भाँति के लगे आल बाल लघु तरु सोहे।
रंग बिरंगी फूल खिलाये लेते थे मन को मोहे॥
शीतल मन्द मलय मारुत चल मानो व्यजन डुलाता था।
फैलाता सुगंध की लहर मन की कली खिलाता था॥
धूप धूम पराग उड़ता हुआ हृदय हरसाता था।
विषद विनोद बाढ़ ल्याता मकरन्द विन्दु बरसाता था॥
बंधा सनाका सुर का था संग मिला ताल का प्यारा था।
भरे राग अनुराग रागिनी लय अलाप ढंग न्यारा था॥
सातों सुर संग तीन ग्राम इक्कीस मूर्छनायें जो हैं।
सहज सरसता उनकी सुनकर गन्धर्वों के मन मोहें॥
सुहावनी सारंगी मानो स्यामा सरस बजाती थी।
दामा अति आनन्द बढ़ाती हुई सरोद सुनाती थी॥

सुर सिंगार सिंगार सुरों का करके मंजु बजाता था।
हरित हरेवा हरता सा मन मानो मोद मचाता था॥
तेंवर कोमल आरोही इमरोही सुर सिखलाता था।
गिन गिन अगिन मोहता मन मानो इसराज बजाता था॥
जल तरंग था बया बजाता दहियर रहा सितार बजा।
मानो द्रुत गति बोल विलम्पत मीड़ ज़मज़मो सहित सजा॥
पवई हारमोनियम बुलबुल रबाब का रस लाता था।
सब का गुरु बन भृङ्गराज बैठा बाँसुरी बजाता था॥
पियरोला मृदंग की परन सुनाता रस बरसाता था।
संग २ मुहचंग बजाता फिद्दा रंग जमाता था॥
मुदित भुजंगी मंजु मजीरे की टुनकार सुनाती थी।
सब का मेल मिलाती सब को एक रंग में ल्याती थी॥
टप्पा मैना गाती क्या रस भरी गिटगिरी लेती थी।
शोरी का दम भरती सब को मनो मुग्ध कर देती थी॥
तोड़ नाच नाच कर मुनिञ्या गति की गति दिखलाती थी।
हाव भाव जिस्के लखकर मन में मेनका लजाती थी॥
शुक था साधुवाद करता मन हरा हुआ सा हरा हुआ।
कराहता था कपोत प्रेमी राग राग से भरा हुआ॥
हो उन्मत्त घूमता लक्का था वक्षस्थल ऊँचा कर।
तान तीर से विंध कर लोटन लोट रहा था भूमी पर॥
उत्सव समारोह संगीत सहित सब साजों से सोहा।
सबी थलों पर जिसे देखते ही जाता था मन मोहा॥
कहीं कलावंत कोकिल खयाल पंचम सुर में गाता था।
तान तरह तरह की लेता सदारंग बन जाता था॥
कहीं लता मन्दिर सुन्दर में बैठा बीन बजाता था।
लाल सारदा नारद की सी रंगत गत में लाता था॥
किसी कुंज में मंजु तराना तूती परी सुनाती थी।
छिपी अलग अलबेली बन मानो बायला बजाती थी॥

खड़काता था चंग कहीं चंडूल लावनी सा गाता।
सुनता था चुपचाप चतुर चातक मयूर सा चकराता।।
गाती थी फिरकी फुदकी कृष्ण औ श्रीरामी मिलकर।
कोरस का रस देती वृक्ष पुञ्ज रंगस्थल में सुन्दर।।
कहीं मंडली भांड़ों की अपना ही रंग जमाये थी।
रूपक सह संगीत हास रस के सब साज सजाये थी।।
ढोटा धौरा सुढंग नाचता बाँकी ठुमरी गाता था।
सनद सनद की लिए कद्र की मानो कद्र कराता था।।
भाव रस भरे करता लोचन चंचल चारु घुमा करके।
सुन्दर ग्रीव सिकोड़ मरोड़ सिकुड़ इठलाता मन हरके।।
देते थे करताल साथ सुर भरते थे पीछे जिसके।
नील ग्रीव चटक पिण्डुक चर दारुविदारक जो तिसके।।
बने विदूषक तीतर धनुष बटेर छेम कर खूसट थे।
बक बत्तक महोख टिट्टिभ उल्लूक हँसाते चटपट थे।।
इतने ही में काले सूट पहिनने वालों का आया।
काकावलि का स्वाँग कि जिसने महा हास रस बरसाया।।
कोलाहल बहु बढ़ा कि जिसका कुछ भी वारा पार नहीं।
हँसते हँसते लोट पोट हो गये रहे जो लोग जहीं।।
इधर देखिये तो महफिल में नई छटा छहराती थी।
जैसे कोई सुन्दरी युवती होकर चित्त चुराती थी।।
था मुजरा हो चुका कभी कल्यान, कान्हरा, बिहाग का।
परज कलिंगरा भैरव माल कौस आदिक सब सुराग का।।
जश्न भैरवी का आरम्भ हुआ था अब सब साज सजा।
ठाट बाट से देता था अपने जो इन्द्र समाज लजा।।
जिससे सब संगीत अंग इक रंग सुहाते थे भाते।
रंग स्थल में मङ्गलमय आनन्द सिन्धु से लहराते।।
रंग बिरंगी चारु चमत्कृत रुचिर तितिलियों की अवली।
सज्जित विचित्र सुन्दरी परी पंक्ति सी थी नाचती भली।।

संग संग ही भृङ्गी भी गुंजार मचाती जाती थी।
नर किन्नर गन्धर्व मात्र का गुज्जन गर्व गिराती थी॥
चित्र लिखित सा दर्शक दल तन्मय सा हुआ दिखाता।
अनुभव कर आनन्द ब्रह्म अपने में आप समाता॥
चहल पहल कलरव कोलाहल सुनकर चित ललचाया सा।
सब को बेसुध जान हुआ आनन्द मग्न मन भाया सा॥
धन्य सुअवसर जान क्रूरमति कूटनीति का अनुगामी।
पहुँचा लेकर सैन सुसज्जित संग सेन भट संग्रामी॥
लगा अमित उत्पात मचाने द्विज दल को दलने मलने।
निर्बल जान कर चंगुल में कस उर विदार शोणित चखने॥
सेना जो बहरी जुर्रे शिकरे सैनिक मिल टूट पड़े।
डपट डपट कर दीन खगों को निपट निडर निर्दयी बड़े॥
पकड़ मारने नोच नोच कर लगे चाभने चाव भरे।
देख दुर्दशा यह विहंग संकुल व्याकुल हो उठे डरे॥
बेचारे बहुतेरे दब छुप गये शेष उड़ भाग चले।
चिल्लाते निज प्रान बचाते हुए वहाँ भय देख टले॥
चला वेग से अनिल वहाँ से ऊब अनीति न देख सका।
कंपित हुआ सदय तरु का दल हिला हिला कर कर दल का॥
उठकर मैं भी चला वहाँ से सीधे रमने में आया।
देखा तो सब ओर अनोखा फीकापन फैला पाया॥
अस्ताचल चूड़ा अवलम्बित मरीचि माली मंडल की।
मन्द मनोहरता हो गई प्रकाशित प्रभा हुई हलकी॥
लगा दिखाई देने जिससे स्वच्छ स्वरूप सहज ससि का।
जैसे गोले उज्वल कागज़ पर हो पड़ा दाग मसि का॥
लगा सोचने मन में मैं यह विधि विचित्रता कैसी है।
"तले दिया के अंधकार" की सुनी कहावत जैसी है॥
इस प्रकार आकर के भीतर तिमिर अंश कैसे आया।
सुन्दर सुमन गुलाब कंटकों में ज्यों विधि ने विकसाया॥

नहीं समझ में आता है फिर लगी कालिमा कैसी है।
जिसके जी में आता जो वह बकता बातें वैसी है।।
कोई कहता है मयंक जब निकला सागर मन्थन से।
लगी कीच जो थी छूटी वह नहीं अभी उसके तन से।।
कोई कहता है "शशांक, शश को ले गोद खिलाता है।
सुन्दर जिसका रूप दिखाता, अतिशय मन को भाता है।।
कोई कहता जुता हुआ मृग, विधु रथ में शोभाशाली।
की है दिखलाती परछाहीं, पड़ी हुई उसमें काली।।
कोई कहता क्रुद्धित होकर, मुनि ने मारा मृगछाला।
पड़ा चन्द्रमा बदन आज लौं, चिन्ह उसी का यह काला।।
कोई कहता है मुनि पत्नी से, कलंक है उसे लगा।
मान प्रिया सम्बन्ध वस्तु, यह हिय में उसको समझ ठगा।।
नव अंग्रेजी के विद्वान् आर्य्य सन्तान बताते हैं।
हम पढ़ कर विज्ञान जान कर सत्य तुम्हें समझाते हैं।।
दूरवीक्षण यंत्र देखने का नक्षत्र बड़ा कोई।
लभ्य यहाँ यदि होता जा सकती सब शंकायें खोई।।
चन्द्र लोक प्रत्यक्ष दिखा देते हम तुमको मित्र अभी।
सुनी सुनाई बातों को तुम सत्य न सकते मान कभी।।
चन्द्र लोक भी इस पृथ्वी के समान ही है हुआ बना।
पृथ्वी सागर बन पर्वत प्राणी समूह से बसा घना।।
वह पर्वत उसका है, जो दिखलाता काला काला है।
उसी यंत्र से कई बार यह मेरा देखा भाला है।।
बहुतेरी अनपढ़ी भारती बुढ़ियायें भोली भाली।
भरी मोद में गोद खिलाती, बालक वहु बधने वाली।।
देखो भय्या उई जोन्हैया, कैसी अच्छी लगती है।
करती अपना काम और को, सीख सिखाती जाती है।।
है कहता कोई अपनी, पृथ्वी की यह परछाईं है।
अथवा पड़ी राह भय की है, उसके हिय में काई है।।

कथन किसी का है, हरि भक्त चन्द के हिय में बसते हैं।
आभा श्याम उन्हीं की है वह, प्रेम जाल में चितते हैं।।
मैं तो कहता हूं तारा का विरह न सोम संभाल सका।
हुआ उसे क्षय रोग कलेजा, झांझर हुआ हताशय का।।
गगन श्यामता पीछे की, जिससे पड़ती दिखलाई है।
ईश कान्ता पति की मानो, प्रगट प्रेम प्रभुताई है।।
अथवा जैसे चन्द्र मौलि के भाल चन्द्र जो बसता है।
अभी लोभ अहि श्याम समूह, सुहाता उसमें बसता है।।

तीसरा खंड

संगीत काव्य

संगीत काव्य

[रचनाकाल : सं० १९३२ से १९७९]

संगीत की भावना का उदय प्रेमघन जी के जीवन काल में बहुत प्रारम्भ से ही हो गया था, कवि स्वयम् संगीतज्ञ था। अपने मधुर भावों को संगीत के अन्तर्गत रखकर प्रेमघन जी ने संगीत की काव्य परम्परा का ही परिचय नहीं दिया वरञ्च सुन्दर सरस पदावलियों द्वारा सूर के मधुर भावों की शैली को सिंचित किया। यदि एक ओर वसंत मकरन्द बिन्दु में कवि के वहम् के दिनों की मतवाली तानें हमें मिलती हैं, तो दूसरी ओर वर्षा बिन्दु में हमें मेघाछन्न अम्बर, तडित के गर्जन तथा मयूरों के नर्तन के चित्र हमें चित्रित दिखाई पड़ते हैं। उर्दू बिन्दु में उर्दू की ग़जलें, रेखता, लावनियां संग्रहीत हैं। आपने उर्दू कविता में भारतीयता का छाप दिया है, हाला और प्याला, आशिक, माशूक तो उर्दू साहित्य में मिलते ही हैं, पर भारतीय रूपकों का समावेश प्रेमघन जी की अपनी देन है।

स्फुट बिन्दु में आपके गीतों का संकलन मात्र ही है जो उपरोक्त श्रेणियों में नहीं संग्रहीत किये गये हैं। स्फुट विचारों के स्फुट गीत इसमें हैं।

राष्ट्रीय चेतना के गीत स्वदेशबिन्दु में संग्रहीत हैं। इसमें कवि की वाणी द्वारा तत्कालीन राष्ट्रीय चेतना के विचारों का चित्र हमें दिखलाई पड़ता है।

संगीत काव्य

शृंगार बिन्दु

भैरव

जय जय जय जयति जगत जोति जनन हारे।।टेक।।
नारद, शारद, महेश, सेस वेद औ गनेश
थाके गुन गान ध्यान मौन मारि धारे।
सच्चित आनन्द रूप माया तुव अति अनूप
किंकर सुर भूप तीन देव चन्द तारे।।

निरमल नित निराकार व्यापक जग निराधार,
सूच्छम आकार पार वार तयों भारे।
बदरी नारायण जू निराकार निरगुन तू—
सर्व्व शक्ति सहित इष्ट देवता हमारे।।१।।

नेक देहु इतै चितै यार प्रान प्यारे ।।टेक।।
मोहत मुरली बजाय मन्द मधुर मुसकुराय,
आय धाय लागो गर नन्द के दुलारे।
बद्री नारायन सन न्यारे जनि होवहु छन
मन में बसिऐ सु आय मोर मुकुट वारे।।२।।

नैन मैन बान जान कान लौं निहारे,
भौंह की कमान तान२ प्रान मारे।।टेक।।
चंचल चहु ओर कोर, ताकत टुक जासु ओर,
बरबस बेबस बनावते ये मतवारे।।३।।

ललित भैरव

भाजत रंग डार डार, ए ही जसुमति कुमार,
देखी इत ठाढ़ी वृषभानु की लली ।।टेक।।
गावत गाली बनाय, मीठी मुरली बजाय,
रोकत धर बामन बन कुंज की गली।
देखत नहिं तुमरी ओर—राधे भाजौ किशोर !
बद्रीनारायन लहि घात या भली ।।४।।

फूले बन लाल लाल टेसू बौरे रसाल,
चटकत चहु ओर सो गुलाब की कली ।।टेक।।
बद्री नारायन कवि देखिये अपूरव छवि
भौर भीर अभिरीं कल कुंज की गली ।।५।।

विनवत हूँ वार वार ए रे चित चोर यार !
नेह को लगाय कहाँ जाय है छली ।।टेक।।
बद्री नारायण जू हाय ना विलोकै जू—
मद मनोज भीनी कुच कंच की कली ।।६।।

भैरव

दोऊ दृग बास लियो वन में मृग कञ्ज
कीच बीच फसे नेक हीं निहारै।
बद्री नारायण जू मधुकर मद मोच्यो तू,
खञ्जन मन रञ्जन अवलोकि भये कारे ।।७।।

साँची कहूँ काकी छवि छीन लीन प्यारे—
फीकी कर दीन हीन जोति चन्द तारे ।।टेक।।
बद्री नारायन जू मद मनोज मोच्यो
तू मानहु चतुरानन निज हाथ ही संवारे ।।८।।

सिन्धु भैरवी

गुजरिया क्यों हँसि,हँसि तरसावत।।टेक।।
मुख वारिज सौरभ वयनन सजि, मन मधुकर विलमावत।
असित अलक घन बीच दसन दुति, हँसि चपला चमकावत।।
निज गति चलि चलि छलि गज सारस, ताल मराल उड़ावत।
बद्रीनाथ चितै चित चोरयो, अब कत दृगन दुरावत।।९।।

कोइलिया भोरहि आन जगावत।।टेक।।
या दई मारी! कोइलिया पापिन, मोंहि विरहिनिहिं जलावत।
एक मयन छन चैन देत नहिं, बिरह बिथा उपजावत।।
सनि समीर सौरभ युत लागत, मम धीरजहि नसावत।
बद्रीनाथ पपीहा पी पी करि छतियाँ दरकावत।।१०।।

भैरवी

हमैं रट राधा राधा लागी।।
श्रीराधा राधा रट लागी कृष्ण भये अनुरागी।
मन सों भ्रम तम दूर भयो भजि प्रेम ज्योति जिय जागी।।
भव भय हरन सरन असरन जुग चरन ध्याय छल त्यागी।
कृपा वारि वरसाय प्रेमघन जन बनयो बड़ भागी।।
जाग! जाग! मन भोर भयो भज राधावर घनस्याम।
सेवा कुंज कुसुम सेजहिं तजि जागे दोउ छवि धाम।।
लागि हिये मुख चूमि चले दोउ बरसाने नदग्राम।
छाये दुहुँ मन सघन प्रेमघन सकत न तजि वह ठाम।।११।।

माधव मुकुन्द को कर मेरे मन ध्यान।
या जग के जंजाल जाल में कहा फिरै उरझान।।
माता पिता सुत नारि वन्धु हित जेते सुजन जहान।
यें सब स्वारथ के साथी नहिं तोहि परत पहिचान।।

कलियुग में नहि साधन एकहू जोग जाग तप ज्ञान।
तासो करि प्रभु चरन प्रेमघन अटल कही यह मान॥
साँचे सुहृद स्वामि समरथ हरि एकहि और न आन।
उभय लोक सब सुख के दाता तोहिं न अजहुँ लखान॥१२॥

सिंध भैरवी

जनु कछु जादू करि जानत—
मम मन इमि अनुमानत॥ टेक॥
नयन मयन के बान बिराजत,
समसत सूल बरौनी भ्राजत।
सुरमे सहित सरस छबि छाजत,
मीन, जलज, अलि-मृग दृग लाजत,
सो मन खग के हाय हतन
हित भौंह कमाननि तानत॥१३॥
जनु कछु...अनुमानत ॥टेक॥
मारन की विधि कहीं प्रथम हम,
अबलोकनि अँखियन को अनुपम,
मोहन मृदु मुसुक्यानि मंजु तम,
सिसकारी सुभ वसी करन सम,
दन्तन दाबि अधर मन जन जग,
उच्चाटन विधि ठानत॥१४॥
जनु कछु...अनुमानत ॥टेक॥
मीठे बैन सुनाय रिझावत,
विविध भाव करि चाव चढ़ावत,
मयन अयन हिय हाय बनावत,
जुग दृग मीन मनहु गहि लावत,
कुन्तलि अवलि जाल बल सों—
नहिं हीन दीन पहिचानत॥१५॥

जनु कछु...अनुमानत ।।टेक।।
श्री बदरी नारायन कबिवर
कनक कुम्भ सम पीन पयोधर
जनु राखी चतुरानन विष भर,
दरसत ही लेते सुध बुध हर,
होते अन्त प्रान गाहक
नहिं नेक दया उर आनत ।।१६।।

चितवन वारी छवि न्यारी, (तव)
तिरछे दृग की प्यारी ।।टेक।।
श्री बदरी नारायन प्यारे, मत वारे भारे रतनारे,
छीन मीन करि देत निहारे, कंज खंज अलि कीनों कारे,
काटन हेत करेजन प्रेमिन—मनहुँ मनोज कटारी ।।१७।।

रोकत श्याम जाँव कित पानी ।।टेक।।
जान न देत छैल जसुदा को,
रोकत बाट सदा हठ ठानी ।।
गाली देत बीच मुरली के,
वनमाली आली अभिमानी ।।
बद्रीनाथ विलोकत वाके,
छूटत लोक जात कुल कानी ।।१८।।

बँसुरिया रे टेरत है बलवीर ।।टेक।।
बंसी तान सुनाय कान तिन,
जियको करत अधीर।
चंचल चखनि विलोकनि बाँकी,
मनहुँ मयन की तीर ।।

सांवरी सी सूरति दिखलावत,
वह उपजावत मन पीर।
बद्रीनारायन नटवर नट,
है बेपीर अहीर ॥१९॥

अब सखियाँ अखियाँ उलझानी ॥टेक॥
नहिं भूलत चित तें वाकी छबि,
मुख मोरनि मंजुल मुसुक्यानी।
नासा मोरि विलोकनि बाँकी,
लीनो मन भौंहन को तानी ॥
बदरीनारायन पिय औंचक
मार गयो जादू जनु आनी ॥२०॥

ढूंढत श्याम फिरत कुञ्जनि बिच,
कित वृषभान किसोरी रे ॥टेक॥
चम्पक, केसर कुन्दन हूँ ते,
सरस सरस तन गोरी रे।
सिसु मृग दृगवारी ससि बदनी,
नवल वयस अति थोरी रे॥
कहाँ गइ छन छवि हरनी
चितवत हीं चित को चोरी रे।
बदरीनारायण कित भाजी लै
मत भौंह मरोरी रे ॥२१॥

तोरी साँवरी सूरतिया नाहीं भूले रे ॥टेक॥
मृदु मुसुक्याय, नचाय नयन सर,
बस कीनो रे ये करत रस बतियाँ।
बद्रीनारायन छबि छाकी
जेहि लखि रे लाजै मैन मूरतिया ॥२२॥

फुलवरिया रे-फुलवा विनन इंग-गईं ।।टेक।।
औंचक दीठ परी प्यारे में—
बरबस मन लईं लईं।
पिया प्रेमघन निरखत हीं में
सब सुध दईं दईं ।।२३।।

पीलू का खेमटा

गईं गिरि हो मोरी नीकी झुलनियां ।।टेक।।
नग जड़ली मोतियन सों
साजी रे-बैठि गढ़ाई पी की।
बद्रीनारायन प्यारे की रे—
बीर लुभावनि जी की ।।२४।।

दरकि गईं मोरी झीनी चुनरिया ।।टेक।।
यह चुनरी मोरे जिय सों प्यारी रे—
प्रेमिन मन हर लीनी चुनरिया।
अब कह कैसी करूँ मोरी आली री,
बद्रीनाथ की दीनी चुनरिया ।।२५।।

हक नाहक कुञ्जन आज गई घर हाथ लई ।।टेक।।
देखत ही सुध बुध सब भूली,
भली भूल यह आज भई री।
बाँकी बनक माधुरी मूरत,
अलबेली सब चाल नई री ।।२६

राग गौरी

सवलिया रे तू तो भयो मीत मोर ।।टेक।।
कहर करत निस वासर डोलत बाँके भौंह मरोर ।।

भोली सूरत पै सत कोटिन मदन निछावर थोर :
बदरीनारायन मैं वारी तुम पर नन्द किशोर ॥२७॥

सेजरिया सैंय्या आजा मोरी ॥टेक॥
सैन करो हिय सों हिय मेले निज मुख सों मुख जोरी।
बदरीनारायन है खासी जोरी मोरी तोरी ॥२८॥

आली काली घटा घिरि आइं ॥टेक॥
सनसन सरस समीर सुगन्धन सनकत सुख सरसाइं ॥
बदरीनारायन नहिं आये साचहुं सुध बिसराइं ॥२९॥

प्यारी प्यारी सूरत मन भाई रे ॥टेक॥
अब इन दृगन जंचत नहिं कोऊ जब सों छबि दरसाई रे ॥
बदरीनारायन पिय तोरी चितवन मन में समाई रे ॥३०॥

छिन पल कल नहिं पड़त उन्हैं बिन रहि रहि जिय घबरावै ॥टेक॥
सूने भवन अकेली सेजिया, सपनेहुँ नीद न आवे ॥
बदरीनारायन पिया पापी अजहुँ न सूरत दिखावे ॥३१॥

पैयां लागूं बलम इत आओ ॥टेक॥
कबहूं तो दरसाय चन्द मुख जिय की तपन बुझाओ ॥
बद्रीनारायन दिलजानी, भर भुज गरवाँ लगाओ ॥३२॥

जनियाँ तोरे जोबन रस भीने ॥टेक॥
दाड़िम, श्रीफल, मदन दुंदभी की मानहुं छबि लीने ॥
श्री बद्रीनारायन मेरो लेत चितै चित छीने ॥३३॥

गौरी बरसाती

देखो आली नवल ऋतु आई रे ॥टेक॥
श्याम घटा घनघोर सोर चहुँ ओरन देत दिखाई रे ॥

चमकि चमकि चंचला चोरि चित, दिसि दिसि दुति दरसाई रे ।।
करत सोर चहुँ ओर मोर गन, बन बन बोल सुहाई रे ।।
बद्रीनारायन प्यारे की अजहुँ न कछु सुध पाई रे ।।३४।।

पूर्व्वी

बिन देखे प्रीतम प्यारे नयनवां न मानें—हो राम ।।टेक।।
समझाये समुझत कछु नाहीं रे—बरबस ही हठ ठानें ।।
बद्रीनाथ लाजकुल कनिहरे—ये जुल्मी नहिं मानें ।।
मन बरबस बस कर लीनो बालम तोरे नयनाँ रे ।।
बद्रीनाथ सुरत ना भूलत, हूलत बाँके नयनाँ रे ।।३५।।
सैंय्यां जाने न दूंगी बनज परदेसवाँ ।।
बारी उमिर जोबन मतवारे यह मन माहिं अनेसवाँ ।।
बद्रीनारायन बरसन में कोऊ बिधि मिलत सनेसवाँ ।।३६।।

राग गौरी

चितवत ही चुराये चला जात ।।टेक।।
व्याकुलता निशदिन रहै मन मन पीर पिरावत,
लगी कटारी प्रेम की नहिं अब धीर धिरात।
बद्रीनाथ बिना लखे रे तुअ छवि ललचात।
पहिले प्रीत लगाय के अब काहे कतरात ।।३७।।

सेजरिया रे आवत काहे न यार ।।टेक।।
बीतत जात दिवस आवत नहिं, नाहक करत अवार।
क्यों बैठाय अवधि नौका पर अब कस कसत कनार ।।
प्रेम पयोनिधि, मैं गहि बहियां बोरत कत मझधार।
बदरीनारायन छतियाँ लगि कै करि जा तू प्यार ।।३८।।

कटरिया आँखिन की उर लागी ।।टेक।।
बिन देखे सुभ दीपति हिय में लागत है बिरहागी ।।

अब तो बिहरत औरन के संग नये प्रेम अनुरागी।
बद्रीनाथ कहा फल पायो हम प्रेमिन जन त्यागी ॥३९॥

करूँ का रे लागे तुम से नैन ॥टेक॥
नहिं भूलत चित तैं तोरी छबि मीठे मीठे बैन।
अलक जाल के फन्द फस्यौ चित उरझ्यौ फिर सुरझै न ॥
प्रेम नगर बिच रूप आश मन परचौ लैन को दैन।
प्रेम फिरा बदरीनारायन देख्यो नफा कछु है न ॥४०॥

पापी नैना नहीं बस मेरे ॥टेक॥
रूप अनूपम अवलोकत ही जाय बनत चट चेरे।
फिर नहिं इन्हें चैन सपनेहुँ, बिन वा छबि छन हेरे ॥
लोक लाज तज यार गली में करत रहत नित फेरे।
श्री बद्रीनारायन जू फँसि प्रेम जाल में तेरे ॥४१॥

गौरी की ठुमरी

जुलुफिया हो नागिन सी लटकाये॥टेक॥
चन्द अमन्द कपोल राहु लखि जनु जुग करहि बढ़ाये।
श्याम जलद कच बीच दृगन दुति हँसि चपला चमकाये ॥
बिमल मुखाम्बुज पर प्रेमिन के मन मधुकर ललचाये।
अलक जाल मिलि अन्न प्राण खग बद्रीनाथ फंसाये ॥४२॥

कौन बिधि हो नैया लागै पार ॥टेक॥
नहिं पतवार धार बिच भरमत मद मतवार खेवार ;
झंझा पवन झकोरत जात माच्यो हाहाकार।
बदरीनारायन नारायन करत कृपा करौ पार ॥४३॥

काफ़ी की ठुमरी

प्यारे मन मोहन बांके यार, तुम ऊपर वारों कोटि मार ॥टेक॥

मोर मुकुट सुखमा अपार, उर ऊपर राजत सुमन हार,
बांके दृग लखि मन लियो हमार।
बद्रीनारायन जू निहार, तन मन धन वारयौ सौ सौ वार,
बिनवत कर जोरे ठाढ़े द्वार॥४४॥

मृदु मुसुकाई—जुग दृगन नचाई,
सुकन्हाई मन लियो लियो ॥टेक॥
मुख चन्द अमन्द प्रभा दिखलाई, हिय बिच प्रेम की बेलि लगाई,
नटवर नट नटि मन लियो है चुराई॥
बद्रीनारायन करि लँगराई, मन लै तन बिरह अगिन भड़काई.
नहिं धरत धीर जिय गयो बौराई॥४५॥

सखि तान तान भौंहन कमान मनमोहन मारयौ नैन बान॥टेक॥
उर उठत पीर जिय ह्वै अधीर, भयी विवस छुट्यौ सब खान पान।
बद्रीनारायन सुन आली ब्याली जुल्फन डस गई है प्रान॥४६॥

छलिया छल छल चित छीनो रे ॥टेक॥
मुसुक्याय धाय मों पास आय निज छबि दिखाय बस कीनो रे।
बद्रीनारायन गाय गाय बिलमाय हाय मन लीनो रे॥४७॥

मन मोह्यो मीठी बोलनि में, अधराधर पल्लव खोलनि में॥टेक॥
कविवर बद्रीनारायन जू जुगल कपोलनि डोलनि में॥४८॥

प्यारी छवि प्यारी प्यारी है ॥टेक॥
भोली सुरत रसीले नैना मनहु मनोज कटारी है॥
लटकत लट काली घुघराली, जनु जुग ब्याली कारी है।
मधुर मन मुसुक्यात दसन दुति, उज्वल, ज्योति उजियारी है॥४९॥

आओ आओ जावो कहि जानी सतराये हो ।।टेक।।
मान गुमान सान सौकत सों काहे फिरत कतराये हो ।।
श्री बद्रीनारायन उत कित, चलेई जात बिना बोले बतराये हो ।।५०।।

जाय कौन पानी (वा वारी) हाय ठाढ़ो बनवारी रे,
लीने कर मुरली मोर मुकुट धारी रे ।।टेक।।
श्रीबद्रीनारायन नटवर मन्द मन्द मुसुकाय मोह कर,
आय आय लग जाय धाय गर, हा हा खाय बिलखाय
परि पाय लाख लाख बरजोरी लंगर,
बिच डगर करत न बचत कोई नारी ।।५१।।

मेरे मन माहीं मन मोहन मुरारी रे,
बस गयो बरबस मूढ़ भारी ।।टेक।।
दीसत सब सुध बुध बिसराई बीर,
मोहनी मूरत सोहनी सूरत कारी रे ।।
चोरि चित लियो चपल चखनि, चितवत
सोइ चितचोर चितचोर ब्रजनारी ।।
कैसी करूँ आली पल परत न कल मन
विकल विलोकन बिना रहत भारी ।।
वाही बद्रीनारायण ल्याय जो मिला दे या
दिखा दे या बता दे, जाऊँ तू वारी प्यारी ।।५२।।

कभू फिर इन गलियन में आओ, चन्द अमन्द सरिस
सूरत इन नैन चकोर दिखाओ ।।टेक।।
सखा संग सब साज सजे सुठि, साँचहु सुख सरसाओ !
बिरहानल ब्याकुल वहि आनन्द वारि बुन्द बरसाओ ।।
बद्रीनाथ देखिबे हूँ मैं, अब जनि यार सताओ ।।
या मनमोहन वारी मुरली को इक टेर सुनाओ ।।५३।।

गजब कियो गोरिया तोरे जुबनां रे।।टेक।।
लगत मरन नहिं को अस जग महँ विष बेधे सैना रे।।
बद्रीनाथ हाथ जोरत हूँ, काजर दै अब ना रे।।५४।।

चाल आँख लड़ाने की नहीं यार भली है,
लाखों से इन्हीं बातों में तलवार चली है।।टेक।।
बद्रीनारायन जानी कैसी ठान है ठानी,
हम खूब पहचानी कि तू ऐ यार छली है।।५५।।

(इमन)

बानि नहीं यह नीकी अली री।।टेक।।
नेक उझकि झाकत न झरोखे लोचन लाभ न लेत अली री।।
बिन मधुकर शोभा नहिं पावत जुगल उरोज सरोज कली री।।
चलि वृजराज आज मिलिये कस कोकिल कूजित कुञ्ज गली री।।
बद्रीनाथ हाथ मलि मलि नहिं पछतैहों मन मांहि भली री।।५६।।

मानति काहे न ए मृगलोचनि।।टेक।।
मुख मयंक करि मन्द, मानिनी, लेति सीरी उसास मसूसनि।।
ताकत कनखैयन अनखैयन, भौहें कुटिल कमान रहीं तनि।।
बोलत बैन बुझाये बिष जनु, मारत घाव हिये में सो हनि।।
श्रीबद्रीनारायन जू धनि मान गुमान गरूर तेरी धनि।।५७।।

राग भैरव ता० एकताला। ईश बन्दना

जय जय जगदीस जयति जगत जनन हारे।।
नारद सारद महेस,
सेस वेद औ गनेस,
थाके गुन गाय ध्यान धारि मौन मारे।।

सच्चित आनन्द रूप,
माया तुव अति अनूप,
किंकर सुर भूप तीन देव चन्द तारे॥
निरमल नित निराकार,
व्यापक जग निराधार,
अंसहि सों एक लाख लाख लोक धारे॥
बरसहु निज प्रेम,
प्रेमघन मन मैं राखि छेम,
सर्वशक्ति युक्त इष्ट देवता हमारे॥५८॥

जय जय व्यापक ब्रह्म सनातन
जय जय ओंकार वर नामी।
जय जय अलख अनादि, अतुल अज,
अविनासी, अनन्त जग स्वामी॥
नित्य, निरञ्जन निराकार,
निरवयव, सकल उर अन्तरयामी।
जय जय वेदवेद्य, विभु, निर्गुन;
जगदाधार, अतर्क्य, अकामी॥
बरसहु दया बारि करुनाकर
नित्य प्रेमघन मन विस्रामी॥५९॥

जय सच्चिदानन्द मय व्यापक
अखिल लोक नायक, करुनाकर।
जयति अनादि अनन्त अनूपम
अति बिसाल अरु अति सूछमतर॥

अति अतर्क्य अति अकथ कहै कोउ
कहा, कौन विधि तुम विश्वम्भर।
नेति नेति कहि वेदहु थाके
जाहि सराहि न लहे पार पर।।

एकहि सों अनेक होवे हित
निज माया प्रेरत विधि सुन्दर।
रचत असंख्य सृष्टि आपुहि में
बिनहिं काम स्रम सकल चराचर।।

यदपि सुभावहिं निराकार
साकार होत तौहूँ रहि अच्छर।
विरचत बनि विरञ्चि, बनिकै हरि
पालत, जग नासत ह्वै कै हर।।

आप भानु ह्वै जगत प्रकासत,
आप इन्द्र ह्वै लावत हौ झर।
आपहि जल आपहि तरङ्ग
आपहि झष गहत आप बनि धीवर।।

आपहि क्रीडा करत आप सों
आपहि डरत आपने हीं डर।
आपहि मन मोहत अपनो बनि
ससि चकोर, अलि कुसुम, नारि नर।।

आप बसत जड़ जीव बीच सब
आपहि या विशाल जग के घर।
आप जनावैं तब जन जानै
यद्यपि लीला जगत उजागर।।

ढूंढ़त ज्ञानी गन जोगी जन
आपहि आपहि माहिं ध्यान धर।
आप रूप सों आप बसहु मन
सदा प्रेमघन के निसि बासर॥६०॥

श्री सूर्य्य पञ्चक

जय जय भानु कृसानु तिमिर तृन
जय जग मंगल कारी।
जयति लोक रञ्जन भय भञ्जन
दुसह दोष दुख हारी॥

जय जय कारन परम प्रकासन
आदि सृष्टि यह सारी।
जय ब्रह्मा, हरि, इन्द्र, बरुन मय
यम कुबेर त्रिपुरारी॥

जय जय जल कर्षन, जल वर्षन
जय सहस्त्र कर धारी।
जयति विसाल ताल अम्बर के
बाल मराल बिहारी॥

जय प्राची तिय तिलक भाल
सिर फूल प्रतीची प्यारी।
जयति कुमोदिनि संकोचन
प्रिय कन्त कमलिनी नारी॥

रोग सोगहारी बर बिपति बिदारी,
सुभ सुखकारी।
सदय होय सो बेगि प्रेमघन
चिन्ता हरहिं तुमारी ॥६१॥

राग इमन ताल ३

हूजै नयननि सों जनि न्यारे ॥
प्रिय बृजराज दुलारे ॥टेक॥
मन मोहनी माधुरी मूरत, सुन्दर सरस सांवरी सूरत,
मुसुकुराय चंचल चख घूरत, मोर मुकुट सिर धारे ॥
उर वनमाल रसाल बिराजत, कटि तट पीताम्बर छबि छाजत,
निरखत जाहि मदन सत लाजत, जुवति जनन मन हारे ॥
श्री कालिन्दी के कूलनि में, कलित कुंज श्री बृन्दाबन में,
रानी कमला अरु मुनि मन में, नितही बिहरन हारे ॥
बदरीनारायन गिरवर धर, सुख सँयोग सरससाय निरन्तर,
मिलिये छलबल छाड़ि दयाकर, प्रानन हूँ सन प्यारे ॥६२॥

प्यारे टरहु न मन सन टारे। भूलत नाहि बिसारे ॥टेक॥
मन्द मन्द मृदु हसन तिहारी, मूरति मनहुँ मयन मन हारी,
लोचन चपल चितौन कटारी, कसकत हीय हमारे ॥
श्री बदरीनारायन दिलवर, जादू डाल दियो तुम हम पर,
मिलत न तरसावत छलबल कर, रूप गरब हठ धारे ॥६३॥

भूलत सूरत नाहिं तिहारी ॥टेक॥
मुसुकुराय मन मोह्यो, मारी नैन कटारी कारी ॥
सुध आए सब सुध बिसरत छबि मन ते टरत न टारी ॥
निकसत प्रान बिना तेरे अब, आय धाय मिल जा री ॥
श्री बदरीनारायन लागी कैसी लगन हमारी ॥६४॥

खम्माच

खम्माच की ठुमरी

कजली खेलत आली, झुलनी गिरी मजेदार ।।टेक।।
बिन झुलनी नीकी नहिं लागै रे, यह सावन की बहार।
बद्रीनाथ चोरायो छल करि बाँको मोहन यार।।
चुम्बन समय दुरावत ओढ़नि तासों प्रीत अपार।।६५।।

बिन देखे निज यार चित में परे नहीं चैन।।टेक।।
रहत सदा चित चढ़ी अमल छबि, जेहि लखि लाजत नैन।।
वह मुसुकानि हंसनि बन बोलनि, मीठे मीठे बैन।
बदरीनारायन कोई की यों आँखें उरझै न।।

तू कर धर काहे रहत कँधाई रे।।टेक।।
बद्रीनारायन सीधे साधे घर चले जाओ नहिं नीकी बहुत ढिठाई रे।।६६।।

खम्माच

(हो) दिलजानी लगूं तोरी पैयां, तुम ही अनोखे बिदेस चले,
मोरी बारी बयस लरकैयां।।टेक।।
बार बार बिनती कर हारी, सुनत नहीं टुक अरज हमारी;
बद्रीनारायण सैयां।।६७।।

कब लौं योंही तरसैयो हो—इत आय धाय कबहूं तो हाय,
निज छबि दिखाय हरखैयो हो।।टेक।।
बद्रीनारायण दिल जानी, मन ते जनि हो अब न्यारे प्यारे,
प्यासे मन मोर अथोर भये तुम सरस सुधा बरसैयो हो।।६८।।

कान्हरा

इहि औसर मान न कीजै—ए री मेरी वीर सयानी,
कौन तिहारी बान परी...।।टेक।।

सरस सुखद छवि छाई ॠतुपति, चलि मिलियै ब्रजराज साज सजि,
श्री बद्रीनारायन जू इहि अवसर ॥६९॥

उन संग खेलनि जनि जैयै—निपट हठी नटखट नटनागर;
छल बल कै लैहै लुभाय ॥टेक॥
श्री बद्रीनारायन सजनी, जोबन जोर जवानी तू पै,
लगि न जांय ये नैन कहूँ ॥७०॥

दूसरे चाल की

(हो) जल भरन मैं न जाउँ आली,
लंगर डगर बिच रगर करत नित ही नटवर बनमाली ॥टेक॥
श्री बद्रीनारायन कविवर, बंसी तान सुनाय अधर धर,
व्याकुल करि बिमलाय लेत ओढ़े सिर कामर काली ॥७१॥

वेस की ठुमरी

सखी री चलियत घूंघट घाल ॥टेक॥
छीन हीन नित होत कलानिधि पेखि पेखि दुति भाल ॥
पावजेब किंकिनि धुनि सुनि सुनि, भाजत लाज मराल ॥
छिप्यो मृनाल ताल बिच जल के, लखि जुग भुजा विशाल ॥
बद्रीनाथ हाथ मलि मलि नित निरखत रहत गुपाल ॥७२॥

कृपानिधि नाम की धरि लाज, दया दृग फेरियो हो राज ॥टेक॥
यद्यपि हौं खल नीच अधम पै तुम हरि दया जहाज ॥
बद्रीनाथ जांव अब तुम तजि कितै गरीब निवाज ॥७३॥

सोवत सोवत भयो भोर सुगुयां (रे जगाये ना जागै)
मोरी नीद बैरन भई रे ॥टेक॥
नभ लाली बोलत चटकाली, करि करि चहुँ दिशि सोर ॥
बद्रीनाथ गयो उठि बेगहिं धौं कित उठि ना जानूं केहि ओर ॥७४॥

दिना चार है यार जोशे जवानी, इसीसे खुशी में इसे है बितानी ।।टेक।।
यह बिचार संसार सार सुख भोगो मिल दिलजानी।
मान गुमान त्याग कर तू हँस बोल खेल सैलानी ।।
करना होय सो कर लेवो बस, बेग न बिलम लगानी।
श्री बद्रीनारायन जू यह बीते फेर न आनी ।।७५।।

इन नैनन घनश्याम लजाओ ।।टेक।।
नित बासर बरसत हिय सरवर आंसुन जलहि भरायो।
इत बियोग सरिता बढ़ि धीरज नवल तमाल नसायो ।।
बद्रीनाथ हाय नहि सूझत, बिरह तिमिर नभ छायो।
उन बिन पावस बनि अनंग अलि, सूल समीर चलायो ।।७६।।

देस का खेमटा

कटारी नैना लगि गयो ए मोरी गुयां ।।टेक।।
जब से लगी तन की सुधि नाहीं, लाज डर भागि गई (ए मोरी गुयाँ)
बद्रीनाथ बिरह की तब सों आग उर लाग गई—ए मोरी गुयां ।।७७।।

अरे अलबेले बनवारी ।।टेक।।
निस दिन नहिँ भूलत सुध मन तें सपनहुँ तनक तिहारी।
नैननि आगे रहत अरी साँवरी सुरत वह प्यारी ।।
जी में नाचत लखियत मन हारी अँखियाँ रतनारी।
गूंजत कानन में मुरली धुनि मधुर सप्त सुरन संचारी ।।७८।।

सोरठ

नैन लगे दुख दैन लगे ।।टेक।।
लखतहिं रूप अनूप अचानक, तजि निज साथ भगे ।।
जाय उतै आवत नहिं अब इत, निज प्रिय रंग रँगे।
बद्रीनाथ हाँथ परि औरन के ये गये ठगे ।।७९।।

हाय दिल दरद न जानत कोय ।।टेक।।
पीर कौन आनत को मानत, कासों कहूँ दुख रोय ।।
कोऊ कछु पूछै नहिं कहनों चुप रहिये मुख जोय।
बद्रीनाथ कहा फल प्यारे, भरम मरम को खोय ।।८०।।

चितै चित चोरत चट चित चोर ।।टेक।।
मुख मयंक मुसुकानि माधुरी, मोहि लियो मन मोर।
बद्रीनाथ बनक बानक मन, बसी करत बर जोर ।।८१।।

मागत चन्द श्री बृजचन्द,
मातु पै मचले न मानत करत बहु छल छन्द।
बाल कौतुक करत लोटत, भूमि में नद नन्द ।।
यदपि जननी बहु मनावत बचन के करि फन्द।
पै न बद्रीनाथ कविवर, सुनत आनन्द कन्द ।।८२।।

कहवावत तौ हूँ श्याम सुजान।
प्रीत करी कुब्जा दासी संग सब अवगुन की खान ।।टेक।।
तजि राधा रानी सी रमनी के उर अन्तर ध्यान ।।
कह ब्रजराज कहा वह डाइन यह आचरज महान ।।
श्री बद्रीनारायन जू यह कठिन लगन लग जान ।।८३।।

दोऊ मिलि केलि कुञ्जनि करत।
राधिका राधेरमन की सरस छबि लखि परत ।।
रास रँग राते रसीले भामिनी भुज परत।
झमकि नाचत सखिन संग लखि भोर लाजनि मरत ।।
मधुर अधरा धरनि ऊपर, ललित बंसी धरत।
मोहिबे हित कोकिलन कल, सरस सुभ सुर भरत ।।
रति मनोज दुहून की दुति जनु जुगल मिलि हरत।
बिमल बद्रीनाथ कविवर छबि न हिय ते टरत ।।८४।।

सोरठ

सयानी अलिन बीच इन गलिन, आज सौं न आइयो हो यार ॥टेक॥
बृजबासी, बैरी बिसवासी, तासो विनय करत यह दासी,
मेरो लै लै नाम, न बंसी बजाई थी हो यार॥
कालिन्दी के कूल कुञ्ज में, अलि गूंजत छबि अमल पुंज में,
मम जुग चखनि चकोर, चन्द मुख दिखावना हो यार॥
बद्रीनाथ यार दिलजानी लोक लाज कुल कानी,
तासों अब तो प्रीत परस्पर छिपवाना हो यार॥८५॥

सोहनी

मतवारे रतनारे तेहारे नैन मैन के बानें ॥टेक॥
तान कमान कान लौं भौंहें बिकल करत तन प्रानैं।
श्री बद्रीनारायन जू टुक दरद न दिल में आनें॥८६॥

बिहाग

लखियत कत मुखचन्द उदास ॥टेक॥
मानहु मन्द जलज सन्ध्या गुनि रबि बिछोह सों त्रास।
पिया प्रेमघन प्यारी काहे सीरी लेति उसास॥८७॥

वा जोबन मतवारी प्यारी देख्यो कोउ या ठौर ॥टेक॥
कुन्दन बरन हरन मन रञ्जन,
गात ललित लोचन जुत अंजन।
खंजन मीन मधुप मद गंजन,
चितवन की छबि न्यारी॥
आनन अमल इन्दु छबि छाजत,
कुन्तल अवलि कपोल बिराजत।
अमी अचौत सरस सुख साजत,
मानहु सांपिन कारी॥

दरसत दसन दबी दुति दामिन,
लाजत निरखि काम कल कामिन।
मन्द मराल मत्त गज गामिन,
सुमन सरिस सुकुमारी॥
श्री बद्रीनारायन कविवर,
गावत राग बिहाग सुभग स्वर।
फेरत बिरही रसिकन के गर,
चोखी चारु कटारी॥८८॥

छिपाये छिपत न नैन लगीले॥टेक॥
लाख जतन करि इन्हें दुरावो, दुरत न प्रेम पगीले॥
उघरे फिरत शंक नहिं लावत, निज प्रिय रूप गठीले।
बद्रीनाथ यार दिल जानी, के दृग रंग रंगीले॥८९॥

सखी अपने इन नैनन की यह बान॥टेक॥
सपनहुँ सुख की आस न इन ते दुसह दुखन की खान।
नेक न भय मानत उर अन्तर लोक लाज कुल कान॥
हटकत नेक न माने तब तो, गे बरबस हठ ठानि।
नफा करन हित प्रेम नगर में, भली उठाई हानि॥
दिलबर को दरसन नहिं पायो फिरे जगत रज छानि।
बद्रीनाथ भये बिसवासी, आज परे मोहे जानि॥९०॥

सुखमा सुखद सरद सरसाई॥टेक॥
देखत देस देस दिसि २ दुति, दूनी देत दिखाई॥
फूलो कास अकास सकल थल, बिमल छटा छिति छाई।
सुनियत सोर मोर बागन बन, सरिता सहज सिधाई॥
उदित अगस्त भये मन रंजन, खंजन परत लखाई।
बिकसे बिमल बारि बारिज जुत, सर सोभा अधिकाई॥

चक्रवाक सारस मराल मिलि, ताल तरल जल भाई।
पंकज पुंज पराग मधुर मधु मधुकर मनहि लुभाई॥
चन्द अमन्द दुचन्द लसत नभ चित्त चकोर चुराई।
श्री बद्री नारायन कविवर विरचि सुराग सुनाई॥९१॥

हे हे भारत भाई! मिलि सब सुभग वधाई गाओ॥टेक॥
बृटिश राज बसि तुम सब अब लौं जौ अनेक दुख पाओ,
जिन दीने वे अब प्रतिनिधि नहि तासो ताहि भुलाओ॥
अब तो गवरमेन्ट लिबरल है तासो मन हरखाओ,

तापै वाइसरा भागन सो,
लार्ड रिपन सो आओ।
शुद्ध न्याय दिनकर सों दिन कर,
उन्नति पथहि लखाओ॥
शीत अनीत भीत हरि तम निज,
पक्षपात बिनसाओ।
दुखित दुष्ट अधिकारी तस्कर,
प्रजा प्रमोद बढ़ाओ॥
दुःख कुमुद संकुचित कियो त्यों,
सुख सरोज बिकसाओ।
बिती निसा दुर्भाग्य भरत सों,
भाग्य भोर प्रगटाओ॥
उठो उठो भारत भुव वासी,
बेग न बिलम लगाओ।
मूरखता की नींद छाड़ि कर,
आलस दूर बहाओ॥
पहिचानहु निज स्वत्व बेग चित,
हित अनहित अब लाओ।

गोरे अरु कारे में अब कित,
भेद रहो न बताओ ।।
सिंह अजा दोऊ सुख सों जल,
एकहि घाट पियाओ ।
तासो अब तो चेत करहु कुछ,
क्यों निज कुलहिं लजाओ ।।
साहस करि उद्योग विविध विध,
फिरि वे दिन दिखलाओ ।।
सेकरटरी, प्रेसीडेण्ट शब्द सुनि,
स्वान सरिस मुख बाओ ।
मिथ्या डर छोड़ों मूरख सठ,
क्लीब कुमति न कहाओ ।।
म्यूनिस्पिल के सांच कमिश्नर,
बनि जिय जलद जुड़ाओ ।
राय बहादुर ठीक ठीक है,
प्रतिनिधि फलहि फलाओ ।।
भारत माता के उर उन्नति,
आशा धीर धराओ ।
श्रीयुत लाट रिपन प्रभुवर की,
जय जय कार मनाओ ।।९२।।

छयल छोड़ो गई आधी रात ।।टेक ।।
घर लौं जात प्रभात होय गो, कत नाहक इठलात ।।
फेरि कहूँ मिलि जैहौं तोसों पार पाय कोउ घात ।
बद्रीनाथ जान दै प्यारे, सौ सौ सौहैं खात ।।९३।।

बसौ इन नैननि मैं नंद नन्द ।।टेक।।
युगल जलज सारँग सोभित कच राहु सहित मुख चन्द ।
चिबुक गुलाब बिम्ब अधराधर, सुख को सरस अमन्द ।।

उर वनमाल मृणाल बाहु युग चाल रसाल गयन्द।
बद्रीनाथ मिलो अब प्यारे, छाड़ि सकल छल छन्द।।९४।।

जन्म भयो वृजराज आज अलि।।टेक।।
जग जाचक सब शोक नसायो नन्द सबहि सम्पतिहि लुटायो।
बची एक बछिया छछिया, नहि दीनी दान दराज।।
श्री बदरीनारायण कविवर बजत बधाई आज सबैघर।
चारन, वन्दी-जन की छाई मंगल मई अवाज।।९५।।

परच

आनन्द नन्द घर छायो आज।
छवि छाय रही वृज में औरै सुखमा सुरपुरहिं लजायो आज।
सुभ साज जन्म वृजराज आज चहुँ ओर बधाई रही बाज।
कविवर बद्रीनारायण जू सुर हरखि सुमन बरसायो आज।।९६।।

ए री सखि लखि छबि नागर नट की।।टेक।।
चुभी चितौनि गई गड़ि सोभा, मोर मुकुट कटि पट की।
वा बिलोकि सुधि रहत न आली औघट घाटन घट की।।
लँगर डगर रोकत नहि मानत गोकुल बंसीबट की।
बद्रीनाथ आज कुञ्जनि बिच धरि बहियाँ मोरी झटकी।।९७।।

परच की ठुमरी

उन बिन जिय निकसत तरसि तरसि।।टेक।।
अँधियारी कारी लगत रैन,
डरपत अति जिय पिय विन छिन छिन।
पुरवाई पवन बहत झूंकन करि,
विकल देत तन परसि परसि।।

लाजत घन अचरज देखि नवल,
नहिं टुटत धार निसि निसि दिन दिन।
बिन पिया प्रेमघन जीवन घन,
बर्षा कियो नैननि बरसि बरसि ॥९८॥

अजब इन अँखियन की लग जान ॥टेक॥
परत दृगन पर दृग ऐंचत जिय, डोर पतङ्ग समान।
बिन कारन बिन जतन होत ज्यों, चुम्बक लोह मिलान ॥
सुखद जुराफा के सँयोग सम, बिछुरत निकसत प्रान।
श्री बद्रीनारायन कछु अब हमैं परी पहचान ॥९९॥

नहीं वाकी सुभ भूलत हाय, कीजै कौन उपाय ॥टेक॥
गोरी सुरत मोहनी मूरत चन्द अमन्द लजाय।
दिखाय लियो मन मेरो मन्द मधुर मुसुक्याय ॥
नासा मोरि कलित जुग भृकुटी सारंग बंक बनाय।
गई बेधि हिय बिसिख अचानक लोचन चपल चलाय ॥
उभरे उरज ललित अंचल मैं नेकहि नेक छिपाय।
युग भुज मूल सरस सोभा दरसायो करन उठाय ॥
नाभी अमल दिखावन हित, लचकीली लंक लचाय।
श्री बद्रीनारायन जू को बरबस लियो लुभाय ॥१००॥

लगन लागी यह कैसी हाय, रहि रहि जिय घबराय ॥टेक॥
मुख मयंक अमि अधर मधुर रस, हित चकोर चित चाय।
फस्यो फन्द जंजाल जाल अलकावलि में उलझाय ॥
रूप सरस सौरभ आसा मन मत्त मलिन्द लुभाय।
बिध्यो विरह कांटा कसकत सिसकत रोवत अकुलाय ॥
नेम प्रेम मृग तृष्णा लौं मन मिथ्या मोह मढ़ाय।
सुख की सेज नहीं सोवत जो याके हाथ बिकाय ॥

यदपि लाभ को लेस न यामें, कोऊ रीत लखाय।
श्री बद्रीनारायन यह मन, तौ हूं नहिं सकुचाय।।१०१।।

निपट ये निडर हमारे नैन।।टेक।।
नित नूतन मुख चन्द चाह में होत चकोर सचैन।
मान हानि, कुल कानि, लोक की लाज लेस भय हैन।।
यार गली में ढूंढ़त डोलत मानत ना दिन रैन।।
श्री बद्रीनारायन काहू की नहिं मानत बैन।।१०२।।

बुरी यह प्रीत निगोड़ी होत।।टेक।।
दिल दरपन में दुरत न दीपक लौं दरसात उदोत।
बद्रीनाथ सरिस प्रेमिन की प्रगट प्रेम की जोत।।१०३।।

मरम मन की अखियाँ कहि देत।।टेक।।
दरसत दरपन दुरो यथा रंग होत स्याम वा स्वेत।
ज्यों अंकुर कहि देत बीज गति यदपि छिप्यो बिच खेत।।
चित चोरी की करन चलाई ये चट पट करत सचेत।
श्री बद्रीनारायन से बुध जन, लखि कै सब तड़ि लेत।।१०४।।

पड़ै उन बिंन कल हमैं नहीं।।टेक।।
कुतुबनुमा सम जात उतै चित, रहत यार जितहीं।
सुनि कलरव कल किंकिनि, नूपुर, बाजत जाय वहीं।।
श्रवन सुनत वाही मृदु बैनन बोलै कोऊ कहीं।
श्री बद्रीनारायन लखियत ताको चहै कहीं।।१०५।।

दिना चाँदनी चार-रहे नाहीं वे दिन अब यार।।टेक।।
नहि वह रूप, नहीं वह रंगत नहिं सुखमा संचार।
जानी जोश जवानी ना जापै जिय जात हजार।।

नहिं वह चन्द अमन्द बदन की दुति दमकनि दिलदार।
नहिं वह गोल कपोल लोलता लसित ब्याल से बार॥
नहिं वह मुरनि कुटिल भृकुटिन में मनहुं सरासन मार।
नहिं सर चपल चखनि चितवनि चुभि होत हिये जो पार॥
नहिं वह हाव भाव नखरे अन्दाज़ नाज के तार।
चोज चोचले नहीं करिश्मे गम जों के व्योहार॥
(नहिं वह) अरनि मुरनि अधरनि में वह मुसकानि करन लाचार।
सिसकारनि पीसनि दन्तनि दुति दाने मनहु अनार॥
नहिं वह चित चोरनि मन्मोहनि चकित करनि संसार।
नित यारन की लाग डाट में उपजावनि वह खार॥
नहिं वह तुम रहि गये न मेरे इन अखियनि वह प्यार।
नहीं उन्माद न चित उत्साह न मन मेरो रिझवार॥
लाख मदन उन्माद होय वा अमित प्रेम उद्धार।
पै फीकी लागत आवत बृद्धापन को पतझार॥
बिती जवानी की जब जानी विमल बसन्त बहार।
प्रेम सुमुखि युवतिन को तब तो है फजीहताचार॥
बरनन में बिभत्स के सोहत कैसहु रस श्रृंगार।
श्री बद्रीनारायन यह गुनि कै हम कसे कनार॥१०६॥

अरी अल्बेली तज यह बान॥टेक॥
उझकि उझकि जनि झाँकि झरोखे अरी कही यह मान।
तन दुति दामिनि सी दरसावति कहर कलह की खान॥
राह चलत युवजन रसिकन तकि तानत भौंह कमान।
मारत नैनन बानन सों साजे सुरमा की सान॥
गोरे भुज पैं श्याम सघन लट छिटकीं छबि छहरान।
लै सम्भार अंचल आली दिखलाय न उरज उठान॥
झुलनी की झूलनि गालनि की गालन पै हलकान।
झनकारनि पाजेवनि की कछु मनहीं मन बतरान॥

गुंजन छबि पुञ्जन मोती नथुनी के करत अयान।
मिसी पान से सोहत अधर मधुर की मुरि मुसुक्यान॥
अलगी अलग रहत नाहीं हौ लखी लाख बिरिपान।
बोअत क्यों विष बृक्ष बीज फल लखियारी है पछतान॥
खिरकी पै हिरकी रहती हौ ऐ उत चढ़ी अटान।
पनघट पै प्रेमी न जान के नूतन मारत प्रान॥
भई अनोखी तुही सुन्दरी जोबन जोर जवान।
अरी रूप गर्वीली सुन मन तैं तजि मान गुमान॥
कोउ संग सैन वैन कोऊ संग हंस कोउ संग सतरान।
दै छाटा गुर्री धत्ता कहु धांई दै कतरान॥
काहू सिसकारी सुनाय काहू लखाय अँगिरान।
काहू उर उभार मारत कोउ मोहत लंक लचान॥
प्यारी है बारी तू अब ही कुसुम कलीन समान।
बन मत मतवारी मैं वारी मदन मद्य कर पान॥
बड़े बाप की है बेटी तज तू न अरी कुलकान।
कुलवारी नारी सम रहि गहि लाज संक सकुचान॥
गुरुजन को डर डारि नारि तू औढर ढरत ढरान।
ठानत मन पथ अपथ अरी घूमत इत उत इतरान॥
लग जैहै नैना काहू सों तव परिहै तोहि जान।
नहिं सुरझत कैसहु आली उर अन्तर की उरझान॥
झूठी कथा सखी सच ह्वैहैं सुन लैहैं सतकान।
ह्वै जैहै बेकाम अरी बदनाम बाम नादान॥
कठिन संयोग जानि जिय पै प्रगटत मिलान अरमान।
श्री बद्रीनारायन जू को करत हाय हैरान॥१०७॥

करत नखरे नित नये नये अरे ए दिलवर प्यारे-आरे
मत तरसा मुझको॥टेक॥
श्री बद्रीनारायन दिलवर दिखला जा टुक मुख हमको॥

करत नित ही नित नहीं नहीं, नहीं मालूम परत कछु-मन
की तेरे कौन ठान ठानी जानी॥
श्री बद्रीनारायन कह दे-हाँ हंस कर हमने मानी॥१०८॥

अरे नटखट निरदई दई॥टेक॥
कुटिल कटीली डारिन हित फूलन गुलाब पठई।
नहिं चन्दन से तरु हित सुमनावलि सरस बिकास बनई॥
कर हरचन्द मन्द चन्दै छबि छाजत छीन छई,
दमकावत दुति दूनी कर छुद्रन तिलसी तरई॥
लोभी मूढन धन दानी बुधजन दीनता भई,
प्रेमी रसिक जनन बियोग सठ सुमुखि संयोग सई॥
लखि अबिबेक अनेक अनीतिन यह जिय जान लई,
समझि न परति प्रेमघन तेरी रचनि आचरज मई॥१०९॥

चाल पलटत नित नई नई॥टेक॥
लखियत जामा पाग न पटुका झगा न मिरजई,
घड़ी कोट पतलून बूट टरकी टोपी डटई॥
कर तलवार तुपक भाला सर कमर कटार कई
अब तो काफ़ी है एक बेत छड़ी बारनिश भई॥
रही बीरता ऍंड़ सूर सामंतन की इतई,
घंसि साबुन सुरमा मिस्सी बालन सी मेहरई॥
नहिं वह धर्म्म कर्म्म न ज्ञान, तप, योग जाप जपई,
अब तो बैर कपट छल मिथ्या पातक बेलि बई॥
तब को कहँ वह तिलक सुमिरनी चौका चक्कर छूत छई;
अब तो मद्यपान होटल संग भोजन बिसकुटई॥
नारिन की सारी कुर्ती चोली लौं छीन लई,
पहिनावत हैं गौन मेम कर इसकूलन पठई॥

चरणामृत तजि के अब तो सब सोडावटर पियई,
पान खान की रीत नहीं पीयहिं सिगार सबई।।
लखी जो कल वह आज नहीं ऋतु सम यह बदल गई,
लखहु विचारि प्रेमघन तौ जग गति यह दई दई।।११०।।

रंग बदलत नित नये नये ।।टेक।।
कहुँ ऋतु शिशिर हिमन्त आय पतझार उजार कये,
फिर बनि बिमल बसन्त बाग बन फूलन फल फलये।।
शरद चन्द दुति कभौं गिरीषम तापन तन तपये,
कबहूँ बर्षा की बहार घुमड़त घन सघन छये।।
कबहुं जवानी रहत युवारी जन पै सिंगार सजये,
पै आवत बृद्धापन के तेहि दिसि न जात चितये।।
कबहु बिपति के जाल परे जन रोवत दीन भये,
हरखित हंसत प्रेमघन पुनितिन सुख सूरज उदये।।१११।।

परच

एरी सखि लखि छबि सुन्दर श्याम की।।टेक।।
नटवर बेष केश सिर सुखमा, मोर मुकुट अभिराम की।।
कटि तट पट फहरानि छटा, छहरानि हिये बन दाम की।।
बद्रीनाथ (हिये बिच हूल) हीन दुति होती छन ३ जवि काम की।।११२।।

हूलत हिय गति अँखीयान की, भूलत नहिं सुधि प्रिय प्रान की।।
चन्द अमन्द कपोल लोल पर हलकनि कुंडल कानकी।।
बद्रीनाथ चितै चित चोरत, लट पट चाल सुजान की।।११३।।

जमुनातट लटकन टूटा रे।।टेक।।
सुन्दर निपट कसे कटितट पर चटपट मन धन लूटा रे।।
बद्रीनाथ बिलोकि बनक बन आज लाज डर छूटा रे।।११४।।

परच की ठुमरी

निराली चाल तेरी आली-अनोखी बान आन उर मान
करत नित पाँय परत पिय न सुनत ।।टेक ।।
श्री बद्री नारायन सो भौंह चढ़ाय-अनत चलत ।।११५।।

सखी री का कहूँ को जानै री-सखी री निश दिन चैन परतनहिं
उन बिन, जिय कसकत-हिय धरकत-कल न परत ।।टेक।।
बद्रीनाथ लंगर अति नागर,
डगर चलत बतियाँ कहत मनहिं हरत ।।११६।।

मेरो तुमहीं चोर चित लीनो लीनो छैल ।।टेक।।
श्री बद्रीनारायन बोली बोलत नाहक करत ठिठोली,
गर लग कर दरकाई चोली,
बस माफ़ करो चलो छोड़ो गैल ।।११७।।

चलो हट जाओ बस छोड़ो डगर ।। गाली दूँगी बस बोले अगर ।।टेक।।
श्री बदरीनारायन दिलवर जिय जानि अनोखे आप लंगर,
लगिजात गात नहिं कछु डरात,
सकुचात न लखि नर नगर बगर ।।११८।।

उन धर बहियाँ मोरी झटकी ।।टेक ।।
गाली गावत रँग बरसावत लहि मग बंसी बटकी ।।
बदरीनाथ तनिक नहिं बिसरत वा नागर नटकी ।।११९।।

कान्हरा

ये जग किसने पहचाना है—
जो तू मान मेरा कहना तो देख,
टुक सोच समझ दिल में प्यारे,
न्यारे रहना झगड़े से तो,
मेरा बस यही सिखाना है ।।टेक।।
दुनिया सराय के भीतर,
अनगिन्त मुसाफिर का मेला,

कोइ सोय खोय धन रोवे,
कोइ धन डर बिन सोये झेला।
पर निर्धन जन हर हाल सुखी,
ना खोना है ना रोना;
सोना आनन्द सेतीं लेकिन,
सबको सबेर उठ जाना है॥१॥

जग के दरख़्त के ऊपर,
घर चिड़ियों का न बसेरा है,
सब देस देस के पच्छी,
अब एक ने एक को घेरा है।
एक एक के डर से डरती है,
बोल बोल एक कड़ुई तीखी,
एक तीखी बैन सुनाय पथिक,
दिन को हो गई रवाना है॥२॥

संसार चमन चमकीला,
हैं रंग विरंगी फूल खिले,
कोइ सुभ सुगन्ध सरसावै,
कोई सोभि मंजु मलिन्द मिले।
कोइ काँटे गड़ दुख देत मनुज,
कहीं शीत छाँह कहिं मीठे फल,
पतझड़ उजाड़ कराती है,
औ कभी बसन्त सुहाना है॥३॥

श्रीयुत बद्रीनारायन जू,
कवि बरसे जैहें बुध तब,
जिनको न फिकिर हरलोकी,
औ नहीं आकबत को भी डर।

है चैन रैन दिन दिल भीतर,
है अपन बयन शुचि कवित्त,
संगीत सरस साहित्य सुधा,
पीये एक बन दीवाना है ।।१२०।।

कलङ्गरा

जोगिनियां बन आईं रे—लाड़ली केहि कारन ।।टेक।।
अंग भभूत गले बिच सेल्ही कर लै बीन बजाई रे ।।
गेरुआ रंग गूदरी अंगन, रूप अनङ्ग लजाई रे ।।
सुन्दर करन बदन सुन्दर पर लट्ुकाली लटकाई रे ।।
बद्रीनाथ यार द्वारहि अलि भोरहि अलख जगाई रे ।।१२१।।

काफ़ी की

जाय उन ही संग रहो रहो—यह लखि कुचाल अब सहि न जाय ।।टेक।।
सोई फूल त्यागि तरु डाली, डाली लगत जाय घर माली,
पै मधुकर नाहिन लखाय ।।
श्री बदरीनारायन प्यारे, भये अनेकन यार तुम्हारे,
यह हमसे कैसे लखाय ।।१२२।।

कहाँ जागे? सच कहो कहो, आवत भोर भये भागे ।।टेक।।
लटपट पाग नयन अलसाने, अटपट बयन कपट छल छाने,
अञ्जन मधुर अधर लागे ।।
लगत न लाज दिखावत लालन, जावक छाप छपाये भालन,
गाल पीक लीकन दागे ।।
झूठी सौंहन खात खिस्याने, शिथिल अंग नहि होस ठिकाने,
छतियन हार बिना धागे!!
दिलवर श्री बदरीनारायन, जाय परो उनही के पायन,
जिनकी प्रीत न अनुरागे ।।१२३।।

कलङ्गरा

सैंय्या मोरी सूनी सेजरिया रे—चले जात कित यार ॥टेक॥
हाँ हाँ करत हूँ पैयां परत हूँ, जनि जा प्रेम बजरिया ॥
बद्रीनाथ हिये बिच कसकत, तुमरी तिरछी नजरिया ॥१२४॥

नीकी अधिक लगै—सैंय्या तोरी सूही पगरिया रे ॥टेक॥
मुस्कुरात बतरात चितैं चित—लेत नजरिया रे ॥
बद्रीनाथ कभूँ भेरि अइयो—प्यारे हमारी नगरिया रे ॥१२५॥

उन बिन हो नैनन नींद न आवै ॥टेक॥
कर पाटी पटकत निसि बीतत जब जब मदन सतावै ॥
कोइलिया कूकत दई मारी, पपिहा बोल सुनावै।
सुधि बद्री नारायन पी की, सजनी हाय दिलावै ॥१२६॥

बालम भोर भयो अब जागो ॥टेक॥
सारी रैन चैन से खोई, अब तो आलस त्यागौ ॥
श्री बद्रीनारायन जू पिय प्यारे, किन गर लागो ॥१२७॥

सूरत मूरत मैन लखे बिन, नैना न मानैं मोर ॥टेक॥
बरजत हारि गई नहिं मानत जात चले बरजोर ॥
बद्रीनाथ यार दिल जानी मानत नाहिं निहोर ॥१२८॥

फिरत हो निपट बने बिगरैल, छटे छबीले छैल ॥टेक॥
औरन के संग सजे धजे नित, करत बाग की सैल ॥
श्री बदरीनारायन लखि कतरात हमारी गैल ॥१२९॥

श्री गंगा स्तुति

जय जय जग जननि गंग।
सोभा तरलित तरंग।

संग सदा भंजन त्रय
ताप, त्रिपथ गामिनी।

हरि पद हर सीस बसी,
जग जग के भाग खसी।
भूमि भक्ति भगीरथ
विलोकत सुर स्वामिनी।

शीतल सुचि स्वच्छ सलिल
सुधा स्वाद सरस, अखिल,
मुद मंगल मूल मयी।
सकल सुकाम धामिनी।

हरित पुलिन सेत धार।
मिलि छवि छहरत अपार।
मनहु घन स्याम बीच,
दमकत दुति दामिनी।

परसि महा पपिन तन,
पाप रासि तुव जल कन।
तरनि किरन सरिस तिमिर,
नासत जनु जामिनी ! !

प्रफुलित नव कञ्ज हँसत,
गुञ्जत अलि पुञ्ज लसत;
निदरत छवि मञ्जत सुख,
जनु सुर कुल कामिनी।।

देव मनुज नारी नर,
न्याय तोहि बन्दत वर,
पूजा सुमनावलि लहि,
सोभा अभिरामिनी।

घोर घन प्रेम प्रेम
उभय लोक सोक हरहु,
सुर सरिता नाभिनी।१३०।।

विष्णु भगवान

जय साकार ब्रह्म नारायन,
सुरपति पति जग के रखवारे।
कमलाबदन कमल अलि मंजुल,
मन मानस के हंस हमारे।
मीन रूप धरि वेद उधारयो
कच्छप होय धरनिपुनि धारे।
बामन ह्वै, वलि छल्यो, परम धरि—
अधरम रत छत्रिन संहारे।

ह्वै बाराह छिति उद्धारयो,
नर हरि ह्वै हरिनाकुसहि पछारे।
रावन हन्यो राम ह्वै जग में,
धर्म नीति आचार प्रचारे।
बनि गोपाल अलौकिक लीला,
करि मोह्यो जग के जन सारे।
ह्वै वुध निन्दा कियो वेद की,
जीव दया धर्महि विस्तारे।

कर करवाल कराल धारि कलि
अन्तकल्कि ह्वै आतुर मारे।
गरवित म्लेच्छ समूह समूलहि
नासहु धर्म्म थापि अघटारे।

धर्म ग्लानि जब होत जगत मैं
रूप अनूपम धरत उंजारे।
पापी जन गन हनि प्रभु सहजहिं,
करहु सदा साधून सुखारे।

नाना लीला ललित लखावहु निज,
निज भक्तन बारहि बारे।
जदपि जगत निवास तऊ,
अवतरत जगत बनि मुनि जन प्यारे।
बरसहु परम पवित्र प्रेम निज,
सदा प्रेमघन मनहिं सिंगारे।
दयादृगन लखि हरहु सकल अघ
पाहि पाहि हे पाहि मुरारे।१३१॥

नृसिंहावतार

जय जय जय हरि! नर-हरि बपु धारी।
दीनबंधु करुणा के सागर, भक्तन के भयहारी।
सटा छटा छहरत नभ छ्वै जनु, ऊई केतुकी क्यारी।
अट्टहास कै प्रगट भये चट, खम्भ पट्ट सों फारी।
मनहु काल को काल बदन, बिकराल बाप अति भारी
गरजत प्रलय मेघ सम सुनि, जिहि भाजे असुर दुखारी।
पटकि पछारयो हरिनाकसिपु खल, दलिमल उदर बिदारी।
प्रान दान दीन्यो निज दासहिं, संकट सरवस टारी।
उर लगाय चाटत प्रहलादहि, आनन्दमगन मुरारी।
सदा हृदय मो सोइ प्रेमघन, चिन्ता हरहु हमारी।१३२॥

वामनावतार

जय वामन तन धरन, सरन असरन
हरि! सुरगनहित असुरारी।

जीतिय अति परबल रिपु छल बल,
बलि छलि सिच्छा जगत प्रचारी॥
विजित सरन आयो सज्जन रिपु,
सदय उचित मुख साज संवारी।
दियो पताल राज बलि सादर
जीति तिहूँपुर, आरति टारी॥
महिमावान उदार सत्रु की
मान हानि अनुचित चित धारी।
समरथ जदपि सबै विधि, पै महि
जाच्यो बलि, बनि आपु भिखारी॥
होय कृतज्ञ, पाय उपकारहिं,
सेइय निति सब वैर बिसारी।
जथा प्रेमघन प्रेम सहित प्रभु
बलि के द्वार बने प्रतिहारी॥१३३॥

श्रीरामावतार

जय जय रघुकुल कुमुद कलाधर!
राम रूप हरि आरति हारी।
केवल सदगुन पुञ्ज मनुज तन
धरि पवित्र लीला विस्तारी।
दरसायो आदरस नृपति जग
जन हित सिच्छा सुभग प्रचारी॥
पालन गुरु सासन, परजन मन
रञ्जन हित स्वारथ तजि भारी।
सह्यो कठिन दुख, थाप्यो धर्मा,
दुष्ट दल नासि दीन हितकारी॥
राजनीति के गूढ़ तत्व अनुसरि
सिखयो वर विपति विदारी।

पुरुषोत्तम नामहिं चरितारथ
किया आप अनुपम धनुधारी ।।
दया वारि बरसाय प्रेमघन
भक्तन पर भू ताप निवारी ।।१३४।।

प्रभावती

जय जय अभिराम चरित राम रूप धारी !
जय असरन सरन हरन भक्त भीर भारी ।।
मुनि मख राखे सुबाहु आदिक भट मारी।
ताड़का विनासि, सहज गौतम तिय तारी ।।
तोरि धनुष, व्याहि जनक राज की दुलारी।
सिर धरि गुरु सासन तजि राज, बन बिहारी ।।
खर दूषन तृशिर कुम्भकरण खल संहारी।
राछस बहु कोटिन संग लंकपति पछारी ।।
राज दै विभीषन सुग्रीव सोक टारी।
आइ अवध कियो प्रजा प्रेमघन सुखारी ।।१३५।।

श्रीगणेश

रा० भैरव

जय गनेस, सेवित सुरेस
जय सिद्धि सदन, जय २ गन नायक ।।
उमा सुवन, संकर के नन्दन
जग बन्दन, मुद मंगल दायक ।।
एक रदन, अघ कदन
गज बदन, जय जय विद्या बुद्धि विधायक ।।
विघन हरन, जय जय लम्बोदर
भाल बाल हिम कर छबि छायक ।।
दयासिन्धु ! करि दया प्रेमघन
जानि भक्त निज होहु सहायक ।।१३६।।

सरस्वती देवी

इमन

मङ्गल करहु दया करि देवी ।।
विमल ज्ञान दै, सुमति सुधारहु
तमहिय हरहु दया करि देवी ।।
है अनुकूल प्रेमघन जन हित
सब सुख भरहु दया करि देवी ।।

ठुमरी

करु देवि दया निज दास जानि
जुग जोरि पानि बिनऊँ तोपैं ।।
बीना पुस्तक युग करन लसत,
सुभ स्वेत विभूषन वसन सजत;
बदरी नारायन देहु सुमति
जननी ! करि कृपा सदा मोपैं ।।१३७।।

प्रभावती

जय जय जय जयति देबि सारदा भवानी,
विद्यावर बिमल बुद्धि विशद ज्ञान दानी ।।
कुन्द इन्दु सरिस रूप, स्वेत वसन छवि अनूप,
अलंकार धवल नवल सुन्दर छबि छानी ।।
पुस्तकवीना विशाल युगल करन छबिरसाल,
शुभ्र सरस सुमन माल, राजत सर सानी ।।
ध्यावत काटत कलेस, प्रगटत आनन्द वेश,
वन्दित सारद सुरेस, मंगल मय मानी ।।
बदरी नारायन जन, विनवत युग जोरि करन,
बसहु आय मेरे मन मेरी महरानी ।।१३८।।

शिव

जय शिव! जय महादेव शंकर! त्रिपुरारी।।
आशुतोष, दीनबन्धु, करुनाकर, छमा सिन्धु;
पशुपति! निज भक्तन के नासन भय भारी।।
जटाजूट बीच गङ्ग, लहरत तरलित तरंग;
भाल अमल चन्द्र जोति छहरत छबि न्यारी।।
निवसत कैलास शैल, ओढ़े गज चर्म चेल;
अङ्ग अङ्ग व्याल, कण्ठ काल कूट धारी।।
पीये नित भंग रंग, गोरी गज बदन संग;
दीजे घन प्रेम भक्ति निज पद सुखकारी।।१३९।।

भवानी

जय जय जग जगत जननि,
चण्ड मुण्ड महिष हननि,
आदि जोति जागति
जय देवि विन्ध्यवासिनी।।
जयति महा माया, जय-
जयति ईस जाया, जय-
काली श्री सारदा,
अनेक रूप रासिनी।।
सेवत सुर सकल चरन,
युगल जासु जलज वरन,
सरद चन्द निन्दत वर-
बदन छबि सुहासिनी।।
पालन सिरजन संहार,
करत तुही वार वार,
अखिल लोक स्वामिनि
घट घट प्रभा प्रभासिनी।।

चारौ फल देन हारि,
नेक दया दृग निहारि,
पाहि ! प्रेमघन कृपालि !
भक्तन भय नासिनी ॥१४०॥

नन्दी

रा० कल्यान

नन्दी ! धनि तुम बरद अनन्दी ॥
कल कैलास सृङ्ग पर विहरत,
विशद बरन वपु सुभ छवि छहरत,
जनु हिम शैल वत्स पय पीवत,
गङ्ग तरङ्ग सुछन्दी ॥
चरत दिव्य औषधि तुम मुख सों,
करत जुगाली फेनिल मुख सों,
ज्यों ससि स्त्रवत सुधा हर सिर,
तुम सुखमा करत दुचन्दी ॥
निदरि सिंह तुम डकरत हौ जब,
डरपत भाजत मूषक है तब,
गिरत गजानन बिहँसत गिरजा,
संग शिव आनन्द कन्दी ॥
सेवत रोज सरोज शम्भु पद,
गावत जापु विरद सुभ सारद,
प्रेम सहित नित सेस प्रेमघन,
विधि, नारद बनि बन्दी ॥१४१॥

पद

कौनें टेरत राधा रानी
आई दही बेचबे तू इत, काके हाथ बिकानी ॥

को मोहन मोहन मन वारी तेरो बीर अयानी।
चलि घर लौटि लाज कित बेचै क्यों खोवै कुल कानी।।
काके प्रेम प्रेमघन माती बेगि बताय बखानी।।१४२।।

जसुदा मनही मन मुसुक्यानी
सुनत उरहनो राधा के मुख, मुग्ध मनोहर बानी।।
चहत खुटाई हरि की भाखनि पै नहि सकत बखानी।
हियो सराहत जाहि सहस मुख ताही सों सतरानी।।
कहत तिहारो मोहन टोनो सीखो सो नंदरानी।
चितवत चितहि अचेत देत करि रंचक भौंहन तानी।।
हाट बाट बन कुंजनि दौरत देख नारि बिरानी।
हँसि हँसि रार मचाय लुभावत रोकै मग हठ ठानी।।
नहि बताय बातें कछु बातें करत सबै मन मानी।
हाय समाय गयो सो हिय, का कीजै परत न जानी।।
याको आप उपाय कोऊ बतरायो बेगि सयानी।
भरी प्रेम घनश्याम प्रेमघन बकत खरी अनखानी।।१४३।।

जसुदा फिर पीछें पछतानी।
श्यामसुन्दर ऊखल में बाँधत, तब न तनक सकुचानी।।
कजरारे मृग नैननि अंसुवा लखि छतिया थहरानी।।
नैन नीर कन छीर पयोधर मुख सो कढ़त न बानी।
गद्गद् कंठ कही तू कारो लंगराई की खानी।।
सुनि डरपे से दामोदर लै ऊखल भजि जानी।
तोरे तरुवर जुगल जाय जब लखि लीला अकुलानी।।
दौरी जाय ललकि उर लागी भागि सराहि सयानी।
मुख चूमति भरि प्रेम प्रेमघन पुनि पुनि संक सकानी।।१४४।।

पद

ऊधो कहा कही उन कैसे !
हा हा फेरि समुझि समुझावो रहे जहां जित जैसे।।

जेहि बिधि जो जाके हित भाख्यो उतनो ही बस वैसे।
बरसावत बतियन को रस ज्यों वे बरसावहु कैसे॥
भरी प्रेम घनश्याम प्रेमघन रटत राधिका ऐसे॥१४५॥

ऊधो बात कहो कछु नीकी।
सुन्दर श्याम मदन मन मोहन माधव प्यारे पी की॥
सानि सानि जनि ज्ञान मिलावहु भाखो उनके जी की।
हम प्रेमिन तजि प्रेम नेम नहिं भावत बतियाँ फीकी॥
बरसाओ रस-प्रेम प्रेमघन और लगैं सब फीकी॥१४६॥

विसारो बातें बीर बिरानी।
कैसो हूँ वह कोऊ कहूँ को तू केहि सोच समानी॥
जात कहूँ आयो कितहूँ तै का करिहै तू जानी।
कुलवारी बारिन की रहनि न जानै निपट अयानी॥
लगत कलंक संक झूठे हू लेखि लखनि सुनि बानी।
निपट नकारो प्रेम प्रेमघन जामैं सरबस हानी॥१४७॥

जय जय अभिराम चरित राम रूप धारी।
जय असरन सरन हरन भक्ति भीर भारी॥
मुनि मख राखे सुबाहु आदिक भट मारी।
ताड़का सँहारि सहज गौतम तिया तारी॥
तोरि धनुष ब्याहि जनक राज की दुलारी।
सिर धरि गुरु सासन तजि राज बन विहारी॥
खरदूषण त्रिशिर कुंभकरन खल संहारी।
राछस बहु कोटिन संग लंकपति पछारी॥
सिय संग कियो प्रजा प्रेमघन सुखारी॥१४८॥

जय रघुनन्दन राम-चरित अभिराम काम पर भव भय हारी।
केवल सदगुन पुंज मनुज तनु धरि पवित्र लीला विस्तारी॥

दरसायो आदरस नृपति जग जन हित सिच्छा सुभग प्रचारी।
परजन मनरंजन हित लागे स्वारथ सकल आप तजि भारी॥
जय जय रघुकुल कुमुद कलाधर राम रूप हरि आरति हारी।
दया बारि बरसाय प्रेमघन आप अमित भू-ताप निवारी॥
जय आनंद कंद जग बंदन बासदेव बृज बिपिन बिहारी।
जय जय व्यापक ब्रह्म सनातन तन धरि नर लीला विस्तारी॥
निराकार साकार सगुन निरगुन मय रूप अनूप सँवारी।
जय जोगेश अशेष शक्तिधर परमातम् परतच्छ मुरारी॥
कियो अमानुस काज अनेकन कालिय मंथन गिरवर धारी।
रहि असंग भोगे सुख भोगनि जग मन उपजावत भ्रम भारी॥
वेद सार विज्ञान खानि गीता उपदेस्यो समर मँझारी।
विश्वरूप अरजुनहिं दिखायो संशय सहित मोह तम टारी॥
छिपे आप क्रूरन सों करि क्रीड़ा वहु विधि मनमोहन वारी।
पूरन कियो आस भक्तन की जथा जोग दुख दोख विसारी॥
सवहिं दसा में राखिये किरपा निज सुभाव अच्युत अविकारी।
नासे असुर खलनिदल दलि मलि कियो साधु जन सहज सुखारी॥
बिधि भ्रम गर्व इन्द्र हरि दावानल अँचये खल कंस पछारी।
मान सुदामा प्रन भीषम संग राखे लाज पांडु-सुत नारी॥१४९॥

जय गोबिन्द गोकुलेश मंथन अहि काली।
जय जय नँद नन्दन जगबन्दन बनमाली॥
निन्दत सत चंद बदन लाजत लखि जाहि मदन।
नवल नील नीरद तन शोभा शुभ शाली॥
बृन्दाबन सघन कुंज बिकसित नव सुमन पुंज।
कालिन्दी पुलिन बसत गुँजत भ्रमराली॥
सरस तान गान संग बाजत बीना मृदंग॥
निरतत मिलि युवती जन मन मोहन वाली॥
लीला नित बहु प्रकार करत हरत भव बिकार।
बरसहु निज प्रेम प्रेमघन मन प्रन पाली॥१५०॥

कौन वह मुरली मधुर बजैया ॥टेक॥
परत कान जाकी धुनि व्याकुल करत प्रान रे दैया।
रटत नाम जनु मेरोई सों मन मनोज उपजैया।
कदम निकुंजन बीच प्रेमघन प्रेम बुन्द बरसैया ॥१५१॥

कौन तू हिये मन मोहन वारे ॥टेक॥
निवसत कहां किसोर कौन को किन नैनन के तारे॥
चन्द अमन्द बदन पर प्यारे लहरावत कच कारे॥
मोर मुकुट मकराकृत कुंडल केसर खौर सुधारे॥
कटि पट पीत लसत मुरली कर बनमाला गरधारे॥
सुभग सांवरी सुरत सलोनी रस सिंगार सिंगारे॥
लोचन चंचल जुगल नचावत मतवारे रतनारे॥
जात कहां तू मन्द हँसनि सों मूठ मोहनी मारे॥
दया वारि बरसाय प्रेमघन नेक निकट तब वारे ॥१५२॥

दीपावली के पद

खेलत पिय के सँग मिलि प्यारी ॥टेक॥
जुरे जुआ के जुद्ध आज जाहिर जनु जुगल जुआरी।
रसिक रूप रस बस ह्वै मन सों साँचहु सरबस हारी॥
जीते जदपि प्रेम मद माते मानत हार मुरारी।
श्री बदरी नारायन मिलि दोऊ बिलसत रैन दिवारी ॥१५३॥

देखे ए दोउ अजब जुआरी ॥टेक॥
पासा पास लिए खरकावत चहत न फेंकन प्यारी।
याही मिलि ललचावत चाखत रूप सुधा रस नारी॥
धरहु धरहु किन दाव और कहि विहँस रही सुकुमारी।
खेलत खेल खेलावत मारत मानहुँ मदन कटारी॥
मन हरि धन हारत पै नाहीं मानत हार बिहारी।
बढ़ि २ दांव धरत हरखत मदमाते प्रेम मुरारी॥

हानि लाभ नहिं हार जीति की जागत जानि दिवारी।
श्री बदरी नारायन श्री राधा माधव गिरधारी।।१५४।।

खेलत जुआ जुगल नैनन सों।।टेक।।
मारि लेत बाजी मन को त्यों तनक ताकि सैनन सों।
हारि जात हिय हँसत तऊ कहि सकत न कछु बैनन सों।।
मिली मार यह होत परस्पर चाहि रहे चैनन सों।
श्री बदरी नारायन जू दोऊ बिधे बान मैनन सों।।१५५।।

देखो दीपति दीप दिवारी।।टेक।।
कातिक कृष्ण कुहू निसि मैं यह लागत कैसी प्यारी।
खेलत जुआ जुबन जन जुबतिन संग सब सुरत बिसारी।।
अम्बर अमल बिमल थल तल जगि जगमत जोति उँजारी।
स्वच्छ सदन साजे सज्जित ह्वै सोहत नर औ नारी।।
मिलि मित्रन सब घूमत इत उत छाई द्यूत खुमारी।
छाई छबि बीथी बजार मैं भई भीर बहु भारी।।
मोल खिलौना मोदक लै कै रहे बाल किलकारी।
श्री बदरी नारायन जाचक जन जाचत त्यौहारी।।१५६।।

देखत दीपावली दिवारी।।टेक।।
दीपति दीपक दबी बदन दुति दूनी देख तिहारी।
मनहु मयंक मध्य उरगन लौं उई आय तू प्यारी।।
आज अजब जोबन जौहर की जागत जोति उंजारी।
श्री बदरी नारायन रीझे बातें करत मुरारी।।१५७।।

बनरा, यशन, बधाई

बनरा

धावो धावो बनरा की छबि आओ,
देख लोरी जानि मंगल नयन लाहु लेहु तृन तोरी।।टेक।।

कवि बदरी नारायन जू बनत शुभ बैन,
कहूं ऐसी माधुरी मूरत हीनो नहि दैन,
अवलोकि अति आनंद अलीगन लहो री ॥१५८॥

धावो धावो संग की सब सहेलरियां—
आवो आवो पकरि जकरि बनवारी लाओ ॥टेक॥
बरसाओ रंग सहित उमङ्ग एक सङ्ग,
सरसाओ ताल जाल देत चङ्ग औ मृदङ्ग,
गाली आली वनमाली को सबन गावो गावो ॥
पिय बदरी नारायन कविवर ललकारि कर,
धर नैन सैनन के बान मारि मारि
लाल भाल में गुलाल माल पै लगाओ ॥१५९॥

मंगल में मंगल साज आज ॥टेक॥
सुभ दिन गुनि गहि उछाह अनुचर,
प्रमुदित जिमि लहि वसन्त मधुकर;
जय जय धुनि कोकिल कल समाज ॥
लै खिलत सकल मुख भनित दान,
जिमि द्रुम नव दल कुसुमित सुहान,
तिमि लखियत याचक गन समाज ॥
श्री बदरी नारायन द्विजवर, जिय जानि सुभग
सोभित औसर यह देत बधाई काशिराज ॥१६०॥

बनरा बराती

राग शाहाना

नीकी वनक बन आया बनरा। सबके मनहिं लुभाया बनरा॥
माथे मौर मुख बेले का सहरा, चितवत चितहिं चुराया बनरा॥
मनहुं तरय्यैन मोहि आज, पूरन चन्द बनाया बनरा॥

भूषन मानिक बसन केसरिया तन सुभ साज सजाया बनरा ।।
मनहुँ प्रेमघन प्रेम बनी के नख सिख सुरंग नहाया बनरा ।।१६१।।

बनरा

आज सजि साजि आया बनरा लाड़े लावे ।।टेक।।
सिर पर सहरा मोतियों का वे निरखत नैन लुभाया ।।
बद्रीनाथ देखि शोभा यह मन मन मयन लजाया ।।१६२।।

(एजी) चहुँ ओर बजतब धैय्या, नृप लाडिले घर जाय ।।टेक।।
बद्रीनारायन द्विजवर, मंगल मचो घरघर,
छवि सौगुनी नगर की, बन ऋतुपति आये ।।१६३।।

बनरा घराती

बनरा का ससि आया बनरा, सब के चखनि चकोर बनाया।
जामा सुभग सियो दरजी तुव पाग रुचिर रँगरेज सुहाया ।।
सुखमा सीस तिहारी माली सजि सेहरा अति अधिक बढ़ाया।
गर लगाय माला तू अपनी करि टोना जनु चितहि चुराया ।।
चिरजीओ सौ बरस प्रेमघन बरसि बरसि रस हिय हुलसाया ।।१६४।।

सुहाती गाली

गारी देन जोग नहिं कबहूँ समझि परौ तुम प्यारे।
सब सद गुन सों भरे पुरे हौ तुम सारे के सारे ।।
लहियत नहिं उपमा सुखमा तुव घर की बात बिचारे।
सब दिन तुम सत्कारचो सब बिधि अति उदारता धारे ।।
झूठ नाहिं रतिहू जाचत जे जाय आय के द्वारे।
सो सौ मग सत्कार सदा लहि पीटत सुजस नगारे ।।
गिने विबुध सौ जन में तुम वन्दित जाहु बिठारे।
सुखदायक गुनि बन सदा प्रेमघन रस बरसावन वारे ।।१६५।।

रुलाती गाली

का गुन दीजै कौन तुम्हें गाली।
जग अपमान सहत बहु दिन जिन, जिय न ग्लानि कछु धारी॥
कियो कलंकित आर्य्य वंश तुम बनि हिन्दू व्यभिचारी।
कहलाये काले कापुरुष, दास बनि सर्वस हारी॥
पितामही भारती तुमारी तुम सो समुझि निकारी।
सात सिन्धु तरि म्लेच्छन के घर, जाय बसी करि यारी॥
श्री सम्पत्ति हरि लियो विधर्मिन जे तुमारि महतारी।
चची चातुरी शक्ति भीरता तुव तिय संग सिधारी॥
भोगे तुव भगनी वीरता, बड़ाई प्रभुता प्यारी।
फोरि फूट कुटनी के बल, बहु बार यवन दल भारी॥
धर्म प्रथा नानी मर्यादा भाभी तुव डर डारी।
वारि नारि बनि घर २ नाची, अञ्चल अलक उघारी॥
फूफी ईशभक्ति भावी तव देस प्रीति मतवारी।
बनि तजि तुमैं नीच रति राची करि तिन सबन सुखारी॥
समुझ निलज्ज नपुंसक तुम कह निपट अपंग अनारी।
तुव पत्नी स्वाधीनता सरकि पर घर पायँ पसारी॥
सुता सभ्यता पोती कीरति नानिति नीति दुलारी।
गई कहां नहिं जान परै कछु तजि तुव घर कर झारी॥
कुल करतूत बुरी अपनी सुनि, सांचे सांचे ढारी।
दोष प्रेमघन पैं न देहु पिय बिन कछु लहे लवारी॥१६६॥

हँसाती गाली ज्योनार

तुम जेंवहु जू जेवनार! हमारे पाहुने।
खाये से हमरे घर के तुम होवहु परम सुखार।
बड़े मुँगौरे सेव समोसे पूरी मुख के द्वार॥
वे टिकिया पापर तुम रीझौ कैसे कौन प्रकार।
ताही लगि रस चखो सलोनो निज रुचि के अनुसार॥

चाटहु चटनी जो रुचि राचै चाखहु सभुग अँचार।
जबहिन तुम नमकीन छोड़िहौ लै रस सब रस वार॥
पूरी गरम कचौरी भाजी खस्ता भरि भरि थार।
लेहु न मिरचा चीखि आपने रुचि सँग साग सुधार॥
मोहन भोग कियो खुरमा हित गुप चुप करि प्यार।
तुम लगि निज कुल भावती मिठाई न परस्यो यहि बार॥
बहु बिधि गोरस मधुर मुरब्बे मेवन की भरमार।
लेहु स्वाद सब सहित प्रेमघन के सारे सरदार॥१६७॥

समधिन

सिन्ध भैरवी

सुनिये समधिन सुमखि सयानी।
आवहु दौरि देहु दरसन जनि प्यारी फिरहु लुकानी॥
फैली सुभग सरस कीरति तुव, सुन सबहिन सुखदानी।
आये हम सब करै निवेदन, यहै जोरि जुग पानी॥
जनि संकोच करहु अब सुन्दरि, लेहु सुयश मनमानी।
दया वारि बरसाय प्रेमघन, बनहु बिनोद बढ़ानी॥
सम समधी तुव सदन द्वार यह आनि भीड़ मड़रानी।
पुरवहु काम सबन के बेगहि उर उदारता आनी॥१६८॥

उर्दू बिन्दु

उर्दू विन्दु

ग़जलें

कूचये दिलदार से बादे सबा आने लगी।
जुल्फ मुश्की रुख प बल खा खा के लहराने लगी ।।टेक।
देख कर दर पर खड़ा मुझ नातवां को वो परी।
खीच कर तेग़े अदा बेतर्ह झुंझलाने लगी ।।
जुल्फ़ मुश्की मार की बढ़ बढ़ के अब तो पैर तक।
नातवां नाकाम उश्शाकों को उलझाने लगी ।।
देख कर कातिल को आते हाथ में खंजर लिए।
खौफ से मरकत मेरी बेतर्ह थर्राने लगी ।।
हो नहीं सकती गुज़र मेहफिल में अब तो आपके।
बदजुबानी गालियाँ साहेब ये सुनवाने लगी ।।
देख कर चश्मे ग़िजाला यार की बेताब हो।
बीच गुलशन के कली नरगिस की मुरझाने लगी ।।
जा रहा है सैर गुलशन के लिए वो सर्वकद।
शोखिये पाजेब की यां तक सदा आने लगी ।।
चश्म गिरियां की झड़ी मय की लगाये देख कर।
हँस के बिजली वो परी पैकर भी कड़काने लगी ।।१।

अपने आशिक पर सितमगर रहम करना चाहिए।
देख कर एक बारगी उससे न फिरना चाहिए ।।
काटना लाखों गलों का रोज यह अच्छा नहीं।
आकवत के रोज को कुछ दिल में डरना चाहिए ।।

जां निकलती है ग़मे फुरकत में तेरे ऐ सनम।
अब भी तो बेताब दिल को ताब देना चाहिए॥
रोज़ हिजरां की नहीं होती है उमरों में भी शाम।
अभी कुछ दिन और तुमको सब्र करना चाहिए॥
बोसये लाले लबे शीरीं की क्या उम्मेद है।
अब तुझे फरहाद थोड़ा ज़हर चखना चाहिए॥
सांस का आना हुआ दुशवार फुरकत से तेरे।
अब तो मिसले मोम दिल को नर्म करना चाहिए॥
अर्ज़ सुन बदरीनारायन की वहीं बोला वो शोख।
तुमको अपने दिल से नाउम्मीद होना चाहिए॥२॥

मेरी जान ले क्या नफ़ा पाइएगा।
छुड़ाकर ए दामन किधर जाइयेगा॥
जो कहता हूँ अब रहम हो जाय मुझ पर।
तो कहते हैं फिर आप आजाइएगा॥
किया कत्ल तेगे निगह से जो मुझ को।
कदमरंजा मरकद पर फरमाइएगा॥
इनायत करो हुस्न के जोश में वरना।
फिर हाथ मल मल के पछताइएगा॥
वो हँसते हैं सुनकर जो कहता हूँ उनसे।
जलाकर मुझे आप क्या पाइएगा॥
निकलवा के छोड़ेंगे बदरीनारायन।
अगर आप मेरे तरफ आइएगा॥३॥

जो तेगे निगह वो चढाए हुए हैं,
यहाँ हम भी गरदन झुकाए हुए हैं।
इन्हीं शोला रूओं ने शोखी सितम से,
जलों के जले दिल जलाये हुए हैं।

नये फूल की मुझको हाजत नहीं है,
यहां रंग अपना जमाए हुए हैं।
यही हजरतें दिल के हैं लेनेवाले,
जो भोली सी सूरत बनाए हुए हैं।
नहीं दाग मिस्सी का लाले लबों पर,
ये याकूत में नीलम जड़ाए हुए हैं।
डरूंगा न मैं घूरने से सितमगर,
हसीनों से आखें लड़ाए हुए हैं।
अजल भी नहीं आती है खौफ़े से यां,
जो वो दान उलफत लगाये हुए हैं।
जिगर पर है कारी जखम मुश्फ़िके मन,
निगह तीर वो जो चढ़ाये हुए हैं।
घरे दामे गेसू में दाना ए तिल का,
बहुत तायरे दिल फँसाए हुए हैं।
सताओ भली तर्ह बदरीनारायन,
बहुत तुम से आराम पाए हुए हैं ॥४॥

दिल को तो लूट लिया करते हैं,
मुझको बेचैन किया करते हैं।
क्या तरीका यह निकाला है नया,
जान दे दे के लिया करते हैं।

शाम से सुबह शबो रोज मुदाम,
दम ही बागें में रहा करते हैं।
हम भी उम्मीद में तसकीं करके,
जिन्दगी अपनी फना करते हैं।

खा के गम पीके जिगर के खूं को
..........ख्वाब कहा करते हैं।

बादये वस्ल की उम्मेद में हम,
शाम से सुबह जपा करते हैं।
शिकवये कत्ल किया जब मैंने,
हंस के बोले कि बजा करते हैं।
झिडकियां खा के याद की ऐ अब्र,
गालियाँ रोज सुना करते हैं॥५॥

बगरजे कत्ल गर शमशीर अवरूवी उठाते हैं,
इसी उम्मीद में हम भी एलो गरदन झुकाते हैं।
हजारों जां वलव होते उसी दम कूये जाना में,
अदा से जब कभी खिड़की का वो परदा हटाते हैं।
हिनाई हाथ रखकर दीदये तरपर मेरे बोले,
तमाशा देखिए हम आग पानी में लगाते हैं।
लिए सागर मये गुलगूं वो साकी यों लगा कहने,
कि जो दे नक़द जां हमको उसे यह मय पिलाते हैं।
मसीहा की बहुत तारीफ सुन कर यार यों बोला
हजारों जां बलब हम एक बोसे में जिलाते हैं।
सुनाकर आशिकों को कल वो कातिल यों लगा कहने,
कलेजा थाम्ह लो लोगो अदा हम आजमाते हैं।
नहीं आसां है आना अब्र इस बागे मोहब्बत में,
जहां दोनों से जाते हैं वही इस जा पर आते हैं॥६॥

ऐ सनम तूने अगर आँख लड़ाई होती,
रूह क़ालिब से उसी दम ही जुदाई होती।
तू ने गुस्से से अगर आँख दिखाई होती,
रूह क़ालिब से उसी दम निकल आई होती।
हफ़्त इक़लीम के शाही का न ख्वाहां होता,
उसके कूचे की मयस्सर जो गदाई होती,

दिले मजनू तो कभी होता न लैली का असीर,
रश्के लैली जो कहीं तू नजर आई होती।
लेता फिर नाम न फ़रहाद कभी शीरीं का,
चाँद सी तुमने जो सूरत ये दिखाई होती।
गो कि फूला न फला नख्ले तमन्ना फिर भी,
उसके गुलजार तक अपनी जो रसाई होती।
तेगे अबरू जो कहीं होती न तेरी खमदार,
तो न मैं शौक से गर्दन ये झुकाई होती।
फिर तो इस पेच में पड़ता न कभी मैं ऐ अब्र,
जुल्फ पुरपेंच से अबकी जो रिहाई होती।।७।।

तेरे इश्क में हमने दिल को जलाया,
कसम सर की तेरे मजा कुछ न पाया।।टेक।।
नजर खार की शक्ल आते हैं सब गुल,
इन आखों में जब से तू आकर समाया।
करूं शुक्र अल्लाह का या तुम्हारा,
मेरे भाग जागे जो तू आज आया।
हुआ ऐ असर आहोनालो में मेरे,
पकड़ कर तुझे चङ्ग सी खींच लाया।
किसी को भला मकदरत कब ये होगी,
हमीं थे कि जो नाज तेरा उठाया।
असर हो न क्यों दिल में दिल से जो चाहे,
मसल सच है जो उसको ढूँढा वो पाया।
शहादत की हसरत ने है सर झुकाया,
जो शोखी से शमशीर तुमने उठाया।
तसउवर ने तेरे मेरे दिल से प्यारे,
हमी को है वल्लाह हम से भुलाया।

शकरकन्द वो अंगूर दिल से भुलाया,
मजा लाले लब का तेरे जिसने पाया।
दोआ मुद्दतों माँगी है मसजिदों में,
तब उस बुत को हमने शिवाले में पाया।
झुका बस लिया हार कर अपनी गरदन,
तेरे बस्फ़ में जो क़लम को उठाया।
खुली मह मुनवर की क्या साफ़ कलई,
शवे माह में बाम पर। जो तू आया।
नहीं सिर्फ मुझ पर ही तेरी जफाएँ,
हजार का जी हाय तूने जलाया।
चमन में है बरसात की आमद आमद,
अहा आसमां पर सियः अब्र छाया।
मचाया है मोरों ने क्या शोरे महशर,
पपीहों ने क्या पुर गजब रट लगाया।
बरुसे बरक़ नाज़ से क्या चमक कर,
है बादल के आंचल में मूं को छिपाया।
तुझे शेख जिसने बनाया है मोमिन,
हमें भी है हिन्दू उसी ने बनाया।
नज़र तूर पर जो कि मूंसा को आया,
वही नूर हम को बुतों ने दिखाया।
परीशां हो क्यों अब्र वे खुद भला तुम,
कहो किस सितमगर से है दिल लगाया ॥८॥

पड़ै न बल बाल सी कमर पर,
समझ के चलिए ए चाल क्या है।
नजर के गड़ने से साफ चेहरे,
पै यार तेरे जवाल क्या है।

बहुत न इतराइये खुदा के लिए,
अभी सिन वो साल क्या है।
ए तेज कदमी अवस है साहब,
समझ के चलिए ये चाल क्या है।
ए फरशे गुल है जनाबे आली,
बताइए फिर खयाल क्या है।
गजब है अटखेलियों से आना,
सँभल के चलिए ए चाल क्या है।
मचाये महेशर ये चुलबुलाहट,
कि चाल तेरी मोहाल क्या है।
जिलाओ मुर्दों को ठोकरों से,
जो तुम मसीहा कमाल क्या है।
अजीब दाना धरे है सइयाद,
गाल अनवर पर खाल क्या है।
फँसा लिया तायरे दिल अपना,
ए बाल जंजाल जाल क्या है।
पहाड़ ढाहें हमारी आहें,
जलायें जंगल जमी हिलाएं।
जो सीनये चर्ख चीर डालें,
हमारे नाले कमाल क्या है।
जो इश्क सादिक हो आदमी को,
रहै जो साबित कदम तो फिर वह।
मिलै खुदा शक नहीं कुछ इसमें,
विसाल इन्सा मुहाल क्या है।
मजा है फुरकत में जो अजीजी,
है जिसमें मिलने की रोज चाहत।
भला हो जिसमें जुदाई आखिर,
बताओ लुफ्ते विसाल क्या है।

परी सा क़द वो चाँद सी सूरत,
अदा वो अन्दाज वो हूर गिलमां।
कहूँ न क्या तुमसे ऐ अजीजो,
मेरा वो जादू जमाल क्या है।
बगैर खुशबू के गुल हैं जैसे,
बिला मुरव्वत है चश्मे नरगिस।
उसी तरह से वगैर सीरत,
हुआ जो हुस्नो जमाल क्या है।
अगर हो मुमकिन जो तुझसे नेकी,
बजा है तेरे जहां में जीना।
वो गर न जो एक दिन है मरना,
हिफ़ाजते गंजी माल क्या है।
गदाई तेरी गली की हमने किया है,
मुद्दत तक ऐ सितमगर।
मगर न पूछा कभी ए तूने,
कि हाय तेरा सवाल क्या है।
सन शबेतार हैं ऐ जुल्फें,
शफ़क सा है माँग में ए सिन्दू।
ग्वया सितारे हैं सब ए दन्दां,
जवीन मिसले हिलाल क्या है।
गुलों को शरमिन्दगी है रंगत से,
मेह मुनवर चमक से नादिम।
अजीब हैरान आइना है,
ए साफ़ सफाफ गाल क्या हैं।
गिला वो जारी हमारी सुनकर,
चढ़ा के तेवर वह शोख बोला।
ए झूठे आंसू बहाइए मत,
बताइए साफ हाल क्या है।

लखूकहां दिल बगैर कीमत हूं,
रोज लेते न सिर्फ तेरा।
नहीं जो मंजूर फेर देंगे फिर,
इसमें जाये सवाल क्या है।
दिया है जब नक्त दिल तुम्हें तब,
लिया है बोसा जनाबआली।
बराये इनसाफ आके कहिए,
कि इसमें जाए मलाल क्या है।
उदास बैठे हो सर्वजानू,
नजर चुराते हो हाय हम से।
रखाये हो दिल कहाँ बताओ,
जनाबे आली हवाल क्या है।
अगर बे हों फरहादी कैसमजनू,
वो हमको उस्ताद करके मानैं।
रक़ीब बुजदिल मेरे मुक़ाबिल,
सहै जफायें मजाल क्या है।
किसी शहे हुस्न महेलक़ा ने,
किया तुझे क्या असीर उल्फत।
उदास हो क्यों बतावो बदरी,
नरायन अपनी कि हाल क्या है।
खराब खिस्ता जलील रुसवा,
मतूंव बेदीं कहै जहाँ गर।।
मगर जो हैं मस्ते जामे उल्फत,
उन्हें फिर इसका खयाल क्या है।।९।।

रेखता

अजब दिलरुबा नंद फ़रजन्द जू है।
इक आलम को जिसकी पड़ी जुस्तजू है।।

तेरी ख़ाके पा से रहे मुझको उलफ़त,
यही दिल की हसरत यही आरज़ू है।
सिफ़त का तेरी किस तरह से बयां हो,
कब इस्में किसै ताक़ते गुफ्तगू है।।
तुझे भूल कर ग़ैर को जिसने चाहा,
उसी की मिली ख़ाक में आबरू है।।

जहाँ की हवा वा हवस में जो घूमा,
उड़ाता फिरा ख़ाक वह कू ब कू है।।
ज़मीनो फ़लक काह से कोह में भी,
जो देखा तो हर जाय मौजूद तू है।।

जिधर गौर करता हूँ होता हूँ हैरां,
अजब तेरी सनअत अयां चार सू है।।
कहां रुतबये यूसुफ़ो हूरो ग़िलमां,
शहनशाह ख़ूबां फ़कत एक तू है।।

गिलो आब से आब गुल कब ये पाते,
ये तेरी ही रंगत ये तेरी ही बू है।
महो मेहर अनवर सितारों में प्यारी,
तुम्हारी ही जल्वागिरी चार सू हैं।

तुही जल्वागर दैर दिल में है सब के।
अवस सब यह रोज़ा नमाज़ो वज़ू है।।
बरसता रहे अब्र रहमत तुम्हारा।
यही "अब्र" की एक ही आरज़ू है।।

किया इश्क जुल्फ़े दुतां चाहता है।
बला क्यों यह सर पै लिया चाहता है।।
हुआ दिल यह तुझ पर फ़िदा चाहता है।।
सरासर ख़ता बस किया चाहता है।।

कहां तू उसे बेवफ़ा चाहता है।
अरे दिल तू यह क्या किया चाहता है॥
नक़ाब उसके रुख से हटा चाहता है।
ख़िज़िल माह कामिल हुआ चाहता है॥
ब फ़ज़ले ख़ुदा अब मेरे दौर दिल में।
किया घर व बुत महेलक़ा चाहता है॥
हँसा गुल जो शाखे शजर में तो समझो।
कि अब यह ज़मीं पर गिरा चाहता है॥
बिछा गाल के तिल पै है दाम गेसू।
मेरा तायरे दिल फँसा चाहता है॥
यह शाने ख़ुदा है कि वह बुत भी बोला।
मेरा बख़्ते ख़ुफ़्ता जगा चाहता है॥
मेरे लग के सीने से वह हंस के बोला।
बता तू क्या इसके सिवा चाहता है॥
सुना रोज़ करते थे जिसकी कहानी।
वही आज मुझसे मिला चाहता है॥
ज़रा इक नज़र देख दे तू इधर भी।
यही दिल किया इल्तिजा चाहता है॥
बरसता रहे "अब्र" बाराने रहमत।
यही अब्र देने दुआ चाहता है॥१०॥

× ×

बन में वो नंद नंदन बंसी बजा रहा है।
मन में व्यथा मदन की मेरे जगा रहा है॥
जब से मनोज मोहन मन में समा रहा है।
जिस ओर देखती हूँ वह मुसकुरा रहा है॥
भौंहें मरोड़ कर मन मेरा मरोड़ता है।
नैनों की सैन से बस बेबस बना रहा है॥

सिर मोर मुकुट सोहै कटि पीत पट बिराजै।
गुञ्जावतंस हिय में बनमाल भा रहा है॥
कैसे करूं सखी अब कल से नहीं कल आती।
मन मोह कर वो मोहन मुझको भुला रहा है॥११॥

रेखता

हमने तुमको कैसा जाना, तुमने हमको ऐसा माना ॥टेक॥
सैरों को गैरों संग जाना, पास मेरे हरगिज़ नहिं आना,
देख दूर ही से कतराना; ए तोतेचश्मी जतलाना॥
जहरीले नख़रें बतलाना, सौ सौ फिकरे लाख बहाना,
दमबाज़ी ही में टरकाना, गरज़ हमै हर तरह सताना॥
रोज़ नई सज धज दिखलाना, चपल चखन चित चितै चुराना,
भौंह कमान तान सतराना, लचक निज़ाकत से बल खाना॥
श्रीबदरी नारायन मत जाना, सीखा दिल का खूब जलाना,
पास मुहब्बत जरा न लाना, पहिने बेरहमी का बाना॥१२॥

ए दिलबर दिल कर दीवाना। अब कैसा घाई बतलाना ॥टेक॥
पहिले मन्द मन्द मुसुक्याना, अजीब भोलापन दिखलाना,
मीठी बातों में बहलाना, फन्द फिरेबों में फुसलाना।
बाकी बनक दिखाय लुभाना, प्यारी सूरत पर ललचाना,
गालों में जुल्फ़ें छितराना, काले नागों से डसवाना॥
एक बोल पर सौ बल खाना, एक बोसे पर लाख बहाना,
भौंह कमान तान सतराना, नाक सकोड़ मुकड़ मुड़ जाना॥
श्री बदरीनारायन माना, हम में ये ढंग माशूकाना,
पर इतना भी हाय सताना, ख़ौफ़े खुदा दिल में नहि ल्याना॥१३॥

लावनी

क्या सोहै सीस पर तेरे दुपट्टा धानी,
मन मेरा मस्त हो गया दिल जानी॥

मुख पर क्या सोहैं छुटी लटैं लटकाली,
आशिको के दिल डसने को नागिन पाली,
चमकीली चौंकाली आलशी घुँघुराली,
हैं कहीं डंक विच्छू से जहराली,
देती हैं पेंच ये आपस में उल्झानी,
मन मेरा मस्त हो······दिलजानी॥१४॥

दोनों यह चश्म नरगिसी तेरे मतवारे,
मृग मीन खञ्ज अरविन्द लजाने हारे,
क्या सजे संग सुरमे के ये रत्नारे,
दिल दीवाना करते हैं नैन तुमारे,
चुभ जाती चितवन यह प्यारी अलसानी,
मन मेरा मस्त हो······दिलजानी॥

क्या कहूँ चाँद से मुखड़े की छबि तेरे,
पाता हूँ नहीं मिसाल जगत में हेरे,
गुल दोपहरी लखि मधुर अधर मुरझेरे,
दाने अनार दाँतों को देख गिरे रे,
खुश रंग अंग दुति दामिन देखि लजानी,
मन मेरा मस्त हो······दिलजानी॥१५॥

शोभा सब संचि विरंचि मनोहरताई,
साँचे में ढाल ये कारीगरी दिखाई,
एक अचरज की पुतली सी तुम्हैं बनाई,
चातुरी आपनी लाज लपेट छिपाई,
निरखत बद्री नारायन से सैलानी,
मन मेरा मस्त हो······दिलजानी॥

लावनी

किस गोकुल के दिलवर की यादगारी है।
क्या हाय बन गई यह शक्ल तुमारी है ।।टे०।।
सच बतलाओ यह कैसी बेकरारी है।
आहो नालो से अयाँ इन्तिशारी है।।
चश्मों से चश्म ए अश्क क्यूं प जारी है।
छा रही उदासी चेहरे पर न्यारी है।।
मंजूर कहो यः किस में जां निसारी है।
बतला तो कैसी तुझको बीमारी है।।
खाई तूने यह कहा जख्म कारी है।
किस कातिल की लगी चश्म की कटारी है।।
किस जालिम की तुझ पै य सितमगारी है।
किस दामें जुल्फ में हुई गिरफ्तारी है।।
भा गई तुझै किस गुल की तरहदारी है।
किस बुलबुल की सुनली खुश गुफ्तारी है।।
बस गई दिल में किसकी सूरत प्यारी है।
किस रश्के कमर से हुई नई यारी है।।
किसके फिराक में ऐसी लाचारी है।
बद्री नारायन यः कैसी गमख्वारी है।।
किस शाकी के मये इश्क की खुमारी है।
क्यों दिल को ऐसी हुई सोच भारी है।।
बतलाओ तुम को कसम अब हमारी है।
किस पर जनाब जंगल की तैयारी है।।१६।।

—×—

है इश्क बुरा जंजाल मेरे ऐ प्यारे,
सब चातुर सयाने लोग जहाँ पर हारे ।।टेक।।
लैली पै बनाया मजनू को सौदाई,
फरहाद देख शीरी की जान गवाई।।

की छैल बटाऊ मोहना संग रुसवाई,
फिर हरि और राधे की कथा चलाई ।।

क्या कहूँ हजारों के घर हाय उजारे,
सब चतुर सयाने लोग जहाँ पर हारे ।।
देखो चिराग पर जलता है परवाना,
प्यासा मरता स्वाती पर चातक दाना ।।
ससि सुन्दर सूरज से चकोर क्यों माना,
मधुकर गुलाब के काँटो में उलझाना ।।
नित वीन सुना कर जाते हैं मृग मारे,
सब चतुर सयाने लोग जहाँ पर हारे ।।
कुछ और सबब इस्में न हमें नज्रा या,
दिलही को दिलके साथ वास्ता पाया ।।
गुनरूप सबब नाहक लोगों ने गाया,
यह है कुछ उस परवरदिगार की माया ।।
जुल्फों के फन्दे जो निज हाथ सँवारे,
सब चतुर सयाने लोग जहाँ पर हारे ।।
बस वही बना माशूक सितम करता है,
जिस पर आशिक दीवाना बन मरता है ।।
कोई लाख कहो वह नहीं ध्यान धरता है,
राहत वरंजये की पर मरता है ।।
बदरीनारायन सच्चे ख्याल तुमारे,
सब चतुर सयाने लोग जहाँ पर हारे*।।१७।।

*कुछ पसन्द आया कि नहीं ! सच कहना, बस ! ठीक यही हाल इश्क का है। (भारतेन्दु प्रतिलिखित)

बर्षा बिन्दु

सं० १९७०

कजली

प्रधान प्रकार

अर्थात् रागिनी वा गीत का मूल वा मुख्य रूप

सामान्य लय

जय जय प्यारी राधा रानी, जय जय मन मोहन बृजराज ॥
दोउ चकोर, दोउ चन्द, दोऊ घन, दोउ चातक सिरताज।
दोऊ अमल, कमल अलि दोऊ सजे सजीले साज ॥
दोऊ प्रेम भाजन, दोउ प्रेमी, दोऊ रूप जहाज।
सुकबि प्रेमघन के मिलि दोऊ सबै सँवारौ काज ॥१॥

दूसरी

जय जय राधा वदन सरोरुह मधुकर मोहन वनमाली ॥
विहरसि युवति समूह समेतो नव शोभा शाली।
कुसुमित बकुल कदम्ब निकुञ्जे गुञ्जति भ्रमराली ॥
कंस विमर्दन कालियमन्थन कुञ्चित कच जाली।
प्रसरतु सदा प्रेमघन हृदि तव नव पद प्रेम प्रणाली ॥२॥

तीसरी

हे हरि ! हमरी ओरियाँहूँ अब फेरौ तनिक दया दृगकोर ॥
राधा रमन, समन बाधा, नट नागर, नन्द किसोर।
मुनिमन मानस के मराल, बृज जुबती जन चितचोर ॥
अधम उधारन, पतितन पावन, अवगुन गनो न मोर।
बरसहु नित नित प्रेम प्रेमघन ! मन मैं सरस अथोर ॥३॥

चौथी

सोर करत चहुँ ओर मोर गन चल सखि ! वृन्दाबन की ओर।
छाय रहे घनस्याम अवसि उत कहि नाचत मन मोर।।
ललचत लोचन चातक सम छबि पीयन हित चित चोर।
बरसत सो घन प्रेम प्रेमघन जनु आनन्द अथोर।।४।।

गृहस्थिनियों की लय

सिर पर सही रे ओढ़नियाँ ओढ़े खेलै कजरी।।
हिलि मिलि के झूला संग झूलैं सब सखी प्रेम भरी।
सजी प्रेमघन सावन के सुख मिरजापुर नगरी।।५।।

दूसरी

रिम झिम बरसै रे बादरिया मोरी चादरिया भीजी जाय।
कहाँ जाय अब हाय बचौ मैं ! दैया ! जिय घबराय।।
लै छाता तर, छाती से लगि, प्रीति रीति सरसाय।
पिया प्रेमघन ! पैयाँ लागौं बेगि बचावो आय।।६।।

नटिनों* की लय

बन बन गाय चरावत घूमो ! ओढ़े कारी कमरी।
तुम का जानो रस की बतियाँ ? हौ बालक रगरी।।
बेईमान ! दान कस माँगत गहि बहियाँ हमरी ?
सीखौ प्रेम प्रेमघन ! अबहीं, छोड़ ! मोरी डगरी।।७।।

दूसरी

नैना पापी मानैं नाहीं प्यारे ! ये काहू की बात।
लाख भाँति समझाय थके हम करि करि सौ सौ घात।।

*नट नामक एक जंगली जाति की स्त्रियां जो नाचने, गाने और वेश्या वृत्ति उठाने से यहाँ एक प्रकार मध्यम श्रेणी की रण्डी वा नर्तकी वारवधू बन गई हैं, जिनकी कजली गाने में कुछ विशेषता है और जिसका कुछ वर्णन इस पुस्तक के अन्त में "कजली की कजली" में भी हुआ है।

चलत छाँड़ि कुल गेल बने बिगरैल नहीं सकुचात।
छके प्रेममद मस्त प्रेमघन तकत यार दिन रात॥८॥

रंडियों* की लय

बांके नैनों ने रसीले! तोरे जदुआ डाला रे।
मुख मयंक पर मण्डल मानो कान सजीले बाला॥
मोर मुकुट सिर अधर मुरलिया गर बिलसत बनमाला।
प्रेम प्रेमघन बरसावत कित जात नन्द के लाला॥९॥

दूसरी

तोरी गोरी रे सूरतिया प्यारी प्यारी लागै रे॥
मन्द मन्द मुसुकानि लखे उर पीर काम की जागै।
बरसावत रस मनहुँ प्रेमघन बरबस मन अनुरागै॥१०॥

तीसरी

मारी कैसी तू ने जनियाँ! बाँके नैनों की कटार॥
पलक म्यान सों बाहर कर कर दीन करेजे पार।
ब्याकुल करत प्रेमघन मन हक नाहक हाय! हमार॥११॥

बनारसी लय

तोहसे यार मिलै के खातिर सौ सौ तार लगाईला॥
गंगा रोज नहाईला, मन्दिर में जाईला।
कथा पुरान सुनीला, माला बैठि हिलाईला हो॥
नेम धरम औ तीरथ बरत करत थकि जाईला।
पूजा कै कै देवतन से कर जोरि मनाईला हो॥
महजिद में जाईला ठाढ़ होय चिल्लाईला।
गिरजाघर घुसि कै लीला लखि लखि बिलखाईला हो॥
नई समाजन की बक बक सुनि सुनि घबराईला।
पिया प्रेमघन मन तजि तोहके कतहुँ न पाईला हो॥१२॥

---

*नर्तकी वेश्या वा घुंघुरूबन्द पतुरिया।

गुण्डानी लय

नैन सजीले बैन रसीले छैल छबीले तेरे रे॥
नित टरकाय, हाय! क्यों मारत, दिलवर प्यारे मेरे।
यार प्रेमघन! बेदरदी छबि देखलावत नहिं एरे॥१३॥

दूसरी

एक दिन तोरे रे जोबन पर चलिहैं छूरी तरवार।
रतनारे मतवारे प्यारे दूनौ नैन तोहार॥
धानी ओढ़नी सोहै सीस पर, अंगिया गोटेदार।
यार प्रेमघन ललचावत मन बरबस हाय हमार॥१४॥

बनारसी लय

हम तो खोजि २ चौकाली चिड़िया रोज फंसाईला।
जहाँ देखि आई, सुनि पाई, बसि डटि जाईला हो॥
चोखा चारा चाह, जतन कै जाल बिछाईला।
पट्टी टट्टी ओट नैन कै चोट चलाईला हो॥
कम्पा दाम लगाईला चटपट खिड़पाईला।
यार प्रेमघन! यही तार में सगतौं धाईला हो॥१५॥

दूसरी

बहरी ओर जाय बूटी कै रगड़ा रोज लगाईला॥
बूटी छान, असनान, ध्यान कै, पान चबाईला।
डण्ड पेल चेलन के कुस्ती खूब लड़ाईला हो॥
बैरिन सारन देखतहीं घुइरी, गुर्राईला।
त्यूरी बदलत भर में लै हरबा सटि जाईला हो॥
कैसौ अफगातून होय नहिं तनिक डेराईला।
गुरू प्रेमघन! यारन के संग लहर उड़ाईला हो॥१६॥

नवीन संशोधन

आये सावन, सोक नसावन, गावन लागे री बनमोर ।।
घहरि घहरि घन बरसावन, छबि छहरि छहरि छहरावन।
चातक चित ललचावन, चहुँ ओरन चपला चमकावन ।।
संजोगिन सुख सरसावन, बिरही बनिता बिलखावन।
अधिक बढ़ावन प्रेम, प्रेमघन पावस परम सुहावन ।।१७।।

साखी बद्ध

घिरि घिरि आए बदरा कारे, प्यारे पिय बिन जिय घबराय ।।
आह दई ! बचिहैं कला कौन बियोगी प्रान।
चहुँ ओरन मोरन लगे अबहीं सों कहरान।
झिल्लीगन झनकारत, मारत बैरी दादुर सोर सुनाय ।।
अँधियारी कारी निसा निपट डरारी होय।
बाढ़त बिरह बिथा जुगी जोति जोगिनी जोय।
पी ! पी ! रटत पपीहा पापी सुनि धुनि धीर धरो नहिं जाय ।।
इन्द्र धनुष धनु, बूँद सर बरसावत यह आज।
बरखा ब्याज बनो बधिक मदन चल्यो सजि साज।
सहत न बनत पीर अब आली ! कीजै कैसी कौन उपाय ।।
चखचौंधी दै चंचला चमकि रही चढ़ि चाव।
करि करवाली काम के करवाली उर घाव।
पिया प्रेमघन सों कहु आली आवैं, मोहिं बचावैं धाय ।।१८।।

जन्माष्टमी की बधाई

धनि धनि भाग जसोदा तेरो ! जायो जिन अबिनासी बाल ।।
सकल सुरन पूजित पद पल्लव, असुर कंस को काल।
सुक, सनकादिक, नारद, मुनि मन मानस मंजु मराल ।।
तजि गोलोक, आय गोकुल, जगदीस भयो गोपाल।
सुकवि प्रेमघन बृज में छायो मंगल मोद बिसाल ।।१९।।

झूले की कजली

झूलन कालिन्दी के कूलन झूलन चलिये नन्दकिसोर॥
बृन्दाबन कुसुमित कदम्ब की कुञ्जनि नाचत मोर।
कूकत कोइल, चहँकत चातक, दादुर कीने शोर॥
सरस सुहावन सावन आयो, घहरत घिरि घन घोर।
अँधियारी अधिकात, चञ्चला चमकि रही चित चोर॥
मन भाई छाई छबि सों छिति हरियारी चहुं ओर।
लहरावत द्रुम लता चलत पुरवाई पवन झंकोर॥
चलौ उतै जनि बिमल करौ मन ठानत हठ बरजोर।
पिया प्रेमघन! बरसावहु रस दै आनन्द अथोर॥२०॥

दूसरी

झूलत राधा गोरी के सँग सोहत सुघर सलोने स्याम॥
गल बाहीं दीने दोउ राजत, मानहुं रति अरु काम।
छहरत छबि छन छबि मिलि ज्यों घनस्याम नवल अभिराम॥
मन मोहत मिलि ज्यों कालिन्दी, सुरसरिता इक ठाम।
पाय प्रेमघन चन्द लगत प्रिय जथा जामिनी जाम॥२१॥

तीसरी

झूलें राधा सँग बनमाली, आली! कालिन्दी के तीर॥
नचत कलापी कदम कुंज, किलकारत कोकिल, कीर।
बिकसे जहाँ प्रसून पुंज, गुंजरत भौंर की भीर॥
लचत लंक लचकीली लचकत, प्यारी होति अधीर।
निरखि प्रेमघन प्रेम बिबस ह्वै भरत अंक बलबीर॥२२॥

चौथी

प्यारी पावस की ऋतु आई, झूलत पिय के सँग प्यारी।
राजत रतन जरित हिंडोर पर गर बहियाँ डारी॥

निरखि सुहावन सावन घन की घिरी घटा कारी।
नाचत मोर, कोकिला, चातक चहँकत हिय हारी॥
बन प्रमोद सुन्दर सरजू तट भई भीर भारी।
रघुनन्दन सँग जनक नन्दनी मिलि सखियाँ सारी॥
गावत कजरी औ मलार सावन बारी बारी।
बरसत जुगल प्रेमघन रस हरसत जनु मन वारी॥२३॥

उर्दू भाषा

आई क्या ही भाई भाई दिल को यह प्यारी बरसात॥
घिर कर अब्र-सियः ने बनाया इकसाँ दिन औ रात।
अजब नाज़ अन्दाज़ दिखाती बिजली की हरकात॥
छाई सब्ज़ी ज़मीं पे गोया बिछी हरी बानात।
खिले गुले गुलशन, क्या लाई कुदरत है सौगात॥
शुरू रक़्से ताऊस हुआ सहरा में, शोरि नग़मात।
गातीं झूला झूल झूल कर नाज़नीन औरात॥
चलो सैर को साथ जानि-जाँ मानो मेरी बात।
बरस रहा है "अब्र" प्रेमघन गोया आबि-हयात॥२४॥

दूसरी

ग़ैरों से मिल मिल कर मेरा क्यों दिल जिगर जलाते हो॥
क़सम खुदा की साफ़ बता दो क्यों शरमाते हो।
यार प्रेमघन "अब्र" मज़ा क्या इसमें पाते हो॥२५॥

तीसरी

वारी २ जाऊँ तुझ पर दिलवर जानी सौ सौ बार।
दिखा चाँद सा चिहरा मत कर तीरे निगाह के वार॥
इस बोसे के लिये सताते हो करते तकरार।
ख़ूब प्रेमघन "अब्र" मिले तुम हमें अनोखे यार॥२६॥

द्वितीय भेद

मिलती लय

प्यारी ! लागत तिहारी छबि, प्यारी प्यारी ना।
गोरे गालन पैं लोटत लट, कारी कारी ना।।
मुस्कुरानि मन हरै मोहनी, डारी डारी ना।
मनहुँ प्रेमघन बरसै तोपैं, वारी वारी ना।।२७।।

तृतीय भेद

ऋतु आई बरखा की नियराई कजरी।।
सब सखियाँ सहेलिन मचाई कजरी।
लगीं चारो ओर सरस सुनाई कजरी।।
नभ नवल घटा की छबि छाई कजरी।
पिया प्रेमघन ! आवो मिल गाई कजरी।।२८।।

चतुर्थ भेद

ठाह की लय में

सैयां सौतिन के घर छाए, सूनी सेजिया न सोहाय।।
गरजै बरसै रे बदरवा, मोरा जियरा डरपाय।
बोलै पापी रे पपीहा, पीया ! पीया ! रट लाय।।
बरजे माने ना जोबनवाँ, दीनी अंगिया दरकाय।
पिया प्रेमघन बेगि बुलावो अब दुख नाहीं सहि जाय।।२९।।

पञ्चम भेद

अथवा नवीन संशोधन

गुय्यां देखो री कन्हैया रोकै मोरी डगरी।।टेक।।
ओढ़े कारी कमरी, सिर पर टेढ़ी पगरी,
गारी बंसी बीच बजावै देखौ ऐसो रगरी।।
भाजै मारि मारि कँकरी, रोजै फोरै गगरी,
यह अन्धेर मचाये घूमै सारी गोकुल की नगरी।।

लखिके सुन्दर गूजरी, तजिकै सखियाँ सगरी,
गर लगि मेरे सब रस लूटै दैया! कारो ठगरी॥
कीजै जतन कवन अबरी, लखि लखि हँसै सबै जगरी,
प्रेमी बनो प्रेमघन घूमै मेरे संग संग लगरी॥३०॥

द्वितीय विभेद

विकृत लय

जाऊँ तोरे संग मुरारी—मैना! मैना! रे मैना! ॥टेक॥
मैना! मानूँ बात तिहारी—मैना! मैना! रे मैना!
मैना! जाऊँ घरवाँ मारी—मैना! मैना! रे मैना!
मैना! जाऊँ तोपैं वारी—मैना! मैना। रे मैना!
मैना! करिहों तोसे यारी—मैना! मैना! रे मैना!
मैना! निरी प्रेमघन बारी—मैना! मैना! रे मैना!
मैना! ब्याही तेरी नारी—मैना! मैना! रे मैना॥३१॥

दूसरी

मैना सुनहौं गाली, बोलो बात सँभाली रे मैना।
मैना तेरी तरह कुचाली, सुन वनमाली रे मैना॥
मैना! तेरे घर की पाली, सरहज साली रे मैना!।
मैना! लेवँ कान की बाली, झूमकवाली रे मैना! ॥
मैना! ऐसी भोली भाली, रीझूँ हाली रे मैना!।
मैना! प्रेम प्रेमघन घाली, बैठी खाली रे मैना! ३२॥

नवीन संशोधन

नागरी भाषा

सजकर है सावन आया, अतिही मेरे मन को भाया।
हरियाली ने छिति को छाया, सर जल भरकर उतराया।

फूला फला बिटप गरुआया, लतिकाओं से लिपटाया।
जंगल मंगल साज सजाया, उत्सव साधन सब पाया।
जुगनू ने जो जोति जगाया, दीपक ने समूह दरसाया।
झिल्लीगन झनकार मचाया, सुर सारंगी सरसाया।
घिरि घन मधुर मृदंग बजाया, तिरवट दादुर ने गाया।
नाच मयूरों ने दिखलाया, हर्षित चातक चिल्लाया।
सखियों ने मिलि मोद मनाया, दिन कजली का नियराया।
पिया प्रेमघन चित ललचाया, झूला कभी न झुलवाया ।।३३।।

अद्धा

तृतीय विभेद

स्थानिक ग्राम्य भाषा

विकृत लय

पिय परदेसवाँ छाये रे—मोरी सुधिया बिसराय ।।
सूनी सेजिया साँपिन रे—मोरा जियरा डँसि डँसि जाय ।।
सब सजि साज पिया कै रे—ननदी छतियाँ ले लगाय ।।
रसिक प्रेमघन को किन रे—सौतिन लीनो बिलमाय ।।३४।।

दूसरी

आए सखी सवनवां रे—सैय्यां छाये परदेस ।।
अस बेदरदी बालम रे—नाहीं पठवै सन्देस ।।
उमड़े अबतौ जोबना रे—नाहीं बालापन को लेस ।।
हेरबै पिया प्रेमघन रे—धरि जोगिनियां कै भेस ?।।३५।।

नवीन संशोधन

सैयाँ अजहूँ नाहीं आय ! जियरा रहि रहि के घबराय ।।
घिर घन भरे नीर नगिचाय । बरसैं, पीर अधिक अधिकाय ।।
दुरि दुरि दमकै दामिनि धाय । मोरा जियरा डरपाय ।।

सोही हरियारी छिति छाय। बिच बिच बीरबधू बिखराय॥
मोरवा नाचै हिय हरखाय। पपिहा पिया २ चिल्लाय॥
कर पग मेंहदी रंग रँगाय। सूही सारी पहिरि सुहाय॥
सखियाँ झूलैं कजरी गाय। मैं घर बैठि रही बिलखाय॥
झिल्लीगन झनकार सुनाय। दादुर बोलैं सोर मचाय॥
पिया प्रेमघन ल्यावो हाय! अब दुख नाहीं सहि जाय॥३६॥

चतुर्थ विभेद

धून

विकृत लय और छन्द

ललना

छेड़ो छेड़ो न कन्हाई मैं पराई ललना॥
नोखे छैल भए तुमहीं, फिरो घूमत बनि दुखदाई ललना॥
इन चालन लालन अनेक, बस करि कलंक कुल लाई ललना।
पिया प्रेमघन माधव तुम, हठि करत हाय ठगहाई ललना॥३७॥

दूसरी

तोरी साँवरी सूरत लागै प्यारी जनियां॥
तोरी सब सज धज अति न्यारी जनियां॥
मतवारी अँखियन की चितवन सों जनु हनत कटारी ज०॥
मंद मंद मुसुकाय मोहनी मंत्र मनहुँ पढ़ि डारी जनियां॥
मीठी बतियन मोहत मन सब सुध बुधि हरत हमारी ज०॥
मनहुँ प्रेमघन बरसत रस छबि भूलत नाहिं तिहारी ज०॥३८॥

झूलन

नवीन संशोधन

झूलै नवल लला संग नवेली ललना।
ताक झाँक औ झुकनि मैं छुटत छल ना॥

झोंका लहि अकुलाय, प्यारी अंगन दुराय ;
डरी जाय जाय, अञ्चल कहूँ तें टल ना ॥
पिय लगै हिय आय, तिय जिय सकुचाय ;
लेन चहत बचाय, पै चलत बल ना ॥
जौ लजाय, अनखाय, बांकी भौंहन चढ़ाय,
जात जुवति रिसाय, तौ परत कल ना ॥
फेरि नैनन मिलाय, मन्द मन्द मुसुकाय,
प्रेमघन बरसाय, रस तजै पल ना ॥३९॥

बारे बलमू

मिलती धुन

सारी धानी मोल मँगाव: कुरती करौंदिया रँगवाव: ।
चुनिकै हमके पहिराव: मोरे बाँके बलमा ॥
रोजै पिया प्रेमघन आव: झूठै प्रेम जाल फैलाव: ।
झांसै में सावन बिताव: मोरे बांके बलमा ॥४०॥

नवीन संशोधन

ग्रीषम हुआ दूर दुखदाई, प्यारी वर्षा है जो आई,
मानो देते हुए बधाई, मोरों ने कलकूक सुनाई ॥
काली घटा घेरती आती, चित को चातक के ललचाती,
बिजली का है पटा फिराती, क्या दिखलाती सुन्दरताई ॥
छाई धरती पर हरियारी, निकलीं बीरबधूटी प्यारी,
खिल २ कर फूलों की क्यारी, उपवन की छबि अधिक बढ़ाई ॥
नीर प्रेमघन घन बरसाते, भरकर झील ताल उतराते,
दादुर भी रट लाते भाते, बहती बेग भरी पुरवाई ॥४१॥

दूसरा प्रकार

मनोहर मिश्रित भाषा

सामान्य लय

मैं बारी कहाँ जाऊँ अकेली, डगर भुलानी रे सांवलिया।
कुञ्जगली में आय अचानक, बहुत डेरानी रे सांव०॥
डगर बता दे गरवाँ लगा ले, निज मनमानी रे सांव०।
चेरी हूँ जी से मैं तेरी, रूप दिवानी रे सांवलिया॥
सुन जा हाय! तनिक तो मेरी, प्रेम कहानी रे सांव०।
ये अँखियाँ तेरी अलकन में हैं उलझानी रे सांवलिया॥
काह बिचारै आह उतै तू, भौंहन तानी रे सांवलिया।
पिया प्रेमघन आओ बेगहिं दिलवर जानी रे सांव० ॥४२॥

गृहस्थियों की लय

साँवरी सुरतिया नैन रतनारे, जुलुम करैं गोरिया रे तोरे जोबना॥
मोहत मन तोरे दाँते कै बतिसिया, करत चित चोरिया रे तोरे॥
देखत हीं हिय पैठत मनहुँ, कटरिया कै कोरिया रे तोरे जो०।
रसिक प्रेमघन को मन छोरि, लेत बरजोरिया रे तोरे जो० ॥४३॥

दूसरी

कारी घटा घिरि आई डरारी, दुरि २ दमकैं री दामिनियाँ॥
प्यारी पुरवाई सुखदाई, भाई चंचल गति गामिनियाँ॥
झिल्ली दादुर मोर पपीहा, सोर मचावैं जुरि जामिनियाँ॥
बिहरत संजोगिनी प्रेमघन बिलखत बिरही जन कामिनियाँ॥४४॥

नटिनों की लय

नैन तोरे बांके रे गूजरिया॥
चितवत हीं चित ऊपर परत, आय जनु डाँके रे गूजरिया॥

कहर काम की करद समान, बान सैना के रे गूजरिया ।।
ऐसी अजब घाव ये करत, लगत नहिं टाँके रे गूजरिया ।।
बरसत प्रेम प्रेमघन कौन मंत्र पढ़ि झाँके रे गूजरिया ।।४५।।

दूसरी

बोलावै मोहिं नेरे रे सांवलिया ।
फिरत मोहिं घेरे रे सांवलिया ।।
रोकत जमुना तट पनिघटवाँ, सांझ सवेरे रे सांवलिया ।
भाजत धाय हाय मुख चूमि, मिलत नहिं हेरे रे सांवलिया ।।
कौन बचावै अब मोहिं, कोऊ सुनत नहिं टेरे रे सांवलिया ।।
मेरी गलिन अली वह लँगर, करत नित फेरे रे सांवलिया ।।
रसिक प्रेमघन मानत नाहिं, कहे वह मेरे रे सांवलिया ।।४६।।

रंडियों की लय

सुरत तोरी प्यारी रे सांवलिया ।।
कारी कजरारी मतवारी, आँख रतनारी रे सांवलिया ।।
चितवत काम कटारी सरिस, हाय हनि मारी रे सांवलिया ।।
बरसत रस मीठी मुसुकानि मोहनी डारी रे सांवलिया ।।
रसिक प्रेमघन प्यारे यार चाल तोरी न्यारी रे सांवलिया ।।४७।।

ब्रजभाषा

जैसो तू त्यों प्यारी तिहारी, लगी भली यारी रे साँवलिया ।।
कारे कान्हर के हित कुबजा, बिधि नै संवारी रे साँवलिया ।।
ज्यौं चरवाहो तू त्यों चेरी, वह दई-मारी रे साँवलिया ।।
राधा रानी संग नहिं सोहै, मीत मुरारी रे साँवलिया ।।
प्रेम प्रेमघन सम जन पाय, होय सुखकारी रे साँव० ।।४८।।

झूलन

प्यारी की झूलनि में प्यारी, उझुकि झुकि झूलै हो झूलनियां ।
गोरे बदन सीप-सुत सहित, लखे हिय हूलै हो झूलनियां ।।

खेलत सुक जनु ससि की गोद हरखि, छबि तूलै हो झूल० ।
बिकसे बारिज पें कै कलित, कुन्द फबि फूलै हो झूलनियां ॥
झूमि झूमि कै चूमत अधर, माधुरी मूलै हो झूलनियां ।
बरसत मनहुं प्रेमघन सुधा बुन्द नहिं भूलै हो झूल० ॥४९॥

गोबर्धन धारण

डगमगात गिर, गिरै न हाय ! देख ! गिरधारी रे साँवलिया ॥
थरथरात हिय समझत भार, लागै डर भारी रे साँवलिया ।
बीते सात रात दिन अबतौ, बरसत बारी रे साँवलिया ।
गोबरधन धरि कर पर राख्यो, तू बनवारी रे साँवलिया ।
धन्य २ भाखैं गोपी सुधि, सकल बिसारी रे साँवलिया ।
चूमत स्याम स्याम की बहियां, करि रतनारी रे साँवलिया ।
धन्य जसोमति जिन तोहि जायो, जग हितकारी ले साँव० ।
नन्द जसोमति मिलि मींजत भुज, सुतहि दुलारी रे साँव० ।
चिरजीवो प्यारे तुम ब्रज के, बिपति बिदारी रे साँवलिया ।
बाधा हरनि हरहु की भाखत, राधा प्यारी रे साँवलिया ।
पीर तिहारी सहि न जात अब, मीत मुरारी रे साँवलिया ।
बुन्द न परत देखि बृज सुरपति, भागे हारी रे साँवलिया ।
जय जय जयति प्रेमघन सुरगन, हरखि उचारी रे साँ०॥५०॥

नवीन संशोधन

नेक नजर कर नेक निहार, आस मोहिं तोरी रे साँवलिया ॥
हौं अति नीच, पाप के कीच, फँसी मति मोरी रे साँवलिया ॥
निसु दिन काम, क्रोध सों काम, लोभ की खोरी रे साँवलिया ॥
तुम कहँ भूलि, विषय की धूलि, सराहि बटोरी रे साँवलिया ॥
पाहि ! प्रेमघन, पतितन पावन ! लखि निज ओरी रे साँवलिया ॥५१॥

दूसरी

भूली सुधि बुधि नागर नटकी, लखे लट लटकी रे साँवलिया ॥
गोरे गाल, चन्द पर ब्याल, बाल जनु भटकी रे साँवलिया ॥

अतिहि प्यास, अमृत की आस, आय जनु अंटकी रे साँवलिया ।।
निरखनहार, देत विष धार, काढ़ि निज घटकी रे साँवलिया ।।
मिलु अभिराम, प्रेमघन स्याम, पीर हरि टटकी रे साँवलिया ।।५२।।

तीसरी

संग चलि चलि के, हिये हरि हलिके, ठग छलि छलि कै रे साँ० ।।
लै रस हाय ! गये अनखाय, रहे टलि टलिकै रे साँवलिया ।।
सूखी प्रीति, बेलि सब रीति, फूलि फलि फलिकै रे साँवलिया ।।
गुनि २ गाथ, प्रेमघन हाथ, रही मलि मलि कै रे साँवलिया ।।५३।।

चौथी

भल छल किहले छली ! गनि गनिकै, मीत बनि बनिकै रे साँ० ।।
लखि ललचाय, मन्द मुसुकाय, प्रेम सनि सनिकै रे साँवलिया ।।
करि बेचैन, दिहे सर नैन, सैन हनि हनिकै रे साँवलिया ।।
लै मन हाथ, छोड़ि फेरि साथ, चले तनि तनिकै रे साँवलिया ।।
भौंहन तान, प्रेमघन मान, ठान ठनि ठनिकै रे साँवलिया ।।५४।।

विकृत विशेषता

खँजरी वालों की लय

औरन से रीति, राखि किहले अनीति, तै देखाय झूठी प्रीति, फँसाये जटि जटि कै रे सांवलिया ।।
नैनवाँ नचाय, मन्द मन्द मुसुकाय, लिहे मनहिं लुभाय, ठाट ठटि ठटिकै रे सांवलिया ।।
गोकुल गलीन, लखि सहित अलीन, बिनये तैं बनि दीन, साथ सटि सटिकै रे सांवलिया ।।
ऐरे चित चोर ! चित चोरि चहुँ ओर, किहे सोर नित मोर नाव रटि रटिकै रे सांवलिया ।।

प्रेमघन पिया, लगि सौतिन के हिया, तरसाये मोर जिया, बात नटि नटिकै रे सांवलिया ॥५५॥

दूसरी

कहि नहिं जाय कर मीजि पछताय, रही मन समझाय, तैं सताये दम दै दै रे सांवलिया ॥
देखि धाय धाय, बरबस पास आय, झूठी बातन बनाय, बिलमाये कर धै धै रे सांवलिया ॥
ऐंठि इतराय, मन्द मन्द मुसुकाय, बांके नैनवाँ नचाय कै, चोराये चित लै लै रे सांवलिया ॥
प्रेमघन हाय! कबहूं न गर लाय, मिले मन हरखाय, तैं छली छल कै कै रे सांवलिया ॥५६॥

उर्दू भाषा

दिल तुझपर है आया जान! फिरा करता हूँ मैं हैरान,
हज़ारों लिए हुए अरमान, बता मिलने का कोई ज़रिया।
आऊँ मैं किस तर्ह किधर से, मुश्किल महज़ गुज़रना दर से,
है अफ़सोस तेरे भी घर से, नहीं हिलने का कोई ज़रिया।
बाहर "अब्र" प्रेमघन हद, के पहुँचा हिज्र क़िस्मते बद के,
बाइस, नहीं गुले मक़सद के मेरे खिलने का कोई ज़रिया ॥५७॥

दूसरी

तेरे फ़िराक़ में हैरानी, हमको जैसी पड़ी उठानी,
सुन तो उस्की ज़रा कहानी, करम कर अब ऐ दिलवर जानी।
रूए रौशन का दीदार, दिखलाने में भी इन्कार,
करता है क्यों तू हर बार, बता तो सबब ऐ दिलबर जानी।
हुस्ने दिल-फ़रेब यः जान, है थोड़े दिन का मिहमान,
ढ़लने पर शबाब के शान, रहेगी कब ऐ दिलबर जानी।

घिरकर "अब्र" प्रेमघन ! छाये, सैरे गुलशन के दिन आये,
तूभी साथ अगर मिल जाये, मजा हो तब ऐ दिलबर जानी ।।५८।।

द्वितीय भेद

न्यूनता

तोसे तो डर लागै रे बेइमनवां ।।
नैन लड़ाय लुभाय, फेरि सुधि त्यागै र बेइमनवाँ ।।
मन्द मन्द मुसुकाय, दूर लखि भागै रे बेइमनवाँ ।।
झूठी मिलन आस दै, रैन दिना दिल दागै रे बेइमनवाँ ।।
रसिक प्रेमघन रोजै जाय, सौति संग जागै रे बेइमनवाँ ।।५९।।

तृतीय विभेद

विशेष विकृत वा सर्वथा स्वतन्त्र लय

रामा हरी

सामान्य लय

जुरी जमात गूजरी जमुना कूल कदम कुञ्जन में रामा ।
हरि २ हिलि मिलि खेलैं कजरी राधा रानी रे हरी ।।
कोउ मृदंग, मुँहचंग, च्ंग, लै सारंगी सुर छेड़ैं रामा ।
हरि २ कोउ सितार, करतार, तमूरा आनी रे हरी ।।
कोउ जोड़ी टनकारैं, कोऊ घुँघरू पग झनकारैं रामा ।
हरि २ नाचैं कितनी माती जोम जबानी रे हरी ।।
छायो सरस सनाको सुर को, गावैं मोद मचावैं रामा ।
हरि २ गीतैं कजली की कल कोकिल बानी रे हरी ।।
हंसत लंक ललकावैं, नाक सकोरैं, ग्रीवैं हलावैं रामा ।
हरि २ नैन बान मारैं जुग भौहैं तानी रे हरी ।।
कहर भाव बतलावैं, सुरपुर की सुन्दरनि लजावैं रामा ।
हरि २ मोहि लियो मन स्याम सुँदर दिल जानी रे हरी ।।

निरखत लीला ललित सुखद सावन में ध्यान लगाये रामा।
हरि २ भरे प्रेमघन प्रेम जोरि जुग पानी री हरी ॥६०॥

दूसरी

छनहीं छन छन-छबि की छबि है, छहरति आज छबीली रा० ।
हरि २ घिरी घटा घन की क्या, कारी कारी रे हरी ॥
हरी भरी क्या भई भूमि, तरु ललित लता लपटानी रामा ॥
हरि २ चलन लगी पुरवाई प्यारी प्यारी रे हरी ॥
कूकें मधुर मयूरी, नाचें मुदित मोर मदमाते रामा।
हरि २ चहुँ चिलायँ चातक चढ़ि डारी डारी रे हरी ॥
गुँजत मञ्जु मनोज मंत्र से, भँवर पुञ्ज कुञ्जन में रामा।
हरि २ फबे फूल खिलि जंगल, झारी झारी रे हरी ॥
बरसत मनहुँ प्रेमघन रस जुबती मिलि झूला झूलैं रामा।
हरि २ गावैं कजरी सावन, बारी बारी रे हरी ॥६१॥

गृहस्थिनों की लय

मीठी तान सुनाय प्रान करि बिकल गयो बनमाली रामा।
हरि २ मोहि लियो मन मेरो मुरलीवाला रे हरी ॥
मोर मुकुट सिर, लकुट कलित कर, कटि पट पीत बिराजै रा० ।
हरि २ छबि छाजै उर लसित ललित बनमाला रे हरी ॥
रसिक प्रेमघन बरसत रस क्या सुभग सांवरी सूरत रामा।
हरि २ मनहुँ मोहनी मूरति मदन रसाला रे हरी ॥६२॥

नवीन संशोधन

कैसी करूँ! देत दरकाये अंगिया, उभरे आवैं रामा।
हरि २ नाहीं मानै मदमाते जोबनवाँ रे हरी ॥
लगे सखी सावनवाँ अजहू आए नहीं सजनवाँ रामा।
हरि २ मोरवा बोलन लागे बनवाँ बनवाँ रे हरी ॥
पिया प्रेमघन के बिन कैसौं भावै नहीं भवनवाँ रामा।
हरि २ सूनी सेजिया लागै नहीं नयनवां रे हरी ॥६३॥

दूसरी

बिलसत बदन अमन्द चन्द पर काली घूँघरवाली रामा।
हरि २ लोटैं लट मानो काली नागियां रे हरी।।
सोहै नाक नथुनियाँ, लटकैं मोतिन की लटकनियाँ रामा।
हरि २ जियरा मारै कमर परी करधनियाँ रे हरी।।
मन्द मन्द मुसुकनियाँ, बाँकी भौंहन की मटकनियाँ रामा।
हरि २ भूलै नाहीं मधुर बोल बोलनियाँ रे हरी।।
गति गयन्द गामिनियाँ, छम् छम् बाजै पग पैजनियाँ रामा।
हरि २ कुच नितम्ब के भार लंक लचकनियाँ रे हरी
अजब उमंग जवनियाँ डाले जादू जनु मोहनियाँ रामा।
हरि २ रसिक प्रेमघन सम हम पर तू जनियां रे हरी।।६४।।

तीसरी

जादू भरी अजब जहरीली मानो हनत कटारी रामा।
हरि २ बाँके नैनन की चंचल चितवनियाँ रे हरी।।
सुभग सौसनी सारी, सोहै तन पर कैसी प्यारी रामा।
हरि २ बादर में ज्यों दमकै दुति दामिनियाँ रे हरी।।
कोकिल बैन सुनाय, मन्द मुसुकाती क्या बल खाती रामा।
हरि २ मदमाती जाती गयन्द गामिनियां रे हरी।।
बरबस मन बस किये प्रेमघन बरसत रस इतराई रामा।
हरि २ इत आई वह कहौ कौन कामिनियां रे हरी।।६५।।

रण्डियों की लय

मनहुँ मदन मदहारी तोरी मनमोहनी मुरतिया रामा।
हरि २ भूलै ना सूरतिया प्यारी प्यारी रे हरी।।
कसकैं नैन सैन हिय बेधे मानौ कोर कटारी रामा।
हरि २ मुस्कुरानि छबि छहरै न्यारी न्यारी रे हरी।।
गोरे गालन अलकैं, छलकैं सरद चन्द पर जैसे रामा।
हरि २ लोट रहीं नागिनियां कारी कारी रे हरी।।

जोहत जुग जोबन लट्टू से, होत हाय ! मन लट्टू रामा।
हरि २ निखरी जोति जवनियाँ बारी बारी रे हरी।।
बरस २ रस बेगि प्रेमघन ! बिन तेरे कल नाहीं रामा।
हरि २ कौन मूठ पढ़ तू ने मारी मारी रे हरी।।६६।।

दूसरी

नागरी भाषा

नवीन संशोधन

मुरली मधुर सुनावो हमसे भी तो आँख मिलावो रामा।
हरि हरि गिरधारी, बनवारी, यार मुरारी ! रे हरी।।
अलकें घूँघरवारी, लहरें जैसे नागिन कारी रामा।
हरि हरि लगें चाँद सी सूरत पर क्या प्यारी रे हरी।।
आवो पिया प्रेमघन वारी जाऊँ मैं बलिहारी रामा।
हरि हरि बरसाओ रस मानो अरज हमारी रे हरी।।६७।।

तीसरी

आकर गले लगाले, मेरे निकलत प्रान बचा ले रामा।
हरि हरि साँवलिया मैं तोपैं वारी वारी रे हरी।।
लगी लगन अपनी है तुमसे, अब क्यों हाय सतावो रामा।
हरि हरि दिखला जा सुरतिया प्यारी प्यारी रे हरी।।
पिया प्रेमघन दिलवर जानी ! तुझ पर मैं दीवानी रामा।
हरि हरि कौन मोहनी तू ने डारी डारी रे हरी।।६८।।

नटिनों की लय

मन्द मन्द मुसुकानि मनोहर बानि मोहनी डारे रामा।
हरि हरि जियरा मारै कजरारी नजरिया रे हरी।।
क्या करौंदिया सारी, पहिने लागी लैस किनारी रामा।
हरि हरि निखरि परी ओढ़े धानी चादरिया रे हरी।।

उभरे जोबन अंचल पर कर देत चित्त हैं चंचल रामा।
हरि हरि देखत धसैं हिये ज्यों कोर कटरिया रे हरी।।
लाख आंख उलझाये, चलती ठहर २ बल खाये रामा।
हरि २ बाल कमानी सी लचकाय कमरिया रे हरी।।
पीर प्रेम की समझि, प्रेमघन हम पर दया दिखावो रामा।
हरि २ चार दिना है जोबन की बहरिया रे हरी।।६९।।

दूसरी

निकरल ऊ तो आफत कै परकाला रे हरी।।
औरन के संग जाला, रोजै बदलि रंग चौकाला रामा।
हरि २ देखत हमके दूरै से कतराला रे हरी।।
जादू हम पर डाला, मारा कहर नजर का भाला रामा।
हरि २ गोरी सूरत मीठी मूरतवाला रे हरी।।
पिया प्रेमघन तरसावै दै, टाला कसे निराला रामा।
हरि २ पड़ा कठिन बस ! बेदरदी संग पाला रे हरी।।७०।।

तीसरी

बनारसी लय

हम पर जानी ! तू ने जादू डाला रे हरी।।
सोहै सुन्दर बाला, कानन में क्या झूमकवाला रामा।।
गरवां में छहराला मोती माला रे हरी।।
कर चेहरा चौकाला, देकर सुरमे का दुम्बाला रामा।
कैसा मारा कहर नजर का भाला रे हरी।।
क्या लहँगा लहराला, लाल दुपट्टा गजब सुहाला रामा।
देखत चोली हरी हाय जिउ जाला रे हरी।
सरस प्रेमघन आला, पायल नूपुर सोर सुनाला रामा।।
चलत चाल जैसे मतंग मतवाला रे हरी।।७१।।

गवनारिनों[1] की लय

घूमो मत इतरानी, भरी गरूरन भौंहन तानी रामा।
हरि २ जानी चार दिना जिन्दगानी रे हरी॥
जोबन रूप दिवानी, बालो सब से अटपट बानी रामा।
हरि २ मानो मन में अपने को लासानी रे हरी॥
है बादर परछाहीं, रहिहै यह कबहूं थिर नाहीं रामा।
हरि २ बिते जवानी, कोऊ काम न आनी रे हरी॥
हंस कर कबहुं न ताको, हाय झरोखेहू नहिं झांको रा०
हरि २ यार प्रेमघन से हठ बरबस ठानी रे हरी॥७३॥

दूसरी

सूरतिया ना भूलै, हिय में हाय हमारे हूलै रामा।
हरि २ जानी तोरी चंचल चितवनियां रे हरी॥
प्यारी प्यारी बतियां, सोहैं कुछ कुछ उभरी छतियां रामा
हरी २ बारी बारी निखरी जोति जवनियां रे हरी॥
सरस प्रेमघन बरसत रस, मृदु मन्द मन्द मुसुकाई रामा।
हरि २ मारि गई मोहिं मनहू मूठ मोहनियां रे हरी॥७४॥

तीसरी

बनारसी लय

सावन रस उपजावन बीतन चाहत ये बेदरदी रामा।
एक बेर दे देखै भरि नजरिया रे हरी॥
झलकौ नहीं दिखाओ, दिल में दया दरद नहीं ल्याओ रामा।
काहे मारो बरबस बिरह कटरिया रे हरी॥

१ गवनहारिन यहाँ अधम श्रेणी की वेश्याओं को कहते हैं, जो प्रायः नफीरी और दुक्कड़ अर्थात् रोशनचौकी पर विशेषतः बधावे आदि के साथ सड़क पर गाती चलती हैं और उनके गाने की लय सबसे विलक्षण और अलग होती है।

रसिक प्रेमघन बदरी नारायन मन लै मत भूलो रामा।
कतरावो जिन हमको देखि डगरिया रे हरी ॥७५॥

विन्ध्याचली लय

घुमड़ि घुमड़ि घन गरजन लागे रामा।
हरि २ सैयां बिना जियरा घबरावै रे हरी॥
काली रे कोइलिया कुहूं कुहूं रट लाये रामा।
हरि २ बिरहा बधाई मोरवा गावै रे हरी॥
पिया प्रेमघन अजहुं न आये, आली सुधि बिसराये रामा।
हरि २ सूनी सेजिया सांपिन सी डंस जावै रे हरी॥७६॥

गुण्डानी लय

तथा गुण्डानी भाषा और भाव

ठाला में क्या सावन बीतल जाला रे हरी॥
तोहरे संगी साला, रोजै लहर करैलैं आला रामा।
हरि २ हम तौ बैठा फेरत बाटी माला रे हरी॥
तुहईं पर जिव जाला, हमसे जिन करः टालबेटाला रामा।
हरि २ ठहरावः जिन दै दै बुत्ता बाला रे हरी॥
यार प्रेमघन प्याला मदिरा प्रेम पिये मतवाला रामा।
हरि २ तोहरे दर पर अब तौ डेरा डाला रे हरी॥७७॥

गवैयों की लय

ज्यों वर्षा ऋतु आई, सरस सुहाई, त्यों छबि छाई रामा।
हरि २ तेरे तन पर जानी, जोति जवानी, रे हरी॥
जोवन उभरत आवें, ज्यों नद उमड़त घुमड़त धावें रामा।
हरि २ टूटत ज्यों करार, चोली दरकानी, रे हरी॥
ज्यों कारे घन घेरे, त्यों कजरारे नैना तेरे, रामा।
हरि २ बरसत रस हिय रसिक भूमि हरियानी, रे हरी॥

रसिक प्रेमघन प्रेमीजन, चातक बनाय ललचाए रामा।
हरि २ हंसत मनहुं चंचल चपला चमकानी, रे हरी ॥७८॥

दूसरी

नन्दलाल गोपाल, कंस के काल, दीन हितकारी रामा।
हरि २ भज मेरे मन, मनमोहन बनवारी रे हरी॥
राधाबर सुन्दर नट नागर, मंगल करन मुरारी रामा।
हरि २ मधुसूदन माधव बृज कुञ्ज बिहारी रे हरी॥
जग जीवन गोबिन्द गुनाकर, केशव अधम उधारी रामा।
हरि २ रसिक राज कर गिरि गोबर्धन धारी रे हरी॥
काली मथन कृष्ण कालिन्दी के तट गोधन चारी रामा।
हरि २ सुखद प्रेमघन सदा हरन भय भारी रे हरी॥७९॥

झूले की कजली

कालिन्दी के कूल कलित कुञ्जनि कदम्ब पै आली रामा।
हरि २ झूलनि की झूलनि क्या प्यारी प्यारी रे हरी॥
चमकि रही चंचला चपल, चहुँ ओर गगन छवि छाई रामा।
हरि २ सघन घटा घन घेरी कारी कारी रे हरी॥
प्यारी झूलैं पिया झुलावैं गावैं सुख सरसावैं रामा।
हरि २ संग वारी सब सखियां बारी बारी रे हरी॥
लचनि लंक की संक लली लहि बंक भौंह करि भाखैं रा०।
हरि २ "बस कर झूलन सों मैं हारी हारी" रे हरी॥
बरसत रस मिलि जुगल प्रेमघन हरसत हिय अनुरागैं रा०।
हरि २ टरै न छबि अंखियनि तैं टारी टारी रे हरी॥८०॥

जन्माष्टमी की बधाई

मिट्यो सकल दुख द्वन्द्व, बढ़्यो आनन्द, नन्द घर जाए रामा।
हरि २ अज आनन्द कन्द बृजचन्द मुरारी रे हरी॥

भार उतारन काज भूमि, लखि भरी पाप तें भारी रामा।
हरि २ लीला ललित करन रुचि रुचिर बिचारी रे हरी॥
असुर सकल अकुलाने, सुरगन बरसत सुमन सुखारी रामा।
हरि २ कहत "जयति जय जय जग मंगलकारी" रे हरी॥
गाय प्रेमघन गुन बिरञ्चि शिव नाचत दै करतारी रामा।
हरि २ मुदित मनहुँ तन मन की सुरत बिसारी रे हरी॥८१॥

गोबर्धन धारण

इन्द्र कोप करि आए, सँग में प्रलय मेघ लै धाए रामा।
हरि २ राखो बृज बृजराज! आज भय भारी रे हरी॥
घुमड़ि घोर घन कारे, घिरि २ ज्यों कज्जल गिर भारे रामा।
हरि २ आय रहे जग छाय सघन अँधियारी रे हरी॥
बज्रनाद करि धमकैं, चारहुं ओर चंचला चमकैं रामा।
हरि २ प्रबल पवन धरि झोंकैं झंका झारी रे हरी॥
बरसैं मूसल धारा, जाको कहूँ वार नहिं पारा रामा।
हरि २ जलही जल दरसात भरी छिति सारी रे हरी॥
गो, गोपी, गोपाल, भये बेहाल सबै मिलि टेरैं रामा।
हरि २ नन्द जसोमति मिलि हेरैं बनवारी रे हरी॥
अकुलानी राधा रानी, हिय लागि स्याम सों भाखैं रामा।
हरि २! "राखहु ब्रज बूड़त अब हाय मुरारी"! रे हरी॥
दुखित देखि सबही करुनाकर, करुनाकर कर ऊपर रामा।
हरि २ गिरि गोबरधन धर्यो धाय गिरधारी रे हरी॥
चकित भये ब्रजबासी, अचरज देखि धन्य धनि भाखैं रामा।
हरि २ बरसैं सुमन सकल सुर अम्बर चारी रे हरी॥
बरसि थके नहिं पर्यो बुन्द ब्रज, भाजे तब सिर नाई रामा।
हरि २ समझि प्रेमघन सुरनायक हिय हारी रे हरी॥८२॥

उर्दू भाषा

नई तरहदारी है यह, या नई सितमगारी है (जानी)
(दिलबर!) लगी नई बतलाओ, किससे यारी ये जानी?
क्याही सूरत प्यारी, उबलें आँखें भरी खुमारी (जानी)
(दिलबर !) नई जवानी की छाई सर्शारी (ये जानी)
है जोड़ा ज़ंगारी पर, यह आज तेज़ रफ्तारी जानी;
(दिलवर !) किधर चले हो करने को अय्यारी ? (ये जानी)
अजब प्रेमघन 'अभ्र' हमें इस दिल से है लाचारी जानी;
(दिलबर !) इसै जो है मंजूर तेरी गम्खारी (ये जानी) ॥८३॥

तीसरा प्रकार

साँवर गोरिया

सामान्य लय

ब्रज भाषा

दोऊ मिलि करत बिहार साँवर गोरिया ॥
आजु कलिन्दी कूलन कुसुमित कदम निकुञ्ज मझार सांव०
दोउ दुहूँ पर मन करत निछावर दोउ दुहूँ ओर निहार सां०
दोउ दुहूं के गरबाहीं दीने रूसत करि तकरार सां० गो०
बरसत दोउ रस उमड़ि प्रेमघन मुख चूमत करि प्यार सां०

दूसरी

कैसी करूँ कहाँ जाँव अब दैय्या रे ॥
बरसाने के धोखे देखो आय गई नन्दगाँव अब दैय्या रे ॥
जिय डरपत हिय थर २ कांपत लाग्यो वाको दाँव अब दै०
मिलै न कहुं मग बीच प्रेमघन मोहन जाको नाव अब दै०

गृहस्थिनों की लय

स्थानिक ठेठ स्त्री भाषा

तोहिं पर संवरा लुभान सांवरि गोरिया ॥
सँवरी सूरत, रस भरी अँखियां, लखि बिन मोलवें बिचान सा०
तोरे देखन काज आज कल, घूमै सँझवौ बिहान सां० गो०
एकहु पल नहिं कल अब ओके जब से नैन उरझान सां०
मिलि रस बरसु प्रेमघन पिय पर दैकै जोबनवाँ कै दान सां०

दूसरी

जिनि कर: जाए कै विचार बनिजरऊ !
रिमिझिमि २ दैव बरीसै, बढ़ि आए नदिया औ नार बनि०
और महीना बनह वैपारी, सावन गटई कै हार बनिज०
काउ नफा फेरि आइ भँजैव्य:, बढ़ि गए जोबना कै बाजार ? ब०
बरस: रस मिलि पिया प्रेमघन मान: कहनवाँ हमार ब०

तीसरी

भैय्या न आयल तोहार छोटी ननदी ॥
बरसत सावन तरसत बीता, कजरी कै आइलि बहार छो०
सब सखी झूला झूलैं गावें, सावन, कजरी, मलार छो०
पी २ रटत पपीहा, नाँचत मोर किए किलकार छो० न०
पिया प्रेमघन बिन एकौ छन, नाहीं लागै जियरा हमार छो०

रंडियों की लय

अजहुँ न आयल हमार परदेसिया !
बन २ मोरवा बोलन लागे, पापी पपिहरा पुकार पर०
घर घर झूला झूलत कामिनि, करि सोरहौ सिंगार परदे०
सावन बीते कजरी आई, मिलि न खबरिया तोहार परदे०
छाये कहां प्रेमघन तुम, करि झूठे कौल करार पर० ॥८९॥

दूसरी

बनारसी लय

नाहीं भूलै सूरति तोहार मोरे बालम ।।
जैसे चन्द चकोर निहारै, तैसे हाल हमार मोरे बालम
और ओर जिय लागत नहिं करि, थाकी जतन हजार मो०
पिया प्रेमघन तुमरे बिन मन करत रहत तकरार मो० ।।९०।।

नटिनों की लय

पिया २ कहां ? न सुनाव रे पपिहरा ।।
संजोगिनी मुखी सुमुखिन कहं, भय वियोग न जनाव रे प०
व्याकुल बिरही बनितन मन क्यों कहर पीर उपजाव रे प०
निठुर ! प्रेमघन बनिकै तैं जिनि काम कटार चलाव रे पपिहरा ।।

दूसरी

जुलमी जोबनवां तोहार सांवर गोरिया ।।
छतियन पर अस उभरे देखौ, जैसे कोर कटार सांवर गो०
राह बाट घर बाहर सगतौं, चलत मचावें तकरार सां० गो०
लगत न हाथ पसारि प्रेमघन कीनें जतन हजार सां० गो०

गवनहारिनों की लय

बृजभाषा भूषित

कुञ्ज गलीन भुलाय गई गुय्याँ रे ।।
कौन बतैहै गैल आय अब;
यह जिय सोच समाय गई गुय्यां रे ।।
इतन में इक छैल छली की;
लखि छबि छकित लुभाय गई गुय्यां रे ।।
नेरे आय, सैन सर मारयो;

मैं जेहि घाय अघाय गई गुय्यां रे॥
व्याकुल जानि, मोहिं गर लायो;
हौं सकुचाय लजाय गई गुय्यां रे॥
पिया प्रेमघन, मग बतरायो;
मैं तेहि हाथ बिकाय गई गुय्यां रे॥९३॥

दूसरी

स्थानिक स्त्री भाषा

कजली खेलने वालियों की रुचि का चित्र

सारी रँगाय दे; गुलनार मोरे बालम॥
चोली चादरि एक्कै रंगकै, पहिरब करिकै सिंगार मोरे बा०
मुख भरि पान नैन दै काजर, सिर सिन्दूर सुधार मोरे बा०
मेंहदी कर पग रंग रचाइ कै, गर मोतियन कर हार मो०
गोरी २ बहियन हरी २ चुरियाँ, पहिरन जाबै बजार मोरे बा०
अँठिलातै चलबै पौजेबन की करिकै झनकार मोरे बालम॥
बीर बहूटी सी बनि निकरब, बनउब लाखन यार मो० बा०॥
झेलुआ झूलब कजरी खेलब, गाउब कजरी मलार मो० बा०
सावन कजरी की बहार में, तोहसे करौबै तकरार मो० बा०
देखवैय्यन में खार बढ़ाउब जेहमें चलइ तरवार मो० बा०
आधी राति तोहरे संग सुतबै, मुख चूमब करि प्यार मो० बा०॥
बारे जोबन कै इहइ मजा है, जिनि किछु करह बिचार मो०
रसिक प्रेमघन पैययां लागौं, मानः कहनवां हमार मो०बा०॥

गवैयों की लय

आई री बरखा ऋतु आली॥
घुमड़ि २ घन घटा घिरी चहुँ दिसि चपला चमकी बनवाली।
छाय रहे कित जाय प्रेमघन नहिं आये अजहूँ बनमाली॥९५॥

दूसरी

है जानी ! दिन चार जँवानी ॥
दिना चार की चमक चाँदनी, फेरि अँधेरी रात अयानी ॥
बादर की परछाहीं है यह, तापैं काह इती इतरानी।
बरसौ रस मिलि रसिक प्रेमघन बैठी हौ भौंहन जुग तानी ॥९६॥

तीसरी

हाय ! गयो जादू जनु डाली ॥
चुभी चितौन कौन विधि निकरै, कसकत रहत अरी उर आली
बिसरै नाहि प्रेमघन पिय की प्यारी छबि मनमोहनवाली ॥९७॥

झूले की कजली

बृजभाषा भूषित

झूलन की उझकनि झूकि झूलनि ॥
कलित निकुंज कदम्ब कलापी
कुल कूकनि कालिन्दी कूलनि ॥
ललित लतन लपटनि तरु उपबन
फबे फैलि फूले फल फूलनि ॥
गावनि गरबीली गजगामिनि
गन गोपाल हरखि हंसि हूलनि ॥
लहँगन की लहरानि पितम्बर,
की फहरानि हरनि हिय सूलनि ॥
झुमकन की झूलनि जैसी,
त्यों झुलनी की झूलनि सुख मूलनि ॥
उरझनि बनमाली बन माला,
बाल माल मोती सँग चूलनि ॥
प्रेम प्रलाप करत दोउ मोहे,
कहि २ निज बतियन की भूलनि ॥

बरसत रस मिलि जुगल प्रेमघन,
लगि हिय लहि आनन्द अतूलनि ॥९८॥

तिनतुकी

खँजरीवालों की लय

नन्द के कुमार, दियो तन मन वार
लखि आई तोरे जोबन पर बहार रे गुजरिया ॥
जनु करतार, निज हाथनि सँवार,
दियो तोहि रचि जगत सिंगार रे गुजरिया ॥
नैना रतनार, मयन मद मतवार,
हेरि सैनन की हनत कटार रे गुजरिया ॥
दरके अनार, लखि मस्कान डार,
देत मानौ मोहनी सी पढ़ि मार रे गुजरिया ॥
प्रेमघन यार, गयो तोपैं बलिहार,
ताकु ताहि तनी घूँघट उघार रे गुजरिया ॥९९॥

उर्दू भाषा

दिल फ़रेब दिन हैं सावन के ॥
घिरकर काली घटा दिखाती है जोबन को चर्ख़ कुहन के।
सब्ज़ा छाया ज़मीं प' हँसते हैं खिलकर गुल हाय चमन के ॥
घूम रही हैं बीरबहूटी गोया बिखरे लाल इमन के।
चमक रही है बर्क सीखकर नख़रे नाज़नीने पुरफ़न के ॥
नाच रहे हैं मोर पपीहे शोर मचाते हैं गुलशन के।
गा कर झूला झूल रहे हैं माह लक़ा सब सीम बदन के ॥
पियो मये गुलरंग भूलकर सब ख़याल बातिल बचपन के।
अब्र बरसता है वाराँ दो बोसे दो लिल्लाह दहन के ॥१००॥

द्वितीय भेद

धून

बुँदेलवा

मिलल बलम बेइमान रे बुँदेलवा ।। टे ।।
हमसे प्रीत रीति नहिं राखै, औरन संग उरझान रे बुँदेलवा ।।
रतियां जागि भागि उठि भोरहिं, आवइ घर खिसियान रे बुँ० ।।
पिया प्रेमघन की चालन सों, मैं तो भई हैरान रे बुँदे० ।।१०१।।

दूसरी

उमड़े जोबनवन पर परि बुँदवा होइ जायँ चखनाचूर रे बुँ० ।
तन दुति देखि लजाय दमिनियाँ दौरै दूरै दूर रे बुँदेलवा ।।
पिया प्रेमघन अलकन लखि घन कँहरत छोड़ि गरूर रे बुँ० ।।१०२।।

तृतीय भेद

नवीन संशोधन

अद्धा

पाये भल बा ये रँग लाल रे करँवदा ।
नहिं ओस जेस दूओ गाल रे करँवदा ।।
ओठ लखि बिकल प्रबाल रे करँवदा ।
कुनरू गिरल खसि हार रे करँवदा ।।
देखि २ नैनन कै हाल रे करँवदा ।
कंवल बुड़ल बिच ताल रे करँवदा ।।
लखि अँटखेलिन की चाल रे करँवदा ।
लजि २ भजलैं मराल रे करँवदा ।।
निरखत भुजन बिसाल रे करँवदा ।
कीच बीच घुसल मृनाल रे करँवदा ।।

देखि २ ठोढ़िया के ढाल रे करँवदा।
पकि चुइ परल रसाल रे करँवदा।।
लखि कुच कठिन कमाल रे करँवदा।
दाड़िमहुँ भयल हलाल रे करँवदा।।
ससि पर आयल जवाल रे करँवदा।
लखि भल चमकत भाल रे करँवदा।।
प्रेमघन घन अलि नाल रे करँवदा।
लाजे लखि घुँघराले बाल रे करँवदा।।१०३।।

चतुर्थ भेद

हुनमुनियाँ की कजली

लोय

धावन लागे बादरवा मचावन लागे सोर मोर।।
मिले मोरिनी संग कलोलें नाचें चारो ओर मोर।
बाढ़न लागी पीर काम की जोबन कीनो जोर मोर।।
लागै नाहीं जिया सखी री बिना मिले चितचोर मोर।
बालम बसे बिदेस प्रेमघन भूले प्रेम अथोर मोर।।१०४।।

नागरी भाषा

दसो दिशा में दमक रही दामिन है देखो बार बार।
प्रभा प्रकृति प्रगटाती है अम्बर का अम्बर फार फार।।
घिरकर काली घटा बरसती बूंद सुधा सी गार गार।
उमड़ २ कर बहता है जल झील नदी औ नार नार।।
वर्षा ऋतु आई सुखदाई तपन ताप कर पार पार।
हरी भरी छिति भई, झुके तरु हरियारी के भार भार।।
बहती बेग भरी पुरवाई खिले सुमन सब झार झार।
नाच रहे हैं मोर पपीहे, पिहंक रहे हैं डार डार।।

संयोगिनी नारि नीरज नैनों में अञ्जन सार सार।
मेहँदी के रंग रंगकर कर पद, पट करौंदिया धार धार॥
विशद विभूषण से भूषित झूलती हैं झूले द्वार द्वार।
गाती हैं कजली मलार, मिल २ कर दो दो चार चार॥
सरस भाव भीनी चितवन से देखें घूंघट टार टार।
मन्द २ मुसुकातीं मानो मूठ मोहनी मार मार॥
पिय से मिलीं मदन मदमाती देतीं सी हिय हार हार।
वियोगिनी बनितायें बिलख रही हैं आँसू ढार ढार॥
सुनकर जाने की बातें जी जलता है हो छार छार।
जावो कहीं न पिया प्रेमघन जाऊँ तुम पर वार वार॥१०५॥

उर्दू भाषा

बने ठने यों कहां से आते हो मेरे दिल्दार यार।
रुखे मुनव्वर पर बिखरे हैं गेसूये खमदार यार॥
गञ्जि हुस्न पर याकि निगहवाँ हैं यह काले मार यार।
चश्मि मस्त में बादै गुलगूँ का है भरा खुमार यार॥
तेगे निगाहे नाज से करते फिरते हैं यह वार यार।
दस्तो पाय हिनाई पोशिश रंगे गुले अनार यार॥
लबे लाल भी रंगे पान से दिखलाते हैं बहार यार।
अब मत मेरा दिल तरसाओ सुनो मेरे अय्यार यार॥
अब्र करम बरसो मुझ पर दे दो बोसे दो चार यार॥१०६॥

पञ्चम विभेद

ढुनमुनियाँ में गाने की कजली

मोरे हरी के लाल

जमुना के तीर भीर भई आज भारी—जसुदा के लाल।
झूलें झूला मिलि गोपी ग्वाल—जसुदा के लाल॥

गावैं सब सखी मिलि कजरी रसीली—जसुदा के लाल।
बांसुरी बजावैं दै २ ताल—जसुदा के लाल॥
डरन डेराय प्यारी आय गर लागैं—जसुदा के लाल।
होयं तब निपट निहाल—जसुदा के लाल॥
लपटाय मोतिन के हार हरखाने—जसुदा के लाल।
सटि मुरझावैं वनमाल—जसुदा के लाल॥
कौनौ सखिया कै उड़ी ओढ़नी ओढावैं—जसुदा के लाल
चञ्चलहु अञ्चल संभाल—जसुदा के लाल।
झूलत केहूकै नथ वेसर बचावैं—जसुदा के लाल।
केहूकै सुधारैं बेंदी भाल—जसुदा के लाल॥
छतियां लगाय हर केहूकै छोड़ावैं—जसुदा के लाल।
केहू के खिझावैं चूमि गाल—जसुदा के लाल॥
मीठी २ बात कै मनावैं फुसिलावैं—जसुदा के लाल।
कौनो के गरे में भुज डाल—जसुदा के लाल॥
इहि भांति प्रेमघन रस बरसावैं—जसुदा के लाल।
रचि छल छन्दन के जाल—जसुदा के लाल॥१०७॥

षष्ठ विभेद

नवीन संशोधन

अद्धा

सुनः! २ मदन गोपाल जसुदा के लाल।
सीख्यः ई तूँ कवन कुचाल जसुदा के लाल॥
लखि बन सघन बिसाल जसुदा के लाल।
लुकः चढ़ि कदम की डाल जसुदा के लाल॥
देखतहि बारी बृजबाल जसुदा के लाल।
धावः होइ अतिही उताल जसुदा के लाल॥

धरिकै घुंघट खोल खाल जसुदा के लाल।
लाज तजि कर: देख भाल जसुदा के लाल॥
बहियां गरे के बीच घाल जसुदा के लाल।
चूम: हाय अधर रसाल जसुदा के लाल॥
केथुवौ के कर: न खियाल जसुदा के लाल।
झकझोरि तोर: मोती माल जसुदा के लाल।
जाय घरे कही जौ ई हाल जसुदा के लाल।
परि जाय वृज में जवाल जसुदा के लाल॥
प्रेमघन परि प्रेम जाल जसुदा के लाल।
राख: चित रचिक संभाल जसुदा के लाल॥१०८॥

चौथा प्रकार

सांवलिया

सामान्य लय

धनि विन्ध्याचल रानी रे साँवलिया॥
जलधर नवल नील सोभा तन चित चातक ललचानी रे॥
भादवं बदी दुतीया गोकुल नन्दभवन प्रगटानी रे सां०॥
तू जग जननि जोगमाया जसुदा दुहिता कहलानी रे सां०॥
बदलि कृष्ण बसुदेव तोहि लै आए बृज रजधानी रे सां०।
कृष्ण अष्टमी की निसि गोकुल सों मथुरा में आनी रे सां॥
देवि देवकी गोद विराजत चिघरि २ चिल्लानी रे सां०।
रोदन मिसि जनु कंसहि टेरति देवकि बन्दि छुड़ानी रे॥
सुनि सठ दौरि धाय तहँ पहुँच्यो डरपत हिय अभिमानी रे।
पटकन चह्यो उठाय तोहि धरि बल करि अतिसय तानी रे॥
चमकि चली चपला सी छूटि तब तू मरोरि खलपानी रे॥
पहुँचि गगन पर बिहँसत बोली कंस विध्वंसन वानी रे॥

आय बसी बिन्ध्याचल 'देवी कान्ति' अमल छवि छानी रे।
कृष्ण बहिन कृष्णा, काली, स्यामा, सुख सम्पत्ति दानी रे॥
विजया, जया, जयन्ती, दुर्गा, अष्टभुजा जग जानी रे॥
आदि सक्ति अवतार नाम इन कहि पूज्यो तुहिँ ज्ञानी रे॥
भक्तन के भय हरत देत फल चारौ सहज सयानी रे।
बरसहु कृपा प्रेमघन पैं नित निज जन जानि भवानी रे॥

दूसरी

काजर सी कजरारी देवि कजरिया॥
कारे भादवँ की निसि जाई करि बृज लोग सुखारी देवि।
कारे कान्हर की भगिनी तू जो सब जग हितकारी देवि।
कंस नकारे कारे हिय में उपजावनि भय भारी देवि क०।
कारे विन्ध्याचल की वासिनि दायिनी जन फल चारी देवि।
काली ह्वै कारे महिषासुर अधमहिं सहज संहारी देवि कज०।
पाहि प्रेमघन जानि भक्त निज कारी अलकन वारी देवि॥११०॥

गृहस्थिनों की लय

स्थानिक स्त्री भाषा

काहे मोसे लगन लगाए रे सांवलिया॥ टेक॥
लगन लगाय हाय बेदरदी, कुबजा के घर छाये रे सां०॥
अस बेपीर अहीर जाति तैं, कौल करार भुलाये रे सां०॥
सावन बीता कजरी आई, तैं न सुरतिया देखाये रे सां०॥
झूँठे प्रेम देखाय प्रेमघन, भल हमके तरसाये रे सां०॥१११॥

रण्डियों की लय

लगत मुरत तोरी नीकी रे सांवलिया॥ टेक॥
सँवरी सूरत रस भरी अंखियां,
चितवन चोरनि जी की रे सांवलिया॥
बरसि प्रेमघन रसहि सुनाओ,
तनक तान मुरली की रे सांवलिया॥११२॥

नटिनों की लय

तोरे पर गोरिया लुभानी रे सांवलिया ।। टेक ।।
गोल कपोलन पै लखि लांबी,
लट लोटत छितरानी रे सांवलिया ।।
मोर मुकुट सिर चपलित लोचन,
की चितवन अलसानी रे सांवलिया ।।
मिलि रस बरसु प्रेमघन तोपैं,
बिनहीं मोल बिकानी रे सांवलिया ।।११३।।

उर्दू भाषा

बारिश के दिन आए प्यारे प्यारे।
उमड़ चलीं नदियाँ औ नाले, झील सबी उतराये प्यारे २।
हुई ज़मीं सर-सब्ज़ खूब रँग रँग के फूल खिलाये प्यारे २।।
खुश-इलहानी से हैं पपीहे, कैसा शोर मचाये प्यारे २।
मस्त हुए ताऊस नाचते हैं, पर को फैलाये प्यारे २।।
रंगि-हिना दस्तो पा में हैं, गुलरूओं ने लगाये प्यारे २।
झूल रहे हैं झूले, बाले जुल्फ़ों से उल्झाये प्यारे २।।
हरी भरी बेलों को हैं अशजार सबी लिपटाये प्यारे २।
बाराने रहमत हैं बरसते "अब्र" चारसू छाये प्यारे २।।११४।।

नवीन संशोधन

मोहे मन बँसिया बजाय कै रे सांवलिया ।।
बँसिया बजाय कै, सरस सुर गाय कै,
मीठी २ तान सुनाय कै; रे सांवलिया;
नैनवां नचाय कै भउहं मटकाय कै,
मधुर २ मुसुकाय कै; रे सांवलिया ।।
नेहियां बढ़ाय कै; ललचि ललचाय कै,
तन मन मदन जगाय कै; रे साँवलिया।

बेगि प्रेमघन रस बरसाय कै,
मिलु पिय हिय हरखाय कै; रे सांवलिया ॥११५॥

दूसरी

जावे कहँ लगन लगाय कै; रे सांवलिया ॥
कुञ्जन में आय कै, बँसुरिया बजाय कै,

सखियन सबन बुलाय कै; रे सांवलिया।
भावन दिखाय कै, रसीली गीत गाय कै,

चितवत चितहिं चुराय कै; रे सांवलिया ॥
रासहि रचाय कै, अंग परसाय कै,

सब सुधि बुधि बिसराय कै; रे सांवलिया।
पिया प्रेमघन गरवाँ लगाय कै,
सब रस लिहे मन भाय कै; रे सांवलिया ॥११६॥

द्वितीय विभेद

डेवढ़

सुनि सुनि सैय्यां तोरी बतियां,
जियरा हमार डरै! जियरा हमार डरै ना!

सावन मास चलन कित चाहत, करि छल बल की घतियां;
जियरा हमार डरै! जियरा हमार डरै ना!!

नहिं बीतत बालम बिन बरखा, की अँधियारी रतियां;
जियरा हमार डरै! जियरा हमार डरै ना!!

पिया प्रेमघन घन घिरि आये, सूतो लगकर छतियां;
जियरा हमार डरै! जियरा हमार डरै ना!! ॥११७॥

दूसरी

बोलन लगे हैं बन मोरवा,
सोरवा मचाय हाय! सोरवा मचाय हाय! ना॥ टे०॥
सूनी सेज अँधेरी रतियाँ, जगत होत नित भोरवा;
मोहिं न सुहाय हाय! मोहिं न सुहाय हाय ना!!
पिया प्रेमघन तुम कहाँ छाये, भूलि सूरति चित चोरवा;
मिलु अब आय हाय! मिलु अब आय हाय ना!!॥११८॥

झूले की

धीरे धीरे झुलाओ बिहारी,
जियरा हमार डरै! जियरा हमार डरै ना!!॥ टे०॥
छतियां मोरी धर धर धरकत, दे मत झोंका भारी;
जियरा हमार डरै! जियरा हमार डरै ना!!
लचत लंक नहिं संक तुमै कछु, हौ बस निपट अनारी;
जियरा हमार डरै! जियरा हमार डरै ना!!
दया वारि बरसाय प्रेमघन, रोक हिंडोर मुरारी;
जियरा हमार डरै! जियरा हमार डरै ना!!॥११९॥

नवीन संशोधन

स्थानिक ठेठ ग्राम स्त्री भाषा

मानः कि न मानः हम तौ जाबै नैहरवाँ,
कजरी के दिन नगिचान बा;
जिया ललचान बा न।
छोड़ि ससुरारि आइलि बाटीं सब सखियाँ,
छोटका बहनोयौ मेहमान बा;
मिलल मिलान बा न।
भेजली संदेसा मोरी बड़ी भउजैया,
आवः भल सावन सुहान बा;
जुटल समान बा न।

झूला मिल झूली गाई कजरी रसीली;
खेल ढुनमुनियाँ मिठान बा;
मन हुलसान बा न।
खुसी में बिताव: सावन जबलै जवानी,
प्रेमघन प्रेम उमड़ान बा;
लहर लखान बा न॥१२०॥

दूसरी

बृजभाषा

चातक रटान की, मयूरनि नटान की,
छाई छबि घिरन घटान की;
लहर अटान की न।
पान मदिरान की, रसीले पान खान की,
छेड़नि मलारन के तान की;
कजरी के गान की न।
सजी सेजियान की सुतनि सतरान की,
पिय हिय लगि मुसकान की;
चुम्बन के दान की न।
छुटि छितरान की, अलक उलझान की,
झूलनि में लर मुकतान की,
सूहे दुपटान की न।
है न ऋतु मान की, अरी पिय मिलान की,
प्रेमघन प्रेम उमड़ान की,
सुख के विधान की न॥१२१॥

तीसरी

आरे अब निठुर दुहाई तोहि राम की,
कैसी बरखा है धूम धाम की,

प्रेमिन के काम की न।
तरसत बरसन सों में बैठी,
पिया बनि चेरी तेरे नाम की;
बिकी बिना दाम की न।
बरसु बेगि रस प्रेम प्रेमघन,
बिछी सेज सजे सूने धाम की,
निसि जुग जाम की न।।१२२।।

छूट

प्रधान प्रकार के चतुर्थ बिभेद में

नवीन संशोधन

कबहूँ तौ इत आवो, तनी बाँसुरी बजाओ,
मन मेरो बहलाओ, भूलै नाहीं तोरी साँवरी सुरतिया ना।
नैना तोरे रतनारे, अन्हियारे कजरारे,
मयन मद मतवारे; करैं जुवतिन के हिय घतिया ना।
खुली गालन पैं प्यारी, लट लहरैं तिहारी,
कारी कारी घुँघरवारी, डसैं मन मानो नागिनि की भंतिया ना।
मुख लखि चन्द लाजै, सीस मुकुट बिराजै,
अंग २ छबि छाजै; प्यारी २ प्रेमघन तोरी बतिया ना।।१२३।।

अन्य

तीसरे प्रकार का सप्तम बिभेद

जोबनवां तोरे बड़े बरजोर रे।।
का करिहैं जानी बढ़े पर न जानी,
अबहीं तौ हैं ये उठे थौरै थोर रे।
छाती फारैं देखे छाती पर तोरे,
नोकीले जैसे कटरिया कै कोर रे।

प्रेम कै पीर बढ़ावैं झलकतैं,
हैं घनप्रेम छिपे चित्त चोर रे॥१२४॥

दुनमुनियाँ की कजलियाँ

प्रथम लय

हरि हो—मानों कहनवां हमार, बजाओ फिर बाँसुरिया।
हरि हो—गावत राग मलार, बजाओ फिर बांसुरिया॥

हरि हो—वर्षा कै आइलि बहार, बजाओ फिर बाँसुरिया।
हरि हो—छाये मेघ दिसि चार, बजाओ फिर बाँसुरिया॥

हरि हो—जमुना बढ़ीं जल धार, बजाओ फिर बाँसुरिया।
हरि हो—लखि न परत जाको पार, बजाओ फिर बाँसुरियाँ।

हरि हो—मोर करत किलकार, बजाओ फिर बाँसुरिया।
हरि हो—दादुर रट दिसि चार, बजाओ फिर बांसुरिया॥

हरि हो—झूलो हिंडोरा संग यार, बजाओ फिर बांसुरिया।
हरि हो—करिके प्रेमघन प्यार, बजाओ फिर बांसुरिया॥

दूसरी

मोहिं टेरत है बलबीर बजी बन बाँसुरिया।
सुनि बढ़त मनोज की पीर बजी बन बाँसुरिया॥

चलु बेगि जमुनवां के तीर बजी बन बाँसुरिया।
सखियन की भई जहां भीर बजी बन बाँसुरिया॥

जहां सीतल बहत समीर बजी बन बाँसुरिया।
किलकारत कोकिल कीर बजी बन बाँसुरिया॥

घनप्रेम की प्रेम जंजीर बजी बन बाँसुरिया।
मोहि खींचत करत अधीर बजी बन बांसुरिया॥१२६॥

दूसरी लय

स्थानिक स्त्री भाषा

आय कजरी कै दिन नगिचान रंगाव: पिया लाल चुनरी।।
रेशमी सबुज रंग अंगिया सिआव: ,
बेगि बैठि दरजिया की दुकान—रँगाव: पिया लाल चुनरी।
लालै रंग अपनी पगरिया रँगाव:;
होइ रंगवौ से रंग कै मिलान—रंगाव: पिया लाल चुनरी।
बगिया में झलुआ डराव: झूल: सँग,
सुन: नई नई कजरी कै तान—रँगाव: पिया लाल चुनरी।
प्रेमघन पिया तरसाव: जिनि जिया,
आयल बाटै सजि सावन समान—रँगाव: पिया लाल चुनरी।

तीसरी लय

काली बदरिया उमड़ि घुमड़ि कै उमड़ि घुमड़ि कै हो,
दैया! बरसन लागी चारिउ ओर।
दसौ दिसा में दमकि दमकि कै, दमकि दमकि कै हो,
दामिनि जियरा डेरावै लागी मोर।
पपिहा पापी पिया पिया की, पिया पिया की हो,
दादुर सँग रट लाये बरजोर।
पिया प्रेमघन अजहुँ न आये, अजहुँ न आये हो,
छाये कहाँ करि जियरा कठोर।।१२८।।

चौथी लय

दे नहँकारि, कि चलु मिलु पिय से,
हमै न सुहाए, तोरी बात, रे दुइ रंगी।।
नाक सिकोरिकै, भौंहें मरोरति,
ओठवन से मुसुकात, रे दुइ रंगी।।

आये पिया कर करत निरादर,
रूठि गये पछितात, रे दुइ रंगी ॥
बरसि बरसि निकरत, पुनि बरसत,
आई भली बरसात, रे दुइ रंगी ॥
निसि अँधियरिया मँ चमकै बिजुलिया,
भइलि सोहावनि रात, रे दुइ रंगी ॥
लाज संजोग के सोच बिचार में,
बितलि जवानी जात, रे दुइ रंगी ॥
प्रेम प्रेमघन सों कर नाहक,
गुरुजन डर सकुचात, रे दुइ रंगी ॥१२९॥

पाँचवीं लय

सावन में मन भावन सों चलिकै मिलु आली।
बंसी बजाय बुलावत हैं तोहिं को बनमाली॥
घेरत आवत अम्बर देखि घटा घन काली।
काहे बिलम्ब लगावत है उठ री अब आली॥
फेंकु छड़ा छला चम्पकली बिजुली अरु बाली।
तोहि अभूषन रूप रची विधि नारि निराली॥
काहे सिंगार सिंगारत री करि बीस बहाली।
वैसहिं तू घन प्रेम पिया मन मोहन वाली॥१३०॥

छठवीं लय

कारे बदरा रे जल बरसि रहे।
छन गरजि सुनावैं, दुति दामिनि दिखावैं।
घिरि घिरि आवैं; जनु छिति परसि रहे॥
मोर नाचैं किलकारि, घेरी घटनि निहारि,
पिक पपिहा पुकारि; हिय हरसि रहे॥

गावैं कजरी मलार, झूलैं सजिकै सिंगार,
तिय, मोहे रिझवार, छबि दरसि रहे॥
तजु मान इहि छन, मिलु सजनी सजन;
बिन तेरे प्रेमघन पिय तरसि रहे॥१३१॥

कजली की कजली

साँचहुँ सरस सुहावन, सावन, गिरिवर विन्ध्याचल पैं रा०
हृ० २ मिरजापुर की कजरी लागै प्यारी रे हृ०॥
हर मङ्गल त्रिकोन का मेला, होला अजब सजीला रा०
हृ० २ जङ्गल में है मङ्गल की तैय्यारी रे हृ०॥
काली खोह छानि कै बूटी, गुण्डे तान उड़ावैं रा०
हृ० २ अष्टभुजा पर भैलीं भिरिया भारी रे हृ०॥
कहूँ जुबक जन सजे इतै उत डोलैं, बोली बोलैं रा०
हृ० २ कहूँ हिंडोला झूलैं बारी नारी रे हृ०॥
ओढ़ि ओढ़नी धानी, कितनी गुलेनार चादरिया रा०
हृ० २ पहिने सारी जंगारी जरतारी रे हृ०॥
चातक, मोर सोर जहँ होते, तहँ खनकार चुरी के रा०
हृ० २ छन्द छड़ा पाजेबन की झनकारी रे हृ०॥
कानन सघन सृङ्ग गिरि कन्दर, बिहरैं जहँ मृग माला रा०
हृ० २ तहँ मनहरनी हरनी लोचन वारी रे हृ०॥
मंजुल मधुर मलार, सरस सुर सावन, कल कजली के रा०
हृ० २ गुञ्जत कुञ्ज मनहुँ कोकिल किलकारी रे हृ०॥
निरतत नटिन परीन सरिस, संग ढोलक बजत चिकारा रा०
हृ० २ लट खोलें, पहिने टोपी औ सारी रे हृ०॥
उलटा शहर बनारस, मिरजापुर के रसिक रसीले रा०
हृ० २ होन लगी आपुस में खारा खारी रे हृ०॥
बिते पहाड़ी मेला सावन के, जब कजली आई रा०
हृ० २ मिरजापुर में तब छाई छबि न्यारी रे हृ०॥

घर घर झूला झूलैं, करैं कलोलैं गलियां गलियां रा०
ह० २ ढुनमुनियां खेलैं जुबती औ बारी रे ह० ॥
मेहँदी ललित लगाय करन में, साजे सूही सारी रा०
ह० २ कुलवारी तिय गावैं चढ़ी अटारी रे ह० ॥
बार नारि नाचैं औ गावैं, सरस भाव बतलावैं रा०
ह० २ बरसावैं रस मनहुँ सुमुखि सुकुमारी रे ह० ॥
पूरित सहर सरंगी के सुर, सहित ताल तबलन के रा०
ह० २ टनकारी जोड़ी, घुँघुरू झनकारी रे ह० ॥
मोहै जुवक रसीले, निरखत इत उत व्याकुल घूमैं रा०
ह० २ कजरी के मिसि छाई प्रेम खुमारी रे ह० ॥
डटे ज्वान बीहड़ औ अक्खड़, ठाढ़े नजर लड़ावैं रा०
ह० २ चलैं यार लोगन में छुरी कटारी रे ह० ॥
पेंदा कटैं जहां तोड़न[1] के, परी छूट[2] की लूटैं रा०
ह० २ लेलीं रुपिया रण्डी जेबा झारी रे ह० ॥
"चल: ! बह: धोबी"[3] बोली सुनि सुनि भागें रा०
ह० २ दीन तमाशाबीनन की है ख्वारी रे ह० ॥
तिरमोहानी, नारघाट औ सड़क पसरहट्टा[4] पर रा०;
ह० २ चलैं दुतर्फा नैंनन की तरवारी रे ह० ॥
बरसैं रस जहँ प्रेम प्रेमघन सुख सरिता भरि उमड़ै रा०;
ह० २ रहै नगर में नित्य नई गुलजारी रे ह० ॥१३२॥

१ रुपये से भरी टाट की थैली।

२ दो प्रेमी व तमाशःबीनों का नाचती हुई रण्डी को अधिक अधिक रुपया देने से एक दूसरे को परास्त करना।

३ उज्ज्वल वस्त्र पहिनकर बिना रुपया दिये नाच देखनेवालों पर सफर्दा और समाजियों की बोली-ठोली।

४ महल्लों के नाम जहां रात को मेला जमता है। शोक ! कि अब यह रात का मेला नाम-मात्र को रह गया।

दूसरी

मिरजापुरी गुण्डों का यथार्थ चित्र

बनी शकल गुन्डानी, बोलैं गजबै बीहड़ बानी रामा।
हरे चालैं मिरजापुरियों की मस्तानी रे हरी॥
टेढ़ी पगड़ी पर सतरंगा साफ़ा भी बेढंगा रामा।
तर डटा डुपट्टा गुलेनार या धानी रे हरी॥
कुरता भी चौकाला, डाला झूलै तिस्पर माला रामा।
हरे गण्डा गले भले गांधै सैलानी रे हरी॥
कसी किनारदार धोती, घुटने के ऊपर होती रामा।
हरे चलैं झूमते ज्यों हथिनी बौरानी रे हरी॥
काला कमरबन्द का फाँड़ा ऊँचा, हथवाँ खाँड़ा रामा।
हरे कमर कटारी छूरी जहर बुझानी रे हरी॥
काँधे मोटी लाठी, पैसा कौड़ी एक न गांठी रामा।
हरे तौभी डकरैं पी पी करके पानी रे हरी॥
काला टीका बेंड़ा पर, महावीरी ऊँचा टेढ़ा रामा।
हरे मुँह में चाभल पान, बैल ज्यों सानी रे हरी॥
चेलन डण्ड पेलाये, कुछ को कुस्ती खूब लड़ाये रामा।
हरे सूखे चने चाभके बूटी छानी रे हरी॥
संझा छोड़ अखाड़े, करके यक्का भी येक् भाड़े रामा।
हरे घूमि डटे "सत्ती" या "तिरमोहानी"[1] रे हरी॥
कमर तनिक लचकाये, कुछ कुछ गर्दन भी उचकाये रामा।
हरे अड़े घुइरते संगिन संग दिलजानी रे हरी॥
अण्ड बण्ड बतलाते छिन छिन मोछा ऐठंत जाते रामा।
हरे भौंह तान आंखैं कर ऐंचा तानी रे ह०॥

१ चौक वा उन मुहल्लों के नाम जहाँ वेश्यायें रहती हैं।

तार देखकर रस्ते जाते, बोली ठोली कस्ते रामा।
हरे बदले में चाहै दस गाली खानी रे हरी॥
नाहक भी लड़ जाते, चाहे उलटे पीटे जाते रामा।
हरे परे पुलिस में भोग करैं हलकानी रे हरी॥
कानिसटिबिलन मारैं, कोतवालौ के धरि गढ़ि डारैं रामा।
हरे जेल जाय कोल्हू चढ़ि पेरैं घानी रे ह०॥
जब छुटि कैं फिर आवैं, "गुरू मियादी" के पद पावैं रामा।
हरे तब आवै पूरी उन पर मरदानी रे हरी॥
महाजन डेरावावैं, बिसनिन से भी माल पुजावैं रामा॥
हरे जुवा खेलावैं खुले जान पर ठानी रे हरी॥
बरसहु दया प्रेमघन इनकी मूरखता हरि इन सन रामा।
हरे देहु सुमति जो फिरै गोल बिन्नानी रे हरी॥१३३॥

त्रिकोन का मेला

प्रधान प्रकार का पंचम विभेद

आई सावन की बहार, विन्ध्याचल के पहार।
पर मेला मजेदार लगा, चलः चली यार॥
तिय सहित उमङ्ग, मिलि सखियन संग।
चलीं मनहुँ मतंग, किये सोरहौ सिंगार॥
चोली करौंदिया जरतारी, सारी धानी या जंगारी।
चादर गुल अब्बासी धारी, गातीं कजरी मलार॥
पहिने बेसर बन्दी बाला, झूमड़ झूमक मोतीमाला।
कटि किंकिनी रसाला, पग पायल झनकार॥
कहूँ घूँघट उठाय, चन्द बदन दिखाय।
मन्द मन्द मुसुकाय, देत मोहनी सी डार॥
नैन मद मतवारे, रतनारे कजरारे।

नैन सरसे सुधारे, सैन मार देतीं मार॥
प्रेमी जुव जन भंग, पिये सजित सुढंग।
रँगे मदन के रङ्ग, सङ्ग लगे हिय हार॥
कोऊ कलपैं कराहैं, कोऊ भरैं ठण्डी आहैं।
कोऊ अड़े छेंकि राहैं, खड़े तड़ैं कोऊ तार॥
मेला इहि के समान, सैर सुखमें समान।
नहिं होत थल आन, देखि लेहु न विचार॥
प्रेमघन बरसावैं, अति आनन्द मचावैं।
मिरजापुरी सुभावैं, सब मंगल के बार॥[1]

सामाजिक संगीत

विनोद

तीसरे प्रकार की सामान्य लय

ऐङ्गलो हिन्दुस्तानी भाषा

सांवर—गोरवा

सोहै न तोके पतलून सांवर गोरवा॥
कोट, बूट, जाकट, कमीच क्यों पहिनि बने बैबून[2] सां० गो०
काली सूरत पर काला कपड़ा, देत किए रंग दून सां० गो०।
अंगरेजी कपड़ा छोड़हु कितौ, ल्याय लगावः मुहें चून सां० गो०।
दाढ़ी रखिकै बार कटावत, और बढ़ाए नाखून सां० गो०।
चलत चाल बिगड़ैल घोड़ सम, बोलत जैसे मजनून सां० गो०।
चंदन तजि मुँह ऊपर साबुन, काहे मलहु दुऔ जून सां० गो०।
चूसहु चुरुट लाख, पर लागत पान बिना मुँह सून सां० गो०।

१ अर्थात् सावन के प्रत्येक मंगलवार को यह पहाड़ी मेला होता है।
२ Baboon—एक प्रकार का बन्दर।

अच्छर चारि पढ़ेहु अंगरेजी, बनि गयः अफ़लातून[१] सां० गो०।
मिलहि मेम तोहें कैसे, जेकर फ़ेयर फ़ेस लाइक् दी मून[२] सां० गो०।
बिस्कुट, केक[३] कहा तूँ पैब्यः, चाभः चना भले भून सां० गो०।
डियर[४] प्रेमघन हियर[५] दया कर गीत न गावो लैम्पून[६] सां० गो०।

दूसरी

गोरी गोरिया

पिया के तो लिहलीं लोभाय, गोरी गोरिया।
अँगरेजी पढ़ि गयनि बिलाइत, लौटत अवलैं लियाय गो० गो०।
काले साहेब भये निराले, अनमिल मेल मिलाय गो० गो०।
जूठ निवाले खांय, पियाले मद के पियहिं, पियाय गो० गो०।
लोक लाज कुलकानि धरम धन, जग सुख दिहिसि नसाय गो०।
बनि लंगूर बँदरिया के सँग, नाचहिं नाच रिझाय गो० गो०।
करजौ काढ़ि नहीं धन अँटै, सरबस देइ उड़ाय गो० गो०।
बिके दास बनिकै परबस, मन झीखत हुकुम बजाय गो० गो०।
औरन सँग निज मेम प्रेम लखि, रोवहिं कहि कहि हाय! गो०गो०।
बनी जाल जंजाल प्रेमघन, छुटै न फन्द फँसाय गो० गो०॥१३६॥

चण्डू बम्बू

प्रधान प्रकार की सामान्य लय

बम्बू बाय बाय मुहँ चूसः चण्डू पीयः हो चण्डूल॥
पीकर पिनक लेत हौ, मानो रहे झूलना झूल

१ Plato—प्लेटो।
२ Fair face like the moon—उज्ज्वल मुख चन्द्रमा सदृश।
३ Cake—एक अंगरेजी मिठाई। ४ Dear—प्रिय। ५ Hear—सुनो।
६ Lampoon—उपहासात्मक कविता।

रंगत बनी अजब चेहरे की ज्यों गेंदे का फूल।।
रोम अनेक दबाये बाढ़ी साँस, साक औ सूल
बकरी सी सूरत बन, आंखें भईं लाल ज्यों तूल।।
जौ नहिं पावत, तौ मुहँ बावत उठत करेजवा हूल
पैसे की तंगी से जीना भूसन हुआ फजूल।।
मैली बदन सुरत जिन्नाती फिरत छानते धूल
चण्डू बाज धनी दानी कहँ मिलै यार अनुकूल।।१३७।।

कुरीति

बाल्य विवाह

स्थानिक ग्राम्य स्त्री भाषा

भौंरा चकई बहाय, गुल्ली डण्डा बिसराय,
तनी नाचः इतराय, मोरे बारे बलँमू।

करिहैंयवां हिलाय, औं भँउहँ मटकाय,
ताली दै कै चमकाय, मोरे बारे बलँमू।

खींड़ी दँतुली दिखाय, तनी तनी तुतराय,
गाय सोहर सुनाय, मोरे बारे बलँमू।

आवः यहर नगिचाय, घँघरी देई पहिराय,
सुन्दर ओढ़नी ओढ़ाय, मोरे बारे बलँमू।

नैना काजर सुहाय, देई सेंदुर पहिराय,
माथे टिकुली लगाय, मोरे बारे बलँमू।

नई दुलही बनाय, गोदी तोहके उठाय,
मुहँ चूमब खेलाय, मोरे बारे बलँमू।

पावै पावौं न उठाय छाती, बाल पिय पाय,
गोरी कहतौ सरमाय,—मोरे बारे बलँमू।

प्रेमघन अकुलाय, रस बिना बिलखाय,
कहै खिल्ली सी उड़ाय, मोरे बारे बलँमू ॥१३८॥

दूसरी

अनमेल विवाह

नैहर में देबै बिताय बरु बिरथा बैस जवानी रामा!
हरि!२ का करबै लै ई छोटा साजनवां रे हरी!!!
पापी पण्डित पामर पाधा गैलैं तिलक चढ़ावै रामा!
हरि!२ बनरा से बनरा कै दिहेनि बयनवां रें हरी!
नहिं कुल, रूप, नहीं गुन, विद्या, बुद्धि, सुभाव रसीला रामा!
हरि!२ नहीं सजीला देखन जोग जवनवां रे हरी!
आय बरात दुआरे लागी आली! चढ़ी अटारी रामा!
हरि!२ देखि दूलहा सूखल मोरा परनवां रे हरी!
गावन लागीं बैरिन बुढ़िया लोग ब्याह की गीतैं रामा!
हरि!२ बाजन लागे हाय! ब्याह बाजनवां रे हरी!
सुनत प्रान अधरन सों लागे व्याकुलता अति बाढ़ी रामा!
हरि!२ भसम होत हिय भावै नहीं भावनवां रे हरी!
गोदी चढ़े दूध से पीयत दूलह ब्याहन आए रामा!
हरि!२ लै बैठाये माड़व बीच अगनवां रे हरी!
बरबस पकरि नारि घिसियावैं पैर परै नहिं आगे रामा!
हरि!२ नाहीं मानै हमरा कोऊ कहनवां रे हरी!
बूढ़े बेईमान बाप जी पूजन पांव लगे हैं रामा!
हरि!२ मानो उनके फूटे दोऊ नयनवां रे हरी!
पकरि हाथ संकल्पत बेचारी बेटी बेदरदी रामा!
हरि!२ कैसे बची! करी अब कवन बहनवां रे हरी!
नहिं उर दया, धर्म्म नहिं, लज्जा लोक लेस मन ल्यावै रामा!
हरि!२ बोरत बा ई जनम मोर दुसमनवां रे हरी!

बेचत गाय कसाई के कर! केऊ हरकत नाहीं रामा!
हरि! २ जुरे नात औ भाई सबै सयनवाँ रे हरी!
जोबन जोर जवानी के मद माती में अलबेली रामा!
हरि! २ तेके हेरेनि बर बालक नादनवां रे हरी!
मारे डर के सूखै! नजर मिलावै काउ बेचारा रामा!
हरि! २ एड़ी उचकायहु ना छुवै जोबनवां रे हरी!
धीर धरौं केहि भांति! कहत कुछ हमसे बनै नहीं रामा!
हरि! २ कैसे जाबै! केकरे सँगे! गवनवा रे हरी!
जथाजोग बर सुन्दर देय पिता मता लड़िकी के रामा!
हरि! २ बरु न देय दयजा, कपड़ा गहनवां रे हरी!
मात पिता तो धोखा दिहलेनि लखि हाल दूलह की रामा!
हरि! २ रामचन्द्र अब तौ तुहँई सरनवाँ रे हरी!
काहू बिधि बीते मधु माधव मास कठिन रितु आई रामा!
हरि! २ बोलन लागे मोरवा बनवां बनवां रे हरी!
चलिबे नीको लगो पवन पुरवाई बदरा छाये रामा!
हरि! २ लागे अब तो हाय! सरस सावनवाँ रे हरी!
लगो प्रान अगुतान कैसहूँ धीर धरो ना जाई रामा!
हरि! २ मारन लागो मैन पैन बाननवाँ रे हरी!
बरु विष खाय मरब! सूतब हनि कारी करद करेजवां रामा!
हरि! २ निकरि जाब की काहू के गोहनवां रे हरी!
ऐसे देस जाति कुल रीति नीति में है निबाह कै रामा!
हरि! २ कहौ प्रेमघन दूसर कवन जतनवाँ? रे हरी।।१३९।।

तीसरी

बाला वृद्ध विवाह

चलः हटः जिनि झांसा पट्टी हमसे बहुत बघारः रामा।
हरि २ फुसिलावः जिनि दै दै बुत्ता बाला रे हरी।।

भोली गुनि भरमावः काउ रिझावः ? हम ना रीझब रामा।
हरि २ समुझावः जिनि कै कै बहुत कसाला रे हरी।।

लालिच काउ दिखावः हम ना पहिरब झुलनी झूमक रामा।
हरि २ चम्पाकली टीक, ना बुन्दा बाला रे हरी।।

आगि लगै तोहरी जरतारी-सारी, लहँगा, चोली रामा।
हरि २ तुहऊँ कँ धरि खाय नाग कहुँ काला रे हरी।।

हम ना चाही राज पाट धन धाम तोहार गुलामी रामा।
हरि २ नावँ और के लिखः मकान कवाला रे हरी।।

जिनि चुमकार पुचकारः बसि बहुत प्रेम दिखलावः रामा।
हरि बिना काम जिन भरः आह औ नाला रे हरी।।

असी बरिस कै भयः बूढ़ तूं, जेस हमार परपाजा रामा।
हरि २ हम बारहै बरिस कै अबहीं बाला रे हरी।।

पापी बेईमान! भला तैं कुकरम कवन बिचारे रामा।
हरि २ ! लाज धरम सब धोय धाय पी डाला रे हरी।।

जब लग चढ़े जवानी हम पर तब तक तूँ मरि जाब्यः रामा।
हरि २ तब हमार फिर होयः कवन हवाला रे हरी।।

फेरि कैसे मन मिलै कहः तो मुरदा औ जिन्दा कै रामा।
हरि २ होय प्रेम कैसे, जहँ रस कै ठाला? रे हरी।।

बूड़ि मरत्यः चिल्लू पानी मः, का मुहवां दिखलावः रामा।
हरि २ भल चाहः तौ "रटः राम लै माला" रे हरी।।

बूढ़े प्रेमी सुजन प्रेमघन की सुनि सीख बिचारौ रामा।
हरि २ "तजौ बुढ़ाई में तौ गड़बड़ झाला" रे हरी।।१४०।।

जातीय गीत

स्वदेश दशा

तीसरे प्रकार की सामान्य लय

क्षोभ

है कैसी कजरी यह भाई? भारत अम्बर ऊपर छाई॥
मूरखता आलस, हठ के घन मिलि मिलि कुमति घटा घिरि आई।
बिलखत प्रजा बिलोकत छन छन चिन्ता अंधकार अधिकाई॥
बरसत बारि निरुद्यमता को, दारिद दामिनि दुति दरसाई।
दुख सरिता अति वेग सहित बढ़ि, धीरज बिपुल करार गिराई॥
परवसता तृन छाय लियो, छिति, सुख मारग नहिं परत लखाई।
जरि जवास जातीय प्रेम को, बैर फूट फल भल फैलाई॥
छुधा रोग सों पीड़ित नर, दादुर लौं हाहाकार मचाई।
फेरि प्रेमघन गोबरधनधर! दौरि दया करि करहु सहाई॥१४१॥

दूसरी

गारत भयो भलें भारत यह आरत रोय रहो चिल्लाय॥
बल को परम पराक्रम खोयो विद्या गरब नसाय।
मन मलीन धन हीन दीन ह्वै परयो विवस बिलखाय॥
नहिं मनु, व्यास, कणाद, पतञ्जलि गये शास्त्र जे गाय।
गौतम, शंकर हू नाहीं जे सोचैं कछू उपाय॥
नहिं रघु, राम, कृष्ण, अर्जुन, कृप, भीषम भट समुदाय।
विक्रम, भोज, नन्द नहिं जे भुज बल इहि सके बचाय॥
नहिं रणजीत, शिवाजी, बापा, पृथिवी, पृथिवीराय।
जे कछु बीर धीरता देते निज दिखाय तन घाय॥
गई अजुध्या, मथुरा, काशी, झूँसी दिल्ली ढाय।
सोमनाथ के टुकड़े मक्के गज़नी पहुँचे जाय॥

नास कियो म्लेच्छन बेपीरन भली भांति तन ताय।
काको मुख लखि धीर धरै यह नाहिँ कछू समुझाय ।।
भये यहां के नर अधरमरत दास वृत्ति मन भाय।
कायर, कूर, कुमति, निलज्ज, आलसी, निरुद्यम आय ।।
दुर्भागिनि निद्रा सों निद्रित दीजै इन्हें उठाय।
बरसहु दया प्रेमघन अब नारायन होहु सहाय ।।१४२।।

तीसरी

जाहिल औ जंगली जानवर कायर कूर कुचाली रामा ।।
हरि २ हाय ! कहावैं भारतवासी काला रे हरी ।।
भये सकल नर में पहिले जे सभ्य सूर सुखरासी रामा।
हरि २ सुजन सुजान सराहे बिबुध विशाला रे हरी ।।
सब विद्या के बीज बोय जिन सकल नरन सिखलाये रामा।
हरि २ मूरख, परम नीच, ते अब गिनि जाला रे हरी ।।
रतनाकर से रतनाकर जहँ धनी कुबेर सरीखे रामा।
हरि २ रहे, भये नर तहँ के अब कंगाला रे हरी ।।
जाको सुजस प्रताप रह्यो चहुँ ओर जगत में छाई रामा।
हरि २ ते अब निबल सबै बिधि आज दिखाला रे हरी ।।
सोई ससक, सृगाल सरिस, अब सबै सों लहैं निरादर रामा।
हरि २ संकित जग जिनके कर के करवाला रे हरी ।।
धर्म्म, ज्ञान, विज्ञान, शिल्प की रही जहाँ अधिकाई रामा।
हरि २ उमड़चो जहँ आनन्द रहत नित आला रे हरी ।।
बिना परस्पर प्रेम प्रेमघन तहँ लखियत सब भाँतिन रामा।
हरि २ सांचे सांचे सुख को सचमुच ठाला रे हरी ।।१४३।।

चेतावनी

चेतो हे हे बाभन भाई! सुधि बुधि काहे रहे गँवाय ।।
तुमरेई पुरखे मनु, पाणिनि, भृगु, कणांद, मुनिराय।
व्यास, पतञ्जलि, याज्ञवल्क्य, गुरु, गये शास्त्र जे गाय ।।

जैमिनि कपिल, भरत, पाराशर, धन्वन्तरि, समुदाय।
भये विबुध विज्ञान प्रदर्शक, तुमहिं सीख सिखलाय।।
तपसी भरद्वाज, दुरवासा, सृङ्ग, पुलस्त्यहु आय।
भये भक्त नारद, सुक से भजि, हरि तन अघ विनसाय।।
परसुराम, कृप, द्रोण, वीरवर, निज वीरता दिखाय।
सुक्र, वसिष्ठ, विष्णु, चाणक, सुभ राजनीति प्रगटाय।।
वालमीकि, भवभूति, बान, जयदेव, नरायन चाय।
कालिदास आदिक कविवर सत्, कविता गये बनाय।।
ताके वंस जनम लैकै तुम, निज कुल रहे लजाय।
हाय! लोक परलोक सोक सब, जनु पी गये उठाय!!
करम, धरम, आचार, विचारहि, सदाचार घर ढाय।
वेद, सास्त्र, तप, संसकार तजि, बने निशाचर भाय।।
निज करतव्य धरम तजि घूमत, स्वारथ लोलुप धाय।
धक्का खात घरहिं घर मांगत, भीख तऊ मुंह बाय!!
नाना अधम वृत्ति करि लै धन, डकरहु खाय अघाय।
हाय! हाय! नहि लाज लेस हिय, नहिं अपमान समाय!!
देखहु जग सब अरि तुमरे जिय, विहँसत मोद बढ़ाय।
खोदत जड़ तुमरी नित पै मन, तुमरो नहिं मुरझाय।।
वेद विरुद्ध हाय! भारत रह्यो, कुपथन को तम छाय।
पै तुम कहँ नहिं सूझि परत कछु, छिनहुँ न सोचौ भाय!!
बूड़त देस तुमारेहि आलस, अधरम तापनि ताय।
विप्रवंस मिलि सबै प्रेमघन, सोचहु बेगि उपाय।।१४४।।

उत्साह

घिरी घटा सी फौज रूस मनहूस चढ़ी क्या आवै रामा।
हरि २ खेलो कजरी मिलि गोरा औ काला रे हरी।।

साफ करो बन्दूकें, टोटा टोओ, ढाल सुधारो रामा।
हरि २ धरो सान तरवारन लै कर भाला रे हरी।।
ढीलढाल कपड़ा तजिकै अब पहिरौ फौजी कुरती रामा।
हरि २ डीयर वालेन्टीअर ! सजो रिसाला रे हरी।।
ढुनमुनिया सम सहज कबाइत करि जिय कसक मिटाओ रामा।
हरि २ कजरी लौं गाओ बस करखा आला रे हरी।।
मार ! मार! हुंकार सोर सुर सांचे सब ललकारो रामा।
हरि २ सत्रुन के सिर ऊपर दै सम-ताला रे हरी।।
बहुत दिनन पर ई दिन आवा देव ताव मोछन पैं रामा।
हरि २ सुभट समर सावनवाँ बीतल जाला रे हरी।।
उठो बढ़ो धाओ धरि मारो बेगि न बिलम लगाओ रामा।
हरि २ पड़ा कठिन कट्टर से अब तौ पाला रे हरी।।
उठैं घूम के स्याम सघन घन गरजैं तोप अवाजैं रामा।
हरि २ गिरैं वज्र सम गोला बम्ब निराला रे हरी।।
झरी बूँद सी बरसाओ बस गोली बन्दूकन सों रामा।
हरि २ चमकाओ चपलासी कर करवाला रे हरी।।
कहरें मोर सरिस दादुर लौं बिलबिलायँ गिरि घायल रामा।
हरि २ बिना मोल मनइन कै मूड़ बिचाला रे हरी।।
करो प्रेमघन भारत भारत में मिलि भारतवासी रामा।
हरि २ महरानी का होय बोल औ बाला रे हरी।।१४८।।

आवश्यक निवेदन

धावो भारतवासी भाई ! लागो गैय्यन की गोहार।।
अन्न सुतन जाके उपजावत जोतत भूमि अपार।
पियहु दूध घृत खाय जासु तुम सूतहु पाँय पसार।।
दीन बचन उच्चरत चरत तृन करि उपकार हजार।
अन्तहु मुएँ तुमें बैतरनी आवत जाय उतार।।

सो तुमरी माता निरदोषी के गर फिरत कटार।
देखत तुम पै तनिक न लाजत जिय में हा! धिक्कार॥
नगर नगर गोसाला खोलहु रच्छहु हित निरधार।
बरसहु दया प्रेमघन मिलि सब मानो कही हमार॥१४९॥

आशीर्वाद

मङ्गल करै ईस भारत को सकल अमङ्गल बेगि बहाय।
आलस निद्रा सों उठि जागैं भारतवासी धाय।
एका, सुमति, कला, विद्या, बल, तेज, स्वत्व निज पाय॥
उद्यम पगे, धरमरत, उन्नति देस करैं चित चाय॥
दुःख कलंक धोय देवैं फिरि वेही दिन दिखलाय॥
बरसहिं जलद समय पर जल भल सस्य समृद्धि बढ़ाय।
सुखी धेनु पय श्रवहिं, सकै नहिं कोऊ तिनहिं सताय॥
राजा नीति सहित राजै नित प्रजा हरख अधिकाय।
प्रेम परस्पर बढ़ै प्रेमघन हम यह रहे मनाय॥१५०॥

ऋतु की चीज़ें

मेघ मलार

सखि सजल जलद जुरि आये चातक चित चोरत चूमत
छिति छिति छन छन छन छवि छवि कर विहाल॥ टेक॥
केकी कलित कलाप कलोलत, कूल कूल कल कुञ्जनि मैं,
काली कोयल कूर कसाइन कूकि कराह रही कराल॥
गरजत गगन घटा घन की ये दादुर सोर मचावत हैं—
सूनी सेजिया जनु व्याली, वनमाली आली नहिं आये—
वर्षा वधिक समान जनाये,
श्रीबदरीनारायन कविवर बिकल करत बिरहीन बाल॥१॥

घनश्याम धाम नहिं आये छाये घनश्याम गगन घुमड़त,
गरजत तरजत जल बरसि बरसि ।। टेक ।।
जीगन गन जोति जुरी जामिन, दसहूँ,
दिसि दुति दमकत दामिनि, हिय हरष हरत बिरही कामिनि,
मन मलिन होत दुति दरसि दरसि ।।१।।
चातक चहुँ चाव चढ़े बोलैं, दिशि दिशि मयूर,
नाचत डोलैं, विष विरह केवार मनहुँ खोलैं;
उन बिन निकसत जिय तरसि तरसि ।।
श्रीबद्रीनारायन कविवर, सरसिज सर,
मिरजापूर सहर करि प्यार यार लग जाय जिगर
तन मन वारुं पग परसि परसि ।।२।।

अलि मान मान ना कीजै बसि सावन सोक नसावन में
मन भावन सों मुख मोर मोर।। दृगवान कान लौं
तान तान, भौंहन कमान जुग जोर जोर ।। टेक ।।
उमड़त नभ घुमड़त घनकारे धार धरे धावत मतवारे
श्रीबद्रीनारायन जू लखिये, गरजत करि चहुँ ओर सोर ।।३।।

कोकिल कल कूजत डार डार, लागत नहिं मन उन विन हमार ।।
नव नीरद उनये छन छन छन, छन छवि छवि छाजत।
मोर सोर, चहुँ ओर मचावत, दादुर बोलत बार बार ।।
कारी निपट डरारी जामिन, विधु बदनी बिरही गजगामिन,
करि बेचैन मैन कल कामिन, पैन बान जनु मार मार ।।
श्रीबद्रीनारायन कविवर दिल आय हाय लगि जाय धाय गर,
नटनि हटनि, मुसुक्यानि मुरनि पर तन मन डारूँ बार बार ।।४।।
घुमड़त घन गरजै बार बार, बोलत मयूर चढ़ि डार डार ।। टेक ।।
झूलत मलार गावत कामिनि, किलकत कोकिल दादुर
जामिनि, दसहूँ दिसि तें दमकत दामिनि,
मानहु मनोज तरवार धार ।।

हरियारी चहु ओरन छाई—तापें बीरबधू अधिकाई,
देती छिति छबि लखि सुख दाई,
मन मानिक जनु बार बार ।।
ससि वदनी सजि सूही सारी, जुव जन गन मनमोहन वारी
मिलती नाह नेह निजधारी, मान मान हिय हार हार ।।
श्रीबद्रीनारायन पिय बिन, करि बेचैन मैन मन छिन छिन
कहरत कोकिल कूर कसाइन, कूक हूक हिय मार मार ।।५।।

ए पिय पावस भूपति आये ।। टेक ।।
घन कारे कारे मतवारे दतवारे समताये,
गरजनि जनु बाजति दुन्दुभि दादुरन की छबि छाये ।।
इन्द्र धनुष को धनु लाये धरि बूँदिन सर बरसाये,
ग्रीषम रिपु ढूँढत छन छन छन, छबि करवाल लखाये ।।
जीगन गन दीपावलि तापै मोरन नाच नचाये,
झिल्लीगन झनकार चहूँ दिशि बाजन रुचिर बजाये ।।
ऐसे सजि सजाय चलि आयो चितवत चितहि चुराये,
बकनि पंक्ति को मुक्त माल उर बद्रीनाथ सुहाये ।।६।।

बदरा गरजि गरजि दुख देत ।। टेक ।।
तरु पै झिल्ली कारी निशि में दादुर बोलत खेत ।।
पौन प्रबल पुरवाई झकोरत तोरत वृक्ष निचेत
चपला चमकि चमकि चौंधी दै चटपट करत अचेत ।।
सुन्दर स्वच्छ बितान बनायो सुथरी सेज सपेत ।
बद्रीनाथ पिया बिन सेजिया सांपिन सी डस लेत ।।७।।
चपलारी चहुँदिसि चमकि चमकि छिति चूमैं-जलद घन बूनन बरसैं।
चलत सुगन्ध सनी पुरवाई—दुखदाई तन परसै
श्रीबद्रीनारायन जू पिय बिन आली तिय तरसैं ।।८।।
घिरि श्याम घटा घहराय रहीं,
चमकनि चपला छवि छाय रहीं ।। टेक ।।

घन बूनिन की बरसनि सों,
छिति कछु औरहि शोभा पाय रहीं॥
नाचत मयूर बन में प्रमुदित,
मोरिन कल कूक सुनाय रहीं॥
मालती मल्लिका हरसिंगार जूही भौंरन ललचाय रहीं॥
श्रीबद्रीनारायन पिय बिन, बिरही वनिता बिलखाय रहीं॥९॥

फेरि मुरवा लागे कहरान—कैसे बचैगें अब प्रान॥टेक॥
लागे गगन सघन घन घुमड़े—घेरि घेरि घहरान॥
बूँदन की बरसनि पुरवाई सरस समीर चलान॥
श्रीबद्रीनारायन बिन लागीं छतियां थहरान॥१०।

घोर घन सघन लगे घुमड़ान, घेरि घेरि घहरान॥टेक॥
बिस्तारनि वर्षा बहार बर—बारि बिन्दु बर्षानि।
बिलसत ब्योम बकावलि बीर बधून बृन्द बिलगान॥
चहु ओरन चौंधी दै लोचन, चपला चपल चलान।
चोरनि चित चांदनी चमक बिन चकि चकोर सकुचान॥
सीरी सरस सुगन्ध सनी संचार समीर सुहान;
सोहे सहज स्याम सरसीरुह सो सर सलिल महान॥
कूटज बकुल कदम्ब कुसुम करमा कलाप बिकसान;
कल कोकिल कुल की किलकारनि केकिन की कहरान॥
जगत जमात जुरी जीगन जोवन जनु जामिन जान;
जरित जवाहिर जोति जुवति जन ज्यों जौहर जहरान॥
मधु मय मुकुल मालती मंजुल मनहि मनोहर मान,
माते मुदित मलिन्द मधुर मकरन्द मयी मदिरान॥
लहलहात लोनी लागत अति ललित लवंग लतान;
लोचन लेत लुभाय अली अलबेली लहर लखान॥

गरवीली गजगामिनि गन लागी झूलन करि गान;
श्री बद्री नारायन पिय हिय, लागन लागीं आन।।११।।

आली भोरहि आज घुमड़ि घन घेरे आवत हैं।।टेक।।
इन्द्र धनुष घन बूँदी सर त्यों, चपला कृपान को साज।।
यों बनि बीर बेष आयो बध बिरही बनिता काज;
श्री बद्रीनारायन लै पिक दादुर सैन समाज।।१२।।

भीजत सांवरे संग गोरी,
बरसाने बारी रस बोरी।
ज्यों घन श्याम मिली दामिनि घनश्याम भामिनि भोरी।।
जोरी होत निहाल जुगल गल ललकि भुजन जुग जोरी।
वृन्दावन कालिन्दी कूलनि कलित निकुंजन खोरी।।
दोउ प्रेमघन दुहुँ के माते इतराते चित चोरी।।

धूरिया मलार

घन उमड़ि घुमड़ि नभ धावैं—अबहीं ते विरहीन डरावैं।।टेक।।
यद्यपि नहिँ बरसैं तौ हूँ सजनी सुखमा सरसावैं।।
मधुर अलापी मोर चातकन चित चितवत ललचावैं।।
उड़त बकावलि झिल्ली बोलीं पुरवाई बहि भावैं।।
श्री बद्री नारायन लखियै भूपति पावस आवैं।।

ये अबहीं ते लागे गाजन, बादल सैन मैन सम साजें।।टेक।।
पावस सेनापति लीने चलो, विरही जन बध काजन;
इन्द्र धनुष धनु बूँदी सर असि छन छबि की छबि छाजन।।
दादुर मोर सोर के लागे, समर बाजने बाजन,
बद्रीनाथ यार या ऋतु में चहत चले कित भाजन।।

(हो) अबहीं ते मोर अलापैं कोकिल किलकैं कीर कलापैं।।टेक।।
मानहुँ बर्षा बधिक आगमन कहत बिरही अबला पैं,

धार धरे धुरबा धावत चढ़ी चंचलता चपला पैं॥
कोऊ जात हाय बिनवै बलि बद्रीनाथ लला पैं॥

मेघ मलार

अब तो आओ प्रिय प्यारे,
कारे कारे घन घूमि घूमि छिति चूमि चूमि दमकत दामिन ॥टेक॥
झोंकत रहत पवन पुरवाई—कूकत कोकिल कूर कसाईं,
कुञ्जन मोर सोर दुख दाई—बिकल करत विरही कामिन॥
बद्रीनारायन जू तुझ बिन, नहि लगत पलक सपनेहु पल छिन,
सूनी सेजिया दुख देत कठिन, मानहु कारी ब्याली जामिन॥

चपला चमकै चमकाली—आली बनमाली बिन—
काली निशि मैं कूकत कोकिल कलाप ॥टेक॥
बद्रीनारायन जू नीरद, बरसत उमड़े आवत सब नद,
नाचत मयूर गन मतिमद, जिय डरपावत करि अलाप॥

आयो पावस अब आली—बनमाली पिय बिन ब्याली सी
डँस जाय हाय यह कारी रैन॥टेक॥
नव नीरद उनये जनु आवत, बिरहिन पर साजे मैन सैन,
छन छन छन छबि छहराति मनहु कर लसति कलित करबाल मैन॥
झिल्ली दादुर मोर सोर चहुँ ओरन सों दुख दैन अैन,
बद्रीनारायन जू पिय बिन, निसि बासर बरसत रहत नैन॥

घन उमड़ि घुमड़ि नभ धावत॥टेक॥
काली रैन डराली लागत चपला चख चमकावत।
ता बिच बोलि पपीहा पी पी करि छतियाँ दरकावत॥
चोपनि चाव भरे चहुँ ओरनि मोरन सोच मचावत।
बद्रीनाथ रसिकबर ता छन राग मलारहि गावत॥

चपलारी—चहुँ दिसि चमकि चमकि छिति चूमै,
जलद घन बूनन बरसै॥टेक॥

चलत सुगन्ध सनी पुरवाई, दुखदाई तन परसै—
श्रीबद्रीनारायन जू पिय बिन आली जिय तरसै ।।

मे

बन में मोरवा कहरान लगे, सुनि धुनि धुरवा नियरान लगे ।।टेक।।
चहुँ ओर चपल चपला चमकत, द्विति इन्द्र धनुष निशि २ दमकत;
पुरवाई पवन सरस रमकत, लखि बिरही जन बिरहान लगे ।।
श्री बदरी नारायन कविवर, तिय झूल रहीं झूला घर घर;
फूलन बगिया सोंही सजकर, चित चंचरीक ललचान लगे ।।

बरसाती ठुमरी

दसहूँ दिशि दुति दमकत दामिन, जीगन जुत जगमगात जामि ।।टे०।।
बद्री नारायन जू पिय बिन, गरजत घन रहत सदा निशि दिन;
पिक चातक मोर सोर छिन छिन, व्याकुल कीनो बिरही कामिन ।।

मलार की ठुमरी

इत आओ यार सैलानी, घेरि घटा घन बरसत पानी ।।टेक।।
आय धाय गर लागो प्यारे—करो केलि मनमानी ।।
बद्रीनाथ पागरी धानी जैहैं भीग दिलजानी ।।
कोइलिया छिन छिन कूकि कूकि दई मारी, अरी जियरा डर पावै।।टेक।।
सूनी सेज रैन अँधियारी—रहि रहि जिय घबरावै।
श्री बदरी नारायन जू पिय बिन निस दिन नींद न आवै ।।

खेमटा

कहूँ जनि जावो—हो—दिलजानी ।।टेक।।
करत सोर चहुँ ओर मोर गन, बन बन बरसत पानी।
बद्रीनाथ बिलोकत काहे न जोबन जोर जवानी ।।

घटा घन घेरी, सुनरी एरी ॥टेक॥
चमकि चमकि चपला डरपावे, सूनी सेजिया मेरी ॥
श्री बद्री नारायन जू पिय आवत है सुधि तेरी ॥

बरसाती खिमटा

क्या अलबेली नवल ऋतु आई रे ॥टेक॥
स्याम घटा घन घोर सोर चहुँ—ओरन देत दिखाई रे ॥
चमकि चमकि चंचला चोरि चित—दिशि दिशि देत दरसाई रे ॥
करत सोर चहुँ ओर मोर गन—बन बन बोल सुहाई रे ॥
बद्री नाथ पिया की आली—अजहुँ न कछु सुधि पाई रे ॥

आली काली घटा घिरि आई रे ॥टेक॥
सनि सनि सरस समीर सुगंधन सनकत सुख सरसाई रे ॥
बद्री नाथ अजौं नहिँ आये सजनी सुधि बिसराई रे ॥

आज आली मोर बन बोलैं ॥टेक॥
घन करि करि मतवारे—दत वारे सम डोलैं ॥
ता छन बद्रीनाथ पियारे सौतिन के संग डोलैं ॥

चले जाओ ए मेरे सैलानी ॥टेक॥
उमड़ घुमड़ घन घटा घूमि छिति चूमत बरसत पानी ॥
सूने भवन सजी सेजिया यह बद्रीनाथ दिलजानी ॥

झूला गौरी में

बलिहारी बिहारी न झूलूँ ॥टेक॥
थरथरात पग हरहरात हिय बारी बयस हमारी ॥
श्री बद्रीनारायन दिलवर धाय धाय लगि जाय आय गर हाय।
सुनत नहिँ अरज गरज तुम मोहें डर लागत भारी ॥

हिंडौर का खिमटा

हिंडोरे रे झूलें राधिका श्याम ।।टेक।।
बृन्दाबन कालिन्दी के तट सुखमा अति अभिराम ।।
बंसी टेरत हरि उत आवत गावत प्यारी ललाम ।।
झूलत लाल लली हैं झुलावत सखि वृजवासी बाम,
बद्रीनाथ नवल यह शोभा निरखत रहत मुदाम ।।

हिंडोरे उझकि झुकि झूलै ।।टेक।।
मनमोहन बृषभानु नंदिनी, कुंज कलिन्दी कूलैं ।।
बद्रीनाथ देखि सुभ शोभा मगन मदन मन भूलैं ।।

श्याम हिंडोरवा झूलें री गुय्यां जमुनवां के तीर ।।टेक।।
मोर मुकुट बनमाल बिराजत, कटि तट सोहत चीर ।।
लचत लंक लचकीली झूलत प्यारी होत अधीर ।।
ललित कंचुकी दीसत फहरत अंचल लगत समीर ।।
बद्रीनाथ हियें बिच बिहरो—राधा श्री बलबीर

सावन

सावन सूही सारी सजि सखी सब झूलें हिंडोर ।।टेक।।
कोयल कूकत कुंजन, मोर मचावत सोर ।।
घेरि घटा आई दामिनि चमकि रही चहुँ ओर ।।
बद्रीनाथ पिया बिन मानत नहीं मन मोर ।।

हिंडोरा वा भूला

राग सोरठ मलार

उझकि झुकि झूलनि छबि न्यारी, हिंडोरे में पिय सँग प्यारी ।।टे०।।
सजल जलद जूमि जूमि नभ घूमि घूमि झूमि झूमि
लेत छिति चूमि चूमि छन छन छन छवि छहरात
दरसात, पात पातनि बून पात वारी ।।

कलित कलाप कोकिलान की कलोल किलकारत
करीलन कदम्बन के कुञ्ज कुञ्ज—कीर कुल भरि
भारी; अधिक अथोर मोर सोर चहु ओर पिक,
चातक चकोर के समान की अवाज आज
बद्रीनाथ हाथौं हाथ लेत मन मांगि छबि दृगन टरत टारी ।।

झूलें हो हिंडोरे सावन मास सजीले, सरस सरयू के कूलें ।।टेक।।
सीय सीय-वल्लभ रति रति-पति की उपमा नहि तूलै झूलै हो ।।
लली लंक लचकीली लचकन मचकत पाटन हूलै-झूलै हो ।।
श्री बद्रीनारायन जू मन यह छबि कबहुँ न भूलें झूलें हो ।।

झूलत श्यामा श्याम आली, कालिन्दी के कल कुंजनि में ।।टेक।।
नवल लली राजत छबि छाजत, नवल अली गन संग
गावत नवल राग अभिराम आली ।।
लटकन लट काली घुघराली, शरद चन्द पर जनु जुग ब्याली
सुखमा ललित ललाम आली ।।
ऐसी अमल अनूप छटा पर—श्री बद्रीनारायन कविवर
वारत छबि सत काम आली ।।

खेमटा

घुमड़ि घन घेरन लागे आली ।।टेक ।।
चहुँ ओरन चौंधी दै दै चख, चमक रही चपला चमकाली ।।
गरजनि घोर सोर की धुनि बिरही तन तावन वाली,
श्री बद्री नारायन जू पिय जनु सुधि भूलि रहे बनमाली ।।

चितै जनु चातक लौं चित चोरैं ।।टेक।।
नील कंज दुति हारी गिरि कज्जल अवली घन घोरैं ।।
मनहु मत्त मातङ्ग मैन के धीरज के तरु तोरैं ।।
मन्द मन्द अरु मधुर मधुर धुनि, करत हरत मन मोरैं ।।
वाह! वाह! देखो तो बदरी नारायन या ओरैं ।।

बिमल बन बागन में, बर्षा की आई बहार ।।टेक।।
गुलवास, गुलशब्वो सजकर फूले हार सिंगार।
छबि मालती मल्लिका लखि मन मधुकर दीनो वार ।।

विरही जन वध काज खिलीं कर केतक लिये कटार।
कल कदम्ब के कुसुम गेंद हैं मनहु मनोहर भार ।।

गुलमेहदी गुल दोपहरी रंग बदल बने दिलदार।
हरियारी चहु ओरन छाई डोलत सुखद बयार ।।

चातक मोर चकोर कोकिला बोलत डारहि डार।
श्री बद्री नारायन जू पिय चलि लखिये इक बार ।।

तनक धर धीर दई के निहोरे ।।टेक।।
मनहुँ अनोखे आली झूलति तूही आज हिंडोरे ।।
नाही नाही, कहि कहि, हा, हा, खाती हाथनि जोरे ।।
बालकमानी सी नाचाप कर लंक लेति चित चोरे ।।
भौंहें तानि करत सीसी सतराती नाक सिकोरे ।।
चंचल चंचल ह्वै उघरत जोवन उभरे से थोरे ।।
सखि संभाल, डरियै जनि वारी रहियै लाज बटोरे ।।
घन गरजनि सो ह्वै ब्याकुल लहि हूल हिडोंर हिलोरे ।।
श्री बदरी नारायन पिय हिय लागत भरि भुज गोरे ।।

श्याम हिंडोरवा झूलै री गुइयां कालिन्दी के तीर ।।
मोर मुकुट वनमाल विराजै कटि तट सोहत चीर ।।
लचत लंक लचकीली लचकत प्यारी होत अधीर ।।
ललित केचुकी दीसत फहरत अंचल लगत समीर।
बद्रीनाथ दोऊ मिलि बिहरत राधा श्री बलवीर ।।

सावन सूही सारी सजि सखी सब झूलै हिंडोर ।।
कोयल कूकत कुंजनि, मोर मचावत सोर ।।

घेरि घटा आई दामिनी, चमक रही चहुँ ओर।।
बद्रीनाथ पिया जिन मानत, नहि मन मोर।।

बरसाती खेमटा

चले आओ मेरे सैलानी।
उमड़ि घुमड़ि घन घटा झूमि छित चूमत बरसत पानी।।
सूने भवन सजी सेजिया यह बद्रीनाथ दिलजानी।।

पूरबी

प्यारे तुम्हारे जोबन मतवारे—जुलमी जालिम जोर।।
चोली लाल बाल तन जोबन, मोह लियो मन मोर।।
झूमक कान, नाक नथ बेसर, गजब झुलनियां तोर।।
बद्रीनाथ अबीरी टीका, तुरत लियो चित चोर।।
मारत यार नयन की बरछी, अब क्यों भौंह मरोर।।

सावन

कोऊ कहो सावन मन भावन आवन नन्द किशोर रे।।
प्यारी घटा घिरि आई चहूँ दिशि, गरजत नभ घन घोर।।
दामिनि दमकि दमकि डरपावत बहुत बतास झकोर।।
पापी पपीहा पिया पिया बोलत करत सोर वन मोर रे।।
बद्रीनाथ पिया परदेसवा, बिलमि रहेल चित चोर।।

हिंडोरे झूलत प्रेम भरे,
झूलत लाल लली हैं झुलावत, सब व्रज बाल खरे।। टेक।।
प्यारी मुख पैं बेसर राजत मोती माल गरे, इत
मनमोहन होत सुसोभित बंसी अधर धरे, हिंडोरे।।
गाय मचाय मचाय सरस रस, सब दुख द्वन्द हरे।।
बद्रीनाथ देखि नभ शोभा, सुर गन सुमन झरे।।

आहा कैसी छबि छाय रही—झूलन की हूलन भाय रही ।।टेक।।
मचकत हिंडोर नासा सकोर, पिय हिय प्यारी लपटाय रही ।।
सिसकीन सोर भौंहन मरोर चपलति चख चोट चलाय रही ।।
श्रीबद्रीनारायन जू जिय में शोभा सरस सोभाय रही ।।

झूलैं राधिका श्याम वही बन ।।टेक।।
कलिन्दी तट झूलन शोभा देखि लाजत काम वही बन ।।
इत मनमोहन बंसी बजावत उत गावत वाम वही बन ।।
कारी जुल्फनि में फँसि फँसि कै उरझत मोती दाम वही बन ।।
बद्रीनाथ रसिक यह शोभा निरखत आये जाय वही बन ।।

हहा! अब झूलन झूलन दे रे ।।टेक।।
कूलन कालिन्दी के कदमन कलित कुंज नेरे;
केकी कलरव करत नचत चातक चहुँ दिशि केरे ।।
झूलन सुख मूलन के लागे नाक सकोरन;
झूठी संक लंक लचकन करि, आय लगत हिय मेरे ।।
फूलन सों फूले बन छबि जनु चहत चितै चित चेरे;
जिन पै मधुर मंजु गूँजत अलि मदन मंत्र जनु टेरे ।।

स्फुट बिन्दु

स्फुट बिन्दु

ठुमरी

बरबस लावत चित पेंच बीच, लटकाली घूघर बालियाँ ॥टेक॥
चमकीली चौकाली आली; मानहुँ पाली ब्यालियाँ ॥
बद्रीनाथ फँसावनि जाली वाली चाल निरालियाँ ॥

जानत हूँ सैयां आज चले मोरारे नयनां फरको जाय ॥टेक॥
टूटत बन्द चोली के, चुड़िया कगना सरको जाय ॥
बद्रीनाथ आज भोंराई सन जियरा धरको जाय ॥

सखीरी जनि पनियां कोऊ जाव—
सखी मग रोकत ठाढ़ो नन्द कुमार ॥टेक॥
बद्रीनाथ चुरावत चित नित—बेन बजाई बंसीवट—जमुना तट ॥

संवलिया रे हो सैयां लागी तुमसों प्रीत ॥टेक॥
पहिले प्रीत लगाय पियारे, अब कत करत अनीत ॥
बद्रीनाथ यार अलबेला बांको मोहन मीत ॥

गुजरिया रे हो गुयां पानी कैसे जांव ॥टेक॥
नित नित रार करत कुञ्जन बिच, मोहन जाको नावँ ॥
बद्रीनाथ न रहिबे लायक अब यह गोकुल गांव ॥

सखि सोवत रहीं सपन बिच पिय अपना मैंने देखा ॥टेक॥
धेनु चरावत बंसी बजावत तेहि बिच गावत एरी गुँयारे ॥
बद्रीनाथ कांकरी लैकर मोपर मारत एरी सैंयारे ॥
एतने में खुलि गई नीद हाय! पिय अपना मैंने देखा ॥

गौरी।

धन्य! २ प्रभु देव दिवाकर।
धन्य! असंख्य लोक अधिनायक॥
ग्रह उपग्रह नछत्र सकल तोहि
करत प्रदछ्छिन मानि सहायक।
तिन अधिवासी जीवन हित जीवन
जल अन्न प्रकास प्रदायक॥
निज भक्तन के भव भय भञ्जक
योग छेम मुख साज विधायक॥
प्रेम सहित गुनि यहै प्रेमघन
भयो नाथ तेरो गुन गायक॥

राग इमन

जय जय भारती भवानी।
सुमिरत मंगल सकल सवांरत विद्या सुभ सुखदानी॥
बिसद सहस सारद ससि सोभा धारनि वेद बखानी॥
सेत बसन भूषन तन राजत पुस्तक बीना पानी॥
करि अब कृपा प्रेमघन के हिय बसहु सदा महरानी॥

भैरव

मेरे मन माधव मुकुन्द भजि मोहन मदन मुरारी॥
सुमुखि सिरोमनि राधा रानी सोहत संग सुकुमारी॥
अतसी कुसुम सरिस सोभा तन जग मन मोहन बारी॥
निन्दत चन्द अमन्द बदन दुति केसर खौर सुधारी॥
गोल कपोल लोल अलकावलि लहरत घूंघट बारी॥
मानहुँ अमल कमल पर विहरत अवलि अलिन की कारी॥
उर वनमाल रसाल भाल पर केसर खौर सुधारी॥
मोर मुकुट मकराकृत कुन्डल की छवि छाई न्यारी॥

मधुर अधर धर मुरली टेरत हेरत सब दुख हारी।।
जा छबि ध्याय प्रेमघन प्रेमी सांचो भयो परम सुखारी।।

चञ्चरीक छंद

जयति जय भानु भगवान भासित प्रभा
सकल ब्रह्माण्ड भण्डार भरता।
प्रभु तुमहि करत पालन अखिल लोक,
नासत सकल सृष्टि पुनि सृष्टि करता।।
तुमहि ब्रह्मा, तुमहि विश्नु, हर, इन्द्र, यम,
वरुन धनपति सकल सक्ति धारी।
सुरा सुर यक्ष गन्धर्व किन्नर मनुज नम-
स्कृत भक्त भय भीर हारी।।
विप्र वर वेद पारग सकल ऋषि मुनिहुँ
उभय सन्ध्या समय तोहि ध्यावैं
शोक दुहुँ लोक विनसाय विन स्त्रम कृपा
लेस तुव सकल फल सहज पावे।।
पूजि श्री राम तोहि युधिष्ठिर, नल, नहुष
नृपति संकट सकल निज नसायो।
प्रेमघन सहित आराधि तोहि प्रेमघन,
सहजहीं दोष दुख दल बहायो।।

वसन्त

जय जयति प्रभाकर जय दिनेस।
जय दीनन के काटन कलेस।।
गावत गुन गन जाको गनेस।
थकि रहत वेद संग सकुचि सेस।।
जय जय जल करसन करन दान।
कर निकर सहस धारी महान।।

जय इन्द्र ईश, हरि, विधि, समान।
जय छमा सिन्धु करुना निधान॥
जय सुमुखि सरोजिनि सुभग कन्त।
जय प्रगटावन बरखा बसन्त॥
भय हरन पाप, रुज, तम, हिमन्त।
निज भक्तन सुखदाता अनन्त॥
जय जगत प्रकासक जग अधार।
सहजहिं चारौ फल देनहार॥
सो अवसि प्रेमघन अति उदार।
हरि हैं मेरे दुख दोष भार॥

भैरवी

जय २ जय दिनकर तम हारी।
जय जग मंगल कारी॥
जय प्रतच्छ परमेस प्रभाकर।
देव सहस करधारी।
पालत प्रगट रूप सों तुम प्रभु
विपुल सृष्टि यह सारी॥
निज भक्तन पर द्रवत सहज तुम
देत अमल फल चारी॥
बिनवत पानि पसारि प्रेमघन
हरहु नाथ भय भारी॥

तेरी अलबेली चाल मोहे मेरो मन लीनो रे॥टेक॥
लटकाली काली घुघराली चमकाली चित चोरन वाली।
मतवाली मानहु पाली व्याली, छबि छीनो रे॥
नैन मैन के बान निहारे रतनारे कारे मतवारे॥
कंज खंज करि मीन दीन बासहि जल दीनो रे॥

चंद अमंद बदन सुँदर पर, लाल प्रबाल सदृश मधुराधर।
मंद मंद मुसुकाय हाय बरबस बस कीनो रे॥
श्रीबद्रीनारायन दिलवर, डाल दियो जादू जनु हम पर।
अब नहिं नेक नजर चितवत, छलिया छल भीनो रे॥

चित चितवत होय अचेत गयो,
बांकी बिलोकि बृजराज बनक ॥टेक॥
सबही सुधि भूलि भटू भरमाती—
नित कुंज गली सुनि श्याम सनक॥
बद्रीनारायन बिबस भई सुनि तान तान बंशी की भनक॥

ये लँगराई के बैन सनम! हमसे न बनाओ रे॥टेक॥
गैरों के गले लग जाते हो, लख के हमको शरमाते हो॥
बद्रीनारायन जू प्यारे अब तो न सताओ रे॥

प्यारे पीव हमारे नयन तुम पै उलझाने (यार) ॥टेक॥
बद्रीनाथ मोहनी मूरति, मानहुँ ढली सील की सूरति,
लखि लखि मैन लजाने॥

हो चलो छोड़ो हमे मुरकी कलाई रे॥टेक॥
बदरीनारायण पिय जोर न जनाओ,
जाओ रिस जनि उपजावो, जो चाहो अपनी भलाई रे॥

दिखला मुख टुक चांद सरिस,
तन मन धन डालुँ वारियां॥ टेक॥
बदरीनाथ चितै चित चोरत, चंचल चख रतनारियां॥

इन बगियन फेर न आवना॥ टेक॥
चंचल चंचरीक चंपा में, चखि जनि जनम गवांवना।
बदरीनाथ बसंत बीते पर फिर पीछे मत आवना॥

रस भरे नैन की सैनन सों मन, बस कर लै गयो सावलियाँ ।।टेक।।
गोलन कपोलन मैं लहुराती प्यारी काली अलकावलियां ।।
बदरी नारायन गाय २ बिलमाय बनायो बावरिया रे।।

न्यारे हाय हमारे सांवलियां कैसो बंसी बजाई रे ।। टेक ।।
पड़त कान कर देत बिकल बस, तानैं ऐसी सुनाई रे।।
श्री बदरी नारायन जू जनु कोखे बिखन बुझाई रे ।।

रतनारे नैन वारे ये रतनारे नैन वारे ।।टेक।।
काहे है मारत जान जान ।।टेक।।
बदरी नारायन ये तेरे अजब अनोखे भाले ये रतनारे नैन वारे ।।

आओ आओ नित बात न बनाओ जी ।।
घातन करत जनु जोरा जोरी जाओ जी ।।टेक।।
बदरी नाथ हाथ इत लाओ,
अबस न बरबस नितहिं सताओ जी ।।
तरसत रहत नयन दरसन बिन,
मिलो हाय अब न छबीले छल छाओ जी ।।

अब तोरी प्यारी प्यारी प्यारी सूरत
चित चोरत कारी कारी जुल्फन मन ।।टेक।।
श्री बद्री नारायन जू पिय—मारि मूठ जनु नैन सन ।।

ये लटकाली काली चमकाली आली घूँघर वाली
पाली व्याली मतवाली सम ।।टेक।।
बद्रीनाथ फंसावनि डाली निपट निराली चाल अनूपम ।।

ठुमरी

तेरी चितवन मन में चुभी चैन चितये बिन नाहीं रे ।।टेक।।
पिय बद्री नारायन मनो मूरत मैन बस गई बरबस मन माहीं ।।

मीठी मूरत मेरे मन बसी–तेरी अलबेले छल रे ।।टेक।।
सांवरी सूरत प्यारी चित चोर लेन बारी,
क्या सजी पाग सिर लसी ।।
लखि बद्री नारायन चख चारु
चितवन उर लोक लाज बस नसी ।।

अबस छेड़ो नाहीं रे मेरे पास नहीं मन मेरो ।।टेक।।
आय हाय समुझावै काहे कौन जिय ल्यावै,
यह सुनै सिखावन तेरो ।।
मत बद्री बद्री नारायन करो बचन रचन,
चले जाव जाव जनि घेरो ।।

छल बल कर दिल्दार मेरा सैनों में जादू मारा ।।टेक ।।
आकर गले लग जा तुम तरसत प्रान हमारा ।।
बद्रीनाथ तेरे मुख ऊपर चाँद सुरज छबि वारा ।।

अरज यही अब सुन लीजे (येजी) कीजे वस नहीं नहीं ।।टेक।।
श्री बद्रीनारायन पिय सों बैर ठानिबो भलो न जिय सों,
सखी सखी के बैन, अैन सुख होते कहीं कहीं ।।

जब कबहूँ इत आय जैयो जी ।
तब सब दिन को फल पाय जैयो जी ।।टेक।।
श्री बद्रीनरायन दिलवर जैसे गाली देत
बिना डर वैसहि गाली खाय जैयो जी ।।

बहार की ठुमरी

गयो बाकें दृगन दृग जोर जोर,
लयो चितवत चित चित चोर चोर ।।टेक।।
दिखलाय नवल कछु बनक नई भौंहें मरोर नासा सकोर ।।
बद्री नरायन जू मोह्यो मृदु मुसुकुराय मुख मोर मोर ।।

कान्हैया ने डगरिया छेकी नागरिया मेरी,
हटको मानत नहिं नेकु लंगर ।।टेक।।
बद्री नारायन जू नटखट फेंकी काँकरिया
कुचाली फोरी गागरिया मोरी ।।

कबहूं अैयो दिलदार गलिन, दरसन बिन तरसत रहत नैन ।।टेक।।
श्री बद्री नारायन तुम बिन, चित चैन है न प्यारे पल छिन,
दिन रैन मैन मान मलिन ।।

अँखियन वह बनक समाय गई,
सखि काह कहूं कछु कहि न जाय ।।टेक।।
दिखलावत सुभ सांवरी सूरत, मन मैं मनसिज उपजाय गयो ।।
श्री बद्री नारायन दिलवर चितवत चट चितहिं चुराय गयो ।।

जेहि लखि सखि भाजत लाज मार,
सजनी वह छबि दरसाय गयो ।।टेक।।
चोखे चखनि चितै वह बीर, सुतीर सरिस दृग होत पार ।।
बद्रीनाथ यार यदि मिलिना, तन मन वारूँ सौ सौ वार ।।

सब साज बाज बृजराज आज मेरे मन बस गई रे ।।टेक।।
सीस मुकुट कर लकुट बिराजै कटि तट पर पीताम्बर छाजै,
लट घूँघर वाली ब्याली, आली जिय डस गई रे ।।
बद्री नाथ सांवरी सूरत मानहु मदन मोहनी मूरत,
मतवारी प्यारी पलकन की चितवन मन में धँस गई रे ।।

दुखियाँ अखियाँ रोवत तुझ बिन, टुक दरस दिखा जाओ ।।टेक।।
बद्रीनाथ यार तेरे बिन, सपनहु लगत न पल एकौ छिन,
यार कभी भूले से तो इन गलियन आ जावे ।।

शहाने की ठुमरी

ठगि गये आज ब्रजराज सो नयनवाँ ।।टेक।।
बिक बिन दाम गये, ध्यान ही को काम लये,
बिबस भये सुनि सरस नयनवाँ ।।
बद्री नाथ बीर हाय, बेदना कही न जाय,
चित चुभि गयो जुग दृग के सयनवाँ ।।

ठुमरी सिंदूरा

ये चित चोर चातुरी तेरी आज परी पहचान ।।टेक।।
मृदु मुसुक्याय लुभाय हाय मन मारत नैन बान ।।
बद्रीनाथ छयल छलबलिया तोहि गई हम जान ।।

न लगो सैयां धाय धाय छतियां–
चलो हटो जानी हम सिगरी घतियां ।।टेक।।
बद्रीनाथ हाथ पकरो जनि, मोहे न भावै ऐसी प्रीत तुमारी
जावो जावो जहां रहे रतियां ।।
दिखला मुखड़ा टुक चंद सरिस, तन मन धन तुझ पर वारियाँ ।।टेक।।
बद्री नाथ चितै चित चोरयो चंचल चख मत मारियां ।।

ठुमरी सैलंग

रूसो जात आली री गुंया रे–बांको दिलवर यार ।।टेक।।
बद्री नाथ पिया जो मनावै रे—देहौं कान की बाली री ।।

मोरी आली री—नैनवाँ लगे नहीं मानें ।।टेक।।
लोक लाज कुल की मरजादा रे–ये जुलुमी नहिं मानें ।।
बद्री नाथ हाथ परि औरन के न हमें पहिचानें ।।

ना जानूं केहि कारनवां (गुयां रे) सजनां रूसो जाय ।।टेक।।
जिय धरकत हिय थर थर कांपत पिय बिन कछु न सुहाय ।।
बद्री नाथ जाय बरजोरी—लावो सखी समुझाय ।।

बन माली दिल दार (हो) टोनवां काहे कीनो रे ।।टेक।।
बद्री नाथ नेक इत चितवो रे मेरे बांके यार ।।

ठुमरी

दिलवर दिल लै कित जात चले
उर बस आय धाय लग जाओ गले ।।टेक।।
चतुराई निठुराई लंगराई को जानत तुम फन्द भले ।।
बद्री नारायन बाँके यार—आफत के सिगरे ढंग तुमार,
छन-छबि सी छबि छहराय चले ।।

झिझौटी की ठुमरी

मैं तो जात रही पिया की सेजिया,
(गुयां) मोहे नजर लगा दीनों ।।टेक।।
कोऊ सौतन आइकै, औचक मोको देखि—
बद्रीनाथ कहूं कहा मोहें दगा दीनो री ।।
बनमाली री—औचकहीं मन लै गयो ।।टेक।।
साँवरी सूरत माधुरी मूरत रे दिखलावत छल कै गयो ।।
श्रीबद्रीनारायण जू पिय जनु जादू कछु कै गयो ।।

ठुमरी

सैनन नैन कटारी यार तुमारी ।।टेक।।
मन्द मन्द मुसुकात जात, सकुचात लजात निहारी ।।
नाहकही गाहक भयो जियको, जनु जादू कछु डारी ।।
अब मुख मोड़ छोड़ भाज्यो कित, लै मन सुरत बिसारी ।।
श्रीबद्रीनारायन जू नहिं भूलत चित छबि प्यारी ।।

ठुमरी

ना बोलूं बिन पाये कँगनवां ।।टेक।।
झूठी बात बहु भांति बनावत, जाव जाव जनि छुवो रे जुबनवां ।।

बाली झूमक वाली लाना, तब फिर पीछे हाथ बढ़ाना—
कोरी मुहब्बत हमें न भावै, बद्रीनाथ दिलजानी सजनवाँ ।।

काहे गोरी ऐरी मुसुकाती जाती मन मन—
चपल चखन चितवत इत छन छन ।।टेक।।
बद्रीनाथ अमल छबि लखि लखि,
बारत लोक लाज तन मन धन ।।

*सुधि तैरी भूलत नाहिं तनक जादू कछु मार करदाँ ।।टेक।।
बद्रीनाथ हाथ मल मल तुम ऊपर, आशिक मरदाँ ।।

मन मोती वारत मराल गिरधारी तोरे चाल पै ।।
गयन्द छांड़ि मद लखत जुगल पद धुन सुन नूपुर रसाल ।।

नाजुक हमारी कलैय्या जनि पकरो ।।टेक।।
बदरीनाथ यार दिलजानी पैय्याँ परूँ तोरी लेत बलैय्या ।।

प्यारी तोरी सुरतिआ नाहिं बिसरै ।।टेक।।
बदरीनाथ अमल आनन लखि भाजत लाजत मैन मुरतिआ ।।

सजन प्यारी २ सुरत मन भाई रे ।।टेक।।
अब इन दृगन जँचत नहिं कोऊ, जब से सुध बिसराई रे ।।
बदरीनाथ यार की चितवन, अब मन बीच समाई रे ।।

नैनन नैन मिलाय मार जादू कछु किओ रे ।।टेक।।
बदरी नाथ छुटि अलकैं घुंघुराली काली ब्याली रे ।।
आली बनमाली मुसुकाय हाय मन लिओ रे ।।

जावो जी मोहन यार—मोरीं चुरिया दरक गईं रे ।।टेक।।
बदरीनाथ पिया जनि बोलो, भावै नहिं यहु प्यार ।।

---

*पंजाबी भाषा

*तेरी ए छल बल दी बातां, माड़े जीवन भांवदां ।।टेक।।
बदरी नारायन टुक—सारे नाल न आवदां ।।

जाओ सैय्यां जाओ सैय्यां, ना बोलूं मैं ना बोलूं मैं ।।टेक।।
श्री बदरी नारायन दिलवर धाय लगो बस उनके गर ।।
जान गई मैं तुमको नटखट हट, घूंघट पट मैं ना खोलूं रे ।।

लगर न कर कर धर बरजोरी रे ।।टेक।।
जाओ २ बहुत न करो बरजोरी रे ।।

काफी

देखो उत ठाढ़ो नन्द किशोर —
जनि जाओरे कोऊ जमुना की ओर ।।टेक।।
बद्रीनाथ करत लंगराई, चित चोर चितै चित लयो चुराई,
सौंहीन करि दृग भौंहन मरोर ।।

भाजत हौ कत पिचकारी मार,
झकझोर तोर मोतियन की हार ।।टेक।।
रंग बरसावत गावत धमार, सुख सरसावत जावत अपार
बदरीनारायण बांके यार ।।

चितवत चित लै गयो चोर, मुसुक्याय मंजु मुख मोर मोर ।।टेक।।
बदरीनाथ पिया पनघट परे बाकें बांको दृग जोर जोर ।।

मेरो औचहि मन हर लीनो, छल बल करि चित छीनोरे ।।टे०।।
बद्रीनाथ दिखा मुखड़ा टुक, चितवन में बस कीनोरे ।।

क्या दिल बीच बिचारा रे तज दीनो देस हमारा रे ।।टेक।।
बद्रीनाथ तेरे बिन। सूना लगत सकल संसारा रे ।।

---

*पंजाबी भाषा

बद्रीनारायन बांके यार, लगि जावो गले से करूँ प्यार।।
मुसुक्याय मूँठ सो गयो मार, चंचल दृग अंचल दिशि निहार,
चितवत चित चोर लयो हमार।।

छतियाँ न लगो बनवारी श्याम
घतियाँ हम जानी तिहारी श्याम।।टे०।।
बद्रीनाथ भई सो भई कछु एसई भाग हमारी श्याम।।

प्यारी प्यारी प्यारी तेरी बात,
यार दिलदार प्यार कर आजा इत आजा इत,
मेरे पास—वारूं तूपै तन मन।।टेक।।
सांवरी सूरत मन मोहनी मूरत यार उर मोतियों का हार,
देखि दृग-देखि दृग, भृंग लजात कंज खंज ते न कम।।
बदरीनारायन कविवर सुभ सुर गाय राग रसीली सुनाय,
भोरि चित्त-भोरि चित्त मुसुकुरात कल नाहीं पल छन।।

बाँके बाँके तिहारे ये नैन, मीन छबि छीन बनावत,
कहा कहूँ—कहा कहूं कह न जात, जनु जुगल कमल।।टेक।।
बद्रीनारायन दिलवर ने कहीं निहार, गयो जनु जादू मार,
मेरी जान चोखे वान, मनहुँ मयन, छबि सरस अमल।।

लखनऊ के चाल की

जावो जावो जाऊँ मैं तिहारे संग नाही रे—
काल्ह खेल खेलत मरोरी मोरी बाहीं रे।।टेक।।
श्री बदरी नारायण चल हट है तू निपट निडर नटखट,
छल बल भरेई रहत मन माँहीं रे।।

मैं तू तेरी साँवरी सूरत पर वारी,
नंद के किशोर चित्त चोर बनवारी रे।।टेक।।
श्री बदरीनारायण दिलवर देखन दे छबि अब नैनन भर,
जाँव घर चाहें बैर मानै ब्रजनारी रे।।

काहे ऐसी करत निडर बरजोरी रे,
चलो हटो जावो छोड़ देओ गैल मोरी रे ॥टे०॥
श्री बदरीनारायन झटपट आय धाय हिय लिपट चट,
नटखट चोली की चली तू तनी तोरी रे ॥

ठुमरी

काहे मारत नैन सैनन भाला री ॥टेक॥
सुन हे मृग लोचनि ! जा दिश नेक विलोकि दियो तुम—
तापै तुरत जादू जनु डाला री ॥१॥
छवि ससि संकोचनि ! देखि लियो जिन रूप तेरो
कहरत करि आह भरत नाला री ॥२॥
एरी मेरी प्यारी ! कारी अलकावलि घेरे जनु
विष धर व्याल युगल काली री ॥३॥
"लू पै रति वारी" ! जिन इन लीनो डस परिगो
बस जनु उन सो यम सो पाला री ॥४॥
हे हे कल कामिनी ! योगी यती तपसी तज तप
सब फेंक दियो मृग को छाला री ॥५॥
दमनी दुति दामिनि ! भगत चले भगतीन छाँड़
तजि छाप तिलक कण्ठी और माला री ॥६॥
है ! है ! ! दिलजानी ! ! ! हम तो हुए हैरान जान
क्यों दिल को करत हो अरे बाला री ॥७॥
तू है लासानी ! श्रीबदरीनारायन जू कवि
को काहे देत रहत टाला री ॥८॥

सखी कौन सी चूक परी रतियां बतियां नहीं बोलत रूसी रहे ॥टेक॥
लंगराई करि करि तरसावत, सरसावत छल बल घतियां ॥
बद्रीनाथ यार दिल जानी—आय लगो अब तो छतियां ॥

छतियन पर भौंरा भूल रहे—बिसराय कमल के फूल रहे ।।टे०।।
श्रीबद्रीनारायन लुभाय तज पास मेरो कतहूँ न जाय—
छबि छकित निहारि अतूल रहे ।।

बहियां मरोरी गोरी—चुड़ियां दरक गई मोरी ।।टेक।।
श्री बृजचन्द बड़ो अभिमानी, आनि गही औचक युगपानी।
लपटि झपटि चट मार लकुट सों, सीस की गगरी फोरी मोरी ।।
बद्रीनाथ छयल अति नागर, रूपशील गुन बीर उजागर।
मुख चूमत बरजों नहिं मानत, लगि गरवां बर जोरी जोरी ।।

अब हम सों नहिं काम तुमें कछु,
जाव जी जाव जी जावो चले पिया।
अनखात जात पछतात खरे,
अरे होत कहा अब हाथ मले पिया।
बद्री नारायन माफ करो बस
जाय लगो उनही के गले पिया ।।
दिखला मुखड़े की झलक अलक,
घन बीच बिहसि बिजुरी चमकावत ।।
सखि स्याम सीस की मोरपखा लहि
कै समीर सुखमा सरसावत ।।
दृगवान कान लौं तान तान,
धरि भ्रू कमान छतियां दरकावत ।।
बद्रीनाथ बिलोक कोर दृग,
मृग अलि मीन खंज सकुचावत ।।

श्री ब्रजचन्द अमन्द प्रभा लखि प्रेम बिवस भई नागरिया ।।टे०।।
धरे अधर मधुर पर ललित बेनु, सिर सोहत सूही पागरिया ।।
पट लसत लंक पर पीत हरत चित रोकन नाहँक डागरिया री ।।
लखि बद्रीनाथ बिलोकि रही तन, सुन्दर रूप उजागरिया री ।।

उन बिन पल छिन नहीं पड़त चयन,
निस बासर बरसत रहत नयन ।।टेक।।
नहि भूलत बाकी छबि जिय सों,
जिहि लखि लखि भाजत लाज मयन ।।
निरखत हरत जगत सत मति मति,
दृग मृग मद मतवारे सयन–
मन मोहो श्री बद्री नारायन मीठे २ बोलि बयन ।।

दरसन बिन तरसत रहत नयन ।।टेक।।
आय लंगर बिच डगर रगर कर कर धर सौंप्यो मनहु मयन ।।
कहा कहूँ आली बनमाली, मुरली बजाय, मधुर २ सुर सरस

गीत गाय, बद्रीनाथ भावनि बताय बावरी बनाय,
हाय तबहीं सो चित चैन है न ।।

आली री! आन चित चुभ गईं माधुरी सी मूरतिया––
काली काली अलकावलि व्याली सी बस डस गई मन मेरो,
कहा कहूँ हाय अब कल न परत है (आनचित) ।।टेक।।
श्री बद्री नारायन जू पिय अब नहि दरस दिखावे;
कल न परत छन, धीर न धरत मन (आनचित)

दिना दस के जोबनवाँ हैं मेहमान––हो जनि जान अजान ।।टेक।।
चार दिना की चमक चांदनी––तापै कहा इतरान ।।
स्याम सघन घन घिरन जात वा दामिनि दुति दरसान ।।
श्रीबद्रीनारायन से बुध जन को यह अनुमान ।।

पगरिया तोरी सूही रंगाऊं ।।टेक।।
मैं हूँ सूही चुनर महिन् रंग रंग मिलाऊं ।।
जयपुर से रंगवाऊ ढूंढ़कर ढाखे से मंगवाऊं ।।
पाग बांध मुख चूमूँ प्यारे जिय की कलक मिटाऊं ।।
श्रीबदरीनारायन दिलबर तुझको बांका छयल बनाऊं ।।

लगनिया लागी कैसे छुड़ाऊं।।टेक।।
कैसी करूं कित जाऊँ अपनो मन अपने ही बस में नहि पाऊं।।
जो जग में चहुँ दिसि दिखाय तेहि कैसे हाय भुलाऊँ।।
प्रेम रोग को यार छोड़ नहि औरन हे जेहि लाऊँ।।
श्रीबदरीनारायन कैसे यह उलझन सुलझाऊँ।।

कभौ इत ऐहौ प्रान पियारे।।
जमुना तीर कदम की छहियां, अहलादित उर लैहै
अब कब आय पियारे पीतम, बंसी तान सुनैहै।।
बैन सुधा साने कानन में, आय कबै धौकैहै।।
बदरीनाथ बिछोहि रोआयो, सो कब आय हँसैहै।।

खिमटा

पापी नैना नहीं बस मेरे।।टेक।।
रूप अनूपम देखत ही ये, जाय बनत चट चेरे।।
पुनि इन चैन है न सपनेहूँ, नहि बिन छबि छिन हेरे।।
लोक लाज तजि यार गलिन में करत रहत नित फेरे।।
श्री बदरी नारायन जू फँसि प्रेम जाल मैं हेरे।।
जोगिनियां काहे बजावत बीन।।टेक।।
जुगल लोल लोचन लोहित लखि लाजत खंजन मीन।।
मानहुं उभय गेंद मनसिज के उभय पयोधर पीन।।
लंक लचत छन छन छन छबि की लेत मनहुँ छबि छीन।।
बदरी नारायन बियोगिनी बिरच्यौ बेश नवीन।।

लावनी

छिपा के मुखड़ा ज़ुल्फ सियह में गहन लगाओ न माह में—
ख़ाले ज़न खदां दिखाकर अवस डुबोवो न चाह में।।टेक।।
खराबो रुसवा हुए व लेकिन सदा तुमारा ध्यान रहा—
हमेश: प्यारे-तुम्हारे फिराक में हैरान रहा।।

छोड़ तमा भी दौलत हशमत सहेरा मे ये जान हा;
चाह रही हरगिज न और कुछ एक तेरा ध्यान रहा,
जलाना दिल का सहज है ए बुत ? मुशकिल पड़ती निबाह में
खाले जन खदां.........

कारे इश्क का उठा के हम तो आलम से बेकार बने
डुबो के मज़हब-सारे जब इस मै से सरशार बने;
पर गुमराही छोड़ के प्यारे अब तो हम हुशियार बने;
करके दोस्ती यार तुम से सब से अगियार बने;
बहर इश्क में डूबी किश्ती को तो लगा देवो थाह में ।।
खाले जन खदां.........

खुदा राम से काम न रखकर ज़बां प तेरा नाम रहा,
तोड़ जनेऊ गले में तेरे जुल्फ का दाम रहा;
मैखाने के सिवा न बुतखाने में, काबे से काम रहा,
बजाय पुस्तक हाथ में तेरे इश्क का जाम रहा;
हम तो सब कुछ खोकर बैठे हुये हैं अब तेरी राह में ।।
खाले जन खदां.........

पिला पिला कर शराब ऐ साकी ! तू बनाया मस्ताना
सब को खोकर—नाम अलम मे धराया दीवाना;
फिदा हुआ है यह दिल तुझ पर ऐ बुत ! मिस्ले परवाना
माल जान की—नहीं परवाह ज़रा दिल में आना;
बदरी नारायन है राजी—बस टुक तेरी निगाह में
खाले जन खदां

जनि करो यार दिलवर जानी छल बल घतियां ।।टेक।।
मुसुक्यानि मनोहर मेरे मन मानी, मोर मुकुट माथे में मंजुल,
मनो मैन की मूरतिया ।।
बिलसत वारिज बदन बेनु युत बर बाजत बानी,
बद्रीनाथ बिलोकि बनक बन बिसरत नाही छन सूरतिया ।।

(हो) निरतत नटवर बृन्दाबन ।।टेक।।
बिलमावत गावत मुसुक्यावत, छबि निरखत कछु बनक नई;
मनसिज मन मन देखि लजानी, लोचन सावक मृग दृग मानो;
काह कहूँ चितचोर चरित चित चुभि जात चौखी चितवन (हो) ।।

कहूँ का हाल में आली, लिया चित चोर बनमाली।।
जुल्फ छूटीं व: लट काली, डसें दिल को सु ज्यों ब्याली।।
कान में सोहती बाली, मधुर अधरानि में लाली।।
न बद्रीनाथ की खाली, मुरलिया मोहने वाली।।

ख्याल

सखियाँ री चलके सैय्यां को मनाओ हो रूसो पिय दिलजानी ।।टेक।।
बिन देखे छिन चैन पड़त नहिं बिसर गईं कुलकानी।।
बद्रीनाथ यार सो अँखियां लगि कै अब पछितानी।।

ध्रुपद

गूजरी बिलोकि श्याम दामे अभिरामे हिये,
सोहतो अमन्द चन्द, चारु विन्द भाल, लाल ।।टेक।।
बद्रीनाथ हाथ लकुट, सोहत सुभ सीस मुकुट,
झलक अलक छलक पलक, गौवन में मराल।।

रेखता

लख्यो इक रूप अभिरामा,
लजै लखि जाहि रति कामा।।
लटें लटकाली चमकाली,
चन्द पैं ज्यों जुगल ब्याली।।
नयन कजरा रे रतनारे,
चुटीली चारु मतवारे।।

वह बद्रीनाथ दिलजानी,
लिया मन भौंह जुग तानी ॥

छयल तू छली, मोरा रोकता गली ॥टेक॥
रोकता नारियां बिरानी जाने देय न पानी,
बद्रीनाथ यार जानी, सीखी चाल न भली ॥

बात यार जानी तू न मानी मेरी रे ॥टेक॥
बद्रीनाथ यार आओ गले यों न लग जावो,
दिन चार चमक चांदनी है जोश जवानी ॥

जाब चली देखा इठलाना, काली नागिन सी बल खाना ॥टेक॥
गोरी सूरत पर इतराना, जोशे जवानी से अँगड़ाना;
मस्ताना मन हाय दिखाना, दिल को कर देना दीवाना ॥
श्री बदरी नारायन दाना है उसको नाहक ललचाना;
भौंहन की कमान क्यों ताना, नैनों के ये बान चलाना ॥

खेमटा

राति बालम हमसे रूसे ताकें तिरछी नजरिया ॥टेक॥
जैहैं सैयां परदेसवाँ हमहूं मारि मरबे कटरिया ॥
बद्री नारायन सेजिया तजि जाय बैठे अटरिया ॥

विचित्र खेमटा

नैनवां लगाये जाय मलिनियां ॥टेक॥
पीन पयोधर छीन कटि सरस सलोने गात।
चितवत चहु दिशि चपल चख चित चोरत चलि जात,
कटि लचकाये जाय मलिनियां ॥

चन्द अमन्द कपोल जुग लोल लोल दरसाय।
मन धन लूट्यो बिबस करि दुस्सह् बिरह् बढ़ाय॥
जिय ललचाये मलिनियां॥

केश छोड़ि कर निशि निठुर निज मुख चन्द दुराय।
प्याय मधुर मुसुकानि मद मन दीनो बौराय॥
चितहि चुराये जाय मलिनियां॥

मन धीरज साहस लियो मोठे बैन सुनाय।
अब नहि चितवत निठुर चित पहिले प्रीत लगाय॥
जिय तरसाये जाय मलिनियां॥

व्याकुलता निशि दिन रहत मन मन पीर पिराय।
लगी कटारी प्रेम की अब नहि धीर धराय॥
हिय दरकाये जाय मलिनियां॥

मारि खड़ग जुग भौंह पुनि लोभे दृगन लखाय।
कठिन घाव पर लोन यह पापी गयो लगाय॥
पीर बढ़ाये जाय मलिनियां॥

लेत न सुधि कबहूँ निठुर जिय अति रहत अधीर।
यदि कबहूँ लखि परत मुख फेरि बढ़ावत पीर॥
बिरह जगाये जाय मलिनियां॥

बिरली चाल सुजान की मन लै करत न बात॥
बद्रीनाथ विनय किये मोरि मुखहि मुसुकात॥
जिय सरसाये जाय मलिनियां॥

ये अखियां सैलानी रँगी दिलजानी सनेहिया रे॥टेक॥
अब नहि सूझत इन्हें बेद मग लोक लाज कुल कानी।
फिरत पलक नहीं पिये प्रेम मद, ये दिलदार दीवानी॥
लाजत नाहिं लजावत जग कहँ सुरझत नहि उरझानी।
बद्रीनाथ न पूछो प्यारे इनकी अकथ कहानी। रंगी दिल०॥

लाज तजि देखो भटू ब्रजराज ।।टेक।।
"मुख मयंक राजीव विलोचन रूप अनूप मार मद मोचन"
कटि तट पटको साज । लाज··· ।।
"बद्रीनाथ मधुर मन रोचन लगत लखो तजि वेग सकोचन"
जात दुसह् दुख भाज । लाज··· ।।

परी चित चोरी करन की बान—तेरी अरी ए जान ? ।।टेक।।
ताहीं सों दृग बान कान लौं तानत भौंह् कमान ।।
श्री बद्री नारायन जू को काहे करत हैरान ।।

कहा कहूँ कहिबो न बनत सखी, लाज जजीरन सों जकरी रे ।।टेक।।
आज अचानक कही कुञ्जनि में, मन मोहन बहियां पकरी रे ।।
बद्रीनाथ गैल सकरी बिच, मारि भज्यो मोपै कँकरी रे ।।

जाव जहाँ जहाँ रैन सैन किये, माफ करो न लगो छतियां (पिया) ।।टेक।।
भये ललित कलित लोचन लालन, लगि लाल लीक पीकन गालन ।।।
काजल छबि छाय रही भालन, उर राज रहे बिन गुन मालन ।।
श्री बद्रीनारायन जू पिय, जान गईं सिगरी घतियां ।। (पिया)

बिष भरी बंसी की तान सुनाई सैयां ।।टेक।।
आन बान कर आंख लराई, मधुर अधर धर सरस बजाई ।।
बद्रीनाथ मन्द मुसुकाई चितहि चुराई सैयां ।।

चित चोर चोर चित लै गयो, मुसुकाय मधुर मुख मोर मोर ।।टेक।।
बद्री नारायन बांके यार, कर आन बान मन लयो हमार ।।
भौंहन मरोर दृग जोर जोर ।।

इन बगियन फेर न आवना ।।टेक।।
चंचल चंचरीक चंपा पै, चखि जनि जनम गवावना ।।
बदरीनाथ बसंत बीते पर फिर पीछे पछतावना ।।

खेमटा

मुल्तानी का खिमटा

तेरे ओ मेरे प्यारे लटकसाल पर लटकी ।।टेक।।
जब से लखी नहीं सुधि तब तें औघट घाटन घट की ।।
श्री बदरी नारायन मोही लखि छबि नागर नट की ।।

पियारे यार ही चित चोर ।।टेक।।
लखि मुख अम्बुज मधुकर मो मन लोभित होत अथोर ।।
दामिन दसन अलक घन लखि लखि नाचत है मन मोर ।।
बद्रीनाथ कपोल लोल ससि लखि चख होत चकोर ।।

सांवलिया सुन ले अरज हमार ।।टेक।।
जान देहु घर भोर होत है बांके मोहन यार ।।
बांह मरोरि देत हो बरबस, कहो कौन यह प्यार ।।
बद्रीनाथ टुटी सब चुड़ियां हो बस निपट गवांर ।।

मोहत मन मोहन ब्रजबाला ।।टेक।।
चितवत ही चित चोरत चटपट कर मुरली उर मोहन माला ।।
बद्रीनाथ अहीर महा बेपीर बसुरिया बजावन वाला ।।

हूलत हाय नैन कर भाला ।।टेक।।
अब नहि निकरत क्यों हू सजनी परो दाग उर अन्तर आला ।।
कौनो बिधि छुटिबो नहि लखियत परो अलक काला सों पाला ।।
प्रिय वियोग अँखियान तिरीछे टपकत रहत जिगर कर छाला ।।
बद्रीनाथ लियो मन बरबस ताकि बड़ी बड़ी अँखियन वाला ।।

पिय के पास हमें कोऊ ले चलो ।।टेक।।
सोवत आज मिले मनमोहन, खुलि गई अँखियां भई निरास ।।
बद्रीनाथ पिया बिनु सब जग, इन अँखियन को लगत उदास ।।

नकटा खिमटा

सुथरी सेजरिया साजि के रे—जोहौं तोरी बटिया बालमू रे ।।टेक।।
बिन पिया सूनी सेजिया रे—लेत करवटिया बालमू रे ।।
पिय जिय निठुर न आवते रे—लिखत नहीं पतिया बालमू रे ।।
बीतत नहीं वियोग की रे—बजर सम रतियां बालमू रे ।।
बिन पिय बद्रीनाथ जू रे—फटत नहि छतियां बालमू रे ।।

सूही ओढ़नियां ओढ़ि के रे—केकर जिय हरबे गोरिया रे ।।टेक।।
भौंह धनुहियां तानि के रे—केकर जिय मरबे गोरिया रे ।।
बद्रीनाथ दे कजरा रे—केकर जिय चोरिबे गोरिया रे ।।

विचित्र खिमटा

मिलन पिया जैहौं सैयां नगरी रे ।।टेक।।
नहिँ जानूं कित पीव बसत हैं अनजानी डगरी रे ।।
बद्री नारायन नहि दरसत ढूंढ़ी ब्रज सिगरी रे ।।

निरखत नारि बिरानी, सखी दिलजानी कधैया रे ।।टेक।।
बद्रीनाथ ढीठ ढोटा यह, वीर बड़ो सैलानी ।।
बरबस बांह पकरि बिलमावत, भरन देत नहिँ पानी ।।

रोकत मग हठ ठानी, सखी सैलानी कन्हैया ।।टेक।।
वा बिलोकि नहिँ रहत ज्ञान बुधि, लोक लाज कुलकानी ।
बद्रीनाथ यार अल्बेला छलबलिया दिलजानी ।।
सखी सैलानी कन्हैया ।

नीकी लागै यार तोरी बोलिया ।।टेक।।
बद्रीनाथ लियो बरबस सूरति मूरति मयन सम भोलिया ।।

नीकी लागे सूरत तोरी जनियां ।।टेक।।
बद्रीनाथ गरीबन मारन जोबन मदमाती खतिरनियां ।।

गले पर प्यारी फेरी कटारी ।।टेक।।
दिल अपने की इच्छा यह अरु बहुत दिनन की चाह तुमारी ।।
बद्रीनाथ हाय मत रोको—यार तुम्हें बस सौंह हमारी ।।

आली आज अगनवां नजर मोंहि लागी (राम) ।।टेक।।
हिय धरकत जिय थर थर कांपत बिरह पीर उर जागी ।।
बदरी नारायन पिय सौतिन देखी मोहिँ अभागी ।।

नवल बनक बन आये—ठगिहौ केहि आज ।।टेक।।
श्रीबद्रीनारायन सजि सुभ साज, नेक गले लग जाओ प्यारे ब्रजराज

सोहै पगरिया धानी सनम सिर ।।टेक।।
रँगराते माते नयना तन छलकत मस्त जवानी ।।
नवल नागरिन को मन मोहन बद्रीनाथ दिलजानी ।।

खिमटा नये चालका

बतियां रतियां बनैहौ फेरि तुम ।।टेक।।

हमसो एसई कर बतियां छतियां उन्हें लगैहौ फेरि तुम ।।
अधर सुधा मधु प्याय और को इहि जिय को तरसैहौ फेरि तुम ।।
कबहूँ लखाय चन्दमुख प्यारे अँखियन सुख सरसैहो फेरि तुम ।।
बद्रीनाथ गये पर भीतर कबहूँ न फेरि सरसैहौ फेरि तुम ।।

जनि अबहूँ परदेस जाव—सूनी सैय्यां सेज हमारी ।।टेक।।
हा हा खात परत पैयां दिलदार यार दिलजानी ।।
श्रीबद्रीनारायन लखिये जोबन जोर जवानी ।।

छोड़ो छोड़ो कलैया हमारी—जाव चले घर माफ़ करो जी ।।टेक।।
श्रीबद्रीनारायन जू जहँ जाय गवांये रैन,
धाय धाय परि परि उन्हीं की लीजै बलैया ।।

सैयां मोंहे लादे चम्पाकली ।।टेक।।
रोज़ कहत आनत नहिं कबहूँ—हौं बस यार लबार छली ।।
बद्रीनाथ झूठ नित बोलत, बात नहीं यह यार भली ।।

दक्षिणी गुलेलखन्डी खिमटा

सिर ऊदी पगरिया न देओ, नजरिया न लागै कहूँ ।।टेक।।
बद्रीनाथ यार दिलजानी मोरी अरज सुनि लेओ ।।

जनि कीजै पिया अपमान—जुबन मदमाती लली ।।टेक।।
हा हा खात न मानत प्यारी—सीखी अनोखी बान ।।
बद्रीनाथ नैन सर मारत—तानत भौंह कमान ।।

पूर्वी खेमटा

बद्रीनाथ यार दिलजानी आओ न मोरी नगरिया ।।टेक।।
मोरी गली आवत नित गावत, बांधे सुरुख पगरिया ।।
तोरी सुरतिया पर मोर जिय ललचै, ताको तिरछी नजरिया ।।

बरसाने की बांकी गुजरिया, नैनों से नैना लगाये जाय ।।टेक।।
चितवत अस जनु लाज भरे दृग अलि मृग मीन लजाये जाय ।।
बद्रीनाथ मधुर बतियां कहि लै मन बिरह बढ़ाये जाय ।।

कै गयो चितवत कछु टोना—लै गयो मन नन्द ढोटौना ।।टेक।।
बद्रीनाथ बिलोकत बाके—भूलत खानपान अरु सोना—कै गयो०।

देखि लुभानी सुरत तोरी जानी ।।टेक।।
वह मुसुक्यानि मनोहर मुख की वह चितवन अलसानी ।।
बद्रीनाथ हाथ सो मन दै, मल कर मल पछतानी ।।

समझावत गई हार, यार मोरा मानेना ।।टेक।।
औरन के सँग रहत रसीलो हम सों कछु अनुरागै ना ।।
बद्रीनाथ नवल ढोटो यह, प्रीत रीत कछु जानै ना ।।

छिन पल कल नहिं पड़त उन्हें बिन, रह रह जिय घबरावे ।।टेक।।
सूने भवन अकेली सेजिया, सपनहुँ नींद न आवै रे ।।
बद्रीनाथ डालि कछु टोनौ—अब नहिं सुरत दिखावै रे ।।

चितवत हीं चुभि जात हिये बिच, तिरछी तोरी नजरिया ।।टेक।।
बद्रीनाथ हिये बिच लागै—जैसी चोखी कटरिया ।।

नेक गले लग जा दिलजानी—तुझ पर मैं गई वारी रे ।।टेक।।
बद्रीनाथ पियारे प्रीतम, पैयां लागूं तेहारी रे ।।
मारी कैसी हिये हनि नैनों की तूने कटार ।।टेक।।
परत नहीं कल अब तो छन पल, करत जात लाचार ।।
तुम बिन बद्रीनारायन मन ब्याकुल होत हमार ।।

बातें ऐसी कहो जनि जाओ हटो महराज ।।टेक।।
डगर बगर बिच रगर करत हो धरत न हिय डर लाज ।।
लेत पकड़ छांड़त नाहीं तुम, नाहक करत अकाज ।।
पर युवतिन के निरखन हित नित साजे नटवर साज ।।
बद्रीनारायन एक तुमहीं भये रसिक सिरताज ।।

मसकि मुरकाई कलाई—परिगा अनारी से काम ।।टेक।।
चुरियां चूर चूर कर तूरी—गर मोतिन के दाम ।।
आँगी दरकी देखी हँसत सब सँगवारी व्रज-वाम ।।
श्री बद्रीनारायन सो मिलि खूब भई बदनाम ।।

समझ कर गारी न दे रे ए रे अनारी नदान ।।टेक।।
कारे ये अहीर वारे जा चरा बनै बछरान ।।
ओढ़े कारी कमरिया जनावत नाहक सान गुमान ।।
खैहो मार ढँगन इन इक दिन, बोल सम्भार जबान ।।
श्रीबदरी नारायन छोड़ो ऐसी अनोखी बान ।।

गोरी तोरी भूलै न मुरि मुसुकान ।।टेक।।
जहिरीली अँखियन की चितवन—हिय बेधै ज्यों बान ।।
श्रीबदरी नारायन अब क्यों तानत भौंह कमान ।।

कठिन नयनों की अरी उलझान चन्द चकोर समान ।।टेक।।
ज्यों लखि ललकि पतंग दीप पर करत निछावर प्रान ।।

मरतहु बार रहत दिलवर के देखन को अरमान ।।
जग जंजाल लाख लाग्यो मन भूलत ना वा ध्यान ।।
लाभ हानि बदरी नारायन पड़त एक सम जान ।।

रूसा सजन बगिया में कोऊ लावै मनाय ।।टेक।।
बद्रीनाथ पिया रतियागे हमसो रिसाय,
देहौं हाथ की कँगना रे जो लावे मनाय ।।

तुमी सैयां लीन मोरी मुनरी रे ।।टेक।।
बद्रीनाथ सेज पर छूटी, सांची बताओ कितें धर दीन मोरी मुनरी रे।

मोरी मुनरी रे देवरवै लीन ।।टेक।।
बद्रीनाथ अजब छल कीनो लपट झपट मोरे कर सों छीन ।।

भूलि जनि जैयो यह बतियां रे ।।टेक।।
जात बिदेस सन्देस आपनी की लिखियो पतियां रे ।।
बद्रीनाथ बेग ही बालम लौट लगो छतियां रे ।।

खिमटा

सुरतिआ तोरी नाहीं बिसरै रे ।।टेक।।
हिय दरसन पै खींची सी छबि नेकहु नाहिं टरै रे ।।
करद परी सो कसकत सोचत बरबस बिकल करै रे ।।
सुधि आए औचक चित पर बिजली सी टूट परै रे ।।
श्रीबद्री नारायन जू जग के सब सोच हरै रे ।।

रूस गयो पिया रात मनाए मोरे मानैना ।।टेक।।
चितवत अस जनु कबहुँ की हमसों पहिचानै ना ।।
बदरीनाथ यार बेदरदी, नेक दया उर आनै ना ।।

बदरीनाथ यार दिलजानी, आओ मोरी डगरिया ।।टेक।।
मोरी गली नित आवत बांधे टेढ़ी पगरिया ।।
तोरी सुरत पर मोर जिय ललचै, ताके तिरछी नजरिया ।।

मनमोहन दिलजानी भरन दे पानी ।।टेक।।
तुमहो एक छैल जग जन में, निरखत नारि बिरानी ।।
श्री बद्री नारायन जू पिय आय रार क्यों ठानी ।।

घाव कारी कटारी नजरिया कैसी प्यारी लगाई रे ।।टेक।।
मन्द मधुर मुसुकाय लुभायो, प्रीत जानी जगाई रे ।।
बदरी नारायन जनु टोना डारि बौरी बनाई रे ।।

प्यारे तेरे नैन रँग राते ।।टेक।।
करि छबि छीन मीन, अलि, सारँग, निज गरूर मदमाते ।।
श्री बदरी नारायन जू चित चोरी करत लजाते ।।

खिमटा

चितै जनु करि गयो टोना रे ।।टेक।।
भूख प्यास छूटी तबही सों, नैन रैन सोना रे ।।
बदरी नारायन दिलवर यार, अब जोगिन होना रे ।।

न भूलै सुरतिया यार की हो ।।टेक।।
मुख मोरनि मुसुकानि मनोहर वहु चितवन कछु प्यार की हो ।।
बदरीनाथ मोहनी मूरत मन मोहन दिलदार की हो ।।

सखि सतरानि नहीं यहु नीकी ।।टेक।।
हाहा ! खाय परत पायन नहिँ सुनत विनय तूँ पीकी ।।
श्री बदरी नारायन जू है कैसी कठोर जी की ।।

खिमटा परच

सूरत मूरत मैन लखे बिन नैना न मानैं मोर ।।टेक।।
बरजत हारि गई नहिँ मानत जात चले बरजोर ।।
बदरीनाथ यार दिलजानी मानत नाहिँ निहोर ।।

गोरिया तूने तो जादू चलाय दीनों रे।।टेक।।
एकहि पलक झलक दिखला दिल दिलवर लाख लुभा लीनो रे।।
श्री बदरीनारायन जू मन लेके हाय दगा दीनो रे।।

काहे मोरी सुरतिआ भुला दीनो रे।।टेक।।
जबसो गये पतिया पठई नहिँ, चाल निराली नई लीनो रे।।
बदरीनाथ यार दिलजानी वाहु ! निबाह भली कीनो रे।।

देखो सारी हमारी भिजा दीनो रे।।टेक।।
पिचकारी मुरारी चला दीनो रे।।
श्रीबदरीनारायन जू पिय भाल गुलाल लगा दीनो रे।।

झूले की कजली

कालिन्दी के कूल कलित कुञ्जनि कदम्ब में आवो रामा।
हरि हरि झूलनि की झूलनि क्या प्यारी प्यारी रे हरी।
चमक रही चंचला चपल चहुं ओर गगन छवि छाई रामा।
हरि हरि सघन घटा घन घेरी कारी कारी रे हरी।
प्यारी झूलै प्रिया झुलावै गावें सुख सरसावै रामा।
हरि हरि संगवारी सब सखियां वारी वारी रे हरी।
लचनि लंक की संक लली लहि वंक भौंह करि भाखै रामा।
हरि हरि बस कर झूलन सों मैं हारी हारी रे हरी।
बरसत रस मिलि जुगुल प्रेमघन हरसत हिय अनुरागे रामा।
हरि हरि टरै न छवि अंखियन ते टारी टारी रे हरी।।
निकरल ऊ तो आफत कै परकाला रे हरी।
औरन के संग जाला रोजै बदलि रंक चौकाला रामा।
हरि हरि, देखत हमके दूरै से कतराला रे हरी।
पहिले परचावाला दम दै दै के फुसिलावैला रामा।
हरि हरि, लै मन देला सौ सौ तरह कसाला रे हरी।

जादू हम पर डाला मारा कहर नजर का भाला रामा।
हरि हरि, गोरी सूरत मीठी मूरत वाला रे हरी।
श्री बदरीनारायन टाला देला कसे निराला रामा।
हरि हरि पड़ा कठिन बस बेदरदी संग पाला रे हरी।

देस मलार

झूलै हो-हिंडोरे सावन जुगल सजीले सरस सरजू के कूलें।
सिय सिय वल्लभ रति रति पति की उपमा नहिं तूलै।। झूलै हो।।
ललीं लंक लचकीली लचकत मचकत झूलन हूलें।
डरनि पीय पीय हिय लगत प्रेमघन मन सों छवि नहिं भूलें।। झूलै हो।।

दूसरी लय

झूलत श्यामा श्याम आली, कालिन्दी के कूल कुंज में।
नाचत मोर पपीहा बोलत, सरस पवन पुरवाई डोलत आली।
सुखद साज वृन्दावन छाजत, जुगुल नवल बानक बनि राजत।
लखि लाजत रति काम।।
पिया मधुर मुरली का बजावत, प्यारी राग मलारहि गावत,
सहित भाव अभिराम।।
बरसत रस मिलि दोऊ प्रेमघन, दोऊ दोउन के जीवन घन,
धन्य दोऊ छवि धाम।।

दूसरी चाल

हिंडोरे दोऊ झूलत प्रेम भरे।। टेक।।
दोऊ गावत दोऊ भाव बतावत दोऊ ललचात खरे।
दोऊ बतरात नैन में रूसत दोऊ लगि जात गरे।
दोऊ सतरात दोऊ हंसि हेरत दोऊ मन दुहुन हरे।
दोऊ प्रेमघन घन चातक बन दोउन आस अरे।

दूसरी लय

दोऊ राग मलारहिं गावें झूलत स्यामा स्याम सजे,
सोभा रति काम लजावें।। टेक।।
प्यारे सिर मोर पखा फहरें, प्यारी लट जाय तहां लहरें,
बनमाल उरझि मुक्ता थहरें, गर लागन हित ललचावें।
लहि झोक हिंडोर पिया हरि कै, ललटात
ललकि हिय सो हरि के, बस प्रेम प्रेमघन भुज भरिकै
मुख चूमि चूमि अनखावें।।

दूसरी चाल

अहा कैसी छवि छाय रही।
झूलन की झूलन भाय रही।। टेक।।
मचकत हिंडोर, नासा सकोर, पिय हिय प्यारी लपटाय रही।
सिसकीन सोर, भौंहनि मरोरि, चपलति चख चोट चलाय रही।।
पिय पाय प्रेमघन प्रेम विवस हरखाय प्रगट सतराय रही।।

बहार (१)

अब तो लखिये अलि ए अलियन,
कलियन मुख चुम्बन करन लगे।। टेक।।
पीवत मकरन्द मधुर माते, मनु अधर सुधा रस में राते,
कहि केलि कथा गुंजरन लगे।
अनुरागे बदरी नारायण, घन प्रेम, प्रेम में होय मगन,
लिपटे प्रसून मन हरन लगे।।

(२)

ऐरी मतवाली मालिनियां, कित जादू डाले जात चली।। टेक।।
दिखलाय हाय! कछु कहि न जाय।
उघरत चंचल अंचल छिपाय,
उभरे औचक कुच कंज कली।।

छवि चम्पक की सी अंगन की
दुति कुन्द कली सी दन्तन की।
लाली गुल्लाला अधर छली॥
है ललित कपोल अमल कैसे,
तापै तिल की शोभा जैसे,
सोवत गुलाब पै जाय अली॥
श्री बदरी नारायन प्यारी,
नरगिस आंखन वाली आरी!
छवि तेरी लागत मोहि भली॥

होली

होरी की यह लहर जहर हमै बिन पिय जिय दुख दैया।
सीरी सरस समीर सखीरी,
सनि सनि सौरभ सुख सरसैया॥
परसत तन उर उठत थहर, होरी की यह लहर।
कुंज कछार कलिन्दी कूलनि, कल कोकिल कुल कूंजि कसैया,
काम करद सम करत कहर, होरी की यह लहर।
वन बागिन विहंगावलि बोलत, बाजत विमल वसंत बधैया,
पड़त कान सांचहुं सुख हर, होरी की यह लहर।
बदरीनारायन सो कहियों, ऐ चितचोर, सुचित्त चुरैया,
तेरी रहत सुधि आठो पहर—होरी की यह लहर।

खेमटा

हिंडोरे झूलै श्री राधिका श्याम॥ टेक॥
वृन्दावन कालिन्दी कूलनि सुखमा अति अभिराम।
मुरली मधुर बजावत हरि गावत मलार बृज बाम।
लगत सुहावन सावन विकसि कदम्ब कुञ्ज छवि धाम।
बरसत रस बस प्रेम प्रेमघन हरसत मिले मुदाम॥

दूसरी लय

हिंडोरे लाल लली भुकि भूलें ॥ टेक ॥
मनमोहन वृषभान नन्दिनी कुञ्ज कलिन्दी कूलें।
मनहुँ मेघ माला में दामिनि दमकन की छवि तूलें।
हूल हिडोर पाय परसत तन लहत मदन की हूलें।
गाय मलार दोऊ प्रेमघन हरसि हरसि सुधि भूलें॥

राग देस ताल खिमटा

हहा अब भूलन दे रे।
कूलन कालिन्दी के कलित कदम्ब कुञ्ज के नेरे।
केकी कलरव करत नचत चातक चहुँ दिस चहंके रे।
कानन कुसुम समूह विकासन सौं कैसे सोहै रे।
जिन पर मधुर मञ्जु गुञ्जति अलि मदन मंत्र जनु टेरे।
सैल सृंग से स्याम सघन घन गाजत आवत घेरे।
मनहुं मत्त मातंग मदन के करत आज फवि फेरे।
सुनि गावत सावन मलार की मेरो मन ललचे रे।
जुवा जुवति जन आज प्रेमघन भूलत प्रेम पगे रे।

दूसरा

तनक धर धीर दई के निहोरे।
मनहु अनोखे आली भूलति तूही आज आज हिंडोरे।
नाही नाही, कहि कहि हा ! हा ! खाती हाथिन जोरे।
बालकमानी सी लचाय कर लंक लेत चित चोरे।
भौंहै तानि करत सीवी सतराती नाक सिकोरे।
अंचल चंचल ह्वै उघारत जोबन उभरे से थोरे।
ताहि संभारि आदि डरपै जनि रहियै लाज बटोरे।
घन गरजनि सो व्याकुल ह्वै, लहि हूल हिडोर हिलोरे।
लगी प्रेमघन जाय पिय हिय भभरि भरे भुज गोरे।

(३)

छन ही छन छन छवि की छवि है छहरत आज छबीली रामा
हरि हरि घिरी घटा घन की क्या कारी कारी रे हरी।
हरी भरी क्या भई भूमि तरु ललित लता लपटानी रामा
हरि हरि बहै पवन पुरवाई प्यारी प्यारी रे हरी।
गुंजत मञ्जु मनोज मंत्र सम अलि पुंजन कुंजन में रामा।
हरि हरि, फबे फूल जंगल औ झारी झारी रे हरी।
श्री बदरीनारायन जुवती जन मिलि झूला झूलै रामा।
हरि हरि गावैं कजरी सावन बारी बारी रे हरी।

ठुमरी

झूलै राधा संग बनमाली आली कालिन्दी के तीर।
नचत कलापी कदम कुंज किलकारत कोकिल कीर।
बिकसे जहां प्रसून पुंज गुंजारत भौरन की भीर।
लचत लंक लचकीली लचकत प्यारी होत अधीर।
निरखि प्रेमघन प्रेम विवश ह्वै भरत अंक बलबीर॥

बधाई—रागदेस—काफी की लय

नन्द घर बजत अनन्द बधाई
हरि जनम लियो बृज आई॥ टेक॥
नन्द महर संग गोप सबै मिलि धन सम्पति लुटाई।
जाचक होय निहाल असीसत पाय दान मन भाई।
देन बधाई काज दूब दधि रोचन थार भराई।
चली करत कल गान ग्वालिनी सुर बनितान लजाई।
पकरि परस्पर करि रंगरलियां नाचत धूम मचाई।
उमड्यो आनन्द सिन्धु आज बृज मंगल छवि छिति छाई।
बरसत सुमन सकल सुर अम्बर जय जय जयति सुनाई।
गावत सुजस प्रेमघन बदरीनारायन जिय हरषाई।

खेमटा

सुनि आइ नन्द घर आज बधैया बाज यही।
रानी जसोमति बालक जायो छायो बृज सुख साज।
बड़े भाग सो यह दिन आयो अचल भयो बृजराज।
भये प्रेमघन प्रमुदित सुर पर्‌यो असुरन पै जनु गाज।
चले आवो ए मेरे सैलानी।
उमडि घुमडि घन घटा घूमि छिति चूमत बरसत पानी।
सूने भवन सजी सेजियां, यह सांझ समय दिल जानी।
बरसि प्रेमघन रसनिसि जागो करि बतियां मनमानी।

मलार

मो कहं नेकहु नीक न लागत ॥ टेक ॥
उमडि घुमडि घन घेरत हेरत हरखि हयो तजि भागत।
परस प्रबल पवन पुरवाई तन मदनानल जागत।
पिया प्रेमघन मिलि रस बरस्यो बेगि यहै वर मांगत।

दूसरा

फिरि घन घुमडि घुमडि घिरि आये।
घूमत जनु झूमत मतंग से चारहु ओर न छाये।
फिरि ब्रज बोरन काज आज धौं कोपि पुरन्दर धाये।
गरजनि व्याज बजाय नगारे ध्वज बक अवलि उड़ाये।
बोलत मोरन कीव सुकवि पिक चातक सुजस सुनाये।
इन्द्रधनुष धनु धरि तापैं सर वारि बुन्द बरसाये।
लीने सैन सुभट दादुर की, मार मार रट लाये।
चमकावत चपला कृपान विरही वनितान डराये।
बिन बनमाली पिया प्रेमघन को अब आनि बचाये।

झूला राग गौरी

बलिहारी झोका दीजै ना।
हाहा हिय हहरत तन थहरत अति लागत है डर भारी।
तुम तो ढोटा ढीठ प्रेमघन हम बाला अति बारी।

राग सोहनी

सुघर खेलार यार बनमाली।
बहकिन गाली गाओ॥ टेक॥
लखि टुक मुख आपनो तब एहो,
हम पर रंग बरसाओ॥
बालक एक अहीर दीन कैं,
सुरपति सान जनाओ।
श्री बदरीनारायन नाहक,
वाद विवाद बढाओ।

बनि क्या वसन्त ऋतु आई री।
छित औरै छवि सों छाई री॥ टेक॥

सुभ सौरभ सुमन समीर सनो
संचरत सरस सुखदाई री।
बनि क्या वसन्त...।

कालिन्दी कूल कलित कुंजनि
कोकिल कुल कलरव भाई री।
बनि क्या...।

अवलम्बित औरै ओप अवलि,
अलि अमराई अधिकाई री।
बनि क्या...।

चहुँ चारु चमक चौगुनी चन्द,
चख चितवत चितहि चुराई री।
बनि क्या . . . ।

बागन विहंगावलि बोल बजत,
बर विमल बसन्त बधाई री।
बनि क्या . . . ।

मधु माधव मास मयंकमुखी
मानिनी मनोज मनाई री
बनि क्या . . . ।

गुलसन गुलदाऊदी गुलाब
गरवित सुगन्ध सरसाई री
बनि क्या . . . ।

बरसाय प्रेमघन रसहि रुचिर,
रचि राग बहारहि गाई री।
बनि क्या . . . ।

दूसरी

छतियन पर भौरा भूल रहे।
बिसराय कमल के फूल रहे।। टेक।।
श्री बदरी नरायन लुभाय,
तजि पास मेरो कतहूँ न जाय,
छवि छकित निहारि अतूल रहे।

बसन्त

सजि साज आज आयो वसन्त।
ऋतु सुखद सकल कामिनी कन्त।

संयोगिन सुरपति सुख समन्त।
बिरही जन मानहुँ समय अन्त।
सजि साज आज...

सनि सौरभ सुखद सुमन समीर।
सीतल सुभगति संचलित धीर।
उन्मादित करि मद मदन बीर।
फहरावत अंचल युवति चीर।
सजि साज आज...

बिहरत विहंगावलि व्योम जाय,
निज पच्छ पच्छिनि सन मिलाय।
कल कुंजत कल कुञ्जन सुहाय।
बोलत बोलन मन लै लुभाय।
सजि साज आज...

पल्लव लै ललित लता लवंग।
लपटीं तरु नवल ललाम संग।
लहि फूल अमल मल सकल रंग।
प्याले जनु पियत सुरा अनंग।
सजि साज आज...

विकसे गुलाब गहि आव आन।
अलि अवलि सहित शोभाय मान।
छिति छवि अवलोकन समय जान।
जनु लै सब दृग सोभित महान।
सजि साज आज...

अमराइन में बौरै रसाल।
जनु लगी आग अनुराग लाल।
कुसुमित वन किंशुक सुमन लाल।
सजि साज आज...

अति चन्द अमन्द भयो प्रकास।
जनु रजनि युवति विहंसन विलास।
उगि उरगन गन करि तम विनास।
मानहुँ आभूषन मनि उजास।
सजि साज आज...

बरसाय प्रेमघन सुधा सार,
गायो बसन्त रागहिं सुधार।
श्री बद्री नारायन अपार,
शोभित सुरभी सुखमा निहार।
सजि साज आज...

होली

दैया कंधैया डोलै। (एरी हां)
करि कपट नटखट निपट लपटत।
बैन अटपट बोलै।

गावत बीर कबीर अरी पै, कानन में रस घोलै।
पिचकारी कुचन तकि मारी अनारी मोरी सारी बिगरी।
बनवारी कहा करो, पकर कर धर घूंघट खोलै।
नैनन सैनन मैन जगावत, लेत मनो मन मोलै।
बरसाय रसन सप्रेमघन की मलन गाल काजन पकरि
घूंघट खोलै।

दूसरी

दैया कँधैय्या चलो आवै (एरी एरी)
लिए सखन संग बरसावत रंग वह निलज गाली गावै ।। टेक ।।
पीए भंग रँगे रंग सो, तन देखत ही मन भावै।
बड़े बड़े नयन, विष भरे सैन, मनु मोहनि

मूरत मयन, रस मय बयन कहि कहि अली
वह लोक लाज नसावै।
झोली गुलाल भरे, लिये पिचकारी इत धावै।
प्रेमघन छन छन तकत इत घात लाय
लंगर लपकत हाय वाके हाथ सों को मोहिं बचावै।

तीसरी

तोरी प्यारी लागत गारी।
मैं तो बारी तिहारी कारी सूरत पर, चित चोर पिय वनवारी।
भीजी प्रेम रंग में तेरे क्यों मारत पिचकारी
बदरीनरायन पिय भला क्यों भाल
मलत गुलाल नैनन, परत छवि
नहिं लखि परत, मन हरन हारी तिहारी।

चौथी

नीकी ऐसी नाहिं ठिठोली।
कर धर लगत गर हाय बरबस, देख दरकी चोली।
समझ चाल कुचाल तिहारी, ना मैं ऐसी भोली।
तुम प्रेमघन बरसाय रंग, नहिं मोहिं यह
भावै तनक, लागै आग ऐसी होली।

बसंत बिन्दु

बसन्त बिन्दु

बहार १

आये न अजौं वै हाय बीर ! बौरी बनि बैरिन अमिनियां ।। टे०।।
गुल अनार कचनार सुहाए, औरै आब गुलाब लै आये,
दाऊदी दुति दामिनियां।
गुल्लाले लाली लहकाए, जनु होली खेलत चलि आए।
लखत जगे से जामिनियां।
खेतन अति अतसी सरसाई, सरसो सुमन बसंत ले आई,
पीत परी कल कामिनियाँ।
श्री बदरीनारायन बन में, फूले ललित पलास पवन में
शीतल गति गजगामिनियां।

दूसरी

अब तो लखिए आलि ये अंखियन-कलियन मुख चुम्बन करन लगे।
पीवत मकरन्द मनो माते, ज्यों अधर सुधा रस में रातें,
कहि केलि कथा गुंजरन लगें।।
कविवर श्री बद्रीनारायन निज प्यारी के करि आलिंगन, लिपटे
प्रसून मन हरन लगे।।

तीसरी

बगियन बिच बरस रही बहार।
कोकिल कुल कलरव करत कुंज, मानो मनोज के चोबदार
श्री बद्रीनारायन निहार, जग अमराई करि करि सिंगार।
कुसुमित बन सुखमा अति अपार।।

चौथो

बगियन बिच चटकि रहीं कलियां।
कल कोकिल कूँजि रहे सुभ सुर, मारुत मुद मय मनु मन्द मधुर,
मधुकर लखियत गलियां गलियां।
फूले पलास झुकि झूमि रहे, कछु गहव गुलाबन आव गहे,
बद्रीनारायण जू पिय संग, सब घूमत प्रेम भरी अलियां।

पाँचवीं

रूप के रूप जगत जनाय, छिटकीं चमकीली चांदनियां।
ज्यों चन्द अमन्द अमी अन्हाय, निखरी सोहैं दुति दामिनियां।
चित चोरनि मैं ज्यों चन्दमुखी, चंचल दृग भोरी भामिनियां।
सित अभिसारिका चली पिय पै, सजि सित सिंगार गज गामिनियां।
बनि आईं बदरीनारायन, बनिता बसन्त कल कामिनियां।

छठवीं

ऐरी मतवाली मालिनियां, कित जादू डाले जात चली।
दिखलाय हाय कछु कहि न जाय, उघरत चंचल अंचल छिपाय,
उभरे औचक युग कंज कली।
छवि चम्पक की सी अंगन की, दुति कुन्द कली सी दन्तन की।
लाली गुल्लाला अधर छली।
हैं ललित कपोल अमल कैसे, तापै तिल की शोभा जैसे।
सोवत गुलाब पै जाय अली।
श्री बद्रीनारायन प्यारी, नरगिसी आंख वाली आरी।
छवि तेरी लागत मोहे भली।

सातवीं

कैसी यह बान सिखी गुइयां।
छाई ऋतु सरस सुहाय रही, तिहि औसर वीर रिसाय रही,
चल री बलि लागति हूं पैयां।

बगियन मधुकर गन गूंजत हैं, कल कोकिल कुंजन कूंजत हैं।
तजि कै अब मान मिलौ सजनी ! बद्री नारायन जू सैयां।

बसंत

आवत देख्यो ऋतुराज आज, सजि मनहुं मयंक मुखीन साज।
मद मत्त मनहु मतंग गौन, सीतल सुगन्ध सनि सरस पौन।
सुभ सुमन सुबन बागन विकास, जैसे जुवती जन जनित हास।
सर शोभित सह अंकुर सरोज, जिमि बाला उर उकसित उरोज।
श्री बद्रीनारायन बनाय, नव बनक लियो मन कै लुभाय।

दूसरी

ऋतु नवल सुखद शोभित बहार, बिहगावलि राजत डार डार।
सुमनावलि सुखमा कहि न जाय, चित चितवत ही लेती चुराय।
मिलि सौरभ-सरस सुमन्द गौन, पूरित पराग सों बहत पौन।
छिति देत सुमन तरु झूमि झूमि, मानहु प्रमुदित मुख चूमि चूमि।
तेहि अवसर बद्रीनाथ यार, परदेस चलन चाहत गंवार।

तीसरी

मुसक्यात जात रंग डार डार, मुख चितवत हरि को बार बार।
कोऊ पिचकारी लै कहत मार, कोऊ टेरत वीर अबीर डार।
सब गावत ब्रजबासी धमार, लखि गोपिन की ठाढ़ी कितार।
सुखमा लखि बद्रीनाथ बार, तन मन धन इन पै सौ सौ बार।

चौथी

मुसक्यात जात मुख मोरी मोरि, निज प्रीतम पै दृग जोरि जोरि।
कहुं ग्रीव हिलावत लंक तोरि, कहुं नाक सिकोरति भौं मरोरि।
कहुं ढोढी दै कर हंसत थोरि, अति जोबन मदमाती किशोरि।
कहि बद्रीनारायन निहोरि, चित चितवत लेतौ चोरि चोरि।

पाँचवीं

सब सखियां लखि आईं बहार, होली खेलन को हैं तयार।
कोउ पहिरे सारी कामदार कोउ धानी कोऊ गुलैनार।
कोउ लै दरपन कर कर सिंगार, कोउ आंजत दृग कोऊ सजत बार।
कोउ कंकन कर उर पहिर हार, जेहि लखि लखि लाजत कोटि मार।
बदरीनारायन जू कितार, बंधि कै बरसावत रंग अपार।

छठवीं

नभ लखियत उड़त गुलाल लाल, जलनिधि जनु फैलो तरु प्रवाल।
दृग लाल लाल छिति अति रसाल।
लालै बन किंशुक सुमन डाल, लहरात ललित लोने तमाल।
कोकिल कुल कलरव कर कमाल, संग सरस सुरन सह ताल जाल
जिमि शोभित रंग भूमी विशाल।
श्री बद्रीनारायन निहाल, दम्पति मुदमय बिलसत वहाल।
विरही हित काल कठिन कराल।

सातवीं

सिर सोहत तेरे बसन्ती पाग, लखि उठत मनोभव जाहि जाग।
श्री बद्रीनारायन निहार, मैं जाऊँ तुझ पर वार वार।

होली

नन्दलाल संग ग्वाल बाल, रंग पिचकारी भर भर लीन्हें धावें आवें:
मोर मुकुट पीताम्बर छाजत, निरखत छटा काम लखि भाजत।
सरस सुरन सों बंसी टेरैं, मधुर अधर धर।
कोऊ लै बीर अबीर उड़ावत, कोऊ धमार की धूम मचावत।
कोऊ कुमकुम भारन कुच ताकि—कोऊ घूमै लीने कर कर,
श्रीबद्रीनारायन जू पिय, हेरत फिरत आज युवती तिय।
कसक मिटावन हेत फाग—अनुरागे घूमै घर घर।

ललित या परज

भाजत रंग डार डार, एहो ! जसुमति कुमार ! देखो !
इत ठाढ़ी वृषभान की लली।
गावत गाली बनाय, मीठी मुरली बजाय, रोकत पर बागन बन कुंज की गली।
देखत नहिं तुमरि ओर, राधे मानो किशोर, बद्रीनारायन लहि भली।

होली—राग धनाश्री ताल धम्मार

छबीली ! छीन होत कत छपाकरके सम ! छिन छिन छीजत जात।
उड़त गुलाल लाल नभ लखियत, लाल लवंग लहरात।
कल कोकिल कुंजत कुंजन बिच, चित हित सबद सुनात।
बन बागन बगरो बसन अलि, सहित सुसुमन सुहात।
बद्रीनाथ बिलोकत कत नहिं ! आव गुलाब प्रभात।

दूसरी

ओ ! हो छैल छबीले। रंग जनि डालो कौन तिहारी बान।
पांय परत हूं रसिक रसीले। लै विनती यह जान।
श्री बद्रीनरायन जू पिय, जनि पिचकारी तान।

राग कान्हरा ताल तीन

सखियां फाग के दिन आये रे।
किलकत कोकिल चढ़ि डार डार, धुनि सुनि मुनि मनहिं लुभाये रे।
श्री बद्रीनरायन कविवर गावत रागफाग तिय घर घर।
बन ललित पलास विकास सरस, सोहै गुलाब गहि आवन वल लखि मधुकर मनहि लुभाये रे।

होली काफी या परज

पाय परो पिय हाय पै माननी तू न मानैं।
नेक नहिं समझै सजनी क्यों नाहक ही हठ ठानै।

जा बिन ह्वै मीन दीन गति बासों भौंहन तानै।
हा हा खाय करै बिनती तुव बिरह व्यथा अकुलानै।
तौ हूं बीर हठीली तू नहिं नेक दया उर आनै।
हे होली की धूम धाम सुनियत धमार की गानै।
श्री बद्रीनरायन अलि मिलि भाल गुलाल मलानै।

काफी

होली खेलत है व्रजराज—आली रंग रंगें।
गावत रंग बरसावत आवत, साजे साज समाज,
हिलि मिलि मलत गुलाल गाल में, ग्वाल संग लगे।
लागि परस्पर लाज नागर प्रेम पगे।
बद्रीनाथ सखी ललकारत, लैहो दांव सब आज,
अब कित जात भजे।

दूसरी

रंग उड़ि रहे बीर अबीर-आहा! आज चहुं।
लाल पाग सिर लसत लाल के, लाल बाल बलबीर।
ललित अभूषन लाल लाल के, लालै ग्वाल अहीर।
लाल कुंज लहि लाल प्रसूनन लाल कलिन्दी वीर।
बद्रीनाथ लाल ललना लखि, हेरि हरत भव पीर।

तीसरी

जमुना तीर खड़े होरी खेलत नन्द के लाल।
इत तें श्याम उड़ावत केसर रोरी रुचिर गुलाल।
उत पिचकारी भरि भरि धावत मारत है बृजबाल।
बाजत ढोल मृदंग झांझ डफ मंजीरा करताल।
भरे मदन मद सब ब्रजवासी गावत तान रसाल।
इतने में प्यारी प्रीतम सो कियो अजब यह ख्याल।
चपला सो चौंधी दै मलि, गइ गालन लाल गुलाल।

बद्रीनाथ सदा चिर जीवो, रहो नित युगल बहाल।
मो मन में अब आय बसो, करि दया सदा यहि चाल।

और चाल को

होली खेलत है वृजराज मिलि वृज कामिनी।
श्याम लिए पिचकारी कनककर, बरसावत रंग आवै।
इत सो चलति कुमकुमा कुंजनि, कूँजि रह्यो संग साज।
स्वर कल कामिनी।
श्री बद्री नारायन जू कविराय फाग यह गावै।
नटवर रसिक सिरोमनि मोहन, जू मन मोहन काज।
अली गजगामिनी।

दूसरी

होली खेलत सुन्दर स्याम संग वृज भामिनी।
लाल गुलाल मलत हिल मिल अति युगल छटा अभिराम।
जनु घनदामिनी।
बद्रीनाथ गालियां गावत लै मोहन को नाम।
कुंजर गामिनी।

और चाल को

जोबना वैरी भयो कैसे दधि बेचन व्रज जांव।
या जोबना लखि को नहि मोहत याही डरन डेराव।
अति उतंग, छतियन पर छलकत, कैसे तिनहि छपांव।
औचक आन लगत छतियां नित मोहन जाको नांव।
अब नहि और उपाय सखी री तजियत गोकुल गांव।
नट नागर आगर गुनगागर फोरत हौं सकुचांव।
नहिं कछु सुनत करत निज मन की लाख भांति समुझांव।
लंगर डगर बिच करत ठिठौली मै वारी सरमांव।
बद्रीनाथ लेत मन बरबस करि करि लाखन दांव।

दूसरी

आली डाल गयो इन नैनन लाल गुलाल।
औचक आज जात जमुना तट मोहि मिल्यो नन्दलाल।
वा मुसक्यानि हंसनि बोलनि चितवनि चित चोरनि चाल।
बद्री नारायन जू मन मोह्यो करि कछू ख्याल।

और चाल की

सखी फाग के दिन आये। वन उपवन सुमन सुहाये।
बौरे रसाल रसीले, फूले पलास सजीले।
गहि आव गुलाब रंगीले। चित चंचरीक ललचाये।
कल कोकिल कूक सुनाई, जनु बजत मनोज बधाई,
मिलि पौन पराग सुहाई विरही वनिता विलखाये।
मानो युवा युवतीजन, मिलिये प्रिया निज दै मन।
मानहूं सिखावत छन छन तरुवरनि लता लपटाये।
उड़े नभ गुलालन की छवि छिपयो ललित धन जनु रवि।
बद्रीनारायन जू कवि रचि राग फाग यह गाये।
सखि फाग के दिन आये।

दूसरी

ए हो छबीले छैल। अब तो रंग डालन दे रे।
दिन फागुन सरस सुहावन, होली हाय उपजावन।
प्यारे बद्रीनारायन। अब तो लगी जाहु गले रे।
ऐ हो छबीले छैला।

तीसरी

सखी राधिका बनवारी। रंग रंग खेलत दोऊ होरी।
स्यामा सखी संग लीने, रति की छटा जनु छीने।
घनश्याम पै बरसावैं, कर लै लै रंग पिचकारी,

बद्री नारायन जू कवि, लखि फाग की ऐसी छवि।
ग्वाल बाल मदमाते, गावत कबीर औ गारी।

११ शुद्ध काफी

मोपै छैल छबीले—लाल गुलाल न डाल वे।
अरज यही सुन ले वे दिलवर! प्यारे रसिक रसीले।
पिय बद्रीनारायन, ये दृग तेरे रंग रंगीले।

दूसरी

नवल मनावन हार, ए नयो मान मानिनी।
बद्रीनाथ हाथ जोरत, दृग बारिन तोरत तार।
हाहा खातन मानत तौहूं, निपट हठीली नार तू।

तीसरी

लै जोबना कित जाव री, आये फागुन बैरी।
लंगर डगर बिच रहत खरो पिचकारी कर लैरी।
बन माली आली रगरी गाली नित दै री।
बद्रीनाथ गुलाल मलत औचक कर धैरी।

यति

क्यों चितवै मेरी आली री, करि नयन लजीले।
श्री बद्रीनारायन सजनी मान कही कछु मेरी।
मिल बिहरहु गल मै भुज दै संग, सुन्दर स्याम सजीले।

दूसरी

क्यों न चलै उठि खेलन री—होली के दिन मैं
श्री बदरीनारायन जू रंग केसर भर पिचकारी।
अलि चलि छलि छलिया मन मोहन गाल गुलाल मलन मैं।

काफी या बिहाग

कर चुरियां करकाई रे, अति डीढ कन्हाई।
बिलमावत, गावत, मुस्कावत चित चित चोर चुराई रे।
शोभापुंज कुंज में आली, औचक आन मिल्यो बनमाली
बद्रीनाथ हाथ दै गालन, लाल गुलाल लगाइ रे।

दूसरी

मग रोकत बनवारी रे पनियां कैसे जैये।
लंगर डगर बिच रगर करत नित, आवत गावत गारी रे।
बद्रीनाथ छैल छतियां तकि, मार भजत पिचकारी रे।

तीसरी

आज कहूं जनि जाहु कही मानो यह प्यारी।
लंगर डगर ही बीच खरो मारत पिचकारी॥
आवत धावत रंग बरसावत सखिन संग गावत बहु गारी।
बद्री नारायन ब्रज खेलत फूले फाग रसिक बनवारी॥

और चाल

आज लाज ब्रज राज तजि सखियन संग सजे।
गाली गावत रंग बरसावत गुरजन संक तजे॥
गाल गुलाल अंग रंग केसर लखि लखि मैन लजे।
बद्रीनाथ विलोक नवल छवि मुनि मन हाथ भजे॥

दूसरी

होली के खेलवार यार—भाजे अब कित जात चले।
जान जान नहि पैहो अब बिन गाल गुलाल मले॥
बद्रीनाथ दांव सब दिन को लै हौं आज भले॥

काफी

आलीरी मनमोहन दिलदार यार—पिचकारी अचानक मारी।
शोभा पुंज कुंज के सजनी मोहें मिली बनवारी।
हरकत हारि डारि रंग दीनी यह जरतारी सारी॥
बद्रीनाथ हाथ गहि बरबस वोको यार बिहारी।
गालन मलन गुलाल लग्यो लखि मोहें विचारी बारी।

दूसरी चाल

आवत गावत फाग री।
बरसावत रंग सरसावत सुख, दरसावत सज अमल नागरी।
चंचल चखनि चहूंकित चितवत चट चित चोरि लेत गुन आगरी,
मुख मयंक माधुरी विलोकनि, सिर सोहत सुभ सरस पागरी।
श्री बद्री नारायन जू कवि, छवि लखि लाजि मनोज भागरी॥

फाग

बिनती सुन लीजिए मोहन मीत सुजान, हहा! हरि होरी में।
रसिक रसीले प्रान पिय जिय जनि गुनिये आन, हहा! हरि होरी में।
चल दल लसित द्रुमावली लतिका कुसुमित कुंज, हहा! हरि होरी में।
मदन महीपति सैन सम अलि अवलिन को गुंज, हहा! हरि होरी में।
बरस दिनन पर पाइयत भागिन यह त्यौहार, हहा! हरि होरी में।
मदमाते युव युवति जन करत केलि व्योहार, हहा! हरि होरी में।
भरि उछाह तासों पिया प्यारे श्री ब्रजराज, हहा! हरि होरी में।
मुरली मुकुट दुराय अब साजो युवती साज, हहा! हरि होरी में।
अंजन दृग सिन्दूर सिर चोटी चारु गुहाय, हहा! हरि होरी में।
जरित जवाहिर भूषननि सारी सुरंग सुहाय, हहा! हरि होरी में।
ऐसे सजि धजि चाव सों वनक विचित्र बनाय, हहा! हरि होरी में।
ह्वै जुवती जुवतीन संग फाग खेलिए आय, हहा! हरि होरी में।
कसक मिटावहु खोलि हिय खेलहु अब हरखाय, हहा! हरि होरी में।

फेकहु कुमकुम कुचन पर गाल गुलाल मलाय, हहा ! हरि होरी में ॥
यों कहि बरसावन लगी सब हरि ऊपर रंग, हहा ! हरि होरी में ॥
कविवर बद्रीनाथ जू गावत पीये भंग, हहा ! हरि होरी में ॥

दूसरी

ये अलियां चलि आज—अरी दिन होरी में।
बलि मिलिये ब्रजराज—अरी दिन होरी में॥
लै डफ बीन सुचंग—अरी दिन होरी में।
बाजत ढोल मृदङ्ग—अरी दिन होरी में॥
लै लै कर करताल—अरी दिन होरी में।
गावहु फाग रसाल—अरी दिन होरी में॥
पहिन सुरंगी चीर—अरी दिन होरी में।
कर लै वीर अबीर—अरी दिन होरी में॥
हिल मिल हरि संग खेलत—अरी दिन होरी में।
लाल भाल अरु गाल—अरी दिन होरी में॥
मीजहु लाल गुलाल—अरी दिन होरी में।
गाली देहु निशंक—अरी दिन होरी में॥
यथा राव तिमि रंक—अरी दिन होरी में।
गुरु जन की भय छोड़—अरी दिन होरी में॥
लोक लाज मुख मोड़—अरी दिन होरी में।
मुख चूमहु गर लाग—अरी दिन होरी में॥
काकी ऐसी भाग—अरी दिन होरी में।
प्यारी सखी सुजान—अरी दिन होरी में॥
भली नहीं यह बान—अरी दिन होरी में।
बैठी हौ करि मान—अरी दिन होरी में॥
नाहक ही हठ ठान—अरी दिन होरी में।
तोंह हमारी सौंह—अरी दिन होरी में॥
जनि तानै जुग भौंह—अरी दिन होरी में।

लै अमराई मौर—अरी दिन होरी में ॥
बागनि बिहरत भौर—अरी दिन होरी में।
फूले ललित पलास—अरी दिन होरी में॥
मलयज बहत बतास—अरी दिन होरी में।
तासों करि यह काज—अरी दिन होरी में॥
बिहरहु संग बृज राज—अरी दिन होरी में।
गावत बद्रीनाथ—अरी दिन होरी में॥
राधा माधव गाथ—अरी दिन होरी में।

काफी

चित्त चोर सुचित्त ठगोरी ॥टेक ॥
नासा मोरि नचाय नैन सर भौहें जुगुल मरोरी॥
तानि कमान कान लगि छाड्यो चित्त पक्षिहि हतोरी॥
तापै अब मौन गहौरी॥
जब सों नैन बान उर लाग्यो तब तें निडर भयो री॥
नहि काहू के दिसि चितवत वह रूप अभिमान मतोरी॥
नेक दिसि वाके लखो री॥
इत कितने के जीव जात पर उत तौ होत ठगोरी॥
जो कोउ कहत मरत यह प्रेमी तौ कहै काह कहो री॥
कछू बस नाहि मेरो री॥
रूप अनूप दियो विधि ने तौ मत अभिमान करोरी॥
बद्रीनाथ नेक नहि चितवहु प्रानै लेन चहौ री॥
राम सो नेक डरो री॥

दूसरी

मुरली धुन तान सुनाई रे।
मांगि लियो मेरो मन बरबस मन्द मधुर मुसकाई॥
चंचल चखनि चितौत तिरीछे चित चित चोर चुराई॥
मैन हिय सैन बनाई॥

बीर अबीर मल्यो मुख मेरे नटखट कर लगराई॥
श्री बद्री नारायन जू पिय कीनी अजब ढिठाई॥
छैल छतियां सों लगाई॥

कान्हरे की होली

टुक या छवि देखन देरे एहो! सुघर संघाती मोहन।
नयनन डाल न लाल गुलाँलहि॥
हों तो रंगी हूं तेरे रंग में, कत नाहक मारत पिचकारी।
बद्री नारायन पिय मेरे या छबि॥

सिन्दूरा

होरी की यह लहर जहर, हमें बिन पिय जिय दुख दैय्या।
सीरी सरस समीर सखी री।
सनि सनि सौरभ सुख सरसैय्या॥
परसत तन उर उठत थहर।
हमें बिन...दुख दैय्या।
कुंज कछार कलिन्दी कूलनि।
कल कोकिल कूल कूंजि कसैय्या।
काम करद सम करत कहर।
हमें बिन...दुख दैय्या।
बन बागिन विहंगावलि बोलत।
बाजत विमल बसन्त बधैया।
पड़त कान सांचहुं सुख हर।
हमें बिन पिय जिय दुख दैय्या।
बद्रीनाथ यार सों कहियो,
ए चित चोर सुचित्त चुरैय्या,
तेरी रहत सुधि आठो पहर।
हमें बिन...दैय्या।

राग मुल्तानी

कछु कही न जात री उनकी बात।
छलिया वह बद्रीनाथ यार भाज्यो नैन सर सैनन मार।
मृदु मन्द मधुर मुसक्यात।

राग कलिङ्गरा वा ललित

आये री होली के दिन नीके।
भरि अनुराग फाग चलि खेलहु संग प्यारे पर पी के।।
तजि कुल लोक लाज गुरजन भय करहु काज निज ही के।।
श्री बदरी नारायन मिलि सब कसक मिटावहु जी के।।

काफी

सैयां अरे गई चुरियां करक मोरी।
छोड़ो! हटो! चलो। जावो सरक।।टेक।।
लाल गुलाल मलत केसर रंग,
डाल भिजोवत सुरंग चुनरिया,
देखो रही यह छतिया धरक ।।
मोरी सैयां।।
लूंगी छीन मुकुट मुरली जो,
ताने फिरत रहत पिचकरियां,
श्री बद्री नारायन भाषत
मद मनोज मतवारी गुजरिया,
गर लागत गई अगियां दरक।
मोरी सैयां।।

और चाल

सुन एरी बीर! बल बीर चीर रंग दीनो,
मारी पिचकारी छतियां तक, छपल मदन मद भीनो।

भाल गुलाल मलत मुख चूम्यो मन छलिया छलि छीनो ॥
लाल जरीरन सो जकरी कछु कहि न जात जो कीनो।
बांकी बनक दिखाय हाय वह काम कला परवीनो॥
श्री बद्री नारायन जू पिय सब सुध बुध हर लीनो॥

और चाल

सखियां औचक मोरी रे, उलझा गईं अखियां।
बिन देखे नहि चैन इन्हें, अब लाज संक सब छोरी रे।
मन्द मधुर मुसकाय लियो मन मोंहि जुगुल मरोरी रे।
बद्री नारायन वाकी छवि कैसे जाय कहो री॥

दीपचन्दी काफी

पिचकारी ब्रजराज दुलारे (हां हां) रंग बरसावत कर लै रे (लाला)।
श्री बद्री नारायन गावत, सुख सरसावत मन दैरे मनहुँ मनोज
सरूप संवारे (हां हां हां)।

धमार

आओ जी आओ जी बांके यार, कित जात चले भजि।
नोखे छैल बने घूमत हौ, गावत फिरत जो गारी॥
श्री बद्री नारायन जू पिय, अब परिहैं पिचकिन की मार॥

देस

चहुं ओरन होरी हो रही री।
खेलत अलि हिलि मिलि मन मोहन, संग वृषभान किशोरी।
चलियत कत नहि सज धज खेलन अब कत गहा करोरी॥
बद्रीनाथ दोऊ रंग राते, करत जुगुल चित बोरी।

होली सोहनीया भैरव

सुघर खेलार यार बन माली, बहकिन गाली गाओ।
लखि मुख टुक अपनो तब एहो, हम पर रंग बरसाओ॥

बालक एक अहीर दीन के, सुरपति सान जनाओ ।।
श्री बद्री नारायन हमसों बाद विवाद बढ़ाओ ।।

(३७) होली सिन्दूरा

इन गलियन क्यों आवत हो जू, लाज शंक नहिं लावत हौ जू।
लै लै नाम हमारो गाली, बंसी बीच बजावत हौ जू ।।
छैल अनोखे आप जानि जिय, जापै जोर जनावत हौ जू ।।
लालन ग्वालन बाल लिये लखि, अलिन नवेलिन धावत हौ जू ।।
बालन के भालन गालन मैं, लाल गुलाल लगावत हौ जू ।।
पिचकारी छतियन तकि मारत, चोली चीर भिजावत हौ जू ।।
गाय कबीर अहीरन के संग, निज कुल नाम नसावत हौ जू ।।
पीपी भंग रंग सों रंग तन, डफ करताल बजावत हौ जू ।।
ऊधम घूँघरि अधम अलौकिक, धूम घमार मचावत हौ जू ।।
बेटा बाप बड़े के ह्वै क्यों कुलहि कलंक लगावत हौ जू ।।
श्री बद्री नारायन जू फिर स्याम सुजान कहावत हौ जू ।।

(३८)

क्यों यह ऐड दिखावत हौ जू, बादहि बैर बढ़ावत हौ जू ।।
जै हो सीख स्याम सब दिन कों, काहे मन अकुलावत हौ जू ।।
श्री बद्री नारायन जू जौ आज चले इत आवत हौ जू ।।

(३९) ठुमरी

खेलत होली वृषभान संग लिये नवेली नागरियां।
सब मिलि मन मोहन पै डालत, भरि केसर रंग की गागरियां ।।
कोऊ लै मुरली हरि की टेरत, कोऊ दै सिर सूही पागरियां ।।
नारी बनाय बृजराज छबीली, छैल बनी गुन आगरियां ।।
बद्री नारायन जू विहरत, इम सुन्दर रूप उजागरियां ।।

(४०) ठुमरी काफी में कलङ्गरा का मेल

भाजत हौ कत पिचकारी मार, झकझोर तोर मोतियों के हार।
रंग बरसावत गावत धमार, सुख सरसावत जावत अपार
बद्री नारायन बांके यार।

(४१)

तिहारे संग को खेलै बनवारी।
लाल गुलाल मलत मुख बरबस, देत हजारन गारी,
बद्री नाथ हाथ लै तकि तकि मारत हौ पिचकारी॥

(४२) काफी

जानी जानी लंगर! तोरी ये लंगराई रे।
मारी पिचकारी सारी हमारी भिजाई रे॥
श्री बद्री नारायन दिलवर, आप धाय लग गयो हाय गर,
भाज्यो मुख चूमि गाल गुलाल लगाई रे॥

(४३)

बड़ो यह नटखट ढोटा है, देखत छोटा है।
श्री बद्री नारायन आली, होली के दिन आज कुचाली।
पिचकारी मारी चट पट बहियां गहि लीनो रे।
चूरियां करकाई हिय लगी अगियां दरकाई रे।
काह कहूं वा नागर नर को री अति खोटा रे॥

(४४) होली का खेमटा

हमें नहि नीकी लागै यह आली बसन्त बहार।
पिय बिन सुमन रसाल सरन तकि, मानहुं मारत मार॥
तरु पलाश फूलन के मिस जनु बरसत आज अगार।

तैसहि आग लगायो बगियन में कचनार अनार।
मारन मैन मंत्र सुनि जातन, मधुकर गन गुँजार॥
कहर करन वारी कारी, कोयल की कूक अपार।
सुर न सुहात सिदूरा काफी, राग वसन्त धमार॥
वीर अबीर अगर केसर रंग, लै आगे ते टार।
बद्री नारायन बिन जिय, व्याकुल होत हमार॥

(४५) होली ता० रूपक

हाय! मानै कही ना कछू तू लली, लेति सीरी उसासैं, अरी दम पै दम
होली खेलन के दिन आये, तब तू माननि मान मनाये,
मानत नहि पिय के समझाए, सोचत सोच परी दम पै दम।
श्री बद्री नारायन पिय गर, लगि हिये सजनी निज भुज भर॥
चलि अब खेलन फाग परस्पर, काहे बितावै घरी दम पै दम॥

(४६)

रंग लै और के संग तू खेल री, ऐसी होली हमें हाय भावै नहीं॥
लै यह वीर अबीर अनत धर, तानै मत पिचकारी मो पर॥
डफ न बजाय सताय दया कर, फाग की राग सुनावै नहीं॥
यह तो खेल संजोगिन के हित, मेरी विरहानल दाहत चित।
खेल में बद्री नारायन कित उन बिन एतो सुहावै नहीं॥

(४७)

आप गए अलियां गलियां, आज दै छांड री लाज होली तो है।
बेगि बनाव अरी रंग केसर पिचकारिन भर भर लै लै कर॥
फेंकि गुलाल होय नभ धूंधर, साजो सखी साज होली तो है॥
श्री बद्री नारायन दिलवर, गहि नारी बनाय नट नागर॥
गाल गुलाल मलो री त्यागी डर, भूलो सबै काज होली तो है॥

(४८) होली रा० भैरवी ताल तीन

बन में आई बहार यार तेरे, आई बहार जोबन की ।।
सरस वसन्ती सारी सी, सर सो विकास सुमनन की ।।
सोहैं सरनि सरोरुह सम जुगलन उरोज उभरन की ।।
लाजे चंचल चंचरीक, लखि लोचन चपल चलन की ।।
श्री बद्री नारायन निखरी तन छबि ललित लतन की ।।

बसन्त प्रकरण

बहार

बगियन बिच बरस रही बहार ।।टेक।।
कोकिल कुल कलरव करत कुंज, मानहुँ मनोज के चोबदार।।
श्री बदरी नारायन निहार, जग अमराई करि करि सिंगार।।
कुसुमित बन सुखमा अति अपार।।

चिटकन चहुँ ओर लगीं कलियाँ, छबि छाय रहीं ऋतुराज आज ।।टेक।।
फूलत गुलाब गहि आब और, सोंही अमराई सहित बौर।।
लखि गुल अनार मोहीं अलियाँ।।

क्या मन्द पवन शीतल डोलें, बन में बुलबुल बिहंग बोलें;
कल कुंजन कूकत कोइलिया।।

श्री बद्री नारायन बहार, होली, बसन्त, काफी, धमार;
सुर सिन्दूरा पूरित गलियाँ।।

ऋतु सरस सुखद छबि छाई री।।टेक।।
सुभ सौरभ सुमन समीर सनो,
लोगन सुखमा सरसाई री।।ऋतु सरस०

कालिन्दी कूल कलित कुंजनि
कोकिल की कलरव भाई री।।ऋतु सरस०

अवलम्बित औरै ओप अवलि,
अलि अमराई अधिकाई री।।ऋतु सरस०

चहुँ चारु चमक चौगुनी चन्द
चख चितवत चितहि चुराई री।।ऋतु सरस०

बागन बिहगावलि बोल बजत
बलि बिमल बसन्त बधाई री ।।ऋतु सरस०

मधु माधव मास मयङ्क मुखी
मानिनी मनोज मनाई री ।।ऋतु सरस०

भल भौंर भीर अभिरी भूलें
भ्राजनि भुजङ्ग भरमाई री ।।ऋतु सरस०

श्रीयुत बदरी नारायन जू
कविवर बहार तब गाई री ।।ऋतु सरस०

आये न अजौं वे हाय बीर । बौरीं बनि बैरिन आमिनियां ।।टेक।।
गुल अनार कचनार सुहाए, औरें आब गुलाब ले आए;
दऊदी दुति दामिनियां ।।

गुल्लाले लाली लहकाए, जनु होली खेलत चलि आए,
लखत जगे से जामिनियां ।।

खेतन अति अतिसी सरसाई, सरसों सुमन वसन्त ले आई
पीत पटी कल कामिनियां ।।

श्री बदरी नारायन बन में, फूले ललित पलास पवन में;
शीतल गति गज गामिनियां ।।

रूप के रूप जगत जनाय, छिटकीं चमकीली चांदनियां ।।टेक।।
ज्यों चन्द अमन्द अमी अन्हाय, निखरी सोहैं दुति दामिनियां ।।
चित चोरनि में ज्यों चन्द मुखी, चंचल दृग भोरी भामिनियां ।।
सित अभिसारिका चली पिय पै, सजि सित सिंगार कल कामिनियां ।।
बन आईं बदरी नारायन, बनिता बसन्त गज गामिनियां ।।

ए री मतवाली ! मालिनियां कित जादू डाले जात चली ।।टेक।।
दिखलाय हाय ! कछु कहि न जाय ! ! उघरत चंचल अंचल छिपाय;
उभरे औचक युग कंज कली ।।

छबि चम्पक की सी अंगन की, दुति कुन्दकली सी दन्तन की;
लाली गुल्लाला अधर छली।।
हूँ ललित कपोल अमल कैसे, तापै तिल की शोभा कैसे—
सोवत गुलाब पै जाय अली।।
श्री बदरी नारायन प्यारी, नरगिसी आंख वाली आरी!
छबि तेरी लागति मोहें भली।।

कैसी यह बान सिखी गुय्यां।।टेक।।
छाई ऋतु सरस सुहाय रही, तिह औसर बीर रिसाय रही;
चली री बलि लागति हूँ पैय्यां।।
बगियन मधुकर गन गूँजत हैं, कल कोकिल कुंजन कूँजत हैं
तजि कै अब मान मिलौ सजनी! बदरी नारायन जू सैयां।।

बहार

कैसी यह बान सिखी गुय्याँ, छाइ ऋतु सरस सुहाय रही
तिहि औसर बीच रिसाय रही, चल री बलि लागत हूँ पैयां।।टेक।।
बगियन मधुकर गन गूजत हैं, कल कोकिल कुंजन कूजत हैं।
तजि कै अब मान लियो सजनी, बदरी नारायन जू सैयां।।

छन्द अष्टपदी

सजि साज आज आयो बसन्त, सब सरस सुऋतु कामिनी कन्त,
संयोगिन सुरपति सुख समन्त, बिरही जन मानहु समय अन्त;
सजि साज आज०
सीतल सुभगति संचलित धीर, सनि सौरभ सुखद सुमन समीर,
उन्मादित करि मद मयन वीर, फहरावत अंचल युवति चीर।।
सजि साज आज०
बिहरत बिहंगावलि व्योम जाय, निज पच्छ पच्छिनी से मिलाय,
कहुँ कुञ्जत कल कुंजन सुहाय, बोलत बोलन मन लै लुभाय,
सजि साज आज०

पल्लव लै ललित लता लवंग, लपटीं तरु नवल ललाम संग,
लहि फूल अमल मल सकल रंग प्याले जनु कलित सुरा अनंग,
सजि साज आज०

बिकसे गुलाब गहि आब आन, अलि अवलि सहित शोभायमान,
छिति छबि औलोकन समै जान, जनु लै सत दृग सोभित महान;
सजि साज आज०

अमराँई में बौरे रसाल, जनु ऋतु पति की बरछी कराल,
कुसुमित बन किंशुक सुमन जाल, मनु नाहर नखयुत रुधिर लाल,
सजि साज आज०

अति चन्द अमन्द भयो प्रगास, जनु रजनि युवति बिहसन बिलास,
उगि उरगन गन करि तम बिनास मानहुँ आभूषन मनि उजास,
सजि साज आज०

बेला अरु मौलसिरीन दाम उर हार नबेली धारि बाम,
मोहन मुनि जन मन मनहुँ काम, दिय पाश नवल उज्वल ललाम,
सजि साज आज०

साहित्य सुधा संगीत सार, गायो बसन्त रागहि सुधार,
बरसाय प्रेमघन रस अपार, शोभित सुरभी सुखमा निहार,
सजि साज आज०

ऋतु नवल सुखद शोभित बहार, बिहँगावलि राजत डार डार ।।टेक।।
सुमनावलि सुखमा कहि न जाय, चित चितवत ही लेती चुराय ।।
मिलि सौरभ सरस सुमन्द गौन, पूरित पराग सों बहत पौन ।।
घनप्रेम रहो रस बरस प्यार, बगियन चलि बिहरहु मेरे यार ।।

मुसुक्यात जात मुख मोरि मोरि, निज प्रीतम पै दृग जोरि जोरि ।।टेक।।
कहुँ ग्रीव हिलावत लंक तोरि, कहुँ नाक सकोरति भौं मरोरि ।।
कोउ ठोढ़ी दै कर हंसत थोरि, अति जोबन मदमाती किशोरि ।।
कहि बदरी नारायन निहोरि, चित चितवत लेतीं चोरि चोरि ।।

आवत देखो ऋतुराज आज, सजि मनहु मयंक मुखीन साज ।।टेक।।
मद मत्त मनहु मातंग गौन, सीतल सुगन्ध सनि बहत पौन ।।
सुभ सुमन सुबन बागन विकास, जैसे युवती जन जनित हास ।।
सर सोभित सह अङ्कुर सरोज, जिमि बाला उर उमड़्यो उरोज ।।
श्री बदरी नारायन बनाय, नव बनक लियो मन को लुभाय ।।

होली

होली में मिले भले आय लाल ।।
मलूं आज तिहारे गुलाल गाल ।।टेक।।
मैं तो तोहि बनाऊँ नवल बाल, पहिराय सुरंग सारी गुपाल ।।
झूमक बेसर बाला बिशाल, कसि कंचुकि उर पर मुक्त माल ।।
नैननि अंजन दै विन्दु भाल, सिर सेंदुर गून्हे चिकुर जाल ।।
मुख चूमौं मिलि गल बाहि डाल, घनप्रेम सहित कसकैं निकाल ।।

नन्द लाल सब ग्वाल बाल,
रंग पिचकारी भर भर, कर लै धावैं आवैं ।।टेक।।
मोर मुकुट पीताम्बर छाजत, निरखत छटा काम लखि भाजत ।।
सरस सुरन सों बंसी टेरैं—मधुर अधर धर ।।
कोऊ लै बीर अबीर उड़ावत, कोऊ धमार कू धूम मचावत,
कुम कुम मारत कुच तकि—कोउ घूमैं लीने कर कर ।।
श्री बदरी नारायन जू पिय, हेरत फिरत आज युवती तिय,
कसक मिटावन हेत फाग—अनुरागे घूमैं घर घर ।।

पाय परो पिय हाय, पै मानिनी तू न मानै ।।टेक।।
नेक नहीं समझै सजनी क्यों नाहक ही हठ ठानै,
जा बिन ह्वै थल मीन दीन गति यासों भौंहन तानै ।।
हा हा खाय करै विनती तुव विरह बिथा अकुलानै,
तौ हूँ वीर हठीली तू नहिं नेक दया उर आनै,
है होली की धूम धाम सुनियत धमार की गानै ।
श्री बदरी नारायन अलि मिलि, भाल गुलाल मलानै ।।

होली खेलत है व्रजराज आली रंग रँगे ।।टेक।।
गावत रँग बरसावत आवत,
साजे साज समाज ग्वाला संग लगे ।।
हिलि मिलि मलत गुलाल गाल में,
त्यागि परस्पर लाज नागर प्रेम पगे ।।

बद्रीनाथ सखी ललकारत,
लैंहों दांव सब आज अब कित जात भगे ।।

रंग उड़ि रहे वीर अबीर आहा! आज लखो ।।टेक।।
लाल पाग सिर लसत लाल के लाल बाल वर बीर,
ललित अभूषन लाल लाल के, लालै ग्वाल अहीर ।।
लाल कुंज लहि लाल प्रसूनन, लाल कलिन्दी नीर,
बद्रीनाथ लाल ललना लखि हेरि हरत भव पीर ।।

जमुना तीर खड़े होली खेलत, नन्द के लाल ।।टेक।।
इत ते श्याम उड़ावत केसर, रोरी रुचिर गुलाल ।
उत पिचकारी भरि भरि धावत मारत हैं बृज बाल,
जमुना तीर०

बाजत ढोल मृदंग झांझ डफ मंजीरा करताल,
भरे मदन मद सब ब्रजवासी गावत तान रसाल,
जमुना तीर०

इतने में प्यारी प्रीतम संग कियो अजब यह ख्याल,
चपला सी चौंधी दै मलि गई लाल गुलालन गाल,
जमुना तीर०

बद्रीनाथ सदा चिरजीवो ह्वै नित जुगल बहाल,
मो मन में अब आय बसो करि दया सदा यहि चाल,
जमुना तीर०

होली खेलत हैं ब्रजराज मिलि ब्रज कामिनी।।टेक।।
स्याम लिये पिचकारी कनक कर बरसावत रंग आवै
इत सों चलत कुंकुमा कुञ्जनि कूँजि रहो संग साज
स्वर कल कामिनी०

श्री बदरी नारायन जू कवि राग फाग यह गावै
नटवर रसिक शिरोमणि मोहन जू मन मोहन काज
अलि गज गामिनी०

होली खेलत सुन्दर श्याम संग ब्रज भामिनी।।टेक।।
भाल गुलाल मलत हिलि मिलि अति युगल छटा अभिराम
जनु घन दामिनी०

बद्रीनाथ गालियां गावत लै मोहन को नाम
कुञ्जर गामिनी०

जुबना बैरी भयो—कैसे दधि बेचन ब्रज जांव।।टेक।।
या जुबना लखि को नहिं मोहत, याही डरनि डेरांव,
अति उतङ्ग छतियन पर छलकत कैसे तिनहि छिपांव,
जुबना बैरी भयो०

औचक आनि लगत छतियां नित मोहन जाको नांव,
अब नहिं और उपाय सखी री तजियत गोकुल गांव,
जुबना बैरी भयो०

नट नागर आगर गुन गागर फोरत हौं सकुचांव,
नहि कछु सुनत करत निज मन की लाख भांति समुझांव,
जुबना बैरी भयो०

लँगर डगर बिच करत ठिठोली मैं बारी सरमांव,
बद्रीनाथ लेत मन बरबस करि करि लाखन दांव,
जुबना बैरी भयो०

आय डाल गयो, इन नैनन लाल गुलाल ।।टेक।।
औचक रही जात जमुना तट मोहें मिल्यो नन्दलाल ।।आली०
वा मुसुक्यानि हँसनि बोलनि चितवनि चित चोरनि चाल ।।आली०
बद्रीनाथ लियो मन हिय लगि, मिसि होरी के ख्याल ।।आली०

सखी फाग के दिन आये! बन उपवन सुमन सुहाये ।।टेक।।
बौरे रसाल रसीले! फूले पलास सजीले,
गहि आब गुलाब रंगीले! चित चंचरीक ललचाये।।
सखी फाग०

कल कोकिल कूक सुनाई, जनु बजत मनोज बधाई।
मिलि पौन पराग सुहाई, बिरही बनिता बिलखाये।।
सखी फाग०

मानी युवा युवती जन, मिलियै प्रियनि निज दै मन।
मानहुँ सिखावत छन छन, तरुवरनि लता लपटाये।।
सखी फाग०

उड़े नभ गुलालन की छबि, छीट्यो ललित घन जनु रवि।
बदरी नारायन जू कवि, रचि राग फाग तब गाये।।
सखी फाग०

ए हो छबीले छैला ! अब तो रंग डालन दे रे।।टेक।।
दिन फागुन सरस सुहावन, होली हरख उपजावन
प्यारे बदरी नारायन ! आवो लगि जाहु गले रे!!
ए हो छबीले छैला०

सखी राधिका बनवारी रंग रंगे खेलत दोउ होरी।।टेक।।
स्यामा सखी संग लीने, रति की छटा जनु छीने
घन श्याम पैं बरसावैं, कर लै लै रंग पिचकारी
सखी राधिका०

बदरी नारायन जू कवि देखिये यह आज की छवि,
सब ग्वाल बाल मद माते, गावत कबीर औ गारी ।।
सखी राधिका०

मग रोकत बनवारी रे, पनियां कैसे जैये ।।टेक।।
लगर डगर बिच रगर करत नित, आवत गावत गारी रे ।।
बद्रीनारायन छतियां तक, मार भजत पिचकारी रे—पनियां०

दोहे की होली

छन्द अष्टपदी

बिनती यह सुनि लीजिये मोहन मीत सुजान
ह हा ! हरि होरी में ।।

रसिक रसीले प्रान पिय जिय जनि गुनिये आन
ह हा ! हरि होरी में ।।

चल दल लसित द्रुमावली लतिका कुसुमित कुंज
ह हा ! हरि होरी में ।।

मदन महीपति सैन सम अलि अवलिन को गुंज
ह हा ! हरि होरी में ।।

बरस दिनन पर पाइयत भागनि यह त्योहार
ह हा ! हरि होरी में ।।

मदमाते युव युवति जन करति केलि व्योहार
ह हा ! हरि होरी में ।।

भरि उछाह तासो पिया प्यारे श्री ब्रजराज
ह हा ! या होरी में ।।

मुरली मुकुट दुराय अब साजो युवती-साज
ह हा ! या होरी में ।।

अञ्जन दृग सिन्दूर सिर चोटी चारु सुहाय
हृ हा ! हा होरी में ।।

जरित जवाहिर भूषननि सुहाय
हृ हा ! हा होरी में ।।

ऐसे सजि धजि चाव सों बनक विचित्र बनाय
हृ हा ! हा होरी में ।।

है जुवती जुवतीन सँग फाग खेलिये आय
हृ हा ! हा होरी में ।।

कसक मिटावहु खोलि हिय खेलहु अब हरखाय
हृ हा ! हा होरी में ।।

फेंकहु कुंकुम कुचन पर गाल गुलाल मलाय
हृ हा ! हा होरी में ।।

यों कहि बरसावन लगीं सब हरि ऊपर रंग
सुभग दिन होरी में ।।

कविवर बद्री नाथ जू गावत पीये भंग
हृ हा ! हा होरी में ।।

चित चोर सुचित ठगो री ।।टेक।।

नासा मोरि नचाय नैन सर भौहें जुगल मरो री
तानि कमान कान लगि छाड़्यो चित पंछीहि हतो री
तापै अब मौन गहो री०

जब सों नैन बान उर लाग्यो तब तें निडर भयो री
नहि काहू के दिशि चितवत वह रूप अभिमान भयो री
नेक दिशि वाके लखो री०

इत कितने के जीव जात पर उत तो होति ठिठोली
जो कोउ कहत मरत यह प्रेमी तो कहें काहू करूँ री
नाहि कछु चारो मेरो री०

रूप अनूप दियो बिधि ने तौ मत अभिमान करो री
बद्रीनाथ नेक नहिं चितवहु प्रानै लैन चहो री
राम सों नेक डरो री०

मुरली धुनि तान सुनाई रे ।।टेक।।
मांगि लियो मेरो मन बरबस मन्द मधुर मुसकाई।
चंचल चखनि चितौत तिरीछे चित चित चोर चुराई ।।
मैन हिय अैन बनाई ।।
बीर अबीर मल्यो मुख मेरे नटखट करि लँगराई।
श्री बदरी नारायन जू पिय कीनी अजब ढिठाई ।।
छयल छतियां सों लगाई ।।

होरी की यह लहर जहर हमै बिन पिय जिय दुख दैया ।। टेक।।
सीरी सरस समीर सखी री! सनि सनि सौरभ सुख सरसैया,
परसत तन उर उठत थहर। होरी की यह० ।।
कुंज कछार कलिन्दी कूलनि कल कोकिल कुल कुंज कसैया,
काम करद सम करत कहर। होरी की यह० ।।
बन बागनि बिहगावलि बोलत बाजत बिमल बसन्त बधैया,
पड़त कान सांचहु सुख हर। होरी की यह० ।।
बद्रीनाथ यार सों कहियो ए चितचोर! सुचित्त चुरैया,
तेरी रहत सुधि आठो पहर। होरी की यह० ।।

राग कलङ्गरा वा ललित

आये री होली के दिन नीके ।।टेक।।
भरि अनुराग फाग चलि खेलहु सँग प्यारे पर पीके ।।
तजि कुल लोक लाज गुरुजन भय करहु काज निज ही के ।।
श्री बदरी नारायन मिलि सब कसक मिटावहु जी के ।।

सखियां औचक भोरी रे, उलझ गईं अँखियाँ ।।टेक।।
बिन देखे नहि चैन इन्हें छन लाज संक सब छोरी री ।।

बद्रीनाथ अमल आनन छबि वाकी कैसे कहों री ।।
मन्द मधुर मुसुक्याय लियो मन भौहें जुगल मरोरी ।।
पिचकारी न बिहारी मार ! मेरे लागै चोट बदन में ।।टेक।।
चिमट जात छतियन में हाय ! लखि मोहि अकेली कुंजन में ।।
श्री बदरी नारायन बस मत मल गुलाल गालन में ।।
जाओ हटो चलो छोड़ो नही भावै ऐसी अनैसी कुचाल ।।टेक।।
औचक आय आह ! अञ्चल तकि, पिचकारी रंग डाल ।।
ऐंचि अंक छतियन लगि दैया, गालन मलत गुलाल ।।
श्री बदरी नारायन गावत गाली निरलज ग्वाल ।।
हाय ! हाय ! मुख चूमत मेरो, तू पापी नन्द लाल ।।

होली की ठुमरी

खेलत होली वृषभान लली संग लिये नवेली नागरियां ।।टेक।।
सब मिलि मनमोहन पैं डालत, भरि करि केसर रंग गागरिया ।।
लै लै मुरली हरि की टेरत, दै दै सिर सूही पागरिया ।।
नारी बनाय ब्रजराज छबीली छैल बनी गुन आगरिया ।।
भरि प्रेमघन यों हरत बृज सुन्दर रूप उजागरिया ।।

होली खेमटा

हमैं नहिं नीकी लगै यह आली बसन्त बहार ।।टेक।।
पिय बिन सुमन रसाल सरन तकि, मानहु मारत मार ।
तरु पलाश फूलन के मिस जनु, बरसत आज अँगार ।।
तैसहि आग लगायो बगियन, में कचनार अनार ।
मारन मैन मन्त्र सुनि जात न, मधुकर गन गुञ्जार ।।
कहर करन वारी कारी कोकिल की कूक अपार ।
सुर न सुहात सिंदूरा काफ़ी, राग बसन्त धमार ।।
बीर अबीर अगर केसर रंग, लै आगे तें टार ।
श्री बदरी नारायन बिन जिय, व्याकुल होत हमार ।।

फाग चाल बिलवाई

न सूरतिया तोरि भूलै मन तें दिल जानी (वारे हां) ॥टेक॥
एक तो तरुनाई बैस रे (बरे हां),
दूजे जोबन जोर जवानी रे (बरे हां),
ये मतवारे मानत ना तोरत अँगिया बन डोरी॥
न सूरतिया०

पिय तुम छाये परदेस रे (बरे हां),
नहि पठवत हाय सँदेस रे,
बेदरदी ! तुम हाय दया तजि भूल गये सुधि मोरी॥
न सूरतिया०

अब आये फागुन मास रे (बरे हां),
गई तुमरे मिलन की आस रे,
मदन सतावत बार बार कहिये अब काह करूं री
न सूरतिया०

बदरी नारायन यार रे (बरे हां)
मिलिये अब बेगहि धाय रे (बरे हां),
डारि गरे बहियां छतियां लगि खेलहु बालम। (होरी)
न सूरतिया०

तोरी अँखियां रतनारी मतवारी प्यारे (बरे हां)
मुख तो जनु सारद चन्द रे (बरे हां)
तापै तानत भौंह कमान रे (बरे हां)
गोल कपोलन पें लटकें लट हैं जनु नागिन कारी,
तेरी अँखियां०

यह अधर मधुर के बीच रे (बरे हां)
जनु कुन्द कली से दन्त रे (बरे हां)
मुस्कुराय मुख मोरि मोरि ये करत रहत चितचोरी
तेरी अँखियां०

लचकीली लचकत लंक रे (बरे हां)
कच अभरन हार के भार रे (बरे हां)
छतियन पर जुबना छलकें जिय मारत हैं बरजोरी
तेरी अँखियां०

चलि चलि मराल सी चाल रे (बरे हां)
दिल घायल करत हमार रे (बरे हां)
श्री बदरी नारायन जी ! सुधि भूलत नाहीं तोरी
तेरी अँखियां०

दूसरे चाल का

छोड़ देओ बहियां हमारी ।।टेक।।
गारी गावत रँग बरसावत, कर लीन्हे पिचकारी ।।
लै गुलाल कर गाल मलत हौ, भली न बान तुमारी ।।
लपटि झपटि उर लागत मोहन, तोरत हार हजारी ।।
बद्रीनाथ टुटी सब चुड़ियां, हो बस निपट अनारी ।।

होली

एहो छबीले छैल ! अब तो रँग डालन दे रे ।।टेक।।
दिन फागुन सरस सुहावन, होली हरख उपजावन,
प्यारे बदरी नारायन ! आवो लगि जाहु गले रे ।।
एहो छबीले छैला ।।

लै जुबना कित जावँरी ! आये फागुन बैरी ।।टेक।।
लँगर डगर बिच रहत खरो, पिचकी कर लै री ।।
आये फागुन बैरी ।।

बनमाली आली रगरी, गाली नित दै री ।।
आये फागुन बैरी ।।

क्यों चितवै मेरी आली री ! करि नयन लजीले ।।टेक।।
श्री बदरी नारायन सजनी मान कही कछु मेरी (ऐरे होरे)
मिलि बिहरहु गल में भुज दै सँग सुन्दर स्याम सजीले री—
करि नयन०

कर चुरिया करकाई रे अति ढीठ कन्हाई ।।टेक।।
बिलमावत गावत रस गीतन चितवन चित्त चुराई—
अति ढीठ कन्हाई० ।।

शोभा पुंज कुंज में आली, औचक आन मिल्यो बनमाली,
बद्रीनाथ हाथ दै गालन, गाल गुलाल लगाई रे ।।
अति ढीठ कन्हाई ०।।

खेलत फाग आज मनमोहन सखियन संग सजे ।।टेक।।
गाली गावत रँग बरसावत गुरजन संक तजे ।।
गाल गुलाल अंग रँग केसर लखि लखि मैन लजे ।।
बद्रीनाथ बिलोकि नवल छबि मुनि मन हाथ भजे ।।

मुल्तानी में

कछु कही न जात री उनकी बात ।।टेक।।
छलिया वह बद्रीनाथ यार भाज्यो नैनन सर सैनन मार,
मृदु मन्द मधुर मुसुक्यात ।।

सुन एरी बीर ! बलबीर चीर रँग दीनो,
मारी पिचकारी छतियाँ तकि छयल मदन मद भीनो ।।टेक।।
भाल गुलाल मलत मुख चूम्यो,
मन छलिया छल छीनो ।।
लाज जजीरन सों जकरी,
कछु कहि न जात का कीनो ।।
बांकी बनक दिखाय हाय,
वह काम कला परबीनो ।।

श्री बदरी नारायन जू पिय,
सुधि बुधि सब हर लीनो ।।

होली यति

आओ जी आओ जी बांके यार, कित जात चले भजि ।।टेक।।
नोखे छयल बने घूमत हौ, गावत फिरत जो गारी,
श्री बदरी नारायन जू परिहैं पिचकिन की मार ।।

एरी गोरी ! होरी हो रही री ।।टेक।।
खेलत अलि हिलि मिलि मन मोहन, श्री वृषभान किशोरी ।।

चलियत कत नहिं सज धज खेलन अब कत गहर करो री ।।
बद्रीनाथ दोऊ रँगराते, करत युगल चित चोरी ।।

होली—सोहनी

सुघर खेलार यार बनमाली बहकि न गाली गाओ ।।टेक।।
लखि टुक मुख अपनो तब एहो, हम पर रँग बरसाओ ।।

बालक एक अहीर दीन के, सुरपति शान जनाओ ।।
श्री बद्री नारायन कविवर, वाद विवाद बढ़ाओ ।।

ललित

भाजत रँग डार डार एहो जसुमति कुमार,
देखो इत ठाढ़ी वृषभानु की लली ।।टेक।।

गावत गाली बनाय, मीठी मुरली बजाय,
रोकत वर वामन बन कुंज की गली ।।

देखत नहिँ तुमरी ओर, राधे माधो किशोर,
बदरी नारायन लहि स्वात या भली ।।

होली–सिंदूरा

इन गलियन कित आवत हो जू—
लाज शंक नहिँ लावत हो जू ।।टेक।।
लै लै नाम हमारो गाली बंसी बीच बजावत हो जू ।।
छैल अनोखे आप जानि जिय, जापै जोर जनावत हो जू ।।
लालन ग्वालन बाल लिये लखि अलिन नवेलिन धावत हो जू ।।
बालन के भालन गालन में लाल गुलाल लगावत हो जू ।।
पिचकारी छतियन तकि मारत, चोली चीर भिजावत हो जू ।।
गाय कबीर अहीरन के सँग निज कुल नाम नसावत हो जू ।।
पी पी भंग रंग सों रँगि तन डफ करताल बजावत हो जू ।।
ऊधम धूधरि अधम अलौकिक धूम धमार मचावत हो जू ।।
बेटा बाप बड़े के हो क्यों कुलहि कलंक लगावत हो जू ।।
श्री बद्री नारायन जू फिर स्याम सुजान कहावत हो जू ।।

क्यों यह अंड़ दिखावत हो जू, बादहिँ बैर बढ़ावत हो जू ।।टेक।।
जैहो सीख स्याम सब दिन की, काहे मन अकुलावत हो जू ।।
बदरी नारायन जू जो आज चले इत आवत हो जू ।।

होली की फुटकर चीज़ें

कान्हरा

सखियां फाग के दिन आये रे ।।टेक।।
किलकत कोकिल चढ़ि डार डार धुनि सुनि मुनि मनहि लुभाये रे ।।
श्री बद्री नारायन कविवर, गावत राग फाग तिय घर घर,
बन ललित पलास विकास सरस, सोहे गुलाब गहि, आब नवल
लखि मधुकर मनहि लुभाये रे ।।

जानी जानी लँगर तोरी ये लँगराई रे ।
मारी पिचकारी सारी हमारी भिजोई रे ।।

श्री बद्री नारायन दिलवर, आय धाय लग गयो हाय गर
भाज्यो मुख चूमि गाल गुलाल लगाई रे।।

होरी भैरवी

बड़ो यह नटखट ढोटा है, देखत छोटा है ।।टेक।।
श्री बदरी नारायन आली, होली के दिन आज कुचाली,
पिचकारी मारी चटपट बहिंया गहि लीनो रे;
चुरिया करकाई हिय लगि, अंगिया दरकाई रे,
काह कहूँ नागर नट कों, अति खोटा है।।

धनाश्री होली

छबीली ! छीन होत कत,छन छबि हरनी ! छिन छिन छी जात ।।टेक।।
उड़त गुलाल लाल नभ लखियत लाल लवँग लहरात।।
कल कोकिल कूजत कुञ्जनि बिच चित हित सबद सुनात।।
बन बागनि बगरो बसन्त अलि सहित सुमन न सुहात।।
बद्रीनाथ बिलोकत कत नहिं ! आब गुलाब प्रभात।।

सखि आये हैं फागुन मास पिया नहिँ आये।।टेक।।
बगिअन में फूले गुलाब कचनार अनार सुहाये।।
महुआ फूलि फूले टेसू बन से सब आग लगाये।।
बौरे आम अरी अमरायिन कोकिल कूक सुनाये।।
अभिरी भीर भवँर की भनकत बौरी जिन मोहिँ बनाये।।
उड़त अबीर गुलाल अरगजा केसर रँग बरसाये।।
बाजत डफ मिर्दङ्ग झाँझ सब धूम धमार मचाये।।

घाटी वा चैती

नाहक जियरा लगावल रामा बेदरदी के संग।।टेक।।
आशा में यह रूप सुधा के अपनहुँ मनवा गँवावल रामा (रामा)

अलक जाल महमान पंछी कहँ बरबस आनि फँसावल रामा !
कबहूँ न हँसि बोलो वह प्रीतम रोवत जनम गँवावल रामा !
बद्रीनाथ प्रीति निरमोही सो करि हम भल पावल रामा !

जालिम जोर जुबनवां रामा ! कैसे छिपावों ।।टेक।।
इन पर नजर गुजर सब ही की, बचत न कोटि दुरावों ।।
बद्रीनाथ कहर करिबे हित रुकत न कोटि मनाओं ।।

कैसे लागी लगनियाँ हो रामा ! मोरी तोरी ।।टेक।।
मिलत बनै न चैन बिछुरत नहिं कीजै कौन जतनियाँ हो रामा ।।
श्री बद्री नारायन जू यह, अजब नैन उलझनियाँ हो रामा ।।

डफ की होली या रसिया

भाजै जनि झांकि झरोखे तें ।।
काह बिगरि जैहै री तेरो मेरे नयननि तोखे तें ।।
बरबस ब्याकुल करत हाय मन मारि चारु चख चोखे तें ।।
चन्द बदन फिर आय दिखा दै हा हा ! भाय अनोखे तें ।।
प्रेम प्रेमघन मन उपजावत हरत लाज के धोखे तें ।।

आवै किन उतरि अटारी तें ।।
घायल करत तिहारे नैना क्यों मारत पिचकारी तें ।।
ललित कुंकुमा से कुच तेरे झलकत झीनी सारी तें ।।
बरसावत रस बिहसि प्रेमघन काम जगावत गारी तें ।।

कैसो यह स्वांग सजो रसिया ।।
लाल नाम सम लाल रँग्यो तन सुभग सांवरी सूरतिया ।।
कारी कामरि लाल लाल सिर मोर मुकुट पीरी पगिया ।।
लाल पीत पट लाल माल बन लाल हरेरी बांसुरिया ।।
पीये भंग रँगे रँग गाली गावत बकत निलज बतिया ।।
लाल नाम सच कियो प्रेमघन कौन कहो किन सांवलिया ।।

बृज में चहुँ ओर मची होली।
बजत मृदंग चंग डफ ढोलक झांझ मजीरन की जोरी।।
नाचत ग्वाल बाल रँग राते गावत राग फाग कोरी।।
उड़त गुलाल लाल भये बादर बरसत रँग खोरी खोरी।।
खेलत फाग परस्पर हिल मिल नर नारिन गहि झक झोरी।।
पकरि परचो सांवरो सखिन कर गहि केसर रँग सों बोरी।।
धै बृषभान लली ढिग लाईं धरी माल मुरली छोरी।।
मलत गुलाल गाल लालन के सुनि गाली राधा गोरी।।
बरसि रहे रस जुगल प्रेमघन करत परस्पर चित चोरी।।

दिखराय दै नेक झलक ऐ री।
आय उतै लगवाय हाय हम भरि लाये गुलाल झोरी।।
बरसावत रँग पिचकारिन सों छिपी प्रेमघन क्यों गोरी।।

तरसाय जनि रूप भिखारी की।
दै दिखाय मुखचन्द टारि टुक प्यारी घूंघट सारी की।।
बरसि आज रस बिहँसि प्रेमघन सौहें तोहि बनवारी की।।

कबीर

कबीर झर र र र र र र हाँ।
होरी हिन्दुन के घरे भरि २ धावत रंग
सब के ऊपर नावत गारी गावत पीये भंग,
भला—भले भागें बेधरमी मुँह मोरे।।

कबीर झर र र र र र र हाँ।
पश्चिम उत्तर देश में जुरि जातीय समाज
हर्षित प्रजा कियो परचो बैरिन के सिर गाज,
भला—भले सब रोवत घूमें बिलखाने।।

कबीर झर र र र र र र र हां।

बिजय कांग्रेस की भई अंटी* अंटी* खाय;

पकड़ि गई पड़ि पह वह सुसकत है मुहां बाय।

भला—सब देश के बैरी रोवत हैं।

*यहाँ पर प्राचीन समय में एन्टी कांग्रेस का संकेत है।

स्वदेश बिन्दु

स्वदेश बिन्दु

जातीय गीत

बन्देमातरम

जय जय भारत भूमि भवानी।
जाकी सुयश पताका जग के दसहूँ दिसि फहरानी।।
सब सुख सामग्री पूरित ऋतु सकल समान सोहानी।।
जाकी श्री शोभा लखि अलका अमरावती खिसानी।
धर्म्म सूर जित उयो; नीति जहँ गई प्रथम पहिचानी।।

सकल कला गुन सहित सभ्यता जहँ सों सबहि सुझानी।
भये असंख्य जहां योगी तापस ऋषिवर मुनि ज्ञानी।।

बिबुध बिप्र बिज्ञान सकल बिद्या जिन ते जग जानी।
जग बिजयी नृप रहे कबहुँ जहँ न्याय निरत गुण खानी।।

जिन प्रताप सुर असुरन हूँ की हिम्मत बिनसि बिलानी।
कालहु सम अरि तृन समुझत जहँ के छत्री अभिमानी।।

बीर बधू बुध जननि रहीं लाखनि जित सखी सयानी।
कोटि कोटि जहँ कोटि पती रत बनिज बनिक धन दानी।।

सेवत शिल्प यथोचित सेवा सूद समृद्धि बढ़ानी।
जाको अन्न खाय ऐंड़ति जग जाति अनेक अघानी।।

जाकी सम्पति लुटत हजारन बरसन हूँ न खोटानी।
सहत सहस बरिसन दुख नित नव जो न ग्लानि उरआनी।।

सम्पति सौरभ सोभा सन जग नृप गन मनहुँ लुभानी।
प्रनमत तीस कोटि जन जा कहँ अजहुँ जोरि जुग पानी।।

जिन में झलक एकता की लखि जग मति सहमि सकानी।
ईश कृपा लहि बहुरि प्रेमघन बनहु सोई छबि छानी॥

सोइ प्रताप गुन गन गर्वित ह्वै भरी पुरी धन धानी।
काहे रोवत हो छत्रीगन अपने करतब के फल पाय॥

रघु, अज, राम, कृष्ण, अरजुन के निर्मल कुल में जाय।
त्याग्यो उनको मारग तुम भल चले कुपथ चित चाय॥

तुमहिँ शाक्यमुनि, गौतम बुद्ध, ह्वै जगजन बुधि बहकाय।
निन्दा, वेद, यज्ञ, द्विज की करि दियो धरम बिनसाय॥

मिथ्या जीव दया दिखाय दियो देसहि निबल बनाय।
बोयो बीज विरोध समय निरुपद्रव में इत ल्याय॥

चन्द्रगुप्त सम होन लगे नृप, यवनी रानी आय।
गयो तेज वह आरजता नसि सूद्र कहाये राय॥

तुम असोक ह्वै बौद्ध, त्यागि मत वैदिक, ठाटनि ठाय।
साठ हजार दिजन एकै दिन दीनो देस छुड़ाय॥

कल्पित धरम प्रचार्‌यो निज सासन बल जगत जगाय।
नास्यो हिंसा ही सँग हिम्मत, तेज, पराक्रम, हाय!!

निबल होय जयचन्द पिथौरादिक गृह कलह बढ़ाय।
टेरि आपु निज घर भरमाला सत्रुन दियो दिखाय॥

लरि लरि जीत जीत परबल रिपु धन लै छोड़्यो भाय।
हारि कटायो सीस उनहिं कर भारत गरब गवांय॥

धारि परस्पर बैर लड़े नहि इक सँग सन्मुख धाय।
नास्यो धरम स्वतन्त्रता सबै कादरता प्रगटाय॥

तुमरी भूलनि भला प्रेमघन गिनि कब सकै बताय।
जैसो कियो सहो तैसो क्यों सोचहु सीस नवाय॥

स्त्रियों की कीर्ति

प्रधान प्रकार

धनि २ भारत की भामिनियां जिनको सुज सरह्यो जग छाय।
कमला, गौरी, गिरा, शची जिहि निरखि रहीं सकुचाय॥

भईं गार्गी मैत्रेई मुनि पत्नी मुनिन हराय।
विदुषी विशद ब्रह्म विद्या की तिय कुल मान बढ़ाय॥

अरुन्धती अनुसूया, लोपामुद्रा पतिव्रत लाय।
सावित्री, सीता, दमयन्ती, गन्धारी बरियाय॥

सुदच्छिना, कौसिला, सुभद्रा, रुक्मिनि द्रुपदी पाय।
बीर नारि भट बधू जननि, जिन गिनि को सकै बताय॥

कलि पदमिनी, कमलावती तिनहिं कुल जाय।
रूपवती, संयोगिता जगत अचरज दियो देखाय॥

कर्म्मदेवि, तारा, दुर्गावति कर कृपान चमकाय।
विजयिनि, रच्छिनि, देस प्रजा, चण्डी बनि समर सुहाय॥

धन्य जवाहिर बाई, नील देवि साहस प्रगटाय।
छत्रानी रानी गन धन्य! धन्य पन्ना सी धाय॥

धर्म्म बीर द्वादस सहस्र तिय संग बिलम्ब न लगाय।
विरचि चितौर चिता करनावति भसम भई न बुझाय॥

रानि भवानि, अहिल्या, मीरा, लछिमी बाई आय।
दया, दान, बैराग्य, भक्ति बैजन्ती दियो उड़ाय॥

राज प्रबन्धि प्रजा पालिनि उपकारनि जग दरसाय।
पति सँग भसम भईं तिनकी तौ कोटिन संख्या बाय॥

लज्जा, दया, धर्म्म, पति सेवा रत सब सहज सुभाय।
बन्दनीय ते सुमुखि प्रेमघन सब को सीस नवाय॥

चरखे की चमत्कारी

चला चल चरखा तू दिन रात।
चलता चरख बनाता निस दिन ज्यों ग्रीषम बरसात॥

मन मन मंत्र जपा कर मन में सुन न किसी की बात।
कात कात कर सूत मैनचिस्टर को कर दे मात॥

टेकुआ का सर साध धनुष रघुबर की लेकर तांत।
लंका से लंकाशायर का कर बिलम्ब बिन घात॥

शक्ति सुदर्शन चक्र की दिया हरि ने तुझे दिखात।
तेरे चलने की चरचा सुनि यूरप जी अकुलात॥

ज्यों ज्यों तू चलता त्यों त्यों आता स्वराज्य नियरात।
परतन्त्रता दीनता भागी जाती खाती लात॥

चलना तेरा बन्द हुआ जब से भारत में तात।
दुखी प्रजा तब से न यहां की अन्नपेट भर खात॥

जो कमात दै देत बिदेसिन बसन काज ललचात।
दै दै अन्न नैनसुख लेत सिटिन साटन बानात॥

चल तू जिससे खाय दुखी भर पेट दाल औ भात।
सस्ता सुद्ध स्वदेशी खद्दर पहिन छिपावें गात॥

हिन्दू मुसलिम जैन पारसी ईसाई सब जात।
सुखी होंय हिय भरे प्रेमघन सकल भारती भ्रात॥

(२)

ज्यों ज्यों चपल चरखा चलत।
बसन व्यापारी बिदेसी लखि बिलखि कर मलत।
कहत गुन २ देत गुन २ दीन गन ज्यों पलत॥

बहुरि भारत में सकल सम्पत्ति साहस हलत।
ज्यों ज्यों चपल०

फेरि कर गह अमित करगह दर्प मिल दल दलत।
कल्पतरु बनि पट पवित्र प्रचारि शुभ फल फलत।।
ज्यों ज्यों चपल०

बहिष्कृत होलिका बीच बसन बिदेसी जलत।
एकता सांचा सवांरि स्वराज्य सिक्का ढलत।।
ज्यों ज्यों चपल०

देशद्रोहिन के कुतरकनि करत साबित गलत।
राज अधिकारी लखत जे खल तिन्हें अति खलत।।
ज्यों ज्यों चपल०

बैर फूट बढ़ाय भारतबासिनें जे छलत।
प्रेमघन तिन मिलन लखि उनको हियो खलभलत।।
ज्यों ज्यों चपल चरखा चलत।।

होली राग काफी

मची है भारत में कैसी होली सब अनीति गति हो ली।
पी प्रमाद मदिरा अधिकारी लाज सरम सब घोली।।

लगे दुसह अन्याय मचावन निरख प्रजा अति भोली।
देश असेस अन्न धन उद्यम सारी सम्पति ढो ली।।

लाय दियो होलिका बिदेसी बसन मचाय ठिठोली।
कियो हीन रोटी धोती नर नाहीं चादर चोली।।

निज दुख व्यथा कथा नहि कहिबे पावत कोउ मुह खोली।
लगे कुमकुमा बम को छूटन पिचकारिन सो गोली।।

बह्यो रक्त छिति पंचनदादिक मनहुँ कुसुम रँग घोली।
हाहाकार धधाक दसो दिसि मची प्रजा मति डोली॥

सत्य आग्रह डफ बजाय सब नाचत मिलि हमजोली।
असहयोग की अबिर उड़ावत आवत भरि २ झोली॥

जय भारत कबीर ललकारत घूमत टोली टोली।
हिन्दू मुसलिम दोउ भाय मिलि कपट गांठ हिय खोली॥

चले स्वराज राह तकि तजि भय, सकल विघ्न तृण छोली।
विजय पताका लै महातमा गांधी घर घर डोली॥

खेलिहो कब लौं ऐसी ही बारह मासी फाग।
कुटिल नीति होलिका जल्यो, असंतोष की आग॥

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, पुस्तकालय
L.B.S. National Academy of Administration, Library
मसूरी
MUSSOORIE 122786
यह पुस्तक निम्नांकित तारीख तक वापिस करनी है ।
This book is to be returned on the date last stamped

दिनांक Date	उधारकर्त्ता की संख्या Borrower's No.	दिनांक Date	उधारकर्त्ता की संख्या Borrower's No.

GL H 891.431
PRE

H

891.431
प्रेमघन

15469

अवाप्ति सं०

ACC. No..................

वर्ग सं.

Class No................

पुस्तक सं.

Book No...............

लेखक

Author..

शीर्षक

891.431 LIBRARY 15469

LAL BAHADUR SHASTRI

National Academy of Administration

प्रेमघन MUSSOORIE

122786

Accession No.

1. Books are issued for 15 days only but may have to be recalled earlier if urgently required.
2. An over-due charge of 25 Paise per day per volume will be charged.
3. Books may be renewed on request, at the discretion of the Librarian.
4. Periodicals, Rare and Reference books may not be issued and may be consulted only in the Library.
5. Books lost, defaced or injured in any way shall have to be replaced or its double price shall be paid by the borrower.